श्रीमन्महीधरविरचितः

मन्त्रमहोदधिः

डॉ० सुधाकर मालवीय

महीधर द्वारा रचित मन्त्रमहोदधि नाना ग्रन्थों में विकीर्ण देवमन्त्रों का विधिपूर्वक स्वरूप, अनुष्ठान-विधि आदि आवश्यक तान्त्रिक विषयों का विवरण प्रस्तुत करता है। यह नि:सन्देह तन्त्रशास्त्र का एक श्लाघनीय विश्वकोश है।

महीधर वत्सगोत्रीय अहिच्छत्रीय ब्राह्मण थे। ये मूलत: अहिच्छत्र (उत्तर प्रदेश के मुरादाबाद मण्डल का रामनगर) के निवासी थे। संसार की असारता से प्रेरित होकर ये काशी चले आए और अपने 'कल्याण' नामधारी पुत्र के कहने से कालीभैरव के समीपस्थ रहकर इन्होंने १६४५ विक्रमी संवत् में इस ग्रन्थ की रचना की।

मन्त्रमहादधि २५ तरङ्गों में विभक्त है। ग्रन्थकार की 'नौका' नामक स्वोपज्ञ टीका भी है जो टिप्पणीमात्र है। कठिन स्थलों का ही इसमें विवेचन है। मन्त्रमहोदधि के प्रथम तरङ्ग में पूजाविषयक सामान्य तथ्यों का निर्देश है। तदनन्तर एक देवता के विषय में सम्पूर्ण एक तरङ्ग विहित है यथा गणेश (२ तरङ्ग), दक्षिण काली (३ तरङ्ग), तारा (४ और ५ तरङ्ग), छिन्नमस्ता (६ त०), नाना यक्षिणी प्रयोग (७ त०), बाला (८ त०) अन्नपूर्णा, गंगा (९ त०), बगलामुखी (१० त०), श्रीविद्या (११ एवं १२ त०), हनुमान् (१३ त०), विष्णु (१४ त०), सूर्य (१५ त०), महामृत्युञ्जय (१६ त०), कार्तवीर्यार्जुन (१७ त०), कालरात्रि (१८ त०), चरणायुधा एवं शास्ता आदि (१९ त०)। बीसवाँ तरङ्ग विशेष रूप से यन्त्र साधन का है। इक्कीसवाँ तरङ्ग पूजातरङ्ग है। इस प्रकार २१ से लेकर २५ तरंग तक नित्य पूजा, विशेष अर्घ्य, मन्शोधन एवं षटकर्म का विस्तृत विवेचन है।

महीधर लक्ष्मीनृसिंह के उपासक थे। उनकी निम्न नृसिंह वन्दना सप्तविभक्ति से समन्वित होने से नितान्त मनमोहक है–

राजा लक्ष्मीनृसिंहो जयति, सुखकरं श्रीनृसिंहं भजेयं
दैत्याधीशा महान्तोऽहसत नृहरिणा श्रीनृसिंहाय नौमि।
सेव्यो लक्ष्मीनृसिंहादपर इह नहि श्रीनृसिंहस्य पादौ।
सेवे लक्ष्मीनृसिंहे वसतु मम मन: श्रीनृसिंहाव भक्तम्।।

– मन्त्रमहोदधि २५. १३०, पृ० ७९७

।। श्रीः ।।

व्रजजीवन प्राच्यभारती ग्रन्थमाला

८३

श्रीमन्महीधरविरचितः

मन्त्रमहोदधिः

स्वोपज्ञ-'नौका' टीकोपेतः 'अरित्र' हिन्दीव्याख्यासहितः

सम्पादक एवं व्याख्याकार

डॉ० सुधाकर मालवीय

एम० ए०, पीएच.डी., साहित्याचार्य,

संस्कृत-विभाग : कला-संकाय,

काशी हिन्दू विश्वविद्यालय, वाराणसी

चौखम्बा संस्कृत प्रतिष्ठान

दिल्ली

प्रकाशक
चौखम्बा संस्कृत प्रतिष्ठान
38 यू. ए. जवाहरनगर, बंगलो रोड
पो. बा. नं. 2113
दिल्ली-110007
दूरभाष : 23856391; 41530902

पुनर्मुद्रित संस्करण 2009
मूल्य : 500-00

अन्य प्राप्तिस्थान
चौखम्बा विद्याभवन
चौक (बैंक ऑफ बडौदा भवन के पीछे)
पो. बा. नं. 1069
वाराणसी-221001

चौखम्बा सुरभारती प्रकाशन
के. 37/117 गोपालमन्दिर लेन
पो. बा. नं. 1129
वाराणसी-221001

चौखम्बा पब्लिशिंग हाउस
4697/2, भू-तल (ग्राउण्ड फ्लोर)
गली नं. 21-ए, अंसारी रोड
दरियागंज, नई दिल्ली 110002

मुद्रक
ए. के. लिथोग्राफर्स, दिल्ली

The

BRAJAJIVAN PRACHYABHARATI GRANTHAMALA
83

MANTRAMAHODADHI

OF

MAHĪDHARA

with own Sanskrit Commentary 'Naukā'
&
'Aritra' Hindi Exposition

By

Dr. SUDHAKAR MALAVIYA

M. A., Ph. D. Sahityacharya
Deptt. of Sanskrit : Arts Faculty,
Banaras Hindu University, Varanasi

CHAUKHAMBA SANSKRIT PRATISHTHAN
DELHI

Publishers

CHAUKHAMBA SANSKRIT PRATISHTHAN
38 U. A. Bungalow Road, Jawahar Nagar
Delhi 110007
Phone : (011) 23856391, 41530902
e-mail : csp_praveen@rediffmail.com

Also can be had from
CHOWKHAMBA VIDYABHAWAN
Chowk (Behind Bank of Baroda Building)
Post Box. No. 1069
Varanasi 221001

•

CHAUKHAMBA SURBHARATI PRAKASHAN
K. 37/117 Gopal Mandir Lane
Post Box. No. 1129
Varanasi 221001

•

CHAUKHAMBA PUBLISHING HOUSE
4697/2, Ground Floor, Street No. 21-A
Ansari Road, Darya Ganj
New Delhi 110002

Printers
A. K. Lithographers, Delhi

सर्वे वर्णात्मका मन्त्रास्ते च शक्त्यात्मकाः प्रिये ।
शक्तिस्तु मातृका ज्ञेया सा च ज्ञेया शिवात्मिका ॥

भगवान् विश्वनाथ को समर्पित
श्रद्धा सुमन

प्रस्तावना

श्रीमन्महीधर भट्ट विरचित 'मन्त्रमहोदधि' उनकी स्वोपज्ञ 'नौका' टीका के साथ विद्वानों के समक्ष प्रस्तुत है । इस संस्करण में 'अरित्र' नामक हिन्दी व्याख्या संयोजित है। यह ग्रन्थ इन्हीं तीनों से पूर्ण होता है । यह ग्रन्थ मन्त्रों का महासमुद्र है, जिसे पार करने के लिए नौका (यान) की आवश्यकता है, किन्तु यह नौका बिना डाँड़े (अरित्र) के नहीं चल सकती थी, इसलिए अरित्र नामक हिन्दी व्याख्या अत्यन्त सजग होकर लिखी गई है । मूल, टीका तथा हिन्दी में एकवाक्यता का सदैव ध्यान दिया गया है । मन्त्रों के अक्षरों की गणना तीनों ही स्थल पर गिन कर एक सी प्रस्तुत की गई हैं । कहीं कहीं इन्हें मन्त्रों के बाद कोष्ठक में दर्शाया भी गया है । मन्त्रों के बीजाक्षरों की वर्तनी का ध्यान पदे-पदे रक्खा गया है । यन्त्रों के चित्र अत्यन्त अशुद्ध थे जिन्हे यथासम्भव शुद्ध करने का प्रयास किया गया है, फिर भी कोई सर्वज्ञ नहीं है, त्रुटि सम्भावित है, अतः बिना गुरु के मन्त्र-दीक्षा लिए इनका प्रयोग नहीं करना चाहिए ।

प्रारम्भ में एक विस्तृत विषय सूची संस्कृत में प्रस्तुत है । यन्त्र चित्रों की सूची अलग से दी गई है । ग्रन्थ को सरल बनाने के लिए वर्णमातृकाओं की संकेत सूची एवं संख्या सूची भी ग्रन्थारम्भ में दी गई है । ग्रन्थ के अन्त में मातृका कोश परिशिष्ट में रक्खा गया है । इस कोश में मातृकाओं के सांकेतिक शब्दों का संग्रह श्लोकबद्ध है । द्वितीय परिशिष्ट में सम्पूर्ण ग्रन्थ की श्लोकानुक्रमणिका सर्वप्रथम प्रस्तुत की गई है ।

इस ग्रन्थ में आये सात्त्विक मन्त्रों का प्रयोग तो मानव मात्र को करना चाहिए और राजस मन्त्रों का प्रयोग आवश्यकता पड़ने पर करे । किन्तु तामस मन्त्रों का प्रयोग किसी लालचवश या बिना गुरु के कदापि नहीं करना चाहिये । इन तामस मन्त्रों के अनुष्ठान में जरा सी भी त्रुटि रह जाने पर ये साधक का सर्वस्व नाश कर देते हैं । यदा-कदा इन मन्त्रों को किसी को देना या कहना भी नहीं चाहिये ।

आजकल के युग में कोई भी सर्वज्ञ नहीं हो सकता । अतः हर किसी को इन मन्त्रों हेतु गुरु नहीं बनाना चाहिये । इतना बड़ा ग्रन्थ पूर्ण करने में कहीं त्रुटि रह जाना सम्भव है । अतः किसी अनुष्ठान को करने के पहले पुस्तक में आये मूल का यथोचित मनन एवं चिन्तन कर लेना चाहिये और इनसे सम्बन्धित अन्य ग्रन्थों का भी अवलोकन कर लेना चाहिये ।

तन्त्र प्रयोग में प्रक्रिया का अत्यन्त महत्त्व है । साधक के लिए तन्त्र की पूजापद्धति का ज्ञान अत्यन्त आवश्यक है । इस ग्रन्थ में अनेक स्थल पर आवरण पूजा के संकेत हैं जिन्हें मैंने माधवभट्ट प्रणीत मन्त्रमहार्णव आदि अन्य ग्रन्थों से लेकर हिन्दी व्याख्या में विमर्श के अन्तर्गत प्रस्तुत किया है । तन्त्र सम्प्रदाय में मुख्य रूप से यन्त्र पर पूजा होती

है, अतः यन्त्र चित्रों को भी मैंने शुद्ध करने का प्रयास किया है । फिर भी साधक को इन्हें बनाने से पहले गुरु से विचार विमर्श अवश्य कर लेना चाहिए ।

तन्त्र सम्प्रदाय के इस ग्रन्थ की हिन्दी व्याख्या एवं सम्पादन करके मैं अपने आप को अत्यन्त भाग्यशाली मानता हूँ क्योंकि मन्त्र तत्त्व के मनन एवं संयोजन में समय का सदुपयोग हुआ । इस ग्रन्थ में जो कुछ भी मेरी गति हो सकी है या मैं इसे समझ सका हूँ उसमें मेरे पूज्य गुरुवर पं० हीरामणि मिश्र जी का ही कृपा प्रसाद है । तन्त्र साहित्य में मुझे गति प्रदान करने वाले उन गुरुवर्य के चरणों में मेरा शतशः प्रणाम है ।

इस संस्करण को सम्पादित करने के लिए काशिराजट्रस्ट से प्राप्त लीथोप्रिंट तथा खेमराज एवं पं० शुकदेव चतुर्वेदी के संस्करणों से सहायता ली गयी है । इसके लिए लेखक उनका अत्यन्त आभारी है । मूल में अनेक भ्रामक स्थलों को मैने अपने मित्र डा० महेशचन्द्र जोशी, का० हि० वि० वि०, पुराण विभाग, से विचार विमर्श करके शुद्ध किया है । इसके लिए मैं उनका कृतज्ञ हूँ ।

मन्त्रशास्त्र का यह अत्यन्त उपादेय ग्रन्थ जो इस रूप में आज विद्वानों के समक्ष आ सका है उसके लिए मैं चौखम्भा संस्कृत प्रतिष्ठान के संचालक श्री बल्लभदास गुप्त का अत्यन्त आभारी हूँ । ये ही मेरे प्रेरणा श्रोत हैं । यन्त्र चित्रों के संयोजन में श्री सरकार ने मेरी भरपूर सहायता की है, जिसके लिए मैं इनका अनुग्रहीत हूँ । मेरे चिरञ्जीव श्री रामरञ्जन एवं श्री चित्तरञ्जन ने कम्प्यूटर कार्य तथा इस ग्रन्थ के सम्पादन में मेरी सहायता की है । भगवान् शंकर इनका अभ्युदय करें । अन्ततः भगवान् विश्वनाथ से करबद्ध प्रार्थना है कि इस ग्रन्थ से मानवमात्र का अजस्त्र कल्याण करें ।

पुस्तकाभिकरां वामे दक्षेऽक्षवरधारिणीम् ।
शुक्लां त्रिनयनामाद्यां बालां श्रीत्रिपुरां श्रये ॥

दीपावली, १० नवम्बर, १९९९ — विद्वद्वशंवदः
३१/२१ लंका, वाराणसी — **सुधाकर मालवीय**

भूमिका

सहस्रचन्द्रप्रतिमोदयालुर्लक्ष्मीमुखालोकनलोलनेत्रः ।
दशावतारैः परितः परीतो नृकेसरी मङ्गलमातनोतु ॥

अगणित चन्द्र समूहों के समान कान्तिपुञ्ज से युक्त, दयालु स्वभाव वाले, लक्ष्मी का मुख देखने के लिए पुनः पुनः आकुल नेत्रों वाले, चारों ओर से दशावतारों से घिरे हुये भगवान् नृसिंह हमारा मङ्गल करें ।

मन्त्रयोग

नाम-रूपात्मक विषय जीव को बन्धनयुक्त करते हैं, नाम-रूपात्मक प्रकृति-वैभव से जीव अविद्याग्रस्त हुए रहते हैं । अतः अपनी-अपनी सूक्ष्म प्रकृति और प्रवृत्ति की गति के अनुसार नाममय शब्द तथा भावमय रूप के अवलम्बन से जो योग साधन किया जाय उसको 'मन्त्रयोग' कहते हैं । मन्त्र योगसाधना के निम्न सोलह मुख्य अङ्ग हैं -

भवन्ति मन्त्रयोगस्य षोडशाङ्गानि निश्चितम् ।
यथा सुधांशोर्जायन्ते कलाः षोडश शोभनाः ॥
भक्तिः शुद्धिश्चासनं च पञ्चाङ्गस्यापि सेवनम् ।
आचारधारणे दिव्यदेशसेवनमित्यपि ॥
प्राणक्रिया तथा मुद्रा तर्पणं हवनं बलिः ।
यागो जपस्तथा ध्यानं समाधिश्चेति षोडश ॥

चन्द्रमा की सोलह कलाओं की तरह मन्त्रयोग भी इन सोलह अंगो से परिपूर्ण हैं - १. भक्ति, २. शुद्धि, ३. आसन, ४. पञ्चाङ्गसेवन, ५. आचार, ६. धारणा, ७. दिव्यदेश सेवन, ८. प्राणक्रिया, ९. मुद्रा, १०. तर्पण, ११. हवन, १२. बलि, १३. याग, १४. जप, १५. ध्यान और १६. समाधि ।

शास्त्रों में इन सोलह अंगों का विस्तृत वर्णन किया गया है । १. **भक्ति** का विस्तार से वर्णन भागवत आदि भक्ति शस्त्रों के ग्रन्थों में हैं । २. **शुद्धि** के अनेक भेद हैं। किस दिशा में मुख करके साधना करनी चाहिए ? यह दिक्शुद्धि है । कैसे स्थान में बैठकर साधना करनी चाहिए - यह स्थानशुद्धि है । स्नानादि द्वारा शरीरशुद्धि और प्राणायामादि द्वारा मनःशुद्धि होती है । ३. **आसन** - कैसे आसन पर बैठना चाहिए जैसे कि चैलासन, मृगचर्मासन, कुशासन या कम्बल आदि - यह आसन शुद्धि है । ४. **पञ्चाङ्गसेवन** - अपने इष्ट की गीता, सहस्रनाम, स्तव, कवच और हृदय ये पाँच 'पञ्चाङ्ग' कहलाते हैं । ५. **आचार** के अनेक भेद तन्त्र और पुराणों में कहे गए हैं । ६. **धारणा** - मन को

बाहर मूर्त्ति आदि में लगाने से अथवा शरीर के भीतर स्थान विशेषों में मन के स्थिर रखने को 'धारणा' कहते हैं । ७. **दिव्यदेश** - जिन सोलह प्रकार के स्थानों में पीठ निर्माण कर पूजा की जाती है उनको 'दिव्यदेश' कहते हैं । जैसे - मूर्धास्थान, हृत्प्रदेश, नाभिस्थान, घट, पट, पाषाणादि की मूर्त्तियाँ, वेदी (स्थण्डिल) एवं यन्त्र आदि । ८. **प्राण क्रिया** - मन्त्र शास्त्र में प्राणायामों के अतिरिक्त शरीर के नाना स्थानों में प्राण को ले जाकर साधन करने की आज्ञा है - ये सब साधन 'प्राण क्रिया' कहलाते हैं और 'न्यास' आदि इसी के अन्तर्गत आते हैं । ९. **मुद्रा** - मन्त्रयोग में अपने-अपने इष्टदेव को प्रसन्न करने के लिए जो विशेष चेष्टाएँ हैं वे 'मुद्रा' कही जाती हैं जैसे शंखमुद्रा, गदामुद्रा आदि। १०. **तर्पण** - अपने इष्टदेव का पदार्थ विशेष द्वारा तर्पण किया जाना - 'तर्पण' कहलाता है । ११. **हवन** - विशेष द्रव्य के द्वारा अग्नि में आहुति देने को 'हवन' कहते हैं। १२. **बलि** - देवताओं के लिए चरु आदि की बलि दी जाती है । यह बलि तीन प्रकार की कही गई हैं - १. आत्मबलि अहंकारादि की, २. इन्द्रियों की बलि तथा ३. काम-क्रोधादि की बलि । १३. **याग** - अन्तर्याग और बहिर्याग भेद से याग दो प्रकार के होते हैं । १४ **जप** - अपने इष्ट के नाम का या उनके मन्त्रों के जप को 'जप' कहते हैं। जप भी वाचनिक, उपांशु और मानसिक-भेद से तीन प्रकार का कहा गया है । १५. **ध्यान** - इष्ट के रूप का मन के द्वारा ध्यान करने से जो साधना निष्पन्न होती है उसे 'ध्यान' कहते हैं । १६. **समाधि** - इष्टदेव की रूपमाधुरी का ध्यान करते-करते अपने अस्तित्व को भूल जाने की जो अवस्था प्राप्त होती है उसे 'समाधि' कहा जाता है । मन्त्रयोग में इसे ही 'महाभावसमाधि' की संज्ञा दी जाती है ।

तन्त्र और आगम

परमशिवप्रोक्त तन्त्र-आगमों की साधना विधि का नाम 'मन्त्रयोग' है । भारतीय दर्शनों ने निगम (वेद), आगम (तन्त्र) को ही स्वतः परम प्रमाण माना है । ईश्वर के निःश्वासभूत होने से **'वेदाः प्रमाणम्'** और शिवप्रोक्त होने से **'आगमाः प्रमाणम्'** इस प्रकार से कहा गया है ।

आगम शब्द का अर्थ है - '**आगच्छति बुद्धिमारोहति यस्मादभ्युदयनिःश्रेयसोपायः स आगमः** ।' जिसके द्वारा इहलौकिक और पारलौकिक कल्याणकारी उपायों का यथार्थ ज्ञान हो वह 'आगम' शब्द से निरूपित होता है । तन्त्र शब्द भी आगम अर्थ का ही वाचक है, इसका शब्दार्थ इस प्रकार किया गया है -

तनोति विपुलानर्थांस्तत्त्वमन्त्रसमाश्रितान् ।
त्राणं च कुरुते पुंसां तेन तन्त्रमिति स्मृतम् ॥

मन्त्र तत्त्वों का विस्तृत विवेचन एवं उसके तात्पर्यार्थ साधना-प्रक्रिया का पूर्णरूप से विपुल प्रतिपादन करता है तथा मानव-जाति का सभी प्रकार के भयों से परित्राण करता है, अतः उसकी तन्त्र-संज्ञा होती है । इस प्रकार तन्त्रागम के विशाल साहित्य की रहस्यमयी साधनाविधि का नाम ही 'मन्त्रयोग' है ।

मन्त्र और मन्त्रशक्ति

मननात् त्रायत इति मन्त्रः, मननत्राणधर्माणो मन्त्राः ।

मन को मननीय शक्ति प्रदान (एकाग्र) करके जप के द्वारा समस्त भयों का विनाश करके पूर्ण रक्षा करने वाले शब्दों को 'मन्त्र' कहा जाता है । मन् और त्र - ये दो शब्द इसमें हैं । 'मन्' शब्द से मन को एकाग्र करना, 'त्र' शब्द से त्राण (रक्षा) करना जिनका धर्म है और जप से जो अभीष्ट फल प्रदान करें, वे 'मन्त्र' कहे जाते हैं ।

तन्त्र का सिद्धान्त

वेदान्त का सिद्धान्त है कि **'जीवो ब्रह्मैव नापरः'** 'जीव ही ब्रह्म है दूसरा नहीं ।' उसी प्रकार तन्त्र-आगमों का सिद्धान्त है - **'आनन्दं ब्रह्मणो रूपम्'** - आनन्द ही ब्रह्म का रूप है, **'आनन्दाद्ध्येव खल्विमानि भूतानि जायन्ते, आनन्देन जातानि जीवन्ति, आनन्दं प्रयन्त्यभिसंविशन्ति, आनन्दं ब्रह्मेति व्यजानात्'** आदि श्रुतियाँ भी इसी आगम-सिद्धान्त का प्रतिपादन करती हैं । परमानन्दघन परात्पर परमेश्वर पूर्ण ब्रह्म ने अपनी अमोघ संकल्प (इच्छा) शक्ति से **'एकोऽहं बहु स्याम'** - मैं अकेला हूँ बहुत हो जाऊँ, इस विचित्र विश्व की रचना करके इसी में प्रवेश किया - **'तत् सृष्ट्वा तदनु प्राविशत्'** ।

इसी तरह तन्त्र-आगमों के भी दार्शनिक सिद्धान्त हैं । यहाँ ब्रह्म का शिव नाम से व्यपदेश किया गया है । सर्वज्ञ सर्वशक्तिमान् भगवान् परमशिव स्वयं संसाररूपी क्रीडा करने के लिये अपनी सर्वज्ञता और सर्वकर्तृता-शक्ति को संकुचित करके मनुष्य-देह का आश्रयण करते हैं - **'मनुष्यदेहमाश्रित्य छन्नास्ते परमेश्वराः'** ।

मनुष्य-देह में प्रच्छन्न रूप से परमेश्वर ही विद्यमान है, यही गीता-शास्त्र में भी कहा गया है -

अवजानन्ति मां मूढा मानुषीं तनुमाश्रितम् ।
परं भावमजानन्तो मम भूतमहेश्वरम् ॥ गीता ९ . ११ ।

यह चराचरात्मक समस्त विश्व उन शिव की क्रीडा है, यह केवल लीलामात्र है - **'क्रीडात्वेनाखिलं जगत्', 'लीलामात्रं तु केवलम्** ।' अतः यहाँ सिद्ध होता है कि वह परमशिव अपनी सर्वज्ञता एवं सर्वकर्तृता-शक्ति को संकुचित करके मनुष्यदेह में अल्पज्ञता और अल्पकर्तृता धारण करके क्रीडा कर रहे हैं । जब वह अपनी शक्ति को संकुचित करते हैं, तब सुख-दुःख, राग-द्वेष आदि सांसारिक धर्मों से जीव अभिभूत हो जाता है । इसी कारण जीव आधि-व्याधि, शोक-संताप, दीनता-हीनता, दरिद्रता, अहन्ता, ममता, संकल्प-विकल्प आदि आध्यात्मिक, आधिभौतिक, आधिदैविक संतापों से संतप्त-दुःखित हो भय-विह्वल होकर इनसे मुक्ति चाहता है । बस इसी के लिये शास्त्रों में एवं शास्त्रतत्त्वज्ञ योगीन्द्र, मुनीन्द्र, सिद्ध महात्माओं ने विविध प्रकार की साधना-उपासनाओं के विविध विधानों का प्रतिपादन किया है ।

श्रीशिव-निर्मित तन्त्र-आगम-शास्त्रों में स्वात्मबोध एवं स्वरूप-ज्ञान तथा सांसारिक भयंकर संतापों की निवृत्ति के लिये मन्त्र-साधना को ही सर्वोत्तम मान्यता दी गयी है ।

तन्त्रागम के गम्भीर सिद्धान्तों के तात्त्विक एवं विवेचनात्मक ग्रन्थ 'महार्थमञ्जरी' में मन्त्रस्वरूप का सुन्दर संकलन किया गया है -

मननमयी निजविभवे निजसंकोचभये त्राणमयी ।
कवलितविश्वविकल्पा अनुभूतिः कापि मन्त्रशब्दार्थः ॥

सर्वज्ञता-सर्वकर्तृता-शक्ति-सम्पन्न अपने विभव (ऐश्वर्य) का बोध कराना तथा अल्पज्ञता एवं अल्पकर्तृतारूपी संकुचित शक्ति से समुत्पन्न दीनता, हीनता, दरिद्रता आदि सांसारिक संतापों से मुक्त करना और कुत्सित वासनाओं के संकल्प-विकल्पों का 'ग्रास' (विनाश) करके '**शिवोऽहं**' की भावना से भावित अनुभूति होना ही मन्त्र-शब्द का तात्पर्यार्थ, स्वरूप या प्रयोजन है । इसी भाव को और भी स्पष्ट किया गया है -

मोचयन्ति च संसाराद्योजयन्ति परे शिवे ।
मननत्राणधर्मित्वात्तेन मन्त्रा इति स्मृताः ॥

नेत्र-तन्त्र में बहुत विस्तार से मन्त्र के तात्त्विक रहस्यों का विवेचन किया गया है। सात करोड़ मन्त्र शिव के मुख से विनिर्गत हुए हैं -

'सप्तकोटिमहामन्त्राः शिववक्त्राद्विनिर्गताः ।'

वर्णमातृकाएँ और मन्त्र का स्वरूप

वर्णमाला के 'अ' से लेकर 'क्ष' तक पचास अक्षरों को 'मातृका' कहते हैं । इन मातृका-वर्णों से ही समस्त मन्त्रों का निर्माण हुआ है । मातृका शब्द का अर्थ है माता या जननी । अतः समस्त वाङ्मय की यह जननी है । ये समस्त मन्त्र वर्णात्मक हैं और मन्त्र शक्ति-स्वरूप हैं । यह मातृका की ही शक्ति है और वह शक्ति शिव की है । अतः समस्त मन्त्र साक्षात् शिवशक्ति-स्वरूप हैं । यही सिद्धान्त भगवान् शंकर पार्वती से कहते हैं -

सर्वे वर्णात्मका मन्त्रास्ते च शक्त्यात्मकाः प्रिये ।
शक्तिस्तु मातृका ज्ञेया सा च ज्ञेया शिवात्मिका ॥

मन्त्र अचिन्त्य शक्तिसम्पन्न होते हैं । इनके सामर्थ्य की इयत्ता का निर्धारण नहीं किया जा सकता । इसीलिये कहा गया है '**मन्त्राणामचिन्त्यशक्तिता**' (परशुरामकल्पसूत्र), '**अचिन्त्यो हि मणिमन्त्रौषधिप्रभावः ।**' इन्हीं मन्त्रात्मक वर्णों से ही समस्त विश्व का सृजन हुआ है - '**वागेव विश्वा भुवनानि जज्ञे ।**' इस प्रकार श्रुति वाक्य भी है ।

आगम-दर्शन की मूल भित्ति शिवादि-क्षिति-पर्यन्त छत्तीस तत्त्वों पर आधारित है । ये तत्त्व मातृका के छत्तीस अक्षरों पर आधारित हैं । इन्हीं तत्त्वों से दृश्यमान समस्त चराचरात्मक विश्व की उत्पत्ति, स्थिति और लय आदि होते हैं । अतः मन्त्रात्मक अक्षरों

को शब्दब्रह्म कहा जाता है । संसार का व्यवहार भी शब्दों के द्वारा ही होता है, इसलिये शब्द-शक्ति सर्वोपरि मानी गयी है। भगवान् परमशिव ने इन्हीं शब्दों से विचित्र चमत्कारपूर्ण समस्त अभीष्ट प्रदान करने वाले मन्त्रों की रचना करके समस्त सांसारिक जीवों पर कारुण्य-पूर्ण अनुग्रह किया । इन मन्त्रों की साधना से सम्पूर्ण अभीष्टों की सिद्धि सरलता से की जा सकती है । किन्तु इनकी साधना विधिवत् एवं शास्त्रानुमोदित करनी चाहिये ।

तन्त्रों में मन्त्रों के स्वरूप का विस्तृत विवेचन उपलब्ध होता है । उसमें तीन जातियाँ एवं चार प्रकार मुख्य हैं । इनका 'शारदातिलक' तन्त्र में इस प्रकार प्रतिपादन किया गया है -

पुंस्त्रीनपुंसकात्मनो मन्त्राः सर्वे समीरिताः ।
मन्त्राः पुंदेवता ज्ञेया विद्या स्त्री देवता स्मृता ॥

पुरुष, स्त्री और नपुंसक - ये तीन जातियाँ मन्त्रों की मानी गयी हैं ।[१] मन्त्र पुरुष-देवतात्मक होते हैं एवं महाविद्या, श्रीविद्या आदि विद्याओं के मन्त्र स्त्री-देवतात्मक कहे जाते हैं । इनके चार प्रकार **नित्यातन्त्र** में इस प्रकार वर्णित हैं -

मन्त्रा एकाक्षराः पिण्डाः कर्तर्यो द्व्यक्षरा मताः ।
वर्णत्रयं समारभ्य नवार्णावधिबीजकाः ॥
ततो दशार्णमारभ्य यावद्विंशतिमन्त्रकाः ।
अत ऊर्ध्वं गता मालास्तासु भेदो न विद्यते ॥

'एक अक्षर वाले मन्त्र की 'पिण्ड' संज्ञा कही गई है, एवं दो अक्षर की 'कर्तरी', तीन अक्षर से नौ अक्षर तक के मन्त्रों को 'बीज' मन्त्र कहा जाता है, दस अक्षर से बीस अक्षर तक का 'मन्त्र' नाम होता है । बीस अक्षर से अधिक संख्या वाले मन्त्रों को 'माला' मन्त्र कहते हैं ।'[२]

साधक के नाम के साथ इन मन्त्रों के मित्र, शत्रु, साध्य, सिद्ध, सुसिद्ध आदि सम्बन्ध होते हैं । अतः मेलापक-प्रक्रिया से विचार करके मन्त्र ग्रहण करने से ही अभीष्ट-सिद्धि होती है । कामना-परक मन्त्रों का अविचारित रूप से अनुष्ठान करना विपरीत फलदायक भी हो सकता है । अतः '**तस्माच्छास्त्रं प्रमाणं ते कार्याकार्यव्यवस्थितौ**' इस गीतोक्त वचन के अनुसार शास्त्रों के प्रमाण से कर्तव्याकर्तव्य निर्धारण करना आवश्यक है । अतः मन्त्र-साधना तन्त्रशास्त्र प्रतिपादित विधानानुसार करने से ही ऐहिक एवं पारलौकिक अभीष्ट-सिद्धि होती है ।

तन्त्रशास्त्र में कुछ मन्त्र, विद्याएँ कलियुग में सिद्ध मानी गयी हैं । वे सबके लिये उपयोगी हैं । उनमें सिद्धारि आदि मेलापक का विचार आवश्यक नहीं हैं ।

---

१. मन्त्रमहोदधि २४. ६२ ।
२. मन्त्रमहोदधि २४. ७५-७६ ।

मन्त्र-साधन-प्रक्रिया

तन्त्र-आगम-शास्त्र में वर्णित लक्षणों से युक्त गुरु से विधिवत् मन्त्र-दीक्षा-ग्रहण करना चाहिये । उस मन्त्र को अपने इष्टदेव का स्वरूप ही मानना चाहिये । देवताओं का स्वरूप मन्त्रात्मक ही होता है ।

'मन्त्रा वर्णात्मकाः सर्वे सर्वे वर्णाः शिवात्मकाः ।'

श्रीगुरु के मुखारविन्द से निःसृत मन्त्ररूप इष्टदेव को स्वकीय कर्णों के द्वारा हृदय-प्रदेश में विराजमान करके निरन्तर उसकी परिचर्या में संलग्न हो जाना चाहिये । इस साधना के तीन अंग मुख्य हैं - नित्यकर्म, नैमित्तिककर्म और काम्यकर्म ।

नित्यकर्म - नित्यकर्म में प्रातःस्मरण, शौच, दन्तधावन, स्नान, सन्ध्या, पूजा, स्तोत्रपाठ आदि का विधान शास्त्र से या गुरु से सम्यक् प्रकार से जानकर उसका सम्पादन करना चाहिये । प्रातःकाल से लेकर रात्रि में शयनपर्यन्त सभी क्रियाएँ विधिपूर्वक सम्पन्न होनी चाहिये । नित्यकर्मों का पालन करना मन्त्र-साधक के लिये परमावश्यक है ।

नित्यकर्म का लोप होने से प्रत्यवाय होता है । अतः प्रायश्चित्त का विधान है । मनुष्य स्वभाव-सुलभ प्रमाद, विप्रलिप्सा, करणापाटवादि दोषों से यदि नित्यकर्म लोप हो जाय तो प्रायश्चित्त करना परमावश्यक है । वैदिक विधानों के अनुसार मन्त्रयोग में चान्द्रायण व्रतादिकों की तरह प्रायश्चित्त का कठोर विधान नहीं है । केवल कर्मवैगुण्य के अनुसार लाघव-गौरव देखकर मूल मन्त्र-जप-संख्या का ही न्यूनाधिक रूप से सरल विधान शास्त्रों द्वारा प्रतिपादित है । जैसे संध्यालोप होने से मूल मन्त्र का शत-संख्यात्मक एक माला तथा नैमित्तिक कर्म के लोप में सहस्त्र संख्यात्मक दस माला का विधान है ।

नैमित्तिककर्म - विशेष पर्वों पर नैमित्तिक कर्म किए जाते हैं । परशुराम-कल्पसूत्र में पाँच मुख्य पर्व माने गये हैं । पञ्चपर्वो में विशेषार्चा हैं । रात्रिव्यापिनी कृष्णाष्टमी, कृष्णचतुर्दशी, अमावास्या, पूर्णिमा, संक्रान्ति - इन पञ्च पर्वो पर दिन में व्रत रखकर रात्रि में विशेष पूजा-सामग्री से अर्चन करने का विधान है एवं गुरु का जन्मदिन, व्याप्तिदिन, स्वविद्याग्रहणदिन, पुष्यार्क, नवरात्र आदि पर्वो पर अपनी शक्ति के अनुसार व्रतपूर्वक यथाविभव विशेष उत्सव का आयोजन करना चाहिये । इस नित्य और नैमित्तिक कर्म करने वाले साधक के सभी मनोरथ पूर्ण हो जाते हैं ।

काम्यकर्म - काम्यकर्म उसे कहते हैं जो विशेष कामना-पूर्ति के लिये किया जाता है । अपने मूल मन्त्र का पञ्चाङ्ग-पुरश्चरण करने पर जब मन्त्र-चैतन्य का लक्षण उत्पन्न हो जाय तो भिन्न-भिन्न कामनाओं के लिये पृथक्-पृथक् वस्तुओं से होम करने का विधान शास्त्रों में वर्णित है, उन-उन वस्तुओं से होम करने से तत्-तत् कामनाएँ पूर्ण होती है । परन्तु काम्यकर्म करने का शास्त्रों में निषेध ही किया गया है -

शुभं वाप्यशुभं वापि काम्यं कर्म करोति यः ।
तस्यारित्वं व्रजेन्मन्त्रस्तस्मान्न तत्परो भवेत् ॥

अर्थात् शुभ या अशुभ अभिचारादि काम्य कर्म जो करता है, उसके लिये वही मन्त्र शत्रु-भावापन्न हो जाता है ।[१] इसलिये काम्यकर्म में तत्पर नहीं होना चाहिये ।' कोई अत्यावश्यक कार्य हो तो उसके लिये कदाचित् कर लेने का विधान है । अपने मन्त्र का नित्य-नैमित्तिक कर्म करने मात्र से साधक का जिसमें कल्याण निहित है, उसे मन्त्र के अधिष्ठातृ देवता स्वयं सम्पादित करते रहते हैं ।

निष्काम उपासना से ज्ञान प्राप्ति एवं मुक्ति

उपासना का अर्थ है सेवा । इसके कायिक, वाचिक और मानसिक तीन भेद हैं । कायिक का अर्थ है पाद्य, अर्घ्य, स्नान, धूप, दीप, नैवेद्य आदि पञ्चोपचार या षोडशोपचार से पूजा । वाचिक का अर्थ स्तोत्रपाठ करना है । मानसिक का अर्थ ध्यान-जपादि है ।

अपने इष्टदेव के समक्ष सर्वात्मना-(समर्पण)-शरणागत होकर देवता-प्रीत्यर्थ कर्म करने से सभी मनोरथ पूर्ण होते हैं, यह शास्त्रसम्मत सिद्धान्त है -

निष्कामो देवतां नित्यं योऽर्चयेद् भक्तिनिर्भरः ।
तामेव चिन्तयन्नास्ते यथाशक्ति मनुं जपन् ॥
सैव तस्यैहिकं भारं वहेन्मुक्तिं च साधयेत् ।
सदा संनिहिता तस्य सर्वं च कथयेत सा ॥
वात्सल्यसहिता धेनुर्यथा वत्समनुव्रजेत् ।
तथानुगच्छेत् सा देवी स्वं भक्तं शरणागतम् ॥

निष्काम भक्तिभाव सहित जो इष्ट देवता का अर्चन करता है और निरन्तर उसका ही चिन्तन करता हुआ यथाशक्ति मन्त्र का जप करता है, उसके सांसारिक जितने कार्य हैं, उन सबका वहन भगवती स्वयं करती हैं और अन्त में मोक्ष-प्रदान भी कर देती हैं । इतना ही नहीं, सदा उसके सन्निहित रहती हैं और सब कुछ बताती रहती हैं । वात्सल्यभाव से युक्त होकर जैसे धेनु अपने बछड़े के पीछे रहती है, उसी तरह वह वात्सल्यमयी माता भगवती शरणागत भक्त के कल्याण करने में निरन्तर तत्पर रहती है । इसलिये गीता[२] में भी कहा गया है -

नेहाभिक्रमनाशोऽस्ति प्रत्यवायो न विद्यते ।
स्वल्पमप्यस्य धर्मस्य त्रायते महतो भयात् ॥

निष्काम कर्म करने वाले का कभी क्रम-भंग नहीं होता और कोई निषिद्ध कर्म की सम्भावना भी नहीं रहती । निष्काम कर्म का स्वल्परूप आचरण करने से महाभय से परित्राण होता है । अतः मन्त्र-चैतन्य के लिये पुरश्चरणादि अनुष्ठान के बाद मन्त्र-सिद्धि हो जाने पर ऐहिक और पारलौकिक समस्त कार्य स्वयं सिद्ध होते रहते हैं ।

---

१. मन्त्रमहोदधि २५. ७३-७४ ।
२. गीता २. ४० ।

मन्त्रसिद्धि के लिए पुरश्चरण

मन्त्रसिद्धि के लिये पञ्चाङ्ग-पुरश्चरण अत्यावश्यक है एवं अन्य प्रकार से ग्रहण आदि में संक्षेप-पुरश्चरणों का भी शास्त्र में विधान किया गया है तथा औषधियों आदि के प्रयोग से भी सरलता से मन्त्र-सिद्धि हो जाती है । पुरश्चरण नहीं करने से मन्त्र सिद्धिप्रद नहीं होता । कहा भी है -

जीवहीनो यथा देहः सर्वकर्मसु न क्षमः ।
पुरश्चरणहीनोऽपि तथा मन्त्रो न सिद्धिदः ॥

जैसे जीवहीन देह कोई कर्म करने में समर्थ नहीं होता, वैसे ही पुरश्चरण के बिना मन्त्र सिद्धिदायक नहीं होता । अतः भोग एवं मोक्ष दोनों चाहने वाले साधक को पुरश्चरण करना अनिवार्य है । कुछ महाविद्याएँ श्रीविद्या आदि में पुरश्चरण आवश्यक नहीं है । क्योंकि ये विद्याएँ मोक्ष-प्रधान होती हैं, भोगों की इनमें अप्रधानता होती है -

'भोगा भवन्ति चेद् भवन्तु मा भवन्ति मा भवन्तु ।'

भोगों की प्राप्ति होनी ठीक है, न हो तो उनके लिये विशेष अभिलाषा नहीं होती । वैराग्यवान् साधक इन महाविद्याओं का अनुष्ठान मोक्षैक मात्र-प्राप्ति के लिये करते हैं । अन्य मन्त्रों का पुरश्चरण तो परमावश्यक है । पुरश्चरण करने पर भी मन्त्रसिद्धि के लक्षण उत्पन्न न हों तो द्रावण-बोधनादि मन्त्र के संस्कार करने चाहिये ।[१] इनसे मन्त्र सिद्धि देने वाला हो जाता है ।

द्रावणं बोधनं वश्यं पीडनं पोषशोषणम् ।
दाहनं च बुधः कुर्यात्ततः सिद्धो भवेन्मनुः ॥

इन संस्कारों के करने पर भी यदि मन्त्र-सिद्धि न हो तो उस मन्त्र का परित्याग कर देना चाहिये, ऐसा शास्त्रों का मत है । किन्तु महाविद्याओं के परित्याग का विधान नहीं है ।

मन्त्रसिद्धि के लक्षण

तन्त्रान्तरों में मन्त्रसिद्धि के तीन प्रकार के लक्षण बताये गये हैं - उत्तम, मध्यम और अधम ।[२]

उत्तम लक्षण - **'मनोरथानामक्लेशः सिद्धेरुत्तमलक्षणम्'** - बिना क्लेश के सभी मनोरथ सिद्ध हो जाते हैं । (साधना करने वालों के शुभ भाव, पवित्र विचार, सत्संकल्प और श्रेष्ठ मनोरथ होते हैं ।) अतः सिद्ध हुए मन्त्र के द्वारा सदिच्छा पूर्ण हो जाती है एवं अकाल मृत्यु का भय दूर हो जाता हे । देवता के दर्शन होते हैं एवं और भी अनेक प्रकार की यौगिक सिद्धियाँ प्राप्त हो जाती हैं ।

---

१. मन्त्रमहोदधि २४. ६८-१०८ ।
२. मन्त्रमहोदधि २५. ६७-१००

मध्यम लक्षण - 'ख्यातिर्वाहनभूषादिलाभः सुचिरजीवनम्०' - यश, वाहन, भूषण, आरोग्य, रोगविषापहरण शक्ति, पाण्डित्य, कवित्व, वैराग्य, मुमुक्षुत्व, सर्ववश्यता, त्यागभावना, अष्टाङ्गादि योगों का अभ्यास, भोगों की नगण्य इच्छा, समस्त प्राणियों में दया भाव, सर्वज्ञतादि गुणों का उदय आदि मध्यम सिद्धि के लक्षण हैं ।

अधम लक्षण - ख्याति, वाहन, भूषण आदि वैभव की प्राप्ति तथा धन, पुत्र, दारादि लोकैश्वर्य की प्राप्ति - ये मन्त्रसिद्धि के अधम लक्षण है ।

मन्त्रसिद्धि और योग

मनुष्य में यह योग्यता है कि वह सर्वशक्तिमान् से अपने आत्मा का सम्बन्ध स्थापित कर सकता है । इसके लिए योग की आवश्यकता है । चित्तवृत्ति-निरोध द्वारा आत्मसाक्षत्कार के लिए निर्दिष्ट क्रियाओं का नाम 'योग' है । योग के चार पर्व हैं - १. मन्त्रयोग, २. हठयोग, ३. लययोग, ४. राजयोग । इनमें मन्त्रयोग स्थूल, हठयोग सूक्ष्म, लययोग सूक्ष्मतर और राजयोग सूक्ष्मतम है अर्थात् सूक्ष्मातिसूक्ष्म है । वस्तुतः आरम्भ मन्त्रयोग से ही होता है । इन चारों का संक्षिप्त स्वरूप इस प्रकार है - शब्द (मन्त्र एवं अर्थ) तथा मूर्ति - इन दोनों के अवलम्बन से जो योग साधा जाता है वह 'मन्त्रयोग' है। जिन क्रियाओं से चित्तवृत्ति का निरोध किया जाता है वह 'हठयोग' है । पुरुष (आत्मा) में प्रकृति (माया) का लय 'लययोग' है । जो अन्तःकरण (बुद्धि) के द्वारा साधा जाता है वह 'राजयोग' है । योगों में श्रेष्ठ होने के कारण इसको 'राजयोग' कहते हैं । राजयोग में बुद्धि से सम्बन्ध रखने वाली क्रियाओं का अधिक सम्बन्ध है । लययोग में मानसक्रिया का आधिक्य है । 'हठयोग' में वायु-जप क्रिया का प्राबल्य है और 'मन्त्रयोग' में ब्रह्मचर्य रक्षा तथा रेतोधारण पर विशेष आग्रह है ।

मन्त्र के अन्य तत्त्व एवं न्यास

ऋषि - जिन साधक ने सर्वप्रथम शिवजी के मुख से मन्त्र सुनकर विधिवत् उसे सिद्ध किया था, वह उस मन्त्र के 'ऋषि' कहलाते हैं । उन ऋषि को उस मन्त्र का आदि गुरु मानकर श्रद्धा सहित उनका मस्तक में न्यास किया जाता है ।

देवता - जीव मात्र के समस्त क्रिया कलापों को प्रेरित, संचालित एवं नियन्त्रित करने वाली प्राणशक्ति को 'देवता' कहते हैं । यह शक्ति व्यक्ति के हृदय में स्थित होती है । अतः देवता का हृदय में न्यास करते हैं ।

छन्द - मन्त्र को सर्वतोभावेन आच्छादित करने की विधि को 'छन्द' कहते हैं । अक्षर या पदों से छन्द बनता है तथा इनका उच्चारण मुख से होता है । अतः छन्द का मुख में न्यास किया जाता है ।

बीज - मन्त्र शक्ति को उद्भावित करने वाला तत्त्व 'बीज' कहलाता है । अतः बीज का गुप्ताङ्ग (सृजनाङ्ग) में न्यास किया जाता है ।

शक्ति - जिसकी सहायता से बीज मन्त्र बन जाता है, वह तत्त्व 'शक्ति' कहलाता है । उसका पादस्थान में न्यास करते हैं ।

विनियोग - गौतमीय तन्त्र के अनुसार ऋषि एवं छन्द का ज्ञान न होने पर मन्त्र का फल नहीं मिलता तथा उसका विनियोग न करके मात्र जप करने से मन्त्र दुर्बल हो जाता है । मन्त्र को फल की दिशा का निर्देश देना 'विनियोग' कहलाता है । तान्त्रिक परम्परा में ऋषि आदि की जानकारी के साथ साथ उसका यथार्थ विनियोग करना आवश्यक माना गया है । विनियोग में ऋषि, छन्द, देवता, बीज एवं शक्ति के अलावा एक और भी तत्त्व होता है, जिसे कीलक कहते हैं । मन्त्र को धारण करने वाला या मन्त्र शक्ति को सन्तुलित रखने वाला तत्त्व 'कीलक' कहलाता है । इसका सर्वांग में न्यास किया जाता है ।

न्यास - बिना न्यास के मन्त्र जप करने से जप निष्फल और विघ्नदायक कहा गया है । (२१. १५७) संहारन्यास का अर्थ है एक-एक अक्षर का पादादि अंगों में न्यास करना । मन्त्रमहोदधि के ११ वें तरङ्ग में ८ से लेकर ४८ श्लोक तक विभिन्न प्रकार के न्यासों का कथन है ।

अङ्गन्यास - कुलार्णव तन्त्र के अनुसार जो व्यक्ति न्यासरूपी कवच से आच्छादित होकर मन्त्र का जप करता है, उसकी साधना में विघ्न-बाधाएं स्वयं दूर हो जाती हैं, तथा उसे निश्चित सिद्धि मिलती है । जो व्यक्ति अज्ञान या प्रमादवश न्यास नहीं करता उसे पग पग पर विघ्नों का सामना करना होता है । हृदय, शिर, शिखा, कवच, नेत्र एवं करतल इन छः अंगों में मन्त्र का न्यास करना अंगन्यास कहलाता है।

पंचाङ्ग एव षडङ्गन्यास - शारदा तिलक के अनुसार जहाँ पञ्चाङ्ग न्यास कहा गया हो, वहाँ नेत्र को छोड़कर शेष पूर्वोक्त पाँच अंगों में न्यास करना चाहिए । अन्यथा पूर्वोक्त ६ अंगों में न्यास करना चाहिए ।

मन्त्रमहोदधि के कर्ता

श्रीमन्महीधर भट्ट मन्त्रमहोदधि के कर्ता हैं जो राम भक्त फनू भट्ट के आत्मज हैं । ये वत्सगोत्रीय ब्राह्मण हैं । ये संसार की असारता को समझकर अहिच्छत्र ग्राम से आकर काशी में बस गए थे । इन्होंने अपने कल्याण नामक पुत्र और अन्य विद्वानों के आग्रह के कारण इस ग्रन्थ की रचना की थी[1] । ग्रन्थकार के अनुसार १६४५ ई० में इसे काशी में रचा गया था । श्री मन्महीधर लक्ष्मीनृसिंह के उपासक थे[2] ।

श्री मन्महीधर भट्ट ने 'नौका' नामक स्वोपज्ञ टीका भी लिखी है । यह टीका अत्यन्त उपादेय है । जहाँ कहीं संकेत हैं उन्हें यह अनावृत कर देती है ।

---

१. मं० महो० २५. १२१-१२५ ।
२. मं० महो० २५. १२७-१३२ ।

इस ग्रन्थ के कुल ३३ सौ श्लोक अधिकतर अनुष्टुप् छन्द में विरचित हैं । प्रत्येक तरङ्ग में एक देवता और उनसे सम्बन्धित अन्य उनके भेदोपभेद का वर्णन है । पहले उन देवता का ध्यान बतलाते हैं फिर उनकी पूजा पद्धति और उनमें प्रयुक्त होने वाले मन्त्रों का उद्धार करते हैं । नौका टीका में शारदातिलक[1] और डामर तन्त्र का उल्लेख होने से ऐसा प्रतीत होता है कि इन्होंने यद्यपि इस ग्रन्थ की रचना अन्य ग्रन्थों के भी आधार पर की है किन्तु मुख्यतया ये दो ग्रन्थ इनके लिए उपजीव्य रहे हैं ।

मन्त्रमहोदधि के विषय

मन्त्रमहोदधि में पच्चीस तरङ्ग हैं । प्रथम तरङ्ग में भूतशुद्धि, प्राणप्रतिष्ठा, मातृकान्यास, पुरश्चरण और होम की विधि तथा तर्पण का विषय प्रतिपादन किया गया है । द्वितीय तरङ्ग में गणेश के विविध मन्त्र और उनकी सिद्धि के प्रकार कहे गए हैं । तृतीय तरङ्ग में काली तथा काली नाम से अभिहित दक्षिणकाली आदि के अनेक मन्त्र एवं सुमुखी के मन्त्र का प्रतिपादन एवं काम्यप्रयोग कहा गया है । चतुर्थ तरङ्ग में तारा की उपासना तथा पञ्चम तरङ्ग में तारा के भेद कहे गए हैं ।

छठे तरङ्ग में छिन्नमस्ता, शबरी, स्वयम्बरा, मधुमती, प्रमदा, प्रमोदा, बन्दी जो बन्धन से मुक्त करती हैं - उनके मन्त्रों को बताया गया है । सप्तम तरङ्ग में वटयक्षिणी, वटयक्षिणी के भेद, वाराही, ज्येष्ठा, कर्णपिशाचिनी, स्वप्नेश्वरी, मातङ्गी, बाणेशी एवं कामेशी के मंत्रों को प्रतिपादित किया गया है । अष्टम तरङ्ग में त्रिपुरा बाला तथा उनके भेदों का विवेचन विस्तार से किया गया है । नवम तरङ्ग में अन्नपूर्णा, उनके भेद त्रैलोक्यमोहन गौरी एवं ज्येष्ठालक्ष्मी तथा उनके साथ ही प्रत्यंगिरा के भी मन्त्रों का निर्देश किया गया है । दशम तरङ्ग में बगलामुखी तथा वाराही एवं वार्त्ताली को भी बतलाया गया है ।

एकादश तरङ्ग में श्रीविद्या तथा द्वादश तरङ्ग में उनके आवरण पूजा की विधि बताई गई है । त्रयोदश तरङ्ग में भक्तराज हनुमान् के मन्त्रों एवं प्रयोगों का विशद् रूप से प्रतिपादन किया गया है । चतुर्दश तरङ्ग में नृसिंह, गोपाल एवं गरुड मन्त्रों का प्रतिपादन है । पञ्चदश तरङ्ग में सूर्य, भौम, बृहस्पति, शुक्र एवं वेदव्यास के मन्त्रों को बताया गया है ।

षोडश तरङ्ग में महामृत्युञ्जय, रुद्र एवं गङ्गा तथा मणिकर्णिका के मन्त्र कहे गए हैं । सप्तदश तरङ्ग में कार्त्तवीर्यार्जुन के मन्त्र, दीपदान विधि आदि का वर्णन है । अष्टादश तरङ्ग में कालरात्रि के मन्त्र, नवार्णमन्त्र, शतचण्डी और सहस्रचण्डी विधान का सविस्तार वर्णन किया गया है । उन्नीसवें तरङ्ग में चरणायुध मन्त्र, शास्ता मन्त्र, पार्थिवार्चन, धर्मराज, चित्रगुप्त के मन्त्रों का प्रतिपादन करते हुये आसुरी (दुर्गा) मन्त्र की विधि का प्रतिपादन किया गया है । बीसवें तरङ्ग में विविध यन्त्र, स्वर्णाकर्षण भैरव की उपासना विधि तथा अनेक यन्त्रों का वर्णन है ।

---

१. मं० महो० ६. ५२-५३ पर नौका टीका ।

इक्कीसवें तरङ्ग में स्नान से लेकर अन्तर्याग तथा नित्यकर्म का वर्णन है । बाइसवें तरङ्ग में अर्घ्यस्थापन से लेकर पूजन पर्यन्त कृत्य तथा पूजा के भेद बतलाये गए हैं । त्रयोविंशति तरङ्ग में दमनक तथा पवित्रक से इष्टदेव के समर्चन का विधान कहा गया है । चौबीसवें तरङ्ग में मन्त्र शोधन की नाना प्रकार की प्रक्रिया कही गई है । पच्चीसवें तरङ्ग में षट्कर्मों के समस्त विधान का निर्देश है । इस प्रकार मन्त्रमहोदधि के पच्चीस तरङ्गों में मन्त्र सम्बन्धी समस्त विषयों का प्रतिपादन किया गया है ।

भूतशुद्धि

प्रथम तरङ्ग में १० वें श्लोक से लेकर ३४ वें श्लोक तक भूतशुद्धि का विवेचन है जो संक्षेप में इस प्रकार है -

भूतशुद्धि का अर्थ है अव्यय ब्रह्म के संयोग से शरीर के रूप में परिणत पञ्चभूतों का शोधन । भावनाशक्ति और मन्त्रशक्ति के संयोग से क्रियाविशेष द्वारा शरीरस्थ मलिन भूतों को भस्म करके, नवीन दिव्य भूतों का निर्माण करने और स्थूलशरीर और सूक्ष्मशरीर के शोधन में ही इस क्रिया का तात्पर्य है । चित्तशुद्धि के लिए जितनी क्रियाओं का निर्देश किया गया है, उनमें इस क्रिया का स्थान सर्वोपरि है । **वसिष्ठसंहिता** में तो यहाँ तक कहा गया है कि इसके बिना जप-पूजादि कृत्य निरर्थक हो जाते हैं । वास्तव में ऐसी ही बात है । जब तक शरीर अशुद्ध रहेगा, मन में पाप भावनाएँ रहेंगी तब तक एकाग्र भाव से किसी की पूजा, ध्यान आदि कैसे किये जा सकते हैं । मन्त्रमहोदधि में इसकी विधि इस प्रकार बताई गई है -

स्नान, सन्ध्या आदि नित्य कृत्यों से निवृत्त होकर ध्यान के स्थान पर आवे और वहाँ आसन पर बैठकर आचमनादि आवश्यक कृत्य करके अपने चारों ओर जल छिड़के और ऐसी भावना करे कि मेरे चारों तरफ अग्नि की एक दिव्य चहारदीवारी है - ऐसा करते समय अग्नि बीज 'रं' का जप करता रहे और मेरा आसन दृढ़ एवं शरीर स्थिर है, परमात्मा की कृपा से कोई विघ्न-बाधा मुझे अपने संकल्प से विमुख नहीं कर सकेगी इस प्रकार सोंचे । इसके पश्चात् भूतशुद्धि का संकल्प करे -

'ओम् अद्येत्यादि देवपूजाद्यधिकारसिद्ध्यये भूतशुद्ध्याद्यहं करिष्ये ।'

तत्पश्चात् कुण्डलिनी का चिन्तन करे । कुण्डलिनी सहस्त्र सहस्त्र विद्युत् की कान्ति के समान देदीप्यमान है और कमलनालगत तन्तु के समान सूक्ष्म एवं सर्पाकार है । वह मूलाधार चक्र में सोती रहती है । अब वह जग गयी है और क्रमशः स्वाधिष्ठान और मणिपूर चक्र का भेदन करके सुषुम्णामार्ग से हृदय स्थित अनाहत चक्र में आ गयी है । हृदय में दीपशिखा के समान आकार वाला जीव निवास करता है । उसे उसने अपने मुख में ले लिया और कण्ठस्थ विशुद्धचक्र तथा भ्रूमध्यस्थ आज्ञा चक्र का भेदन करके पूर्वोक्त मार्ग से ही सहस्रार में पहुँच गयी । सहस्रार में परमात्मा का निवास है । 'हंसः' मन्त्र के द्वारा वह कुण्डलिनी जीवात्मा के साथ ही परमात्मा में विलीन हो गयी ।

इसके बाद ऐसी भावना करनी चाहिए कि शरीर में पैर के तलवे से लेकर जानुपर्यन्त (१) पृथिवी-मण्डल है । वह चौकोर है और उसका रंग पीला है । उसी में पादेन्द्रिय, चलने की क्रिया, गन्तव्य, स्थान, गन्ध, घ्राण, पृथिवी, ब्रह्मा, निवृत्ति कला एवं समान वायु निवास करते हैं । इनका स्मरण करके **'ॐ ह्रां ब्रह्मणे पृथिव्यधिपतये निवृत्ति कलात्मने हुं फट् स्वाहा'** इस मन्त्र का उच्चारण करते हुए कुण्डलिनी के द्वारा उन्हें जलस्थान में विलीन कर देना चाहिए ।

जानु से नाभि पर्यन्त श्वेत वर्ण का अर्द्धचन्द्राकार (२) जलमण्डल है । उसी में हस्त-इन्द्रिय, दानक्रिया, दातव्य, रस, रसनेन्द्रिय, जल, विष्णु, प्रतिष्ठाकला, और उदान वायु निवास करते हैं । उनका स्मरण करके **'ॐ ह्रीं विष्णवे जलाधिपतये प्रतिष्ठाकलात्मने हुं फट् स्वाहा'** । इस मन्त्र का उच्चारण करके कुण्डलिनी के द्वारा उन सबको अग्नि स्थान में विलीन कर देना चाहिए ।

नाभि से लेकर हृदय पर्यन्त रक्तवर्ण का त्रिकोण (३) अग्निमण्डल है। उसमें पायु-इन्द्रिय, विसर्ग क्रिया, विसर्जनीय, रूप, चक्षु, तेज, रुद्र, विद्याकला एवं व्यान वायु निवास करते हैं । उनका स्मरण करके - **'ॐ ह्रूं रुद्राय तेजोऽधिपतये विद्याकलात्मने हुं फट् स्वाहा'** इस मन्त्र का उच्चारण करके कुण्डलिनी के द्वारा वायुमण्डल में विलीन कर देना चाहिए ।

हृदय से भ्रूपर्यन्त काले रंग का गोलाकार छः बिन्दुओं से चिन्हित (४) वायुमण्डल है । उसमें उपस्थ-इन्द्रिय, आनन्द-क्रिया, उस इन्द्रिय का विषय, स्पर्श, स्पर्श का विषय और वायु ईशान, शान्तिकला एवं अपान वायु का निवास है । उनका स्मरण करके - **'ॐ ह्रैं ईशानाय वाय्वधिपतये शान्तिकलात्मने हुँ फट् स्वाहा'** इस मन्त्र का उच्चारण करके आकाशमण्डल में उनको विलीन कर देना चाहिए ।

भ्रूमध्य से ब्रह्मरन्ध्र पर्यन्त स्वच्छ (५) आकाशमण्डल है । उसमें वाग्-इन्द्रिय, वचन-क्रिया, वक्तव्य शब्द, श्रोत्र, आकाश, सदाशिव, शान्त्यतीतकला और प्राण वायु का निवास है । उनका स्मरण करके - **'ॐ ह्रौं सदाशिवाय आकाशाधिपतये शान्त्यतीत-कलात्मने हुं फट् स्वाहा'** इस मन्त्र का उच्चारण करके उन सबको कुण्डलिनी के द्वारा अहंकार में विलीन कर दे ।

अहंकार को महत्तत्त्व में और महत्तत्त्व को शब्दब्रह्मरूपा हृदयशब्द के सूक्ष्मतम अथ प्रकृति में विलीन कर दे और प्रकृति को नित्यशुद्धबुद्ध स्वभाव, स्वयं प्रकाश, सत्यज्ञान, अनन्त, आनन्दस्वरूप, परम कारण, ज्योतिःस्वरूप परब्रह्म परमात्मा में विलीन कर दे ।

इसके पश्चात् पाप पुरुष का शोषण करने के लिये विनियोग करे - **'ॐ शरीरस्यान्तर्यामीऋषिः सत्यं देवता प्रकृतिपुरुषश्छन्दः पापपुरुषशोषणे विनियोगः'** । पहले पाप पुरुष का चिन्तन इस प्रकार करना चाहिए - मेरी वाम कुक्षि में अनादि कालीन पाप मूर्तिमान् पुरुष के रूप में निवास करता है । उसका शरीर अँगूठे के बराबर है । वह

कान्तिहीन है । पाँच महापापों से ही उसके शरीर का निर्माण हुआ है - ब्रह्महत्या उसका सिर है, स्वर्णस्तेय (सोने की चोरी) दोनों हाथ हैं, सुरापान हृदय है, गुरुतल्पगमन कटि है और इन पापों से युक्त पुरुषों का संसर्ग दोनों पैर हैं, अंग-प्रत्यंग पाप से ही बने है । रोम-रोम उपपातक हैं, दाढ़ी और आँखें लाल हैं, उसके हाथों में अविवेक का खड्ग और अहंता की ढाल है, असत्य के घोड़े पर सवार है, चेहरे से पिशुनता प्रकट हो रही है, क्रोध के दाँत हैं, काम का कवच है । गदहे के समान रेंकता है । ऐसा मूढ़ पाप पुरुष व्याधिग्रस्त होने के कारण मरणासन्न हो रहा है ।

इस प्रकार पाप पुरुष का चिन्तन करके उसके शोषण का विनियोग करना चाहिए । ॐ 'यं' - यह वायु-बीज है । इसके किष्किन्ध ऋषि हैं, वायु देवता हैं और जगती छन्द है । पाप पुरुष के शोषण में इनका विनियोग है । नाभि के मूल में षड्बिन्दु चिन्हित एक मण्डल है । उस पर धूम्रवर्ण का वायु बीज 'यं' रहता है । उसकी ध्वजाए चञ्चल होती रहती हैं और उसमें से 'घूं-घूं' शब्द निकलता रहता है । सबको सुखा डालना उसका काम है । इस प्रकार 'यं' बीज का चिन्तन करके और पूरक के द्वारा सोलह बार उसकी आवृत्ति करके उस बीज से उठे हुए वायु के द्वारा पाप पुरुष के समस्त शरीर को सूखा हुआ देखना चाहिए ।

इसके पश्चात् अग्नि-बीज 'रं' का चिन्तन करना चाहिए । इसके कश्यप ऋषि, अग्नि देवता और त्रिष्टुप छन्द हैं । हृदय में रक्तवर्ण का अग्निमण्डल है । उसके देवता रुद्र हैं, विद्याकला का उसी में निवास है । उसमें बीज है 'रं' । ऐसा चिन्तन करके कुम्भक के द्वारा ६४ या ५० बार 'रं' की आवृत्ति करके पाप पुरुष के सूखे हुए शरीर को भस्म कर दे । इसके पश्चात् पूर्वोक्त प्रकार से वायु-बीज 'यं' की ३२ बार आवृत्ति करके रेचक प्राणायाम के द्वारा पापपुरुष का भस्म उड़ा दे ।

इसके पश्चात् वरुण-बीज 'वं' का चिन्तन करे । इसके हिरण्यगर्भ ऋषि हैं, हंस देवता हैं और त्रिष्टुप् छन्द है । सिर में अर्द्धचन्द्राकार दो श्वेत पद्म वाले वरुणदैवत वरुण-बीज 'वं' का चिन्तन करना चाहिए और उससे प्रवाहित होने वाले अमृत से पिण्डीभूत भस्म को आप्लावित अनुभव करना चाहिए ।

इसके पश्चात् पृथिवी-बीज 'लं' का चिन्तन करे । इसके ऋषि ब्रह्मा हैं, देवता इन्द्र हैं और छन्द गायत्री । आधारमण्डल में वज्रलाञ्छित पृथिवी है - चौकोर, कड़ी, पीली और इन्द्रदैवत । उस पर 'लं' बीज का चिन्तन करना चाहिए ।

उसके प्रभाव से शरीर को दृढ़ एवं कठिन चिन्तन करके आकाश-बीज 'हं' का चिन्तन करना चाहिए । आकाश मण्डल वृत्ताकार, स्वच्छ, शान्त्यतीतकला से युक्त, आकाश दैवत एवं 'हं' रूप है । इसकी भावना से शरीर सावकाश एवं व्यूहित हो जाता है । इसमें अपना दिव्य शरीर भावित करके पूर्वोक्त प्रक्रिया से परमात्मा में विलीन तत्त्वों को पुनः अपने-अपने स्थान पर स्थापित करना चाहिए ।

इस प्रकार जब सूक्ष्म शरीर और स्थूलशरीर की दिव्यता सम्पन्न हो जाय, तब 'ॐ सोऽहम्' इस मन्त्र से परमात्मा की सन्निधि से जीव को हृदय-कमल में ले आवे और ऐसा अनुभव करे कि मैं परमात्मा की सत्ता, शक्ति, कृपा, सान्निध्य और सायुज्य का अनुभव करके परम पवित्र और दिव्य हो गया हूँ । मेरा शरीर, पापरहित, नूतन, निर्मल और इष्ट देवता की आराधना के योग्य हो गया है । इसके पश्चात् आगे का अनुष्ठान कार्य प्रारम्भ करे ।

गणेश

गणेश विघ्न निवारण के देवता हैं । इसलिए मन्त्रमहोदधि में भूतशुद्धि आदि के बाद द्वितीय तरङ्ग में इनसे सम्बन्धित मन्त्रों का वर्णन है । यह जल तत्त्व के देवता हैं अतः पञ्चायतन देवों में भी इनकी उपासना पूजा होती है ।

विद्यास्वरूपा महाशक्ति

तृतीय तरङ्ग से लेकर १२वें तरङ्ग तक महाविद्याओं से सम्बन्धित मन्त्रों का विवेचन है । इनका संक्षिप्त परिचय इस प्रकार है -

महाशक्ति विद्या और अविद्या दोनों ही रूपों में विद्यमान हैं । अविद्या-रूप में वे प्राणियों के मोह की कारण हैं तो विद्या-रूप में मुक्ति की । शास्त्र और पुराण उन्हें विद्या के रूप में और परम-पुरुष को विद्यापति के रूप में मानते हैं ।

महाविद्याओं का प्रादुर्भाव - दस महाविद्याओं का सम्बन्ध परम्परातः सती, शिवा और पार्वती से है । ये ही अन्यत्र नवदुर्गा, शक्ति, चामुण्डा, विष्णुप्रिया आदि नामों से पूजित और अर्चित होती हैं ।

महाभागवत में कथा आती है कि दक्ष प्रजापति ने अपने यज्ञ में शिव को आमन्त्रित नहीं किया । सती ने शिव से उस यज्ञ में जाने की अनुमति माँगी । शिव ने अनुचित बताकर उन्हें जाने से रोका, पर सती अपने निश्चय पर अटल रहीं। उन्होंने कहा - 'मैं प्रजापति के यज्ञ में अवश्य जाऊँगी और वहाँ या तो अपने प्राणेश्वर देवाधिदेव के लिए यज्ञभाग प्राप्त करूँगी या यज्ञ को ही नष्ट कर दूँगी । यह कहते हुए सती के नेत्र लाल हो गये । वे शिव को उग्र दृष्टि से देखने लगीं । उनके अधर फड़कने लगे, वर्ण कृष्ण हो गया । क्रोधाग्नि से दग्ध शरीर महाभयानक एवं उग्र दीखने लगा । देवी का यह स्वरूप साक्षात् महादेव के लिए भी भयप्रद और प्रचण्ड था । उस समय उनका श्रीविग्रह करोड़ों मध्याह्न के सूर्यों के समान तेजःसम्पन्न था और वे बारंबार अट्टहास कर रही थीं ।

देवी के इस विकराल महाभयानक रूप को देखकर शिव भाग चले । भागते हुए रुद्र को दसों दिशाओं में रोकने के लिए देवी ने अपनी अङ्गभूता दस देवियों को प्रकट किया । देवी की ये स्वरूपा शक्तियाँ ही दस महाविद्याएँ हैं, जिनके नाम हैं - काली, तारा, छिन्नमस्ता, भुवनेश्वरी, बगलामुखी, धूमावती, त्रिपुरसुन्दरी, मातङ्गी, षोडशी और त्रिपुरभैरवी ।

शिव ने सती से इन महाविद्याओं का जब परिचय पूँछा, तब सती ने स्वयं इसकी व्याख्या करके उन्हें बताया -

येयं ते पुरतः कृष्णा सा काली भीमलोचना ।
श्यामवर्णा च या देवी स्वयमूर्ध्व व्यवस्थिता ॥
सेयं तारा महाविद्या महाकालस्वरूपिणी ।
सव्येतरेयं या देवी विशीर्षातिभयप्रदा ॥
इयं देवी छिन्नमस्ता महाविद्या महामते ।
वामे तवेयं या देवी सा शम्भो भुवनेश्वरी ॥
पृष्ठतस्तव या देवी बगला शत्रुसूदनी ।
वह्निकोणे तवेयं या विधवारूपधारिणी ॥
सेयं धूमावती देवी महाविद्या महेश्वरी ।
नैर्ऋत्यां तव या देवी सेयं त्रिपुरसुन्दरी ॥
वायौ या ते महाविद्या सेयं मतङ्गकन्यका ।
ऐशान्यां षोडशी देवी महाविद्या महेश्वरी ॥
अहं तु भैरवी भीमा शम्भो मा त्वं भयं कुरु ।
एताः सर्वाः प्रकृष्टास्तु मूर्तयो बहुमूर्तिषु ॥

'शम्भो ! आपके सम्मुख जो यह कृष्णवर्णा एवं भयंकर नेत्रों वाली देवी स्थित हैं वह **'काली'** हैं । जो श्याम वर्ण वाली देवी स्वयं ऊर्ध्व भाग में स्थित हैं, यह महाकालस्वरूपिणी महाविद्या **'तारा'** हैं । महामते ! बायीं ओर जो यह अत्यन्त भयदायिनी मस्तकरहित देवी हैं, यह महाविद्या **' छिन्नमस्ता'** हैं । शम्भो ! आपके वामभाग में जो यह देवी है, वह **'भुवनेश्वरी'** हैं । आप के पृष्ठभाग में जो देवी है, वह शत्रुसंहारिणी **'बगला'** हैं । आपके अग्निकोण में जो यह विधवा का रूप धारण करने वाली देवी है, वह महेश्वरी-महाविद्या **'धूमावती'** हैं । आप के नैर्ऋत्य कोण में जो देवी है, वह **'त्रिपुरसुन्दरी'** हैं । आप के वायव्यकोण में जो देवी है, वह मतङ्गकन्या महाविद्या **मातङ्गी** हैं । आपके ईशानकोण में महेश्वरी महाविद्या **'षोडशी'** देवी हैं । शम्भो ! मैं भयंकर रूपवाली **'भैरवी'** हूँ । आप भय मत करें । ये सभी मूर्तियाँ बहुत-सी मूर्तियों में प्रकृष्ट हैं ।'

महाविद्याओं के क्रम-भेद तो प्राप्त होते हैं, परन्तु काली की प्राथमिकता सर्वत्र देखी जाती है । यों भी दार्शनिक दृष्टि से कालतत्त्व की प्रधानता सर्वोपरि है । इसलिए मूलतः महाकाली या काली अनेक रूपों में विद्याओं की आदि हैं और उनकी विद्यामय विभूतियाँ ही महाविद्याएँ हैं । ऐसा प्रतीत होता है कि महाकाल की प्रियतमा काली अपने दक्षिण और वाम रूपों में दस महाविद्याओं के रूप में विख्यात हुई और उनके विकराल तथा सौम्य रूप ही विभिन्न नाम-रूपों के साथ दस महाविद्याओं के रूप में अनादिकाल से अर्चित हो रहे हैं । ये रूप अपनी उपासना, मन्त्र और दीक्षाओं के भेद से अनेक होते हुए भी मूलतः एक ही हैं । अधिकारि भेद से इनके अलग-अलग रूप और उपासना स्वरूप प्रचलित हैं ।

सृष्टि में शक्ति और संहार में शिव की प्रधानता दृष्ट है । जैसे अमा और पूर्णिमा दोनों दो भासती हैं, पर दोनों दोनों की तत्त्वतः एकात्मता और एक दूसरे की कारण-परिणामी हैं, वैसे ही दस महाविद्याओं के रौद्र और सौम्य रूपों को भी समझना चाहिए । काली, तारा, छिन्नमस्ता, बगला और धूमावती विद्यास्वरूप भगवती के प्रकट-कठोर किंतु अप्रकट करुण-रूप हैं तो भुवनेश्वरी, षोडशी (ललिता), त्रिपुरभैरवी, मातङ्गी और कमला विद्याओं के सौम्यरूप हैं ।

बृहन्नील तन्त्र में कहा गया है कि रक्त और कृष्ण भेद से काली ही दो रूपों में अधिष्ठित हैं । कृष्णा का नाम 'दक्षिणा' है तो रक्तवर्णा का नाम सुन्दरी -

विद्या हि द्विविधा प्रोक्ता कृष्णा रक्ता-प्रभेदतः ।
कृष्णा तु दक्षिणा प्रोक्ता रक्ता तु सुन्दरी मता ॥

इस प्रकार उपासना के भेद से दोनों में द्वैत है, परन्तु तत्त्वदृष्टि से अद्वैत है । देवीभागवत के अनुसार सदाशिव फलक हैं तथा ब्रह्मा, विष्णु, रुद्र और ईश्वर उस फलक या श्रीमञ्च के पाये हैं । इस श्रीमञ्च पर भुवनेश्वरी भुवनेश्वर के साथ विद्यमान हैं और सात करोड़ मन्त्र इनकी आराधना में लगे हुए हैं ।

१. काली - दस महाविद्याओं में काली प्रथम हैं । कालिका पुराण के अनुसार एक बार देवताओं ने हिमालय पर जाकर महामाया का स्तवन किया । पुराणकार के अनुसार यह स्थान मतङ्ग मुनि का आश्रम था । स्तुति से प्रसन्न होकर भगवती ने मतङ्ग-वनिता बनकर देवताओं को दर्शन दिया और पूँछा कि 'तुमलोग किस की स्तुति कर रहे हो ।' तत्काल उनके श्रीविग्रह से काले पहाड़ के समान वर्ण वाली दिव्य नारी का प्राकट्य हुआ । उस महातेजस्विनी ने स्वयं ही देवताओं की ओर से उत्तर दिया कि 'ये लोग मेरा ही स्तवन कर रहे हैं ।' वे गाढ काजल के समान कृष्णा थीं, इसीलिए उनका नाम 'काली' पड़ा ।

महाकाली प्रलय काल से सम्बद्ध होने से अतएव कृष्णवर्णा हैं । वे शव पर आरूढ इसीलिए हैं कि शक्तिविहीन विश्व मृत ही है । शत्रुसंहारक शक्ति भयावह होती हैं, इसीलिए काली की मूर्ति भयावह है । शत्रु-संहार के बाद विजयी योद्धा का अट्टहास भीषणता के लिए होता है, इसलिए महाकाली हँसती रहती हैं ।

२. तारा - वास्तव में काली को ही नीलरूपा होने से 'तारा' भी कहा गया है । वचनान्तर से तारा नाम का रहस्य यह भी है कि वे सर्वदा मोक्ष देने वाली - तारने वाली हैं, इसलिए तारा हैं । अनायास ही वे वाक् प्रदान करने में समर्थ हैं, इसलिए 'नीलसरस्वती' भी हैं । भयंकर विपत्तियों से रक्षण कर कृपा प्रदान करती हैं, इसलिए वे उग्रतारिणी या 'उग्रतारा' हैं ।

तारा और काली यद्यपि एक ही हैं तथापि बृहन्नील तन्त्रादि ग्रन्थों में उनके विशेष रूप की चर्चा है । हयग्रीव का वध करने के लिए देवी को नील-विग्रह प्राप्त हुआ ।

शव-रूप शिव पर प्रत्यालीढ मुद्रा में भगवती आरूढ हैं और उनकी नीले रंग की आकृति है तथा नील कमलों की भाँति तीन नेत्र तथा हाथों में कैंची, कपाल, कमल और खड्ग हैं । व्याघ्रचर्म से विभूषित उन देवी के कण्ठ में मुण्डमाला है । वे उग्रतारा हैं, पर भक्तों पर कृपा करने के लिए उनकी तत्परता अमोघ है । इस कारण वे महाकरुणामयी हैं ।

तारा तन्त्र में कहा गया है -

समुद्र मथने देवि कालकूट समुपस्थितम् ॥

समुद्र मन्थन के समय जब कालकूट विष निकला तो बिना किसी क्षोभ के उस हलाहल विष को पीने वाले शिव ही अक्षोभ्य हैं और उनके साथ तारा विराजमान हैं । **शिव शक्ति संगम तन्त्र** में अक्षोभ्य शब्द का अर्थ महादेव ही निर्दिष्ट है । अक्षोभ्य को द्रष्टा ऋषि शिव कहा गया है । अक्षोभ्य शिव ऋषि को मस्तक पर धारण करने वाली तारा तारिणी अर्थात् तारण करने वाली हैं । उनके मस्तक पर स्थित पिङ्गल वर्ण उग्र जटा का रहस्य भी अद्‌भुत है । यह फैली हुई उग्र पीली जटाएं सूर्य की किरणों की प्रतिरूपा हैं । यही एकजटा है । इस प्रकार अक्षोभ्य एवं पिङ्गोग्रैक जटा धारिणी उग्र तारा एकजटा के रूप में पूजित हुईं । वही उग्र तारा शव के हृदय पर चरण रख कर उस शव को शिव बना देने वाली नीलसरस्वती हो गईं । जैसा कि कहा है -

मातर्नीलसरस्वति प्रणमतां सौभाग्य सम्पत्प्रदे ।
प्रत्यालीढपदस्थिते शिवहृदि स्मेराननाम्भोरुहे ॥

शब्दकल्पद्रुम के अनुसार तीन रूपों वाली तारा, एकजटा और नीलसरस्वती एक ही तारा के त्रिशक्ति रूप हैं ।

नीलया वाक्प्रदा चेति तेन नीलसरस्वती ।
तारकत्वात् सदा तारा सुखमोक्षप्रदायिनी ॥
उग्रापत्तारिणी यस्मादुग्रतारा प्रकीर्तिता ।
पिङ्गोग्रैकजटायुक्ता सूर्यशक्तिस्वरूपिणी ॥

सर्वप्रथम महर्षि वसिष्ठ ने तारा की उपासना की । इसलिए तारा को 'वसिष्ठाराधिता तारा' भी कहा जाता है । वसिष्ठ ने पहले वैदिक रीति से आराधन की, जो सफल न हो सकी । उन्हें अदृश्य शक्ति से संकेत मिला कि वे तान्त्रिक पद्धति के द्वारा जिसे 'चीनाचार' कहा गया है, उपासना करें । ऐसा करने से ही वसिष्ठ को सिद्धि मिली। यह कथा **'आचार-तन्त्र'** में वसिष्ठ मुनि की आराधना के उपाख्यान में वर्णित है ।

३. छिन्नमस्ता - एक बार भगवती भवानी अपनी सहचरियों जया और विजया के साथ मन्दाकिनी में स्नान करने के लिए गयीं । वहाँ स्नान करने पर क्षुधाग्नि से पीड़ित होकर वे कृष्णवर्ण की हो गयीं । उस समय उनकी सहचरियों ने उनसे कुछ भोजन करने के लिए माँगा । देवी ने उनसे कुछ प्रतीक्षा करने के लिए कहा । कुछ समय प्रतीक्षा करने

के बाद पुनः याचना करने पर देवी ने पुनः प्रतीक्षा करने के लिए कहा । बाद में उन देवियों ने विनम्र स्वर में कहा कि 'माँ तो शिशुओं को तुरन्त भूख लगने पर भोजन प्रदान करती है ।' इस प्रकार उनके मधुर वचन सुनकर कृपामयी ने अपने कराग्र से अपना सिर काट दिया । कटा हुआ सिर देवी के बायें हाथ में आ गिरा और कबन्ध से तीन धाराएँ निकलीं । वे दो धाराओं को अपनी दोनों सहेलियों की ओर प्रवाहित करने लगीं, जिसे पीती हुई वे दोनों प्रसन्न होने लगीं और तीसरी धारा जो ऊपर की ओर प्रवाहित थी उसे वें स्वयं पान करने लगीं । तभी से वे 'छिन्नमस्ता' कही जाने लगीं ।

छिन्नमस्ता भगवती छिन्नशीर्ष (कटा सिर) कर्तरी (कृपाण) एवं खप्पर लिए हुए स्वयं दिगम्बर रहती हैं । कबन्ध-शोंणित की धारा पीती रहती हैं । कटे हुए सिर में नागबद्धमणि विराज रही है, सफेद खुले केशों वाली, नील-नयना और हृदय पर उत्पल (कमल) की माला धारण किए हुए ये देवी सुरतासक्त मनोभव के ऊपर विराजमान रहती हैं ।

४. भुवनेश्वरी - देवी भागवत में वर्णित मणिद्वीप की अधिष्ठात्री देवी हल्लेखा (ह्रीं) मन्त्र की स्वरूपा शक्ति और और सृष्टि क्रम में महालक्ष्मी स्वरूपा - आदि शक्ति भगवती भुवनेश्वरी शिव के समस्त लीला-विलास की सहचरी और निखिल प्रपञ्चों की आदि-कारण, सब की शक्ति और सब को नाना प्रकार से पोषण प्रदान करने वाली हैं । जगदम्बा भुवनेश्वरी का स्वरूप सौम्य और अङ्गकान्ति अरुण है । भक्तों को अभय एवं समस्त सिद्धियाँ प्रदान करना उनका स्वाभाविक गुण है । शास्त्रों में इनकी अपार महिमा बतायी गयी है ।

देवी का स्वरूप 'ह्रीं' इस बीजमन्त्र में सर्वदा विद्यमान है, जिसे देवी भागवत में देवी का 'प्रणव' कहा गया है ।

विश्व का अधिष्ठान त्र्यम्बक सदाशिव हैं, उनकी शक्ति 'भुवनेश्वरी' है । सोमात्मक अमृत से विश्व का आप्यायन (पोषण) हुआ करता है । इसीलिए भगवती ने अपने किरीट में चन्द्रमा धारण कर रखा है । ये ही भगवती त्रिभुवन का भरण-पोषण करती रहती है, जिसका संकेत उनके हाथ की मुद्रा करती है । ये उदीयमान सूर्यवत् कान्तिमती, त्रिनेत्रा एवं उन्नत कुचयुगला देवी हैं । कृपा दृष्टि की सूचना उनके मृदुहास्य (स्मेर) से मिलती है । शासनशक्ति के सूचक अंकुश, पाश आदि को भी वे धारण करती हैं ।

५. श्रीबगला - सत्ययुग में सम्पूर्ण जगत् को नष्ट करने वाला तूफान आया । प्राणियों के जीवन पर संकट आया देखकर महा विष्णु चिन्तित हो गये और वे सौराष्ट्र देश में हरिद्रा सरोवर के समीप जाकर भगवती को प्रसन्न करने के लिए तप करने लगे । श्रीविद्या ने उस सरोवर से निकलकर 'पीताम्बरा' के रूप में उन्हें दर्शन दिया और बढ़ते हुए जल-वेग तथा विध्वंसकारी उत्पात का स्तम्भन किया । वास्तव में दुष्ट वही है, जो जगत् के या धर्म के छन्द का अतिक्रमण करता है । बगला उसका स्तम्भन किंवा नियन्त्रण करने काली महाशक्ति हैं । वे परमेश्वर की सहायिका हैं और

वाणी, विद्या तथा गति को अनुशासित करती हैं । वें सर्वसिद्धि देने में समर्थ और उपासकों की वाञ्छाकल्पतरु हैं ।

श्रीबगला को 'त्रिशक्ति' भी कहा जाता है -

सत्ये काली च श्रीविद्या कमला भुवनेश्वरी ।
सिद्धविद्या महेशानि त्रिशक्तिर्बगला शिवे ॥

मायेतिताररुद्धोऽयं मन्त्रः सप्ताक्षरो मतः ॥ ७६ ॥
एवं प्राणान् प्रतिष्ठाप्य मातृकान्यासमाचारेत् ।
अकाराद्याः क्षकारान्ता वर्णाः प्रोक्ता तु मातृका ॥ ७७ ॥
प्रजापतिर्मुनिस्तस्या गायत्रीछन्द ईरितम् ।
सरस्वतीदेवतोक्ता विनियोगोऽखिलाप्तये ।
हलो बीजानि चोक्तानि स्वराः शक्तय ईरिताः[1] ॥ ७८ ॥

सप्तार्णमुद्धरति – **सबिन्दव इति** । मेरुः क्षः हंसः सः आकाशो हः भृगुः सः माया ह्रीं ताररुद्धः प्रणवपुटितः तेन ॐ क्षं सं हंसः ह्रीं ओमिति सप्तार्णः ॥ ७६ ॥ मातृकामाह – **अकाराद्या इति** प्रसिद्धा इत्यर्थः ॥ ७७ ॥ षडङ्गमाह – **पञ्चेति** । क्लीबा ऋ ॠ ऌ ॡ तद्धीनाः – सानुस्वारा ये ह्रस्वदीर्घास्तदन्तरस्थितैः सबिन्दुभिः जातयो हृदयाय नम इत्यादयस्तद्युक्तैः षड्वर्गैः षडङ्गं अं कं खं गं घं ङं आं

इहागत्य सुखं चिरं तिष्ठन्तु स्वाहा ॐ क्षं सं हंसः ह्रीं ॐ' इतना उच्चारण कर समस्त ज्ञानेन्द्रियों, मन एवं प्राण की भी प्रतिष्ठा करे । यह क्रिया तीन बार करनी चाहिए ॥ ७०-७५ ॥

प्राण प्रतिष्ठा के **सप्ताक्षर मन्त्र का उद्धार** कहते हैं - सानुस्वार मेरु (क्षं) हंस (सं) आकाश (हं) के साथ भृगु (सः) एवं माया बीज (ह्रीं) इन सबको ॐ से सम्पुटित करने पर सप्ताक्षर मन्त्र बन जाता है ॥ ७६ ॥

विमर्श - मन्त्र का उद्धार इस प्रकार है - ॐ क्षं सं हंसः ह्रीं ॐ ॥ ७६ ॥

पूर्वोक्त विधि से प्राणप्रतिष्ठा के पश्चात् अब **मातृकान्यास** कहते हैं - अकार से ले कर क्षकार पर्यन्त समस्त वर्णों की 'मातृका' संज्ञा है । इस मातृका न्यास मन्त्र के प्रजापति ऋषि, गायत्री छन्द, सरस्वती देवता और हल वर्ण बीज कहे गए हैं तथा स्वर शक्ति कही गई है । स्वाभीष्ट प्राप्ति के लिए इसके विनियोग का विधान कहा गया है ॥ ७७-७८ ॥

साधक शिर, मुख एवं हृदयादि में क्रमशः ऋषि, छन्द तथा देवतादि के द्वारा ऋष्यादि न्यास करे । यह न्यास क्लीव वर्णों (ऋ ॠ ऌ ॡ) को छोड़कर मात्र ह्रस्व एवं दीर्घ वर्णों से संपुटित होना चाहिए । इसी प्रकार ह्रस्व एवं दीर्घ वर्णों से संपुटित सानुस्वार कवर्ग, चवर्ग, टवर्ग, तवर्ग, पवर्ग, यवर्ग से करन्यास एवं षडङ्गन्यास करे । पश्चात् सरस्वती के वक्ष्यमाण रूप का ध्यान हृदयकमल में करना चाहिए ॥ ७९-८० ॥

विमर्श - मातृका न्यास का विनियोग इस प्रकार है - ॐ अस्य श्रीमातृकान्यासमन्त्रस्य ब्रह्माऋषिः गायत्रीछन्दः सरस्वतीदेवता हलो बीजानि स्वराः शक्तयः (क्षं कीलकं) अखिलाप्तये मातृकान्यासे विनियोगः ।

---

१. अव्यक्तं कीलम् ।

मूर्ध्नि[1] वक्त्रे हृदि न्यस्येदृष्यादीन् साधकोत्तमः ।
[2]पञ्चवर्गैर्यादिभिश्च षडङ्गानि समाचरेत् ॥ ७९ ॥
क्लीबहीनशशाङ्काढ्य ह्रस्वदीर्घान्तरस्थितैः ।
सानुस्वारैर्जातियुक्तैर्ध्यायेद् देवी हृदम्बुजे ॥ ८० ॥
पञ्चाशदर्णैरचिताङ्गभागां
धृतेन्दुखण्डां कुमुदावदाताम् ।
वराभये पुस्तकमक्षसूत्रं
भजे गिरं संदधतीं त्रिनेत्राम् ॥ ८१ ॥

हृदयाय नम इत्यादि ॥ ७८–८० ॥ ध्यानमाह – **पञ्चाशदिति** । वर्णैरङ्गरचना न्यासाद् बोध्या। वराक्षस्रजौ दक्षयोः। पुस्तकाभये वामयोः । गिरं सरस्वतीम् ॥ ८१ ॥

ऋष्यादि न्यास का प्रकार -

१. ॐ अं प्रजापतये नमः आं शिरसि, २. ॐ इं गायत्रीछन्दसे नमः ईं मुखे,
३. ॐ उं सरस्वतीदेवतायै नमः ऊं हृदि, ४. ॐ एं हल्बीजेभ्यो नमः ऐं गुह्ये,
५. ॐ ओं स्वरशक्तिभ्यो नमः औं पादयोः, ६. ॐ अं क्षं कीलकाय नमः अः सर्वाङ्गे,

करन्यास एवं अङ्गन्यास -

१. ॐ अं कं खं गं घं ङं आं अङ्गुष्ठाभ्यां नमः ।
२. ॐ इं चं छं जं झं ञं ईं तर्जनीभ्यां नमः ।
३. ॐ उं टं ठं डं ढं णं ऊं मध्यमाभ्यां नमः ।
४. ॐ एं तं थं दं धं नं ऐं अनामिकाभ्यां नमः ।
५. ॐ ओं पं फं बं भं मं औं कनिष्ठिकाभ्यां नमः ।
६. ॐ क्षं यं रं लं वं शं षं सं हं लं क्षं अः करतलकरपृष्ठाभ्यां नमः।

इसी प्रकार उपरोक्त मन्त्रों से क्रमशः हृदय, शिर, शिखा, कवच, नेत्र का स्पर्श करे । फिर अन्तिम मन्त्र के आगे 'अस्त्राय फट्' कह कर ताली बजावे ॥ ७७-८०॥

अब **सरस्वती का ध्यान** कहते हैं -

सोलह स्वरों एवं चौंतीस हलों इस प्रकार कुल पचास वर्णो से जिनके शरीर की रचना है, जो मस्तक पर चन्द्रकला धारण की हैं, जो कुमुद के समान अत्यन्त शुभ्र हैं, जिनके दाहिने हाथों में १. वरदमुद्रा, २. अक्षमाला तथा बायें हाथों में ३. अभयमुद्रा एवं ४. पुस्तक सुशोभित है, ऐसे समस्त वाणी को धारण करने वाली तीन नेत्रों वाली सरस्वती देवी का मैं ध्यान करता हूँ ॥ ८१ ॥

---

१. मूर्ध्नीत्यादि । शक्तिबीजयोरपि पूर्वोक्तस्थानोपलक्षणम् । ओं क्षं सं हंसः ह्रीं ओं ब्रह्मऋषये मूर्ध्नि, गायत्रीछन्दसे नमः वक्त्रे, सरस्वतीदेवतायै नमो हृदि, हं बीजेभ्यो नमः गुह्ये, स्वरशक्तिभ्यो नमः पादयोः, । एवमृष्यादि ।

२. प्रयोगस्तु – अं कं गं घं ङं आं अंगुष्ठाभ्यां नमः । इं चं ५ ईं तर्ज० इत्यादि । अं कं ५ आं हृदयाय नमः । नमः स्वाहा वषट् चैव हुं वौषट् फट् क्रमेण तु ।

ध्यात्वैवं पूजयेत् पीठे देवताः पूर्वमीरिताः ।
पीठशक्तीस्तदुपरि सरस्वत्यानवार्च्चयेत् ॥ ८२ ॥
मेधाप्रज्ञाप्रभाविद्याश्रीधृतिस्मृतिबुद्धयः ।
विद्येश्वरीति संप्रोक्ता मातृका पीठशक्तयः ॥ ८३ ॥
वियद्‌भृगुस्थमनुयुग्विसर्गाढ्यं च मातृका ।
योगपीठायनत्यन्तो[1] मनुरासनदेशने ॥ ८४ ॥
मूर्तिसंकल्प्य मूलेन तस्यां वाणीं प्रपूजयेत् ।
आदावङ्गानि संपूज्य द्वितीये पूजयेत् स्वरौ ॥ ८५ ॥
द्वौ द्वौ तृतीये वर्गांश्च वर्गशक्तिश्चतुर्थके ।
व्यापिनी पालिनी चापि पावनी क्लेदिनी पुनः ॥ ८६ ॥
धारिणी मालिनी पश्चाद्धंसिनी शङ्खिनी तथा ।
वर्गशक्तय इत्युक्ताः पञ्चमे त्वष्टमातरः ॥ ८७ ॥
षष्ठे शक्रादयो देवाः सप्तमे वज्रपूर्वकाः ।
इत्थं सम्पूज्य देवेशीं न्यसेद्वर्णान्निजाङ्गके ॥ ८८ ॥

पूर्वमीरिता मण्डूकाद्याः ॥ ८२ ॥ आसनमन्त्रमाह – वियत् हः । भृगुः सः मनुरौ तेन हसौः मातृकायोगपीठाय नम इति ॥ ८४ ॥ * ॥ ८५–९१ ॥

पीठशक्त्यर्चन, पीठपूजा एवं आवरण पूजा - इस प्रकार सरस्वती देवी के ध्यान के पश्चात् पूर्वोक्त पीठ देवताओं (द्र० १. ५०-५५) का एवं नौ पीठ शक्तियों का पूजन करना चाहिए । तदनन्तर सरस्वती का पूजन करना चाहिए । १. मेधा, २. प्रज्ञा, ३. प्रभा, ४. विद्या, ५. श्री, ६. धृति, ७. स्मृति, ८. बुद्धि, एवं ९. विद्येश्वरी - ये मातृकापीठ की नौ शक्तियाँ कही गई हैं ॥ ८२-८३ ॥

अब **आसनपूजा का मन्त्र** कहते हैं - वियत् (ह) भृगु (स) के आगे मनु (औ), पश्चात् विसर्ग लगा कर तदनन्तर 'मातृकायोगपीठाय नमः' लगा कर उस मन्त्र से आसन का पूजन करना चाहिए । (इसका **स्वरूप** इस प्रकार है - हसौः मातृकायोगपीठाय नमः ।) तदनन्तर मूल मन्त्र से मूर्ति की कल्पना कर वाणी देवी (सरस्वती) की पूजा करनी चाहिए । **प्रथमावरण** में अङ्गों का, **द्वितीयावरण** में दो दो स्वरों का, **तृतीय आवरण** में कवर्गादि अष्टवर्गों का, एवं **चतुर्थ आवरण** में वर्गशक्तियों का पूजन करना चाहिए । व्यापनी, पालिनी, पावनी, क्लेदिनी, धारिणी, मालिनी, हंसिनी तथा शंखिनी - ये वर्ग की शक्तियों के नाम हैं । इसके बाद में **पञ्चम आवरण** में ब्राह्मी आदि अष्टमातृकायें, **षष्ठावरण** में इन्द्रादिदेवगण **सप्तमावरण** में उनके वज्र आदि आयुधों के पूजन कर देवेशी का पूजन करना चाहिए, तदनन्तर अपने शरीर में वर्णों का न्यास करना चाहिए ॥ ८४-८८ ॥

---

१. हसौः मातृकायोगपीठाय नमः ।

सृष्ट्यादिन्यासवर्णनम्

ललाटे मुखवृत्तेक्षिश्रवोनासासु गण्डयोः।
ओष्ठयोर्दन्तपङ्क्त्योश्च मूर्ध्निवक्त्रे न्यसेत्स्वरान्॥ ८६॥
बाह्वोः सन्धिषु साग्रेषु कचवर्गौ न्यसेत् सुधीः।
टतवर्गौ पदोस्तद्वत् पार्श्वयोः पृष्ठदेशतः॥ ६०॥
नाभौ कुक्षौ पवर्गं च हृदंसं ककुदं ततः।
न्यस्य यादिचतुर्वर्णाञ्छादिषट्कं ततो न्यसेत्॥ ६१॥

अब शरीर में **मातृका न्यास की विधि** कहते हैं - ललाट, मुखवृत्त, दोंनों नेत्र, दोंनों कान, दोंनों नासापुट, दोंनों गण्डस्थल, दोंनों होठ, दोंनों दन्तपङ्क्ति, शिर एवं मुख में स्वरों का न्यास करना चाहिए । दोंनों बाहुओं के मूल, कूर्पर, मणिबन्ध अङ्गुलि मूल एवं अङ्गुल्यग्रभाग में क्रमशः कवर्ग एवं चवर्ग का न्यास करना चाहिए । टवर्ग एवं तवर्ग का न्यास दोंनों पैरों के मूल, जानु, गुल्फ, पादाङ्गुलिमूल तथा पादाङ्गुलि के अग्रभाग में, पवर्ग का न्यास दोंनों पार्श्व, पीठ, नाभि एवं उदर में, यवर्ग के चार वर्ण य र ल व का न्यास हृदय, दोंनों कन्धे, एवं ककुद में तथा श, ष, स, ह का न्यास दोंनों हाथ एवं दोंनों पैरों में, ल और क्ष का न्यास उदर एवं मुख में करना चाहिए ॥ ८६-६१ ॥

विमर्श - न्यास प्रयोग विधि - 'तत्र प्रणवपूर्वकाः माया लक्ष्मी वाग्भवाद्यो नमः इत्यन्ते न्यस्तव्याः' इस नियम के अनुसार सानुस्वार वर्णों के आदि में प्रणव, माया बीज, लक्ष्मीबीज एवं वाग्बीज लगा कर तथा अन्त में नमः लगा कर शरीर में समस्त वर्णों का न्यास करना चाहिए । यहाँ मूलार्थानुसार न्यासविधि इस प्रकार है -

ॐ अं नमः ललाटे, ॐ आं नमः मुखवृत्ते,
ॐ इं नमः दक्षनेत्रे, ॐ ईं नमः वामनेत्रे,
ॐ उं नमः दक्षकर्णे, ॐ ऊं नमः वामकर्णे,
ॐ ऋं नमः दक्षनासापुटे, ॐ ॠं नमः वामनासापुटे,
ॐ ऌं नमः दक्षगण्डे, ॐ ॡं नमः वामगण्डे,
ॐ एं नमः ऊर्ध्वोष्ठे, ॐ ऐं नमः अधरोष्ठे,
ॐ ओं नमः ऊर्ध्वदन्तपङ्क्तौ, ॐ औं नमः अधःदन्तपङ्क्तौ,
ॐ अं नमः मूर्ध्नि, ॐ अः नमः मुखे ।

यहाँ तक स्वरों का न्यास कहा गया । अब हल वर्णों का न्यास कहते हैं

ॐ कं नमः दक्षबाहुमूले, ॐ खं नमः दक्षबाहुकूर्परे
ॐ गं नमः दक्षबाहुमणिबन्धे, ॐ घं नमः दक्षबाहुहस्ताङ्गुलिमूले,
ॐ ङं नमः दक्षबाह्वङ्गुल्यग्रे, ॐ चं नमः वामबाहुमूले,
ॐ छं नमः वामबाहुकूर्परे, ॐ जं नमः वामबाहुमणिबन्धे,
ॐ झं नमः वामबाह्वङ्गुलिमूले, ॐ ञं नमः वामबाह्वङ्गुल्यग्रे,

[1]हृदादिकरयोरङ्घ्योर्ज्जठरे वदने तथा ।
सृष्टिन्यासं विधायैवं स्थितिन्यासं[2] समाचरेत् ॥ ६२ ॥
ऋषिश्छन्दश्च पूर्वोक्तो देवता विश्वपालिनी ।
उपविष्टां वल्लभाङ्के ध्यायेद् देवीमनन्यधीः ॥ ६३ ॥
मृगबालं वरं विद्यामक्षसूत्रं दधत् करैः ।
मालाविद्यालसद्धस्तां वहन् ध्येयः शिवोगिरम् ॥ ६४ ॥

हृदादीनि करपादोदरमुखेषु सम्बध्यन्ते ॥ ६२–६३ ॥ स्थितिन्यासे ध्यानमाह – **मृगेति** । मृगविद्ये वामयोः । वराक्षसूत्रे दक्षयोः । देव्यामालाविद्ये दक्षवामयोः ॥ ६४ ॥

ॐ टं नमः दक्षिणपादमूले, ॐ ठं नमः दक्षिणपादजानूनि,
ॐ डं नमः दक्षिणगुल्फे, ॐ ढं नमः दक्षिणपादाङ्गुलिमूले,
ॐ णं नमः दक्षिण पादाङ्गुल्यग्रे, ॐ तं नमः वामपादगुल्फे,
ॐ थं नमः वामपादजानूनि, ॐ दं नमः वामपादगुल्फे,
ॐ धं नमः वामपादाङ्गुलिमूले, ॐ नं नमः वामपादाङ्गुल्यग्रे,
ॐ पं नमः दक्षिणपार्श्वे, ॐ फं नमः वामपार्श्वे,
ॐ बं नमः पृष्ठे, ॐ भं नमः नाभौ,
ॐ मं नमः उदरे, ॐ यं त्वगात्मने नमः हृदि,
ॐ रं असृगात्मने नमः दक्षांसे, ॐ लं मांसात्मने नमः ककुदि,
ॐ वं मेदसात्मने नमः वामांसे,
ॐ शं अस्थ्यात्मने नमः हृदयादि दक्षहस्तान्तम्,
ॐ षं मज्जात्मने नमः हृदयादि वामहस्तान्तम्,
ॐ सं शुक्रात्मने नमः हृदयादि दक्षपादान्तम्,
ॐ हं आत्मने नमः हृदयादिवामपादान्तम्,
ॐ ळं परमात्मने नमः जठरे, ॐ क्षं प्राणात्मने नमः मुखे,

यहाँ तक सृष्टि न्यास कहा गया ॥ ८६-६१ ॥

इस प्रकार हृदय से ले कर दोंनों हाथ दोंनों पैर जठर एवं मुख में सृष्टि न्यास कर स्थिति न्यास करना चाहिए ॥ ६२ ॥

अब **स्थिति न्यास की विधि** कहते हैं - स्थिति न्यास के ऋषि, छन्द आदि (द्र० १.७) पूर्वोक्त हैं । विश्वपालिनी देवता हैं, साधक को एकाग्रचित्त से अपने प्रियतम के गोद में बैठी हुई इस देवता का ध्यान करना चाहिए । इनके दाहिने हाथों में वरमुद्रा, अक्षसूत्र, दिव्यमाला तथा बायें हाथों में मृगशावक, विद्या, वर्णमाला है, इस प्रकार की विश्वपालिनी सरस्वती देवी का ध्यान करना चाहिए ॥ ६३-६४ ॥

---

१. नमः स्वाहेत्यादि० । शं पं करयोः । संह अंघ्योः । लं क्षं वदने जठरे च । हृदयादाविव जठरवदनयोर्न्यसेदित्यर्थः ।

२. दक्षिणगुल्फादिक्रमेण पूर्वोक्तस्थाने स्थितिन्यासः ।

एवं ध्यात्वा डकाराद्यान्वर्णानङ्गेषु विन्यसेत्।
गुल्फादिजानुपर्य्यन्तं स्थितिन्यासोऽयमीरितः ॥ ६५॥
न्यासे संहारसंज्ञे तु ऋषिश्छन्दश्च पूर्ववत्।
संहारिणीसपत्नानां शारदा देवता स्मृता ॥ ६६॥
अक्षस्रक्टङ्कसारङ्गविद्याहस्तां त्रिलोचनाम्।
चन्द्रमौलिं कुचानम्रां रक्ताब्जस्थां गिरं भजे ॥ ६७॥
ध्यात्वैवं विन्यसेद्वर्णान् क्षाद्यानन्तान् विलोमतः।
सृष्टिन्यासे तु सर्गान्ताः सर्गबिन्द्वन्तिकाः स्थितौ ॥ ६८॥
बिन्द्वन्ताः संहृतो चैषा पूर्ववच्चाङ्गपूजने।
न्यस्याः सर्वत्र नत्यन्ता वर्णा वा तारसम्पुटाः ॥ ६९॥

॥ * ॥ ६५–६६ ॥ संहारन्यासे ध्यानमाह – **अक्षेति** । मृगविद्ये वामयोः । अक्षस्रक्टंकौ दक्षयोः। टंकः परशुः ॥ ६७ ॥ * ॥ ६८ ॥ नत्यन्ता । अं नमः । तारसंपुटाः ॐ इत्यादि ॥ ६९ ॥ * ॥ १००–१०३ ॥

विमर्श - **स्थिति न्यास** के विनियोग की विधि इस प्रकार है - 'ॐ अस्य स्थितिमातृका-न्यासस्य प्रजापतिऋषिः गायत्रीछन्दः विश्वपालिनी देवता हलो बीजानि स्वरा शक्तयः क्षं कीलकम् अभीष्टप्राप्तये स्थितिमातृकान्यासे विनियोगः' ॥ ६३-६४ ॥

ध्यान करने के पश्चात् डकारादिवर्णों से दक्षिणगुल्फ से वामजानुपर्यन्त अङ्गों में न्यास करना चाहिए । इसी को स्थिति न्यास कहते हैं ॥ ६५ ॥

विमर्श - यथा - ॐ डं नमः दक्षिण गुल्फे, ॐ ढं नमः दक्षपादाङ्गुलिमूले, ॐ णं नमः दक्षिणपादाङ्गुल्यग्रे, ॐ तं नमः वामपादपूले, ॐ थं नमः वामपादजानूनि, इस क्रम से दक्षिण गुल्फ से लेकर वामजानुपर्यन्त स्थिति न्यास कहलाता है ॥ ६५ ॥

उक्त प्रकार से सृष्टि न्यास करने के पश्चात् संहार न्यास करना चाहिए । इस संहार न्यास के ऋषि एवं छन्द (द्र० १.७८) पूर्वोक्त हैं तथा शत्रुप्रणाशिनी शारदा देवी इसकी देवता मानी गई हैं ॥ ६६ ॥

इनके **ध्यान** का प्रकार इस प्रकार है - जो रक्त कमल पर विराजमान हैं, जिनके दाहिने हाथों में अक्षमाला, परशु एवं बायें हाथों में मृगशावक तथा विद्या हैं, चन्द्रकला से सुशोभित स्तनभार से झुकी हुई तथा तीन नेत्रों वाली उन शारदा का मैं ध्यान करता हूँ ॥ ६७ ॥

विमर्श - संहारन्यास के विनियोग की विधि -

अस्य श्रीसंहारमातृकान्यासस्य प्रजापतिर्ऋषिः गायत्रीछन्दः शत्रुसंहारिणी शारदा देवता हलो बीजानि स्वरा शक्तयः क्षं कीलकं ममाभीष्टसिद्ध्यर्थे न्यासे विनियोगः ॥ ६७ ॥

विनियोग तथा ध्यान के अनन्तर क्षकारादि वर्णों से अकार पर्यन्त वर्णों का विलोम रीति से ललाटादि स्थानों में न्यास करना चाहिए ॥ ६८ ॥

सृष्टिन्यास में विसर्गयुक्त वर्णों से, स्थितिन्यास में विसर्ग और अनुस्वार युक्त

सृष्टिन्यासं स्थितिन्यासं पुनः कुर्यात् प्रयत्नतः ।
अन्ये तु मातृका न्यासाः कथ्याः पूजातरङ्गके ॥ १०० ॥
मन्त्रस्नानादिविधयो गद्यास्तत्रैव ते मया ।
भारतीमेवमाराध्य भजेदिष्टान् मनून् सुधीः ॥ १०१ ॥
विष्णुः शिवो गणेशोर्को दुर्गा पञ्चैव देवताः ।
आराध्याः सिद्धिकामेन तत्तन्मन्त्रैर्यथोदितम् ॥ १०२ ॥
आदौ देवं वशीकर्तुं पुरश्चरणमाचरेत् ।
तीर्थादौ निर्जने स्थाने भूमिग्रहणपूर्वकम् ॥ १०३ ॥
नवधा तां धरां कृत्वा पूर्वादिषु समालिखेत् ।
कोष्ठेषु सप्तवर्गांश्च[1] लक्षौ मध्ये तथा स्वरान् ॥ १०४ ॥

दीपस्थानमाह – नवधेति । जपस्थानभूमिं नवधा कृत्वा । पूर्वादिकोष्ठेषु कचटतपयशवर्गान् लक्ष इत्यष्टमे विलिख्य मध्य कोष्ठकमपि नवधा विधाय तत्र पूर्वादिषु स्वरद्वन्द्वं क्षेत्रनामादिवर्णो यत्र कोष्ठे तदेव जपस्थानं सिद्धिदम् ॥ १०४–१०५ ॥

दोंनों प्रकार के वर्णों से तथा संहारन्यास में मात्र अनुस्वार युक्त वर्णों से ही न्यास करना चाहिए । अङ्ग पूजन की प्रक्रिया में वर्ण के आदि में प्रणव तथा अन्त में नमः लगा कर न्यास करने की विधि है॥ ९८-९९ ॥

विमर्श - यथा ॐ अं नमः, ॐ आं नमः इत्यादि ॥ ९८-९९ ॥

संहार न्यास के पश्चात् पुनः प्रयत्नपूर्वक सृष्टिन्यास तथा स्थितिन्यास करना चाहिए । मातृका न्यास का विशेष विवरण पूजा तरङ्ग (द्रष्टव्य २१वाँ तरङ्ग) में कहा जायगा ॥ १०० ॥

वहीं पर हम मन्त्रस्नान आदि की विधि का भी दिग्दर्शन कराएँगे । इस प्रकार बुद्धिमान् पुरुष सरस्वती की आराधना करने के पश्चात् ही अपने इष्टदेव के मन्त्रों की आराधना करे । विष्णु, शिव, गणेश, सूर्य एवं दुर्गा - पञ्चायतन के यही पाँच देवता हैं । सिद्धि चाहने वाले पुरुष को उन उन मन्त्रों से शास्त्र में कही गई विधि के अनुसार इनकी आराधना करनी चाहिए ॥ १०१-१०२ ॥

पुरश्चरण के योग्य भूमि -

प्रारम्भ में इष्टदेव को अपने वश में करने के लिए किसी तीर्थ या निर्जन वन में किसी पवित्र भूमि का निश्चय कर पुरश्चरण की क्रिया प्रारम्भ करनी चाहिए । पुरश्चरण के लिए अभीष्टभूमि को नव भागों में विभक्त करना चाहिए । पूर्व से ले कर उत्तर तक सात दिशाओं में सात वर्ग, ईशान कोण में ल क्ष वर्ण तथा मध्य में स्वरों को लिखना चाहिए । पुरश्चरण स्थान के नाम का आद्य अक्षर जिस कोष्ठक में

---

१. क्षकारादिकाकारान्तानिति नवस्थानादारभ्य विलोमक्रमेण संहारन्यासः । माला दक्षे। विद्याभावे ।

क्षेत्रनामादिमो वर्णस्तत्र कोष्ठे[1] भवेत्ततः ।
उपविश्य जपं कुर्य्यान्नान्यस्मिन् दुःखदे स्थले ॥ १०५ ॥

पुरश्चरणधर्मकथनम्

आमध्याह्नं जपं कुर्यादुपांशुत्वथ मानसम् ।
हविष्यं निशि भुञ्जीत [2]त्रिःस्नाय्यभ्यङ्गवर्जितः ॥ १०६ ॥
व्यग्रताऽलस्यनिष्ठीवक्रोधपादप्रसारणम् ।
अन्यभाषां परेक्षां च जपकाले त्यजेत् सुधीः ॥ १०७ ॥

पुरश्चरणधर्मानाह – **आमध्याह्नमिति** । उपांशु शनैर्वर्णोच्चारणं मानसं मनसैव त्रिःस्नायी त्रिषवणस्नानशीलः ॥ १०६ ॥ अन्यैः संभाषणमन्यभाषाम् । अन्त्यजानामीक्षां दर्शनं त्यजेत् ॥ १०७ ॥ * ॥ १०८–११० ॥

हो, स्थान के उसी भाग में बैठ कर मन्त्र का जप करना चाहिए, अन्यत्र दुःखदायक स्थान पर नहीं ॥ १०३-१०५ ॥

विमर्श – सुविधा के लिए उसका स्वरूप प्रदर्शित करते हैं –

पूर्व

ईशान	ल क्ष	क, ख, ग, घ, ङ,	च, छ, ज, झ,	आग्नेय
उत्तर	श, ष, स, ह,	मध्य अ आ इ ई उ ऊ ऋ ॠ ऌ ॡ ए ऐ ओ औ अं अः	ञ, ट, ठ, ड, ढ, ण,	दक्षिण
वायव	य, र, ल, व,	प, फ, ब, भ, म,	त, थ, द, ध, न,	नैर्ऋत्य

पश्चिम

मान लीजिये किसी साधक को पुरश्चरण के लिए काशी में किसी निर्जन स्थान को चुनना है । तब उपर्युक्त विधि से बनाये गये नौ भाग वाले कोष्ठक में काशी का आद्य अक्षर 'क' पूर्वभाग में पड़ता है । अतः काशी के पूर्वभाग में किसी निर्जन स्थान को चुन कर मन्त्र का जप करना चाहिए ॥ १०३-१०५ ॥

पुरश्चरण धर्मों का कथन –

अब पुरश्चरण क्रिया में ग्रन्थकार **जप का विधान** कहते हैं – बुद्धिमान् साधक प्रातःकाल से ले कर मध्याह्नपर्यन्त उपांशु अथवा मानस जप करे । तीनों काल स्नान करे । तेल उबटन आदि न लगावे । व्यग्रता, आलस्य, थूकना, क्रोध, पैर फैलाना,

१. लक्षाधीश इति शेषः । मध्ये मध्यकोष्ठे तथा पूर्वोक्तप्रकारेण नवधा विभज्य पूर्वादिक्रमेण द्वौ द्वौ स्वरौ लिखेत् ।

२. त्रिकालस्नायी ।

[1]स्त्रीशूद्रभाषणं निन्दां ताम्बूलं शयनं दिवा।
प्रतिग्रहं नृत्यगीते कौटिल्यं वर्जयेत् सदा॥ १०८॥
भूशय्यां ब्रह्मचर्यं च त्रिकालं देवतार्चनम्।
नैमित्तिकार्चनं देवस्तुतिं विश्वासमाश्रयेत्॥ १०६॥
प्रत्यहं प्रत्यहं तावन्नैव न्यूनाधिकं क्वचित्।
एवं जपं समाप्यान्ते दशांशं होममाचरेत्॥ ११०॥
तत्तत्कल्पोदितैर्द्रव्यैस् तद्विधानमुदीर्यते।
प्राणायामं षडङ्गं च कृत्वा मूलेन मन्त्रवित्॥ १११॥
कुण्डे वा स्थण्डिले कुर्यात्संस्काराणां चतुष्टयम्।
मूलेनेक्षणमस्त्रेण प्रोक्षणं ताडनं कुशैः॥ ११२॥

होमविधिमाह – **प्राणायाममिति** ॥ १११ ॥ अस्त्रं फट् वर्मणा हुंकारेण । भूमन्दिरं चतुष्कोणम् ॥ ११२–११३ ॥ * ॥ ११४–११७ ॥

अन्यों से संभाषण एवं अन्य स्त्रियों का तथा चाण्डालादि का दर्शन जप काल में वर्जित करे । दूसरे की निन्दा, ताम्बूल चर्वण, दिन में शयन, प्रतिग्रह, नृत्य, गीत एवं कुटिलता न करें । पृथ्वी में शयन करे । ब्रह्मचर्य के नियमों का पालन करे । त्रिकाल देवार्चन करे । नैमित्तिक कार्यों में देवार्चन एवं देवस्तुति करे और अपने इष्टदेवता में विश्वास रख्खे । प्रतिदिन एक समान संख्या में जप करे । न्यूनाधिक संख्या में नहीं । इस प्रकार निश्चित जप की संख्या समाप्त करने के पश्चात् ही दशांश से हवन करे ॥ १०६-११० ॥

विमर्श - उपांशु जप - जिह्वा और ओष्ठ का संचालन पूर्वक स्वयं सुनाई पड़ने वाले शब्दों के उच्चारण पूर्वक जो जप किया जाता है वह 'उपांशु' है । जिसमें ओठ और जीभ का भी संचालन न हो मात्र मन्त्र, मन्त्रार्थ तथा देवता का स्मरण कर जो जप किया जाता है वह 'मानस जप' है । इसके अतिरिक्त वाचिक जप भी होता है जिसका पुरश्चरण में निषेध है ।

हविष्यान्न - जौ, मूंग, चावल, गौ का दूध, दही, घी, मक्खन, शक्कर, तिल, खोआ, नारियल, केला, फल, मेवा, आँवला, सेन्धा नमक आदि हविष्यान्न कहे गये हैं । साधक को इन्हीं का भोजन मात्र एक वार करना चाहिए । भोजन दोष से मन्त्रसिद्धि में बाधा होती है ॥ १०६-११० ॥

तत्तत्कल्पोक्त ग्रन्थों में कहे गये हविष्य द्रव्यों से दशांश हवन का विधान कहा गया है । मन्त्रवेत्ता को सर्वप्रथम मूल मन्त्र से प्राणायाम एवं षडङ्गन्यास कर कुण्ड या स्थण्डिल (वेदी) पर चारों संस्कार करना चाहिए । प्रथम मूलमन्त्र पढ़ कर देखे,

---

१. स्त्रीत्यादि अन्यभावेऽन्यस्यैव प्रपञ्च इति न पौनरुक्त्यम् ।

वर्म्मणा मुष्टिनासिच्य लिखेद्यन्त्रं तदन्तरे ।
वह्निकोणषडस्राष्टदलभूमन्दिरात्मकम् ॥ ११३ ॥
मध्ये तारपुटां[1] मायां लिखित्वा पीठमर्चयेत् ।
मण्डूकात् परतत्त्वान्तं पीठशक्तीर्जयादिकाः ॥ ११४ ॥
[2]वागीशीवागीश्वरयोर्योगपीठात्मने नमः ।
मायादिकः पीठमन्त्रस्तयोस्तेनासनं दिशेत् ॥ ११५ ॥
यजेत्तौ तारमायाभ्यां गन्धाद्यैरुपचारकैः ।
[3]लक्ष्मीनारायणौ त्वर्च्चेद् वैष्णवे होमकर्मणि ॥ ११६ ॥
सूर्यकान्तादरणितः श्रोत्रियागारतोऽपि वा ।
पात्रेण पिहिते पात्रे वह्निमानाययेत्ततः ॥ ११७ ॥

फिर 'अस्त्राय फट्' इस मन्त्र से प्रोक्षण करे । तदनन्तर कुशों से ताड़न कर 'हुम्' इस मन्त्र से मुष्टिका द्वारा उसका सेचन करे ॥ १११-११२ ॥

विमर्श - ईक्षण, प्रोक्षण, ताडन एवं सेचन - ये चारों कुण्ड के या स्थण्डिल के चार संस्कार होते हैं ॥ १११-११२ ॥

तदनन्तर वेदी पर यन्त्र का लेखन इस प्रकार करे - त्रिकोण, उसके बाद षट्कोण, अष्टदल एवं चतुष्कोण यन्त्र बना कर उसके मध्य में 'ॐ ह्रीं ॐ' लिख कर पीठ पूजन करना चाहिए । फिर मण्डूक से ले कर परतत्त्व पर्यन्त तथा जया आदि पीठशक्तियों (द्र० १.५०-६०) का पूजन करना चाहिए ॥ ११३-११४ ॥

अग्निपूजनयन्त्रम्

फिर 'ॐ ह्रीं वागीशीवागीश्वरयोर्योगपीठात्मने नमः' इस मन्त्र से उन्हें आसन देना चाहिए । फिर तार (ॐ), माया (ह्रीम्) अर्थात् ॐ ह्रीं इस मन्त्र से गन्धादि उपचारों द्वारा उनका पूजन करना चाहिए । यदि विष्णु देवता का होम करना हो तो 'ॐ ह्रीं लक्ष्मी नारायणाभ्यां नमः' इस मन्त्र द्वारा लक्ष्मीनारायण का पूजन करना चाहिए ॥ ११५-११६ ॥

---

१. ॐ ह्रीं ॐ ।
२ ॐ ह्रीं वागीशीवागीस्वरयोर्योगपीठात्मने नमः ।
३. ॐ ह्रीं लक्ष्मीनारायणाभ्यां नमः ।

अस्त्रेणादाय तत्पात्रं वर्मणोद्घाटयेत्तु तम् ।
अस्त्रमन्त्रेण नैर्ऋत्ये क्रव्यादांशं ततस्त्यजेत् ॥ ११८ ॥
मूलेन पुरतो धृत्वा संस्कारांश्च ततश्चरेत् ।
वीक्षणाद्यान् पुरा प्रोक्तानल्पं प्रोक्षणमाचरन् ॥ ११९ ॥
परमात्मानलेनाथ जाठरेणापि वह्निना ।
स्मरन्नैक्यं वह्निबीजाच्चैतन्यं योजयेत्ततः ॥ १२० ॥
तारेण चाभिमन्त्र्याग्निं सुधया धेनुमुद्रया ।
अमृतीकृत्य संरक्षेदस्त्रं मन्त्रेण मन्त्रवित् ॥ १२१ ॥
मुद्रया त्ववगुङ्ठिन्या कवचेनावगुङ्ठयेत् ।
कुण्डोपरि ततो वह्निं भ्रामयेत् त्रिध्रुवं पठन् ॥ १२२ ॥

क्रव्यादांशं मांसाशिनो वह्नेर्यस्तत्र भागस्तमस्त्रेण त्यजेत् ॥ ११८ ॥ * ॥ ११९ ॥ वह्निबीजात् रमिति बीजात् ॥ १२० ॥ सुधया वबीजेन । धेनुमुद्रालक्षणं वक्ष्यते ॥ १२१ ॥ अवगुण्ठिन्या अपि वक्ष्यते । कवचेन हुंबीजेन । त्रिध्रुवं प्रणवम् ॥ १२२ ॥ * ॥ २३–१२४ ॥

विमर्श - १. गन्ध, २. पुष्प, ३. धूप, ४. दीप एवं ५. नैवेद्य - इन पाँच उपचारों को गन्धादि उपचार कहा जाता है ॥ ११५-११६ ॥

अब **अग्निस्थापन** का प्रकार कहते हैं - सूर्यकान्तमणि द्वारा, अरणिमन्थन द्वारा अथवा श्रोत्रिय के घर (अग्निशाला) से अग्नि को किसी पात्र में रख कर और उसे दूसरे पात्र से ढ़क कर लाना चाहिए ॥ ११७ ॥

'अस्त्राय फट्' मन्त्र का उच्चारण कर अग्नि पात्र ग्रहण करे । 'हुम्' मन्त्र का उच्चारण कर उस पात्र को खोले । पुनः अस्त्र मन्त्र (अस्त्राय फट्) का उच्चारण कर उसका कुछ अंश मांसभोजी अग्नि के लिए नैर्ऋत्यकोण में फेंक देना चाहिए ॥ ११८ ॥

पुनः मूलमन्त्र का उच्चारण कर उस अग्निपात्र को अपने सामने रक्खे, तथा उसे स्वल्प रूप से सिञ्चित करके उसका ईक्षण आदि पूर्वोक्त चार संस्कार (द्र० १. ११२) संपन्न करना चाहिए ॥ ११९ ॥

फिर परमात्मा रूप अनल (अग्निर्वै रुद्रः) तथा जाठराग्नि एवं संमुख रक्खी अग्नि में एकरूपता की भावना करते हुए 'रम्' बीज से उसमें चेतनता लानी चाहिए ॥ १२० ॥

फिर मन्त्रवेत्ता ब्राह्मण तार मन्त्र (ॐ) से अग्नि को अभिमन्त्रित कर सुधाबीज (वँ) से धेनु मुद्रा प्रदर्शित करते हुए उसका अमृतीकरण करे तथा अस्त्राय फट् मन्त्र से उसे संरक्षित रखे ॥ १२१ ॥

तदनन्तर कवच (हुम्) मन्त्र पढ़ते हुए अवगुण्ठन मुद्रा प्रदर्शित कर उसे अवगुण्ठित कर प्रणव का तीन बार उच्चारण करते हुए उस अग्नि को कुण्ड अथवा वेदी पर तीन बार घुमाना चाहिए ॥ १२२ ॥

शय्यागतामृतुस्नातां नीलेन्दीवरधारिणीम् ।
देवेन भुज्यमानां तां स्मृत्वा तद्योनि मण्डले ॥ १२३ ॥
ईशरेतोधिया वह्निं स्थापयेदात्मसम्मुखम् ।
मूलं नवार्णं च पठञ्जानुस्पृष्टधरातलः ॥ १२४ ॥

वह्निनवार्णमन्त्रोद्धारः

[1]रेफार्घेशेन्दुसंयुक्तं गगनं वह्निचै ततः ।
तन्यायहृदयान्तोऽयं नवार्णोग्निनिधापने ॥ १२५ ॥
विश्राण्याचमनं देवीदेवयोर्ज्वालयेद्वसुम्[2] ।
चतुर्विंशतिवर्णेन मन्त्रेण श्रपणादिभिः[3] ॥ १२६ ॥

नवार्णमुद्धरति । अर्घेशेन्दुः ऊः । गगनं हः । शेषं स्वरूपम् । हृदयान्तो नमोन्तः। हूं वह्निचैतन्याय नम इत्यग्निस्थापने नवाक्षरो मन्त्रः ॥ १२५ ॥ विश्राण्य दत्त्वा ॥ १२६ ॥

तत्पश्चात् घुटनों के बल पृथ्वी पर बैठ कर वक्ष्यमाण नवार्ण मन्त्र का उच्चारण कर शय्या पर स्थित ऋतुस्नाता, नीलकमलधारिणी अग्निदेव के द्वारा संभोग की जाती हुई अग्नि - पत्नी स्वाहा का स्मरण कर उसके योनिमण्डल स्थान में शिव के वीर्य की भावना करते हुए उस अग्नि को अपने सम्मुख स्थापित करना चाहिए ॥ १२३-१२४ ॥

विमर्श - धेनुमुद्रा - अन्योन्याभिमुखौ शिलष्टौ कनिष्ठानामिका पुनः ।
तथा तु तर्जनीमध्या धेनुमुद्रा प्रकीर्तिता ॥

दोंनों हाथों की कनिष्ठा एवं अनामिका अङ्गुलियों को उसी प्रकार तर्जनी और मध्यमा अङ्गुलियों को परस्पर मिला देने से 'धेनुमुद्रा' होती है ।

अवगुण्ठन मुद्रा - सव्यहस्तकृता मुष्टिः दीर्घाधोमुखतर्जनी ।
अवगुण्ठनमुद्रेयमभितो भ्रामिता भवेत् ॥

दाहिने हाथ की मुट्ठी बाँध कर तर्जनी एवं मध्यमा को अधोमुख चारों ओर घुमाने से अवगुण्ठन मुद्रा होती है ॥ १२३-१२४ ॥

अग्निस्थापन मन्त्र - रेफ, अर्घेश = ऊ, इन्दु = अनुस्वार से युक्त गगन (ह) अर्थात् हूँ, तदनन्तर वह्नि 'चै', तदनन्तर 'तन्याय', तदनन्तर हृदय = 'नमः' का उच्चारण करने से नवार्ण मन्त्र होता है । यह मन्त्र अग्निस्थापन में प्रयुक्त होता है ॥ १२५ ॥

विमर्श - मन्त्र का स्वरूप इस प्रकार है - हूं वह्निचैतन्याय नमः ॥ १२५ ॥

तदनन्तर उक्त दोंनों देव एवं देवियों को आचमन दे कर वक्ष्यमाण चौबीस अक्षरात्मक मन्त्र का जप करते हुये कण्डा, समिधा आदि से अग्नि को प्रज्वलित करना चाहिए ॥ १२६ ॥

---

१. हूं वह्निचैतन्याय नमः । २. अग्निम् ।
३. काण्डादिभिः ।

वह्निचतुर्विंशत्यक्षरमन्त्रोद्धारः

चित्पिङ्गलहनद्वन्द्वं दहयुग्मं पचद्वयम् ।
सर्वज्ञाज्ञापय स्वाहा मन्त्रो वेदभुजाक्षरः ॥ १२७ ॥
प्रदर्श्य ज्वालिनीं मुद्रामुत्थाय विहिताञ्जलिः ।
श्लोकरूपेण मन्त्रेण ह्युपतिष्ठेद्धुताशनम् ॥ १२८ ॥

श्लोकमन्त्राग्निमन्त्रोद्धारः

अग्निं प्रज्वलितं वन्दे जातवेदं हुताशनम् ।
सुवर्णवर्णममलं समिद्धं विश्वतोमुखम् ॥ १२९ ॥
अथाग्निमन्त्रं विन्यस्येत्तद्विधानमुदीर्यते ।
वैश्वानरान्ते जातेति वेदान्ते स्यादिहावह ॥ १३० ॥

चतुर्विंशति वर्णमुद्धरति – **चिदिति** । चित्पिङ्गल हन हन दह दह पच पच सर्वज्ञाज्ञापय स्वाहा । वेद ४ भुजा २ अक्षरश्चतुर्विंशति वर्णः ॥ १२७ ॥

ज्वालिनीमुद्रालक्षणम् – मणिबन्धयुतौ कृत्वा प्रसृताङ्गुलिकौ करौ ।
कनिष्ठाङ्गुष्ठयुगले मिलित्वान्तः प्रसारिते ।
ज्वालिनीनाम मुद्रेयं वैश्वानरप्रियङ्करी ॥ इति ॥ १२८ ॥

श्लोकरूपं मन्त्रमाह ॥ १२९ ॥ अग्निमन्त्रमाह – वैश्वानरजातवेद इहावह

अब **चतुर्विंशत्यक्षर मन्त्र का स्वरूप** कहते हैं -

सर्वप्रथम 'चित्पिङ्गल' शब्द, तदनन्तर दो बार 'हन' शब्द, तत्पश्चात् दो बार 'दह' शब्द, फिर दो बार 'पच' शब्द और अन्त में 'सर्वज्ञाज्ञापय स्वाहा' लगाने से चतुर्विंशति अक्षर का मन्त्र बन जाता है ॥ १२७ ॥

विमर्श - इस मन्त्र का स्वरूप इस प्रकार है - 'चित्पिङ्गल हन हन दह दह पच पच सर्वज्ञाज्ञापय स्वाहा' ॥ १२७ ॥

तदनन्तर आसन से उठकर हाथ जोड़कर ज्वालिनी मुद्रा प्रदर्शित कर आगे कहे जाने वाले श्लोक रूप मन्त्र से अग्नि का उपस्थापन करें ॥ १२८ ॥

विमर्श - दोनों हाथ के मणिबन्ध स्थान को एक में मिलाकर अङ्गुलियों को दोनों हाथ की कनिष्ठा तथा अङ्गुष्ठों को परस्पर एक में मिलाने से ज्वालिनीमुद्रा हो जाती है ॥ १२८ ॥

अब अग्निं प्रज्वलितं ... विश्वतोमुखम् आदि श्लोक रूप मन्त्र से अग्नि का उपस्थापन कहते हैं । सुवर्ण वर्ण के समान अमल एवं देदीप्यमान, विश्वतोमुख, जातवेद तथा हुताशन नाम वाले प्रज्वलित अग्नि की मैं वन्दना करता हूँ ॥ १२९ ॥

इसके अनन्तर अग्निमन्त्र का न्यास करना चाहिए । उसकी विधि कह रहे हैं - सर्वप्रथम वैश्वानर, इसके बाद जातवेद, फिर इहावह तत्पश्चात् लोहिताक्ष फिर

लोहिताक्षपदात् सर्वकर्माण्यन्ते तु साधय ।
वह्निप्रियान्तो मन्त्रोऽयं षड्विंशत्यक्षरान्वितः ॥ १३१ ॥
ऋषिश्छन्दो देवतास्य भृगुर्गायत्रपावकाः ।
रंबीजं ठद्वयं शक्तिर्हवने विनियोजनम् ॥ १३२ ॥
लिङ्गे पायौ मूर्ध्नि वक्त्रे नसि नेत्रे खिलाङ्गके ।

जिह्वाबीजोद्धारः

वह्नेर्जिह्वाःस्वबीजाढ्या न्यसेन्ङेन्तानमोन्विताः ॥ १३३ ॥
हिरण्या[1] गगना रक्ता कृष्णासुप्रभयान्विता ।
बहुरूपातिरक्तेति जिह्वा दमुनसो मताः ॥ १३४ ॥
दीपिकानलवायुस्थाः साद्या वर्णाविलोमतः ।
सेन्दवः सप्तजिह्वानां सप्तानां बीजतां[2] गताः ॥ १३५ ॥

लोहिताक्ष सर्वकर्माणि साधय स्वाहेति ॥ १३०–१३१ ॥ ठद्वयं स्वाहा ॥ १३२ ॥ ङेन्ताश्चतुर्थ्यन्ताः ॥ १३३ ॥ जिह्वाबीजान्युद्धरति – **दीपिकेति** । दीपिका उ । अनलो रः । वायुर्यः । एतेषु स्थिताः सकाराद्या विलोमवर्णाः सषशवलरयेति सेन्दवोऽनुस्वाराद्या इमे सप्त हिरण्यादिजिह्वानां बीजानीत्यर्थः । ततश्च स्र्यूं हिरण्यायै नमः । ष्र्यूं गगनायै नमः । श्र्यूं रक्तायै नमः । व्र्यूं कृष्णायै नमः । ल्र्यूं सुप्रभायै नमः । र्र्यूं बहुरूपायै नमः । य्र्यूं अतिरक्तायै नमः ॥ १३४–१३५ ॥

सर्वकर्माणि तदनन्तर साधय और अन्त में स्वाहा लगाने से २६ अक्षरों का अग्निमन्त्र बनता है ॥ १३०-१३१ ॥

विमर्श - इस मन्त्र का स्वरूप इस प्रकार है - वैश्वानरजातवेद इहावह लोहिताक्ष सर्वकर्माणि साधय स्वाहा ॥ १३०-१३१ ॥

अब अग्निमन्त्र का विनियोग कहते हैं - इस मन्त्र के भृगु ऋषि हैं, गायत्री छन्द है तथा पावक इसके देवता हैं, रं बीज है और स्वाहा शक्ति है । इसका विनियोग हवन कार्य में किया जाता है ॥ १३२ ॥

अब सप्तजिह्वामन्त्र एवं उनका न्यास कहते हैं - लिङ्ग, गुदा, शिर, मुख, नासिका, आँख एवं सर्वाङ्ग में अपने अपने बीजमन्त्रों के साथ नमः लगाकर प्रत्येक अग्नि जिह्वा नाम के आगे चतुर्थी एक वचन से न्यास करना चाहिए । हिरण्या, गगना, रक्ता, कृष्णा, सुप्रभा, बहुरूपा एवं अति रक्ता - ये सात अग्नि जिह्वाओं के नाम हैं ॥ १३३-१३४ ॥

दीपिका (ऊ) अनल (र) वायु (य) इन तीनों को एक में मिलाकर अर्थात् 'य्रूं' के आदि में सकरादि सात वर्णो को विलोम रूप से (स् ष् श् व् ल् र् य्) एक एक में मिलाने से अग्निजिह्वा के बीज मन्त्र बन जाते हैं ॥ १३५ ॥

---

१. अग्नेः सप्तजिह्वानामानि । २. स्र्यूँ ष्र्यूँ श्र्यूँ व्र्यूँ ल्र्यूँ र्र्यूँ य्र्यूँ अग्नेर्जिह्वाबीजानि ।

[1]गीर्वाणपितृगन्धर्वयक्षनागपिशाचकाः ।
राक्षसाश्चेति जिह्वानां देवतास्तत्स्थले न्यसेत् ॥ १३६ ॥
न्यासेऽर्चने[2] व्युत्क्रमः स्याद् बहुरूपाति रक्तयोः ।
नेत्रेतिरिक्ता न्यस्तव्या सर्वाङ्गेबहुरूपिका ॥ १३७ ॥
सहस्रार्चिषे हृदयं स्वस्तिपूर्णाय मस्तकम् ।
उत्तिष्ठ पुरुषायेति शिखामन्त्रोऽयमीरितः ॥ १३८ ॥

गीर्वाणादयो जिह्वाधिदेवा जिह्वास्थानेषु न्यस्याः । सुरेभ्यो नमः लिङ्गे इत्यादिप्रयोगः ॥ १३६ ॥ *॥ ३७ ॥ मस्तकं शिरो मन्त्रः ॥ १३८ ॥ *॥ ३९–१४०॥

विमर्श - जैसे - स्म्रू, ष्म्रू, श्म्रू, व्म्रू, ल्म्रू, र्म्रू, य्म्रू ये सप्त जिह्वाओं के क्रमशः बीज मन्त्र हैं ।

प्रयोग विधि - ॐ स्म्रूँ हिरण्यायै नमः लिङ्गे, ॐ ष्म्रूं गगनायै नमः पायौ,
ॐ श्म्रूँ रक्तायै नमः शिरसि, ॐ व्म्रूं कृष्णायै नमः वक्त्रे,
ॐ ल्म्रूँ सुप्रभायै नमः नासिकायाम्, ॐ र्म्रूं अति रक्तायै नमः नेत्रे,
ॐ य्म्रूँ बहुरूपायै नमः सर्वाङ्गे ।

टिप्पणी - इस न्यास के क्रम में बहुरूपा एवं अतिरिक्ता में व्युत्क्रम हुआ है, जो वक्ष्यमाण १३७ श्लोक के अनुरूप है । वहाँ नेत्र में अति रक्ता का तथा सर्वाङ्ग में बहुरूपा का न्यास कहा गया है ॥ १३५ ॥

अब उपर्युक्त सात जिह्वाओं के देवाताओं द्वारा न्यास कहते हैं - सुर, पितर, गन्धर्व, यक्ष, नाग, पिशाच एवं राक्षस इन जिह्वाओं के अधिदेवता कहे गये हैं । उनका भी क्रमशः उक्त अङ्गों में न्यास करना चाहिए । पूजा काल में बहुरूपा एवं अति रक्ता का जो क्रम बतलाया गया है न्यास में वह व्युत्क्रम हो जाता है । इसीलिए नेत्र में प्रथम अति रक्ता का न्यास, तदनन्तर सर्वाङ्ग में बहुरूपा का न्यास प्रदर्शित किया गया है (द्र १.१३४) ॥ १३६-१३७ ॥

विमर्श - **प्रयोग विधि** - ॐ सुरेभ्यो नमः लिङ्गे, ॐ पितृभ्यो नमः पायौ,
ॐ गन्धर्वेभ्यो नमः, मूर्ध्नि, ॐ यक्षेभ्यो नमः मुखे,
ॐ नागेभ्यो नमः नासिकायाम्, ॐ पिशाचेभ्यो नमः, नेत्रे,
ॐ राक्षसेभ्यो नमः, सर्वाङ्गे ॥ १३६-१३७ ॥

अब **षडङ्गन्यास** कहते हैं -
ॐ सहस्रार्चिषे हृदयाय नमः, ॐ स्वस्तिपूर्णाय शिरसे स्वाहा,
ॐ उत्तिष्ठपुरुषाय शिखायै वषट्, ॐ धूमव्यापिने कवचाय हुम्,

---

१. जिह्वाधिदेवतानामानि ।

२. प्रयोगस्तु – स्म्रूँ ष्म्रूँ श्म्रूँ व्म्रूँ ल्म्रूँ र्म्रूँ य्म्रूँ हिरण्यायै नमो लिङ्गे, ष्म्रूँ गगनायै नमः पायौ इत्यादि ।

धूमान्ते[1] व्यापिने वर्म सप्तजिह्वाय नेत्रकम् ।
अस्त्रं धनुर्धरायेति षडङ्गानि समाचरेत् ॥ १३६ ॥
मूर्ध्नि[2] वामेंसके पार्श्वे कटौ लिङ्गे कटौ पुनः ।
दक्षे पार्श्वेंसके न्यस्येन्मूर्तीरष्टौ विभावसोः ॥ १४० ॥
ताराग्नये पदाद्यास्ताश्चतुर्थीनमसान्विताः ।
जातवेदाः सप्तजिह्वो हव्यवाहन इत्यपि ॥ १४१ ॥
अश्वोदरजसंज्ञोन्यस्तथा वैश्वानराह्वयः ।
कौमारतेजाः स्याद्विश्वमुखो देवमुखस्तथा ॥ १४२ ॥
ततो न्यसेन्निजे देहे पीठं हाटकरेतसः ।
वह्निमण्डलपर्यन्तं मण्डूकादि यथोदितम् ॥ १४३ ॥
पीता श्वेतारुणा कृष्णा धूम्रा तीव्रा स्फुलिङ्गिनी ।
रुचिरा ज्वालिनी चेति कृशानोः पीठशक्तयः ॥ १४४ ॥

तारेति । प्रणवाग्नये पदपूर्वा । ङे नमोन्ताः । ॐ अग्नये जातवेदसे नमो मूर्ध्नीत्यादि ॥ १४१–१४२ ॥ हाटकरेतसो वह्नेः । मण्डलपर्यन्तमेव पीठदेवताः पूज्याः। ततः पीताद्याः पीठशक्तयः ॥ १४३–१४४ ॥

ॐ सप्तजिह्वाय नेत्रत्रयाय वौषट्, ॐ धनुर्धराय अस्त्राय फट् इस प्रकार षडङ्गन्यास करना चाहिए ॥ १३८-१३६ ॥

शिर, वामस्कन्ध, वाम पार्श्व, वाम कटि, लिङ्ग पुनः दक्षिण कटि, दक्षिणपार्श्व - दक्षिण स्कन्ध इन अङ्गों में अग्नि की आठ मूर्तियों से न्यास करना चाहिए ॥ १४०॥

प्रथम प्रणव (ॐ), इसके अनन्तर 'अग्नये', इसके बाद प्रत्येक मूर्ति नाम में चतुर्थी, तदनन्तर 'नमः' पद से उक्त स्थानों (द्र० १. १४०) में न्यास करना चाहिए। १. जातवेदाः, २. सप्तजिह्व, ३. हव्यवाहन, ४. अश्वोदरज, ५. वैश्वानर, ६. कौमार- तेजस्, ७. विश्वमुख तथा ८. देवमुख - ये अग्नि की आठ मूर्तियों के नाम हैं ॥ १४१-१४२ ॥

विमर्श - प्रयोगविधि - यथा - ॐ अग्नये जातवेदसे नमः मूर्ध्नि
ॐ अग्नये सप्तजिह्वाय नमः वामांसे, ॐ अग्नये हव्यवाहनाय नमः वामपार्श्वे,
ॐ अग्नये अश्वोदरजाय नमः वामकटौ, ॐ अग्नये वैश्वानराय नमः लिङ्गे,
ॐ अग्नये कौमारतेजसे नमः दक्षकटौ, ॐ अग्नये विश्वमुखाय नमः दक्षपार्श्वे,
ॐ अग्नये देवमुखाय नमः दक्षांसे ॥ १४१-१४२ ॥

पीठ देवता एवं शक्तियों का न्यास - इसके बाद अपने शरीर में मण्डूक से लेकर अग्निमण्डल पर्यन्त अग्निपीठ के देवताओं को (द्र० १.५०-५६) न्यास करना

---

१. धूमव्यापिने कवचाय हुम् ।
२. अग्नये जातवेदसे मूर्ध्नि इत्यादि ।

बीजं वह्न्यासनायेति हृदन्तः पीठमन्त्रकः ।
एवं विन्यस्य पीठान्तं पावकं चिन्तयेत्तनौ ॥ १४५ ॥

अग्निध्यानम्

त्रिनेत्रमारक्ततनुं सुशुक्ल –
वस्त्रं सुवर्णस्रजमग्निमीडे ।
वराभयस्वस्तिकशक्तिहस्तं
पद्मस्थमाकल्पसमूहयुक्तम् ॥ १४६ ॥

अग्न्यर्चनादिवर्णनम्

एवं ध्यात्वार्चनं कुर्यान्मानसं विधिवद्वसोः ।
परिषिञ्चेत्ततस्तोयैः कुण्डं स्थण्डिलमेव वा ॥ १४७ ॥
दर्भैः परिस्तरेदग्निं प्रागग्रैरुदगग्रकैः ।
प्रत्यग्दक्षिणसौम्यासु न्यसेत्त्रीन्परिधीन्क्रमात् ॥ १४८ ॥
पालाशान्बिल्वजांस्तेषु ब्रह्माविष्णुशिवान्यजेत् ।
वह्नौ तत्पीठमभ्यर्च्यावाहयेत्स्वहृदोऽनलम् ॥ १४६ ॥

बीजमिति । रं वह्न्यासनाय नमः इति पीठमन्त्रः ॥ १४५ ॥ ध्यानमाह – **त्रिनेत्रमिति** । वरस्वस्तिका दक्षयोः । अभीतिशक्ती वामयोः । आकल्पा आभरणानि तत्संघयुतम् ॥ १४६ ॥ * ॥ १४७–१५३ ॥

चाहिए । पीता, श्वेता, अरुणा, कृष्णा, धूम्रा, तीव्रा, स्फुलिङ्गनी, रुचिरा एवं ज्वालिनी ये अग्निपीठ की शक्तियाँ हैं ॥ १४३-१४४ ॥

'ॐ रं वह्न्यासनाय नमः' यह पीठ का मन्त्र है इस प्रकार पीठ पर्यन्त समस्त न्यास कर अपने शरीर में अग्नि का ध्यान करना चाहिए ॥ १४५ ॥

अग्नि का ध्यान - तीन नेत्रों वाले, रक्तवर्ण शरीर वाले, शुभ्र वस्त्र से युक्त, सुवर्ण माला धारण किए हुये, दाहिने हाथों में वरदमुद्रा एवं स्वस्तिक, तथा बायें हाथों में अभयमुद्रा एवं शक्ति धारण किए हुये, आभूषणों से सुशोभित कमलासन पर बैठे हुये अग्निदेव का मैं ध्यान करता हूँ ॥ १४६ ॥

इस प्रकार अग्निदेव का ध्यान कर विधिवत् सर्वोपचारों से मानस पूजन करना चाहिए । फिर जल से कुण्ड अथवा स्थण्डिल का परिषिञ्चन करना चाहिए ॥ १४७॥

तदनन्तर पूर्व एवं उत्तराग्रभाग वाले कुशाओं से उसका पूर्व दिशा के क्रम से परिस्तरण करना चाहिए । पुनः पलाश एवं विल्ववृक्ष की शाखाओं से पश्चिम, दक्षिण एवं उत्तर में क्रमशः तीन परिधि बनाकर उस पर ब्रह्मा, विष्णु एवं शिव का पूजन करना चाहिए । अग्नि में उनके पीठस्थ देवताओं का पूजन कर अपने हृदय में अग्निदेव का आवाहन करना चाहिए ॥ १४८-१४६ ॥

गन्धादिभिः समभ्यर्च्य पूजयेत् पावकं व्रती ।
षट्सु कोणेषु मध्ये च जिह्वास्तद्देवता यजेत् ॥ १५० ॥
ईशानादिषु वायवन्तकोणेषु षट् समर्चयेत् ।
हिरण्याद्यतिरक्तान्ता मध्ये तु बहुरूपिणीम् ॥ १५१ ॥
केसरेष्वङ्गपूजास्याद्दलेष्वष्टसु मूर्तयः ।
मातरोऽष्टौ दलान्तेषु भैरवाः स्युस्तदग्रतः ॥ १५२ ॥
धरापुरे तु शक्राद्या वज्राद्यायुधसंयुताः ।
एवमावरणैर्युक्तं सप्तभिः पावकं यजेत् ॥ १५३ ॥

अष्टभैरवनामकथनम्

असिताङ्गो रुरुश्चण्डः क्रोध उन्मत्तसंज्ञकः ।
कपाली भीषणश्चापि संहारश्चाष्टभैरवः ॥ १५४ ॥
वामे कुशानथास्तीर्य तत्र वस्तूनि निःक्षिपेत् ।
प्रणीताप्रोक्षणीपात्रे आज्यस्थालीं स्रुवं स्रुचम् ॥ १५५ ॥
अधोमुखानि चैतानि होमद्रव्यं घृतं कुशान् ।
समिधः पञ्चपालाशीरन्यदप्युपयोगि यत् ॥ १५६ ॥

भैरवानाह – असिताङ्ग इति ॥ १५४ ॥ * ॥ १५५–१५७ ॥

फिर व्रती पुरश्चरणकर्ता गन्धादि पूजनोपचारों से अग्निदेव का पूजन करें । षट्कोण में एवं मध्य में अग्नि की सप्तजिह्वा (द्र० १.१३४) का पूजन करना चाहिए । उसकी विधि इस प्रकार है - ईशान से लेकर ऊर्ध्वाधः वायव्य पर्यन्त षट्कोणों में हिरण्या से लेकर अतिरक्ता तक ६ अग्निजिह्वाओं का तथा मध्य में बहुरूपिणी नामक अग्नि जिह्वा का पूजन करना चाहिए ॥ १५०-१५१ ॥

केसरों में अङ्गपूजा, अष्टदलों में अष्टमूर्तियों की पूजा (द्र० १. १४१ - १४२) तथा दलों के अन्त में अष्टमातृकाओं की पूजा (द्र० ५. ३९-४०) और दलान्त के आगे अष्ट भैरवों की पूजा करनी चाहिए ॥ १५२ ॥

भूपुर में इन्द्रादि देवों की तथा उनके वज्रादि आयुधों की पूजा करनी चाहिए । इस प्रकार सप्तावरण के देवताओं के साथ-साथ अग्निदेव का यजन करना चाहिए ॥ १५३॥

१. असिताङ्ग, २. रुद्र, ३. चण्ड, ४. क्रोध, ५. उन्मत्त, ६. कपाली, ७. भीषण और ८. संहार - ये अष्ट भैरवों के नाम हैं ॥ १५४ ॥

अब **पात्रासादन की विधि** कहते हैं - अग्नि के वाम भाग में कुशाओं को फैला कर उस पर प्रणीता एवं प्रोक्षणीपात्र, आज्यपात्र, स्रुवा एवं स्रुची आदि यज्ञ पात्र अधोमुख स्थापित करना चाहिए । उसी के साथ होमार्थ द्रव्य घृत, कुशा, पलाश की पञ्च समिधायें एवं अन्य उपयोगी वस्तुयें भी रखनी चाहिए ॥ १५५-१५६ ॥

कृत्वा पवित्रे मूलेन प्रोक्षेत्तानि शुभाम्भसा ।
उत्तानानि विधायाथ प्रणीतां पूरयेज्जलैः ॥ १५७ ॥
तीर्थमन्त्रेण तीर्थानि सृण्या तत्राह्वयेत् सुधीः ।
पवित्रे ह्यक्षतांस्तत्र निःक्षिप्योत्पवनं चरेत् ॥ १५८ ॥
अथोदीच्यां निधायैतां प्रोक्षण्यां तज्जलं क्षिपेत् ।
हवनीयं द्रव्यजातमुक्षेत्तोयैः पवित्रगैः ॥ १५६ ॥
मूलेन मूलगायत्र्या यद्वा हृदयमन्त्रतः ।
दक्षिणे पीठमासाद्य तत्र ब्रह्माणमाह्वयेत् ॥ १६० ॥
अणिमाद्याः सिद्धयोष्टौ ब्रह्मणः पीठदेवताः ।

ब्रह्ममन्त्रोद्धारः

तारहृत्पूर्वको ङेन्तो ब्रह्मा मन्त्रोऽस्य[1] पूजने ॥ १६१ ॥

तीर्थमन्त्रेण – गङ्गे च यमुने चैव गोदावरि सरस्वति ।
नर्मदे सिन्धुकावेरि जलेऽस्मिन् सन्निधिं कुरु ॥

इत्यनेन । सृण्या अंकुशमुद्रया -
ऋज्वीं मध्यमिकां कृत्वा तर्जनीमध्यपर्वणि ।
संयोज्याकुञ्चयेत् किञ्चिन्मुद्रैषांकुशसंज्ञिका ॥

इति लक्षणम् ॥ १५८–१६० ॥ अणिमाद्या अष्टमे वक्ष्यन्ते । ब्रह्ममन्त्रमुद्धरति – **तारेति** । ॐ नमो ब्रह्मणे इति ॥ १६१ ॥

तदनन्तर पवित्री का निर्माण कर मूलमन्त्र द्वारा पवित्र जल से उन वस्तुओं का प्रोक्षण करना चाहिए । तदनन्तर सभी पात्रों को सीधे रख कर प्रणीता पात्र में जल भरना चाहिए । फिर तीर्थ मन्त्र -

गङ्गे च यमुने चैव गोदावरि सरस्वति ।
नर्मदे सिन्धु कावेरि जलेऽस्मिन् सन्निधिं कुरु ॥

इस मन्त्र को पढ़ते हुए अंकुश मुद्रा द्वारा उस जल में विद्वान् साधक को तीर्थों का आवाहन करना चाहिए । दो अक्षत (सम्पूर्ण रूप वाले) कुशाओं को उसमें छोड़कर जल का उत्पवन करना चाहिए । तदनन्तर प्रणीतापात्र को अग्नि के उत्तर भाग में रख कर उसका जल प्रोक्षणी पात्र में डालना चाहिए । फिर उस प्रोक्षणी के पवित्र जल से समस्त हवनीय पदार्थों का प्रोक्षण करना चाहिए ॥ १५७-१५६ ॥

अब **ब्रह्मदेव के आवाहन एवं पूजन की विधि** कहते हैं - अग्नि के दक्षिण में पीठ निर्माण कर उस पर मूलमन्त्र से, गायत्रीमन्त्र से अथवा हृदय मन्त्र (ॐ नमः) से उस पर ब्रह्मदेव का आवाहन करना चाहिए ॥ १६० ॥

---

१. ॐ नमो ब्रह्मणे ।

स्रुक्स्रुवसंस्कारः

हस्ताभ्यां स्रुक्स्रुवौ धृत्वा तापयेत्त्रिरधोमुखौ।
वामहस्तेन तौ धृत्वा दर्भैर्दक्षेण मार्जयेत् ॥ १६२ ॥
संप्रोक्ष्य प्रोक्षणीतोयैः प्रतप्य पूर्ववत् पुनः।
न्यस्याग्नौ मार्जनान्दर्भांस्तयोः शक्तित्रयं न्यसेत् ॥ १६३ ॥

शक्तित्रयम्

इच्छा ज्ञान क्रिया संज्ञा चतुर्थीनमसान्विता।
दीर्घत्रयेन्दुयुग्व्योमपूर्वकं स्थानकत्रये ॥ १६४ ॥
हृदास्रुचिन्यसेच्छक्तिं[1] स्रुवे शम्भुं ततस्तु तौ।
सूत्रत्रयेण संवेष्ट्य सम्पूज्य कुसुमादिभिः ॥ १६५ ॥

स्रुक्स्रुवसंस्कारमाह – **हस्ताभ्यामिति** ॥ १६२–१६३ ॥ शक्तित्रयमाह – **इच्छेति** । दीर्घत्रयम् – आ ई ऊ । व्योम हः । तत्पूर्वकां हां इच्छाशक्त्यै नमो मूले । हीं ज्ञानशक्त्यै नमः मध्ये । हूं क्रियाशक्त्यै नमः अन्ते ॥ १६४–१६६ ॥

अणिमादि आठ सिद्धियाँ ब्रह्मपीठ की देवता हैं । तार (ॐ) और हृद् (नमः), तदनन्तर ब्रह्मपद में चतुर्थी लगाकर 'ॐ नमो ब्रह्मणे' इस मन्त्र से उनकी पूजा करनी चाहिए ॥ १६१ ॥

विमर्श - **प्रयोग विधि** - अणिमायै नमः इत्यादि सिद्धियों के नाम मन्त्र से आठों सिद्धियों का आवाहन पूजन कर पीठ निर्माण करें । फिर 'ॐ नमो ब्रह्मणे' इस मन्त्र से उनकी पूजा करे ॥ १६०-१६१ ॥

स्रुव एवं स्रुचि के संस्कार की विधि कहते हैं - दोनों हाथों में स्रुवा स्रुचि लेकर अधोमुख कर तीन बार उन्हें अग्नि पर तपाना चाहिए । फिर उन दोनों को बायें हाथ में रखकर दाहिने हाथ से कुशा लेकर उनका मार्जन करना चाहिए । तदनन्तर प्रणीता के जल से सिञ्चन कर पुनः उन्हें पूर्ववत् तीन बार तपाकर, अग्नि के दाहिनी ओर स्थापित करना चाहिए । मार्जन कुशाओं को अग्नि में डाल देना चाहिए । तदनन्तर उन पर तीन-तीन शक्तियों का न्यास करे ॥ १६२-१६३ ॥

इच्छा, ज्ञान एवं क्रिया रूपा शक्तियों के आगे चतुर्थ्यन्त विभक्ति लगाकर उसमें नमः जोड़े । आदि में क्रमशः आ ई ऊ के सहित सानुस्वार आकाश (ह) लगा कर शक्तियों से स्रुव एवं सुचि के मूल, मध्य एवं अन्त में इस प्रकार न्यास करे ॥ १६४ ॥

विमर्श - तद् यथा - १. ॐ हां इच्छात्मने नमः स्रुवमूले न्यसामि, २. ॐ हीं ज्ञानात्मने नमः स्रुवमध्ये न्यसामि, ३. ॐ हूं क्रियात्मने नमः स्रुवाग्रे न्यसामि । इसी प्रकार स्रुचि में भी उपर्युक्त तीनों शक्तियों द्वारा न्यास करना चाहिए ॥ १६४ ॥

---

१. नमः शक्त्यै, नमः शम्भवे ।

कुशोपरि न्यसेद्दक्षे तयोः संस्कार ईरितः ।
अस्त्रोक्षितायामाज्यस्य स्थाल्यामाज्यं विनिःक्षिपेत् ॥ १६६ ॥
वीक्षणादिकसंस्कारसंस्कृतं मूलमन्त्रतः ।
गोमुद्रयामृतीकृत्य षट् संस्कारांस्ततश्चरेत् ॥ १६७ ॥
कुण्डोद्धृते वायुकोणे स्थितेङ्गारे विनिःक्षिपेत् ।
हृदेति तापनं प्रोक्तं दर्भयुग्मं प्रदीपितम् ॥ १६८ ॥
आज्ये क्षिप्त्वा हृदावह्नौ पवित्रीकरणं क्षिपेत् ॥ १६९ ॥
आज्यं नीराजयेद् दीप्तदर्भयुग्मेन वर्मणा ।
अभिद्योतनमुक्तं तद्दीप्तं दर्भत्रयं घृते ॥ १७० ॥
दर्शयेदस्त्रेणोद्द्योते गृहीत्वा घृतपात्रकम् ।
संयोज्याग्नौ तदङ्गारान् सलिलं संस्पृशेत् सुधीः ॥ १७१ ॥

गोमुद्रा धेनुमुद्रा ॥ १६७ ॥ * ॥ १६८–१७३ ॥

पुनः सुचि के हृदय में शक्ति तथा स्रुव में शिव का न्यास कर तीन रक्षा सूत्रों से उन्हें बाँधकर पुष्पादि से पूजाकर उन्हें कुशाओं पर अग्नि के दाहिनी ओर स्थापित करना चाहिए ॥ १६५ ॥

विमर्श - न्यासविधि - स्रुचि हृदये शक्तिं न्यसामि, स्रुवोपरि शम्भुं न्यसामि ।
यहाँ तक स्रुवा तथा स्रुचि का संस्कार कहा गया है ॥ १६६ ॥

अब **आज्य एवं आज्यस्थाली के संस्कार की विधि** कहते हैं -

'अस्त्राय फट्' इस मन्त्र से प्रोक्षित आज्यस्थाली में आज्य को उड़ेलना चाहिए। फिर ईक्षण, प्रोक्षण, ताडन एवं सेचन आदि चार संस्कार से सुसंस्कृत कर धेनुमुद्रा प्रदर्शित करते हुये मूलमन्त्र से उसका अमृतीकरण करे । तदनन्तर वक्ष्यमाण छः संस्कार करना चाहिए ॥ १६६-१६७ ॥

विमर्श - १. अग्नि संस्थापन, २. तापन, ३. अभिद्योतन, ४. सेचन, ५. उत्पवन तथा ६. संप्लवन - ये छः संस्कार आज्य स्थाली के होते हैं जिसका क्रमशः वर्णन आगे (द्र० १. १६८-१७३) करेंगें ॥ १६६-१६७ ॥

कुण्ड से निकाली गई अग्नि पर उस आज्य युक्त स्थाली को स्थापित करे - इसे **अग्नि संस्थापन** कहते हैं । फिर 'ॐ नमः' मन्त्र से उसे तपावे - इसे **तापन** कहते हैं । फिर दो कुशाओं को जला कर उसे घी में डाल देवें और तदनन्तर 'ॐ नमः' मन्त्र से अग्नि में उन दोनों कुशाओं को डाल देना चाहिए ॥ १६८-१६९ ॥

फिर जलती हुई उन कुशाओं को 'हुम्' मन्त्र पढ़ कर घी के चारों ओर घुमा देना चाहिए - इसे **अभिद्योतन** कहते हैं । पुनः घी में तीन कुशा डुबोकर 'अस्त्राय फट्' इस मन्त्र से जलाकर आज्यस्थाली में डाल देनी चाहिए । पुनः अङ्गार को उसी कुण्ड में डाल देना चाहिए । तदनन्तर साधक को जल का स्पर्श करना चाहिए ॥ १७०-१७१ ॥

अङ्गुष्ठानामिकाभ्यां तु दर्भावादाय निःक्षिपेत्।
त्रिरग्निसंमुखेत्वाज्यमस्त्रेणोत्पवनं त्विदम् ॥ १७२ ॥
हृदात्मसम्मुखं तद्वदाज्यक्षेपस्तु संप्लवः।
नीराजनादिसंस्कारेष्वग्नौ दर्भान् विनिःक्षिपेत् ॥ १७३ ॥
दर्भद्वयं ग्रन्थियुतं घृतमध्ये विनिःक्षिपेत्।
वामदक्षिणयोः पक्षौ स्मृत्वा नाडीत्रयं स्मरेत्।
दक्षिणाद्वामतो मध्याद्धृदादाय घृतं सुधीः ॥ १७४ ॥
अग्नयेग्निप्रियासोमायस्वाहेत्यग्निनेत्रयोः ।
जुहुयादग्नीषोमाभ्यां स्वाहेत्यक्षिणतृतीयके ॥ १७५ ॥
पातयेदाहुतेः शेषमाहुतिग्रहणस्थले।
भूयो हृदादक्षभागादादायाज्यं मुखे यजेत् ॥ १७६ ॥
अग्नये स्विष्टकृते तन्नेत्रास्योद्घाटनं मतम्।
नरसिंहं विना विष्णुं मन्त्रनेत्रद्वयं यजेत् ॥ १७७ ॥
नरसिंहान्य देवेषु वह्नेर्नेत्रत्रयं स्मृतम्।
[१]महाव्याहृतिभिर्व्यस्तसमस्ताभिश्चतुष्टयम् ॥ १७८ ॥

नाडीत्रयमिति । इडापिङ्गला सुषुम्णाख्या । तृतीया मध्ये चिन्त्या । हृदा नम इति मन्त्रेण ॥ १७४ ॥ अग्नये स्वाहेति दक्षनेत्रे । सोमाय स्वाहेति वामे तदाहुतिचतुष्टयेनाग्नेर्नेत्रमुखप्रकाशो भवतीत्यर्थः ॥ १७५ ॥ * ॥ ७६–१७६ ॥

पुनः अनामिका और अंगुष्ठ इन दो अंगुलियों से दो कुशा लेकर 'अस्त्राय फट्' इस मन्त्र से घी को ३ बार ऊपर की ओर उछालना चाहिए - इसे **उत्पवन** कहते हैं ॥ १७२ ॥

'ॐ नमः' इस मन्त्र से उस आज्य को तीन बार अपने सम्मुख उछालने का नाम **संप्लवन** है । नीराजनादि संस्कारों में अग्नि में दर्भ को डाल देना चाहिए ॥ १७३ ॥

ग्रन्थि युक्त दो कुशाओं को घी में डाल देना चाहिए । फिर वाम एवं दक्षिण दोनों प्रकार के स्वरों का ध्यान कर ईडा, पिङ्गला तथा सुषुम्ना इन तीनों नाड़ियों का ध्यान करे । साधक दक्षिण, वाम एवं मध्य भाग में 'ॐ नमः' मन्त्र से घी लेकर 'ॐ अग्नये स्वाहा' 'ॐ सोमाय स्वाहा' इन दो मन्त्रों से अग्नि के दोनों नेत्रों में तथा 'ॐ अग्नीषोमाभ्यां स्वाहा' इस मन्त्र से उनके तृतीय नेत्र में आहुति देवे ॥ १७४-१७५ ॥

आहुति से शेष भाग को प्रणीता में डाल देना चाहिए, फिर 'ॐ नमः' मन्त्र से दाहिनी ओर से घी लेकर 'ॐ अग्नये स्विष्टकृते स्वाहा' मन्त्र से एक आहुति अग्निदेव के मुख में देवे । ऐसा करने से उनके नेत्र का उद्घाटन हो जाता है ॥ १७६-१७७ ॥

नृसिंह को छोड़कर विष्णु के मन्त्रों से दोनों नेत्रों में दो आहुति देनी चाहिए

---

१. भूः स्वाहा भुवः स्वाहा स्वः स्वाहा भूर्भुवः स्वः स्वाहा ।

आहुतीनां त्रयं वह्निमन्त्रेणैव ततश्चरेत्[1] ।
घृताहुतिभिरष्टाभिरेकैकां संस्कृतिं चरेत् ॥ १७६ ॥

अग्निषट्संस्कारकरणम्

ओमस्याग्नेरमुं संस्कारं करोम्यग्निवल्लभा ।
इत्थं मनुं जपन् गर्भाधानं पुंसवनं ततः ॥ १८० ॥
सीमन्तोन्नयनं जातकर्म कृत्वा ततश्चरेत् ।
वह्नौ पञ्चसमिद्धोमान्नालापनयनं वसोः ॥ १८१ ॥
कुर्याद् देवाभिधानेन पूर्ववन्नामशुष्मणः ।
नामानन्तरमेतस्य पितरौ स्वेर्पयेद्धृदि ॥ १८२ ॥
अन्नप्राशं तथा चौलोपनयौ दारयोजनम् ।
संस्काराः स्युर्विवाहान्तामृत्यन्ता क्रूरकर्मणि ॥ १८३ ॥

ॐ अस्याग्नेर्गर्भाधानसंस्कारं करोमि स्वाहेत्यादि ॥ १८० ॥ पञ्चसमिधां होमाद्वसोरग्नेः नालापनयनाख्यः संस्कारः॥ १८१ ॥ देवाभिधानेन देवनाम्ना शुष्मणोग्नेर्नाम पूर्ववत् । घृताहुत्यष्टकेन कुर्यात्–रामाग्निकृष्णाग्निरित्यादि । एतस्याग्नेः पितरौ वागीशी वागीशौ कुण्डात् स्वहृदि न्यसेत् ॥ १८२ ॥ उपनयमुपवीतम् । दारयोजनं विवाहः ॥ १८३ ॥ * ॥ १८४–१८५ ॥

तथा नृसिंह एवं अन्य देवताओं के मन्त्र के दशांश हवन में अग्नि के तीनों नेत्रों में आहुतियाँ देनी चाहिए ॥ १७७-१७८ ॥

महाव्याहृतियों से पृथक् पृथक् (यथा ॐ भूः स्वाहा, ॐ भुवः स्वाहा, ॐ स्वः स्वाहा तदनन्तर ॐ भूर्भुवः स्वः स्वाहा) ये चार आहुतियाँ देनी चाहिए । फिर अग्निमन्त्र (ॐ वैश्वानर जातवेद इहावह लोहिताक्ष सर्वकर्माणि साधय स्वाहा) से तीन आहुति प्रदान करे । फिर घी की आठ आहुतियों से क्रमशः एक-एक आहुति से अग्नि का एक-एक संस्कार करना चाहिए ॥ १७८-१७९ ॥

अब **अग्नि के छह संस्कार** कहते हैं - सर्वप्रथम ' ॐ अस्याग्नेः गर्भाधानं संस्कारं करोमि स्वाहा' इस प्रकार मन्त्र से १. गर्भाधान संस्कार करे । इसी प्रकार २. पुंसवन, ३. सीमान्तोन्नयन, ४. जातकर्म तथा ५. नालच्छेदन में क्रमशः उक्त अग्निमन्त्र पढ़कर पाँच पलाश की समिधाओं की एक-एक के क्रम से अग्नि में आहुति देवें ॥ १८०-१८१ ॥

तदनन्तर अग्निदेवता का ६. नामकरण इस प्रकार करें । यदि गणेश मन्त्र की आहुति देनी हो तो गणेशाग्नि, राम और कृष्ण की आहुति देनी हो तो रामाग्नि एवं 'कृष्णाग्नि' ऐसा नामकरण करें । इस प्रकार अग्नि के नामकरण के पश्चात् इनके माता पिता वागीशी एवं वागीश को अपने हृदय में स्थापित करे ॥ १८२ ॥

---

१. वैश्वानरजातवेद इहावह लोहिताक्ष सर्वकर्माणि साधय स्वाहा ।

एकैकामाहुतिं कुर्याद् वह्नेर्जिह्वाङ्गमूर्तिभिः[1] ।
इन्द्रादिभिश्च वज्राद्यैर्द्विठान्तैर्जुहुयात्ततः ॥ १८४ ॥
स्रुवेणाज्यं चतुर्वारं निधाय स्रुचितां सुधीः ।
अपिधाय स्रुवेणैतौ गृह्णीयात् करयुग्मतः ॥ १८५ ॥
तिष्ठन्मूलं तयोर्नाभौ कृत्वाग्रे कुसुमं क्षिपेत् ।
वामस्तनान्तं तन्मूलं कृत्वाग्निमनुना सुधीः ॥ १८६ ॥
जुहुयाद्वौषडन्तेन संपत्त्यर्थमतन्द्रितः ।
महागणेशमन्त्रेण व्यस्तेन दशधा ततः ॥ १८७ ॥
जुहुयाच्च समस्तेन चतुर्वारं घृताहुतीः ।
पूर्वपूर्वयुतं बीजषट्कं बाणाश्च सायकाः ॥ १८८ ॥
मुनयो मार्गणाश्चेति विभागस्तन्मनोः स्मृतः ।
तारो लक्ष्मीर्गिरिसुता कामो भूर्गणनायकः ॥ १८९ ॥

कुसुमं पुष्पम् ॥ १८६॥ दशधा व्यस्तेन विभक्तेन ॥ १८७॥ तमेव विभागमाह – **पूर्वेति** । बीजषट्कम् । बाणाः पञ्चवर्गाः । सायकाः पञ्चैव । मुनयः सप्त ।

तदनन्तर अन्नप्राशन, चौल, उपनयन एवं विवाह संस्कार भी उक्त प्रकार के संकल्प से एक-एक आहुति देते हुये सम्पन्न करना चाहिए । शुभ कार्यो में विवाह पर्यन्त ही संस्कार किए जाते हैं, किन्तु क्रूर कर्मों में मृत्यु पर्यन्त संस्कार करने की विधि है ॥ १८३ ॥

तदनन्तर अग्नि की जिह्वाओं (द्र० १.१३४) एवं अग्नि की ही मूर्तियों को पूर्वोक्त (द्र० १.१४२) मन्त्रों से प्रत्येक में चतुर्थी विभक्ति लगाकर अन्त में स्वाहा पद का उच्चारण कर एक-एक आहुति प्रदान करें । (यथा - हिरण्यायै स्वाहा, गगनायै स्वाहा आदि ।) फिर इन्द्रादि देवों के लिए तथा उनके आयुधों के लिए चतुर्थ्यन्त नाम मन्त्रों के आगे स्वाहा लगाकर आहुति प्रदान करें । (यथा - इन्द्राय स्वाहा, वज्राय स्वाहा आदि) ॥ १८४ ॥

तदनन्तर स्रुवा से स्रुचि में चार बार घी डालकर स्रुवा से स्रचि को ढककर खड़े हो कर उन्हें दोनों हाथों से पकड़कर नाभि के आगे कर उस पर पुष्प चढ़ाना चाहिए । फिर उनका मूल अपने बायें स्तन के पास लाकर अग्निमन्त्र से (यथा - वैश्वानर जातवेद इहा वह लोहिताक्ष सर्वकर्माणि साधय स्वाहा वौषट्) संपत्ति प्राप्ति के लिए साधक जागरूक होकर एक आहुति प्रदान करे ॥ १८५-१८७ ॥

तदनन्तर महागणपति मन्त्र के दस विभाग कर प्रत्येक भाग से एक-एक आहुति देनी चाहिए । तदनन्तर गणपति के समस्त मन्त्र को चार बार पढ़कर चार घृत की

---

१. जिह्वेति । स्वदेवतानामप्युपलक्षणम् ।

चतुर्थ्यन्तो गणपतिर्वरान्ते वरदेति च।
सर्वान्ते जनमित्युक्त्वा मे वशान्ते तु मानय॥ १६०॥
स्वाहान्तो वसुयुग्मार्णो महागणपतेर्मनुः[1]।
एवं कृत्वाग्निसंस्कारं पीठं देवस्य पूजयेत्॥ १६१॥

मार्गणाः पञ्च । गणेशमन्त्रमाह – **तार इति** ॥ तारः ॐ । लक्ष्मीः श्रीं । गिरिसुता ह्रीं । कामः क्लीं । भूः ग्लौं । गणनायकः गं - इति बीजषट्कम् । गणपतये वरवरद सर्वजनं मे वशमानय स्वाहेति विभागाः पूर्वयुताः कार्याः । ॐ ॐ श्रीं ॐ श्रीं ह्रीं ॐ इत्यादि ॥ १८८–१६१ ॥

आहुतियाँ प्रदान करनी चाहिए । महागणपति मन्त्र के सर्वप्रथम छः बीजों से छः आहुति तदनन्तर ५, ५, ७ एवं ५ अक्षरों के मन्त्रों से एक-एक आहुति देने का विधान है ॥ १८७-१८९ ॥

महागणपति मन्त्र इस प्रकार है - तारा (ॐ), लक्ष्मी (श्रीं), गिरि सुता (ह्रीं), काम (क्लीं), भू (ग्लौं), गणनायक (गं) इसके बाद गणपति का चतुर्थ्यन्त (गणपतये) फिर 'वर' और 'वरद' (वर वरद), तदनन्तर 'सर्वजन' फिर 'मे वश' तदनन्तर 'मानय', तदनन्तर 'स्वाहा' लगाने से अठाइस अक्षर का मन्त्र बन जाता है। इस प्रकार अग्नि का संस्कार कर देव - पीठ की पूजा करनी चाहिए ॥ १८९-१६१ ॥

विमर्श - महागणपति का मन्त्र इस प्रकार है - 'ॐ श्रीं ह्रीं क्लीं ग्लौं गं गणपतये वर वरद सर्वजनं मे वश मानय स्वाहा' ।

हवन विधि - साधक को दस भागों में इस प्रकार हवन करना चाहिए - यथा -

१ - ॐ स्वाहा,
२ - ॐ श्रीं स्वाहा,
३ - ॐ श्रीं ह्रीं स्वाहा,
४ - ॐ श्रीं ह्रीं क्लीं स्वाहा,
५ - ॐ श्रीं ह्रीं क्लीं ग्लौं स्वाहा,
६ - ॐ श्रीं ह्रीं क्लीं ग्लौं गं स्वाहा,
७ - ॐ श्रीं ह्रीं क्लीं ग्लौं गं गणपतये स्वाहा,
८ - ॐ श्रीं ह्रीं क्लीं ग्लौं गं गणपतये वर वरद स्वाहा,
९ - ॐ श्रीं ह्रीं क्लीं ग्लौं गं गणपतये वर वरद सर्वजनं मे वश स्वाहा,
१० - ॐ श्रीं ह्रीं क्लीं ग्लौं गं गणपतये वर वरद सर्वजनं मे वशमानय स्वाहा,

इन दस मन्त्रों से एक - एक आहुति प्रदान करनी चाहिए । फिर सम्पूर्ण उपर्युक्त २८ मन्त्राक्षरों से घी की चार आहुति देनी चाहिए ॥ १८७-१६१ ॥

---

१. श्रीं ह्रीं क्लीं ग्लौ गं गणपतये वर वरद सर्वजनं मे वशमानय स्वाहा । प्रयोगस्तु – ॐ स्वाहा , ओ३म् श्रीं स्वाहा , ओ३म् श्री ह्रीं स्वाहेत्यादि ।

तत्रेष्टदेवमावाह्य मुद्रा आवाहनादिकाः।
प्रदर्श्य वह्निरूपस्य देवस्य वदने पुनः॥ १६२॥
मूलेन जुहुयात् पञ्चनेत्रसंख्या घृताहुतीः।
वक्त्रैकीकरणं त्वग्निर्देवयोस्तेन जायते॥ १६३॥

आवाहनादिका अग्नेर्वक्तव्याः॥ १६२॥ पञ्चनेत्रसंख्या पञ्चविंशतिः॥ १६३॥

सर्वप्रथम आवाहनादि मुद्रा प्रदर्शित कर पीठ पर इष्टदेव का आवाहन करना चाहिए । तदनन्तर अग्नि एवं इष्टदेव के मुख में मूल मन्त्र से पच्चिस संख्यक घी की आहुती प्रदान करनी चाहिए । ऐसा करने से अग्नि के मुख का एवं देवता के मुख का एकीकरण हो जाता है ॥ १६२-१६३ ॥

विमर्श - इष्ट देव के आवाहन में साधक निम्न मुद्राओं का प्रदर्शन करे - १. आवाहनी, २. स्थापनी, ३. सन्निधान, ४. सन्निरोध, ५. सम्मुखीकरण, ६. सकलीकरण, ७. अवगुण्ठन, ८. अमृतीकरण और ६. परमीकरण । इनका स्वरूप इस प्रकार है -

१. आवाहनी मुद्रा - "सम्यक् सम्पूजितैः पुष्पैः कराभ्यां कल्पिताञ्जलिः । आवाहनी समाख्याता मुद्रादेशिक सत्तमैः । अनामामूलं संलग्नाङ्गुष्ठग्राञ्जलिरीरिता ॥ "

'ॐ पुष्पे पुष्पे महापुष्पे सुपुष्पे पुष्पसम्भवे पुष्पं च यवकीर्ण हुं फट् स्वाहा' - इस मन्त्र से संशोधित पुष्पों को लेकर दोनों हाथों की अञ्जलि बनाने को आवाहनी मुद्रा कहते हैं ।

२. स्थापनी मुद्रा - "अधोमुखी कृता सैव स्थापनीति निगद्यते ।"
आवाहनी मुद्रा को अधोमुख करने से स्थापनी मुद्रा बन जाती है ।

३. सन्निधान मुद्रा - "आश्लिष्टमुष्टियुगला प्रोन्नताङ्गुष्ठयुग्मका ।
सन्निधाने समुच्छिष्टा मुद्रेयं तन्त्रवेदिभिः ॥ " अंगूठों को ऊपर उठाकर दोनों मुट्ठियों को परस्पर मिलाने से सन्निधान मुद्रा बनती है ।

४. सन्निरोध मुद्रा - "अङ्गुष्ठगर्भिणी सैव सन्निरोधे समीरिता । अङ्गूठों को भीतर कर दोनों मुट्ठियों को परस्पर मिलाने से सन्निरोध मुद्रा बनती है ।

५. सम्मुखीकरण मुद्रा - "बद्धाञ्जलि हृदि प्रोक्ता सम्मुखीकरणे बुधैः ।"
हृदय प्रदेश में अञ्जलि बनाने को सम्मुखीकरण मुद्रा कहते हैं ।

६. सकलीकरण मुद्रा - "देवाङ्गेषु षडङ्गानां न्यासः स्यात्सकलीकृतिः ।"
देवता के अङ्गों पर षडङ्गन्यास करना सकलीकरण कहलाता है ।

७. अवगुण्ठन मुद्रा - "सव्यहस्तकृता मुष्टिः दीर्घाधोमुख तर्जनी ।
अवगुण्ठनमुद्रेयमभितो भ्रामिता भवेत् ॥ दाहिने हाथ की मुट्ठी बनाकर मध्यमा एवं तर्जनी को अधोमुख कर चारों ओर घुमाने से अवगुण्ठन मुद्रा बनती है ।

८. अमृतीकरण के लिए धेनुमुद्रा -
"अन्योन्याभिमुखौ श्लिष्टौ कनिष्ठानामिका पुनः।

नाडीसन्धानसिद्ध्यर्थं वह्निदेवतयोस्ततः।
जुहुयान्मूलमन्त्रेण रुद्रसंख्या घृताहुतीः॥ १६४॥
इष्टदेवस्यावृतीनामेकैकामाहुतिं चरेत्।
ततस्तु मूलमन्त्रेण दशधा जुहुयाद् घृतम्॥ १६५॥
ततः कल्पोक्तद्रव्येण दशांशं जुहुयाज्जपात्।
होमं समाप्य कुर्वीत पूर्णाहुतिमनन्यधीः॥ १६६॥
होमावशिष्टेनाज्येन पूरयित्वा स्रुचं सुधीः।
पुष्पं फलं निधायाग्रे स्रुवेणाच्छाद्य तां पुनः॥ १६७॥
उत्थितौ वौषडन्तेन मूलेन जुहुयाद् वसौ।
तद्द्रव्येणावृतीनां च जुहुयादाहुतिं पृथक्॥ १६८॥
देवं विसृज्य स्वहृदि वह्नेर्जिह्वाङ्गमूर्तिभिः।
जुहुयाद् व्याहृतीर्हुत्वा प्रोक्षेत्तं प्रोक्षणीजलैः॥ १६९॥

तथा तु तर्जनीमध्या धेनुमुद्रा प्रकीर्तिता ॥ ”

दोनों हाथों की कनिष्ठा एवं अनामिका को तथा मध्यमा को एक दूसरे से मिलाने पर धेनु मुद्रा बनती है ।

९. परमीकरण के लिए महामुद्रा -

अन्योन्य ग्रथिताङ्गुष्ठौ प्रसारितकराङ्गुलिः । महामुद्रेयमुदिता परमीकरणे बुधैः ॥

अंगूठों को परस्पर ग्रथित कर अङ्गुलियां फैलाने से महामुद्रा बनती है । इसे परमीकरण मुद्रा कहते हैं ॥ १६२-१६३ ॥

पश्चात् अग्नि एवं इष्टदेव के नाड़ीसंधान के लिए मूलमन्त्र से ग्यारह आहुति प्रदान करनी चाहिए ॥ १६४ ॥

पुनः इष्टदेव के आवरण देवताओं को १-१ आहुति देनी चाहिए (आवरण देवता द्र० १. ५०-५५) फिर मूलमन्त्र से १० संख्यक घृत की आहुति देनी चाहिए ॥ १६५ ॥

तदनन्तर तत्तत् कल्पों में प्रतिपादित तत्तद्देव विशेषों के हवि से जप का दशांश होम कर होम का समापन करें । तदनन्तर एकाग्रचित्त से पूर्णाहुति करें ॥ १६६ ॥

अब **पूर्णाहुति** का प्रकार प्रस्तुत करते हैं -

विद्वान् साधक होमावशिष्ट घृत से स्रुचि को भर कर उसमें पुष्प एवं फल रखकर स्रुवा से ढ़क कर खड़ा हो मूलमन्त्र के अन्त में वौषट् लगाकर अग्नि में पूर्णाहुति करें, तथा शेष होमद्रव्य से आवरण देवताओं को पृथक्-पृथक् आहुति प्रदान करें ॥ १६७-१६८ ॥

फिर अपने हृदय में इष्टदेव का विसर्जन कर अग्नि की सात जिह्वाओं एवं आठ मूर्तियों को आहुतियाँ प्रदान करे । तदनन्तर महाव्याहृतियों से हवन कर प्रोक्षणी के जल से अग्नि का प्रोक्षण (सिञ्चन) करे ॥ १६९ ॥

चतुर्थ्यन्तो गणपतिर्वरान्ते वरदेति च।
सर्वान्ते जनमित्युक्त्वा मे वशान्ते तु मानय॥ १६०॥
स्वाहान्तो वसुयुग्मार्णो महागणपतेर्मनुः[1]।
एवं कृत्वाग्निसंस्कारं पीठं देवस्य पूजयेत्॥ १६१॥

मार्गणाः पञ्च । गणेशमन्त्रमाह – **तार इति** ॥ तारः ॐ । लक्ष्मीः श्रीं । गिरिसुता ह्रीं । कामः क्लीं । भूः ग्लौं । गणनायकः गं - इति बीजषट्कम् । गणपतये वरवरद सर्वजनं मे वशमानय स्वाहेति विभागाः पूर्वयुताः कार्याः । ॐ ॐ श्रीं ॐ श्रीं ह्रीं ॐ इत्यादि ॥ १८८–१६१ ॥

आहुतियाँ प्रदान करनी चाहिए । महागणपति मन्त्र के सर्वप्रथम छः बीजों से छः आहुति तदनन्तर ५, ५, ७ एवं ५ अक्षरों के मन्त्रों से एक-एक आहुति देने का विधान है ॥ १८७-१८६ ॥

महागणपति मन्त्र इस प्रकार है - तारा (ॐ), लक्ष्मी (श्रीं), गिरि सुता (ह्रीं), काम (क्लीं), भू (ग्लौं), गणनायक (गं) इसके बाद गणपति का चतुर्थ्यन्त (गणपतये) फिर 'वर' और 'वरद' (वर वरद), तदनन्तर 'सर्वजन' फिर 'मे वश' तदनन्तर 'मानय', तदनन्तर 'स्वाहा' लगाने से अठाइस अक्षर का मन्त्र बन जाता है। इस प्रकार अग्नि का संस्कार कर देव - पीठ की पूजा करनी चाहिए॥ १८६-१६१ ॥

विमर्श - महागणपति का मन्त्र इस प्रकार है - 'ॐ श्रीं ह्रीं क्लीं ग्लौं गं गणपतये वर वरद सर्वजनं मे वश मानय स्वाहा' ।

हवन विधि - साधक को दस भागों में इस प्रकार हवन करना चाहिए - यथा -

१ - ॐ स्वाहा,
२ - ॐ श्रीं स्वाहा,
३ - ॐ श्रीं ह्रीं स्वाहा,
४ - ॐ श्रीं ह्रीं क्लीं स्वाहा,
५ - ॐ श्रीं ह्रीं क्लीं ग्लौं स्वाहा,
६ - ॐ श्रीं ह्रीं क्लीं ग्लौं गं स्वाहा,
७ - ॐ श्रीं ह्रीं क्लीं ग्लौं गं गणपतये स्वाहा,
८ - ॐ श्रीं ह्रीं क्लीं ग्लौं गं गणपतये वर वरद स्वाहा,
६ - ॐ श्रीं ह्रीं क्लीं ग्लौं गं गणपतये वर वरद सर्वजनं मे वश स्वाहा,
१० - ॐ श्रीं ह्रीं क्लीं ग्लौं गं गणपतये वर वरद सर्वजनं मे वशमानय स्वाहा,

इन दस मन्त्रों से एक - एक आहुति प्रदान करनी चाहिए । फिर सम्पूर्ण उपर्युक्त २८ मन्त्राक्षरों से घी की चार आहुति देनी चाहिए ॥ १८७-१६१ ॥

---

१. श्रीं ह्रीं क्लीं ग्लौ गं गणपतये वर वरद सर्वजनं मे वशमानय स्वाहा । प्रयोगस्तु – ॐ स्वाहा , ओ३म् श्रीं स्वाहा , ओ३म् श्री ह्रीं स्वाहेत्यादि ।

सम्प्रार्थ्यानेन मनुना नत्वा तं विसृजेद्धृदि ।
भो भो वह्ने महाशक्ते सर्वकर्मप्रसाधक ॥ २०० ॥
कर्मान्तरेऽपि सम्प्राप्ते सान्निध्यं कुरु सादरम् ।

पवित्रप्रतिपत्तिः

वह्नौ पवित्रे निःक्षिप्य प्रणीताम्बु भुवि क्षिपेत् ॥ २०१ ॥
विधिं विसृज्य सकुशान् परिधीन्विन्यसेद्वसौ ।
एवं होमं समाप्याथ तर्पयेद् देवतां जले ॥ २०२ ॥

तर्पणादिकथनम्

आवाह्य तद्दशांशेन तर्पणादभिषेचनम् ।
तर्पयामि नमश्चेति द्वितीयान्तेष्टपूर्वकम् ॥ २०३ ॥
मूलान्ते तु पदं देयं सिञ्चामीत्यभिषेचने ।
ततो नानाविधैरन्नैस्तर्पयेद् द्विजसत्तमान् ॥ २०४ ॥

॥ * ॥ १६४–२०० ॥ पवित्रादिप्रतिपत्तिमाह – **वह्नाविति** । विधिं ब्रह्माणं विसृज्य दक्षिणां दत्त्वेति शेषः । सकुशान् परिस्तरणसहितान् वसौ वह्नौ ॥ २०१–२०२ ॥ तर्पणमन्त्रमाह – मूलमन्त्रान्ते कृष्णं तर्पयामि नम इति तर्पणे । कृष्णमभि–षिञ्चामीत्यभिषेके ॥ २०३ ॥ जपाद्दशांशाद्धोमः तद्दशांशेन तर्पणं तद्दशांशेनाभिषेकः

तदनन्तर - 'भो भो वह्ने महाशक्ते सर्वकर्मप्रसाधक ।
कर्मान्तरेऽपि संप्राप्ते सान्निध्यं कुरु सादरम्'॥

इस मन्त्र से अग्निदेव की प्रार्थना कर प्रणाम करने के पश्चात् अपने हृदय में उनका विसर्जन करें ॥ २००-२०१ ॥

पवित्री बनाये गये कुशाओं को अग्नि में प्रक्षिप्त कर प्रणीता का जल पृथ्वी पर गिरा देवें । तदनन्तर ब्रह्मदेव का विसर्जन कर परिधि बनाये गये कुशाओं को भी अग्नि में प्रक्षिप्त कर देना चाहिए । इस प्रकार होम समाप्त कर जल में इष्ट देवता का तपर्ण करें ॥ २०१-२०२ ॥

अब **तर्पण अभिषेक एवं ब्राह्मण भोजन की विधि** कहते हैं - जल में देवता का आवाहन कर होम संख्या का दशांश तर्पण तथा तर्पण का दशांश मार्जन (अभिषेक) करना चाहिए । मूलमन्त्र के बाद द्वितीयान्त देव नाम, तदनन्तर 'तर्पयामि नमः' लगाकर तर्पण करना चाहिए । इसी प्रकार अभिषेक में मूलमन्त्र के बाद द्वितीयान्त देव नाम लगाकर अन्त में 'ऋषि सिञ्चामि' लगाकर अभिषेक करना चाहिए ॥ २०३-२०४ ॥

विमर्श - किसी भी अनुष्ठान में साधक को चाहिए कि वह मन्त्र की जप संख्या जितनी हो उसके दसवें हिस्से से अर्थात् दस माला का दसवाँ हिस्सा एक माला से हवन करे और हवन के दसवें हिस्से से तर्पण करे तथा उसके दसवें हिस्से

इष्टरूपान्समाराध्य तेभ्यो दद्याच्च दक्षिणाम् ।
न्यूनं सम्पूर्णतामेति ब्राह्मणाराधनान्नृणाम् ॥ २०५ ॥
देवताश्च प्रसीदन्ति सम्पद्यन्ते मनोरथाः ॥ २०६ ॥

॥ इति श्रीमन्ममहीधरविरचिते मन्त्रमहोदधौ भूतशुद्ध्यादि-कथनं नाम प्रथमस्तरङ्गः ॥ १ ॥

तद्दशांशेन विप्रभोजनमिति पञ्चाङ्गपुरश्चरणमिति उत्तमः पक्षः । अभिषेकवर्जो मध्यमः । तर्पणाभिषेकवर्जस्त्र्यङ्गः कनीयान् पक्षः । होमाद्दशांशं द्विजभोजनमिति । किंबहुना । बहुब्राह्मणभोजने देवताप्रसादो न भवति किमिति ॥ २०४–२०६ ॥

॥ इति श्रीमन्महीधरविरचितायां मन्त्रमहोदधेः व्याख्यायां नौकायां भूतशुद्ध्यादिकथनं नाम प्रथमस्तरङ्गः ॥ १ ॥

से मार्जन (अभिषेक) करे और उसके दसवें हिस्से से ब्राह्मण भोजन की संख्या निश्चित करे । जैसे गणपति मन्त्र के एक लाख जप के पुरश्चरण में हवन की संख्या दस हजार और तर्पण की संख्या एक हजार एवं अभिषेक की संख्या एक सौ तथा ब्राह्मण भोजन की संख्या दस होनी चाहिए ।

तर्पण विधि - तर्पण करते समय साधक मूलमन्त्र के बाद देवता का द्वितीयान्त नाम तथा अन्त में 'तर्पयामि नमः' कहते हुए तर्पण करे । जैसे उच्छिष्ट गणपति के मन्त्र में तर्पण इस प्रकार होगा - 'ॐ हस्ति पिशाचि लिखे स्वाहा उच्छिष्टगणपतिं तर्पयामि नमः ।'

अभिषेक विधि - अभिषेक करते समय साधक मूलमन्त्र के बाद देवता का द्वितीयान्त नाम तथा अन्त में 'अभिषिञ्चामि' कहते हुए अभिषेक करे । जैसे - उच्छिष्ट गणपति मन्त्र के पुरश्चरण में अभिषेक इस प्रकार होगा - 'ॐ हस्ति पिशाचि लिखे स्वाहा उच्छिष्ट गणपतिमभिषिञ्चामि' ॥ २०३-२०४ ॥

तदनन्तर विविध प्रकार के पक्वान्नों आदि से श्रेष्ठ ब्राह्मणों को भोजन कराना चाहिए । अपने इष्टदेव के रूप में आगत उन ब्राह्मणों का पूजन कर उन्हें दक्षिणा देनी चाहिए क्योंकि ब्राह्मणों की आराधना से अनुष्ठान में होने वाली न्यूनता दूर हो जाती है । इससे देवता प्रसन्न हो जाते हैं तथा अपने सभी मनोरथों की सिद्धि हो जाती है ॥ २०४-२०६ ॥

॥ इस प्रकार श्रीमन्महीधर विरचित मन्त्रमहोदधि के प्रथम तरङ्ग की महाकवि पं० रामकुबेर मालवीय के द्वितीय आत्मज डॉ० सुधाकर मालवीय कृत 'अरित्र' नामक हिन्दी व्याख्या पूर्ण हुई ॥ १ ॥

❁

अथ द्वितीयः तरङ्गः

गणेशस्य मनून् वक्ष्ये सर्वाभीष्टप्रदायकान् ।

गणेशमन्त्रकथनम्

जलं चक्री वह्नियुतः कर्णेन्द्वाढ्या च कामिका ॥ १ ॥
दारको दीर्घसंयुक्तो वायुः कवचपश्चिमः ।
षडक्षरो[1] मन्त्रराजो भजतामिष्टसिद्धिदः ॥ २ ॥

गणेशषडक्षरमन्त्रसाधनकथनम्

भार्गवो [2]मुनिरस्योक्तश्छन्दोऽनुष्टुबुदाहृतः ।
विघ्नेशो देवता बीजं वं शक्तिर्यमितीरितम् ॥ ३ ॥

---

* नौका *

आदौ सकलविघ्ननिवर्तकस्य श्रीगणेशस्य मन्त्रान् वक्तुं प्रतिजानीते – **गणेशस्येति** । मनून् मन्त्रान् । मन्यते सर्वैयरिति । मन्त्रमुद्धरति - जलं वः । चक्री कः वह्निः रः तेन युतः तेन युक्तः । कामिका त। कर्णेन्द्वाढ्या उ बिन्दु युता । तेन तुं । दीर्घ आ । तेन युतो दारको डः । वायुर्यः । कवचपश्चिममन्ते यस्य स तथा ।

---

* अरित्र *

अब **गणेश जी के सर्वाभीष्ट प्रदायक मन्त्रों** को कहता हूँ - जल (व) तदनन्तर वह्नि (र) के सहित चक्री (क) (अर्थात् क्र), कर्णेन्दु के साथ कामिका (तुं), दीर्घ से युक्तदारक (ड) एवं वायु (य) तथा अन्त में कवच (हुम्) इस प्रकार ६ अक्षरों वाला यह गणपति मन्त्र साधकों को सिद्धि प्रदान करता है ॥ १-२ ॥

विमर्श - इस षडक्षर मन्त्र का स्वरूप इस प्रकार है - 'वक्रतुण्डाय हुम्' ॥ १-२ ॥

अब इस मन्त्र का **विनियोग** कहते हैं - इस मन्त्र के भार्गव ऋषि हैं, अनुष्टुप् छन्द है, विघ्नेश देवता हैं, वं बीज है तथा यं शक्ति है ॥ ३ ॥

विमर्श - विनियोग का स्वरूप इस प्रकार है - अस्य श्रीगणेशमन्त्रस्य भार्गव ऋषि-

---

१. वक्रतुण्डाय हुम् ।

२. ॐ अस्य श्रीगणेशमन्त्रस्य भार्गवऋषिरनुष्टुप् छन्दः विघ्नेशो देवता वं बीजं यंशक्तिर्ममाभीष्टसिद्धये जपे विनियोगः ।

षडक्षरैः सविधुभिः प्रणवाद्यैर्नमोन्तकैः।
प्रकुर्याज्जातिसंयुक्तैः षडङ्गविधिमु त्तमम्॥ ४॥
भ्रूमध्यकण्ठहृदयनाभिलिङ्गपदेषु च।
मनो वर्णान् क्रमान्न्यस्य व्यापय्याथो स्मरेत् प्रभुम्॥ ५॥

गणेशध्यानम्

उद्यद्दिनेश्वररुचिं निजहस्तपद्मैः
पाशांकुशाभयवरान् दधतं गजास्यम्।
रक्ताम्बरं सकलदुःखहरं गणेशं
ध्यायेत् प्रसन्नमखिलाभरणाभिरामम्॥ ६॥

वक्रतुण्डाय हुमिति सविधुभिः सानुस्वारैः। ॐ व नमः हृदयाय नमः इत्यादि। व्यापय्य सर्वमन्त्रं सर्वशरीरे न्यस्येत्यर्थः॥ १-५॥ ध्यानमाह – **उद्यदिति**। पाशाभये वामयोः। वरांकुशावन्ययोः॥ ६॥

रनुष्टुप् छन्दः विघ्नेशो देवता वं बीजं यं शक्तिरात्मनोऽभीष्टसिद्ध्यर्थे जपे विनियोगः॥ ३॥

अब इस मन्त्र के **षडङ्गन्यास की विधि** कहते हैं -

उपर्युक्त षडक्षर मन्त्रों के ऊपर अनुस्वार लगा कर प्रथम प्रणव तथा अन्त में नमः पद लगा कर षडङ्गन्यास करना चाहिए ॥ ४॥

विमर्श - कराङ्गन्यास एवं षडङ्गन्यास की विधि -

ॐ वं नमः अङ्गुष्ठाभ्यां नमः, ॐ क्रं नमः तर्जनीभ्यां नमः,
ॐ तुं नमः मध्यमाभ्यां नमः, ॐ डां नमः अनामिकाभ्यां नमः,
ॐ यं नमः कनिष्ठिकाभ्यां नमः, ॐ हुं नमः करतलकरपृष्ठाभ्यां नमः,

इसी प्रकार उपर्युक्त विधि से हृदय, शिर, शिखा, कवच, नेत्रत्रय एवं 'अस्त्राय फट्' से षडङ्गन्यास करना चाहिए ॥ ४॥

अब इसी मन्त्र से **सर्वाङ्गन्यास** कहते हैं - भ्रूमध्य, कण्ठ, हृदय, नाभि, लिङ्ग एवं पैरों में भी क्रमशः इन्हीं मन्त्राक्षरों का न्यास कर संपूर्ण मन्त्र का पूरे शरीर में न्यास करना चाहिए, तदनन्तर गणेश प्रभु का ध्यान करना चाहिए ॥ ५॥

विमर्श - प्रयोग विधि इस प्रकार है -

ॐ वं नमः भ्रूमध्ये, ॐ क्रं नमः कण्ठे, ॐ तुं नमः हृदये, ॐ डां नमः नाभौ,
ॐ यं नमः लिङ्गे, ॐ हुम् नमः पादयोः, ॐ वक्रतुण्डाय हुम् सर्वाङ्गे ॥ ५॥

अब **महाप्रभु गणेश का ध्यान** कहते हैं -

जिनका अङ्ग प्रत्यङ्ग उदीयमान सूर्य के समान रक्त वर्ण का है, जो अपने बायें हाथों में पाश एवं अभयमुद्रा तथा दाहिने हाथों में वरमुद्रा एवं अंकुश धारण किये हुये हैं, समस्त दुःखों को दूर करने वाले, रक्तवस्त्र धारी, प्रसन्न मुख तथा समस्त भूषणों से भूषित होने

गणेशमन्त्रसिद्धिविधानम्

ऋतुलक्षं जपेन्मन्त्रमष्टद्रव्यैर्दशांशतः ।
जुहुयान्मन्त्रसंसिद्ध्यै वाडवान् भोजयेच्छुचीन् ॥ ७ ॥
इक्षवः सक्तवो रम्भाफलानि चिपिटास्तिलाः ।
मोदका नारिकेलानि लाजाद्रव्याष्टकैर्स्मृतम् ॥ ८ ॥

पीठपूजाविधानम्

पीठमाधारशक्त्यादिपरतत्त्वान्तमर्चयेत् ।
तत्राष्टदिक्षु मध्ये च सम्पूज्या नवशक्तयः ॥ ९ ॥
तीव्रा च चालिनी नन्दा भोगदा कामरूपिणी ।
उग्रा तेजोवती सत्या नवमी विघ्ननाशिनी ॥ १० ॥
विनायकस्य मन्त्राणामेताः स्युः पीठशक्तयः ।
सर्वशक्तिकमान्ते तु लासनाय हृदन्तिकः ॥ ११ ॥
पीठमन्त्रस्तदीयेन बीजेनादौ समन्वितः ।
प्रदायासनमेतेन मूर्तिं मूलेन कल्पयेत् ॥ १२ ॥

वाडवान् विप्रान् ॥ ७ ॥ द्रव्याष्टकमाह – **इक्षव इति** ॥ ८–९ ॥ पीठमन्त्रमाह – गं सर्वशक्तिकमलासनाय नमः । एतेनासनं दत्वा तद्देशे मूलेन मूर्तिं कल्पयेत् ॥ १०–१२ ॥ *॥ १३–१८ ॥

के कारण मनोहर प्रतीत होने वाले गजानन गणेश का ध्यान करना चाहिए ॥ ६ ॥

अब इस मन्त्र से **पुरश्चरण विधि** कहते हैं -

पुरश्चरण कार्य में इस मन्त्र का ६ लाख जप करना चाहिए । इस (छः लाख) की दशांश संख्या (साठ हजार) से अष्टद्रव्यों का होम करना चाहिए । तदनन्तर मन्त्र के फल प्राप्ति के लिए संस्कार-शुद्ध ब्राह्मणों को भोजन कराना चाहिये ॥ ७ ॥

१. ईख, २. सत्तू, ३. केला, ४. चपेटान्न (चिउड़ा), ५. तिल, ६. मोदक, ७. नारिकेल और ८. धान का लावा - ये आठ अष्टद्रव्य कहे गये हैं ॥ ८ ॥

अब पीठपूजाविधान करते हैं -

आधारशक्ति से आरम्भ कर परतत्त्व पर्यन्त पीठ की पूजा करनी चाहिए । उस पर आठ दिशाओं में एवं मध्य में नौ शक्तियों की पूजा करनी चाहिए ॥ ९ ॥

१. तीव्रा, २. चालिनी, ३. नन्दा, ४. भोगदा, ५. कामरूपिणी, ६. उग्रा, ७. तेजोवती, ८. सत्या एवं ९. विघ्ननाशिनी - ये गणेश मन्त्र की नव शक्तियों के नाम हैं ॥ १०-११ ॥

प्रारम्भ में गणपति का बीज (गं) लगा कर 'सर्वशक्तिकम' तदनन्तर 'लासनाय' और अन्त में हृत् (नमः) लगाने से पीठ मन्त्र बनता है । इस मन्त्र से आसन देकर मूलमन्त्र से गणेशमूर्ति की कल्पना करनी चाहिए ॥ ११-१२ ॥

तस्यां गणेशमावाह्य पूजयेदासनादिभिः ।
अभ्यर्च्य कुसुमैरीशं कुर्यादावरणार्चनम् ॥ १३ ॥

गणेशस्य पञ्चावरणपूजाविधिः

आग्नेयादिषु कोणेषु हृदयं च शिरःशिखाम् ।
वर्माभ्यर्च्याग्रतो नेत्रं दिक्ष्वस्त्रं पूजयेत् सुधीः ॥ १४ ॥
द्वितीयावरणे पूज्याः प्रागाद्यष्टैवशक्तयः ।
विद्यादिमां विधात्री च भोगदा विघ्नघातिनी ॥ १५ ॥
निधिप्रदीपा पापघ्नी पुण्या पश्चाच्छशिप्रभा ।
दलाग्रेषु वक्रतुण्ड एकदंष्ट्रो महोदरः ॥ १६ ॥
गजास्यलम्बोदरकौ विकटो विघ्नराजकः ।
धूम्रवर्णस्तदग्रेषु शक्राद्या आयुधैर्युताः ॥ १७ ॥
एवमावरणैः पूज्यः पञ्चभिर्गणनायकः ।
पूर्वोक्ता च पुरश्चर्या कार्या मन्त्रस्य सिद्धये ॥ १८ ॥

विमर्श - मन्त्र का स्वरूप इस प्रकार है - **'गं सर्वशक्तिकमलासनाय नमः'** ॥ ११-१२ ॥

उस मूर्ति में गणेश जी का आवाहन कर आसनादि प्रदान कर पुष्पादि से उनका पूजन कर आवरण देवताओं की पूजा करनी चाहिए ॥ १३ ॥

गणेश का पञ्चावरण पूजा विधान - प्रथमावरण की पूजा में विद्वान् साधक आग्नेय कोणों (आग्नेय, नैर्ऋत्य, वायव्य, ईशान) में 'गां हृदयाय नमः', 'गीं शिरसे स्वाहा', 'गूं शिखायै वषट्', 'गैं कवचाय हुम्' तदनन्तर मध्य में 'गौं नेत्रत्रयाय वौषट्' तथा चारों दिशाओं में 'अस्त्राय फट्' इन मन्त्रों से षडङ्गपूजा करे ॥ १४ ॥

गणेशपूजनयन्त्रम्

द्वितीयावरण में पूर्व आदि दिशाओं में आठ शक्तियों का पूजन करना चाहिए । विद्या, विधात्री, भोगदा, विघ्नघातिनी, निधिप्रदीपा, पापघ्नी, पुण्या एवं शशिप्रभा - ये गणपति की आठ शक्तियाँ हैं ॥ १५-१६ ॥

तृतीयावरण में अष्टदल के अग्रभाग में वक्रतुण्ड, एकदंष्ट्र, महोदर, गजास्य, लम्बोदर, विकट, विघ्नराज एवं धूम्रवर्ण का पूजन करना चाहिए । फिर **चतुर्थावरण में** अष्टदल के अग्रभाग में इन्द्रादि देव तथा **पञ्चावरण में** उनके वज्र आदि

वर्गाद्यानन्तझिण्टीशा अयषा मारुता मताः ।
वर्गान्तिमाः कपोलौशोहोबिन्दुश्चेति नाभसाः ॥ ८२ ॥
विसर्गस्तु प्रकृत्यात्मा सर्वभूतमयो यतः ।
प्राणेरितो विनिर्याति कण्ठादिस्थानमस्पृशन् ॥ ८३ ॥

वर्णानां स्वकुलान्यकुलत्वम्

पार्थिवादिकवर्णानां स्वकीयाः स्वकुलाभिधाः ।
पार्थिवस्य च वर्णस्य मित्रं वारुणमक्षरम् ॥ ८४ ॥
तैजसं शत्रुभूतं स्यादुदासीनं तु मारुतम् ।
जलोद्भवस्य वर्णस्य पार्थिवं मित्रमीरितम् ॥ ८५ ॥

वर्गाद्या – इति । अ आ ए कचटतप य षा – एते वायवीयाः । **वर्गान्तिमा** इति । ङ ञ ण न म लृ लॄ श ह अं एते नाभसाः ॥ ८२ ॥ विसर्गस्य पञ्चभूतमयत्वमाह – **विसर्ग इति** । अन्ये वर्णाः कण्ठादिस्थानानि स्पृशन्तो निर्यान्ति विसर्गस्तु न तथेति सर्वभूतमयत्वम् ॥ ८३ ॥ एषां स्वकुलान्यकुलत्वमाह – **पार्थिवेति** ॥ ८४ ॥ * ॥ ८५–८६ ॥

छ, ठ, थ, फ), ए, र एवं क्ष - ये वर्ण अग्निसंज्ञक हैं ॥ ७६-८१ ॥

वर्गों के प्रथम अक्षर (क, च, ट, त, प), अनन्त अ झिण्टीश ए और आ ये वर्ण वायवीय माने गये हैं ।

कुलाकुल चक्रम्

भूमि	जल	अग्नि	वायु	आकाश
उ	ऋ	इ	अ	लृ
ऊ	ॠ	ई	आ	लॄ
ओ	औ	ए	ऐ	अं
ग	घ	ख	क	ङ
ज	झ	छ	च	ञ
ड	ढ	ठ	ट	ण
द	ध	थ	त	न
ब	भ	फ	प	म
ल	व	र	य	श
ळ	स	क्ष	ष	ह

वर्ग के अन्तिम ड ञ, ण, न म और लृ लॄ श ह एवं बिन्दु अं, ये वर्ण आकाशात्मक है यतः विसर्ग प्रकृति की आत्मा है अतः सर्वभूतात्मक है । प्राण (विसर्ग) को छोड़कर अन्य वर्ण कण्ठ आदि स्थानों को स्पर्श करते हुये ध्वनि के रूप निकलते हैं ॥ ८२-८३ ॥

पृथ्वी आदि तत्त्वों के अपने अपने वर्ण स्वकुल संज्ञक कहे गये हैं । पृथ्वी तत्त्व वाले वर्णों के लिए जल तत्त्व वाले वर्ण मित्र हैं । अग्नितत्त्व वाले वर्ण शत्रु तथा वायुतत्त्व वाले वर्ण उदासीन कहे गये हैं । जल तत्त्व वाले वर्णों के पृथ्वी तत्त्व वाले वर्ण मित्र, अग्नितत्त्व वाले वर्ण शत्रु तथा वायुतत्त्व

सपत्नं वह्निसम्भूतमुदासीनं तु वायवम्।
तैजसस्याऽथ वर्णस्य वायवं मित्रमुच्यते॥ ८६॥
विद्वेषी वारुणो वर्णउदासीनस्तु पार्थिवः।
पवनोत्थितवर्णस्य मित्रं वह्निसमुद्भवम्॥ ८७॥
शत्रुः पार्थिववर्णः स्यादुदासीनस्तु पार्थजः।
चतुर्णां पार्थिवादीनामाकाशार्णः सखा सदा॥ ८८॥
मनोः साधकनाम्नोऽपि यौवर्णावादिमौ तयोः।
स्वकुलादिकभेदस्तु शोध्यो मन्त्रप्रदित्सुना॥ ८९॥
स्वकुलेभीप्सितासिद्धिः सिद्धिर्मित्रेऽपि कीर्तिता।
अमित्रे मरणं रोग उदासीने न किञ्चन॥ ९०॥
उदासीनममित्रं च मन्त्रं दूरेण वर्जयेत्।
स्वकुलं मित्रभूतं च गृह्णीयादिष्टकामुकः॥ ९१॥
नक्षत्रैक्येऽपि सम्प्रोक्तं स्वकुलं नाममन्त्रयोः।

पुनर्मन्त्रत्रैविध्यकथनम्

पुंस्त्रीनपुंसकाः प्रोक्ता मनवस्त्रिविधा बुधैः॥ ९२॥

फलमाह – स्वेति । स्वकुलेऽभीप्सितासिद्धिरित्यर्थः ॥ ९०–९१ ॥ पुनर्मन्त्रत्रैविध्यमाह – पुंस्त्रीति ॥ ९२–९३ ॥

वाले वर्ण उदासीन कहे गये हैं ॥ ८४-८५ ॥

तेज तत्त्व वाले वर्णों के वायुतत्त्व वाले वर्ण मित्र, जल तत्त्व वाले वर्ण शत्रु तथा पृथ्वी तत्त्व वाले वर्ण उदासीन हैं । वायुतत्त्व वाले वर्णों के तेज तत्त्व वाले वर्ण मित्र, पृथ्वी तत्त्व वाले वर्ण शत्रु तथा जल तत्त्व वाले वर्ण उदासीन कहे गये हैं । पृथ्वी आदि चारों तत्त्वो के आकाश तत्त्व वाले वर्ण सदैव मित्र होते हैं । मन्त्र एवं साधक के नाम के जो आद्य अक्षर हों उनसे स्वकुल आदि का विचार दीक्षा देने वाले गुरु को करना चाहिए ॥ ८६-८९ ॥

अपने कुल का मन्त्र ग्रहण करने से अभीष्ट सिद्धि होती है और मित्र कुल के मन्त्र लेने से भी सिद्धि होती है । शत्रुकुल का मन्त्र लेने से रोग एवं मृत्यु होती है । किन्तु उदासीन कुल का मन्त्र लेने से कुछ भी नहीं होता । अतः उदासीन एवं शत्रु कुल के मन्त्रों को दूर से ही परित्यक्त कर देना चाहिए ॥ ९०-९१ ॥

इष्ट सिद्धि चाहने वाले व्यक्ति को स्वकुल एवं मित्रकुल के ही मन्त्र ग्रहण करना चाहिए । इस सम्बन्ध में विशेष यह है कि नाम एवं मन्त्र का एक नक्षत्र होने पर भी स्वकुल मन्त्र कहा जाता है ॥ ९१-९२ ॥

वषडन्ताः फडन्ताश्च पुमांसो मनवः स्मृता।
वौषट् स्वाहान्तगा नार्यो हुं नमोन्ता नपुंसकाः॥ ६३॥
वश्योच्चाटनरोधेषु पुमांसः सिद्धिदायकाः।
क्षुद्रकर्मरुजां नाशे स्त्रीमन्त्राः शीघ्रसिद्धिदाः॥ ६४॥
अभिचारे स्मृता क्लीबा एवं ते मनवस्त्रिधा।
नक्षत्रशोधने जन्मनक्षत्रमितरत्र तु॥ ६५॥
शोधने मन्त्रिभिर्ग्राह्यं प्रसिद्धं जन्मना मता।
दत्तः संशोधितो मन्त्रो भवेच्छिष्येष्टसिद्धये॥ ६६॥

मन्त्रदोषशांत्यर्थ मन्त्रस्य संस्कारदशककथनम्

छिन्नत्वादिकदोषाऽयं पञ्चाशन्मन्त्रसंस्थिताः।
तैर्दोषैः सकला व्याप्ता मनवः सप्तकोटयः॥ ६७॥
अतस्तद्दोषशान्त्यर्थं संस्कारदशकं चरेत्।
भूर्जपत्रे लिखेत् सम्यक्त्रिकोणं रोचनादिभिः॥ ६८॥

तेषां विनियोगमाह – **वश्योच्चाटनेति** ॥ ६४ ॥ * ॥ ६५–६६ ॥ **छिन्नत्वादीति** छिन्नो रुद्धः शक्तिहीन इत्यादयः । पञ्चाशद् दोषास्तल्लक्षणानि च शारदातिलके द्वितीयपटले उक्तानि ग्रन्थ गौरवभयान्न लिख्यन्ते । सप्तकोटिमिता मन्त्राः सन्ति । ते सर्वेऽपि तद्दोषाक्रान्ता एव ॥ ६७ ॥ जननाख्यं **संस्कारमाह** – भूर्जपत्रे रोचनाकुंकुमचन्दनैरात्माभिमुखं त्रिकोणं कृत्वा

अब **पुरुष, स्त्री, और नपुंसक मन्त्रों** को कहते हैं -

विद्वानों ने पुरुष, स्त्री, और नपुंसक भेद से ३ प्रकार के मन्त्र कहे हैं । जिन मन्त्रों के अन्त में 'वषट्' अथवा 'फट्' हों वे पुरुष मन्त्र हैं । 'वौषट्' और 'स्वाहा' अन्त वाले मन्त्र स्त्री, तथा 'हुं' एवं 'नमः' वाले मन्त्र नपुंसक मन्त्र कहे गये हैं ॥ ६३-६४ ॥

वश्य, उच्चाटन एवं स्तम्भन में पुरुष मन्त्र, क्षुद्रकर्म एवं रोग विनाश में स्त्री मन्त्र शीघ्र सिद्धि प्रदान करते है और अभिचार प्रयोग में नपुंसक मन्त्र सिद्धिदायक कहे गये हैं । इस प्रकार मन्त्र के तीन ही भेद होते है ॥ ६४-६५ ॥

नक्षत्र शोधन में जन्म नक्षत्र का तथा अन्य शोधनों मे जन्म काल से पुकारे जाने वाले प्रसिद्ध नाम के नक्षत्र लेना चाहिए । इसी प्रकार अच्छे प्रकारों से संशोधित मन्त्र शिष्य को अभीष्ट सिद्धि प्रदान करते हैं ॥ ६५-६६ ॥

मन्त्रों के छिन्न, रुद्ध शक्तिहीनता आदि ५० दोष ('शारदातिलक' के द्वितीय पटल में) कहे गये हैं । इन दोषों से सातों करोड़ मन्त्र व्याप्त है । अतः इन

वारुणं कोणमारभ्य सप्तधा विभजेत्समम् ।
एवमीशाग्निकोणाभ्यां जायन्ते तत्र योनयः ॥ ६६ ॥
नववेदमितास्तत्र विलिखेन्मातृकां क्रमात् ।
अकारादिहकारान्तामीशादिवरुणावधि ॥ १०० ॥

मन्त्रस्य जननम्

देवीं तत्र समावाह्य पूजयेच्चन्दनादिभिः ।
ततः समुद्धरेन्मन्त्रजननं तदुदीरितम् ॥ १०१ ॥

त्रिभ्योऽपि कोणेभ्यो मध्ये कृताभिः षट्षड्रेखाभिः समाभिर्मध्ये नववेदमिता । एकोनपञ्चाशत्त्रिकोणाः कोष्ठा जायन्ते । तत्रेशानादि पश्चिमकोणान्तर्मन्त्र–मातृकां लिखित्वाऽऽवाह्य सम्पूज्य तत एकैक मन्त्रार्णमुद्धरेत् । ततः सम्मार्ज्य पत्रान्तरे लिखेदित्यर्थः । **एतज्जननम्** ॥ ६८–१०१ ॥

दोषों की शान्ति के लिए वक्ष्यमाण दश संस्कार करना चाहिए ॥ ६७-६८ ॥

विमर्श - द्रष्टव्य शारदा तिलक पटल २ ॥ ६७ ॥

(**i**) **जनन संस्कार** - भोजपत्र पर गोरोचन आदि से समत्रिभुज बनाना

जनन यन्त्रम्

चाहिए । फिर पश्चिम के (वारुण) कोण से प्रारम्भ कर उसे ७ समान भागों में प्रविभक्त करना चाहिए । इसी प्रकार ईशान एवं आग्नेय कोणों से भी सात सात समान भाग करना चाहिए । इस प्रकार उनके मध्य में छः छः रेखाओं के खींचने पर ४६ योनियाँ बनती है ॥ ६८-६६ ॥

इस चक्र में ईशान कोण से प्रारम्भ कर पश्चिम तक अकार से हकार तक समस्त ४६ वर्णों को क्रमशः लिखकर उस पर मातृका देवी का आवाहन कर, चन्दनादि से उनकी पूजा करनी चाहिए । फिर उसी से मन्त्र के एक एक वर्णों का उद्धार करना चाहिए अर्थात् वहाँ से अन्य पत्र पर लिखे । इसे मन्त्र का जनन संस्कार कहते हैं ।

(**ii**) हंस मन्त्र से संपुटित मूल मन्त्र का एक हजार जप करना 'दीपन संस्कार' कहा जाता है । यथा - 'हंसः रामाय नमः सोहम्' ॥ १००-१०१ ॥

दीपनबोधनताडनाभिषेकविमलीकरणानि

जपो हंसपुटस्यास्य सहस्रं दीपनं स्मृतम्।
नभोवह्नीन्दुयुक्तार्धिसम्पुटस्य जपो मनोः ॥ १०२ ॥
सहस्रपञ्चकमितो बोधनं तत्स्मृतं बुधैः।
सहस्रं प्रजपेदस्त्रपुटितं ताडनं हि तत् ॥ १०३ ॥
वाग्घंसतारैर्जप्तेन सहस्रं पायसा मनुम्।
अभिषिञ्चेत वागाद्यैरभिषेकोऽयमीरितः ॥ १०४ ॥
हरिर्वह्न्यन्वितस्तारोवषडन्तोध्रुवादिकः ।
सहस्रं तत्पुटं जप्याद्विमलीकरणे मनुः ॥ १०५ ॥

दीपनमाह – **जप** इति । हंसमन्त्रेण पुटितस्य मन्त्रस्य सहस्त्रञ्जपो – **दीपनम्** । हंसः रामाय नमः सोहं इति । बोधनमाह – **नभ** इति । नभो हः वह्नी रः इन्दुर्बिन्दुस्तैर्युक्तोऽर्घी ऊः । तेन हूं । एतत्संपुटितस्य मनोः पञ्चसहस्रजपो – **बोधनम्** । हूं रामाय नमः हूं इति । फट् रामाय नमः फडिति सहस्रजपस्तु – **ताडनम्** ॥ १०२–१०३ ॥ अभिषेकमाह – **वागिति** । ऐं हं सः ॐ इति मन्त्रेण सहस्राभिमन्त्रितैर्जलैस्तेनैव मन्त्रेण ताडपत्रोपरि लिखितमन्त्रेऽभिषेचनम् – **अभिषेकः** ॥ १०४ ॥ विमलीकरणमाह – **हरिरिति** । हरिस्तः वह्न्यन्वितो रयुतः तारो प्रणव युतः – त्रों । ॐ त्रों वषट् रामाय नमः वषट् त्रों आं इति **सहस्रजपो** – **विमलीकरणम्** ॥ १०५ ॥

(iii) बोधन संस्कार -

नभ (ह), वह्नि (र्) एवं इन्दु (अनुस्वार) सहित अर्धीश (ऊ) अर्थात् 'हूं' इस मन्त्र से संपुटित मूल मन्त्र का ५ हजार जप करने से **'बोधन संस्कार'** होता है । **यथा** - 'हूं रामाय नमः हूं ॥ १०२ ॥

(iv) ताड़न संस्कार -

अस्त्र मन्त्र (फट्) से संपुटित मूल मन्त्र का एक हजार जप करने से ताड़न संस्कार होता है । **यथा** - 'फट् रामाय नमः फट्' ॥ १०३ ॥

(v) अब **अभिषेक संस्कार** कहते हैं -

वाग् (ऐं), हंस (हं सः) तथा तार (ॐ) इस मन्त्र द्वारा १ हजार बार अभिमन्त्रित जल द्वारा पुनः इसी मन्त्र से मूल मन्त्र को अभिषिक्त करना अभिषेक संस्कार कहा जाता है ॥ १०४ ॥

विमर्श - 'ऐं हंसः ॐ' मन्त्र से १ हजार बार अभिमन्त्रित किये गये जल से ताड़पत्र पर उल्लिखित मूल को अश्वत्थ पत्र से पुनः 'ऐं हंसः ॐ' मन्त्र से अभिषिक्त करने को अभिषेक संस्कार कहते है ॥ १०४ ॥

जीवनतर्पणगोपनाप्यायनानि

स्वधावषट्पुटं जप्यात् सहस्रं जीवने मनुम्।
क्षीराज्ययुतपाथोभिस्तर्पणे तर्पयेन्मनुम्॥ १०६ ॥
जपेन्मायापुटं मन्त्रं सहस्रं गोपनं हि तत्।
बालातार्तीयबीजेन गगनाद्येन सम्पुटम्॥ १०७ ॥
सहस्रं प्रजपेन्मन्त्रमेतदाप्यायनं मतम्।
संस्कारदशकं प्रोक्तं मनूनां दोषनाशनम्॥ १०८ ॥

जीवनमाह – **स्वधेति** । स्वधा वषट् रामाय नमः वषट् स्वधेति सहस्रजपो – **जीवनम्** । तर्पणमाह – **क्षीरेति** । दुग्धघृतोदकैस्तेनैव मन्त्रेण तस्मिन्नेव शतं तर्पयेदिति – **तर्पणम्** ॥ १०६ ॥ गोपनमाह – **जपेदिति** । ह्रीं पुटस्य सहस्रंजपो – **गोपनम्** । आप्यायनमाह – **बालेति** । बालायास्तार्तीयंसौः गगनं हः तदाद्येन । तेन हंसोः इति बीजेन संपुटस्य सहस्रं जपः – **अप्यायनम्** । एकवर्णेन संपुटत्वम् – आदावन्ते चोच्चारणमेव। एकस्य विलोमत्वाशक्तेः ॥ १०७–१०८ ॥

(vi) विमलीकरण संस्कार -

वह्नि (र्), तार (ॐ) सहित हरि (त्) अर्थात् (त्रों) इसके अन्त में 'वषट्' तथा आदि में ध्रुव (ॐ) लगाने से निष्पन्न (ॐ त्रों वषट्) इस मन्त्र से संपुटित मूल मन्त्र का एक हजार बार जप करने से मन्त्र का विमलीकरण संस्कार हो जाता है । यथा - ॐ त्रों वषट् रामाय नमः वषट् त्रों आं ॥ १०५ ॥

(vii) जीवन संस्कार के लिए स्वधा सहित वषट् मन्त्र से संपुटित मूल मन्त्र का एक हजार बार जप करने से मन्त्र का जीवन संस्कार हो जाता है । यथा - स्वधा वषट् रामाय नमः वषट् स्वधा ।

(viii) दूध घी एवं जल से मूल मन्त्र द्वारा एक सौ बार तर्पण करने से मन्त्र का **तर्पण संस्कार** हो जाता है । तर्पण संस्कार के लिए गोरोचन आदि से ताड़पत्र पर मूल मन्त्र लिखकर पश्चात् तर्पण करने का विधान है ।

(ix) गोपन संस्कार - माया बीज (ह्रीं) से संपुटित मूल मन्त्र का एक हजार बार जप करने से मन्त्र का गोपन संस्कार हो जाता है । यथा - ह्रीं रामाय नमः ह्रीं ॥ १०५-१०७ ॥

(x) बाला के तृतीय बीज मन्त्र सौ के प्रारम्भ में गगन (ह्) अर्थात् ह् सौः से संपुटित मूलमन्त्र का एक हजार बार जप करने से मन्त्र का **आप्यायन संस्कार** हो जाता है । यहाँ तक मन्त्र के छिन्नत्वादि ५० दोषों को दूर करने के लिए १० संस्कार कहे गये ॥ १०७-१०८ ॥

कलौ ये सिद्धिप्रदा मन्त्रास्तेषां कथनम्

सिद्धिप्रदा कलियुगे ये मन्त्रास्तान् वदाम्यतः।
त्र्यर्ण एकाक्षरोऽनुष्टुप् त्रिविधो नरकेसरी॥ १०६॥
एकाक्षरोऽर्जुनोऽनुष्टुब्द्विविधस्तुरगाननः।
चिन्तामणिः क्षेत्रपालो भैरवो यक्षनायकः॥ ११०॥
गोपालो गजवक्त्रश्च चेटका यक्षिणी तथा।
मातङ्गी सुन्दरी श्यामा तारा कर्णपिशाचिनी॥ १११॥
शबर्येकजटा वामा काली नीलसरस्वती।
त्रिपुरा कालरात्रिश्च कलाविष्टप्रदा इमे॥ ११२॥

विप्रादित्रिवर्णेभ्यो देया मन्त्राः

अघोरा दक्षिणामूर्तिरुमामहेश्वरो मनुः।
हयग्रीवो वराहश्च लक्ष्मीनारायणस्तथा॥ ११३॥

सिद्धमन्त्रानाह – **त्र्यर्ण** इति । एकवर्णादिस्त्रिविधो नरसिंहः ॥ १०६ ॥ एकार्णे द्विविधो हयग्रीवः । चिन्तामणिः क्ष्म्र्यों इति ॥ ११०–११२ ॥ विप्रक्षत्रियविड्भ्यो देयान्मन्त्रानाह – **अघोरेति** । उमामहेश्वरः ॐ ह्रीं ह्रौं नमः शिवायेत्यादि ॥ ११३–११४ ॥

अब **कलियुग में सिद्धिप्रद मन्त्रों का आख्यान** करते हैं -

नृसिंह का त्र्यक्षर, एकाक्षर, एवं अनुष्टुप् मन्त्र, (कार्तवीर्य) अर्जुन के एकाक्षर और अनुष्टुप् दो मन्त्र, हयग्रीव मन्त्र, चिन्तामणि मन्त्र, क्षेत्रपाल, भैरव यक्षराज (कुबेर), गोपाल, गणपति, चेटकायक्षिणी, मातंगी सुन्दरी, श्यामा, तारा, कर्ण पिशाचिनी, शबरी, एकजटा, वामाकाली, नीलसरस्वती, त्रिपुरा और कालरात्रि के मन्त्र कलियुग में अभीष्टफलदायक माने गये है ॥ ११०-११२ ॥

विमर्श - नृसिंह का एकाक्षर मन्त्र - क्ष्रौं । **अक्षर मन्त्र** - ह्रीं क्ष्रौं ह्रीं । **नृसिंह का अनुष्टुप् मन्त्र** - उग्रं वीरं महाविष्णुं ज्वलन्तं सर्वतोमुखम् । नृसिंह भीषणं भद्रं मृत्युं मृत्युं नमाम्यहम् । **कार्तवीर्यार्जुन का एकाक्षर मन्त्र** - फ्रों । **कार्तवीर्यार्जुन का अनुष्टप् मन्त्र** - कार्तवीर्यार्जुनो नाम राजा बाहुसहस्रवान् । तस्य स्मरणमात्रेण गतं नष्टं च लभ्यते । **हयग्रीव का एकाक्षर मन्त्र** - स्हूं । **हयग्रीव का अनुष्टुप् मन्त्र** - उद्गिरद् प्रणवोद्गीथ सर्ववागीश्वरेश्वर । सर्ववेदमयाचिन्तय सर्वं बोधय बोधय । **चिन्तामणि मन्त्र** - क्ष्म्र्यों ॥ ११०-११२ ॥

विप्रादि त्रिवर्णों का दीक्षोचित मन्त्र - अघोर, दक्षिणामूर्ति, उमामहेश्वर, (ॐ ह्रीं ह्रौं नमः शिवाय) हयग्रीव, वराह, लक्ष्मीनारायण मन्त्र, प्रणवादि ४ वर्ण वाले

प्रणवाद्याश्चतुर्वर्णा वह्नेर्मन्त्रास्तथा रवेः ।
प्रणवाद्यो गणपतिर्हरिद्रागणनायकः ॥ ११४ ॥
सौरोष्टाक्षरमन्त्रश्च तथा रामषडक्षरः ।
मन्त्रराजो ध्रुवादिश्च प्रणवो वैदिको मनुः ॥ ११५ ॥
वर्णत्रयाय दातव्या एते शूद्रायनो बुधैः ।

विप्रक्षत्रियेभ्यो देया मन्त्राः

सुदर्शनं पाशुपतमाग्नेयास्त्रं नृकेसरी ॥ ११६ ॥
वर्णद्वयाय दातव्या नान्यवर्णे कदाचन ।

वर्णचतुष्टयाय देया मन्त्राः

छिन्नमस्ता च मातङ्गी त्रिपुरा कालिका शिवः ॥ ११७ ॥
लघुश्यामा कालरात्रिर्गोपालो जानकीपतिः ।
उग्रतारा भैरवश्च देया वर्णचतुष्टये ॥ ११८ ॥
मृगीदृशां विशेषेण मन्त्रा एते सुसिद्धिदाः ।
ब्राह्मणाः क्षत्रिया वैश्याः शूद्रा नार्योधिकारिणः ॥ ११६ ॥
श्रद्धावन्तो देवगुरुद्विजपूजासु सर्वथा ।

मन्त्रराजो नरसिंहः ॥ ११५ ॥ विप्रक्षत्रदेयानाह – **सुदर्शनमिति** ॥ ११६ ॥ वर्णचतुष्टयदेयान् मन्त्रानाह – **छिन्नमस्तेति** ॥ ११७ ॥ * ॥ ११८–११६ ॥ बीजेषु विशेषमाह – **मायामिति** । मायाकामश्रीवाग्बीजानि मुखजन्मने विप्राय ॥ १२० ॥

अग्नि मन्त्र, सूर्य के मन्त्र, प्रणव सहित गणपति एवं हरिद्रा गणपति, अष्टाक्षर सूर्य मन्त्र, षडक्षर राम मन्त्र, प्रणवादि मन्त्रराज नृसिंह मन्त्र, प्रणव तथा वैदिक मन्त्र ये सभी मन्त्र ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य इन त्रैवर्णिकों को ही देना चाहिए शूद्रों को नहीं ॥ ११३-११५ ॥

सुदर्शन, पाशुपत, आग्नेयास्त्र और नृसिंह के मन्त्र ब्राह्मण और क्षत्रिय केवल दो वर्णों को ही देना चाहिए । अन्य वर्णों को कभी नहीं देना चाहिए ॥ ११६-११७ ॥

चारों वर्णों के लिए देय मन्त्र -

छिन्नमस्ता, मातंगी, त्रिपुरा, कालिका, शिव, लघुश्यामा, कालरात्रि, गोपाज, जानकीपति राम, उग्रतारा और भैरव के मन्त्र चारों वर्णों को देना चाहिए । स्त्रियों के लिए ये मन्त्र विशेषरूपेण सिद्धिदायक कहे गये हैं ॥ ११७-११८ ॥

देवता, गुरु तथा द्विजपूजा में श्रद्धावान् ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य, शूद्र और

वर्णानुक्रमेण बीजाक्षरदानकथनम्

मायां कामं श्रियं वाचं प्रदद्यान्मुखजन्मने ॥ १२० ॥
मायामृतेबाहुजेभ्य ऊरुजेभ्यः श्रियं गिरम्।
वाणीबीजं तु शूद्रेभ्योऽन्येभ्यो वर्मवषण्नमः ॥ १२१ ॥

अथ साधारणहोमद्रव्यकथनम्

सर्वसाधारणमथ होमद्रव्यमिहोच्यते।
फलैर्हुतैः सुखावाप्तिः पालाशैरिष्टसिद्धये ॥ १२२ ॥
हयमारैः स्त्रियो वश्या गुडूच्या रोमसंक्षयः।
दूर्वया बुद्धिवृद्धिः स्याद् गुडेन जनवश्यता ॥ १२३ ॥
बिल्वपत्रैर्घृतैः पद्मैः पाटलैश्चम्पकैः श्रियः।
सिद्धार्थैर्मल्लिकाभिश्च कीर्तयेज्जातिभिर्गिरः ॥ १२४ ॥

कामश्री वाचो बाहुजेभ्यः क्षत्रियेभ्यः । श्रीवाचौ ऊरुजेभ्यो विड्भ्यः । वाक् शूद्राय । अन्येभ्यः प्रतिलोमानुलोमजेभ्यो वर्मादयः ॥ १२१–१२३ ॥ हयमारैः करवीरैः ॥ १२३ ॥

जातिभिर्जातिपुष्पैर्होमेन गिरो वाचःसिद्धिः ॥ १२४ ॥

स्त्रियाँ ये सभी अधिकारिणी है ॥ ११६-१२० ॥

अब **विविध वर्णों के लिए देय बीज मन्त्र** कहते हैं -

माया (ह्रीं), काम (क्लीं), श्री (श्रीं) तथा वाक् (ऐं) बीज ब्राह्मणों को ही देने का विधान है। माया बीज (ह्रीं) को छोड़कर शेष तीन बीज (क्लीं, श्रीं और ऐं) - ये क्षत्रियों को तथा श्रीं एवं ऐं बीज वैश्यों को, वाग् बीज (ऐं) शूद्रों को तथा वर्म (हुं), वषट् और 'नमः' अन्यों (प्रतिलोमज अनुलोमज वर्णों) को देना चाहिए ॥ १२०-१२१ ॥

अब **सर्वसाधारण कार्यों में विहित होम द्रव्यों** को कहता हूँ -

फलों के होम से सुख प्राप्ति, पलाश के होम से इष्टसिद्धि तथा कनेर के होम से स्त्रियाँ वशीभूत हो जाती हैं। गुडूची (गुरूच) के होम से रोगों का नाश, दूर्वा के होम से बुद्धि की वृद्धि तथा गुड़ के होम से सामान्य जन वश में हो जाते है ॥ १२२-१२३ ॥

बिल्वपत्र, घृत, कमल, गुलाब तथा चम्पा के फूलों का होम करने से लक्ष्मी मिलती है । सिद्धार्थ (सफेद सरसों) तथा चमेली के होम से कीर्ति बढ़ती है । जाति के पुष्पों के होम से वाक्सिद्धि प्राप्त होती है ॥ १२४ ॥

व्रीहिभिश्च यवैः प्लक्षोदुम्बराश्वत्थजैधसा।
तिलैस्त्रिमधुरैरिष्टाः सम्पदः स्युर्नृणा हुतैः ॥ १२५ ॥
किंशुकैः कासमर्दैश्च कृतमालैश्च पाटलैः।
विप्रादयः क्रमाद्वश्याः सौभाग्यं गन्धवस्तुभिः ॥ १२६ ॥
कोद्रवैर्व्याधयोरीणामुन्मत्तत्वं बिभीतकैः।
कलापैः साध्वसोत्पत्तिर्माषैस्तेषां तु मूकता ॥ १२७ ॥
समिद्भिः शाल्मलैर्नाशो रिपूणामचिराद् भवेत्।
किं भूरिणा ददातीष्टं देवता समुपासिता ॥ १२८ ॥
पुरश्चरण एकस्मिन्कृते जन्मान्तराघतः।
मन्त्रो यदि न सिद्धः स्यात्तदा तत्पुनराचरेत् ॥ १२९ ॥

ग्रहणादौ संक्षेपपुरश्चरणप्रकारः

यद्वा समुद्रगामिन्यां नद्यामिन्दुरविग्रहे।

प्लक्षादिजातेन एधसा समिद्भिः ॥ १२५ ॥ किंशुकादिभिर्हुतैः क्रमाद्विप्रादयो वश्याः । कृतमालो राजवृक्षः । गन्धवस्तुभिः कर्पूरादिभिः ॥ १२६ ॥ कलापैर्मयूरपिच्छस्तेषामरीणां भयोत्पत्तिः ॥ १२७–१२८ ॥

जन्मान्तरोपार्जित पापबाहुल्यादेकपुरश्चरणे कृते यदीष्टसिद्धिर्न भवेत्तर्हि पुनः पुरश्चरणं कुर्यात् ॥ १२९ ॥

व्रीहि (धान), जौ, प्लक्ष (पाकर), उदुम्बर (गूलर) और पीपल की समिधा तथा त्रिमधु (शर्करा, घृत, मधु) सहित तिलों के होम से अभीष्ट संपत्ति प्राप्त होती है ॥ १२५ ॥

पलाश, कालमर्द, (लिसोड़ा), कृतमाल, (राजवृक्ष) तथा गुलाब के होम से क्रमशः ब्राह्मण आदि वर्ण वशीभूत हो जाते हैं । कर्पूर आदि सुगन्धित द्रव्यों के होम से सौभाग्य समृद्धि होती है ॥ १२६ ॥

कोदों के होम से शत्रुओं को व्याधि तथा बहेड़ा के होम से शत्रुओं को पागलपन का रोग, मोर के पंखों के होम से शत्रुओं को भय, उड़द के होम से शत्रुओं को मूकता, शाल्मली समिधाओं के होम से शत्रुओं का शीघ्र विनाश होता है ॥ १२७-१२८ ॥

विशेष क्या कहें विधि पूर्वक उपासना से इष्टदेव अभीष्ट फल प्रदान करते हैं ॥ १२८ ॥

यदि पूर्व जन्म के प्रतिबन्धक पापों से एक बार पुरश्चरण करने पर मन्त्र सिद्ध न हों तो दूसरी बार भी पुरश्चरण करना चाहिए ॥ १२९ ॥

स्पर्शान्मोक्षान्तमाजप्य जुहुयात्तद्दशांशतः ॥ १३० ॥
विप्रान्सम्भोज्य नानान्नैर्मन्त्राणां सिद्धिमाप्नुयात् ।
शश्वज्जपपरस्यापि सिध्यन्ति मनवोऽचिरात् ॥ १३१ ॥

॥ इति श्रीमन्महीधरविरचिते मन्त्रमहोदधौ मन्त्रशोधनं नाम चतुर्विंशस्तरङ्गः ॥ २४ ॥

संक्षेपपुरश्चरणप्रकारमाह – **यद्वेति**। समुद्रगामिन्यां गङ्गादिकायाम् । विप्रान् संभोज्य होमसमानसंख्यानेवेत्यर्थः । तद्दशांशत इत्युभयत्रापि संबन्धात्। तद्दशांशतो जपदशांशेन च जुहुयात् । विप्रान् संभोज्य च सिद्धिमवाप्नुयादिति सम्बन्धः ॥ १३०–१३१ ॥

॥ इति श्री मन्ममहीधरविरचितायां मन्त्रमहोदधिव्याख्यायां 'नौकायां' मन्त्रशोधनं नाम चतुर्विंशस्तरङ्गः ॥ २४ ॥

अब **संक्षिप्त पुरश्चरण विधि** कहते हैं -

चन्द्रग्रहण अथवा सूर्यग्रहण के समय समुद्रगामिनी गंगा आदि नदियों के जल में खड़ा होकर स्पर्शकाल से मोक्षकाल पर्यन्त जप कर उसके दशांश का होम तथा होम के दशांश संख्या में ब्राह्मणों को विविध प्रकार का भोजन कराने से मन्त्र सिद्धि हो जाती है । निरन्तर जप करने वाले साधकों को शीघ्रातिशीघ्र मन्त्र सिद्ध हो जाते है ॥ १३०-१३१ ॥

॥ इस प्रकार श्रीमन्महीधर विरचित मन्त्रमहोदधि के चतुर्विंश तरङ्ग की महाकवि पं० रामकुबेर मालवीय के द्वितीय आत्मज डॉ० सुधाकर मालवीय कृत 'अरित्र' नामक हिन्दी व्याख्या पूर्ण हुई ॥ २४ ॥

अथ पञ्चविंशः तरङ्गः

शान्त्यादिषट्कर्मणामुपक्रमः

कर्माणि षडथो वक्ष्ये सिद्धिदानि प्रयोगतः ।
शान्तिर्वश्यं स्तम्भनं च द्वेषमुच्चाटमारणे ॥ १ ॥
उक्तानीमानि कर्माणि शान्तीरोगादिनाशनम् ।
वश्यं वचनकारित्वं स्तम्भो वृत्तिनिरोधनम् ॥ २ ॥
द्वेषोऽप्रीतिः प्रीतिमतोरुच्चाटः स्थानतच्युतिः ।
मारणं प्राणहरणमिति षट्कर्मलक्षणम् ॥ ३ ॥

कर्मणां देवताद्येकोनविंशतिपदार्थकथनम्

देवतादेवतावर्णा ऋतुदिग्दिवसासनम् ।
विन्यासामण्डलं मुद्राक्षरं भूतोदयः समित् ॥ ४ ॥

---

* नौका *

षट्कर्माणि वक्तुमुपक्रमते – **कर्माणीति** । तान्याह – **शान्तिरिति** ॥ १ ॥ लक्षणमाह – **शान्ति रोगादिनाशनमिति** । देवताद्येकोनविंशतिपदार्थान् । प्रतिकर्मभिन्नान् यथा – स्वं ज्ञात्वा षट्कर्मणि कुर्यादित्याह – **देवतादेवता– वर्णा** इत्यादिना ॥ २–५ ॥

---

* अरित्र *

अब **प्रयोग द्वारा सिद्धि प्रदान करने वाले षट्कर्मों** को कहता हूँ -

१. शान्ति, २. वश्य, ३. स्तम्भन, ४. विद्वेषण ५. उच्चाटन और ६. मारण - ये तन्त्र शास्त्र में **षट्कर्म** कहे गए हैं ॥ १ ॥

रोगादिनाश के उपाय को **शान्ति** कहते हैं । आज्ञाकारिता **वश्यकर्म** हैं । वृत्तियों का सर्वथा निरोध **स्तम्भन** है । परस्पर प्रीतिकारी मित्रों में विरोध उत्पन्न करना **विद्वेषण** है . । स्थान से नीचे गिरा देना **उच्चाटन** है, तथा प्राणवियोगानुकूल कर्म **मारण** है । षट्कर्मों के यही लक्षण है ॥ २ -३ ॥

अब **षट्कर्मों में ज्ञेय १६ पदार्थों को** कहते हैं -

१. देवता, २. देवताओं के वर्ण, ३. ऋतु, ४. दिशा, ५. दिन, ६.

मालाग्निर्लेखनं द्रव्यं कुण्डस्रुक्स्रुवलेखनीः ।
षट्कर्माणि प्रयुञ्जीत ज्ञात्वैतानि यथायथम् ॥ ५ ॥

देवतास्तासां वर्णा ऋतवो दिशश्च

रतिर्वाणीरमाज्येष्ठादुर्गाकाली च देवता ।
सितारुणहरिद्राभमिश्रश्यामलधूसराः ॥ ६ ॥
प्रपूजयेत कर्मादौ स्ववर्णैः कुसुमैः क्रमात् ।
ऋतुषट्कं वसन्ताद्यमहोरात्रं भवेत् क्रमात् ॥ ७ ॥
एकैकस्य ऋतोर्मानं घटिकादशकं मतम् ।
हेमन्तं च वसन्ताख्यं शिशिरं ग्रीष्मतो यदो ॥ ८ ॥
शरदं कर्मणां षट्के योजयेत् क्रमतः सुधीः ।
शिवसोमेन्द्रनिर्ऋतिपवनाग्निदिशः क्रमात् ॥ ९ ॥

उद्देशक्रमेणादौ देवता आह – **रतिरिति** । शान्त्यादिकर्मारम्भे क्रमाद्रत्यादिपूजा । देवतावर्णानाह – **सितेति** । रतिः सिता वाणी अरुणेत्यादि० ॥ ६ ॥ स्ववर्णैः सितादिवर्णैः । ऋतूनाह – **ऋतुषट्कमिति**। शान्त्यादौ वसन्तादीन्युञ्जीत। प्रत्यहं सूर्योदयान्नाडीदशकं वसन्तः तदग्रिमं नाडी–दशकं शिशिर इत्यादि० ॥ ७–८ ॥ दिश आह – **शिवेति**। शिवादिगैशानी ॥ ९ ॥

आसन, ७. विन्यास, ८. मण्डल, ९. मुद्रा, १०. अक्षर, ११. भूतोदय १२. समिधायें १३. माला, १४. अग्नि, १५. लेखनद्रव्य, १६. कुण्ड, १७. स्रुक्, १८. स्रुवा, तथा १९. लेखनी इन पदार्थों को भलीभाँति जानकारी कर षट्कर्मों में इनका प्रयोग करना चाहिए ॥ ४-५ ॥

अब क्रम प्राप्त (i) **देवताओं** और उनके (ii) **वर्णों** को कहते हैं -

१. रति, २. वाणी, ३. रमा, ४. ज्येष्ठा, ५. दुर्गा, एवं ६. काली यथाक्रम शान्ति आदि षट्कर्मों के देवता कहे गए हैं । १. श्वेत, २. अरुण, ३. हल्दी जैसा पीला, ४. मिश्रित, ५. श्याम (काला) एवं ६. धूसरित ये उक्त देवताओं के वर्ण हैं । प्रत्येक कर्म के आरम्भ में कर्म के देवता के अनुकूल पुष्पों से उनका पूजन करना चाहिए ॥ ६-७ ॥

(iii) एक अहोरात्र में प्रतिदिन वसन्तादि ६ **ऋतुयें** होती हैं । इनमें एक - एक ऋतु का मान १० - १० घटी माना गया है । १. हेमन्त, २. वसन्त, ३. शिशिर, ४. ग्रीष्म, ५. वर्षा और ६. शरद् इन छः ऋतुओं का साधक को शान्ति आदि षट्कर्मों में उपयोग करना चाहिए । प्रतिदिन सूर्योदय से १० घटी (४ घण्टे) वसन्त, उसके आगे दश घटी शिशिर

तत्तत्कर्माणि कुर्वीत जपन्स्तत्तद्दिशामुखः।

कर्मानुरूपदिनासनादिकथनम्

शुक्लपक्षे द्वितीया च सप्तमी पञ्चमी तथा ॥ १० ॥
तृतीयाबुधजीवाभ्यां युता शान्तिविधौ मता।
चतुर्थीनवमीषष्ठीत्रयोदशीतिथिस्तथा ॥ ११ ॥
जीवसोमयुता शस्ता वशीकरणकर्मणि।
एकादशी च दशमी नवमी चाष्टमी पुनः ॥ १२ ॥
शनैश्चरसितोपेता प्रोक्ता विद्वेषकर्मणि।
कृष्णे चतुर्दश्यष्टम्यौ भानुसूनुयुते यदि ॥ १३ ॥
उच्चाटनाख्यं कर्मात्र कर्तव्यं फलसिद्धये।
भूताष्टम्यौ कृष्णगते अमावास्या तदन्तगा ॥ १४ ॥
भानुमन्दकुजोपेताः स्तम्भमारणयोः शुभाः।

दिवसानाह – **शुक्लपक्षेति** ॥ १०–१३ ॥ तदन्तगाशुक्लप्रतिपत् ॥ १४ ॥ आसनान्याह – **पद्ममिति** । पद्मस्वस्तिको उक्ते । विकटलक्षण यथा – (जानुजंघान्तराले तु भुजयुग्मं प्रकल्पयेत् । विकटायसनमेतत् स्यात्) इति । कुक्कुटासन यथा – उपविश्योत्केटासने ।

इत्यादि क्रम समझना चाहिए ॥ ७-६ ॥

(iv) **दिशाएं** - ईशान-उत्तर-पूर्व-निर्ऋति वायव्य और आग्नेय ये शान्ति आदि कर्मों के लिए दिशायें कही गई हैं । अतः शान्ति आदि कर्मों के लिए उन उन दिशाओं की ओर मुख कर जपादि कार्य करना चाहिए ॥ ६-१० ॥

(v) अब **षट्कर्मों में क्रियमाण तिथि एवं वार का निर्देश** करते हैं

शुक्ल पक्ष की द्वितीया, तृतीया, पञ्चमी एवं सप्तमी तिथि को बुधवार बृहस्पतिवार आये तो **शान्तिकर्म** करना चाहिए । शुक्लपक्ष की चतुर्थी, षष्ठी, नवमी एवं त्रयोदशी को सोमवार बृहस्पतिवार आने पर **वशीकरण** कर्म प्रशस्त होता है ॥ १०-१२ ॥

विद्वेषण में एकादशी, दशमी, नवमी और अष्टमी तिथि को शुक्र या शनिवार का दिन हो तो शुभावह कहा गया है ॥ १२-१३ ॥

यदि कृष्णपक्ष की अष्टमी एवं चतुर्दशी को शनिवार हो तो फल सिद्धि के लिए **उच्चाटन** कर्म करना चाहिए । कृष्णपक्ष की अष्टमी, चतुर्दशी एवं अमावस्या तथा शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा को रवि, मङ्गल, शनिवार, का दिन हो तो **स्तम्भन** और **मारण** कर्म सिद्ध हो जाता है ॥ १३-१५ ॥

पद्मं स्वस्तिकविकटे कुक्कुटं वज्रभद्रके ॥ १५ ॥
शान्त्यादिषु प्रकुर्वीत क्रमादासनमुत्तमम् ।
गोखड्गजफेरूणां मेषीमहिषयोस्तथा ॥ १६ ॥
कृत्तौ निवेश्य कुर्वीत जपं शान्त्यादिकर्मणि ।
आसनान्येव संकीर्त्य विन्यासः प्रोच्यतेऽधुना ॥ १७ ॥

कृत्वोत्कटासनं पूर्वं समपादद्वयं ततः ।
अन्तर्जानुकरं द्वंद्वं कुक्कुटासनमीरितम् ॥ इति ॥
ऊर्वोः पादौ क्रमान्न्यस्येज्जान्वोः प्रत्यङ्मुखांगुली ॥
करौ निदध्यादाख्यातं वज्रासनमनुत्तमम् ॥ इति ॥
सीवन्याः पार्श्वयोर्न्यस्येद् गुल्फयुग्मं सुनिश्चलम् ॥
वृषणाधः पादपार्ष्णी पाणिभ्यां परिबन्धयेत् ॥
भद्रासनं समुद्दिष्टं योगिभिः पूजितं परम् ॥ इतिचान्ये बोध्ये ॥ १५ ॥

शारीरमासनमुक्त्वोपवेशातार्थमासनमाह – **गोखड्गेति** । फेरुः सृगालः । गवादीनां कृत्तौ चर्मण्युपविश्य शान्त्यादि विधेयम् ॥ १६–१७ ॥

(vi) शान्ति आदि षट्कर्मों में क्रमशः पद्मासन, स्वस्तिकासन, विकटासन, कुक्कुटासन, वज्रासन एवं भद्रासन का उपयोग करना चाहिए । गाय, गैंडा, हाथी, सियार, भेड़ एवं भैंसे के चमड़े के आसन पर बैठ कर शान्ति आदि षट्कर्मों में जपादि कार्य करना चाहिए ॥ १५-१७ ॥

विमर्श - पद्मासन का लक्षण - दोनों ऊरू के ऊपर दोनों पादतल को स्थापित कर व्युत्क्रम पूर्वक (हाथों को उलट कर) दोनों हाथों से दोनों हाथ के अंगूठे को बींध लेने का नाम पद्मासन कहा गया है ।

स्वस्तिकासन का लक्षण - पैर के दोनों जानु और दोनों ऊरू के बीच दोनों पादतल को अर्थात् दक्षिण पाद के जानु और ऊरू के मध्य वाम पादतल एवं वामपाद के जानु और ऊरू के मध्य दक्षिण पादतल को स्थापित कर शरीर को सीधे कर बैठने का नाम स्वस्तिकासन है ।

विकटासन का लक्षण -जानु और जंघाओं के बीच में दोनों हाथों को जब लाया जाए तो अभिचार प्रयोग में इसे विकटासन कहते हैं ।

कुक्कुटासन का लक्षण - पहले उत्कटासन करके फिर दोनों पैरों को एक साथ मिलावे । दोनों घुटनों के मध्य दोनों भुजाओं को रखना कुक्कुटासन कहा गया है ।

वज्रासन का लक्षण - पैर के परस्पर जानु प्रदेश पर एक दूसरे को

विन्यासकथनम्

ग्रन्थनं च विदर्भाख्यः सम्पुटो रोधनं तथा ।
योगः पल्लव एते षड्विन्यासाः कर्मसु स्मृताः ॥ १८ ॥
प्रत्येकमेषां षण्णां तु लक्षणं प्रणिगद्यते ।
एको मन्त्रस्य वर्णः स्यात्ततो नामाक्षरं पुनः ॥ १९ ॥
मन्त्रार्णो नामवर्णश्चेत्येवं ग्रन्थनमीरितम् ।
आदौ मन्त्राक्षरद्वन्द्वमेकं नामाक्षरं ततः ॥ २० ॥
एवं पुनः पुनः प्रोक्तो विदर्भो मन्त्रवित्तमैः ।
मन्त्रमादौ समुच्चार्य ततो नामाखिलं पठेत् ॥ २१ ॥

विन्यासानाह – **ग्रन्थनमिति** ॥ १८ ॥ ग्रन्थनलक्षणमाह – **एक** इति ॥ १९ ॥ विदर्भलक्षणमाह – **आदाविति** । ग्रन्थनविदर्भयोर्मन्त्रनामवर्णलेखनेऽन्यतर–समाप्तौ पुनर्लेखनम् ॥ २०॥ सम्पुटलक्षणमाह – **मन्त्रमिति** ॥ २१॥

स्थापित् करे तथा हाथ की अंगुलियों को सीधे ऊपर की ओर उठाए रखे तो इस प्रकार के आसन को वज्रासन कहते हैं ।

भद्रासन का लक्षण - सीवनी (गुदा और लिंग के बीचोबीच ऊपर जाने वाली एक रेखा जैसी पतली नाड़ी है) के दोनों तरफ दोनों पैर के गुल्फों को अर्थात् वामपार्श्व में दक्षिणपाद के गुल्फ को एवं दक्षिण पार्श्व में वामपाद के गुल्फ को निश्चल रूप से स्थापित कर वृषण (अण्डकोश) के नीचे दोनों पैर की घुट्टी अर्थात् वृषण के नीचे दाहिनी ओर वामपाद की घुट्टी तथा बाँई ओर दक्षिण पाद की घुट्टी स्थापित कर पूर्ववत् दोनों हाथों से बींध लेने से भद्रासन हो जाता है ॥ १५-१७ ॥

(vii) इस प्रकार आसनों को कह कर अब **विन्यास** कहता हूँ -

शान्ति आदि ६ कर्मों में क्रमशः १. ग्रन्थन, २. विदर्भ, ३. सम्पुट, ४. रोधन, ५. योग और ६. पल्लव ये ६ विन्यास कहे गए हैं । इन छहों को क्रमशः कहता हूँ ॥ १७-१९ ॥

१. मन्त्र का एक अक्षर उसके बाद नाम का एक अक्षर फिर मन्त्र का एक अक्षर तदनन्तर नाम का एक अक्षर इस प्रकार मन्त्र और नाम के अक्षरों का ग्रन्थन करना '**ग्रन्थन विन्यास**' है ।

२. प्रारम्भ में मन्त्र के दो अक्षर उसके बाद नाम का एक अक्षर इस प्रकार मन्त्र और नाम के अक्षरों के बारम्बार विन्यास को मन्त्र शास्त्रों को जानने वाले '**विदर्भ विन्यास**' कहते हैं ॥ १९-२१ ॥

३. पहले समग्र मन्त्र का उच्चारण, तदनन्तर समग्र नामाक्षरों का उच्चारण

अन्ते व्युत्क्रमतो मन्त्रमेष सम्पुटईरितः।
आदिमध्यावसानेषु नाम्नो मन्त्रस्तु रोधनम्॥ २२॥
नामान्ते तु मनुर्योगो मन्त्रान्ते नामपल्लवः।

जलादिमण्डलकथनम्

अर्द्धचन्द्रनिभं पार्श्वद्वये पद्मद्वयाङ्कितम्॥ २३॥
जलस्य मण्डलं प्रोक्तं प्रशस्तं शान्तिकर्मणि।
त्रिकोणं स्वस्तिकोपेतं वश्ये वह्नेस्तु मण्डलम्॥ २४॥
चतुरस्त्रं वज्रयुक्तं स्तम्भे भूमेस्तु मण्डलम्।

रोधनमाह – **आदीति**॥ २२॥ योगमाह – **नामान्त** इति । पल्लवमाह – **मन्त्रान्त** इति । मण्डलमाह – **अर्द्धचन्द्रेति** ॥ २३–२४ ॥ तद्वृतं बिन्दु षट्कांकितं वायुमण्डलम् । मुद्रा आह – **सरोरुहमिति** ।

सरोरुहं **पद्ममुद्रा** । सा यथा –

करौ द्वौ संमुखौ कृत्वा संहतावुन्नतौ पुनः ।
अंगुलीःप्रसृतामध्येङ्गुष्ठौ पद्मस्य मुद्रिका॥ इति ।

पाशमुद्रा यथा – तर्जनीमध्यमे वामे ऊर्ध्वमुख्यौ विधाय च ।
दक्षिणे द्वे अधोमुख्यौ संमुख्यौ च परस्परम् ।
पाशमुद्राभवेदेषा मिथः संपीडने तयोः ॥ इति ।

गदामुद्रा यथा – अन्योन्याभिमुखौ कृत्वा हस्तौ तु ग्रथितावुभौ ।
अंगुष्ठौ मध्यमे तद्वत्सयुंक्तसुप्रसारिते ।

करना, फिर इसके बाद विलोम क्रम से मन्त्र बोलना '**संपुट विन्यास**' कहा जाता है ।

४. नाम के आदि, मध्य और अन्त में मन्त्र का उच्चारण करना '**रोधन विन्यास**' कहा जाता है ॥ २१-२२ ॥

५. नाम के अन्त में मन्त्र बोलना '**योग विन्यास**' होता है ।

६. मन्त्र के अन्त में नामोच्चारण को '**पल्लवविन्यास**' कहते हैं ॥ २३॥

(viii) अब मन्त्र के आठवें प्रकार, **मण्डल का लक्षण** कहते हैं -

दोनों ओर दो दो कमलों से युक्त अर्द्धचन्द्राकार चिन्ह को **जल का मण्डल** कहा गया है, यह **शान्तिकर्म** में प्रशस्त कहा गया है । त्रिकोण के भीतर स्वस्तिक का चिन्ह रखना **अग्नि का मण्डल** माना गया है, **वश्यकर्म** में इसका उपयोग प्रशस्त कहा गया है । वज्र चिन्ह से युक्त चौकोर **भूमि का मण्डल** कहा गया है जो **स्तम्भन** कार्य के लिए प्रशस्त कहा गया है ॥ २३-२५ ॥

वृत्तं दिवस्तद्विद्वेषे बिन्दुषट्काङ्कितं तु तत् ॥ २५ ॥
वायुमण्डलमुच्चाटे मारणे वह्निमण्डलम् ।

पद्मादिषण्मुद्राकथनम

सरोरुहं पाशगदे मुसलं कुलिशं त्वसिः ॥ २६ ॥
षण्मुद्राः कर्मषट्के स्युरथहोमे निगद्यते ।

गदामुद्रेयमुदितादर्शिताविघ्नहारिणी ॥ इति ।

मुसलमुद्रोक्ता । कुलिशं वज्रमुद्रा । सा यथा –

'कनिष्ठाङ्गुष्ठयुङ्मुद्रा त्रिकोणात्वशनेर्मता' ॥ इति ।

अशनेर्वज्रस्य कनिष्ठांगुष्ठयोगादन्यासां प्रसारणात् त्रिकोणेत्यर्थः ॥

असिः **खड्गमुद्रा** । सा यथा –

ऊर्ध्वस्य वामहस्तस्य तर्जन्याद्यंगुलित्रयम् ॥
प्रसार्य योजयेदन्ये मिथोङ्गुष्ठकनिष्ठिके ।
खड्गमुद्रेयमुदिता स शत्रुनिकृन्तनी । इति ॥ २५–२६ ॥

होममुद्रा आह – **मृगीति** ॥ २७ ॥

आकाश मण्डल वृत्ताकार होता है । यह **विद्वेषण** कार्य में प्रशस्त है, छह बिन्दुओं से अंकित वृत्त वायु मण्डल कहा गया है, जो **उच्चाटन** क्रिया में प्रशस्त है । **मारण** में पूर्वोक्त वह्निमण्डल का उपयोग करना चाहिए ॥ २५-२६ ॥

(ix) अब मण्डल का लक्षण कह कर **मुद्रा के विषय में** कहते हैं -

शान्ति आदि षट्कर्मों में पद्म, पाश, गदा, मुशल, वज्र एवं खड्ग मुद्राओं का प्रदर्शन करना चाहिए । अब आगे होम की मुद्रायें कहेगें ॥ २६-२७ ॥

विमर्श - (१) पद्ममुद्रा - दोनों हाथों को सम्मुख करके हथेलियां ऊपर करे, अंगुलियों को बन्द कर मुट्ठी बॉधे । अब दोनों ॲगूठों को अंगुलियों के ऊपर से परस्पर स्पर्श कराये । यह पद्म मुद्रा है ।

(२) पाशमुद्रा - दोनों हाथ की मुट्ठियां बांधकर बाईं तर्जनी को दाहिनी तर्जनी से बांधे । फिर दोनों तर्जनियों को अपने-अपने अंगूठों से दबाये । इसके बाद दाहिनी तर्जनी के अग्रभाग को कुछ अलग करने से पाश मुद्रा निष्पन्न होती है।

(३) गदामुद्रा - दोनों हाथों की हथेलियों को मिला कर, फिर दोनों हाथ की अंगुलियां परस्पर एक दूसरे से ग्रथित करे । इसी स्थिति में मध्यमा उॅगलियों को मिलाकर सामने की ओर फैला दे । तब यह विष्णु को सन्तुष्ट करने वाली 'गदा मुद्रा' होती है ।

मृग्यादिहोममुद्राकथनम्

मृगी हंसी सूकरीति होमे मुद्रात्रयं मतम् ॥ २७ ॥
मध्यमानामिकाङ्गुष्ठयोगे मुद्रा मृगी मता।
हंसीकनिष्ठाहीनानां सर्वासां योजने मता ॥ २८ ॥
सूकरीकरसङ्कोचे मुद्रा लक्षणमीरितम्।
शान्तो वश्ये मृगी हंसी स्तम्भनादिषु सूकरी ॥ २६ ॥

कर्मानुरूपवर्णानां कथनम्

चन्द्रतोयधराकाशपवनानलवर्णकाः ।
षट्सु कर्मसु यन्त्रस्य बीजान्युक्तानि मन्त्रिभिः ॥ ३० ॥
स्वराः सठौ चन्द्रवर्णा भूतवर्णा उदीरिताः।
चन्द्रार्णहीनास्ते ग्राह्या वशीकृत्यादिकर्मणि ॥ ३१ ॥

तासां लक्षणमाह – **मध्यमेति** ॥ २८–२६ ॥ वर्णानाह – **चन्द्रेति** । शान्तौ चन्द्रवर्णा यन्त्रे बीजत्वेन लेख्याः । वशीकरणादौ जलादिवर्णः ॥ ३० ॥ चन्द्रवर्णानाह – **स्वरा** इति । षोडशस्वराः सठावेतेऽष्टादशचन्द्रवर्णाः सन्ति । तथापि वश्यादौ

---

(४) **मुशलमुद्रा** - दोनों हाथों की मुट्ठी बांधे फिर दाहिनी मुट्ठी को बायें पर रखने से मुशल मुद्रा बनती है ।

(५) **वज्रमुद्रा** - कनिष्ठा और अंगूठे को मिलाकर त्रिकोण बनाने को अशनि (वज्रमुद्रा) कहते हैं अर्थात् कनिष्ठा और अंगूठे को मिलाकर प्रसारित कर त्रिक् बनाना वज्रमुद्रा है ।

(६) **खड्गमुद्रा** - कनिष्ठिका और अनामिका उंगलियों को एक दूसरे के साथ बांधकर अंगूठों को उनसे मिलाए । शेष उंगलियों को एक साथ मिला कर फैला देने से खड्गमुद्रा निष्पन्न होती है ॥ २६-२७ ॥

मृगी, हंसी एवं सूकरी ये तीन होम की मुद्रायें हैं । मध्यमा अनामिका और अंगूठे के योग से **मृगी मुद्रा**, कनिष्ठा को छोड़ कर शेष सभी अङ्गुलियों का योग करने से **हंसी मुद्रा** और हाथ को संकुचित कर लेने से **सूकरी मुद्रा** बनती है । इस प्रकार इन तीन मुद्राओं का लक्षण कहा गया है । शान्ति कार्य में मृगी वश्य में हंसी तथा शेष स्तम्भनादि कार्यों में सूकरी मुद्रा का प्रयोग किया जाता है ॥ २७-२६ ॥

(X) **अक्षर** - शान्ति आदि षट्कर्मों में यन्त्र पर चन्द्र, जल, धरा, आकाश, पवन, और अनल वर्णो के बीजाक्षरों का क्रमशः लेखन करना चाहिए - ऐसा मन्त्र शास्त्र के विद्वानों ने कहा है ॥ ३० ॥

केचित् सवलहान्यं रमाहुश्चन्द्रादिवर्णकान् ।

जातिरूपवर्णकथनम्

शान्त्यादिकर्मसु ज्ञेया जातयः षडभूः क्रमात् ॥ ३२ ॥
नमः स्वाहा वषड् वौषट् हुं फट् षण्मन्त्रवित्तमैः ।

भूतोदयकथनम्

नासापुटद्वयाधस्ताद्यदाप्राणगतिर्भवेत् ॥ ३३ ॥
तोयोदयस्तथा ज्ञेयः शान्तिकर्मणि सिद्धिदः ।
नासादण्डाश्रितगतौ प्राणे स्तम्भे धरोदयः ॥ ३४ ॥
पुटमध्यगतौ तस्मिन्द्वेषे व्योमोदयः शुभः ।
पुटोपरिष्टादगमने प्राणे स्यात्पावकोदयः ॥ ३५ ॥

पञ्चभूतवर्णास्तु प्राक्तरंगे स्वकुलान्यकुलभेद उक्ताः । तत्र यद्यपि चन्द्रवर्णा अपि सन्ति । तथापि वश्यादौ तोयादिवर्णलेखने चन्द्रवर्णरहितानामेव जलादिवर्णानां लेखनम् ॥ ३१ ॥ केषांचिन्मते सवलीहयराः क्रमाच्चन्द्राम्बुभूनभोनिलानलवर्णाः ॥ ३२ ॥ जातिरूपान् वर्णानाह – **नम** इति । भूतोदयमाह – **नासेति** । नासाविवरयोरधस्तात् प्राणगतो जलोदयः । नासामध्यदण्डाश्रयेण गमने धरोदयः। सस्तम्भने ज्ञेयः ॥ ३३–३४ ॥ नासाविवरमध्ये प्राणगतौ व्योमोदयः । उपरि–प्राणगतौ वन्ह्युदयः ॥ ३५ ॥ तिर्यक्प्राणगतौ वायूदयः ॥ ३६ ॥

सोलह स्वर, स एवं ठ ये अठारह चन्द्र वर्ण के बीजाक्षर हैं, चन्द्रवर्ण से हीन पञ्चभूतों के अक्षर जलादि तत्वों के बीजाक्षर वश्यादि कर्मों के लिए उपयुक्त है । कुछ आचार्यो ने स व ल ह य एवं र. को क्रमशः चन्द्र जल, भूमि, आकाश और वायु एवं वह्नि का बीजाक्षर कहा है ॥ ३१ ॥

शान्ति आदि षट्कर्मों में मन्त्रशास्त्रज्ञों ने क्रमशः नमः, स्वाहा, वषट्, वौषट्, हुम् एवं फट् इन छः को जातित्वेन स्वीकार किया है ॥ ३२ ॥

(xi) अब मन्त्र के ग्यारहवें प्रकार, **भूतों का उदय** कहते हैं - जब दोनों नासापुटों के नीचे तक श्वास चलता हो तब **जलतत्व** का उदय समझना चाहिए, जो शान्ति कर्म में सिद्धिदायक होता है । नाक के मध्य में सीधे दण्ड की तरह श्वास गति होने पर **पृथ्वीतत्व** का उदय समझना चाहिए, यह स्तम्भन कार्म में सिद्धिदायक होता है । नासा छिद्रों के मध्य में श्वास की गति होने पर **आकाशतत्व** का उदय समझना चाहिए, जो विद्वेषण में सिद्धिदायक है । नासापुटों के ऊपर श्वास की गति होने पर **अग्नितत्व** का उदय समझना चाहिए ॥ ३३-३५ ॥

तदा कर्मद्वये सिद्धिर्मारणे च वशीकृतौ।
प्राणेतिर्यग्गतौ ज्ञेय उच्चाटे मारुतोदयः ॥ ३६ ॥

समित्कथनम्

दूर्वायाः समिधः शान्तौ गोघृतेन समन्विताः।
दाडिमप्रसुवो होमे वश्येजाघृतसंयुताः ॥ ३७ ॥
मेषीघृताक्ताः समिधः स्तम्भे राजतरूद्भवाः।
धत्तूरसमिधो द्वेषे अतसीतैलसंयुतः ॥ ३८ ॥
चूतजाः कटुतैलाक्ता उच्चाटनविधौ मताः।
कटुतैलयुताः शस्ता मारणे खदिरोद्भवाः ॥ ३९ ॥

मालाकथनम्

शंखजा पद्मबीजोत्था निम्बारिष्टफलोद्भवा।
प्रेतदन्तभवा वाहरदोत्था खरदन्तजा ॥ ४० ॥

समिध आह – **दूर्वाया** इति । दाडिमेति । वश्यार्थहोमे अजाघृताक्ता दाडिमसमिधः ॥ ३७ ॥ स्तम्भने मेषीघृताक्ता राजवृक्षसमिधः ॥ ३८॥ उच्चाटे सर्षपतैलाक्ता आम्रसमिधः ॥ ३९ ॥ मालामाह – **शंखजेति** । स्तम्भने निम्बफलजा। अरिष्टः फेनिलस्तत्फलजा वा माला विधेया । उच्चाटने वा हरदोत्था अश्वदन्तजा ॥ ४० ॥

ऐसे समय में मारण एवं वशीकरण दोनों कार्यों में सफलता मिलती है । श्वास की गति तिर्यक् (तिरछी) होने पर **वायुतत्व** का उदय समझना चाहिए जो उच्चाटन क्रिया में शुभावह होता है ॥ ३६ ॥

(xii) अब मन्त्र के बारहवें प्रकार, **विभिन्न समिधाओं को** कहते हैं - शान्ति कार्य में गोघृत मिश्रित दूर्वा से, वश्य में बकरी के घी से मिश्रित अनार की समिधा से, स्तम्भन में भेंड़ी का घी मिला कर अमलतास वृक्ष की समिधा से, विद्वेषण में अतसी के तेल से मिश्रित धतूरे की समिधा से, उच्चाटन में सरसों के तेल से मिश्रित आम की वृक्ष की समिधा से तथा मारण में कटुतैल मिश्रित खैर की लकड़ी की समिधा से होम करना चाहिए ॥ ३७-३९ ॥

(xiii) अब तेरहवें प्रकार में **माला की विधि** कहते हैं - शान्ति आदि षट्कर्मों में शंख की शान्ति में, कवलगट्टा की वश्य में, नीबूं की स्तम्भन में, नीम की विद्वेषण में, घोड़े के दाँत उच्चाटन में तथा गदहे के दाँत की जप माला मारण कर्म में उपयोग करना चाहिए ॥ ४० ॥

जपमालाः क्रमाज्ज्ञेयाः शान्तिमुख्येषु कर्मसु ।

मालागणनाप्रकारः

मध्यमायां स्थितां मालां ज्येष्ठेनावर्तयेत्सुधीः ॥ ४१ ॥
शान्तौ वश्ये तथा पुष्टौ भोगमोक्षार्थके जपे ।
अनामांगुष्ठयोगेन स्तम्भनादौ जपेत्सुधीः ॥ ४२ ॥
तर्ज्जन्यङ्गुष्ठयोगेन द्वेषोच्चाटनयोः पुनः ।
कनिष्ठाङ्गुष्ठसंयोगान्मारणे प्रजपेत्सुधीः ॥ ४३ ॥

मणिसंख्याकथनम्

अष्टोत्तरशतं संख्यातदर्द्धं च तदर्द्धकम् ।
मणीनां शुभकार्ये स्यात्तिथिसंख्याभिचारके ॥ ४४ ॥

शान्त्यादिकर्मणि अग्निकथनम्

शान्तिर्वश्यं लौकिकाग्नौ स्तम्भनं वटजेऽनले ।
द्वेषः कलितरूत्पन्ने शेषे पितृवनस्थिते ॥ ४५ ॥

मालायां गणनाप्रकारमाह – **मध्यमायामिति** । ज्येष्ठेनाङ्गुष्ठेनावर्तयेत् भ्रामयेत् ॥ ४१–४३ ॥ मालामणिसंख्यामाह – **अष्टोत्तरशतमिति** । तदर्धं चतुष्पञ्चाशत् । तदर्धकं सप्तविंशतिः । एषा त्रिविधा माला शुभे कार्या । अभिचारे स्तम्भनादौ पञ्चदशमणियुक्ता माला ॥ ४४ ॥ अग्निमाह – **शान्तिरिति** । वटजे वटकाष्ठान् मथनोत्पादिते । कलितरूद्भवे बिभीतकजाते । शेषे उच्चाटन–मारणकर्मणि श्मशानवह्नौ होमः ॥ ४५ ॥

शान्ति, वश्य, पूष्टि, भोग एवं मोक्ष के कर्मों में मध्यमा में स्थित माला को अंगूठे से घुमाना चाहिए । स्तम्भनादि कार्यों के लिए बुद्धिमान साधक को अनामिका एवं अंगूठे से जप करना चाहिए । विद्वेषण एवं उच्चाटन में तर्जनी एवं अंगूठे से जप करना चाहिए तथा मारण में कनिष्ठिका एवं अंगूठे से जप करने का विधान है ॥ ४१-४३ ॥

अब प्रसङ्ग प्राप्त **माला की मणियों की गणना** कहते हैं - शुभकार्य के लिए माला में मणियों की संख्या १०८, ५४ या २७ कही गई है, किन्तु अभिचार (मारण) कर्म में मणियों की संख्या १५ कही गई है ॥ ४४ ॥

(xiv) अब **चौदहवें प्रकार वाले अग्नि के विषय में** कहते हैं -

शान्ति और वशीकरण कर्म में लौकिक अग्नि में, स्तम्भन में बरगद के काठ की बनी अग्नि में, विद्वेषण में बहेड़े की लकड़ी की अग्नि में तथा

प्रसंगात् काष्ठकथनम्

शुभे कर्मणि बिल्वार्कपलाशक्षीरवृक्षजैः।
अशुभे विषवृक्षाक्षैर्निम्बधत्तूरशेलुजैः ॥ ४६ ॥
काष्ठैः प्रदीपयेदग्निं होमकर्मणि मन्त्रवित्।

अग्निजिह्वापूजनम्

वह्नेर्जिह्वां सुप्रभाख्यां शान्तिकर्मणि पूजयेत् ॥ ४७ ॥
वश्य कार्ये हि रक्ताख्यां स्तम्भने कनकाभिधाम्।
विद्वेषे गगनां जिह्वामुच्चाटेप्यतिरक्तिकाम् ॥ ४८ ॥
कृष्णां तु मारणे चार्चेद् बहुरूपां तु सर्वतः।

विप्रभोजनसंख्याकथनम्

भोज्ये संख्याविशेषोऽपि ज्ञेयः शान्त्यादिकर्मसु ॥ ४६ ॥
शान्तौ वश्ये भोजयेत होमाद्विप्रान् दशांशतः।
उत्तमं तद्भवेत्कर्म तत्त्वांशेन तु मध्यमम् ॥ ५० ॥

निम्बजा नाशयेच्छत्रून्प्रतिमैवं समर्चिता ।
[1]मध्वक्तैर्होमतो लाजैर्वशयेदखिलं जगत् ॥ ४६ ॥
सुप्तोधिशय्यमुच्छिष्टो जपञ्छत्रून्वशं नयेत् ।
कटुतैलान्वितै राजीपुष्पैर्विद्वेषयेदरीन् ॥ ४७ ॥
द्यूते विवादे समरे जप्तोऽयं जयमावहेत् ।
कुबेरोऽस्य मनोर्जापान्निधीनां स्वामितामियात् ॥ ४८ ॥
लेभाते राज्यमनरिं वानरेशविभीषणौ ।
रक्तवस्त्राङ्गरागाढ्यस्ताम्बूलं निश्यदञ्जपेत् ॥ ४९ ॥
यद्वा निवेदितं तस्मै मोदकं भक्षयञ्जपेत् ।
पिशितं वा फलं वापि तेन तेन बलिं हरेत् ॥ ५० ॥

एकोनविंशतिवर्णात्मको बलिदानमन्त्रः

सेन्दुः स्मृतिस्तथाकाशं मन्विन्द्वाढ्यौ च सृष्टिलौ ।
पञ्चान्तकशिवौ तद्वदुच्छिष्टगभगान्वितः ॥ ५१ ॥

॥ ४५ ॥ *॥ ४६ ॥ अधिशय्यं शय्यायाम् । कटुतैलं सर्षपतैलम् ॥ ४७–४८ ॥ अनरि शत्रुहीनम् ॥ ४९॥ तेन ताम्बूलादिना ॥ ५० ॥ बलि मन्त्रमाह – स्मृतिर्गः । सेन्दुस्सानुस्वारः । आकाशं हः । तथासानुस्वारः । सृष्टिलौ ककारलकारौ ।

सिद्धि होती है; गौडी (गुड़ निर्मित) प्रतिमा में ऐसा करने से सौभाग्य की प्राप्ति होती है, तथा लावणी प्रतिमा शत्रुओं को विपत्ति से ग्रस्त करती है ॥ ४५ ॥

निम्बनिर्मित प्रतिमा में उक्त विधि से पूजन जप एवं होम करने से शत्रु का विनाश होता है, और मधुमिश्रित लाजा का होम सारे जगत् को वश में करने वाला होता है ॥ ४६ ॥

शय्या पर सोये हुये उच्छिष्टावस्था में जप करने से शत्रु वश में हो जाते हैं । कटुतैल में मिले राजी पुष्पों के हवन से शत्रुओं में विद्वेष होता है ॥ ४७ ॥

द्यूत, विवाद एवं युद्ध की स्थिति में इस मन्त्र का जप जयप्रद होता है । इस मन्त्र के जप के प्रभाव से कुबेर नौ निधियों के स्वामी हो गये । इतना ही नहीं, विभीषण और सुग्रीव को इस मन्त्र का जप करने से राज्य की प्राप्ति हो गई । लाल वस्त्र धारण कर लाल अङ्गराग लगा कर तथा ताम्बूल चर्वण करते हुए रात्रि के समय उक्त मन्त्र का जप करना चाहिए ॥ ४८-४९ ॥

अथवा गणेश जी को निवेदित लड्डू का भोजन करते हुए इस मन्त्र का जप करना चाहिए और मांस अथवा फलादि किसी वस्तु की बलि देनी चाहिए ॥ ५० ॥

अब **बलि के मन्त्र का उद्धार** कहते हैं - सानुस्वार स्मृति (गं), इन्दुसहित आकाश

---

१. घृतमधुशर्करात्तैः ।

उमाकान्तःशायमान्ते हायक्षायासबिन्दुयः ।
बलिरित्येष कथितो नवेन्द्वर्णो बलेर्मनुः ॥ ५२ ॥

द्वादशार्णोऽपरो मन्त्रः

ध्रुवो माया सेन्दुशार्ङ्गिगर्बीजाढ्यो नववर्णकः ।
द्वादशार्णो मनुः प्रोक्तः सर्वमस्य नवार्णवत् ॥ ५३ ॥

नवार्णमन्त्रस्य दशवर्णात्मकद्वैविध्यम्

ताराद्यश्च गणेशाद्यो नवार्णो दशवर्णकः ।
द्विविधोस्योपासनं तु प्रोक्तमन्यन्नवार्णवत् ॥ ५४ ॥

कीदृशौ मन्विन्द्वाढ्यौ औकारानुस्वारयुतौ । तेन क्लौं । पञ्चान्तकशिवौ गकारलकारौ तद्वन्मन्विन्द्वाढ्यौ ग्लौं । उच्छिष्टग स्वरूपम् । भगान्वितः उमाकान्तः । एकारयुतो णः णे ॥ सबिन्दुर्यः सानुस्वारो यकारः । अन्यत्स्वरूपम् । मन्त्रो यथा – गं हं क्लौं ग्लौं उच्छिष्टगणेशाय महायक्षायायं बलिः इत्येकोनविंश–त्यर्णो बलिमन्त्रः ॥ ५१–५२ ॥ मन्त्रान्तरमाह – **ध्रुव इति** । ध्रुव ॐ। माया ह्रीं । शार्ङ्गी गः सेन्दुः अनुस्वारसहितः । गं त्रिबीजाढ्यः । स्पष्टम् । यथा – ॐ ह्रीं गं हस्तिपिशाचि लिखे स्वाहेति द्वादशार्णः ॥ ५३ ॥ ताराद्यो यथा । ॐ हस्तिपिशाचि लिखे स्वाहा । गणेशाद्यो यथा - गं हस्तिपिशाचि लिखे स्वाहा ॥ ५४ ॥

(हं), अनुस्वार एवं औकार युक्त ककार लकार (क्लौं), उसी प्रकार गकार लकार (ग्लौं), तदनन्तर 'उच्छिष्टग' फिर एकार युक्त ण (णे), फिर 'शाय' पद, फिर 'महायक्षाया' तदनन्तर (यं) और अन्त में 'बलिः' लगाने से १६ अक्षरों का बलिदान मन्त्र बनता है ।

विमर्श - मन्त्र का स्वरूप इस प्रकार है - गं हं क्लौं ग्लौं उच्छिष्टगणेशाय महायक्षायायं बलिः ॥ ५१-५२ ॥

अब **उच्छिष्ट गणपति का अन्य मन्त्र** कहते हैं - ध्रुव (ॐ), माया (ह्रीं) तथा अनुस्वार युक्त शार्ङ्गिः (गं) ये तीन बीजाक्षर नवार्णमन्त्र के पूर्व जोड़ देने से द्वादशाक्षर मन्त्र बन जाता है, इसका विनियोग न्यास ध्यान आदि नवार्णमन्त्र के समान ही समझना चाहिए (द्र० २. ३१-३६) ।

विमर्श - द्वादशाक्षर मन्त्र का स्वरूप इस प्रकार है - ॐ ह्रीं गं हस्तिपिशाचि लिखे स्वाहा ॥ ५३ ॥

आदि में तार (ॐ) इसके पश्चात् नवार्णमन्त्र लगा देने से, अथवा गं इसके पश्चात् नवार्ण मन्त्र लगा देने से दो प्रकार का दशाक्षर गणपति का मन्त्र निष्पन्न होता है - उक्त दोनों मन्त्रों में भी नवार्ण मन्त्र की ही तरह विनियोग न्यास तथा ध्यान का विधान कहा गया है ॥ ५४ ॥

एकोनविंशतिवर्णात्मकउच्छिष्टविनायकमन्त्रः

ध्रुवो हृदुच्छिष्टगणेशाय ते तु नवाक्षरः ।
एकोनविंशत्यर्णाढ्यो मनुर्मुन्यादिपूर्ववत् ॥ ५५ ॥
त्रिभिः सप्तभिरक्षिभ्यां त्रिभिर्द्वाभ्यां द्वयेन च ।
मन्त्रोत्थितैः सुधीर्वर्णैः कुर्यादङ्गं पुरार्चनम् ॥ ५६ ॥

धनधान्याद्यतुलयशोदाता–सप्तत्रिंशदक्षरात्मकउच्छिष्टगणनाथमन्त्रः

तारो नमो भगवते झिण्टीशश्चतुराननः ।
दंष्ट्राय हस्तिमुच्चार्य खाय लम्बोदराय च ॥ ५७ ॥
उच्छिष्टमवियद्दीर्घात्मने पाशोंकुशः परा ।
सेन्दुः शार्ङ्गीः भगयुते द्वे मेधे वह्निकामिनी ॥ ५८ ॥

मन्त्रान्तरमाह – **ध्रुवेति** । ध्रुवः प्रणवः हृन्नमः स्वरूपमन्यत् । मन्त्रः – ॐ नम उच्छिष्टगणेशाय हस्तिपिशाचि लिखे स्वाहा इत्येकोनविंशतिवर्णः । मुन्यादीति। ऋषिश्छन्दो देवताः नवार्णवत् ॥ ५५ ॥ षडङ्गमाह – **त्रिभिरिति** । अर्चनं पुरा पूर्ववदित्यर्थः ॥ ५६ ॥ मन्त्रान्तरमाह – **तार इति** ॥ झिण्टीशः ए । चतुराननः कः । दीर्घं वियत् हा । पाश आं । अंकुशः क्रों परा ह्रीं । सेन्दुशार्ङ्गी गं । भगयुते द्वे

विमर्श - दशाक्षर मन्त्र - (१) ॐ हस्तिपिशचिलिखे स्वाहा
(२) गं हस्तिपिशाचिलिखे स्वाहा ॥ ५४ ॥

अव **एकोनविंशाक्षर मन्त्र का उद्धार** करते हैं - ध्रुव (ॐ), हृद् (नमः), फिर 'उच्छिष्ट गणेशाय' तदनन्तर नवार्णमन्त्र (२. ३१) लगा देने से उन्नीस अक्षरों का मन्त्र बनता है । इसके भी ऋषि, छन्द, देवता आदि पूर्वोक्त नवार्णमन्त्र के समान हैं ॥ ५५ ॥

विमर्श - इस **मन्त्र का स्वरूप** इस प्रकार है - 'ॐ नमः उच्छिष्टगणेशाय हस्तिपिशाचि लिखे स्वाहा' ॥ ५५ ॥

मन्त्र के ३, ७, २, ३, २ एवं २ अक्षरों से षडङ्गन्यास एवं अङ्गपूजा पूर्ववत् करनी चाहिए ॥ ५६ ॥

विमर्श - विनियोग - ॐ अस्योच्छिष्टगणपतिमन्त्रस्य कङ्कोलऋषिः विराट्छन्दः उच्छिष्टगणपतिर्देवता आत्मनः अभीष्टसिद्धयर्थे उच्छिष्टगणपति मन्त्र जपे विनियोगः ।

षडङ्गन्यासः - ॐ नमः हृदयाय नमः, ॐ उच्छिष्टगणेशाय शिरसे स्वाहा,
ॐ हस्ति शिखायै वषट्, ॐ पिशाचि कवचाय हुम्,
ॐ लिखे नेत्रत्रयाय वौषट्, ॐ स्वाहा अस्त्राय फट् ।

ध्यान - चतुर्भुजं रक्ततनुमित्यादि .... (द्र० २. ३४) ॥ ५६ ॥

अब ३७ **अक्षरों का उच्छिष्ट गणपति का मन्त्र** कहते हैं - तार (ॐ),

उच्छिष्टगणनाथस्य मनुरद्रिगुणाक्षरः ।
गणको मुनिराख्यातो गायत्रीच्छन्द ईरितः ॥ ५६ ॥
उच्छिष्टगणपो देवो जपेदुच्छिष्ट एव तम् ।
सप्तदिग्बाणसप्ताब्धियुगार्णैरङ्गकं मनोः ॥ ६० ॥

ध्यानम्

शरान्धनुः पाशसृणीस्वहस्तै
र्दधानमारक्तसरोरुहस्थम् ।
विवस्त्रपत्न्यां सुरतप्रवृत्त
मुच्छिष्टमम्बासुतमाश्रयेऽहम् ॥ ६१ ॥

मेधे। एकारयुत घद्वयम् । वह्निकामिनी स्वाहा । अन्यत्स्वरूपम् । ॐ नमो भगवते एकदंष्ट्राय हस्तिमुखाय लम्बोदराय उच्छिष्टमहात्मने आँ क्रों ह्रीं गं घे घे स्वाहा । अद्रिगुणाक्षरः सप्तत्रिंशदक्षरः ॥ ५७–५६ ॥ षडङ्गमाह – **सप्तेति** ॥ ६० ॥ ध्यानमाह – **शरानिति** । धनुःपाशौ वामयोः । शरांकुशौ दक्षयोः ॥ ६१ ॥ * ॥ ६२ ॥

तदनन्तर 'नमोभगवते', फिर झिण्टीश (ए), चतुरानन (क), फिर 'दंष्ट्राहस्तिमु' फिर 'खाय', 'लम्बोदराय', फिर 'उच्छिष्टम' तदनन्तर दीर्घवियत् (हा), फिर 'त्मने' पाश (आ), अङ्कुश (क्रौं), परा (ह्रीं) सेन्दुशाङ्गीं (गं) भगसहित द्विमेघ (घे घे) इसके अन्त में वह्निकामिनी (स्वाहा) लगाने से ३७ अक्षरों का मन्त्र निष्पन्न हो जाता है ॥ ५७-५६ ॥

इस मन्त्र के गणक ऋषिः गायत्री छन्द एवं उच्छिष्ट गणपति देवता हैं । उच्छिष्टमुख से ही इनके जप का विधान है । मन्त्र के यथाक्रम ७, १०, ५, ७, ४ एवं ४ अक्षरों से षडङ्गन्यास एवं अङ्गपूजा करनी चाहिए ॥ ५६-६० ॥

विमर्श - सैंतिस अक्षरों के **मन्त्र का स्वरूप** इस प्रकार है - ॐ नमो भगवते एकदंष्ट्राय हस्तिमुखाय लम्बोदराय उच्छिष्टमहात्मने आँ क्रौं ह्रीं गं घे घे स्वाहा ।

विनियोग - अस्योच्छिष्टगणपति मन्त्रस्य गणकऋषिर्गायत्रीच्छन्दः उच्छिष्टगणपतिर्देवता आत्मनोऽभीष्टसिद्धये उच्छिष्टगणपतिमन्त्रजपे विनियोगः ।

ध्यान - उच्छिष्टगणपति का ध्यान आगे के श्लोक २. ६१ में देखिए ।

षडङ्गन्यास - ॐ नमो भगवते हृदयाय नमः, ॐ एकदंष्ट्राय हस्तिमुखाय शिरसे स्वाहा,
ॐ लम्बोदराय शिखायै वषट्, ॐ उच्छिष्टमहात्मने कवचाय हुम्,
ॐ आँ ह्रीं क्रौं गं नेत्रत्रयाय वौषट्, ॐ घे घे स्वाहा अस्त्राय फट् ॥ ५७-६० ॥

अब इस मन्त्र के **पुरश्चरण के लिए ध्यान** कह रहे हैं - बायें हाथों में धनुष एवं पाश, दाहिने हाथों में शर एवं अङ्कुश धारण किए हुए लाल कमल पर आसीन विवस्त्रा अपनी पत्नी से संभोग में निरत पार्वती पुत्र उच्छिष्टगणपति का मैं आश्रय लेता हूँ ॥ ६१ ॥

पुरश्चरणकथनम्

लक्षं जपेद्घृतैर्हुत्वाद्दशांशं प्रपूजयेत् ।
पूर्वोक्तपीठे स्वाभीष्टसिद्धये पूर्ववद्विभुम् ॥ ६२ ॥
कृष्णाष्टम्यादितद्भूतं यावत्तावज्जपेन्मनुम् ।
प्रत्यहं साष्टसाहस्रं जुहुयात्तद्दशांशतः ॥ ६३ ॥
तर्पयेदपि मन्त्रोऽयं सिद्धिमेवं प्रयच्छति ।
धनं धान्यं सुतान्पौत्रान् सौभाग्यमतुलं यशः ॥ ६४ ॥
मूर्तिं कुर्याद् गणेशस्य शुभाहे निम्बदारुणा ।
प्राणप्रतिष्ठां कृत्वाथ तदग्रे मन्त्रमाजपेत् ॥ ६५ ॥
च ध्यात्वा दासवत्सोऽपिवश्यो भवति निश्चितम् ।
नदीजलं समादाय सप्तविंशतिसंख्यया ॥ ६६ ॥
मन्त्रयित्वा मुखं तेन प्रक्षाल्येशसभां व्रजेत् ।
पश्येद्यं दृश्यते येन स वश्यो जायते क्षणात् ॥ ६७ ॥
चतुःसहस्रं धत्तूरपुष्पाणि मनुनार्पयेत् ।
गणेशाय नृपादीनां जनानां वश्यताकृते ॥ ६८ ॥

तद्भूतं यावत्कृष्णचतुर्दशीपर्यन्तम् ॥ ६३ ॥ * ॥ ६४–६६ ॥

अब इस मन्त्र से **पुरश्चरणविधि** कहते हैं - साधक अपनी अभीष्ट सिद्धि के लिए पूर्वोक्त पीठ पर उपर्युक्त विधि से पूजन कर उक्त मन्त्र का एक लाख जप करे । फिर घी द्वारा उसका दशांश हवन करे ॥ ६२ ॥

कृष्ण पक्ष की अष्टमी से ले कर चतुर्दशी पर्यन्त प्रतिदिन आठ हजार पाँच सौ की संख्या में जप, इसका दशांश (८५० की संख्या में) होम तथा उसका दशांश (८५ बार) से तर्पण करना चाहिए । ऐसा करने से यह मन्त्र सिद्धि प्रदान करता है, इतना ही नहीं धन धान्य, पुत्र, पौत्र, सौभग्य एवं सुयश भी प्राप्त होता है ॥ ६३-६४ ॥

शुभ मुहूर्त में नीम की लकड़ी से गणेश जी की मूर्ति का निर्माण करना चाहिए; तदनन्तर प्राण प्रतिष्ठित कर उसी मूर्ति के आगे जप करना चाहिए ॥ ६५ ॥

जिसका ध्यान कर जप किया जाता है वह भी निश्चित रूप से वश में हो जाता है । इतना ही नहीं, नदी का जल ले कर २७ बार इस मन्त्र से उसे अभिमन्त्रित कर उस जल से मुख प्रक्षालन कर राजसभा में जाने पर साधक इस मन्त्र के प्रभाव से जिसे देखता है या जो उसे देखता है वह तत्काल वश में हो जाता है ॥ ६६-६७ ॥

राजाओं को अथवा राजकर्मचारियों को अपने वश में करने के लिए उक्त मन्त्र के द्वारा चार हजार की संख्या में धतूरे का पुष्प श्री गणेश जी को समर्पित करना चाहिए ॥ ६८॥

सुन्दरीवामपादस्य रेणुमादाय तत्र तु ।
संस्थाप्य गणनाथस्य प्रतिमां प्रजपेन्मनुम् ॥ ६६ ॥
तां ध्यात्वा रविसाहस्रं सा समायाति दूरतः ।
श्वेतार्केणाथ निम्बेन कृत्वा मूर्तिं धृतासुकाम् ॥ ७० ॥
चतुर्थ्यां पूजयेद्रात्रौ रक्तैः कुसुमचन्दनैः ।
जप्त्वा सहस्रं तां मूर्तिं क्षिपेद्रात्रौ सरित्तटे ॥ ७१ ॥
स्वेष्टं कार्य्यं समाचष्टे स्वप्ने तस्य गणाधिपः ।
सहस्रं निम्बकाष्ठानां होमादुच्चाटयेदरीन् ॥ ७२ ॥
वज्रिणः समिधां होमाद्रिपुर्यमपुरं व्रजेत् ।
वानरस्यास्थिसंजप्तं क्षिप्तमुच्चाटयेद् गृहे ॥ ७३ ॥
जप्तं नरास्थिकन्याया गृहे क्षिप्तं तदाप्तिकृत् ।
कुलालस्य मृदा स्त्रीणां वामपादस्य रेणुना ॥ ७४ ॥
कृत्वा पुत्तलिकां तस्या हृदि स्त्रीनाम संलिखेत् ।
निखनेन्मन्त्रसंजप्तैर्निम्बकाष्ठैः क्षिताविमाम् ॥ ७५ ॥
सोन्मत्ता भवति क्षिप्रमुद्धृतायां सुखं भवेत् ।
शत्रोरेवं कृता सा तु लशुनेन समन्विता ॥ ७६ ॥

धृतासुकां कृतप्राणप्रतिष्ठाम् ॥ ७० ॥ * ॥ ७१–७२ ॥ वज्रीस्नुही ॥ ७३ ॥ * ॥ ७४–७७ ॥

सुन्दरी स्त्री के बाएँ पैर की धूलि ला कर उसे गणेश प्रतिमा के नीचे स्थापित करे, फिर उस स्त्री का ध्यान कर बारह हजार की संख्या में इस मन्त्र का जप करे तो वह दूर रहने पर भी सन्निकट आ जाती है । सफेद मन्दार की लकड़ी अथवा निम्ब की लकड़ी से गणेश जी की मूर्ति का निर्माण कर उसमें प्राणप्रतिष्ठा करे । तदनन्तर चतुर्थी तिथि को रात्रि में लालचन्दन एवं लाल पुष्पों से पूजन करे, तदनन्तर एक हजार उक्त मन्त्र का जप कर उसी रात्रि में उस प्रतिमा को किसी नदी के किनारे डाल दे तो गणपति स्वयं साधक के अभीष्ट कार्य को स्वप्न में बतला देते हैं । निम्बकाष्ठ की लकड़ियों की समिधा से एक हजार उक्त मन्त्र द्वारा आहुतियाँ देने से शत्रु का उच्चाटन हो जाता है ॥ ६९-७२ ॥

वज्री समिध द्वारा होम करने से शत्रु यमपुर चला जाता है वानर की हड्डी पर जप करने से उस हड्डी को जिसके घर में फेंक दिया जाता है उस घर में उच्चाटन हो जाता है ॥ ७३ ॥

यदि मनुष्य की हड्डी पर जप कर कन्या के घर में उसे फेंक देवे तो वह कन्या उसे सुलभ हो जाती है । कुम्हार के चाक की मिट्टी को स्त्री के बायें पैर की धूलि से मिला कर पुतला बनावे । फिर उसके हृदय पर प्राप्तव्य स्त्री का नाम लिखे । तदनन्तर

शरावान्तर्गता सम्यक्पूजिता द्वारि विद्विषः।
निखाता पक्षमात्रेण शत्रूच्चाटनकृत्स्मृता ॥ ७७ ॥
विषमे समनुप्राप्ते सितार्कारिष्टदारुजम्।
गणपं पूजितं सम्यक्कुसुमै रक्तचन्दनैः ॥ ७८ ॥
मद्यभाण्डस्थितं हस्तमात्रे तं निखनेत्स्थले।
तत्रोपविश्य प्रजपेन्मन्त्री नक्तं दिवा मनुम् ॥ ७६ ॥
सप्ताहमध्ये नश्यन्ति सर्वे घोरा उपद्रवाः।
शत्रवो वशमायान्ति वर्द्धन्ते धनसम्पदः ॥ ८० ॥
दुष्टस्त्री वामपादस्य रजसा निजदेहजैः।
मलैर्मूत्रपुरीषाद्यैः कुम्भकारमृदापि च ॥ ८१ ॥
एतैः कृत्वा गणेशस्य प्रतिमां मद्यभाण्डगाम्।
सम्पूज्य निखनेद् भूमौ हस्तार्द्धे पूरिते पुनः ॥ ८२ ॥
संस्थाप्य वह्निं जुहुयात्कुसुमैर्हयमारजैः।
सहस्रं सा भवेद्दासी तन्वाचमनसाधनैः ॥ ८३ ॥
एवमादिप्रयोगांस्तु नवार्णेनापि साधयेत्।

अरिष्टो निम्बः ॥ ७८ ॥ *॥ ७६–८२ ॥ हयमारजैः करवीरोत्थैः ॥ ८३ ॥

उक्त मन्त्र का जप कर उस पुतले को नीम की लकड़ी के साथ भूमि में गाड़ देवे तो वह स्त्री तत्काल उन्मत्त हो जाती है । फिर उस पुतले को जमीन से निकालने पर प्रकृतिस्थ हो स्वस्थ हो जाती है । इसी प्रकार शत्रु का पुतला बना कर उसे लशुन के साथ किसी मिट्टी के पात्र में स्थापित कर भली प्रकार से पूजन करे । फिर शत्रु के दरवाजे पर उसे गाड़ देवे तो पक्ष दिन (१५ दिन) में शत्रु का उच्चाटन हो जाता है ॥ ७४-७७ ॥

विषम परिस्थिति उत्पन्न होने पर सफेद मन्दार या नीम की लकड़ी की प्रतिमा बनावे । फिर लाल चन्दन एवं लाल फूलों से विधिवत् उसका पूजन करे, तदनन्तर उसे मद्य पात्र में रख कर जमीन में एक हाथ नीचे गाड़ कर उसके उपर बैठ कर दिन रात इस मन्त्र का जप करे तो एक सप्ताह के भीतर घोर से घोर उपद्रव नष्ट हो जाते हैं, शत्रु वश में हो जाते हैं तथा धन संपत्ति की अभिवृद्धि होती है ॥ ७८-८० ॥

दुष्ट स्त्री के बायें पैर की धूल अपने शरीर के मल मूत्र विष्टा आदि तथा कुम्हार के चाक की मिट्टी इन सबको मिला कर गणेश जी की प्रतिमा निर्माण करे । फिर उसे मद्य-पात्र में रख कर विधिवत पूजन करे । फिर जमीन में एक हाथ नीचे गाड़ कर गड्ढे को भर देवे । फिर उसके ऊपर अग्नि स्थपित कर कनेर की पुष्पों की एक हजार आहुति प्रदान करे तो वह दुष्ट स्त्री दासी के समान हो जाती है । उपरोक्त सारे प्रयोग नवार्ण मन्त्र से भी किए जा सकते हैं ॥ ८१-८४ ॥

द्वात्रिंशद् वर्णात्मकोऽपरो मन्त्रः

तारो हस्तिमुखायाथ ङेन्तो लम्बोदरस्तथा ॥ ८४ ॥
उच्छिष्टान्ते महात्माङे पाशांकुशशिवात्मभूः ।
माया वर्म्म च घे घे उच्छिष्टाय दहनाङ्गना ॥ ८५ ॥
द्वात्रिंशदक्षरो मन्त्रो यजनं पूर्ववन्मतम् ।
रसेषु सप्तषट्षट्क नेत्रार्णैरङ्गमीरितम् ॥ ८६ ॥
उच्छिष्टगजवक्त्रस्य मन्त्रेष्वेषु न शोधनम् ।
सिद्धादिचक्रं मासादेः प्राप्तास्ते सिद्धिदा गुरोः ॥ ८७ ॥

मन्त्रान्तरमाह – **तार इति** । तारः ॐ । महात्माङे महात्मने । पाशादियुक्तम् । आत्मभूः क्लीं । माया ह्रीं । वर्म हूं । दहनाङ्गना स्वाहा । स्वरूपमन्यत् । यथा – ॐ हस्तिमुखाय लम्बोदराय उच्छिष्टमहात्मने आं क्रों ह्रीं क्लीं ह्रीं हू घे घे उच्छिष्टाय स्वाहा ॥ ८४–८५ ॥ द्वात्रिंशदर्णः । षडङ्गमाह – **रस इति** ॥ ८६ ॥ *॥ ८७ ॥

अब २२ अक्षरों वाले **गणपति के मन्त्र का उद्धार** करते हैं -

तार (ॐ) उसके बाद 'हस्तिमुखाय' फिर क्रमशः चतुर्थ्यन्त लम्बोदर (लम्बोदराय) फिर 'उच्छिष्ट' के बाद चतुर्थ्यन्त 'महात्मा' पद (उच्छिष्टमहात्मने), फिर पाश (आं), अङ्कुश (क्रौं), शिवा (ह्रीं), आत्मभूः (क्लीं), माया (ह्रीं), वर्म (हुम्) फिर 'घे घे उच्छिष्टाय' तदनन्तर दहनाङ्गना (स्वाहा) लगाने से बत्तीस अक्षरों का मन्त्र निष्पन्न होता है ।

इस मन्त्र का पूजन आदि पूर्वोक्त विधि (द्र० २. ६०) से करना चाहिए । मन्त्र के ६, ५, ७, ६, ६, एवं दो अक्षरों से अङ्गन्यास कहा गया है ॥ ८४-८६ ॥

विमर्श - इस **मन्त्र का स्वरूप** इस प्रकार है - ॐ हस्तिमुखाय लम्बोदराय उच्छिष्टमहात्मने आं क्रौं ह्रीं क्लीं ह्रीं हूं घे घे उच्छिष्टाय स्वाहा ।

विनियोग - ॐ अस्योच्छिष्टगणपतिमन्त्रस्य गणकऋषिः गायत्रीछन्दः उच्छिष्ट गणपतिर्देवता आत्मनोऽभीष्टसिद्ध्यर्थे जपे विनियोगः (द्र० २. ५६) ।

षडङ्गन्यास - ॐ हस्तिमुखाय हृदयाय नमः, ॐ लम्बोदराय शिरसे स्वाहा, ॐ उच्छिष्टमहात्मने शिखायै वषट्, ॐ आं क्रौं ह्रीं क्लीं ह्रीं हुम् कवचाय हुम् घे घे उच्छिष्टाय नेत्रत्रयाय वौषट्, स्वाहा अस्त्राय फट् । **ध्यान** - २. ६२ में देखिये ।

इस प्रकार न्यासादि कर पीठपूजा आवरण पूजा आदि पूर्वोक्त कार्य संपादन कर इस मन्त्र का एक लाख जप दशांश हवन, तद्दशांश तर्पण तद्दशांश मार्जन एवं तद्दशांश ब्राह्मण भोजन कराने से पुरश्चरण अर्थात मन्त्र की सिद्धि होती है ॥ ८४-८६ ॥

अब **उच्छिष्टगणपति मन्त्र की विशेषता** कहते हैं - उच्छिष्टगणपति के मन्त्रों की

मनवोऽमी सदा गोप्या न प्रकाश्या यतः कुतः ।
परीक्षिताय शिष्याय प्रदेया निजसूनवे ॥ ८८ ॥

चतुरक्षरः शक्तिविनायकमन्त्रः

माया त्रिमूर्तिचन्द्रस्थौ पञ्चान्तकहुताशनौ ।
तारादिशक्तिबीजान्तो मन्त्रोऽयं चतुरक्षरः ॥ ८९ ॥
भार्गवोऽस्य मुनिश्छन्दो विराट् शक्तिर्गणाधिप ।
देवो माया द्वितीये तु शक्तिबीजे प्रकीर्तिते ॥ ९० ॥
षड्दीर्घयुग्द्वितीयेन ताराद्येन षडङ्गकम् ।
विधाय सावधानेन मनसा संस्मरेत् प्रभुम् ॥ ९१ ॥

उच्छिष्टगणेशा उक्ताः ॥ ८८ ॥ शक्तिविनायकसंज्ञं मन्त्रान्तरमाह – **मायेति** । माया ह्रीं । पञ्चान्तकहुताशनौ गकाररेफौ । त्रिमूर्तिचन्द्रस्थौ इकारानुस्वारयुक्तौ । तेन ग्रीं तारादिशक्तिबीजान्तः । प्रणवादिर्मायाबीजान्तः । यथा – ॐ ह्रीं ग्रीं ह्रीं इति चतुर्वर्णः ॥ ८९ ॥ देव इति । पूर्वेण सम्बन्धः । माया शक्तिः । द्वितीयं बीजम् ॥ ९० ॥ षडङ्गमाह – **षडिति** । ॐ ग्रां हृत् । ॐ ग्रीं शिर इत्यादि ॥ ९१ ॥

सिद्धि के लिए किसी संशोधन की आवश्यकता नहीं है न तो सिद्धि के लिए सिद्धिदायक चक्र की आवश्यकता है, न किसी शुभ मासादि का विचार किया जाता है । ये मन्त्र गुरु से प्राप्त होते ही सिद्धिप्रद हो जाते हैं ॥ ८७ ॥

इन मन्त्रों को सदा गोपनीय रखना चाहिए, और जैसे तैसे जहाँ तहाँ कभी इसको प्रकाशित भी नहीं करना चाहिए । भलीभाँति परीक्षा करने के उपरान्त ही अपने शिष्य एवं पुत्र को इन मन्त्रों की दीक्षा देनी चाहिए ॥ ८८ ॥

अब **शक्ति विनायक मन्त्र का उद्धार** कहते हैं - प्रारम्भ में तार (ॐ) उसके बाद माया (ह्रीं), फिर त्रिमूर्ति ईकार चन्द्र (अनुस्वार) से युक्त पञ्चान्तक गकार हुताशन रकार (ग्रीं) और अन्त में शक्तिबीज (ह्रीं) लगाने से चार अक्षरों का शक्ति विनायक मन्त्र निष्पन्न होता है ॥ ८९ ॥

विमर्श - इस **मन्त्र का स्वरूप** इस प्रकार है - ॐ ह्रीं ग्रीं ह्रीं ॥ ८९ ॥

इस मन्त्र के भार्गव ऋषि हैं, विराट् छन्द है, शक्ति से युक्त गणपति इसके देवता हैं। माया बीज (ह्रीं) शक्ति है तथा दूसरा ग्रीं बीज कहा गया है, प्रणव सहित द्वितीय ग्र में अनुस्वार सहित ६ दीर्घस्वरों को लगा कर षडङ्गन्यास करना चाहिए, फिर ध्यान कर एकाग्रचित्त हो कर प्रभु श्रीगणेश का जप करना चाहिए ॥ ९०-९१ ॥

विमर्श - विनियोग - अस्य श्रीशक्तिविनायकमन्त्रस्य भार्गवऋषिः विराट्छन्दः शक्ति गणाधिपो देवता ह्रीं शक्तिः ग्रीं बीजमात्मनोभीष्ट सिद्ध्यर्थे जपे विनियोगः ।

[1]विषाणांकुशावक्षसूत्रं च पाशं
दधानं करैर्मोदकं पुष्करेण।
स्वपत्न्या युतं हेमभूषाभराढ्यं
गणेशं समुद्यद्दिनेशाभमीडे ॥ ६२ ॥
एवं ध्यात्वा जपेल्लक्षचतुष्कं तद्दशांशतः।
अपूपैर्जुहुयाद् वह्नौ मध्वक्तैस्तर्पयेच्च तम् ॥ ६३ ॥
पूर्वोक्ते पूजयेत्पीठे केसरेष्वङ्गदेवताः।
दलेषु वक्रतुण्डाद्यान्ब्राह्मीत्याद्यान्दलाग्रगान्[2] ॥ ६४ ॥
ककुप्पालांस्तदस्त्राणि सिद्ध एवं भवेन्मनुः।
घृताक्तमन्नं जुहुयादावर्षादन्नवान्भवेत् ॥ ६५ ॥

ध्यानमाह – **विषाणेति** । कुशाक्षसूत्रे दक्षयोः । अन्ये वामयोः ॥ ६२–६४ ॥ ककुप्पालान् इन्द्रादीन् ॥ ६५ ॥

ऋष्यादिन्यास - ॐ भार्गवाय ऋषये नमः शिरसि, विराट्छन्दसे नमः मुखे, ॐ शक्तिगणाधिपदेवतायै नमः हृदये, ॐ ग्रीं बीजाय नमः गुह्ये, ॐ ह्रीं शक्तये नमः पादयोः ।

षडङ्गन्यास - ॐ ग्रां हृदयाय नमः, ॐ ग्रीं शिरसे स्वाहा, ॐ ग्रूँ शिखायै वषट्, ॐ ग्रैं कवचाय हुम, ॐ ग्रौं नेत्रत्रयाय वौषट्, ॐ ग्रः अस्त्राय फट् ॥ ६०-६१ ॥

अब इस **मन्त्र के पुरश्चरण के लिए ध्यान** कहते हैं - दाहिने हाथों में अङ्कुश एवं अक्षसूत्र बायें हाथों में विषाण (दन्त) एवं पाश धारण किए हुए तथा सूँड़ में मोदक लिए हुए, अपनी पत्नी के साथसुवर्णरचित अलङ्कारों से भूषित उदीयमान सूर्य जैसे आभा वाले गणेश की मैं वन्दना करता हूँ ॥ ६२ ॥

अब **पुरश्चरण का प्रकार** कहते हैं - इस प्रकार ध्यान कर उक्त मन्त्र का चार लाख जप करना चाहिए । तदनन्तर मधुयुक्त अपूपों से दशांश होम करना चाहिए । फिर उसका दशांश तर्पणादि करना चाहिए ॥ ६३ ॥

पूर्वोक्त पीठ पर तथा केसरों में अङ्गदेवताओं का पूजन करना चाहिए । दलों में वक्रतुण्ड आदि का तथा दल के अग्रभाग में ब्राह्मी आदि मातृकाओं का, फिर दशों दिशाओं में दश दिक्पालों का, तदनन्तर उनके आयुधों का पूजन करना चाहिए । इस प्रकार यन्त्र पर पूजन कर मन्त्र का पुरश्चरण करने से मन्त्र की सिद्धि होती है - (द्र० २. ८-१८) ॥ ६४-६५ ॥

अब गणेश प्रयोग में **विविध पदार्थों के होम का फल** कहते हैं - घृत सहित अन्न की आहुतियाँ देने से साधक अन्नवान हो जाता है, पायस के होम से लक्ष्मी प्राप्ति तथा

---

१. दन्त० ।
२. शुण्डाग्रेण ।

परमान्नैर्हुता लक्ष्मीरिक्षुदण्डैर्नृपश्रियः ।
रम्भाफलैर्नारिकेलैः पृथुकैर्वश्यता भवेत् ॥ ६६ ॥
घृतेन धनमाप्नोति लवणैर्मधुसंयुतैः ।
वामनेत्रां वशीकुर्यादपूपैः पृथिवीपतिम् ॥ ६७ ॥

अष्टाविंशत्यर्णात्मको लक्ष्मीगणेशमन्त्रः

तारो रमा चन्द्रयुक्तः खान्तः सौम्या समीरणः ।
ङेन्तो गणपतिस्तोयं रवरान्तेद सर्व च ॥ ६८ ॥
जनं मे वशमादीर्घो वायुः पावककामिनी ।
अष्टाविंशतिवर्णोऽयं मनुर्द्धनसमृद्धिदः ॥ ६६ ॥
[1]अन्तर्यामीमुनिश्छन्दो गायत्रीदेवता मनोः ।
लक्ष्मीविनायको बीजं रमा शक्तिर्वसुप्रिया ।
रमागणेशबीजाभ्यां दीर्घाढ्याभ्यां षडङ्गकम् ॥ १०० ॥

परमान्नं पायसम् ॥ ६६ ॥ वामनेत्रा नारी ॥ ६७ ॥ मन्त्रान्तरमाह – **तार इति**। तारः ॐ । रमा श्रीं चन्द्रयुक्तः खान्तः गं । समीरणो यः । तोयं वः । दीर्घो नः । वायुर्यः । पावककामिनी स्वाहा । अन्यत्स्वरूपम् ॐ श्रीं गं सौम्याय गणपतये वर वरद सर्वजनं मे वशमानय स्वाहेति अष्टाविंशत्यर्णो लक्ष्मीगणेशो मन्त्रः ॥ ६८–१०० ॥

गन्ने के होम से राज्यलक्ष्मी प्राप्त होती है । केला एवं नारिकेल द्वारा हवन करने से लोगों को वश में करने की शक्ति आती है । घी के हवन से धन प्राप्ति तथा मधु मिश्रित लवण के होम से स्त्री वश में हो जाती है । इतना ही नहीं अपूपों के होम से राजा वश में हो जाता है ॥ ६५-६७ ॥

अब **लक्ष्मी विनायक मन्त्र** कहते हैं - तार (ॐ), रमा (श्रीं) इसके बाद सानुस्वार ख के आगे वाला वर्ण (गं) फिर 'सौम्या' पद, तदनन्तर समीरण 'य', इसके बाद चतुर्थ्यन्त गणपति शब्द (गणपतये), फिर तोय (व), फिर र (वर), इसके बाद पुनः दान्त वरशब्द (वरद), तदनन्तर 'सर्वजनं मे वश' के बाद 'मा', दीर्घ (न), वायु (य) और अन्त में पावककामिनी (स्वाहा) लगाने से २८ अक्षरों का मन्त्र बनता है जो धन की समृद्धि करता है ॥ ६८-६६ ॥

विमर्श - मन्त्र का स्वरूप इस प्रकार है - ॐ श्रीं गं सौम्याय गणपतये वर वरद सर्वजनं मे वशमानय स्वाहा ॥ ६८-६६ ॥

इस मन्त्र के अन्तर्यामी ऋषि हैं, गायत्री छन्द है, लक्ष्मीविनायक देवता हैं रमा (श्रीं) बीज है तथा स्वाहा शक्ति है । रमा (श्रीं) गणेश (गं) में ६ दीर्घ वर्णो को लगा कर षडङ्गन्यास करना चाहिए ॥ १०० ॥

विमर्श - विनियोग का स्वरूप - अस्य श्रीलक्ष्मीविनायकमन्त्रस्य अन्तर्यामीऋषिः

ध्यानकथनम्

दन्ताभये चक्रदरौ दधानं
करााग्रगस्वर्णघटं त्रिनेत्रम् ।
धृताब्जया लिङ्गितमब्धिपुत्र्या
लक्ष्मीगणेशं कनकाभमीडे ॥ १०१॥

पुरश्चरणकथनम्

चतुर्लक्षं जपेन्मन्त्रं समिद्भिर्बिल्वशाखिनः ।
दशांशं जुहुयात् पीठे पूर्वोक्ते तं प्रपूजयेत् ॥ १०२ ॥
आदावङ्गानि सम्पूज्य शक्तिरष्टविमा यजेत् ।
बलाका विमला पश्चात् कमला वनमालिका ॥ १०३ ॥
विभीषिका मालिका च शाङ्करी वसुबालिका ।
शंखपद्मनिधी पूज्यौ पार्श्वयोर्दक्षवामयोः ॥ १०४ ॥
लोकाधिपांस्तदस्त्राणि तद्बहिः परिपूजयेत् ।
एवं सिद्धे मनौ मन्त्री प्रयोगान्कर्त्तुमर्हति ॥ १०५ ॥

षडङ्गमाह – **रमेति** । श्रीं गां हृत्, श्रीं गीं शिरः, श्रीं गुं शिखेत्यादि । ध्यानमाह – **दन्तेति** । दन्तशङ्खौ दक्षयोः । अभयचक्रे वामयोः । शुण्डाग्रे स्वर्णकुम्भः ॥ १०१ ॥ *॥ १०२–१०५ ॥

गायत्रीछन्दः लक्ष्मीविनायको देवता श्रीं बीजं स्वाहा शक्तिः आत्मनोभीष्टसिद्ध्यर्थे जपे विनियोगः ।

ऋष्यादिन्यास - ॐ अन्तर्यामीऋषये नमः शिरसि, गायत्रीछन्दसे नमः मुखे, लक्ष्मीविनायकदेवतायै नमः हृदि, श्री बीजाय नमः गुह्ये, स्वाहा शक्तये नमः पादयोः।

षडङ्गन्यास - ॐ श्रीं गां हृदयाय नमः, ॐ श्रीं गीं शिरसे स्वाहा,
ॐ श्रीं गूं शिखायै वषट्, ॐ श्रीं गैं कवचाय हुम,
ॐ श्रीं गौं नेत्रत्रयाय वौषट्, ॐ श्रीं गः अस्त्राय फट् ॥ १०० ॥

अब इस **मन्त्र का ध्यान** कहते हैं - अपने दाहिने हाथ में दन्त एवं शङ्ख तथा बायें हाथ में अभय एवं चक्र धारण किये हुये सूँड़ के अग्र भाग में सुवर्ण निर्मित घट लिए हुये हाथ में कमल धारण करने वाली महालक्ष्मी द्वारा आलिङ्गित, तीनों नेत्रों वाले सुवर्ण के समान आभा वाले लक्ष्मी गणेश की मैं वन्दना करता हूँ ॥ १०१ ॥

अब उक्त मन्त्र के **पुरश्चरण की विधि** कहते हैं - उपर्युक्त २८ अक्षरों वाले लक्ष्मीविनायक मन्त्र का चार लाख जप करना चाहिए । तदनन्तर बिल्ववृक्ष की लकड़ी में दशांश होम करना चाहिए । पूर्वोक्त पीठ पर लक्ष्मीविनायक का पूजन करना चाहिए ।

प्रयोगकथनम्

उरो मात्रे जले स्थित्वा मन्त्री ध्यात्वार्कमण्डले ।
एवं त्रिलक्षं जपतो धनवृद्धिः प्रजायते ॥ १०६ ॥
विल्वमूलं समास्थाय तावज्जप्ते फलं हि तत् ।
अशोककाष्ठैर्ज्वलिते वह्नावाज्याक्ततण्डुलैः ॥ १०७ ॥
होमतो वशयेद्विश्वमर्ककाष्ठं शुचावपि ।
खादिराग्नौ नरपतिं लक्ष्मीं पायसहोमतः ॥ १०८ ॥

तावत्त्रिलक्षं तत्फलं धनवृद्धिः ॥ १०६–१०८ ॥

सर्वप्रथम अङ्गपूजा करे । तदनन्तर इन आठ शक्तियों की पूजा करनी चाहिए; १. बलाका, २. विमला, ३. कमला, ४. वनमालिका, ५. विभीषिका, ६. मालिका, ७. शाङ्करी एवं ८. वसुबालिका - ये आठ शक्तियाँ हैं । तदनन्तर दाहिने एवं बायें भाग में क्रमशः शंखनिधि एवं पद्मनिधि का पूजन करना चाहिए । उनके बाहरी भाग में लोकपालों एवं उनके आयुधों का पूजन करना चाहिए । इस प्रकार पुरश्चरण करने के उपरान्त मन्त्र सिद्ध हो जाने पर मन्त्रवेत्ता अन्य काम्य प्रयोगों को कर सकता है ॥ १०२-१०५ ॥

विमर्श - प्रयोग विधि - १०१ श्लोकोक्त ध्यान के अनन्तर मानसोपचारों से पूजन कर गणेशोक्त पीठपूजा करे (द्र० २. ६-१०) । तदनन्तर लक्ष्मी विनायक के मूलमन्त्र का उच्चारण कर पीठ पर उनकी मूर्ति की कल्पना करनी चाहिए । तदनन्तर ध्यान, आवाहनादि पञ्च पुष्पाञ्जलि समर्पित कर आवरण पूजा इस प्रकार करनी चाहिए -

सर्वप्रथम ॐ श्रीं गां हृदयाय नमः, ॐ शिरसे स्वाहा, ॐ श्रीं गूं शिखायै वषट्, ॐ श्रीं गैं कवचाय हम्प, ॐ श्रीं गौं नेत्रत्रयाय वौषट्, ॐ श्रीं गः अस्त्राय फट् से षडङ्गन्यास कर अष्टदलों में पूर्वादि दिशाओं के क्रम से बलाकायै नमः से ले कर वसुबालिकायै नमः पर्यन्त अष्टशक्तियों की पूजा करनी चाहिए । तदनन्तर दाहिनी ओर ॐ शङ्खनिधये नमः तथा बाईं ओर ॐ पद्मनिधये नमः इन मन्त्रों से अष्टदल के दोनों भाग में दोनों निधियों का पूजन कर दलाग्रभाग में इन्द्राय नमः इत्यादि मन्त्रों से इन्द्रादि दशदिक्पालों का फिर उसके भी अग्रभाग में वज्राय नमः इत्यादि मन्त्रों से उनके आयुधों की पूजा करनी चाहिए । तदनन्तर मूल मन्त्र का जप एवं उत्तर पूजन की क्रिया करनी चाहिए । जैसा की उपर कहा गया है मूल मन्त्र की जप संख्या चार लाख है । उसका दशांश हवन बिल्ववृक्ष की समिधाओं से करना चाहिए । फिर दशांश तर्पण, तद्दशांश मार्जन, फिर उसका दशांश ब्राह्मण भोजन कराने से मन्त्र सिद्ध हो जाता है और मन्त्रवेत्ता काम्य प्रयोग का अधिकारी होता है ॥ १०२-१०५ ॥

अब उक्त मन्त्र का **काम्य प्रयोग** कहते हैं - हृदय पर्यन्त जल में खड़े हो कर सूर्यमण्डल में लक्ष्मी विनायक का ध्यान कर तीन लाख की संख्या में जप करे तो धन की

त्रयस्त्रिंशद्वर्णात्मकस्त्रैलोक्यमोहनो गणेशमन्त्रः

वक्रकर्णेन्दुयुग् णान्तो डैकदंष्ट्राय मन्मथः ।
माया रमा गजमुखो गणपान्ते भगी हरिः ॥ १०९ ॥
वरवालाग्निसत्याः सरेफारूढं जलं स्थिरा ।
सेन्दुर्मेषो मे वशान्ते मानयोषर्बुधप्रिया ॥ ११० ॥
स्यात्त्रयस्त्रिंशदर्णाढ्यो मनुस्त्रैलोक्यमोहनः ।
गणकोऽस्य[1] ऋषिश्छन्दो गायत्रीदेवता पुनः ॥ १११ ॥
त्रैलोक्यमोहनकरो गणेशो भक्तसिद्धिदः ।
रविवेदशरोदन्वद् रसनेत्रैः षडङ्गकम् ॥ ११२ ॥

त्रैलोक्यमोहनगणेशमन्त्रमाह – **वक्रेति** । स्वरूपम् । णान्तस्तः। कर्णेन्दुयुक्। उबिन्दुयुतः । मन्मथः क्लीं, माया ह्रीं, रमा श्रीं, गजमुखो गं । भगीहरिः एयुतस्तः । बालो वः । अग्नी रः । सत्यो दः । रेफारूढजलं र्व । स्थिरा जः। सेन्दुर्मेषः नं । उषर्बुधप्रिया स्वाहा । स्वरूपमन्यत् । यथा – वक्रतुण्डैकदंष्ट्राय क्लीं ह्रीं श्रीं गं गणपते वर वरद सर्वजनं मे वशमानय स्वाहेति त्रयस्त्रिंशद्वर्णाः ॥ १०९–१११ ॥ षडङ्गमाह – **रवीति** । उदन्वन्तश्चत्वारः॥ ११२ ॥

अभिवृद्धि होती है यही फल बिल्ववृक्ष के मूलभाग में बैठ कर उतनी ही संख्या में जप करने से प्राप्त होता है । अशोक की लकड़ी से प्रज्वलित अग्नि में घृताक्त चावलों के होम से सारा विश्व वश में हो जाता है । खादिर की लकड़ी से प्रज्वलित निर्मल अग्नि में आक की समिधाओं से होम करने से राजा भी वश में हो जाता है । उपर्युक्त मन्त्र द्वारा पायस के होम से महालक्ष्मी प्रसन्न हो जाती है ॥ १०६-१०८ ॥

अब **त्रैलोक्यमोहनगणपति मन्त्र** कहते हैं -

वक्र फिर कर्णेन्दु सहित णकारान्त त अर्थात् (तुण्) फिर 'ऐकदंष्ट्राय' यह पद तदनन्तर मन्मथ (क्लीं) माया (ह्रीं), रमा (श्रीं) गजमुख (गं), फिर 'गणप' तदनन्तर भगीहरि (ते) फिर 'वर' फिर बाल (व), अग्नि (र), सत्य (द) (वरद), फिर स, तदनन्तर रेफारूढ़ जल (र्व), तदनन्तर स्थिरा (ज), सेन्दुमेष (नं) फिर 'मे वशमानय' तदनन्तर उषर्बुधक्रिया (स्वाहा) लगाने से भक्तों को सिद्धिप्रदान करने वाला त्रैलोक्य मोहन मन्त्र निष्पन्न हो जाता है। यह मन्त्र ३३ अक्षरों का होता है - इस मन्त्र के गणक ऋषि हैं, गायत्री छन्द है तथा भक्तों को सिद्धिप्रदान करने वाले एवं त्रैलोक्य को मोहित करने वाले, श्री गणेश देवता है । इस मन्त्र के क्रमशः १२, ४, ५, ४, एवं ६ और २ अक्षरों से षडङ्गन्यास करना चाहिए ॥ १०९-११२ ॥

विमर्श - इस **मन्त्र का स्वरूप** इस प्रकार है - वक्रतुण्डैकदंष्ट्राय क्लीं ह्रीं श्रीं गं गणपते वरवरद सर्वजनं मे वशमानय स्वाहा ।

ध्यानकथनम्

गदाबीजपूरे धनुः शूलचक्रे
सरोजोत्पले पाशधान्याग्रदन्तान् ।
करैः सन्दधानं स्वशुण्डाग्रराजन्
मणीकुम्भमङ्काधिरूढं स्वपत्न्या ॥ ११३ ॥
सरोजन्मनाभूषणानाम्भरेणो –
ज्ज्वलद्धस्ततन्व्यासमालिङ्गिताङ्गम् ।
करीन्द्राननं चन्द्रचूडं त्रिनेत्रं
जगन्मोहनं रक्तकान्तिं भजेत्तम् ॥ ११४ ॥

पुरश्चरणकथनम्

वेदलक्षं जपेन्मन्त्रमष्टद्रव्यैर्दशांशतः ।
हुत्वा पूर्वोदितं पीठे पूजयेद् गणनायकम् ॥ ११५ ॥

ध्यानमाह – **गदेति** । गदाबीजपूरशूलचक्रपद्मानि दक्षेषु अन्यान्यन्येषु । धान्याग्रं व्रीहिमञ्जरी ॥ ११३ ॥ किं भूतया पत्न्या । सरोजन्मनापद्मेन भूषणसमूहेन च क्रमात् । ज्वलन् दीप्यमानो हस्तो ज्वलन्ती तनुश्च यस्यास्तया ॥ ११४–११७ ॥

विनियोग विधि - ॐ अस्य श्रीत्रैलोक्यमोहनमन्त्रस्य गणकऋषिर्गायत्री छन्दो भक्तेष्ट सिद्धिदायकत्रैलोक्यमोहनकारको गणपतिर्देवता आत्मनोभीष्टसिद्ध्यर्थे जपे विनियोगः ।

षडङ्गन्यास - ॐ वक्रतुण्डैकदंष्ट्राय क्लीं ह्रीं श्रीं गं हृदयाय नमः,
ॐ गणपते शिरसे स्वाहा, ॐ वरवरद शिखायै वषट्,
ॐ सर्वजनं कवचाय हुम, ॐ मे वशमानय नेत्रत्रयाय वौषट्, ॐ स्वाहा अस्त्राय फट्
तदनन्तर आगे कहे गए ११३वें मन्त्र से ध्यान करना चाहिए ॥ १०९-११२ ॥

अब त्रैलोक्यमोहन गणपति का ध्यान कहते हैं - अपने दाहिने हाथों में गदा, बीजपूर, शूल, चक्र एवं पद्म तथा बायें हाथों में धनुष, उत्पल, पाश, धान्यमञ्जरी (धान के अग्रभाग में रहने वाली बाल) एवं दन्त धारण किए हुए जिन गणेश के शुण्डाग्रभाग में मणिकलश शोभित हो रहा है जिनका श्री अङ्ग कमल एवं आभूषणों से जगमगाती हुई अतएव उज्वल वर्णवाली अपनी गोद में बैठी हुई पत्नी से आलिङ्गित हैं - ऐसे त्रिनेत्र, हाथी के समान मुख वाले, सिर पर चन्द्रकला धारण किए हुए, तीनों लोकों को मोहित करने वाले, रक्तवर्ण की कान्ति से युक्त श्री गणेशजी का मैं ध्यान करता हूँ ॥ ११३-११४ ॥

अब इस मन्त्र से **पुरश्चरण विधि** कहते हैं - उक्त मन्त्र का चार लाख जप करना चाहिए तथा अष्टद्रव्यों (द्र० २. ८) से जप का दशांश होम करना चाहिए । इसके अनन्तर पूर्वोक्त पीठ पर (द्र० २. ६) श्री गणेश जी की पूजा करनी चाहिए । अङ्गन्यास

अङ्गाच्चौ पूर्ववत्प्रोक्ता शक्तीः पत्रेषु पूजयेत्।
वामा ज्येष्ठा च रौद्री स्यात्काली कलपदादिका ॥ ११६ ॥
विकरिण्याह्वया तद्वद्बलाद्या प्रमथन्यपि।
सर्वभूतदमन्याख्या मनोन्मन्यपि चाग्रतः ॥ ११७ ॥
दिक्षु प्रमोदः सुमुखो दुर्मुखो विघ्ननाशकः।
दीर्घाद्या मातरः पूज्या इन्द्राद्या आयुधान्यपि ॥ ११८ ॥
एवं सिद्धे मनौ कुर्यात्प्रयोगानिष्टसिद्धये।

काम्यप्रयोगकथनम्

वशयेत्कमलैर्भूपान्मन्त्रिणः कुमुदैर्हुतैः ॥ ११९ ॥

दीर्घाद्या मातरः। आं ब्राह्म्यै नमः। ईं माहेश्वर्यै नम इत्यादि ॥ ११८–११९ ॥

का विधान भी पूर्ववत् (द्र० २. १४) है। दलों पर शक्तियों की पूजा करनी चाहिए । १. वामा, २. ज्येष्ठा, ३. रौद्री, ४. कलकाली, ५. बलविकरिणी, ६. बलप्रमथिनी, ७. सर्वभूतदमनी और ८. मनोन्मनी ये आठ शक्तियाँ हैं । पुनः आगे चारों दिशाओं में पूर्वादिक्रम से प्रमोद, सुमुख, दुर्मुख, विघ्ननाशक, का पूजन करना चाहिए । तदनन्तर आं ब्राह्म्यै नमः, ईं माहेश्वर्यै नमः इत्यादि अष्टमातृकाओं के आदि में (द्र० २. ३६) षड्दीर्घाक्षर लगा कर उनका पूजन करना चाहिए । तदनन्तर इन्द्रादि दिक्पालों का, पुनः उनके वज्र आदि आयुधों का पूजन करना चाहिए । इस प्रकार पुरश्चरण द्वारा मन्त्र की सिद्धि हो जाने पर अभीष्ट सिद्धि के लिए काम्य प्रयोग करना चाहिए ॥ ११५–११९ ॥

विमर्श – प्रयोग विधि – श्लोक ११३-११४ के अनुसार त्रैलोक्यमोहन गणपति का ध्यान कर मानसोपचारों से पूजन कर अर्घ्य स्थापित करे । पश्चात पीठ एवं पीठदेवता का पूजन कर मूलमन्त्र से त्रैलोक्यमोहन गणेश की मूर्ति की कल्पना कर उनका ध्यान करते हुए आवाहनादि से लेकर पुष्पाञ्जलि समर्पण पर्यन्त समस्त कार्य करना चाहिए । इस मन्त्र का अङ्गन्यास पूर्व में (द्र० २. ११२) में कहा जा चुका है । तदनन्तर आठ दलों पर वामायै नमः से ले कर मनोन्मन्ये नमः पर्यन्त आठ शक्तियों की पूजा करनी चाहिए । तदनन्तर पूर्वादि चारों दिशाओं में प्रमोद सुमुख, दुर्मुख और विघ्ननाशक इन चार नामों के अन्त में चतुर्थ्यन्तयुक्त नमः शब्द लगा कर पूजन करना चाहिए । फिर दल के अग्रभाग में ब्राह्मी आदि अष्ट मातृकाओं की क्रमशः आदि में ६ दीर्घों से युक्त कर तथा अन्त में चतुर्थ्यन्तयुक्त नमः लगा कर पूजा करे (द्र० २. ३६) । फिर दलों के बाहर इन्द्रादि दश दिक्पालों का तथा उनके वज्रादि आयुधों का (द्र० २. ३९) पूजन करना चाहिए। इस प्रकार आवरण पूजा कर धूप दीपादिविसर्जनान्त समस्त क्रिया संपन्न करनी चाहिए, फिर जप करना चाहिए । ऐसा प्रतिदिन करते हुए जब चार लाख जप पूरा हो जावे तब अष्टद्रव्यों से उसका दशांश होम, होम का दशांश तर्पण, तर्पण का दशांश मार्जन तथा

समिद्वरैश्चलदलसमुद्भूतैर्धरासुरान् ।
उदुम्बरोत्थैर्नृपतीन् प्लक्षैर्वाटैर्विशोऽन्तिमान् ॥ १२० ॥
क्षौद्रेण कनकप्राप्तिर्गोप्राप्तिः पयसा गवाम् ।
ऋद्धिर्दध्योदनैरन्नं घृतैः श्रीर्वेतसैर्जलम् ॥ १२१ ॥

द्वात्रिंशद्वर्णात्मको हरिद्रागणेशमन्त्रः

तारो वर्म गणेशो भूर्हरिद्रागणलोहितः ।
आषाढी येवरवरसत्यः सर्वजतर्जनी ॥ १२२ ॥
हृदयं स्तम्भयद्वन्द्वं वल्लभां स्वर्णरेतसः ।
द्वात्रिंशदक्षरो मन्त्रो मदनो[1] मुनिरीरितः ॥ १२३ ॥

चलदलोऽश्वत्थस्तस्य समिद्भिः धरासुरान् विप्रान् वशयेत् । औदुम्बरसमिद्भिर्नृपतीन् वशयेत् । प्लक्षसमिद्भिर्वैश्यान् । वटजाभिरन्तिमान् शूद्रान् ॥ १२०–१२१ ॥ हरिद्रागणेशमनुमाह – **तार इति** । तार ॐ । वर्म हुं । गणेशो गं भूः ग्लौं। लोहितः प । आषाढी तः । सत्यो दः। तर्जनी नः स्वर्गरितसो वल्लभा स्वाहा। स्वरूपमन्यत् । यथा – ॐ हुं गं ग्लौं हरिद्रागणपतये वरवरद सर्वजनहृदयं स्तम्भय स्तम्भय स्वाहेति द्वात्रिंशद्वर्णः ॥ १२२–१२३ ॥

मार्जन का दशांश ब्राह्मण भोजन कराने पर मन्त्र सिद्ध हो जाता है और साधक काम्य प्रयोग का अधिकारी हो जाता है ॥ ११५-११६ ॥

अव इस मन्त्र से **काम्य प्रयोग** कहते हैं - कमलों के हवन से राजा तथा कुमुद पुष्पों के होम से उसके मन्त्री को वश में किया जा सकता है । पीपल की समिधाओं के हवन से ब्राह्मणों को, उदुम्बर की समिधाओं के हवन से क्षत्रियों को, प्लक्ष समिधाओं के हवन से वैश्यों को तथा वट वृक्ष की समिधाओं के हवन से शूद्रों को वश में किया जा सकता है । इसी प्रकार क्षौद्र (मुनक्का) के होम से सुवर्ण, गो दुग्ध के हवन से गौवें, दधि मिश्रित चरु के हवन से ऋद्धि, घी की आहुति से अन्न एवं लक्ष्मी की तथा वेतस की आहुतियों से सुवृष्टि की प्राप्ति होती है ॥ ११८-१२१ ॥

अब **हरिद्रागणपति के मन्त्र का उद्धार** कहते हैं -

तार (ॐ), वर्म (हुम्), गणेश (गं), भू (ग्लौं), इन बीजाक्षरों के अनन्तर 'हरिद्रागण' पद, इसके बाद लोहित (प), आषाढी (त), तदनन्तर 'ये', फिर 'वर वर' के अनन्तर सत्य (द), फिर 'सर्वज' पद, तदनन्तर तर्जनी (न), फिर 'हृदयं स्तम्भय स्तम्भय', फिर अन्त में अग्निवल्लभा (स्वाहा) लगाने से बत्तीस अक्षरों का हरिद्रागणपति मन्त्र निष्पन्न होता है ॥ १२२-१२३ ॥

विमर्श - इस **मन्त्र का स्वरूप** इस प्रकार है - 'ॐ हुं गं ग्लौं हरिद्रागणपतये वरवरद सर्वजनहृदयं स्तम्भय स्तम्भय स्वाहा' ॥ १२२-१२३ ॥

छन्दोऽनुष्टुब् देवता तु हरिद्रागणनायकः ।
वेदाष्टशरसप्ताङ्गनेत्रार्णैरङ्गमीरितम् ॥ १२४ ॥

ध्यानकथनम्

पाशांकुशौ मोदकमेकदन्तं
करैर्दधानं कनकासनस्थम् ।
हारिद्रखण्डप्रतिमं त्रिनेत्रं
पीतांशुकं रात्रिगणेशमीडे ॥ १२५ ॥

पुरश्चरणकथनम्

वेदलक्षं जपित्वान्ते हरिद्राचूर्णमिश्रितैः ।
दशांशं तण्डुलैर्हुत्वा ब्राह्मणानपि भोजयेत् ॥ १२६ ॥
पूर्वोक्तपीठे प्रयजेदङ्गमातृदिशाधवैः ।
एवमाराधितो मन्त्रस्सिद्धो यच्छेन्मनोरथान् ॥ १२७ ॥

षडङ्गमाह – **वेदेति** ॥ १२४ ॥ ध्यानमाह – **पाशेति** । अंकुशमोदकौ दक्षयोः पाशदन्तावन्ययोः । रात्रिगणेशो हरिद्रागणपतिः ॥ १२५ ॥ *॥ १२६–१२९ ॥

इस मन्त्र के मदन ऋषि, अनुष्टुप् छन्द और हरिद्रागणनायकदेवता कहे गये हैं। मन्त्र के क्रमशः ४, ८, ५, ७, ६ और दो अक्षरों से षडङ्गन्यास बतलाया गया है ॥ १२४॥

विमर्श - विनियोग विधि - ॐ अस्य श्रीहरिद्रागणनायकमन्त्रस्य मदनऋषिः अनुष्टुप्छन्दः हरिद्रागणनायको देवता आत्मनोऽभीष्टसिद्ध्यर्थे जपे विनियोगः ।

षडङ्गन्यास विधि - ॐ हुं गं ग्लौं हृदयाय नमः, ॐ हरिद्रागणपतये शिरसे स्वाहा, वरवरद शिखायै वषट्, सर्वजनहृदयं कवचाय हुम्, स्तम्भय स्तम्भय नेत्रत्रयाय वौषट्, स्वाहा अस्त्राय फट् ॥ १२४ ॥

अब **हरिद्रागणपति का ध्यान** कहते हैं -

जो अपने दाहिने हाथों में अङ्कुश और मोदक तथा बायें हाथों में पाश एवं दन्त धारण किये हुए सुवर्ण के सिंहासन पर स्थित हैं - ऐसे हल्दी जैसी आभा वाले, त्रिनेत्र तथा पीत वस्त्रधारी हरिद्रागणपति की मैं वन्दना करता हूँ ॥ १२५ ॥

अब इस मन्त्र की **पुरश्चरण विधि** कहते हैं -

हरिद्रागणपति के मन्त्र का चार लाख जप कर पिसी हल्दी को चावलों में मिश्रित करके दशांश का होम करना चाहिए (तथा होम के दशांश से तर्पण और उसके दशांश से मार्जन, फिर उसका दशांश) ब्राह्मण भोजन कराना चाहिए ॥ १२६ ॥

पूर्वोक्त विधि से पीठ पर अङ्गपूजा, मातृका पूजन तथा दिक्पाल आदि का पूजन करना चाहिए । इस प्रकार पुरश्चरण करने पर पूर्वोक्त मन्त्र (द्र०. २. १२२-१२३)

काम्यप्रयोगकथनम्

शुक्लपक्षे चतुर्थ्यां तु कन्यापिष्टहरिद्रया ।
विलिप्याङ्गं जले स्नात्वा पूजयेद् गणनायकम् ॥ १२८ ॥
तर्पयित्वा पुरस्तस्य सहस्रं साष्टकं जपेत् ।
शतं हुत्वा घृतापूपैर्भोजयेद् ब्रह्मचारिणः ॥ १२९ ॥
कुमारीरपि सन्तोष्य गुरुं प्राप्नोति वाञ्छितम् ।
लाजैः कन्यामवाप्नोति कन्यापि लभते वरम् ॥ १३० ॥
वन्ध्यानारी रजः स्नाता पूजयित्वा गणाधिपम् ।
पलप्रमाणगोमूत्रे पिष्टाः सिन्धुवचानिशाः[1] ॥ १३१ ॥
सहस्रं मन्त्रयेत्कन्याबटून्सम्भोज्य मोदकैः ।
पीत्त्वा तदौषधं पुत्रं लभते गुणसागरम् ॥ १३२ ॥

कुमारीरपीति । भोजयेदित्यनेनान्वेति ॥ १३०–१३३ ॥

समस्त मनोवाञ्छित वस्तु प्रदान करता है ॥ १२७ ॥

विमर्श – प्रयोग विधि – सर्वप्रथम १२५ श्लोक के अनुसार हरिद्रागणेश का ध्यान करना चाहिए । तदनन्तर मानसपूजा एवं अर्घ्यस्थापन करना चाहिए । तत्पश्चात् पीठपूजा एवं केशरों के मध्य में तीव्रादि पीठ देवताओं का पूजन कर मूल मन्त्र से हरिद्रागणपति की मूर्ति की कल्पना कर पुनः ध्यान करना चाहिए । तदनन्तर आवाहन से ले कर पञ्चपुष्पाञ्जलि पर्यन्त पूजन करना चाहिए । फिर **कर्णिकाओं में** पूर्वादि दिशाओं के क्रम से क्रमशः ॐ गणाधिपतये नमः, ॐ गणेशाय नमः, ॐ गणनायकाय नमः, ॐ गणक्रीडाय नमः – से पूजन करना चाहिए । फिर **केशरों में** 'ॐ हूं गं ग्लौं हृदयाय नमः' इत्यादि मन्त्रों से षडङ्गन्यास और अङ्गपूजा करनी चाहिए । तदनन्तर पद्मदलों पर वक्रतुण्ड आदि अष्टगणपतियों का पूजन करना चाहिए । दलों के अग्रभाग में ब्राह्मी आदि अष्टमातृकाओं का, फिर दलों के बहिर्भाग में इन्द्रादि दश दिक्पालों का तथा उसके भी बाहर उनके वज्रादि आयुधों का पूजन कर धूप दीपादि पर्यन्त समस्त क्रिया संपन्न करनी चाहिए ॥ १२७ ॥

अब **हरिद्रागणपति मन्त्र का काम्य प्रयोग** कहते हैं –

शुक्ल पक्ष की चतुर्थी को कन्या द्वारा पीसी गई हल्दी से अपने शरीर में लेप करे। तदनन्तर जल में स्नान कर गणपति का पूजन करे । फिर गणेश के आगे स्थित हो तर्पण करे और उनके सम्मुख १००८ की संख्या में जप करे । फिर घी और मालपूआ से १०० आहुतियाँ देकर ब्रह्मचारियों को भोजन करावे तथा कुमारियों एवं स्वगुरु को भी संतुष्ट करे तो साधक अपना अभीष्ट प्राप्त कर लेता है ॥ १२८-१३० ॥

लाजाओं के होम से उत्तम वधू तथा कन्या को भी अनुरूप वर की प्राप्ति होती है।

---

१. हरिद्रा ।

वाणीस्तम्भं रिपुस्तम्भं कुर्यान्मनुरुपासितः ।
जलाग्निचौरसिंहास्त्रप्रमुखानपि रोधयेत् ॥ १३३ ॥

बीजमन्त्रकथनम्

शार्ङ्गीमांसस्थितः सेन्दुर्बीजमुक्तं गणेशितुः ।
हरिद्राख्यस्य यजनं पूर्ववत्प्रोदितं मनोः ॥ १३४ ॥

मन्त्रान्तरमाह – **शार्ङ्गीति** । शार्ङ्गी गः । मांसस्थितः लकारस्थः । ग्लमिति

बन्ध्या स्त्री ऋतुस्नान के पश्चात् गणेश जी का पूजन कर एक पल (चार तोला) गोमूत्र में दूधवच एवं हल्दी पीस कर उसे १००० बार हरिद्रागणपति के मन्त्र से अभिमन्त्रित करे, फिर कन्या एवं वटुकों को लड्डू खिला कर स्वयं उस औषधि का पान करे तो उसे गुणवान् पुत्र की प्राप्ति होती है । इतना ही नहीं इस मन्त्र की उपासना से वाणी स्तम्भन एवं शत्रुस्तम्भन भी हो जाता है तथा जल, अग्नि, चोर, सिंह एवं अस्त्र आदि का प्रकोप भी रोका जा सकता है ॥ १३०-१३३ ॥

अव **हरिद्रागणेश का अन्य मन्त्र** कहते हैं -

शार्ङ्गी (ग), मांसस्थित (ल), इन दोनों में अनुस्वार लगाने से हरिद्रागणपति का बीजमन्त्र (ग्लं) यह पूर्व में बतलाया जा चुका है । इस मन्त्र का पुरश्चरण भी पूर्वोक्त विधि से करना चाहिए ॥ १३४ ॥

विमर्श - विनियोग - ॐ अस्य श्रीहरिद्रागणपतिमन्त्रस्य वशिष्ठऋषिः गायत्रीछन्दः हरिद्रागणपतिर्देवता गं बीजं लं शक्तिः आत्मनोऽभीष्टसिद्ध्यर्थे जपे विनियोगः ।

षडङ्गन्यास - ॐ गां हृदयाय नमः, ॐ गीं शिरसे स्वाहा, ॐ गूं शिखायै वषट्, ॐ गैं कवचाय हुम्, ॐ गौं नेत्रत्रयाय वौषट्, ॐ गः अस्त्राय फट् ।

हरिद्रागणपति का ध्यान - हरिद्राभं चतुर्बाहुं हरिद्रावसनं विभुम् ।
पाशाङ्कुशधरं देवं मोदकं दन्तमेव च ॥

हल्दी के समान पीत वर्ण की आभा वाले, चार हाथों वाले, पीत वर्ण के वस्त्र को धारण करने वाले, व्याप्त, पाश एवं अङ्कुश अपने दाहिने हाथों में धारण करने वाले तथा मोदक एवं दन्त अपने बाएँ हाथों में धारण करने वाले हरिद्रागणेश का मैं ध्यान करता हूँ ।

इस प्रकार ध्यान करने के उपरान्त मानसोपचारपूजन, अर्घ्यस्थापन, पीठपूजा, तीव्रादि पीठशक्तियों की पूजा, अङ्गपूजा एवं आवरण पूजादि समस्त कार्य पूर्वोक्त रीति से संपन्न करना चाहिए । चार लाख जप पूर्ण करने के पश्चात् घी, मधु, शर्करा एवं हरिद्रा मिश्रित तण्डुलों से दशांश होम, तद्दशांश तर्पण, तद्दशांश मार्जन और तद्दशांश ब्राह्मण भोजन करा कर पुरश्चरण की क्रिया पूर्ण करनी चाहिए ॥ १३४ ॥

प्रोक्ता एते गणेशस्य मन्त्रा इष्टमभीप्सता।
गोपनीया न दुष्टेभ्यो वदनीयाः कथञ्चन॥ १३५॥

॥ इति श्रीमन्महीधरविरचिते मन्त्रमहोदधौ गणेशमन्त्र–
कथनं नाम द्वितीयस्तरङ्गः ॥ २ ॥

बीजं । हरिद्रागणपतेः पूजनं पूर्ववत् ॥ १३४ ॥ *॥ १३५॥

इति श्रीमन्महीधरविरचितायां मन्त्रमहोदधिव्याख्यायां नौकायां
गणेशमन्त्रकथनं नाम द्वितीयस्तरङ्गः ॥ २ ॥

अब **उपसंहार** करते हुये ग्रन्थकार कहते हैं कि - मनोभीष्ट फल देने वाले गणेश जी के मन्त्रों को हमने कहा । ये मन्त्र दुष्ट जनों से सर्वदा गोपनीय रखने चाहिए तथा उन्हें कभी भी इनका उपदेश (कानों में मन्त्र देना) नहीं करना चाहिए ॥ १३५ ॥

॥ इस प्रकार श्रीमन्महीधर विरचित मन्त्रमहोदधि के द्वितीय तरङ्ग की महाकवि पं० रामकुबेर मालवीय के द्वितीय आत्मज डॉ० सुधाकर मालवीय कृत 'अरित्र' नामक हिन्दी व्याख्या पूर्ण हुई ॥ २ ॥

अथ तृतीयः तरङ्गः

अथ कालीमनून् वक्ष्ये सद्यो वाक्सिद्धिदायकान् ।
आराधितैर्यैः सर्वेष्टं प्राप्नुवन्ति जना भुवि ॥ १ ॥

कालिकाया द्वाविंशत्यर्णात्मको मन्त्रः

कोधीशत्रितयं वह्निवामाक्षिविधुभिर्युतम् ।
वराहद्वितयं वामकर्णचन्द्रसमन्वितम् ॥ २ ॥

---

* नौका *

कालीमन्त्रान् वक्तुं प्रतिजानीते – **अथेति** ॥ १ ॥ मन्त्रमुद्धरति – **क्रोधीशेति । क्रोधीशः कः** । तस्य त्रयं वह्निवामाक्षिविधुभिः रेफईकारानुस्वारैर्युतम् । तेन क्रीं क्रीं क्रीं । वराहो हः । वामकर्ण ऊं । दक्षिणे स्वरूपम् । सृष्टिः कः । दीर्घा आकारयुता । क्रिया लः । सदृक् इयुतः लिः । चक्री कः । झिंटीशमारूढः एयुत के । प्रागुक्तं आदावुक्तं बीजानां सप्तकम् । वह्निप्रिया स्वाहा । यथा – क्रीं क्रीं क्रीं हूँ हूँ ह्रीं ह्रीं दक्षिणे कालिके क्रीं क्रीं क्रीं हूँ हूँ ह्रीं ह्रीं स्वाहेति ॥ २ ॥ * ॥ ३–४ ॥

---

* अरित्र *

अब सद्यः वाक्सिद्धि प्रदान करने वाले काली के मन्त्रों को कहता हूँ, जिनके द्वारा आराधना करने से मनुष्य इस भूलोक में अपना समस्त अभीष्ट प्राप्त कर लेता है ॥ १ ॥

सर्वप्रथम **दक्षिणकाली मन्त्र का उद्धार** कहते हैं -

वह्नि (र), वामाक्षि (ई) एवं विधु (र) के साथ अनुस्वार तथा क्रोधीश (क) अर्थात् क्रीं इसकी तीन आवृत्ति, वामकर्ण (ऊ) एवं चन्द्रमा (अनुस्वार) सहित वराह (ह) अर्थात् हूँ की आवृत्ति, फिर माया युग्म (ह्रीं ह्रीं), तदनन्तर दक्षिणे, दीर्घसृष्टि (का), सदृक् क्रिया (लि) और झिण्टीश (ए) के सहित चक्री (क अर्थात् के) तदनन्तर पुनः पूर्वोक्त सात बीज - क्रीं

मायायुग्मं दक्षिणे च दीर्घासृष्टिः सदृक् क्रिया।
चक्रीझिण्टीशमारूढः प्रागुक्तं बीजसप्तकम्॥ ३॥
मन्त्रो वह्निप्रियान्तोऽयं द्वाविंशत्यक्षरो मतः।
न चात्र सिद्धसाध्यादिशोधनं मनसापि च॥ ४॥
न यत्नातिशयः कश्चित्पुरश्चर्यानिमित्तकः।
विद्याराज्ञ्याः स्मृतेरेव सिद्ध्यष्टकमवाप्नुयात्॥ ५॥
भैरवोऽस्य[1] ऋषिश्छन्दउष्णिक्काली तु देवता।
बीजं माया दीर्घवर्मशक्तिरुक्ता मनीषिभिः॥ ६॥
षड्दीर्घाढ्याद्यबीजेन विद्याया अङ्गमीरितम्।
मातृकां पञ्चधा भक्त्या वर्णान् दशदशक्रमात्॥ ७॥
हृदये भुजयोः पादद्वये मन्त्री प्रविन्यसेत्।
व्यापकं मनुना कृत्वा ध्यायेच्चेतसि कालिकाम्॥ ८॥

दीर्घवर्म हूं ॥ ५–६ ॥ षडङ्गमाह – **षडिति** क्रां क्रीं इत्यादि । मातृकामिति – अं आं इं ईं उं ऊं ऋं ॠं लृं लॄं १० नमो हृदि । एं १०

क्रीं क्रीं हूं हूं ह्रीं ह्रीं - उसके अन्त में वह्निप्रिया अर्थात् स्वाहा लगाने से बाईस अक्षरों का काली मन्त्र निष्पन्न होता है ॥ २-४ ॥

विमर्श - मन्त्र का स्वरूप इस प्रकार है - 'क्रीं क्रीं क्रीं हूं हूं ह्रीं ह्रीं दक्षिणे कालिके क्रीं क्रीं क्रीं हूं हूं ह्रीं ह्रीं स्वाहा' ॥ २-४ ॥

इस मन्त्र की सिद्धि के लिए मन से भी किसी साधन की आवश्यकता नहीं है और न तो पुरश्चरण का प्रयत्न ही आवश्यक है, इस विद्याराज्ञी के स्मरण मात्र से साधक को सारी सिद्धियाँ प्राप्त हो जाती हैं ॥ ४-५ ॥

मनीषियों ने इस मन्त्र के भैरव ऋषि, उष्णिक् छन्द, काली देवता, माया बीज (ह्रीं) तथा दीर्घ वर्म (हूं) को शक्ति कहा है । छ दीर्घ सहित आद्य बीज से इस विद्या का षडङ्गन्यास कहा गया है । वर्णमाला के कुल पचास अक्षरों को दश दश अक्षरों का पाँच विभाग कर हृदय, दोनों हाथ और दोनों पैरों में न्यास करना चाहिए । तदनन्तर मुख्य मन्त्र से व्यापक न्यास कर चित्त में महाकाली का ध्यान करना चाहिए ॥ ६-८ ॥

विमर्श - सर्वप्रथम इसका **विनियोग** कहते हैं - 'ॐ अस्य श्रीकालीमन्त्रस्य भैरवऋषिः उष्णिक्छन्दः कालीदेवता ह्रीं बीजं हूं शक्तिः क्रीं कीलकं आत्मनोऽभीष्टसिद्ध्यर्थे पुरुषार्थचतुष्टयप्राप्तये वा कालीमन्त्र जपे विनियोगः' ।

---

१. अस्य श्रीकालीमन्त्रस्य भैरवऋषिः उष्णिक्छन्दः कालीदेवता ह्रीं बीजं हूँ शक्तिः ममाभीष्टसिध्यर्थे जपे विनियोगः ।

ध्यानवर्णनम्

सद्यश्छिन्नशिरः कृपाणमभयं हस्तैर्वरं बिभ्रतीं
घोरास्यां शिरसां स्रजासुरुचिरामुन्मुक्तकेशावलिम्।
सृक्क्यसृक्प्रवहां श्मशाननिलयां श्रुत्योः शवालङ्कृतिं
श्यामाङ्गीं कृतमेखलां शवकरैर्देवीं भजे कालिकाम्॥ ६॥

दक्षभुजे । डं १० वामभुजे । णं १० दक्षपादे । मं १० वामपादे इति ॥ ७–८ ॥ ध्यानमाह – **सद्य** इति । खड्गवरारौ दक्षयोः । सद्यश्छिन्न–शिरोऽभयवामयोः सृक्किणीरोष्ठप्रान्तयोरसृजो रुधिरस्य प्रवाहो यस्यास्ताम्। श्रुत्यो कर्णयोः शवालङ्कारयुताम् ॥ ६ ॥ * ॥ १०–१२ ॥

ऋष्यादिन्यास - ॐ भैरवऋषये नमः शिरसि, ॐ उष्णिकृछन्दसे नमः मुखे, ॐ दक्षिणकालीदेवतायै नमः, हृदि, ॐ ह्रीं बीजाय नमः गुह्ये, ॐ हूंशक्तये नमः पादयोः, ॐ क्रीं कीलकाय नमः सर्वाङ्गे

कराङ्गन्यास - ॐ क्रां अङ्गुष्ठाभ्यां नमः, ॐ क्रीं तर्जनीभ्यां नमः, ॐ क्रूं मध्यमाभ्यां नमः, ॐ क्रैं अनामिकाभ्यां नमः, ॐ क्रौं कनिष्ठिकाभ्यां नमः, ॐ क्रः करतलकरपृष्ठाभ्यां नमः ।

हृदयादिन्यास - उक्त प्रकार से दीर्घान्त ६ वर्णों के साथ बीज मन्त्र लगाकर हृदयादिन्यास भी क्रमशः कर लेना चाहिए ।

वर्णन्यास - अं आं इं ईं उं ऊं ऋं ॠं लृं लॄं नमः, हृदि ।
एं ऐं ओं औं अं अः कं खं गं घं नमः, दक्षबाहौ ।
ङं चं छं जं झं ञं टं ठं डं ढं नमः, वामबाहौ ।
णं तं थं दं घं नं पं फं बं भं नमः, दक्षपादे ।
मं यं रं लं वं शं षं सं हं क्षं नमः, वामपादे ।
क्रीं क्रीं क्रीं हूं हूं ह्रीं ह्रीं दक्षिणकालिके क्रीं क्रीं क्रीं हूं हूं ह्रीं ह्रीं स्वाहा, सर्वाङ्गे ॥ ६-८ ॥

अब **भगवती दक्षिणकालिका का ध्यान** कहते हैं -

भगवती दक्षिणकालिका का मुख अत्यन्त भयानक है, उनके गले में मुण्ड माला विराज रही है तथा केश खुले हुये हैं, उनकी चार भुजायें हैं, बायें के निचले भाग वाली भुजा में तुरन्त का काटा गया शिर तथा ऊपरी हाथ में अभयमुद्रा है, दायें के निचले भाग वाली भुजा में वरद मुद्रा तथा ऊपर वाली भुजा में खड्ग विराज रहा है, जिनके होठों के अग्रभाग से अजस्र रक्त की धारा चू रही है । कानों में दो शव-शिशु के कर्ण फूल आभूषण के रूप में लटक रहे हैं । कमर में शवहस्त से निर्मित करधनी शोभा दे रही है, ऐसी श्मशानवासिनी श्यामवर्णा महाकाली का मैं ध्यान करता हूँ ॥ ६ ॥

पुरश्चरणकथनम्

एवं ध्यात्वा जपेल्लक्षं जुहुयात्तद्दशांशतः।
प्रसूनैः करवीरोत्थैः पूजायन्त्रमथोच्यते ॥ १० ॥
आदौ षट्कोणमारच्य त्रिकोणत्रितयं[1] ततः।
पद्ममष्टदलं बाह्ये भूपुरं तत्र पूजयेत् ॥ ११ ॥

पीठाद्यावरणपूजा पीठदेवता च

जयाख्या विजया पश्चादजिता चापराजिता।
नित्या विलासिनी चापि दोग्ध्र्यघोरा च मङ्गला ॥ १२ ॥
पीठशक्तय एताः स्युः कालिकायोगपीठतः।
आत्मने हृदयान्तोऽयं मायादिः[2] पीठमन्त्रकः ॥ १३ ॥

पीठमन्त्रमाह – **आत्मन इति** । ह्रीं आत्मने नम इति ॥ १३ ॥ * ॥ १४–१८ ॥

कालीपूजनयन्त्रम्

इस प्रकार ध्यान कर उपरोक्त का मन्त्र एक लाख जप करना चाहिए तथा कनेर के पुष्पों से उसका दशांश हवन करना चाहिए । अब उनका पूजा यन्त्र कहता हूँ ॥ १० ॥

अब **काली पूजा यन्त्र निर्माण की विधि** कहते हैं –

पूजन यन्त्र बनाने के लिए सर्वप्रथम षट्कोण की रचना करके, तदनन्तर उसके बाहर तीन त्रिकोण बनाना चाहिए । फिर उसके बाद अष्टदल कमल बनाकर उसके बाहर भूपुर की रचना कर उस यन्त्र में महाकाली का पूजन करना चाहिए ॥ ११ ॥

अब **महाकाली की पूजाविधि** कहते हैं –

१. जया, २. विजया, ३. अजिता ४. अपराजिता, ५. नित्या, ६. विलासिनी, ७. दोग्ध्री, ८. अघोरा और ९. मङ्गला – ये नव पीठ की शक्तियाँ हैं । 'ॐ ह्रीं कालिकायोगात्मने नमः' यह पीठ का मन्त्र है ॥ १२-१३ ॥

---

१. इदं यन्त्रं गौणं, मुख्ये तु त्रिकोणपञ्चकं लेखनीयम् ।
२. ह्रीं कालिकायोगपीठात्मने नमः ।

अस्मिन् पीठे यजेद्देवीं शवरूपशिवस्थिताम्।
महाकालरतासक्तां शिवाभिर्दिक्षु वेष्टिताम् ॥ १४ ॥
अङ्गानि [1]पूर्वमाराध्य षट्पत्रेषु समर्चयेत्।
कालीं कपालिनीं कुल्लां कुरुकुल्लां विरोधिनीम् ॥ १५ ॥
विप्रचित्तां च सम्पूज्य नवकोणेषु पूजयेत्।
उग्रामुग्रप्रभां दीप्तां नीलां घनबलाकिके ॥ १६ ॥
मात्रां मुद्रां तथा मित्रां पूज्याः पत्रेषु मातरः।
पद्मस्याष्टसु पत्रेषु ब्राह्मी नारायणीत्यपि ॥ १७ ॥
माहेश्वरी च चामुण्डा कौमारी चापरापजिता।
वाराही नारसिंही च पुनरेतास्तु भूपुरे ॥ १८ ॥
भैरवीं महदाद्यान्तां सिंहाद्यां धूम्रपूर्विकाम्।
भीमोन्मत्तादिकां चापि वशीकरणभैरवीम् ॥ १९ ॥
मोहनाद्यां समाराध्य शक्रादीनायुधान्यपि।
एवमाराधिता काली सिद्धा भवति मन्त्रिणाम् ॥ २० ॥

महादाद्यां महाभैरवीम् । सिंहाद्यां सिंहभैरवीम् । धूम्रपूर्विकां धूम्रभैरवीम्। भीमोन्मत्तादिकां भीमभैरवीमुन्मत्तभैरवीं च ॥ १९ ॥ मोहनाद्यां मोहनभैरवीम् ॥ २० ॥

उस पीठ पर शव रूपी शिव पर स्थित महाकाल के साथ रतासक्ता एवं चारों ओर शिवाओं से घिरी हुई महादेवी का पूजन करना चाहिए । सर्वप्रथम अङ्गपूजा करनी चाहिए । तदनन्तर षट्कोणों में काली, कपालिनी, कुल्ला, कुरुकुल्ला, विरोधिनी एवं विप्रचित्ता का पूजन करें । तदनन्तर त्रिकोण के नवकोणों में उग्रा, उग्रप्रभा, दीप्ता, नीला, घना, बलाकिका, मात्रा, मुद्रा तथा मित्रा का पूजन करना चाहिए । इसके बाद अष्टदल में क्रमशः ब्राह्मी, नारायणी, माहेश्वरी, चामुण्डा, कौमारी, अपराजिता, वाराही और नारसिंही का पूजन करना चाहिए । भूपुर में महाभैरवी, सिंहभैरवी, धूम्रभैरवी, भीमभैरवी, उन्मत्तभैरवी, वशीकरणभैरवी एवं मोहनभैरवी का तथा महाभैरवी का पूजन करना चाहिए । तदनन्तर भूपुर के बाहर इन्द्रादि दशदिक्पालों का तथा उसके बाहर उनके वज्रादि आयुधों का पूजन करना चाहिए । इस प्रकार की आराधना से मन्त्र वेत्ता को काली सिद्ध हो जाती हैं ॥ १४-२० ॥

विमर्श - प्रयोग विधि - ३. ९ वें श्लोक के अनुरूप महाकाली का ध्यान कर

---

१. अंसाञ्चनमेकम् । काल्याद्याः षट्षट् अञ्चयेदिति द्वितीयम् । उग्राद्या नवनवकोणेषु यजेदिति तृतीयम् । अष्टपत्रे ब्राह्म्याद्या अष्ट यजेदिति चतुर्थम् । भूपुरेऽष्टदिक्षु भैरवाद्या अष्ट यजेदिति पञ्चमम् ।

मानसोपचार से उनका पूजन करें । तदनन्तर अर्घ्य स्थापित कर हुं गर्भित त्रिकोण लिखकर उस पर आधार सहित अर्घ्यपात्र स्थापित करें । पुनः उसमें जल भर कर, गन्धादि डाल कर 'गङ्गे च यमुने चैव' इत्यादि मन्त्र से तीर्थों का आवाहन करें । तदनन्तर 'वं वह्निमण्डलाय दशकलात्मने नमः' इस मन्त्र से आधार की 'ॐ सूर्यमण्डलाय द्वादशकलात्मने नमः' इस मन्त्र से शङ्ख की तथा 'ॐ सोममण्डलाय षोडशकलात्मने नमः' इस मन्त्र से अर्घ्यपात्र स्थित जल की पूजा करना चाहिए । सर्वप्रथम जयायै नमः, विजयायै नमः, अजितायै नमः, अपराजितायै नमः, नित्यायै नमः, विलासिन्यै नमः, दोग्ध्यै नमः, अघोरायै नमः, मङ्गलायै नमः, इन मन्त्रों से ६ पीठ शक्तियों की पूजा कर 'कालिकायोगपीठात्मने नमः' इस मन्त्र से पीठ पूजा संपादन करना चाहिए । इस प्रकार पीठ पूजन के अनन्तर उस पीठ पर भगवती कालिका का श्लोक १४ के अनुसार ध्यान कर मूलमन्त्र से उनका आवाहन स्थापन तथा पूजा सम्पादन कर, 'ॐ दक्षिणकालिके देवि आवरणं ते पूजयामि' इस मन्त्र को बोल कर माँ से आवरण पूजा की आज्ञा लेकर आवरण पूजा करनी चाहिए । सर्वप्रथम षडङ्गपूजा करनी चाहिए । उसकी विधि इस प्रकार है -

ॐ क्रां हृदयाय नमः आग्नेये, क्रीं शिरसे स्वाहा, ईशाने,
ॐ क्रूं शिखायै वषट्, नैर्ऋत्ये, क्रैं कवचाय हुम् वायव्ये,
ॐ क्रौं नेत्रत्रयाय वौषट् अग्रे, ॐ क्रः अस्त्राय फट् चतुर्दिक्षु,

इस विधि से पूजन कर तदनन्तर मूलमन्त्र पढ़कर 'अभीष्ट सिद्धिं में देहि ... **प्रथमावरणार्चन**' पर्यन्त पुष्पाञ्जलि समर्पित करनी चाहिए ।

तदनन्तर षट्कोणों में क्रमशः -

ॐ काल्यै नमः, ॐ कपालिन्यै नमः, ॐ कुल्लायै नमः,
ॐ कुरुकुल्लायै नमः, ॐ विरोधिन्यै नमः, ॐ विप्रचित्तायै नमः

इन मन्त्रों से पूजन कर मूलमन्त्र पढ़ें । फिर 'अभीष्ट सिद्धिं में देहि ... **द्वितीयावरणार्चन**' पर्यन्त मन्त्र बोलकर पुष्पाञ्जलि समर्पित करनी चाहिए ।

तदनन्तर तीनों त्रिकोणों में क्रमशः प्रथम त्रिकोण के तीन कोणों में ॐ उग्रायै नमः, ॐ उग्रप्रभायै नमः, ॐ दीप्तायै नमः - इन तीनों मन्त्रों से, तदनन्तर द्वितीय त्रिकोण के तीनों कोणों में ॐ नलायै नमः, घनायै नमः, वलाकायै नमः - इन तीन मन्त्रों से, तदनन्तर तृतीय त्रिकोण के तीनों कोणों में ॐ मात्रायै नमः, ॐ मुद्रायै नमः, ॐ मित्रायै नमः से पूजन करें, फिर मूलमन्त्र पढ़कर अभीष्टसिद्धि से लेकर **तृतीयावरणार्चन** पर्यन्त मन्त्र बोलकर पुष्पाञ्जलि समर्पित करनी चाहिए ।

तदनन्तर अष्टदल कमल में पूर्वादि दिशा क्रम से

ॐ ब्राह्म्यै नमः, ॐ नारायण्यै नमः, ॐ माहेश्वर्यै नमः,
ॐ चामुण्डायै नमः, ॐ कौमार्यै नमः, ॐ अपराजितायै नमः,
ॐ वाराह्यै नमः, ॐ नारसिंह्यै नमः

इन मन्त्रों से पञ्चोपचार पूजन कर 'अभीष्ट सिद्धिं मे ...' **चतुर्थावरणार्चन** पर्यन्त मन्त्र बोलकर पुष्पाञ्जलि समर्पित करनी चाहिए ।

तदनन्तर भूपुर के आठों दिशाओं में पूर्वादि क्रम से

ॐ महाभैरव्यै नमः, ॐ सिंहभैरव्यै नमः, ॐ धूम्रभैरव्यै नमः,
ॐ भीमभैरव्यै नमः, ॐ उन्मत्तभैरव्यै नमः, ॐ वशीकरणभैरव्यै नमः,
ॐ मोहनभैरव्यै नमः ॐ महाभैरव्यै नमः

आधार में बीजत्रितय सहित ह्रस्वस्वरों के साथ कामरूप पीठ का, हृदय में पूर्वबीजों के सहित दीर्घस्वरों का उच्चारण कर जालन्धर पीठ का, पुनः ललाट में पूर्ववत् तीनों बीजों के आगे कवर्ग का उच्चारण कर पूर्णगिरि संज्ञक पीठ का, केशसन्धियों में पूर्ववत् तीनों बीजों के साथ चवर्ग का उच्चारण कर उड्डीयान पीठ का, फिर दोनों भौहों में पूर्ववत् बीजों के साथ टवर्ग का उच्चारण कर वाराणसी पीठ का, दोनों नेत्रों में तवर्ग के साथ अवन्ति पीठ का, मुख में पवर्ग के साथ मायापुरी पीठ का, कण्ठ में यवर्ग के साथ मथुरा पीठ का, नाभि में शवर्ग के साथ अयोध्या पीठ का, तथा कटि में (ल क्ष के साथ) दशम

---

१. ॐ ह्रीं त्रीं (स्त्रीं) हुं अं इं उं ऋं लृं एं ओं अं कामरूपपीठाय नमः, आधारे । ॐ ह्रीं त्रीं (स्त्रीं) हुं आं ईं ऊं ॠं लॄं ऐं औं अः जालंधरपीठाय नमः, हृदि । ॐ ह्रीं त्रीं (स्त्रीं) हुं कं खं गं घं ङं पूर्णगिरिपीठाय नमः, ललाटे । ॐ ह्रीं त्रीं (स्त्रीं) हुं चं छं जं झं ञं उड्डीयानपीठाय नमः, केशसंधौ । ॐ ह्रीं त्रीं (स्त्रीं) हुं टं ठं डं ढं णं वाराणसीपीठाय नमः, भ्रुवोः । ॐ ह्रीं त्रीं (स्त्रीं) हुं तं थं दं धं नं अवन्तिपीठाय नमः, नेत्रयोः । ॐ ह्रीं त्रीं (स्त्रीं) हुं पं फं बं भं मं मायापुरीपीठाय नमः, मुखे । ॐ ह्रीं त्रीं (स्त्रीं) हुं यं रं लं वं मथुरापीठाय नमः, कण्ठे । ॐ ह्रीं त्रीं (स्त्रीं) हुं शं षं सं हं अयोध्यापीठाय नमः, नाभौ । ॐ ह्रीं त्रीं (स्त्रीं) हुं लं क्षं काञ्चीपुरीपीठाय नमः, कट्याम् ॥ **इति पीठन्यासः** ॥

श्रीमतीं ह्र्द्येकजटां[1] तारिणीं शिरसि न्यसेत्।
वज्रोदकां शिखायां तु उग्रतारां तु वर्मणि ॥ ३५ ॥
महापरिसरे नेत्रे पिङ्गोग्रैकजटेऽस्त्रके।
षड्दीर्घयुक्तमायाद्या एतान्यस्याः षडङ्गके ॥ ३६ ॥
अंगुष्ठादिष्वंगुलीषु पूर्वं विन्यस्य यत्नतः।
तर्जनीमध्यमाभ्यां तु कृत्वा तालत्रयं ततः ॥ ३७ ॥
छोटिकामुद्रया कुर्याद्दिग्बन्धं देवतां स्मरन्।
विद्यया तारपुटया व्यापकं सप्तधा चरेत्।
उग्रां तारां ततो ध्यायेत्सद्योवाक्सिद्धिदायिनीम् ॥ ३८ ॥

काञ्चीपुरी पीठ का न्यास करना चाहिए । यहाँ तक जो तारा के षष्ठ पीठ न्यास कहे गये हैं वे साधकों को सभी प्रकार की सिद्धि प्रदान करते हैं ॥ २९-३४ ॥

विमर्श - षष्ठपीठन्यास विधि -

ॐ ह्रीं त्रीं (स्त्रीं) हुं अं इं उं ऋं लृं एं ओं अं कामरूपपीठाय नमः, आधारे।
ॐ ह्रीं त्रीं (स्त्रीं) हुं आं ईं ऊं ॠं ॡं ऐं औं अः जालन्धरपीठाय नमः, हृदि।
ॐ ह्रीं त्रीं (स्त्रीं) हुं कं खं गं घं ङं पूर्णगिरिपीठाय नमः, ललाटे ।
ॐ ह्रीं त्रीं (स्त्रीं) हुं चं छं जं झं ञं उड्डीयानपीठाय नमः, केशसंधौ ।
ॐ ह्रीं त्रीं (स्त्रीं) हुं टं ठं डं ढं णं वाराणसीपीठाय नमः, भ्रुवोः ।
ॐ ह्रीं त्रीं (स्त्रीं) हुं तं थं दं धं नं अवन्तिपीठाय नमः, नेत्रयोः ।
ॐ ह्रीं त्रीं (स्त्रीं) हुं पं फं बं भं मं मायापुरीपीठाय नमः, मुखे ।
ॐ ह्रीं त्रीं (स्त्रीं) हुं यं रं लं वं मथुरापीठाय नमः, कण्ठे ।
ॐ ह्रीं त्रीं (स्त्रीं) हुं शं षं सं हं अयोध्यापीठाय नमः, नाभौ ।
ॐ ह्रीं त्रीं (स्त्रीं) हुं लं क्षं काञ्चीपुरीपीठाय नमः, कट्याम् ।

॥ इति पीठन्यासः ॥ २९-३४ ॥

मायाबीज में क्रमशः ६ दीर्घवर्णों को आदि में लगाकर क्रमशः एक जटा का हृदय में, तारिणी का शिर में, वज्रोदका का शिखा में, उग्रतारा का कवच में, महापरिसरा का नेत्रों में, तथा पिङ्गोग्रैजटा का अस्त्रन्यास करना चाहिए । इसी प्रकार अङ्गुष्ठादि अङ्गुलियों में करन्यास कर तर्जनी मध्यमा द्वारा तीन ताली बजा कर छोटिका मुद्रा से दिग्बन्धन करना चाहिए । फिर प्रणव से सम्पुटित विद्या (ॐ ह्रीं त्रीं (स्त्रीं) हुं फट् ॐ) द्वारा सात बार व्यापक न्यास कर शीघ्र वाक्सिद्धि प्रदान करने वाली उग्रतारा भगवती का आगे (४.३९-४०) कहे गये श्लोकों में ध्यान करना चाहिए ॥ ३५-३८ ॥

---

१. ॐ ह्रां एकजटायै हृदयाय नमः ॥ १॥ ॐ ह्रीं तारिण्यै शिरसे स्वाहा ॥ २॥ ॐ ह्रूं वज्रोदकायै शिखायै वषट् ॥ ३॥ ॐ ह्रैं उग्रजटायै कवचाय हुम् ॥ ४॥ ॐ ह्रौं महापरिसरायै नेत्रत्रयाय वौषट् ॥ ५॥ ॐ ह्रः पिङ्गोग्रैकजटायै अस्त्राय फट् ॥ ६॥

ताराध्यानम्

विश्वव्यापकवारिमध्यविलसच्छ्वेताम्बुजन्मस्थितां
कर्त्रीखड्गकपालनीलनलिनै राजत्करां नीलभाम्।
काञ्चीकुण्डल–हार–कंकणलसत् केयूरमञ्जीरता–
माप्तैर्नागवरैर्विभूषिततनूमारक्तनेत्रत्रयाम् ॥ ३९ ॥
पिङ्गोग्रैकजटां लसत्सुरसनां दंष्ट्राकरालाननां
चर्मद्वीपिवरं कटौ विदधतीं श्वेतास्थिपट्टालिकाम्।
अक्षोभ्येण विराजमानशिरसं स्मेराननाम्भोरुहां
तारां शावहृदासनां दृढकुचामम्बां त्रिलोक्याः स्मरेत् ॥ ४० ॥

ध्यानमाह – **विश्वेति** । खड्गनीलसरोज दक्षयोः । कर्त्रीकपाले वामयोः ॥ ३९ ॥ श्वेतोऽस्थिपट्टोऽलिके ललाटे यस्यास्ताम् । अक्षोभ्यो मन्त्रद्रष्टा मुनिस्तेन शोभितमस्तकाम् ॥ ४० ॥ * ॥ ४१ ॥

विमर्श - षडङ्गन्यास विधि -

ॐ ह्रां एकजटायै हृदयाय नमः, ॐ ह्रीं तारिण्यै शिरसे स्वाहा,
ॐ ह्रूं वज्रोदकायै शिखायै वषट्, ॐ ह्रैं उग्रजटायै कवचाय हुम्,
ॐ ह्रौं महापरिसरायै नेत्रत्रयाय वौषट्, ॐ ह्रः पिङ्गोग्रैकजटायै अस्त्राय फट्।

इसी प्रकार करन्यास कर पूर्वोक्त रीति से ताली बजाकर व्यापक न्यास करना चाहिए ॥ ३५-३८ ॥

अब **उग्रतारा का ध्यान** कहते हैं -

विश्वव्यापक जल के मध्य में श्वेत कमल पर विराजमान जिन भगवती के दाहिने हाथों में खड्ग एवं नीलकमल तथा बायें हाथों में कर्त्तारिका (छुरी) एवं कपाल (नरमुण्ड) है, जिनके शरीर की कान्ति नील वर्ण की है, तथा जो काञ्ची, कुण्डल, हार, कङ्कण, केयूर तथा मञ्जीर आदि आभूषणों से, एवं सुन्दर नागों से विभूषित हैं, ऐसे रक्त वर्ण वाले तीन नेत्रों से सुशोभित रहने वाली जिन भगवती के सिर पर पिङ्गल वर्ण की एक जटा है । जिनकी जिह्वा चञ्चल है, दन्तपक्तियों के कारण जिनका मुख महाभयानक प्रतीत हो रहा है । जिनके कटि में व्याघ्र चर्म, माथे पर श्वेतास्थिपट्टिका तथा शिर पर नागरूप धारी अक्षोभ्य ऋषि विराज रहे हैं ऐसी ईषद्धास्य से युक्त मुख कमल वाली, शव के हृदय पर आसन लगाये हुये कठोर स्तनों वाली त्रिलोक जननी भगवती तारा का ध्यान करना चाहिए ॥ ३९-४० ॥

हां त्रां हां एकजटायै अङ्गुष्ठाभ्यां नमः॥ १॥ हां त्रां हां तारिण्यै तर्जनीभ्यां स्वाहा॥ २॥ हां त्रां हां वज्रोदकायै मध्यमाभ्यां वषट् ॥ ३॥ हां त्रां हां उग्रतारायै अनामिकाभ्यां हुं ॥ ४॥ हां त्रां हां महापरिसरायै कनिष्ठिकाभ्यां वौषट् ॥ ५॥

एवं ध्यायन्नदन्भक्ष्यमनेकं दधिमध्वपि ।
मधुमांसं च ताम्बूलं जपेल्लक्षचतुष्टयम् ॥ ४१ ॥
दशांशं जुहुयाद् रक्तपद्मैः क्षीराज्यलोलितैः ।
स्थापयित्वा महाशङ्खं जपस्थाने जपं चरेत् ॥ ४२ ॥
नारीं पश्यन्स्पृशन्गाच्छन् महानिशिबलिं ददेत् ।
न कार्यः सुभ्रुवां द्वेषो यत्नात्ताः पूजयेत् सदा ॥ ४३ ॥
जपे न कालनियमो न स्थितौ सर्वदा जपेत् ।
श्मशाने शून्यसदने देवागारेथ निर्जने ॥ ४४ ॥
पर्वते वनमध्ये वा शवमारुह्य मन्त्रवित् ।
समरे शत्रुनिहतं यद्वा षाण्मासिकं शिशुम् ॥ ४५ ॥
विद्यां संसाधयेच्छीघ्रं साधितैवं प्रसिध्यति ।
मेधाप्रज्ञाप्रभाविद्याधीर्धृतिस्मृतिबुद्धयः ॥ ४६ ॥
विद्येश्वरीति सम्प्रोक्ताः पीठस्य नवशक्तयः ।

तारापीठमन्त्रः

भृगुमन्विन्दुसंयुक्तमेघवर्त्मसरस्वती ॥ ४७ ॥

महाशङ्खं कपालम् ॥ ४२ ॥ * ॥ ४३–४६ ॥ पीठमन्त्रमुद्धरति – **भृग्विति** । भृगुमन्विन्दुसंयुक्तं सकारः औबिन्दुयुतम् । मेघवर्त्म हः । हार्दं नमः । स्वरूपम् अन्यत् । हौं सरस्वतीयोगपीठात्मने नम इति ॥ ४७ ॥ * ॥ ४८–४९ ॥

तारा भगवती का ध्यान करते हुये एक हविष्यान्न अथवा अनेक दधि मधु अथवा मधु और मांस खाकर तथा ताम्बूल का चवर्ण करते हुए तारा मन्त्र का चार लाख जप करना चाहिए । तदनन्तर दूध और घी मिलाकर रक्तकमलों से दशांश हवन करना चाहिए । जप स्थान पर महाशंख (नर कपाल) स्थापित कर जप का विधान कहा गया है । स्त्री को देखते हुये स्पर्श करते हुये अथवा चलते हुये निशीथ काल में बलि देनी चाहिए । स्त्रियों से कभी द्वेष नहीं करना चाहिए, अपितु सर्वदा उनका पूजन करना चाहिए ॥ ४१-४३ ॥

तारा मन्त्र के जप में काल एवं स्थान का कोई नियम नहीं है । सर्वदा और सभी जगह जप करना चाहिए । श्मशान में, शून्यगृह में, देवस्थान (मन्दिर) में, एकान्त में, पर्वत पर या वन के मध्य में शव पर बैठकर साधक कहीं भी जप कर सकता है । युद्ध में मारे गये शत्रु अथवा ६ महीने के मरे हुए बालक के शव पर इस विद्या की सिद्धि करनी चाहिए । सिद्धि की हुई यह विद्या मनुष्य को शीघ्र ही प्रसिद्धि प्रदान करती है ॥ ४४-४५ ॥

पीठशक्ति एवं पीठ मन्त्र - १. मेधा, २. प्रज्ञा, ३. प्रभा, ४. विद्या, ५. धी, ६. धृति, ७. स्मृति ८. बुद्धि एवं ९. विद्येश्वरी - ये पीठ की नव

योगपीठात्मने हार्दं पीठस्य मनुरीरितः ॥ ४८ ॥
दत्त्वानेनासनं मूर्तिं मूलमन्त्रेण कल्पयेत् ।
पूजयेद्विधिवद्देवीं तद्विधानमथोच्यते ॥ ४९ ॥

नित्यबलिदानमन्त्रः

तारो माया भगं ब्रह्माजटेसूर्यः सदीर्घखम् ।
यक्षाधिपतये तन्द्रीमोपनीतं बलिं ततः ॥ ५० ॥
गृह्णयुग्मं शिवा स्वाहा बलिमन्त्रोऽयमीरितः ।
दद्यान्नित्य बलिं तेन मध्यरात्रे चतुष्पथे ॥ ५१ ॥
जलदानादिकं मन्त्रैर्विदध्याद्दशभिस्ततः ।

नित्यबलिदानमन्त्रमाह – **तार** इति । तारः प्रणवः । माया ह्रीं । भगमेकारः । ब्रह्मा कः । जटे स्वरूपम् । सूर्यो मः । सदीर्घ खं हा । तन्द्री मः । शिवा ह्रीं । स्वरूपम् अन्यत् । यथा – ॐ ह्रीं एकजटे महायक्षाधिपतये ममोपनीतं बलिं गृह्ण गृह्ण ह्रीं स्वाहेति । अनेन नित्यं निशीथे बलिं दद्यात् ॥ ५० ॥ * ॥ ५१ ॥ जलग्रहणादिमन्त्रान् उद्धरति – **ध्रुव** इति । ॐ वज्रोदके हुं फडिति जलग्रहणमन्त्रः ॥ ५२ ॥ **तारेति** । ॐ ह्रीं स्वाहेति पादक्षालन मन्त्रः ।

शक्तियाँ हैं । भृगुमन्विन्दुसंयुक्त सकार (सं), तदनन्तर औ बिन्दु संयुक्त मेघवर्त्म हकार (हौं) सरस्वतीयोगपीठात्मने नमः - यह पीठ मन्त्र कहा गया है ॥ ४६-४८ ॥

विमर्श - पीठ मन्त्र का स्वरूप इस प्रकार है - 'सं हौं सरस्वती-योगपीठात्मने नमः' ॥ ४६-४८ ॥

इस पीठ मन्त्र से आसन देकर मूल मन्त्र से मूर्ति की कल्पना करनी चाहिए । तदनन्तर देवी की जिस प्रकार पूजा करनी चाहिए उसकी विधि कहते हैं ॥ ४९ ॥

पूजा के बाद नित्य बलिदान करना चाहिए । उसका मन्त्र इस प्रकार कहा है - तार (ॐ) माया (ह्रीं), भग (ए), ब्रह्मा (क), फिर 'जटे' पद । फिर सूर्य 'म', सदीर्घ ख 'हा' फिर यक्षाधिपतये' पद, इसके बाद तन्द्री (म), फिर 'मोपनीतं बलिं' यह पद, फिर गृह्ण गृह्ण, फिर शिवा (ह्रीं) एवं अन्त में स्वाहा पद - इतना बलि का मन्त्र कहा गया है । इस मन्त्र से अर्धरात्रि में चौराहे पर बलि प्रदान करना चाहिए ॥ ५०-५१ ॥

विमर्श - बलि मन्त्र का स्वरूप इस प्रकार है -

'ॐ ह्रीं एकजटे यक्षाधिपतये ममोपनीतं बलिं गृह्ण गृह्ण ह्रीं स्वाहा' - इस मन्त्र से नित्य अर्धरात्रि में बलिप्रदान करना चाहिए ॥ ५०-५१ ॥

इसके अनन्तर जल ग्रहणादि कार्य इन १० मन्त्रों से करना चाहिए ।

जलग्रहणादिमन्त्रोद्धारः

ध्रुवो वज्रोदके वर्मफट्सप्तार्णैर्जलग्रहः ॥ ५२ ॥
ताराद्यावह्निजायान्ता मायांघ्रिक्षालने स्मृता ।
तारो माया भृगुः कर्णीविशुद्धधर्मवर्णतः ॥ ५३ ॥
सर्वपापानिशाभ्याशे श्वेतो नेत्रयुतञ्जलम् ।
कल्पानपनयस्वाहा षड्विंशत्यक्षरो मनुः ॥ ५४ ॥
अनेनाचमनं कुर्याद् ध्रुवो मणिधरीति च ।
वज्रिण्यक्षियुतो मृत्युः खरिनेत्रयुता रतिः ॥ ५५ ॥
सर्वान्ते वबकः सेन्दुः करिण्यन्ते शिरोर्धिखम् ।
अस्त्रवह्निप्रियामन्त्रस्त्रयोविंशति वर्णवान् ॥ ५६ ॥
शिखाबन्धं प्रकुर्वीत मन्त्रेणानेन मन्त्रवित् ।

तार इति । कर्णी भृगुः उयुतः सः ॥ ५३ ॥ श्वेतः षः । नेत्रयुतं जलं वि । स्वरूपम् अन्यत् । ॐ ह्रीं सुविशुद्धधर्मसर्वपापनिशाम्याशेषविकल्पान् अपनय स्वाहेत्याचमनमन्त्रः ॥ ५४ ॥ ध्रुव इति । अक्षियुतो मृत्युः शि । नेत्रयुता रतिः णि ॥ ५५ ॥ वकः शं । शिरः कं । अर्धिसेन्दुः खं । बिन्दुयुतो हः हुं । अस्त्रं फट् । वह्निप्रिया स्वाहा । स्वरूपम् अन्यत् । यथा – ॐ मणिधरि वज्रिणि शिखरिणि सर्ववशङ्करिणि कं हुं फट् स्वाहेति शिखाबन्धनमन्त्रः ॥ ५६ ॥

---

१. ध्रुव (ॐ), फिर 'वज्रोदके' पद, फिर वर्म (हुं) अन्त में 'फट्' । इस सात अक्षर के मन्त्र से जल ग्रहण करना चाहिए ॥ ५२ ॥

२. माया बीज (ह्रीं) के आदि में तार (ॐ) तथा अन्त में वह्निजाया (स्वाहा) लगाने से पादप्रक्षालन का मन्त्र बनता है ।

३. तार (ॐ), कर्णीभृगु (सु) फिर 'विशुद्ध धर्म' फिर 'सर्वपापनिशाम्याशे' फिर श्वेत (ष), नेत्रयुत् जल (वि), फिर 'कल्पानपनय स्वाहा' इस छब्बीस अक्षर के मन्त्र से आचमन कराना चाहिए ॥ ५३-५४ ॥

४. ध्रुव (ॐ), फिर 'मणिधरि' यह पद, फिर अक्षियुत् मृत्यु (शि), फिर 'खरि' पद, फिर नेत्रयुता रति (णि), फिर 'सर्व' पद, फिर व, तदनन्तर सेन्दुवक (शं) तथा करिणि पद, फिर सेन्दु शिर (कं) अर्घिखं (हुं), अस्त्र (फट्) तथा अन्त में वह्निप्रिया (स्वाहा) इस तेईस अक्षरों के मन्त्र से साधक को शिखाबन्धन करना चाहिए ॥ ५५-५७ ॥

५. प्रणव (ॐ), तदनन्तर रक्ष युगल (रक्ष रक्ष), दीर्घ वर्म (हूं), अस्त्र (फट्) तदनन्तर ठ द्वय (स्वाहा), इस ९ अक्षर के मन्त्र से भूमिशोधन करना चाहिए ॥ ५७-५८ ॥

भूमिशोधनविघ्ननिवारणमन्त्रकथनम्

प्रणवो रक्षयुगलं दीर्घवर्मास्त्रठद्वयम् ॥ ५७ ॥
नववर्णेन मन्त्रेण कुर्याद्भूमिविशोधनम् ।
तारान्ते सर्वविघ्नानुत्सारयेतिपदं ततः ॥ ५८ ॥
हुंफट्स्वाहा गुणेन्द्वर्णो मनुर्विघ्ननिवारणे ।
अनेन विघ्नानुत्सार्य भूतशुद्धिमथाचरेत् ॥ ५९ ॥

भूतशुद्धिमन्त्रकथनम्

मायाबीजं जपापुष्पनिभं नाभौ विचिन्तयेत् ।
तदुत्थेनाग्निना देहं दहेत्सार्द्धं स्वपाप्मना ॥ ६० ॥
ताराबीजं सुवर्णाभं चिन्तयेद्धृदि मन्त्रवित् ।
पवनेन तदुत्थेन पापभस्म क्षिपेद् भुवि ॥ ६१ ॥
तुरीयं चन्द्रकुन्दाभं बीजं ध्यात्वा ललाटतः ।
तदुत्थसुधया देहं रचयेद्देवतानिभम् ॥ ६२ ॥

प्रणव इति । दीर्घं वर्म हूं । अस्त्रं फट् । ठद्वयं स्वाहा । ॐ रक्ष रक्ष हूं फट् स्वाहेति भूशोधनमन्त्रः । तारेति । ॐ सर्वविघ्नान् उत्सारय हुं फट् स्वाहेति विघ्नवारणमन्त्रः ॥ ५७ ॥ * ॥ ५८–५९ ॥ भूतशुद्धिमाह – **मायेति** ॥ ६० ॥ * ॥ ६१ ॥ **तुरीयमिति** – हूं ॥ ६२ ॥

---

६. तार (ॐ) के बाद 'सर्वविघ्नानुत्सारय' फिर 'हुं फट् स्वाहा' इस तेरह अक्षरों के मन्त्र से विघ्नों का निवारण कर पश्चात् भूतशुद्धि करनी चाहिए ॥ ५२-५९ ॥

विमर्श - मन्त्रों का स्वरूप इस प्रकार है -

१. जल ग्रहण मन्त्र - ॐ वज्रोदके हुं फट् ।

२. पादप्रक्षालन मन्त्र - ॐ ह्रीं स्वाहा ।

३. आचमन मन्त्र - ॐ ह्रीं सुविशुद्धधर्मसर्वपापनिशाम्याशेषविकल्पानपनय स्वाहा ।

४. शिखाबन्धन मन्त्र - ॐ मणिधरि वज्रिणि शिखरिणि सर्ववशङ्करिणि कं हुं फट् स्वाहा ।

५. भूमिशोधन मन्त्र - ॐ रक्ष रक्ष हूं फट् स्वाहा ।

६. विघ्न निवारण मन्त्र - ॐ सर्वविघ्नानुत्सारय हुं फट् स्वाहा ॥ ५२-५९ ॥

अब **भूतशुद्धि का प्रकार** कहते हैं - सर्वप्रथम जपा कुसुम (ओड़हुल) के समान लाल आभा वाले माया बीज (ह्रीं) का नाभिस्थान में ध्यान करना चाहिए । तदनन्तर उससे निकलने वाली अग्नि की लपटों से पाप सहित अपने

अनयाभूतशुद्ध्या तु देवीसादृश्यमाप्नुयात् ।

भूमिनिमन्त्रणमन्त्रः

तारः पवित्रवज्रेति भूमेर्घीशेन्दुयुग्वियत् ॥ ६३ ॥

तार इति । अर्घीशेन्दुयुक् वियत् । ऊबिन्दुयुतो हः हूं । ॐ पवित्रवज्रभूमे हूं स्वाहेति भूमिनिमन्त्रणमन्त्रः ॥ ६३ ॥

शरीर को जला देना चाहिए । फिर सुवर्ण के समान पीत वर्ण वाले त्रीं या स्त्रीं का हृदय प्रदेश में ध्यान कर उससे उत्पन्न वायु द्वारा पापों को भस्म कर शरीर से बाहर निकाल कर पृथ्वी पर फेंक देना चाहिए । पश्चात् चन्द्रमा या कुन्द के समान श्वेत आभा वाले तुरीय बीज (हूँ) का ललाट देश में ध्यान कर उससे उत्पन्न अमृत द्वारा देवता के समान अपने निष्पाप शरीर की रचना करनी चाहिए । इस प्रकार की भूतशुद्धि की क्रिया से साधक स्वयं देवी के सदृश बन जाता है ॥ ६०-६३ ॥

विमर्श - भूतशुद्धि प्रयोगविधि - साधक को अपनी गोद में दोनों हाथों को उत्तानमुद्रा में रखकर पद्मासन बाँधकर एकान्त एवं शान्त भाव से बैठ जाना चाहिए । फिर 'हंस' मन्त्र से साधक कुण्डलिनी को जीवात्मा एवं चौबीस तत्वों के साथ सुषुम्नामार्ग से ऊर्ध्व गति से ले जाकर शिर में स्थित सहस्रार पद्म में परमशिव से उन्हें मिला दें ।

(i) तदनन्तर साधक नाभि में रक्तवर्ण **'ह्रीं' बीज** का ध्यान कर सोलह बार जप करते हुए पूरक क्रिया द्वारा उस बीज से उत्पन्न अग्नि की लपटों से पापसहित लिङ्ग शरीर को जला दे ।

(ii) तत्पश्चात् हृदय में पीतवर्ण **'स्त्रीं' बीज** का ध्यान कर चौंसठ बार जप करते हुए कुम्भक प्राणायाम से भस्म को इकट्ठा कर साधक को रेचक क्रिया द्वारा उक्त भस्म को बाहर निकाल कर फेंक देना चाहिए ।

(iii) इसके बाद शिर में शुक्लवर्ण **'हुं' बीज** का ध्यान कर बत्तीस बार जप करते हुए पूरक क्रिया द्वारा उससे उत्पन्न अमृत से आप्लावित कर दिव्य शरीर की रचना करनी चाहिए ।

फेत्कारिणी तन्त्र के अनुसार साधक को भूतशुद्धि कर 'आः' वर्ण को रक्त कमल के समान ध्यान कर उसके 'आँ' वर्ण को श्वेतकमल के समान और उसके ऊपर 'हुं' बीज को नीलकमल के समान ध्यान कर उसके ऊपर 'हूं' बीज से उत्पन्न बीजभूषित कर्तरिका का ध्यान करना चाहिए । कर्तरिका के ऊपर अपनी आत्मा का तारिणी (तारादेवी) के रूप में ध्यान करना चाहिए । फिर 'आं' ह्रीं क्रौं स्वाहा' इस मन्त्र का ग्यारह बार जप करते हुए हृदय में देवी की

वह्निप्रियामनुः प्रोक्ता रुद्रार्णो भूमिमन्त्रणे ।

मण्डलमन्त्रः

तारोऽनन्तो भृगुः कर्णी पद्मनाभयुतो बली ॥ ६४ ॥
खे वज्ररेखे क्रोधाख्यं बीजं पावकवल्लभा ।
द्वादशार्णेन मन्त्रेण रचयेन्मण्डलं शुभम् ॥ ६५ ॥

पुष्पशोधनमन्त्रः

तारो यथागतानिद्रासदृक्षेकभृगुर्विषम् ।
सदीर्घस्मृतिरौ साक्षौ महाकालो भगान्वितः ॥ ६६ ॥
क्रोधोस्त्रं मनुवर्णोऽयं मनुः पुष्पादिशोधने ।

चित्तशोधनमन्त्रः

तारः पाशपरास्वाहा पञ्चार्णश्चित्तशोधने ॥ ६७ ॥

तार इति । अनन्त आ । कर्णी भृगुः । सु । पद्मनाभयुतो बली एयुतो रः रे । क्रोधबीजं हुं । ॐ आसुरेखे वज्ररेखे हुं स्वाहेति मण्डलमन्त्रः ॥ ६४ ॥ * ॥ ६५ ॥ **तार** इति । सदृक् निद्रा इयुतो भः भिः । भृगुः सः । विषं मः । सदीर्घमायुतम् । स्मृतिरो गकाररेफौ साक्षौ इयुतौ ग्नि । भगान्वितो महाकालः एयुतो मः ॥ ६६ ॥ क्रोधो हुं । अस्त्रं फट् । यथा – ॐ गताभिषेकसमाग्नि मे हुं फडिति पुष्पशोधनमन्त्रः । तार इति । पाश आं । परा ह्रीं । ॐ आं ह्रीं स्वाहेति चित्तशोधनमन्त्रः ॥ ६७ ॥

प्राणप्रतिष्ठा करनी चाहिए । इस प्रकार की भूतिशुद्धि की क्रिया से साधक स्वयं देवी सदृश हो जाता है ॥ ६०-६३ ॥

अब **भूमिनिमन्त्रण आदि का मन्त्र** कहते हैं -

७. तार (ॐ), फिर 'पवित्र वज्र' पद, फिर भूमि, फिर अर्धीशेन्दुयुत वियत् (हूँ), इसके अन्त में वह्निप्रिया (स्वाहा) यह ग्यारह अक्षरों का भूमि अभिमन्त्रण का मन्त्र बन जाता है ॥ ६३-६४ ॥

८. तार (ॐ), अनन्त (आ), फिर कर्णी भृगु (सु) फिर पद्मनाभयुत बली (रे), तदनन्तर 'खे वज्र रेखे', फिर क्रोध बीज (हुं), फिर अन्त में पावकवल्लभा (स्वाहा) लगाने से बारह अक्षरों का मण्डल रचना का मन्त्र निष्पन्न होता है । साधक को इस मन्त्र से शुभ मण्डल की रचना करनी चाहिए ॥ ६४-६५ ॥

९. तार (ॐ), फिर 'यथागता', फिर 'सदृक् निद्रा' इकार युक्त भकार अर्थात् (भि), फिर 'षेक' पद, फिर भृगु (स), सदीर्घविष (मा), साक्षि स्मृति

मनवो दश संप्रोक्ता अर्घ्यस्थापनमुच्यते ।

अर्घ्यस्थापनम्

सेन्दुभ्यां मांसतोयाभ्यां भुवं संमृज्य भूगृहम् ॥ ६८ ॥
वृत्तं त्रिकोणसंयुक्तं कुर्यान्मण्डलमन्त्रतः ।
यजेत्तत्राधारशक्तिं कच्छपं नागनायकम् ॥ ६९ ॥
आधारं स्थापयेत्तत्र ताराद्यस्त्राङ्गमायया ।
वह्निमण्डलमभ्यर्च्य महाशङ्खं निधापयेत् ॥ ७० ॥

अर्घ्यस्थापनमाह – **सेन्दुभ्यामिति** । मांसं लः । तोयं वः ॥ ६८ ॥ सबिन्दुभ्याम् आभ्यां भूमिं संशोध्य पूर्वोक्तेन मण्डलमन्त्रेण वृत्तत्रिकोण–चतुष्कोणात्मकं मण्डलं कुर्यात् । तत्राधारशक्तिं कूर्मशेषान् संपूज्य ॥ ६९ ॥ ॐ ह्रीं फडिति मन्त्रेणार्घ्याधारं स्थापयेत् । मं वह्निमण्डलाय नम इति तत्सम्पूज्य ॥ ७० ॥ वामकर्णेन्दुयुक्तेन उबिन्दुयुतेन फडन्तेन विहायसा हकारेण

(ग्नि), भगान्वित महाकाल (मे), क्रोध (हुं), एवं अन्त में अस्त्र (फट्) लगाने से चौदह अक्षरों का पुष्पादिशोधन मन्त्र बनता है ।

१०. तार (ॐ), पाशं (आं) परा (ह्रीं) उसके अन्त में स्वाहा लगाने से पाँच अक्षरों का चित्तशोधन मन्त्र बनता है -

इस प्रकार जल ग्रहण आदि के दश मन्त्र बतलाये गये । आगे अर्घ्य स्थापन की क्रिया का वर्णन करेगें ॥ ६६–६७ ॥

विमर्श - मन्त्रों का स्वरूप इस प्रकार है -

७ - भूमि अभिमन्त्रण मन्त्र - ॐ पवित्रवज्रभूमे हूं स्वाहा ।

८ - मण्डल रचना मन्त्र - ॐ आसुरेखे वज्ररेखे हुं स्वाहा

९ - पुष्पादिशोधन मन्त्र - ॐ यथागताभिषेकसमाग्नि मे हुं फट् ।

१० - चित्तशोधन मन्त्र - ॐ आं ह्रीं स्वाहा ॥ ६६-६७ ॥

यहाँ तक ग्रन्थकार ने दश मन्त्रों का वर्णन किया । अब आगे **अर्घ्य स्थापन की विधि** कहते हैं -

सेन्दु (सानुस्वार) मांस (ल) तथा तोय व (अर्थात् लं वं) मन्त्र पढ़कर भूमि शोधन करें । पश्चात् मण्डल मन्त्र (ॐ आसुरेखे वज्ररेखे हुं स्वाहा) पढ़कर वृत्त त्रिकोण और चतुष्कोणात्मक मण्डल की रचना कर उस पर आधार शक्ति 'आधारशक्तये नमः' कच्छप (कच्छपाय नमः) नागनायक शेष (शेषाय नमः) का पूजन करें । तदनन्तर आदि में तार (ॐ) माया (ह्रीं) सहित फडन्त मन्त्र अर्थात् 'ॐ ह्रीं फट्' इस मन्त्र से मण्डल पर आधार पात्र स्थापित करें । इसके पश्चात् 'मं वह्निमण्डलाय नमः' इस मन्त्र से वह्निमण्डल

मन्त्रचतुष्टयेन महाशंखपूजा

वामकर्णेन्दुयुक्तेन फडन्तेन विहायसा ।
प्रक्षालितं भृगुर्दण्डित्रिमूर्तीन्दुयुतं पठन् ॥ ७१ ॥
ततोऽर्चयेन्महाशङ्खं जपन्मन्त्रचतुष्टयम् ।

मन्त्रचतुष्टयकथनम्

दीर्घत्रयान्विता माया कालीसृष्टिः सदीर्घपः ॥ ७२ ॥
प्रतिष्ठा संयुतं मांसं पवनो हृदयं ततः ।
एकादशार्णः प्रथमो महाशङ्खार्चने मनुः ॥ ७३ ॥
हंसो हरिभुजङ्गेशयुतो दीर्घत्रयेन्दुयुक् ।
तारिण्यन्ते कपालायनमोऽन्तो द्वादशाक्षरः ॥ ७४ ॥

हुं फडिति मन्त्रेण प्रक्षालितं महाशङ्खं नरकपालम् । दण्डि त्रिमूर्तीन्दुयुतं त्रईबिन्दुयुक्तं भृगुं सकारम् स्त्रीमिति बीज पठन् । स्थापयेदित्यन्वयः ॥ ७१ ॥ ततो मन्त्रचतुष्टयेन महाशङ्खपूजा । मन्त्रचतुष्टयमाह – **दीर्घेति** । दीर्घत्रयम् – आ ई ऊ । तद्युता माया सृष्टिः कः । सदीर्घ पः पा । प्रतिष्ठा आकारस्तद्युतं मांसं लः ला । पवनो यः हृदयं नमः । ह्रां ह्रीं ह्रूँ 'कालीकपालाय नमः' इत्येको मन्त्रः ॥ ७२ ॥ * ॥ ७३ ॥ **हंस** इति । हंसः सः । हरिभुजङ्गे शौ तरौ ताभ्यां युतः तथा दीर्घत्रयं बिन्दुयुतश्च । स्वरूपमन्यत् । स्त्रां स्त्रीं स्त्रूं तारिणीकपालाय नम इति द्वितीयः ॥ ७४ ॥

की पूजाकर वाम कर्ण (उकार) इन्दु अनुस्वार से युक्त विहायस ह (अर्थात् हुं) उसके बाद फट् अर्थात् 'हुं फट्' इस मन्त्र से महाशंख (नरकपाल) का प्रक्षालन कर भृगु (स), दण्डी तृ त्रिमूर्त्ती ई उस पर बिन्दु (अर्थात् स्त्रीं) इस बीज मन्त्र से महाशंख (नर कपाल) को आधार पात्र पर स्थापित करना चाहिए ॥ ६८-७१ ॥

तदनन्तर वक्ष्यमाण चार मन्त्रों को पढ़ते हुए उस महाशङ्ख की पूजा करनी चाहिए । दीर्घत्रयान्विता माया (ह्रां ह्रीं ह्रुं), फिर 'काली', सृष्टि (क), दीर्घ सहित प (पा), प्रतिष्ठा युत् मांस (ला), तदनन्तर पवन (य), अन्त में हृदय (नमः) लगाने से महाशङ्ख पूजा का ग्यारह अक्षर का प्रथम मन्त्र बनता है ॥ ७२-७३ ॥

विमर्श - मन्त्र का स्वरूप - (i) 'ह्रां ह्रीं ह्रूं कालीकपालाय नमः' ।

अनुस्वार एवं दीर्घ त्रय सहित हंस (स्), हरि (त्), भुजङ्गेश (र्) अर्थात् स्त्रां स्त्रीं स्त्रृं फिर 'तारिणी' उसके अन्त में 'कपालाय नमः' लगाने से बारह अक्षर का दूसरा मन्त्र बनता है ॥ ७४ ॥

विमर्श - (ii) 'स्त्रां स्त्रीं स्त्रृं तारिणीकपालय नमः' ।

खं दीर्घत्रयबिन्द्वाढ्यं मेषोवामदृगन्वितः।
लोकपालाय हृदयं तृतीयोऽयं शिवाक्षरः॥ ७५॥
माया स्त्रीबीजमर्घ्नीन्दुयुतं खं स्वर्गखादिमः।
पालाय सर्वाधाराय सर्वः सर्वोद्भवस्तथा॥ ७६॥
सर्वशुद्धिमयश्चेति ङेन्ताः सर्वासुरान्ततः।
रुधिरारुरतिर्दीर्घावायुः शुभ्रानिलः सुरा॥ ७७॥
भाजनाय भगीसत्यो वीकपालायहृन्मनुः।
तुर्यो रसेषु वर्णोऽयं महाशङ्खप्रपूजने॥ ७८॥

खमिति । खं हः । दीर्घत्रयबिन्दुयुतः । वामदृगन्वितो मेषः ईयुतो नः नी । स्वरूपमग्रे । हां हीं हूँ नीलाकपालाय नम इति तृतीयः॥ ७५॥ चतुर्थमाह – **मायेति** । माया ह्रीं । स्त्रीबीजं स्त्रीं । अर्घ्नीन्दुयुतं खं हूं । स्वर्ग स्वरूपम् । खादिमः कः । पालायेत्यादिस्वरूपम् । सर्वः सर्वोद्भवः सर्वशुद्धिमय इतिपदत्रय चतुर्थ्यन्तम् । स्वरूपमग्रे । दीर्घा रतिः णा । वायुः यः । शुभ्रा स्वरूपम् । अनिलो यकारः । सुराभाजनाय स्वरूपम् । भगी सत्यः एयुतो दः दे । वीत्यादिस्वरूपम् । हृन्नमः । यथा – ह्रीं स्त्रीं हूं स्वर्गकपालाय सर्वाधाराय सर्वाय सर्वोद्भवाय सर्वशुद्धिमयाय सर्वासुररुधिरारुणाय शुभ्राय सुराभाजनाय देवीकपालाय नम इति चतुर्थो मन्त्रः रसेषु वर्णः षट्–पञ्चाशदक्षरः । एभिर्मन्त्रैर्महाशङ्खं सम्पूज्य अं सूर्यमण्डलाय नम इत्यर्कमण्डलं

बिन्दु एवं दीर्घत्रय समन्वित ख (ह) अर्थात् हां हीं हूँ, वामदृक् सहित मेष (नी), फिर 'ला कपालाय' उसके अन्त में हृदय (नमः) लगाने से ग्यारह अक्षरों का तृतीय मन्त्र बनता है॥ ७५॥

विमर्श - मन्त्र का स्वरूप - (iii) 'हां हीं हूं नीलाकपालाय नमः' ।

माया (ह्रीं), स्त्रीं बीज (स्त्रीं), अर्घ्नीन्दुयुत् ख (हूँ), फिर 'स्वर्ग', तदनन्तर खादिम (क), फिर 'पालाय सर्वाधाराय', फिर चतुर्थ्यन्त सर्व, 'सर्वोद्भव' तथा 'सर्वशुद्धिमय' शब्द (सर्वोद्भवाय सर्वशुद्धिमयाय), फिर 'सर्वासुर' तब 'रुधिरारु' उसके अनन्तर दीर्घरति 'णा', फिर वायु य (सर्वासुर रुधिरारुणाय), फिर 'शुभ्रा' पद फिर अनिल (य) (शुभ्राय), तदनन्तर 'सुराभाजनाय', फिर भगीसत्य (दे), फिर 'वीकपालाय' पद (देवीकपालाय), तदनन्तर हृत् (नमः) इस प्रकार रस ६ इषु ५ 'अङ्कानां वामतो गतिः' के अनुस्वार ५६ अक्षरों का तुर्य अर्थात् चौथा महाशंखपूजन का मन्त्र निष्पन्न होता है॥ ७६-७८॥

विमर्श - मन्त्र का स्वरूप - (iv) 'ह्रीं स्त्रीं हूं स्वर्गकपालाय सर्वाधाराय सर्वाय सर्वोद्भवाय सर्वशुद्धिमयाय सर्वासुररुधिरारुणाय शुभ्राय सुराभाजनाय देवीकपालाय नमः॥ ६७-७८॥

तत्रार्कमण्डलं चेष्ट्वा सलिलं मूलमन्त्रतः ।
प्रपूरयेत्सुधाबुद्ध्या गन्धपुष्पाक्षतान् क्षिपेत् ॥ ७९ ॥

चन्द्रमण्डलपूजा

मुद्रां त्रिखण्डां संदर्श्य पूजयेच्चन्द्रमण्डलम् ।

एकादशार्णमन्त्रोद्धारः

वाक्शक्तिपद्मागगनं रेफानुग्रहबिन्दुयुक् ॥ ८० ॥
मूलमन्त्रो वियद्धंसमनुसर्गसमन्वितम् ।
वराहो दीपिकेन्द्वाढ्यो मनुरेकादशाक्षरः ॥ ८१ ॥

संपूज्य, मूल मन्त्रं पठन् सुधाबुद्ध्या तोयं सम्पूर्य, तत्र गन्धपुष्पाक्षतान् क्षिपेत् । सुधा सुरात्रेति रहस्यम् ॥ ७६–७९ ॥ त्रिखण्डां मुद्रां बद्ध्वा । ॐ सोममण्डलाय नम इति तोये चन्द्रमण्डलं सम्पूज्यैकादशार्णेन मन्त्रेणाष्टवारं जलं मन्त्रयेत् ।

त्रिखण्डालक्षणं यथा –

परिवर्त्यकरौ स्पष्टावङ्गुष्ठौ कारयेत् समौ ॥
अनामान्तर्गते कृत्वा तर्जन्यौ कुटिलाकृती ।
कनिष्ठिके नियुञ्जीत निजस्थाने महेश्वरि ॥
त्रिखण्डेयं समाख्याता त्रिपुराह्वानकर्मणि ॥ इति ॥

एकादशार्णमाह – **वागिति** । वाक् ऐं । शक्तिः ह्रीं । पद्मा श्रीं । रेफा–नुग्रहबिन्दुयुक् गगनं रेफ औबिन्दुयुतो हः ह्रौं । मूलमन्त्रः पूर्वोक्तः पञ्चार्णः । हंसमनुसर्गसमन्वितं वियत् । सऔ विसर्गयुतो हः ह्सौः । दीपिकेन्द्वाढ्यो वराहः ऊ । बिन्दुयुतो हः हूं । यथा – ऐं ह्रीं श्रीं ह्रौं ॐ ह्रीं त्रीं हूं फट् ह्सौ हूमिति ॥ ८०–८१ ॥

उस कपाल में 'अं सूर्यमण्डलाय नमः' मन्त्र से अर्कमण्डल की पूजाकर मूलमन्त्र पढ़ते हुए मद्य की भावना से उसमें जल भरे, तदनन्तर गन्ध, पुष्प एवं अक्षत डालकर त्रिखण्डामुद्रा दिखाते हुए 'ॐ सोममण्डलाय नमः' इस मन्त्र से जल में चन्द्रमण्डंल की पूजा करनी चाहिए ॥ ७९-८० ॥

वाक् (ऐं), शक्ति (ह्रीं), पद्मा (श्रीं), रेफानुग्रह बिन्दुसहित गगन (ह्रीं), फिर मूल मन्त्र (ॐ ह्रीं त्रीं हुं फट्), फिर स औ विसर्ग से युक्त ह अर्थात् ह्सौः, फिर अन्त में दीपिका एवं बिन्दुसहित वराह (हूँ) लगाने से ग्यारह अक्षरों वाला मन्त्र बनता है ॥ ८१ ॥

विमर्श - यथा - ऐं ह्रीं श्रीं ह्रीं ॐ ह्रीं त्रीं हुं फट् ह्सौः हूं ॥ ८१ ॥

अष्टकृत्वोऽमुनामन्त्री मन्त्रयेत् प्रयतो जलम् ।
मायया मदिरां क्षिप्त्वा शंखं योनिं च दर्शयेत् ॥ ८२ ॥

ततो ह्रीं बीजेन तोये सुरां प्रक्षिप्य शङ्खयोनिमुद्रे दर्शयत् ।
ततो लक्षणं यथा –

वामाङ्गुष्ठं तु संगृह्य दक्षहस्तस्य मुष्टिना ।
कृत्वोत्तानं तथा मुष्टिमङ्गुष्ठे तु प्रसारयेत् ।
वामाङ्गुल्यस्तथाश्लिष्टाः संयुताः सुप्रसारिताः ।
दक्षिणाङ्गुष्ठके लग्ना मुद्राशङ्खस्य भूतिदा । इति शङ्खमुद्रालक्षणम् ।
मिथः कनिष्ठिके बद्धा तर्जनीभ्यामनामिके ।
अनामिकोर्ध्व संश्लिष्ट दीर्घमध्यमयोरधः ।
अङ्गुष्ठाग्रद्वयं न्यस्येद्योनि मुद्रेयमीरिता । इति योनिमुद्रालक्षणम् ॥ ८२ ॥

इस मन्त्र को आठ बार पढ़कर साधक जल को अभिमन्त्रित करे । फिर मायावीज (ह्रीं) मन्त्र से उसमें मदिरा डालकर शंखमुद्रा एवं योनिमुद्रा प्रदर्शित करें ॥ ८२ ॥

विमर्श – अर्घ्यस्थापन की विधि – साधक अपने बॉयीं ओर अर्घ्यस्थापन के लिए सर्वप्रथम 'लं वं', इन बीजों से भूमि साफ एवं शुद्ध करके 'ॐ आसुरेखे वज्ररेखे हुं स्वाहा' इस मन्त्र से वृत्त त्रिकोण एवं चतुष्कोण मण्डल बनावें । उस पर 'ॐ आधारशक्तये नमः, ॐ कूर्माय नमः, ॐ शेषाय नमः', इन मन्त्रों से आधारशक्ति, कूर्म एवं शेषनाग का पूजन कर 'ॐ ह्रीं फट्' मन्त्र से अर्घ्य के आधार पात्र को स्थापित करे ।

तत्पश्चात् 'ॐ मं वह्निमण्डलाय नमः, – इस मन्त्र से आधार पात्र का पूजन कर 'हुँ फट्' मन्त्र से महाशंख (नरकपाल) को धोकर 'स्त्रीं' बीज पढ़ते हुये आधार पात्र पर महाशंख को स्थापित करना चाहिए ।

फिर निम्नलिखित चार मन्त्रों से महाशंख का पूजन करना चाहिए ।

१ – ह्रां ह्रीं ह्रूं कालीकपालाय नमः ।

२ – स्त्रां स्त्रीं स्त्रूं तारिणीकपालाय नमः ।

३ – ह्रां ह्रीं ह्रूं नीलाकपालाय नमः ।

४ – ह्रीं स्त्रीं ह्रूं स्वर्गकपालाय सर्वाधाराय सर्वाय सर्वोद्भवाय सर्वशुद्धिमयाय सर्वासुररुधिरारुणाय शुभ्राय सुराभाजनाय देवी कपालाय नमः ।

इन मन्त्रों से महाशंख का पूजन कर 'अं सूर्यमण्डलाय नमः' – इस मन्त्र से अर्कमण्डल का पूजन कर मूलमन्त्र पढते हुए मदिरा की भावना से उसमें जल भरकर उसमें गन्ध, पुष्प एवं अक्षत डालने चाहिए तथा त्रिखंडा मुद्रा प्रदर्शित करनी चाहिए ।

तत्र वृत्ताष्टषट्कोणं ध्यात्वा देवीं विचिन्तयेत्।
पूर्वोक्तां पूजयित्वैनां मूलेनाथ प्रतर्पयेत् ॥ ८३ ॥
तर्जनी मध्यमानामाकनिष्ठाभिर्महेश्वरी।
साङ्गुष्ठाभिश्चतुर्वारं महाशङ्खस्थिते जले ॥ ८४ ॥

तर्पणमन्त्रः

खं रेफमनुबिन्द्वाढ्यं भृगुमन्विन्दुयुक् तथा।
ध्रुवाद्येन नमोऽन्तेन तर्प्यादानन्दभैरवम् ॥ ८५ ॥

तत्रार्घ्यजले वृत्ताष्टषट्कोणरूपं यन्त्रं विचिन्त्य ध्यानोक्तां देवीं च स्मृत्वा मूलेनार्चयेत् ॥ ८३ ॥ ततो अङ्गुष्ठयुताभिस्तर्जन्याद्यङ्गुली-भिरर्घ्यजले मूलेन तां तर्पयेत् ॥ ८४ ॥ **खमिति** । ख हः । मनुरौ । भृगुः सः । तथा हकार एव भृग्वादियुतः । ध्रुव ॐ । यथा – ॐ हौं ह्सौं नम इत्यानन्दभैरवं तर्पयेत् ॥ ८५–८६ ॥

फिर 'ॐ सोममण्डलाय नमः' - इस मन्त्र से जल में चन्द्रमण्डल की पूजा कर 'ऐं ह्रीं श्रीं ॐ ह्रीं त्रीं हुं फट् ह्सौः हूम्' इस मन्त्र को पढ़ते हुए आठ बार जल को अभिमन्त्रित करना चाहिए ॥ ८२ ॥

तत्पश्चात् 'ह्रीं' से उस जल में तीर्थ (मदिरा) डालकर शंख मुद्रा एवं योनि मुद्रा प्रदर्शित करनी चाहिए ।

तारापूजनयन्त्रम्

उस अर्घ्य के जल में वृत्त, अष्टदल एवं षटकोण रूपी यन्त्र की भावना कर पूर्वोक्त (४.३९,४०) विधि से देवी का ध्यान कर मूल मन्त्र से उनका पूजन करना चाहिए ॥ ८३ ॥

तदनन्तर तर्जनी, मध्यमा, अनामिका, कनिष्ठिका तथा अंगूठे को मिलाकर मूलमन्त्र द्वारा महाकपाल स्थित अर्घ्य के जल से ४ बार देवी का तर्पण करना चाहिए ॥ ८४ ॥

फिर ख (ह), जो रेफ औ और बिन्दु से युक्त हो (हौं) तथा बिन्दु अनुस्वार भृगु स और औ से युक्त हकार (ह्सौं) इस प्रकार मन्त्र के आदि में ध्रुव (ॐ) लगाकर अन्त में 'नमः' लगाकर अर्थात् 'ॐ हौं ह्सौं नमः' इस मन्त्र से आनन्दभैरव का तर्पण करना चाहिए ॥ ८५ ॥

ततस्तेनार्घ्यतोयेन प्रोक्षेत्पूजनसाधनम् ।
योनिमुद्रां प्रदर्श्याथ प्रणमेद्भवतारिणीम् ॥ ८६ ॥
विधानमध्ये सम्प्रोक्तं सर्वसिद्धिप्रदायकम् ।
पूर्वोक्ते पूजयेत्पीठे पद्मे षट्कोणकर्णिके ॥ ८७ ॥
धरागृहावृते रम्ये देवीं रम्योपचारकैः ।
महीगृहचतुर्दिक्षु गणेशादीन्प्रपूजयेत् ॥ ८८ ॥

पीठे शक्तिपूजायां गणेशध्यानादिकथनम्

पाशांकुशौ कपालं च त्रिशूलं दधतं करैः ।
अलङ्कारचयोपेतं गणेशं प्राक्समर्चयेत् ॥ ८९ ॥
कपालशूले हस्ताभ्यां दधतं सर्पभूषणम् ।
श्वयूथवेष्टितं रम्यं बटुकं दक्षिणेर्चयेत् ॥ ९० ॥
असिशूलकपालानि डमरुं दधतं करैः ।
कृष्णं दिगम्बरं क्रूरं क्षेत्रपं पश्चिमे यजेत् ॥ ९१ ॥

इत्यर्घ्यविधिं कृत्वा पूर्वोक्ते मेधादि नवशक्तिके पीठे तां पूजयेत् ॥ ८७-८८ ॥ गणेशादिध्यानमाह – **पाशेति** । अङ्कुशत्रिशूले दक्षयोः । पाशकपाले वामयोः । अलङ्काराणां चयः समूहस्तद् युतम् ॥ ८९ ॥ बटुकस्य दक्षे शूलम् ॥ ९० ॥ क्षेत्रपालस्यासिशूले दक्षयोः ॥ ९१ ॥

तर्पण करने के उपरान्त अर्घ्यपात्रस्थ जल से पूजा सामग्री का प्रोक्षण करें । फिर योनिमुद्रा दिखाकर भवतारिणी भगवती तारा को प्रणाम करना चाहिए॥ ८६॥

तारा पूजा के विधान के मध्य में ग्रन्थकार ने पूर्व में सर्वसिद्धि प्रदान करने वाले पीठ का वर्णन किया है । उसी पूर्वोक्त (द्र० ४.८३) षट्कोण, कर्णिका, अष्टदल कमल एवं भूपुर से वेष्टित पीठ पर रम्य उपचारों से देवी का पूजन करना चाहिए । तदनन्तर वक्ष्यमाण विधि से पीठ के चारों ओर गणेशादि का पूजन करना चाहिए ॥ ८७-८८ ॥

अब भगवती के **आवरण की पूजा** का प्रकार कहते हैं

पीठ के पूर्व दिशा के द्वार पर हाथों में पाश, अंकुश कपाल तथा त्रिशूल धारण किये हुए अनेक अलङ्कारों से सुशोभित गणेश जी का पूजन करना चाहिए ॥ ८९ ॥

पीठ के दक्षिण द्वार पर हाथों में कपाल एवं त्रिशूल लिए हुये सर्परूप आभूषणों से सुशोभित श्वानों के दल से घिरे हुये बटुक भैरव की पूजा करनी चाहिए ॥ ९० ॥

पीठ के पश्चिम द्वार पर तलवार, त्रिशूल, कपाल एवं डमरु हाथों में लिए हुये, कृष्णवर्ण, दिगम्बर एवं क्रूर आकृति वाले क्षेत्रपाल का पूजन

कपालं डमरुं पाशं लिङ्गं सम्बिभ्रतीं करैः ।
अन्त्राकल्पा रक्तवस्त्रा योगिनीरुत्तरे यजेत् ॥ ६२ ॥
अक्षोभ्यं प्रयजन्मूर्ध्नि देव्यामन्त्रऋषिं शुभम् ।
अक्षोभ्यवज्रपुष्पं च प्रतीच्छानलवल्लभा ॥ ६३ ॥
अक्षोभ्यपूजने मन्त्रः षटकोणेषु षडङ्गकम् ।
वैरोचनं चामिताभं पद्मनाभाभिधं तथा ॥ ६४ ॥
शङ्खं पाण्डुरसंज्ञं च दिग्दलेषु प्रपूजयेत् ।
लामकां मामकां चैवपाण्डुरां तारकां तथा ॥ ६५ ॥
विदिग्गताब्जपत्रेषु पूजयेदिष्टसिद्धये ।
सबिन्दुनामाद्यर्णाद्याः सम्बुध्यन्तास्तथाभिधाः ॥ ६६ ॥
वज्रपुष्पं प्रतीच्छाग्निप्रियान्ताः प्रणवादिकाः ।
वैरोचनादिपूजायां मनवः परिकीर्तिताः ॥ ६७ ॥

योगिनीनां पाशलिङ्गे दक्षयोः ॥ ६२ ॥ अक्षोभ्य वज्रपुष्पं प्रतीच्छ स्वाहेति मुनिमन्त्रः ॥ ६३–६५ ॥ सबिन्दुनामादिवर्ण आद्यो यासां ईदृश्य संबोधनान्ताः प्रणवाद्या वज्राद्यन्ता अभिधानामान्येव वैरोचनादिमन्त्राः । यथा – ॐ वैं वैरोचनवज्रपुष्पं प्रतीच्छ स्वाहा । ॐ अं अमिताभवज्रपुष्पं प्रतीच्छ स्वाहा । ॐ पं पद्मनाभवज्रपुष्पं प्रतीच्छ स्वाहा । ॐ शं शङ्खपाण्डुरवज्रपुष्पं प्रतीच्छ स्वाहा । ॐ लां लामके वज्रपुष्पं प्रतीच्छ स्वाहा । ॐ मां मामके वज्रपुष्पं प्रतीच्छ स्वाहा इत्यादि । पद्मान्तकादि पूजायाम् अप्येवमेव मन्त्राः ॥ ६६ ॥ * ॥ ६७–६६ ॥

करना चाहिए ॥ ६१ ॥

तदनन्तर पीठ के उत्तर द्वार पर कपाल, डमरु, पाश एवं लिङ्ग हाथों में धारण करने वाली और लाल वस्त्र धारण की हुई तथा आंतों के आभूषणों से भूषित योगिनियों की पूजा करनी चाहिए ॥ ६२ ॥

पीठ के ऊपर देवी के मस्तक पर नागरूप से विराजमान तारा मन्त्र के अक्षोभ्य ऋषि का 'अक्षोभ्य वज्रपुष्पं प्रतीच्छ स्वाहा' इस मन्त्र से पूजन करना चाहिए । तदनन्तर षट्कोणों में षडङ्गपूजा करनी चाहिए ॥ ६३ ॥

पूर्वादि दिशाओं के अष्टदलों में क्रमशः वैरोचन, अमिताभ, पद्मनाभ एवं पाण्डुशंख की पूजा करें । अष्टदल के कोणों में इष्टसिद्धि के लिए लामका, मामका, पाण्डुरा तथा तारका की पूजा करनी चाहिए । संबोधन पूर्वक नाम के आद्य अक्षर में अनुस्वार लगाकर, तदनन्तर 'वज्रपुष्पं प्रतीच्छ स्वाहा' इस मन्त्र से वैरोचन आदि की पूजा करनी चाहिए । भूपुर के चारों द्वारों पर पद्मान्तक, यमान्तक, विघ्नान्तक, तथा नारान्तक की पूजा

भूगृहस्य चतुर्द्वार्षु पद्मान्तकयमान्तकौ।
विघ्नान्तकाभिधं पश्चान्नारान्तकमथो यजेत्॥ ६८॥
शक्रादींश्चापि वज्रादीन् पूजयेत्तदनन्तरम्।
एवं सम्पूजयेद्देवीं पाण्डित्यं धनमद्भुतम्॥ ६६॥
पुत्रान् पौत्रान् सुखं कीर्तिं लभते जनवश्यताम्।

करनी चाहिए । फिर इन्द्रादि दशदिक्पालों की तथा उनके वज्र आदि आयुधों की पूजा करनी चाहिए ॥ ६४-६६ ॥

इस प्रकार देवी का पूजन करने से साधक अदभुत पाण्डित्य धन, पुत्र, पौत्र, सुख एवं कीर्त्ति प्राप्त करता है तथा जनसामान्य को अपने वश में करने की शक्ति प्राप्त करता है ॥ ६६-१०० ॥

विमर्श - ऊपर ४.८८ से ४.६६ पर्यन्त तारा के आवरण पूजा की विधि कही गई है उसका यथाक्रम संक्षेप इस प्रकार है -

पूर्वोक्त (द्र० ४. ८३-८६) रीति से देवी की पूजा कर योनिमुद्रा प्रदर्शित कर 'आवरणं ते पूजयामि, देवि आज्ञापय' मन्त्र पढ़कर देवी से आज्ञा ले आवरण पूजा करनी चाहिए ।

प्रथम पीठ के द्वार पर पाशांकुशो (द्र० ४.८६) से गणपति का ध्यान कर 'गणपतये नमः गणपतिं पूजयामि' इस मन्त्र से गणपति की पूजा करे । पुनः पीठ के दक्षिण द्वार पर 'कपाल शूले' (द्र० ४.६०) आदि श्लोक से ध्यान कर 'बटुक भैरवाय नमः' इस मन्त्र से बटुक भैरव की पूजा करे । पुनः पीठ के पश्चिम द्वार पर असिशूलकपालानि' (द्र० ४.६१) श्लोक से ध्यान कर 'क्षेत्रपालाय नमः' इस मन्त्र से क्षेत्रपाल की पूजा करे, पुनः पीठ के उत्तर दिशा में 'कपालं डमरुं पाशं' (द्र० ४.०२) इस श्लोक से ध्यान कर 'योगिनीभ्यो नमः' इस मन्त्र से योगिनियों की पूजा करनी चाहिए ।

पुनः पीठ के ऊपर 'ॐ अक्षोभ्य वज्रपुष्पं प्रतीच्छ स्वाहा' इस मन्त्र से अक्षोभ्य ऋषि का पूजन करना चाहिए । तदनन्तर केशरों के अग्नि कोण, ईशान कोण, वायव्य एवं नैऋत्य कोणों में तथा मध्य दिशा में इस प्रकार षडङ्ग पूजा करनी चाहिए । यथा -

ॐ ह्रां एकजटायै नमः, आग्नेये ।
ॐ ह्रीं तारिण्यै शिरसे स्वाहा, ईशान्ये ।
ॐ ह्रूं वज्रोदकायै शिखायै वषट्, वायव्ये ।
ॐ ह्रैं उग्रजटायै कवचाय हुं, नैर्ऋत्ये ।
ॐ ह्रौं महापरिसरायै नेत्रत्रयाय वौषट्, मध्ये ।
ॐ ह्रः पिङ्गोग्रैकजटायै अस्त्राय फट्, चतुर्दिक्ष ।

इसके अनन्तर पूर्वादि स्थित दलों की दिशाओं में स्थित अष्टदलों के कमलों में वैरोचनादि का तथा आग्नेयादि कोणों में स्थित दलों में लामका आदि का इस प्रकार पूजन करना चाहिए -

ॐ वं वैरोचन वज्रपुष्पं प्रतीच्छ स्वाहा ।
ॐ अं अमिताभ वज्रपुष्पं प्रतीच्छ स्वाहा ।
ॐ पं पद्मनाभ वज्रपुष्पं प्रतीच्छ स्वाहा ।
ॐ शं शंखनाभ वज्रपुष्पं प्रतीच्छ स्वाहा ।
ॐ लां लामिके वज्रपुष्पं प्रतीच्छ स्वाहा ।
ॐ मां मामिके वज्रपुष्पं प्रतीच्छ स्वाहा ।
ॐ पां पाण्डुरे वज्रपुष्पं प्रतीच्छ स्वाहा ।
ॐ तां तारके वज्रपुष्पं प्रतीच्छ स्वाहा ।

फिर भूपुर के चारों द्वारों पर यथाक्रम पूर्वादि दिशाओं में पूजन करे -

ॐ पं पद्मान्तक वज्रपुष्पं प्रतीच्छ स्वाहा ।
ॐ यं यमान्तकं वज्रपुष्पं प्रतीच्छ स्वाहा ।
ॐ विं विघ्नात्मक वज्रपुष्पं प्रतीच्छ स्वाहा ।
ॐ नां नारान्तक वज्रपुष्पं प्रतीच्छ स्वाहा ।

तदनन्तर चतुरस्र के पूर्व आदि दिशाओं में इन्द्रादि लोकपालों का यथाक्रम पूजन करना चाहिए -

ॐ लां इन्द्राय देवाधिपतये नमः, पूर्वे ।
ॐ रां अग्नये तेजाधिपतये नमः, आग्नेये ।
ॐ यां यमाय प्रेताधिपतये नमः, दक्षिणे ।
ॐ क्षां निर्ऋतये रक्षोधिपतये नमः, नैर्ऋत्ये ।
ॐ वां वरुणाय जलाधिपतये नमः पश्चिमे ।
ॐ यां वायवे प्राणाधिपतये नमः, वायव्ये ।
ॐ सां सोमाय ताराधिपतये नमः, उत्तरे ।
ॐ हां ईशानाय गणाधिपतये नमः, ईशाने ।
ॐ आं ब्रह्मणे प्रजाधिपतये नमः, पूर्वेशानयोर्मध्ये ।
ॐ ह्रीं अनन्ताय नागाधिपतये नमः, निर्ऋतिवरुणयोर्मध्ये ।

इसके बाद चतुरस्र के बाहर दश दिक्पालों के आयुधों का पूजन पूर्व आदि दिशाओं में करना चाहिए -

ॐ वज्राय नमः, पूर्वे, ॐ शक्तये नमः, आग्नेये, ॐ दण्डाय नमः, दक्षिणे, ॐ खड्गाय नमः, नैर्ऋत्ये, ॐ पाशाय नमः, पश्चिमे. ॐ अंकुशाय नमः, वायव्ये, ॐ गदायै नमः, उत्तरे, ॐ शूलाय नमः, ईशाने, ॐ पदमाय नमः, ऊर्ध्वम्, ॐ चक्राय नमः, अधः ।

इस प्रकार पाँच आवरणों की पूजा कर पाँच पुष्पाञ्जलि भगवति को

नित्यपूजान्ते बलिदानं द्विपञ्चाशदर्णमन्त्रः

तारो माया श्रीमदेकजटे नीलसरस्वति ॥ १०० ॥
महोग्रतारे देबालः सनेत्रो गदियुग्मकम् ।
सर्वभूतपिशाचकूर्मो दीर्घोग्निर्मेरुसान् ग्रसः ॥ १०१ ॥
ग्रभृगुर्ममजाड्यं च च्छेदयद्वितयं रमा ।
मायास्त्राग्निप्रियान्तोऽयं द्विपञ्चाशल्लिपिर्मनुः ॥ १०२ ॥
अनेन नित्यपूजान्तेऽन्वहं देव्यै बलिं हरेत् ।
एवं सिद्धे मनौ मन्त्री प्रयोगान्विदधीत च ॥ १०३ ॥
जातमात्रस्य बालस्य दिवसत्रितयादधः ।
जिह्वायां विलिखेन्मन्त्रं मध्वाज्याभ्यां शलाकया ॥ १०४ ॥

नित्यपूजान्ते बलिदानमन्त्रमाह – **तार इति** । तार ॐ । माया ह्रीं । वालो वः । सनेत्रयुतः वि । गदी खः । कूर्मश्चकारः । दीर्घोग्निः रा । मेरुः क्षः । भृगुः सः । रमा श्रीं । माया ह्रीं । अस्त्रं फट् । अग्निप्रिया स्वाहा । स्वरूपम् अन्यत् । यथा – ॐ ह्रीं श्रीमदेकजटे नीलसरस्वति महोग्रतारे देवि ख ख सर्वभूतपिशाचराक्षसान् ग्रस ग्रस मम जाड्यं छेदय छेदय श्रीं ह्रीं फट् स्वाहेति द्विपञ्चाशदर्णः ॥ १०० ॥ * ॥ १०१–१०५ ॥

समर्पित करे ।

अब पूजा के उपरान्त **बलिदान मन्त्र का उद्धार** कहते हैं -

तार (ॐ), माया (ह्रीं), फिर, 'श्रीमदेकजटे नीलसरस्वति महोग्रतारे दे' फिर सनेत्र वाल (वि) फिर गदियुग्मक (ख ख), फिर 'सर्वभूतपिशा', फिर कूर्म (च), दीर्घ अग्नि (रा), मेरु (क्ष), फिर 'सान्', 'ग्रस ग्र' फिर भृगु (स), फिर 'मम जाड्यं' फिर २ बार छेदय शब्द, फिर रमा (श्रीं), माया (ह्रीं), अस्त्र (फट्) तथा अन्त में अग्निप्रिया (स्वाहा) लगाने से बावन अक्षरों का मन्त्र निष्पन्न होता है । इस मन्त्र से प्रतिदिन पूजा के बाद भगवती को बलि समर्पित करनी चाहिए । इस प्रकार मन्त्र सिद्धि होने पर साधक काम्य कर्म का अधिकारी हो जाता है ॥ १००-१०३ ॥

विमर्श - बलिदान मन्त्र का स्वरूप - ॐ ह्रीं श्रीमदेकजटे नीलसरस्वति महोग्रतारे देवि ख ख सर्वभूतपिशाचराक्षसान् ग्रस ग्रस मम जाड्यं छेदय छेदय श्रीं ह्रीं फट् स्वाहा ॥ १००-१०३ ॥

अब **काम्य प्रयोग** कहते हैं -

नवजात शिशु के उत्पन्न होने पर ३ दिनों के भीतर उसकी जिव्हा पर शहद एवं घी से (स्वर्ण निर्मित या श्वेत दूर्वा निर्मित) शलाका से तारा मन्त्र

सुवर्णकृतया यद्वा मन्त्री धवलदूर्वया ।
गतेऽष्टमेऽब्दे बालोऽसौ जायते कविराट् ध्रुवम् ॥ १०५ ॥
तथापरैरजेयोऽपि भूपसंघैर्धनार्चितः ।

तस्य मन्त्रस्य प्रयोगान्तरम्

उपरागे तदानीय तरद्दारुसरो जले ॥ १०६ ॥
निर्माय कीलकं तेन तैलमध्वमृतैर्लिखेत् ।
सरोजिनीदले मन्त्रं वेष्टयेन्मातृकाक्षरैः ॥ १०७ ॥
निखाय तद्दलं कुण्डे चतुरस्त्रे समेखले ।
संस्थाप्य पावकं तत्र जुहुयान्मनुनाऽमुना ॥ १०८ ॥
सहस्त्रं रक्तपद्मानां धेनुदुग्धजलाप्लुतम् ।
होमान्ते विविधैरन्नैः पलैरपि बलिं हरेत् ॥ १०९ ॥
बलिमन्त्रेण विधिवद् बलिमन्त्रः प्रकाश्यते ।

बलिदानेऽन्यः षोडशार्णमन्त्रः

तार पद्मेयुगं तन्द्रीवियद्दीर्घं च लोहितः ॥ ११० ॥

प्रयोगान्तरमाह – उपराग इति । ग्रहणे तडागे तरत्काष्ठं दतादन्तेनानीयते न लेखनीं कृत्वा तैलमधुसुधाभिः पद्मिनीपत्रे तया मनुम् आलिख्य मातृकावर्णैः संवेष्ट्य कुण्डं निखाय तदुपर्यग्निं प्रतिष्ठाप्य गोदुग्धाक्तेन रक्तपद्मसहस्रेण तत्र हुत्वा षोडशार्णेन मांसैर्होमान्ते बलिं दत्त्वा मध्यरात्रे पूर्वोक्तमन्त्रेण बलिं दद्यात् । एवं कृते उक्तफलसिद्धिः ॥ १०६ ॥ * ॥ १०७–१०९ ॥ षोडशार्णमाह – **तार** इति । तन्द्री मः । दीर्घवियत् हा । लोहितः पः । विषभगारूढो त्रिः मएयुतो दः द्मे । अनिलो झिंटीशाढ्यः यएयुतः ये । यथा – ॐ पद्मे पद्मे महापद्मे पद्मावतीये स्वाहेति ॥ ११० ॥ * ॥ ११२ ॥

लिखना चाहिए । इस क्रिया के अनुष्ठान से ८ वर्ष व्यतीत हो जाने पर वह बालक निश्चित रूप से महाकवि बन जाता है तथा अन्य विद्वानों से अपराजित होकर राजपूजित हो जाता है ॥ १०४-१०६ ॥

ग्रहण के समय सरोवर में तैरते हुए काष्ठ की लेखनी बनावें फिर कमल के पत्ते पर तेल, मधु और मदिरा से तारा मन्त्र लिखकर मातृका (इक्यावन अक्षरों) वर्णों से उसे वेष्टित कर चौकोर मेखला वाले कुण्ड में उसे गाड़कर अग्निस्थापन कर तारामन्त्र से गोदुग्धमिश्रित जल से आप्लुत रक्त कमलों से एक हजार आहुतियाँ देवे । फिर विविध अन्न और मांस से विधिवत् भगवती तारा को बलिदान देना चाहिए । बलिदान का मन्त्र इस प्रकार है ॥ १०६-११० ॥

अत्रिर्विषभगारूढो वदेत्पद्मावतीपदम्।
झिण्टीशाढ्योऽनिलः स्वाहा षोडशार्णो [१] बलेर्मनुः॥ १११ ॥

अस्य मन्त्रस्य प्रयोगान्तराणि

ततो निशीथेऽपि बलिं पूर्वोक्तमनुना हरेत्।
एवं कृते पण्डितानामजेयः कविराड् भवेत्॥ ११२ ॥
निवासो भारती लक्ष्म्योर्जनतारञ्जनक्षमः।
शताभिजप्तां यो मन्त्री रोचनामलिके धरेत्॥ ११३ ॥
स यं पश्यति तस्यासौ दासवज्जायते क्षणात्।
श्मशानाङ्गारमाहृत्य शर्वर्यां कुजवासरे॥ ११४ ॥
कृष्णाम्बरेण सम्वेष्ट्य निबद्धं रक्ततन्तुभिः।
शताभिजप्तमूलेन निःक्षिपेद्वैरिवेश्मनि॥ ११५ ॥
उच्चाटयति सप्ताहात् सकुटुम्बान्विरोधिनः।
क्षाराढ्यनिशया मन्त्रं लिखित्वा पौरुषेऽस्थिनि॥ ११६ ॥

अलिके ललाटे धरेत् तिलकं कुर्यादित्यर्थः ॥ ११३ ॥ * ॥ ११४–११५ ॥ विरोधिनः शत्रून् उच्चाटयति निष्कासयति । क्षाराढ्यनिशया सैंधवयुक्तया हरिद्रया ॥ ११६–११७ ॥

तार (ॐ) फिर दो बार पद्मे शब्द (पद्मे पद्मे), फिर तन्द्री (म) दीर्घवियत् (हा) लोहित (प) वृषभगारुढोऽत्रिः म ए से युक्त द (अर्थात् द्मे) फिर 'पद्मावती' फिर झिण्टीशाढ्योऽनिलः य् ए से युक्त 'ये' तदनन्तर 'स्वाहा' यह सोलह अक्षरों का बलि मन्त्र निष्पन्न होता है ॥ ११०-१११ ॥

मन्त्र का स्वरूप - 'ॐ पद्मे पद्मे महापद्मे पद्मावतीये स्वाहा' ॥ ११०-१११ ॥

फिर निशीथ काल में भी पूर्वोक्त मन्त्र (द्र० ४.५०-५१) से बलि देनी चाहिए । ऐसा करने से साधक पण्डितों से अपराजेय एवं महाकवि हो जाता है। उसमें स्वयं लक्ष्मी एवं सरस्वती दोनों निवास करती हैं तथा वह समस्त जनसमूहों को प्रसन्न करने में सक्षम हो जाता है ॥ ११२-११३ ॥

तारा मन्त्र का १०० बार जप कर जो व्यक्ति गोरोचन का तिलक अपने ललाट पर धारण करता है वह जिसे देखता है, वह तत्काल उसका दास बन जाता है ॥ ११३-११४ ॥

मंगलवार के दिन रात्रि के समय श्मशान से अङ्गार लाकर काले कपड़े में उसे लपेट कर और लाल धागों से उसे बाँध कर मूल मन्त्र से १०० बार जप

---

१. ॐ पद्मे पद्मे महापद्मे पद्मावतीये स्वाहा इति षोडशार्णः ।

रविवारे निशीथिन्यां सहस्रमभिमन्त्रयेत् ।
तत्क्षिप्तं शत्रुसदने मण्डलाद्भ्रंशकं भवेत् ॥ ११७ ॥
क्षेत्रे क्षिप्तं सस्यहान्यैजवद्दत्तुरगालये ।

यन्त्रकथनं तत्फलानि च

षट्कोणमध्ये प्रविलिख्य मूलं
साध्यान्वितं केसरगस्वराढ्यम् ।
काद्यष्टवर्गान्वितपत्रमब्जं
लिखेद् बहिर्भूमिपुरेणवीतम् ॥ ११८ ॥
यन्त्रमेतल्लिखेद् भुर्जे रसेन जतुजन्मना ।
पीताम्बरेण सम्वेष्ट्य बध्नीयात्पीतसूत्रतः ॥ ११९ ॥

यन्त्रमाह – **षडिति** । षट्कोणे साध्यान्वितं मूलममुकं रक्ष रक्षेति युक्तं मूलमन्त्रं विलिख्य अष्टदलकेसरेषु अं आमित्यादि स्वराणां युग्मपत्रेषु क च ट त प य श लेति वर्गान् विलिख्य बहिश्चतुष्कोणेन वेष्टयेत् ॥ ११८ ॥ जतु जन्मनालाक्षोत्थेन रसेन ॥ ११९ ॥ * ॥ १२०–१२३ ॥

कर शत्रु के घर में फेंक दे तो एक सप्ताह के भीतर शत्रु का परिवार सहित उच्चाटन हो जाता है ॥ ११४-१११६ ॥

रविवार को रात्रि में पुरुष की हडडी पर सैन्धव एवं हल्दी से मूल मन्त्र लिखकर १००० मन्त्रों से उसे अभिमन्त्रित कर शत्रु के घर में फेक देने से वह पदच्युत हो जाता है और खेत में फेकने से वहाँ फसल नहीं उगती तथा घोड़साल में फेंक देने से घोड़े मर जाते हैं ॥ ११६-११८ ॥

ताराधारणयन्त्रम्

भोजपत्र पर षट्कोण, अष्टदल, एवं भूपुर वाला यन्त्र लाक्षारस से लिखकर षट्कोण के मध्य में मूलमन्त्र तथा साध्य व्यक्ति का नाम लिखें, केशरों पर स्वर लिखें तथा अष्टदलों में कवर्गादि आठ वर्ग लिखकर भूपुर से वेष्टित करें । पुनः इस मन्त्र को पीले कपड़े से लपेट कर पीले धागों से बाँध देना चाहिए । इस यन्त्र को बच्चों के गले में बाँधने से भूत प्रेतादिकों के भय से उनकी रक्षा हो जाती है । स्त्रियों

शिशूनां कण्ठतो बद्धं रक्षकं भूतभीतितः ।
वामबाहौ तु नारीणां पुत्रदं सुभगत्वकृत् ॥ १२० ॥
दक्षबाहौ नृणां बद्धं रक्षकं निर्धनानां धनप्रदम् ।
ज्ञानदं ज्ञानमिच्छूनां राज्ञां तु विजयप्रदम् ॥ १२१ ॥
एतद्यन्त्रं पुरा धृत्वा गौतमाद्या महर्षयः ।
लेभिरे मोक्षसंसिद्धिं साम्राज्यं भूमिनायकाः ॥ १२२ ॥
किम्भूरिणा नृणामेतद्वाञ्छितां यच्छति श्रियम् ।
कवित्वं राजमानं च कीर्तिमायुररोगताम् ॥ १२३ ॥
नैव तारा समा काचिद्देवता सर्वसिद्धिदा ।
कलौ युगे ततो गोप्या वाञ्छितां सिद्धिमीप्सुना ॥ १२४ ॥

॥ इति श्रीमन्महीधरविरचिते मन्त्रमहोदधौ तारामन्त्रकथनं नाम चतुर्थस्तरङ्गः ॥ ४ ॥

तारेति । गोप्या अहं तदुपासक इति कस्याप्यग्रे न प्रकाशयेत् ॥ १२४ ॥

इति श्रीमन्महीधरविरचितायां मन्त्रमहोदधिव्याख्यायां नौकायां तारामन्त्रकथनं नाम चतुर्थस्तरङ्गः ॥ ४ ॥

को बाएँ हाथ में धारण करने से पुत्र और सौभाग्य की वृद्धि होती है । पुरुषों को दाहिनी भुजा में धारण करने से निर्धन को धन और जिज्ञासुओं को ज्ञान, तथा राजा को विजय प्राप्त होती है ॥ ११८-१२१ ॥

इस मन्त्र को पूर्वकाल में गौतमादि महर्षियों ने धारण किया था, जिससे उनको मुक्ति प्राप्त हुई । राजर्षियों ने साम्राज्य प्राप्त किया । इस विषय में विशेष क्या कहें ? यह यन्त्र मनुष्यों की मनोवांछित सिद्धि कवित्व, राजसम्मान, कीर्ति, आयु एवं आरोग्य प्रदान करता है । कलियुग में तारा के समान सर्वसिद्धिदायक कोई अन्य देवता नहीं है । अतः मनोभिलषित चाहने वालों को यह विद्या गोपनीय रखनी चाहिए ॥ १२२-१२४ ॥

॥ इस प्रकार श्रीमन्महीधर विरचित मन्त्रमहोदधि के चतुर्थ तरङ्ग की महाकवि पं० रामकुबेर मालवीय के द्वितीय आत्मज डॉ० सुधाकर मालवीय कृत 'अरित्र' नामक हिन्दी व्याख्या पूर्ण हुई ॥ ४ ॥

अथ पञ्चमः तरङ्गः

ताराभेदा अथोच्यन्ते शीघ्रं सिद्धिप्रदायिनः।

ब्रह्मोपासितताराविद्याकथनम्

वह्निवामाक्षिबिन्द्वाढ्या कामिका भुवनेश्वरी॥ १॥
भुवनेशी वर्मरुद्धाफडन्ता प्रणवादिका।
सप्ताक्षरीमहाविद्या विरिञ्चिसमुपासिता॥ २॥

विष्णूपासितताराविद्याकथनम्

वाक्शक्तिः कमलाकामो हंसोऽनुग्रहसर्गवान्।
वर्मोग्रतारे वर्मास्त्रं विष्णवर्चा द्वादशाक्षरी॥ ३॥

---

* नौका *

ताराभेदानाह – ब्रह्मोपासितां तावदाह – **वह्नीति** । रेफईबिन्दुयुता कामिका । तकारः त्रीं ॥ १ ॥ वर्मरुद्धाभुवनेशी वर्मद्वयमध्यगतेत्यर्थः । यथा – ॐ त्रीं ह्रीं हुँ ह्रीं हुँ फडिति ॥ २ ॥ विष्णूपासितामाह – **वागिति** । कामः क्लीं । अनुग्रहसर्गवान् हंसः औविसर्गयुतः सः सौः। यथा – ऐं ह्रीं श्रीं क्लीं सौः हुँ उग्रतारे हुँ फडिति ॥ ३ ॥

---

* अरित्र *

अब **तारा के मन्त्रभेदों** को कहता हूँ जो शीघ्र ही सिद्धि प्रदान करने वाले हैं -

वह्नि (र), दीर्घाक्षि (ई) और बिन्दु से युक्त कामिकास्त्र (अर्थात् त्रीं) फिर भुवनेश्वरी (ह्रीं) एवं दो वर्मबीजों के मध्य में भुवनेशी (हुं ह्रीं हुं) इसके अन्त में फट् तथा आदि में प्रणव (ॐ) लगाने से ब्रह्मोपासित सप्ताक्षरी महाविद्या (तारा) का मन्त्र निष्पन्न होता है ॥ १-२ ॥

विमर्श - (i) **ब्रह्मोपासित तारा मन्त्र का स्वरूप** इस प्रकार है - ॐ त्रीं ह्रीं हुं ह्रीं हुं फट् ॥ १-२ ॥

वाक् (ऐं), शक्ति (ह्रीं), कमला (श्रीं), काम (क्लीं), अनुग्रह सर्गवान् हंस (सौः), वर्म (हुं), 'उग्रतारे' फिर वर्म (हुं), इसके अन्त में 'फट्' लगाने

विष्णूपासितद्वितीयताराविद्याकथनम्

तारवर्मशिवाकामो मनुसर्गयुतो भृगुः।
वर्मास्त्रमेषा सप्तार्णा सिद्धिदा विष्णुसेविता॥ ४॥

चतुर्मुखोपासितविद्याद्वयकथनम्

एतयोः पञ्चमे बीजे सकारो हादिरान्तिमः।
तदा विद्याद्वयं प्रोक्तं चतुर्मुखसमर्चितम्॥ ५॥

द्वितीयां विष्णूपासितामाह – **तारेति** । शिवा ह्रीं । भृगुः सः । यथा – ॐ हुँ ह्रीं क्लीं सौः हुँ फडिति ॥ ४ ॥ चतुर्मुखोपासितं मन्त्रद्वयमाह – **एतयोरिति** । एतयोरनन्तरोक्तयोर्विष्णूपासितयोर्द्वादशाक्षरी–सप्ताक्षरयोर्विद्ययोः पञ्चमे बीजे सौ रूपे यदि आदौ हकारः अन्ते रेफः तदा तदेव विद्याद्वयं चतुर्मुखसेवितं हः आदौ यस्य रः, अन्तिमो यस्य सः, हादिरान्तिमः । यथा – ऐं ह्रीं श्रीं क्लीं हसौः हुँ उग्रतारे हुँ फट्–इत्याद्या । ॐ हुँ ह्रीं क्लीं हसौः हुं फडिति द्वितीया ॥ ५ ॥

से विष्णु के द्वारा उपासित १२ अक्षरों का तारा मन्त्र निष्पन्न होता है ॥ ३ ॥

विमर्श - (ii) **विष्णूपासित तारा मन्त्र का स्वरूप** इस प्रकार है - ऐं ह्रीं श्रीं क्लीं सौः हुं उग्रतारे हुं फट् ॥ ३ ॥

तार (ॐ), वर्म (हुं), शिवा (ह्रीं), काम (क्लीं), मनुसर्गसहित भृगु (सौः), वर्म (हुं) एवं अन्त में अस्त्र (फट्) लगाने से सिद्धि प्रदान करने वाला विष्णुसेवित तारा का सप्ताक्षरी मन्त्र निष्पन्न होता है ॥ ४ ॥

विमर्श - (iii) **विष्णु द्वारा उपासित द्वितीय तारा मन्त्र का स्वरूप** इस प्रकार है - ॐ हुं ह्रीं क्लीं सौः हुं फट् ॥ ४ ॥

ऊपर कहे गये विष्णु से उपासित द्वादशाक्षर एवं सप्ताक्षर इन दोनों विद्याओं में पञ्चम बीज (सौः) के आदि में यदि ह लगा दिया जाये तो प्रथम मन्त्र और उसके अन्त में 'रेफ' लगा दिया जाय तो वह 'ब्रह्मोपासित' तारा का दूसरा मन्त्र बन जाता है ॥ ५ ॥

विमर्श - (iv) द्वादशाक्षर मन्त्र के पञ्चम (सौः) के पहले ह लगाने से **ब्रह्मोपासित तारा का प्रथम मन्त्र** निष्पन्न होता है । इसका स्वरूप इस प्रकार है - 'ऐं ह्रीं श्रीं क्लीं ह्सौः हुं उग्रतारे हुं फट्' ।

(v) सप्ताक्षर मन्त्र के पञ्चम (सौः) के पहले (र्) अन्त में है जिसके, ऐसा ह अर्थात् ह्र लगाने से **ब्रह्मोपासित तारा मन्त्र का द्वितीय मन्त्र** बनता है । जिसका स्वरूप इस प्रकार होता है - 'ॐ हुं ह्रीं क्लीं ह्रसौः हुं फट्' ॥ ५ ॥

एकजटाविद्याद्वयम्

तारो माया वर्म माया वर्मास्त्रं च रसाक्षरी।
हरिरग्नित्रिमूर्तीन्दुयुग् वर्मपुटिताद्रिजा ॥ ६ ॥
अस्त्रान्ता पञ्चवर्णोऽयं प्रोक्तमेकजटाद्वयम्।

नारायणीया ताराविद्या

रेफशान्तीन्दुयुङ्णान्तो वर्मास्त्रं कामवाग्भवम् ॥ ७ ॥
नारायणोपासितेयं पञ्चार्णा सर्वसिद्धिदा।

उक्तानामष्टविद्यानामृष्यादिकथनम्

अमूषामष्टविद्यानामृषिः[1] शक्तिर्वसिष्ठजः ॥ ८ ॥

एकजटाद्वयमाह – **तार इति** । अग्नित्रिमूर्तीन्दुयुक्हरिः । रईबिन्दुयुक्त–कारस्त्रीं । स्पष्टमन्यत् । यथा – ॐ ह्रीं हुँ ह्रीं हुँ फट् इति प्रथमा । त्रीं हुँ ह्रीं हुँ फडिति द्वितीया ॥ ६–७ ॥ नारायणीयामाह – **रेफेति** । रेफः रः । शान्तिः ईकारः । अनुस्वारयुक्तो णान्तस्तः त्रीं । यथा – त्रीं हुँ फट् क्लीं ऐमिति ॥ ७–८ ॥ उक्तानामष्टविद्यानामृष्याद्याह – **अमूषामिति** ॥ ८ ॥

इसके अनन्तर **एकजटा के दो मन्त्र का प्रातिपादन** करते हैं -

तार (ॐ), माया (ह्रीं), वर्म (हुं), फिर माया (ह्रीं), वर्म (हुँ) और इसके अन्त में अस्त्र (फट्) लगाने से षडक्षर मन्त्र बन जाता है ॥ ६॥

विमर्श - (vi) **एकजटा मन्त्र का स्वरूप** इस प्रकार है - ॐ ह्रीं हुं ह्रीं हुं फट्। इस प्रकार तारा का अन्य (**प्रथम एकजटा**) षडक्षर मन्त्र निष्पन्न होता है ॥ ६ ॥

अग्नि (र्), त्रिमूर्ति (इ), इन्दु (अनुस्वार) के सहित हरि (त्) अर्थात् (त्रीं) वर्मसंपुटित अद्रिजा (हुं ह्रीं हुं) फिर अन्त में अस्त्र (फट्) लगाने से पञ्चाक्षर मन्त्र बन जाता है । ये दोनों एकजटा के मन्त्र हैं ॥ ७ ॥

विमर्श - (vii) **एकजटा के दूसरे मन्त्र का स्वरूप** इस प्रकार है - 'त्रीं हुं ह्रीं हुं फट्' । इस प्रकार एकजटा का द्वितीय मन्त्र बनता है । दोनों मन्त्र षडक्षर और पञ्चाक्षर एकजटा के हैं ॥ ७ ॥

रेफ (र), शान्ति (ईकार), इन्दु (अनुस्वार) से युक्त णान्त (अर्थात् तकार त्रीं), वर्म (हुं), अस्त्र (फट्), काम (क्लीं) और अन्त में वाग्भव (ऐं) लगाने से जो मन्त्र बनता है वह पञ्चाक्षरों से युक्त नारायणोप्रासित तारा मन्त्र सर्वसिद्धियों को देने वाला कहा जाता है ॥ ८ ॥

---

१. अष्टविद्यानां वसिष्ठजोशक्तिर्ऋषिः गायत्रीछन्दः तारादेवता ममाभीष्टसिद्ध्यर्थे जपे विनियोगः।

गायत्रीतारके छन्दोदेवते परिकीर्तिते ।
न्यासं तु पूर्ववत् कृत्वा ध्यायेत्तारां हृदम्बुजे ॥ ९ ॥

ध्यानवर्णनम्

श्वेताम्बरां शारदचन्द्रकान्तिं
सद्भूषणां चन्द्रकलावतंसाम् ।
कर्त्रींकपालान्वितपाणिपद्मां
तारां त्रिनेत्रां प्रभजेऽखिलर्द्ध्यै ॥ १० ॥

गायत्रीछन्दः । तारादेवता । पूर्ववत् षडदीर्घाढ्यमायाबीजेन ह्रां ह्रीमित्यादि ॥ ९ ॥ ध्यानमाह – **श्वेतेति** । कर्त्री दक्षे ॥ १० ॥

विमर्श - (viii) **नारायणोपासित तारा मन्त्र का स्वरूप** इस प्रकार है - 'त्रीं हुं फट् क्लीं ऐं' ॥ ८ ॥

ऊपर कही गई इन आठों विद्याओं के वशिष्ठ पुत्र शक्ति ऋषि हैं । गायत्री छन्द तथा तारा देवता हैं । पूर्वोक्त विधि से न्यास कर हृत्कमल पर इस मन्त्र में भगवती तारा का इस प्रकार ध्यान करना चाहिए ॥ ८-९ ॥

विमर्श - इसके विनियोग, ऋष्यादिन्यास तथा कराङ्गन्यास का स्वरूप इस प्रकार है -

विनियोग - ॐ अस्यास्ताराविद्यायाः वशिष्ठजो शक्तिर्ऋषिः गायत्रीछन्दः तारा-देवता ह्रीं बीजं हुं शक्तिः स्त्रीं कीलकं आत्मनोऽभीष्टसिद्ध्यर्थे जपे विनियोगः ।

ऋष्यादिन्यासः -

ॐ वशिष्ठजशक्तिर्ऋषये नमः, शिरसि ।ॐ गायत्रीछन्दसे नमः, मुखे ।
ॐ तारादेवतायै नमः, हृदि । ॐ ह्रीं बीजाय नमः, गुह्ये ।
ॐ हुं शक्त्ये नमः, पादयोः । ॐ स्त्रीं कीलकाय नमः, सर्वाङ्गे ।

हृदयादिन्यास -

ॐ ह्रां हृदयाय नमः, ॐ ह्रीं शिरसे स्वाहा,
ॐ ह्रूं शिखायै वषट्, ॐ ह्रैं कवचाय हुं,
ॐ ह्रौं नेत्रत्रयाय वौषट्, ॐ ह्रः अस्त्राय फट् ।

इसी प्रकार **कराङ्गन्यास** - ॐ ह्रां अङ्गुष्ठाभ्यां नमः, ॐ ह्रीं तर्जनीभ्यां स्वाहा, ॐ ह्रूं मध्यमाभ्यां वषट्, ॐ ह्रैं अनामिकाभ्यां हुं, ॐ ह्रौं कनिष्ठिकाभ्यां वौषट् ॐ ह्रः करतलकरपृष्ठाभ्यां फट् भी कर लेना चाहिए ॥ ८-९ ॥

अब **तारा मन्त्र के जप के पूर्व ध्यान** कहते हैं - श्वेत वस्त्र धारण की हुई शारदीय चन्द्रिका के समान शरीर की आभा से युक्त, चन्द्रकला को मस्तक पर धारण करने वाली, नाना प्रकार के आभूषणों से उल्लसित, हाथों में

जपपूजादिकं सर्वमासां पूर्ववदाचरेत्।

प्रयोगवर्णनम्

मधुयुक्परमान्नेन होमाद्विद्यानिधिर्भवेत्॥ ११॥
रक्तां वश्ये स्वर्णवर्णां स्तम्भने मारणे सिताम्।
उच्चाटने धूम्रवर्णां शान्तौ श्वेतां स्मरेदिमाम्॥ १२॥
भूरिणा किमिहोक्तेन विद्या एताः प्रसाधिताः।
पूरयन्त्यखिलं नृणां मनोरथमिह ध्रुवम्॥ १३॥

एकजटामन्त्रः

मायाहृद्भगवत्येकजटे मम जलं स्थिरा।
वह्न्यासनगता पुष्पं प्रतीच्छानलवल्लभा॥ १४॥
द्वाविंशत्यक्षरो मन्त्रस्तारादिः सर्वसिद्धिदः।
ऋषिः[1] पतञ्जलिश्छन्दो गायत्र्येकजटा पुनः॥ १५॥

प्रयोगानाह – **मध्विति** ॥ ११ ॥ * ॥ १२–१३ ॥ एकजटामाह – **मायेति**। जलं वः वह्न्यासनगता स्थिरा रेफयुतो जः ज्रः। यथा – ॐ ह्रीं नमो भगवत्येकजटे मम वज्रपुष्पं प्रतीच्छ स्वाहेति ॥ १४ ॥ * ॥ १५–१६ ॥

कर्तारिका (कैंची या चाकू) तथा कपाल लिए हुये त्रिनेत्रा भगवती तारा का मैं अपनी अभीष्ट सिद्धि के लिए ध्यान करता हूँ ॥ १० ॥

प्रयोग कथन - इन विद्याओं का जप, पूजन एवं होमादि सर्व कर्म पूर्वोक्त तारा मन्त्र (४. ५०-१०३) के समान करना चाहिए। साधक मधु युक्त परमान्न के होम से विद्यानिधि हो जाता है ॥ ११ ॥

वश्यकार्य के लिए रक्तवर्णा, स्तम्भनकर्म में स्वर्णवर्णा, मारणकर्म में कृष्णवर्णा, उच्चाटन में धूम्रवर्णा तथा शान्ति कार्यों में श्वेतवर्णा भगवती का ध्यान करना चाहिए ॥ १२ ॥

इस विषय में बहुत क्या कहें - उक्त रीति से आराधना करने पर ये विद्यायें निश्चित रूप से साधकों के समस्त अभीष्ट को पूर्ण कर देती हैं ॥ १३ ॥

अब पुनः **एकजटा मन्त्र** कहते हैं - माया (ह्रीं), हृद् (नमः), फिर भगवत्येकजटे मम, फिर जल (व), तदनन्तर वह्न्यासनगता स्थिरा (ज्र), फिर 'पुष्पं प्रतीच्छ', इसके अन्त में अनलवल्लभा (स्वाहा) तथा आदि में तार (ॐ) लगाने से बाईस अक्षरों का सर्वसिद्धिदायक एकजटा मन्त्र निष्पन्न होता है ॥ १४-१५ ॥

---

१. ॐ अस्य श्रीमदेकजटामन्त्रस्य पतञ्जलिर्ऋषिः गायत्रीछन्दः एकजटादेवता ममाभीष्टसिद्ध्यर्थे जपे विनियोगः। ॐ अस्य श्रीनीलसरस्वतीमन्त्रस्य ब्रह्मऋषिः गायत्रीछन्दः नीलसरस्वतीदेवता ममाभीष्टसिद्ध्यर्थे जपे विनियोगः।

देवता दीर्घषट्काढ्यमायया स्यात् षडङ्गकम् ।
ध्यानार्चनप्रयोगांस्तु कुर्यात् पूर्वोक्तमन्त्रवत् ॥ १६ ॥

नीलसरस्वतीमन्त्रः

रमां माया हसौ व्यापिन्यारूढौ सर्गसंयुतौ ।
वर्मास्त्रं नीलभृगुरस्वत्यैठद्वयमीरितम् ॥ १७ ॥
प्रणवाद्यो मनुः सर्वसिद्धिदो मनुवर्णकः ।
ऋष्याद्या ब्रह्मगायत्री तथा नीलसरस्वती ॥ १८ ॥
नेत्रचन्द्रेन्दुनेत्राङ्गनेत्रार्णैरङ्गकल्पना ।
मन्त्रोत्थितैरथो ध्यायेद् देवीं सर्वेष्टसिद्धिदाम् ॥ १९ ॥

नीलसरस्वतीमाह – **रमेति** । व्यापिन्यारूढौ औयुतौ । नीलस्वरूपम् । भृगुः सः । रस्वत्यैस्वरूपम् । ठद्वयं स्वाहा । यथा – ॐ श्रीं ह्रीं हसौः हुँ फट् नीलसरस्वत्यै स्वाहा । मनुवर्णश्चतुर्दशार्णः ॥ १७–१८ ॥ षडङ्गमाह – **नेत्रेति** । नेत्रशब्देनार्णद्वयं चन्द्र एकः। अङ्गानि षट् ॥ १९ ॥

विमर्श - एकजटा मन्त्र का स्वरूप इस प्रकार है - ॐ ह्रीं नमो भगवत्येकजटे मम वज्रपुष्पं प्रतीच्छ स्वाहा ॥ १४-१५ ॥

इस मन्त्र के पतञ्जलि ऋषि हैं, गायत्री छन्द है तथा एकजटा देवता हैं । इस मन्त्र के जप में षड्दीर्घ युक्त माया बीज से षडङ्गन्यास करना चाहिए । ध्यान, पूजा एवं प्रयोगादि पूर्वोक्त रीति से करना चाहिए ॥ १५-१६ ॥

विमर्श - मन्त्र का विनियोग इस प्रकार है - ॐ अस्य श्रीमदेकजटामन्त्रस्य पतञ्जलिर्ऋषिः गायत्रीछन्दः श्रीमदेकजटादेवतात्मनोऽभीष्टसिद्ध्यर्थे जपे विनियोगः ।

षडङ्गन्यास - ॐ ह्रां एकजटायै हृदयाय नमः, ॐ ह्रीं तारिण्यै शिरसे स्वाहा, ॐ ह्रूं वज्रोदके शिखायै वषट्, ॐ ह्रैं उग्रजटे कवचाय हुं, ॐ ह्रौं महाप्रतिसरे नेत्रत्रयाय वौषट्, ॐ ह्रः अस्त्राय फट् ।

इसी प्रकार कराङ्गन्यास कर एकजटा मन्त्र की देवता तारा का ध्यान पूर्वोक्त ४. ३९-४० श्लोकों में वर्णित स्वरूप से करें ॥ १५-१६ ॥

अब **नीलसरस्वती का मन्त्र** कहते हैं - रमा (श्रीं), माया (ह्रीं), व्यापिनी (औ) एवं सर्ग (विसर्ग) से युक्त हस् वर्ण (अर्थात् हसौः), वर्म (हुं), अस्त्र (फट्), फिर 'नील' पद, तदनन्तर भृगु 'स', फिर 'रस्वत्यै' तथा उसके अन्त में दो ठ (स्वाहा), तथा मन्त्र के आदि में प्रणव (ॐ) लगाने से चौदह अक्षरों का नीलसरस्वती मन्त्र बन जाता है ॥ १७-१८ ॥

इस मन्त्र के ब्रह्मा ऋषि, गायत्री छन्द तथा नीलसरस्वती देवता हैं । मन्त्र के क्रमशः २, १, १, २, ६, एवं २ अक्षरों से षडङ्गन्यास कर मनोरथपूर्ण

घण्टाशिरः शूलमसिं कराग्रैः
सम्बिभ्रतीं चन्द्रकलावतंसाम् ।
प्रमथ्नतीं पादतले पशुं तां
भजे मुदा नीलसरस्वतीशाम् ॥ २० ॥
जपपूजादिकं सर्वमस्याः पूर्ववदीरितम् ।
विशेषाज्जयदा वादे विद्येयं साधिता नृणाम् ॥ २१ ॥

नीलसरस्वत्या अपरो मन्त्रः

माया सानन्तसंयुक्ता वर्मह्रन्ङेयुता पुनः ।
तारामहापदाद्या सा भृगुब्रह्मानलान्तिमः ॥ २२ ॥

ध्यानमाह – **घण्टामिति** । शूलासीदक्षयोः घण्टाशिरसीवामयोः ॥ २० ॥ * ॥ २१ ॥ मन्त्रान्तरमाह – **मायेति** । सा माया अनन्तसंयुता आकारसंयुता ह्राम् ॥ ङेयुता तारा तारायै । सा महापदाद्या महातारायै । भृगुः सः। ब्रह्मा कः। अनलान्तिमो लः। स्पष्टमन्यत् ॥ तथा ताराद्या त्रीं बीजाद्या । यथा – ॐ त्रीं ह्रां हुँ नमस्तारायै महातारायै सकलदुस्तरां–

करने वाली भगवती नीलसरस्वती का ध्यान करना चाहिए ॥ १८-१९ ॥

विमर्श - **नीलसरस्वती मन्त्र का स्वरूप** इस प्रकार है - ॐ श्रीं ह्रीं हसौः हुं फट् नीलसरस्वत्यै स्वाहा ।

विनियोग - ॐ अस्य श्रीनीलसरस्वतीमन्त्रस्य ब्रह्माऋषिर्गायत्रीछन्दः नीलसरस्वतीदेवतात्मनोऽभीष्टसिद्ध्यर्थे जपे विनियोगः ।

षडङ्गन्यास - ॐ श्रीं हृदयाय नमः, ह्रीं शिरसे स्वाहा,
हसौः शिखायै वषट्, हुं फट् कवचाय हुम्,
नीलसरस्वत्यै नेत्रत्रयाय वौषट् स्वाहा, अस्त्राय फट् ।

इसी प्रकार कराङ्गन्यास कर भगवती का ध्यान करना चाहिए ॥ १८-१९ ॥

अब **नीलसरस्वती का ध्यान** कहते हैं - दाहिने हाथों में शूल एवं तलवार तथा बायें हाथों में घण्टा एवं मुण्ड धारण करने वाली, शिर पर चन्द्रकला धारण किये हुये तथा अपने पैरों के नीचे उन पशुओं का प्रमन्थन करती हुई प्रसन्न मुद्रा वाली ईश्वरी भगवती नीलसरस्वती का मैं ध्यान करता हूँ ॥ २० ॥

इस मन्त्र के जप पूजादि का विधान हम पूर्व में कह आये हैं । यह विद्या सिद्ध हो जाने पर मनुष्यों को वाद-विवाद में विशेष रूप से विजय प्रदान करने वाली होती हैं ॥ २१ ॥

अब अन्य **तारा मन्त्र** कहते हैं -

आदि में तारा (त्रीं), सानन्त आकार सहित माया (ह्रां), वर्म (हुं),

दुस्तरांस्तारयद्वन्द्वं तरयुग्मं च ठद्वयम् ।
द्वात्रिंशदर्णा ताराद्या पूजास्याः पूर्ववन्मताः ॥ २३ ॥

विद्याराज्ञीमन्त्रः

विद्याराज्ञीमथो वक्ष्ये सुरेन्द्रस्यापि दुर्लभाम् ।
लब्ध्वा यां मानवाः स्वेष्टं साधयन्त्यर्चने रताः ॥ २४ ॥
वाङ्माया श्रीर्मनोजन्माहंसोऽनुग्रह बिन्दुयुक् ।
कामः शक्तिश्च वाग्बीजं फान्तोलार्घीशबिन्दुयुक् ॥ २५ ॥
स्त्रीबीजं नीलतारेस्यात्संबुद्धयन्ता सरस्वती ।
अत्रीसरेफौ क्रमतः शेषवामाक्षिसंयुतौ ॥ २६ ॥
सानुस्वारौ कामबीजं फान्तो मांसार्धिबिन्दुगः ।
सर्गीभृगुर्वाग्हृल्लेखारमाकामोऽथ सौ द्वयम् ॥ २७ ॥

स्तारय तारय तर तर स्वाहेति ॥ २२–२३ ॥ द्वात्रिंशदर्णाविद्याराज्ञीमाह – **विद्येति** ॥ २४ ॥ वागिति । मनोजन्मा क्लीं । अनुग्रहबिन्दुयुक्हंसः सः सौं । लार्घीशबिन्दुयुक्फान्तः लऊ बिन्दुयुतो बः ब्लूं ॥ २५ ॥ स्त्रीबीजं स्त्रींसरेफौ रेफयुक्तौ शेषवामाक्षिसंयुतौ क्रमतआईसंयुतौ अत्रीदकारौ ॥ २६ ॥ सानुस्वारौ द्रां द्रीमिति । कामबीजं क्लीं । मांसार्घीबिन्दुयुग्लऊबिन्दुयुक्तः फान्तो बः ब्लूं, सर्गी भृगुः सः ॥ हृल्लेखा ह्रीं यथा – ऐं ह्रीं श्रीं क्लीं सौं क्लीं ह्रीं ऐं ब्लूं स्त्रीं नीलतारे सरस्वति द्रां द्रीं क्लीं ब्लूं सः ऐं ह्रीं

हृत (नमः) उसके बाद चतुर्थ्यन्त तारा पद (तारायै), एवं महातारा पद (महातारायै), भृगु (स), ब्रह्मा (क), अनलान्तिम (ल), फिर दुस्तरां पद, फिर दो तारय पद (तारय तारय), दो तर पद (तर तर) तदनन्तर ठद्वय 'स्वाहा' लगाने से बत्तीस अक्षरों का तारा मन्त्र बनता है । इस मन्त्र का पूजनादि विधान तारा मन्त्र के समान समझना चाहिए ॥ २२-२३ ॥

विमर्श - मन्त्र का स्वरूप इस प्रकार है - ॐ त्रीं ह्रां हुं नमस्तारायै महातारायै सकलदुस्तरांस्तारय तारय तर तर स्वाहा ॥ २२-२३ ॥

अब विद्याराज्ञी (महाविद्या मन्त्र) जो सुरेन्द्र के लिए भी दुर्लभ है, उसे कहता हूँ जिसे प्राप्त कर देवी के पूजनादि में तत्पर रहने वाला साधक अपना सारा अभीष्ट प्राप्त कर लेता है ॥ २४ ॥

वाग् (ऐं), माया (ह्रीं), श्री (श्रीं), मनोजन्मा (क्लीं), अनुग्रह (औ), बिन्दु सहित हंस (सौं), फिर काम (क्लीं), शक्ति (ह्रीं), वाग्बीज (ऐं), मांस (ब), - अर्घी (ऊ), बिन्दु (अनुस्वार) से युक्त फान्त (ल अर्थात ब्लूं), स्त्रीबीज (स्त्रीं) फिर सम्बुद्ध्यन्त 'नीलतारे सरस्वति' पद, रेफ

सर्गान्तं भुवनेशानी स्वाहा[1] द्वात्रिंशदक्षरी।
महाविद्या हि सा ख्याता सेविता भोगमोक्षदा ॥ २८ ॥
ब्रह्मानुष्टुप्सरस्वत्यो मुन्याद्या[2] अङ्गकल्पना।
पञ्चपञ्चाष्टपञ्चेषु युगार्णैर्मन्त्रसम्भवैः ॥ २९ ॥

ध्यानवर्णनम्

शवासनां सर्पविभूषणाढ्यां
कर्त्री कपालं चषकं त्रिशूलम् ।

श्रीं क्लीं सौः सौः ह्रीं स्वाहेति ॥ २७–२८ ॥ षडङ्गमाह – **पञ्चेति** ॥ २९ ॥ ध्यानमाह – **शवेति**। कर्त्री त्रिशूले दक्षयोः ॥ ३० ॥

---

(२) शेष वामाक्षि से संयुक्त एवं अनुस्वार के सहित अत्री दो बार (द्रां द्रीं), फिर काम बीज (क्लीं) मांसार्धीबिन्दु युक्त फान्त (ब्लूं), विसर्ग युक्त भृगु स (अर्थात् सः), वाग् (ऐं), हल्लेखा (ह्रीं), रमा (श्रीं), काम (क्लीं), दो बार विसर्गान्त सौ (सौः सौः), भुवनेशानी (ह्रीं) तथा अन्त में स्वाहा लगाने से बत्तीस अक्षरों का तारा मन्त्र निष्पन्न होता है ॥ २५-२८ ॥

इसे **महाविद्या** कहते हैं, जो साधक को भुक्ति तथा मुक्ति दोनों ही प्रदान करती है ।

इस मन्त्र के ब्रह्मा ऋषि हैं, अनुष्टुप् छन्द है, सरस्वती देवता हैं । इस मन्त्र के क्रमशः ५, ५, ८, ५, ५ एवं ४ वर्णो से षडङ्गन्यास करना चाहिए ॥ २५-२९ ॥

विमर्श - **विद्याराज्ञी मन्त्र का स्वरूप** इस प्रकार हैं - ऐं ह्रीं श्रीं क्लीं सौं क्लीं ह्रीं ऐं ब्लूं स्त्रीं नीलतारे सरस्वति द्रां द्रीं क्लीं ब्लूं सः ऐं ह्रीं श्रीं क्लीं सौः सौः ह्रीं स्वाहा ।

विनियोग - ॐ अस्य श्रीमहाविद्यामन्त्रस्य ब्रह्माऋषिः अनुष्टुपृछन्दः सरस्वतीदेवता ममाभीष्टसिद्धयर्थे जपे विनियोगः ।

षडङ्गन्यास -

ऐं ह्रीं श्रीं क्लीं सौः हृदयाय नमः, क्लीं ह्रीं ऐं ब्लू स्त्रीं शिरसे स्वाहा,
नीलतारे सरस्वति शिखायै वषट्, द्रां द्रीं क्लीं ब्लूं सः कवचाय हुं,
ऐं ह्रीं श्रीं क्लीं सौः नेत्रत्रयाय वौषट्, सौः ह्रीं स्वाहा अस्त्राय फट्,
इस प्रकार हृदयादिन्यास कर कराङ्गन्यास भी करना चाहिए ॥ २५-२९ ॥

---

१. ऐं ह्रीं श्रीं क्लीं सौं क्लीं ह्रीं ऐं ब्लू त्रीं नीलतारे सरस्वति द्रां द्रीं क्लीं ब्लूं सः ऐं ह्रीं श्रीं क्लीं सौ सौः ह्रीं स्वाहा।

२. अस्य महाविद्यामन्त्रस्य ब्रह्माऋषिः अनुष्टुपछन्दः सरस्वतिदेवता ममाभीष्टसिद्धयर्थे जपे विनियोगः ।

करैर्दधानां नरमुण्डमालां
त्र्यक्षां भजे नीलसरस्वतीं ताम् ॥ ३० ॥

प्रयोगवर्णनम्

चतुर्लक्षं जपेद् विद्यां किंशुकैर्मधुरान्वितैः ।
दशांशं जुहुयाद् वह्नौ श्रद्धापूर्वमतन्द्रितः ॥ ३१ ॥
पूर्वोक्ते पूजयेत् पीठे वक्ष्यमाणेन वर्त्मना ।
आदौ त्रिकोणं षट्कोणमष्टषोडशपत्रके ॥ ३२ ॥
द्वात्रिंशत् पत्रमब्जं स्याच्चतुष्षष्टिदलं ततः ।
त्रिरेखाढ्यं धरागेहं चतुरस्रमतः परम् ॥ ३३ ॥
एवं यन्त्रं समालिख्य बाह्यतः पूजनं चरेत् ।

किंशुकैः पलाशपुष्पैः ॥ ३१ ॥ * ॥ ३२–४० ॥

अब **महाविद्या का ध्यान** कहते हैं - शवासन पर आसीन सर्पो के भूषण से विभूषित अपने चारों हाथों में क्रमशः कर्तरिका (कैंची), कपाल, चषक (पानपात्र) एवं त्रिशूल धारण किये हुये तथा हाथों में नरमुण्डमाला लिए हुये त्रिनेत्रा नीलसरस्वती का मैं ध्यान करता हूँ ॥ ३० ॥

विद्याराज्ञीपूजनयन्त्रम्

पुरश्चरण - उक्त सरस्वती महाविद्या मन्त्र का चार लाख जप करना चाहिए, तदनन्तर मधुमिश्रित पलाश पुष्पों का श्रद्धा एवं उत्साह सहित अग्नि में दशांश होम करना चाहिए ॥ ३१ ॥

पीठपूजाविधान - जपारम्भ के प्रथम पूर्वोक्त पीठ पर वक्ष्यमाण मन्त्र से देवी की पूजा करनी चाहिए । सर्वप्रथम त्रिकोण, फिर षट्कोण, उसके बाद अष्टदल, फिर षोडशदल, तदनन्तर वत्तीसदल, फिर चौंसठ दल वाला कमल निमार्ण कर तीन रेखाओं वाले भूपुर से वेष्टित कर चतुरस्र बनाना चाहिए । ऐसा यन्त्र लिखकर उसके वाह्य भाग से पूजन प्रारम्भ करना चाहिए ॥ ३२-३४ ॥

विमर्श - चौथे तरङ्ग में कही गई विधि के अनुसार भूतशुद्धि, षोढान्यास, दिग्बन्धन तथा अर्घ्यस्थापन कर ४. ८६-८८ में बताई गई विधि के अनुसार पीठ पूजा, ध्यान एवं आवाहन कर षोडशोपचारों से नीलसरस्वती का पूजन कर

आवरणपूजाकथनम्

चतुरस्रस्याग्निकोणे विघ्नेशं परिपूजयेत् ॥ ३४ ॥
वायुकोणे क्षेत्रपालमैशान्ये भैरवं तथा ।
नैर्ऋते योगिनीः सर्वा वामभागे गुरुं यजेत् ॥ ३५ ॥

अष्टसिद्धिकथनम्

भूगृहस्याद्यरेखायामणिमालघिमा तथा ।
महिमा चेशिता पूज्या वशिता कामपूरणी ॥ ३६ ॥
गरिमा प्राप्तिरित्येताः पूज्याः पूर्वादिदिक् क्रमात् ।

अष्टभैरवकथनम्

धरागृहस्य रेखायां द्वितीयायां तु भैरवाः ॥ ३७ ॥
असिताङ्गो रुरुश्चण्डः क्रोधोन्मत्तकपालिनः ।
भीषणश्चाथ संहार एतेष्टौ भैरवाः स्मृताः ॥ ३८ ॥

सप्तमातृकाकथनम्

भूमिगेहे तृतीयायां रेखायां मातरः पुनः ।
ब्राह्मी माहेश्वरी चैव कौमारीवैष्णवी तथा ॥ ३९ ॥
वारहीन्द्राणिका चैव चामुण्डा सप्तमी स्मृता ।
महालक्ष्मीस्तथेज्यास्ताः पूर्वादिषु यथाक्रमम् ॥ ४० ॥

योनि मुद्रा प्रदर्शित कर - देवि आज्ञापय आवरणं ते पूजयामि - इस मन्त्र से देवी से आज्ञा लेकर आगे कही गई विधि के अनुसार आवरण पूजा करनी चाहिए ॥ ३२-३४ ॥

अब **आवरण पूजा** कहते हैं - चतुरस्र के बाहर अग्नि कोण में गणपति का, वायव्यकोण में क्षेत्रपाल का, ईशान कोण में भैरव का तथा नैर्ऋत्य कोण में योगिनियों का पूजन करना चाहिए और चतुरस्र के वामभाग में गुरु की पूजा करनी चाहिए ॥ ३४-३५ ॥

भूपुर की **प्रथम रेखा में** पूर्वादि दिशाओं के क्रम से १. अणिमा, २. लघिमा, ३. महिमा, ४. ईशिता, ५. वशिता, ६. कामपूरणी, ७. गरिमा एवं ८. प्राप्ति की पूजा करनी चाहिए ॥ ३६-३७ ॥

पुनः भूपुर की **द्वितीय रेखा में** पूर्वादि क्रम से - १. असिताङ्ग, २. रुरु, ३. चण्ड, ४. क्रोध, ५. उन्मत्त, ६. कपाली, ७. भीषण एवं ८. संहार - इन आठ भैरवों का पूजन करना चाहिए । तथा भूपुर की **तृतीय रेखा में** १.

इत्थमाद्यावृतिं चेष्ट्वा योनिमुद्रां प्रदर्शयेत्।

चतुःषष्टिशक्तिकथनम्

चतुःषष्टिदले पद्मे शक्तीरर्चेच्च तावतीः ॥ ४१ ॥
कुलेशी कुलनन्दा च वागीशी भैरवी तथा।
उमा श्रीः शान्तया चण्डा धूम्रा काली करालिनी ॥ ४२ ॥
महालक्ष्मीश्च कङ्काली रुद्रकाली सरस्वती।
वाग्वादिनी च नकुली भद्रकाली शशिप्रभा ॥ ४३ ॥
प्रत्यङ्गिरा सिद्धलक्ष्मीरमृतेशी च चण्डिका।
खेचरी भूचरी सिद्धा कामाक्षी हिङ्गुला बला ॥ ४४ ॥
जया च विजया चाप्यजिता नित्यापराजिता।
विलासिनी तथा घोरा चित्रा मुग्धा धनेश्वरी ॥ ४५ ॥
सोमेश्वरी महाचण्डा विद्या हंसी विनायिका।
वेदगर्भा तथा भीमा उग्रा वैद्या च सद्गतिः ॥ ४६ ॥
उग्रेश्वरी चन्द्रगर्भा ज्योत्स्ना सत्या यशोवती।
कुलिका कामिनी काम्या ज्ञानवत्यथ डाकिनी ॥ ४७ ॥

योनिमुद्रोक्ता ॥ ४१ ॥ * ॥ ४२–४८ ॥

ब्राह्मी, २. माहेश्वरी, ३. कौमारी, ४. वैष्णवी, ५. वाराही, ६. इन्द्राणी, ७. चामुण्डा एवं ८. महालक्ष्मी - इन आठ मातृकाओं के नाम के आगे चतुर्थ्यन्त नमः पद लगाकर पूर्वादि क्रम से पूजा करनी चाहिए । इस प्रकार **प्रथम आवरण** की पूजा कर योनि मुद्रा प्रदर्शित करनी चाहिए ॥ ३७-४१ ॥

अब **सरस्वती की चौंसठ शक्तियों** को कहते हैं -

तदनन्तर चौंसठ दल वाले कमल में चौंसठ शक्तियों की पूजा करनी चाहिए -

१. कुलेशी, २. कुलनन्दा, ३. वागीशी, ४. भैरवी, ५. उमा, ६. श्री, ७. शान्तया, ८. चण्डा, ९. धूम्रा, १०. काली, ११. करालिनी, १२. महालक्ष्मी, १३. कंकाली, १४. रुद्रकाली, १५. सरस्वती, १६. वाग्वादिनी, १७. नकुली, १८. भद्रकाली, १९. शशिप्रभा, २०. प्रत्यङ्गिरा, २१. सिद्धलक्ष्मी, २२. अमृतेशी, २३. चण्डिका, २४. खेचरी, २५. भूचरी, २६. सिद्धा, २७. कामाक्षी, २८. हिंगुला, २९. बला, ३०. जया, ३१. विजया, ३२. अजिता, ३३. नित्या, ३४. अपराजिता, ३५. विलासिनी, ३६. घोरा, ३७. चित्रा, ३८. मुग्धा, ३९. धनेश्वरी, ४०. सोमेश्वरी, ४१. महाचण्डा, ४२. विद्या, ४३. हंसी, ४४. विनायिका, ४५. वेदगर्भा, ४६. भीमा, ४७. उग्रा, ४८. वैद्या, ४९. सद्गती, ५०. उग्रेश्वरी, ५१.

राकिनी लाकिनी चाथ काकिनी शाकिनीत्यपि।
हाकिनीति चतुःषष्टिशक्तयः सिद्धिदायिकाः ॥ ४८ ॥
दर्शयेत् खेचरीमुद्रां द्वितीयावरणेर्चिते।

द्वात्रिंशच्छक्तिकथनं पूजाविधिश्च

द्वात्रिंशत् पत्रमध्ये तु पूज्या एतास्तु शक्तयः ॥ ४६ ॥
किराता योगिनी वीरा वेताला यक्षिणी हरा।
ऊर्ध्वकेशी च मातङ्गी मोहिनी वंशवर्द्धिनी ॥ ५० ॥
मालिनी ललिता दूती मनोजा पद्मिनी धरा।
वर्वरी छत्रहस्ता च रक्तनेत्रा विचर्चिका ॥ ५१ ॥
मातृकादूरदर्शी च क्षेत्रेशी रङ्गिनी नटी।
शान्तिर्दीप्ता वज्रहस्ता धूम्रा श्वेता सुमङ्गला ॥ ५२ ॥

चतुःषष्टिदले तावतीः शक्तीरभ्यर्च्य खेचरीमुद्रां दर्शयेत् । तल्लक्षणं यथा –

सव्यं दक्षिणहस्ते तु सव्यहस्ते तु दक्षिणम् ।
बाहुकृत्वा महादेवि हस्तौ सपरिवर्त्य च ॥
कनिष्ठानामिके देवि युक्ता तेन क्रमेण तु ।
तर्जनीभ्यां समाक्रान्ते सर्वोर्ध्वमपि मध्यमे ॥
अंगुष्ठौ तु महादेवि सरलावपि कारयेत् ।
इयं सा खेचरी नाम मुद्रां सर्वोत्तमोत्तमा ॥ ४६ ॥

इति ॥ * ॥ ५०–५२ ॥

चन्द्रगर्भा, ५२. ज्योत्स्ना, ५३. सत्या, ५४. यशोवती, ५५. कुलिका, ५६. कामिनी, ५७. काम्या, ५८. ज्ञानवती, ५६. डाकिनी, ६०. राकिनी, ६१. लाकिनी, ६२. काकिनी, ६३. शाकिनी एवं ६४. हाकिनी -- ये चौंसठ सिद्धिदायिका सरस्वती की शक्तियाँ कहीं गई हैं । इस प्रकार चतुर्थ्यन्त नामों के आगे नमः लगाकर इनकी पूजा कर खेचरी मुद्रा प्रदर्शित कर **द्वितीयावरण** की पूजा समाप्त करनी चाहिए ॥ ४१-४८ ॥

फिर बत्तीस दल वाले कमल पर **बत्तीस शक्तियों** की पूजा करनी चाहिए। उनके नाम इस प्रकार हैं - १. किराता, २. योगिनी, ३. वीरा, ४. वेताला, ५. यक्षिणी, ६. हरा, ७. ऊर्ध्वकेशी, ८. मातङ्गी, ६. मोहिनी, १०. वंशवर्द्धिनी, ११. मालिनी, १२. ललिता, १३. दूती, १४. मनोजा, १५. पद्मिनि, १६. धरा, १७. वर्वरी, १८. छत्रहस्ता, १६. रक्तनेत्रा, २०. विचर्चिका, २१. मातृका, २२. दूरदर्शीनी, २३. क्षेत्रेशी, २४. रङ्गिनी, २५. नटी, २६. शान्ति, २७. दीप्ता, २८. वज्रहस्ता, २६. धूम्रा, ३०. श्वेता, ३१. सुमङ्गला (एवं ३२. सर्वेश्वरी) -

इष्ट्वा तृतीयावरणं बीजमुद्रां प्रदर्शयेत् ।

षोडशशक्तिपूजनम्

ततः षोडशपत्रेषु पूज्याः षोडशशक्तयः ॥ ५३ ॥
मुग्धा श्रीः कुरुकुल्ला च त्रिपुरा तोतला क्रिया ।
रतिः प्रीतिस्तथा बाला सुमुखी श्यामलाविला ॥ ५४ ॥
पिशाची च विदारी च शीतला वज्रयोगिनी ।
सर्वेश्वरीति सम्पूज्य सृणिमुद्रां प्रदर्शयेत् ॥ ५५ ॥

अष्टसरस्वतीपूजनं मन्त्राश्च

अष्टपत्रे स्वस्वमन्त्रैर्यजेदष्टसरस्वतीः ।
तारो हृल्लोहितः सत्यो वैकुण्ठानन्तसंयुताः ॥ ५६ ॥

तृतीयावरणं सम्पूज्य बीजमुद्रां दर्शयेत् । तल्लक्षणं यथा –
परिवर्त्य करौ स्पष्टावर्द्धचन्द्राकृती प्रिये ।
तर्जन्यङ्गुष्ठयुगलं युगपत्कारयेत्ततः ॥
अधः कनिष्ठावष्टब्धे मध्यमे विनियोजयेत् ।
तथैव कुटिले योज्ये सर्वाधस्तादनामिके ॥
बीजमुद्रेयमुदिता सर्वसिद्धिप्रदायिनी ॥ इति ॥ ५३ ॥
*॥ ५४ ॥ षोडशपत्रं सम्पूज्य सृणिमुद्रामंकुशमुद्रां दर्शयेत् । सा पूर्वमुक्ता ॥ ५५ ॥ अष्टपत्रे सरस्वत्यष्टकं स्वमन्त्रैर्यजेदित्युक्तम् । तासां मन्त्रान् क्रमेण वदन्नादौ वागीश्वरीमन्त्रमाह – **तार इति** । लोहितः पः बैकुण्ठानन्तसंयुतः

इनके नामों में चतुर्थ्यन्त विभक्ति युक्त नमः लगाकर पूजा करने के पश्चात् **तृतीयावरण** की पूजा बीज मुद्रा प्रदर्शित कर संपन्न करनी चाहिए ॥ ४९-५३ ॥

इसके बाद सोलह दलों में इन **सोलह शक्तियों** की पूजा करनी चाहिए । १. मुग्धा, २. श्री, ३. कुरुकुल्ला, ४. त्रिपुरा, ५. तोतला, ६. क्रिया, ७. रति, ८. प्रीति, ९. बाला, १०. सुमुखी, ११. श्यामलाविला, १२. पिशाची, १३. बिदारी, १४. शीतला, १५. वज्रयोगिनी, १६. सर्वेश्वरी -- इन नामों में चतुर्थ्यन्त सहित 'नमः' लगाकर पूजा करे और अंकुश मुद्रा प्रदर्शित कर **चतुर्थावरण** की पूजा सम्पन्न करनी चाहिए ॥ ५३-५५ ॥

इसके अनन्तर अष्टपत्रों में अष्ट सरस्वतियों की उनके लिए विहित पृथक् पृथक् मन्त्रों से पूजा करनी चाहिए ।

(i) अब **वागीश्वरी के मन्त्र का उद्धार** करते हैं -

तार (ॐ), हृत् (नमः), लोहित (प), वैकुण्ठानन्त सहित सत्य (द्या), भृगु (स), फिर 'ने शब्दरूपे' यह पद, फिर वाक् (ऐं), माया (ह्रीं), काम

भृगुर्नेशब्दरूपे वाङ्मायाकामो वदद्वयम् ।
वाग्वादिन्यग्निकान्तेति मन्त्रो वेदाक्षिवर्णवान् ॥ ५७ ॥
अनेन मनुना पूर्वपत्रे वागीश्वरीं यजेत् ।
वराहहंसचक्रीन्द्रसंयुता भुवनेश्वरी ॥ ५८ ॥
वदयुग्मं च चित्रेश्वरि वाग्बीजानलप्रिया ।
द्वादशार्णेन मनुना वह्नौ चित्रेश्वरीं यजेत् ॥ ५९ ॥
वाग्बीजं कुलजे वाक् च सरस्वत्यनलाङ्गना ।
एकादशार्णमनुना कुलजां दक्षिणेर्चयेत् ॥ ६० ॥

सत्यः मआयुतो दः द्मा ॥ ५६ ॥ भृगुः सः स्पष्टमन्यत् । यथा – ॐ नमः पद्मासनेशब्दरूपे ऐं ह्रीं क्लीं वद वद वाग्वादिनी स्वाहेति वेदाक्षिवर्णवान् चतुर्विंशत्यर्णः ॥ ५७ ॥ चित्रेश्वरीमन्त्रमाह – वराहेति । वराह हंसचक्रीन्द्रसंयुता भुवनेश्वरी हसकल ह्रीं ॥ ५८ ॥ वद वद चित्रेश्वरि ऐं स्वाहेति । प्रथमं षट्कूटम् ॥ यथा – क्लीं वद वद चित्रेश्वरि ऐं स्वाहा । वह्नौ अग्निकोणे ॥ ५९ ॥ कुलजामन्त्रमाह – **वागिति** । ऐं कुलजे ऐं सरस्वति स्वाहेति ॥ ६० ॥

(क्लीं), इसके बाद दो बार वद शब्द (वद वद), फिर 'वाग्वादिनी' इसके बाद अग्निकान्ता (स्वाहा) लगाने से चौबीस अक्षरों का मन्त्र बनता है इस मन्त्र से पूर्वदिशा के पत्र पर वागीश्वरी का पूजन करना चाहिए ॥ ५६-५८ ॥

विमर्श - वागीश्वरी के पूजन में विनियुक्त २४ अक्षरों के **मन्त्र का स्वरूप** इस प्रकार है - 'ॐ नमः पद्मासने शब्दरूपे ऐं ह्रीं क्लीं वद वद वाग्वादिनी स्वाहा' ॥ ५६-५८ ॥

(ii) अब **चित्रेश्वरी पूजन का मन्त्र** कहते हैं - 'वराह हंसचक्रीन्द्रसंयुता भुवनेश्वरी' अर्थात् 'हस कल ह्रीं' फिर दो बार वद शब्द (वद वद), फिर 'चित्रेश्वरि' पद, इसके बाद वाग्बीज (ऐं), फिर अनलप्रभा (स्वाहा) लगाने से द्वादश अक्षर का मन्त्र बन जाता है । इस बारह अक्षर वाले मन्त्र से साधक अग्निकोण में चित्रेश्वरी की पूजा करें ॥ ५८-५९ ॥

विमर्श - चित्रेश्वरी के मन्त्र का स्वरूप इस प्रकार है - 'हसकलह्रीं वद वद चित्रेश्वरि ऐं स्वाहा' । ऊपर हकार में ६ अक्षरों का मेल होने से १ अक्षर समझना चाहिए ॥ ५८-५९ ॥

(iii) इसके बाद **कुलजा का मन्त्र** कहते हैं - वाग्बीज (ऐं), फिर 'कुलजे' पद, फिर वाग्बीज (ऐं), फिर सरस्वति पद, तदनन्तर अनलाङ्गना (स्वाहा) लगाने से ग्यारह अक्षरों का कुलजा मन्त्र बनता है, इससे दक्षिण में कुलजा का पूजन करना चाहिए ॥ ६० ॥

वाङ्माया श्रीं वदद्वन्द्वं कीर्तीश्वरि वसुप्रिया ।
त्रयोदशार्णेन यजेन्नैर्ऋत्ये कीर्तिनायिका ॥ ६१ ॥
वाङ्माया चान्तरिक्षान्ते सरस्वति च ठद्वयम् ।
रव्यर्णेन यजेत् प्रत्यगन्तरिक्षसरस्वतीम् ॥ ६२ ॥
वराहहंसचण्डीशजनार्दनकृशानुयुक् ।
सेन्दुर्योनिश्च लकुलीभृगुवह्नीन्दुयुङ् मनुः ॥ ६३ ॥
अरुणाभृगुशिख्यग्निसंयुता शान्तिरिन्दुयुक् ।
वाङ्माया श्रीषु बीजानि घ्रीं घटान्ते सरस्वतीम् ॥ ६४ ॥

कीर्तीश्वरीमन्त्रमाह – **वागिति** । ऐं ह्रीं श्रीं वद वद कीर्तीश्वरि स्वाहेति । वसुरग्निः ॥ ६१ ॥ अन्तरिक्षसरस्वतीमन्त्रमाह – **वागिति** । ऐं ह्रीं अन्तरिक्षसरस्वति स्वाहेति ॥ ६२ ॥ घटसरस्वतीमन्त्रमाह – **वराहमिति** । एवंविधा योनिरेकारः। कीदृशी ? वराहहंसचण्डीश – जनार्दनकृशानुयुक् हसखफरयुता । सेन्दुः सबिन्दुश्च । कूटमिदम् । मनुरौकारः । कीदृशः ? लकुलीभृगुवह्नीन्दुयुक् हसरबिन्दुयुतः । शान्ति री अरुणादियुता । अरुणाहः। भृगुः सः । शिखी फः । अग्नीरः एतैर्युता । सबिन्दुश्च वाक् ऐं, माया ह्रीं, श्रीं श्रीः । इषुबीजानि बाणबीजानि – 'द्रां द्रीं क्लीं ब्लूं स' इति ।

विमर्श - मन्त्र का स्वरूप इस प्रकार है - 'ऐं कुलजे ऐं सरस्वति स्वाहा' ॥ ६० ॥

(iv) अब **कीर्तीश्वरी का मन्त्र** कहते हैं -

वाग् (ऐं), माया (ह्रीं), श्री (श्रीं), दो बार 'वद' पद (वद वद) फिर कीर्तीश्वरि और अन्त में वसुप्रिया (स्वाहा) लगाने से तेरह अक्षरों का मन्त्र बनता है । इससे नैर्ऋत्यकोण में कीर्तीश्वरी का पूजन करना चाहिए ॥ ६१ ॥

विमर्श - मन्त्र का स्वरूप इस प्रकार है - 'ऐं ह्रीं श्रीं वद वद कीर्तीश्वरि स्वाहा ॥ ६१ ॥

(v) अब **अन्तरिक्षसरस्वती मन्त्र** कहते हैं -

वाग (ऐं), माया (ह्रीं), फिर 'अन्तरिक्षसरस्वति' यह पद, इसके अन्त में 'ठद्वय' (स्वाहा) लगाने से बारह अक्षरों का मन्त्र निष्पन्न होता है । इससे पश्चिम के दल में अन्तरिक्ष सरस्वती का पूजन करना चाहिए ॥ ६२ ॥

विमर्श - मन्त्र का स्वरूप इस प्रकार है - 'ऐं ह्रीं अन्तरिक्षसरस्वति स्वाहा ॥ ६२ ॥

(vi) अब **घटसरस्वती मन्त्र** कहते हैं - वराह हंस चण्डीश जनार्दन-कृशानुयुक् (ह् स् ष् फ र) सेन्दु (ह्स्फ्रं), लकुलीभृगुवह्नी (ह् स् र्) और इन्दु से युक्त मनु (ओं) अर्थात् ह्स्रौं अरुण भृगु शिख्यग्निसंयुत इन्दु युक् शान्ति अर्थात्

घटेवदतरद्वन्द्वं रुद्राज्ञा टायुता मम।
अभिलाषं कुरु द्वन्द्वं प्रेयसीकृष्णवर्त्मनः ॥ ६५॥
गुणवेदार्णेन यजेद्वायौ घटसरस्वतीम्।

नीलामन्त्रकथनम्

भूधरेन्द्रयुतोर्घीशो बिन्द्वाढ्यो वें वदद्वयम् ॥ ६६॥
त्रीं हुँ फट् नवार्णेन नीलामर्चेदुदग्दिशि।
वाग्बीजमधराक्रान्तो नकुलीबिन्दुमान् पुनः ॥ ६७॥

घ्रीमिति स्वरूपम् । टायुता तृतीयान्ता रुद्राज्ञा । कृष्णवार्त्मनोऽग्नेः प्रेयसी स्वाहा । यथा – ह्स्फ्रं ह्स्रों ह्स्फ्रों ऐं ह्रीं श्रीं द्रां द्रीं क्लीं ब्लूं सः घ्रीं घटसरस्वतीघटे वद वद तर तर रुद्राज्ञया ममाभिलाषं कुरु कुरु स्वाहेति ॥ ६३–६५ ॥ गुणवेदार्णस्त्रिचत्वारिंशदक्षरः । नीलामन्त्रमाह – **भूधरेति** । अर्घीश ऊ । भूधरो वः । इन्द्रो लः । ताभ्यां युतः बिन्दुयुतश्च ब्लूं । बें वदवदस्वरूपम् । यथा – ब्लूं वें वद वद त्रीं हुं फडिति । किणिमन्त्रमाह – **वाग्बीजमिति** । अधराक्रान्तो नकुली ऐंयुतो हः । शान्तिचन्द्राढ्यमाकाशम् ईबिन्दुयुतो हः सदृक् जलं वि । भगाक्रान्तं

अरुण (ह्), भृगु (स), शिखी (फ), अग्नि (र्) इससे युक्त सबिन्दु शान्ति (ह्स्फ्रें), फिर वाग्बीज (ऐं), माया (ह्रीं), श्री (श्रीं) इषु बीज (द्रां द्रीं क्लीं ब्लूं सः) फिर 'घ्रीं घटसरस्वती घटे' पद, फिर दो बार 'वद' पद (वद वद) एवं 'तर' पद (तर तर), टा युता (तृतीयान्ता) रुद्राज्ञा (रुद्राज्ञया), फिर 'ममाभिलाषं', फिर दो बार 'कुरु' शब्द (कुरु कुरु), तदनन्तर कृष्णवर्त्माप्रेयसी (स्वाहा) लगाने से तिरालिस अक्षरों का मन्त्र निष्पन्न होता है । इस मन्त्र से वायव्य दल में घटसरस्वती का पूजन करना चाहिए ॥ ६३-६६ ॥

विमर्श - **मन्त्र का स्वरूप** इस प्रकार है - 'ह्स्फ्रं ह्स्रों ह्स्फ्रों ऐं ह्रीं श्रीं द्रां द्रीं क्लीं ब्लूं सः घ्रीं घटसरस्वती घटे वद वद तर तर रुद्राज्ञया ममाभिलाषं कुरु कुरु स्वाहा' (४३) ॥ ६३-६६ ॥

(vii) अब **नीलसरस्वती का मन्त्र** कहते हैं -

भूधरेन्द्र युत् बिन्दु सहित अर्घीश (ब्लूं), फिर बिन्दु सहित (वें), तदनन्तर दो बार वद पद (वद वद), फिर 'त्रीं हुं फट्' लगाने से ९ अक्षरों का मन्त्र निष्पन्न होता है । इससे उत्तर के दल में नीलसरस्वती का पूजन करना चाहिए ॥ ६६-६७ ॥

विमर्श - **नीलसरस्वती मन्त्र का स्वरूप** इस प्रकार है - 'ब्लूं वें वद वद त्रीं हुं फट्' (९) ॥ ६६-६७ ॥

शान्तिचन्द्राढ्यमाकाशं किणिद्वन्द्वं सदृग्जलम् ।
कूर्मद्वन्द्वं भगाक्रान्तं नवार्णेनामुना यजेत् ॥ ६८ ॥
मन्त्रेणेशानदिग्भागे किणिसंज्ञां सरस्वतीम् ।
पञ्चमावृत्तिमाराध्य क्षोभमुद्रां प्रदर्शयेत् ॥ ६९ ॥

डाकिन्यादिषण्णां पूजनम्

डाकिन्याद्याः पूर्वमुक्ताः षट्कोणे षट् प्रपूजयेत् ।
दर्शयेद् द्राविणीं मुद्रां षष्ठावरणपूजने ॥ ७० ॥

परादि–तिसृणां पूजनम्

पराबालाभैरवीति पूजनीयास्त्रिकोणके ।

कूर्मद्वन्द्वम् ऐयुतं च द्वन्द्वं च । यथा – ऐं हैं हीं किणि किणि विच्चे इति ॥ ६६–६८ ॥ एवं सरस्वत्यष्टकं सम्पूज्य क्षोभमुद्रादर्शनम् । तल्लक्षणम् –

मध्यमां मध्यमे कृत्वा कनिष्ठाङ्गुष्ठरोधिते ।
तर्जन्यौ दण्डवत्कृत्वा मध्यमोपर्यनामिके ।
क्षोभाभिधानामुद्रेयं सर्वसंक्षोभकारिणी ॥ ६९ ॥ इति

डाकिन्याद्याः पूर्वोक्ताः । डाकिनी, राकिनी, लाकिनी, काकिनी, शाकिनी, हाकिन्यः । द्राविणीमुद्रालक्षणं यथा – क्षोभमुद्रालक्षणमुक्त्वोक्तम्

एतस्या एवमुद्राया मध्यमे सरले यदा ।
क्रियते परमेशानि तदा विद्राविणीमता ॥ इति ॥ ७० ॥

(viii) अब **किणिसरस्वती का मन्त्र** कहते हैं -

वाग्बीज (ऐं), अधराक्रान्त सबिन्दु नकुली (हैं), शान्तिचन्द्राढ्य आकाश (हीं), दो बार किणि शब्द (किणि किणि), सदृक् इकार सहित जल व् (अर्थात् वि), भगाक्रान्त कूर्मद्वय (च्चे) यह ९ अक्षर का मन्त्र निष्पन्न होता है । इससे ईशानकोण में किणि सरस्वती का पूजन करना चाहिए । इस प्रकार अष्टदलों में आठ सरस्वतियों का पूजन कर **पञ्चमावरण** की पूजा समाप्त कर क्षोभमुद्रा प्रदर्शित करनी चाहिए ॥ ६७-६९ ॥

विमर्श - मन्त्र का स्वरूप इस प्रकार है - 'ऐं हैं हीं किणि किणि विच्चे' ॥ ६७-६९ ॥

षट्कोण में पूर्वोक्त १. डाकिनी, २. राकिनी, ३. लाकिनी, ४. काकिनी, ५. शाकिनी एवं ६. हाकिनी का पूजन कर **षष्ठावरण** की पूजा समाप्त कर द्राविणीमुद्रा प्रदर्शित करनी चाहिए ॥ ७० ॥

तदनन्तर त्रिकोण में परा, बाला एवं भैरवी का पूजन कर **सप्तमावरण** की पूजा समाप्त कर आकर्षणी मुद्रा प्रदर्शित करनी चाहिए ।

सप्तमावृतिपूजायां मुद्रां कुर्याच्चकर्षिणीम् ॥ ७१ ॥
इत्थं सम्पूज्य तारेशीं मनोभीष्टमवाप्नुयात् ।

पराबालाभैरवीति स्वस्वमन्त्रैः – ह्रीं परायै नमः–– ऐं क्ली सौः बालायै नमः – ह्सैंह्क्लीं ह्सौः भैरव्यै नमः इति ।

आकर्षिणीमुद्रालक्षणं यथा –

मध्यमातर्जनीभ्यां तु कनिष्ठानामिके समे ।
अंकुशाकार रूपाभ्यां मध्यमे परमेश्वरि ।
इयमाकर्षिणीमुद्रा त्रैलोक्याकर्षणे क्षमा ॥ इति ॥ ७१ ॥

इस प्रकार सप्तावरण युक्त तारा देवी तारेशी का पूजन करने से समस्त मनोरथों की पूर्ति होती है ॥ ७१-७२ ॥

विमर्श – आवरण पूजा प्रयोग इस प्रकार हैं - नाम मन्त्रों में चतुर्थी लगाकर तत्तत्स्थानों में आवरण पूजा करनी चाहिए ।

पूर्वोक्त विधि से देवी की पूजा करने के बाद उनकी आज्ञा लेकर **प्रथम आवरण पूजा** करनी चाहिए । सर्वप्रथम चतुरस्र के बाहर अग्निकोण में विधिवत् ध्यान कर 'ॐ ह्रीं गं गणपतये नमः' मन्त्र से गणेशजी का पूजन करना चाहिए। इसी प्रकार वायव्य में 'ॐ ह्रीं क्षं क्षेत्रपालाय नमः' से क्षेत्रपाल का, ईशान कोण में 'ॐ ह्रीं वं बटुकाय नमः' से बटुकभैरव का तथा नैर्ऋत्यकोण में 'ॐ ह्रीं यं योगिनीभ्यो नमः' मन्त्र से योगिनीयों का पूजन करना चाहिए ।

भूपुर की **प्रथम रेखा में** पूर्व आदि दिशाओं में -

ॐ अणिमायै नमः, ॐ लघिमायै नमः, ॐ महिमायै नमः,
ॐ ईशित्यै नमः, ॐ वशितायै नमः, ॐ कामपूरण्यै नमः,
ॐ गरिमायै नमः तथा ॐ प्राप्त्यै नमः - इन मन्त्रों से क्रमशः अणिमा आदि का पूजन करना चाहिए ।

भूपुर की **द्वितीय रेखा में** पूर्व आदि आठ दिशाओं में निम्नलिखित मन्त्रों से आठ भैरवों का पूजन करना चाहिए -

ॐ असिताङ्गभैरवाय नमः, ॐ रुरुभैरवाय नमः,
ॐ चण्डभैरवाय नमः, ॐ क्रोधभैरवाय नमः,
ॐ उन्मत्तभैरवाय नमः, ॐ कपालीभैरवाये नमः,
ॐ भीषणभैरवाय नमः एवं ॐ संहारभैरवाय नमः ।

भूपुर की **तृतीय रेखा** में पूर्व आदि दिशाओं में -

ॐ ब्राह्म्यै नमः, ॐ माहेश्वर्यै नमः, ॐ कौमार्यै नमः,
ॐ वैष्णव्यै नमः, ॐ वाराह्यै नमः, ॐ इन्द्राण्यै नमः,
ॐ चामुण्डायै नमः, ॐ महालक्ष्म्यै नमः

इन मन्त्रों से अष्टमातृकाओं का पूजन करना चाहिए । इस प्रकार प्रथम आवरण का पूजन कर योनिमुद्रा प्रदर्शित करनी चाहिए ।

द्वितीय आवरण में चौंसठ दलों पर निम्नलिखित मन्त्रों से **चौंसठ शक्तियों** का पूजन करना चाहिए -

१. ॐ कुलेश्यै नमः	२३. ॐ चण्डिकायै नमः	४५. ॐ वेदगर्भायै नमः
२. ॐ कुलनन्दायै नमः	२४. ॐ खेचर्यै नमः	४६. ॐ भीमायै नमः
३. ॐ वागीश्वर्यै नमः	२५. ॐ भूचर्यै नमः	४७. ॐ उग्रायै नमः
४. ॐ भैरव्यै नमः	२६. ॐ सिद्धायै नमः	४८. ॐ वैद्यायै नमः
५. ॐ उमायै नमः	२७. ॐ कामाख्यै नमः	४९. ॐ सद्गत्यै नमः
६. ॐ श्रियै नमः	२८. ॐ हिंगुलायै नमः	५०. ॐ उग्रेश्वर्यै नमः
७. ॐ शान्तयायै नमः	२९. ॐ बलायै नमः	५१. ॐ चन्द्रगर्भायै नमः
८. ॐ चण्डायै नमः	३०. ॐ जयायै नमः	५२. ॐ ज्योत्स्नायै नमः
९. ॐ धूम्रायै नमः	३१. ॐ विजयायै नमः	५३. ॐ सत्यायै नमः
१०. ॐ काल्यै नमः	३२. ॐ अजितायै नमः	५४. ॐ यशोवत्यै नमः
११. ॐ करालिन्यै नमः	३३. ॐ नित्यायै नमः	५५. ॐ कुलिकायै नमः
१२. ॐ महालक्ष्म्यै नमः	३४. ॐ अपराजितायै नमः	५६. ॐ कामिन्यै नमः
१३. ॐ कङ्काल्यै नमः	३५. ॐ विलासिन्यै नमः	५७. ॐ काम्यायै नमः
१४. ॐ रुद्रकाल्यै नमः	३६. ॐ घोरायै नमः	५८. ॐ ज्ञानवत्यै नमः
१५. ॐ सरस्वत्यै नमः	३७. ॐ चित्रायै नमः	५९. ॐ डाकिन्यै नमः
१६. ॐ वाग्वादिन्यै नमः	३८. ॐ मुग्धायै नमः	६०. ॐ राकिन्यै नमः
१७. ॐ नकुल्यै नमः	३९. ॐ धनेश्वर्यै नमः	६१. ॐ लाकिन्यै नमः
१८. ॐ भद्रकाल्यै नमः	४०. ॐ सोमेश्वर्यै नमः	६२. ॐ काकिन्यै नमः
१९. ॐ शशिप्रभायै नमः	४१. ॐ महाचण्डायै नमः	६३. ॐ शाकिन्यै नमः
२०. ॐ प्रत्यङ्गिरायै नमः	४२. ॐ विद्यायै नमः	६४. ॐ हाकिन्यै नमः
२१. ॐ सिद्धलक्ष्म्यै नमः	४३. ॐ हंस्यै नमः	
२२. ॐ अमृतेश्यै नमः	४४. ॐ विनायकायै नमः	

इस प्रकार **द्वितीय आवरण** की पूजा कर खेचरी मुद्रा प्रदर्शित करनी चाहिए ।

तृतीय आवरण में बत्तीस दलों पर निम्नलिखित मन्त्रों से **बत्तीस** शक्तियों का पूजन करना चाहिए ।

१. ॐ किरातायै नमः	५. ॐ यक्षिण्यै नमः	९. ॐ मोहिन्यै नमः
२. ॐ योगिन्यै नमः	६. ॐ हराये नमः	१०. ॐ वंशवर्द्धिन्यै नमः
३. ॐ बीरायै नमः	७. ॐ ऊर्ध्वकेश्यै नमः	११. ॐ मालिन्ये नमः
४. ॐ बेतालायै नमः	८. ॐ मातंग्यै नमः	१२. ॐ ललितायै नमः
१३. ॐ दूत्यै नमः	२०. ॐ विचर्चिकायै नमः	२७. ॐ दीप्तायै नमः

१४. ॐ मनोजायै नमः २१. ॐ मातृकायै नमः २८. ॐ वज्रहस्तायै नमः
१५. ॐ पद्मिन्यै नमः २२. ॐ दूरदर्श्यै नमः २९. ॐ धूम्रायै नमः
१६. ॐ धरायै नमः २३. ॐ क्षेत्रेश्यै नमः ३०. ॐ श्वेतायै नमः
१७. ॐ बर्वर्यै नमः २४. ॐ रङ्गिन्यै नमः ३१. ॐ सुमङ्गलायै नमः
१८. ॐ छत्रहस्तायै नमः २५. ॐ नट्यै नमः ३२. ॐ सर्वेश्वर्यै नमः
१९. ॐ रक्तनेत्रायै नमः २६. ॐ शान्त्यै नमः

इस प्रकार **तृतीय आवरण** में उक्त मन्त्रों से ३२ शक्तियों का पूजन कर बीजमुद्रा प्रदर्शित करनी चाहिए ।

चतुर्थ आवरण में १६ दलों पर निम्नलिखित मन्त्रों से **१६ शक्तियों** का पूजन करना चाहिए, यथा -

१. ॐ मुग्धायै नमः, २. ॐ श्रियै नमः, ३. ॐ कुरुकुल्लायै नमः,
४. ॐ त्रिपुरायै नमः, ५. ॐ तोतलायै नमः, ६. ॐ क्रियायै नमः,
७. ॐ रत्यै नमः, ८. ॐ प्रीत्यै नमः, ९. ॐ बालायै नमः,
१०. ॐ सुमुख्यै नमः, ११. ॐ श्यामलाविलायै नमः,
१२. ॐ पिशाच्यै नमः, १३. ॐ विदार्यै नमः, १४. ॐ शीतलायै नमः,
१५. ॐ वज्रयोगिन्यै नमः, १६. ॐ सर्वेश्वर्यै नमः ।

इस प्रकार **चतुर्थ आवरण** में उक्त मन्त्रों से १६ शक्तियों का पूजन कर अंकुश मुद्रा दिखलानी चाहिए ।

पञ्चम आवरण में पूर्व आदि आठ दिशाओं के कमल दलों पर निम्नलिखित मन्त्रों से **अष्टसरस्वतियों** का पूजन करना चाहिए, यथा -

१. **पूर्वदिशा दल पर** - ॐ नमः पद्मासने शब्दरूपे ऐं ह्रीं क्लीं वद वद वाग्वादिनी स्वाहा' मन्त्र से **वागीश्वरी** का पूजन करना चाहिए ।

२. **अग्निकोण दल पर** - 'क्लीं वद वद चित्रेश्वरी ऐं स्वाहा' मन्त्र से **चित्रेश्वरि** का पूजन करना चाहिए ।

३. **दक्षिण दल पर** - ऐं कुलिजे ऐं सरस्वति स्वाहा' मन्त्र से **कुलजा** का पूजन करना चाहिए ।

४. **नैऋत्यकोण दल पर** - 'ऐं ह्रीं श्रीं वद वद कीर्तीश्वरी स्वाहा' मन्त्र से **कीर्तीश्वरी** का पूजन करना चाहिए ।

५. **पश्चिम दल पर** - 'ऐं ह्रीं अन्तरिक्षसरस्वति स्वाहा' मन्त्र से **अन्तरिक्षसरस्वती** का पूजन करना चाहिए ।

६. **वायव्य कोण दल पर** - 'ह्स्ख्फ्रें ह्सौं स्स्फ्रों ऐं ह्रीं श्रीं द्रां द्रीं क्लीं ब्लूं सः घ्रीं घटसरस्वति घटे वद वद तर तर रुद्राज्ञया ममाभिलाषं कुरु कुरु स्वाहा' मन्त्र से **घटसरस्वती** का पूजन करना चाहिए ।

७. **उत्तर के दल पर** - 'ब्लूं वें वद वद त्रीं हुं फट्' मन्त्र से

गणेशक्षेत्रपालाभ्यां योगिन्यै भैरवाय च ॥ ७२ ॥
तारायै चापि वितरेद् बलिं नित्यं चतुष्पथे ।
मांसमाषान्नशाकाज्यपायसापूपकादिकम् ॥ ७३ ॥
बलिद्रव्यं समाख्यातं तेनेष्टं सा प्रयच्छति ।
तस्या ध्यानं त्रिधा वच्मि सत्त्वादिगुणभेदतः ॥ ७४ ॥

सात्त्विकध्यानमाह – **श्वेतेति** । कमण्डलुवराक्षस्रक्पुष्पमालादक्षेषु । इतराणि वामेषु ॥ ७५–७६ ॥

नीलासरस्वती का पूजन करना चाहिए ।

८. **ईशान कोण के दल पर** - ऐं हैं ह्रीं किणि किणि विच्चे' मन्त्र से **किणि** का पूजन करना चाहिए ।

इस विधि से **पञ्चम आवरण पूजा** में आठ दलों पर उक्त मन्त्रों से वागीश्वरी आदि का पूजन कर क्षोभमुद्रा प्रदर्शित करनी चाहिए ।

षष्ठ आवरण पूजा में षट्कोण में निम्नलिखित मन्त्रों से डाकिनी आदि का पूजन करना चाहिए, यथा -

१. ॐ डाकिन्यै नमः ३. ॐ लाकिन्यै नमः ५. ॐ शाकिन्यै नमः
२. ॐ राकिन्यै नमः ४. ॐ काकिन्यै नमः ६. ॐ हाकिन्यै नमः

इस विधि से **षष्ठ आवरण पूजा** में ६ कोणों में निर्दिष्ट मन्त्रों से डाकिनी आदि का पूजन कर द्राविणी मुद्रा प्रदर्शित करनी चाहिए ।

सप्तम आवरण पूजा में त्रिकोण में अपने - अपने मन्त्रों से परा, वाला एवं भैरवी का पूजन करना चाहिए, यथा -

ह्रीं परायै नमः, ऐं क्लीं सौः बालायैः नमः,
हसैं हक्लीं हसौः भैरव्यै नमः ।

इन मन्त्रों से त्रिकोण के तीनों कोणों में क्रमशः परा, बाला एवं भैरवी का पूजन कर आकर्षणी मुद्रा प्रदर्शित करनी चाहिए ।

इस प्रकार आवरण पूजा कर पाँच पुष्पाञ्जलियाँ देकर विधिवत् मन्त्र का जप (पुरश्चरण) करना चाहिए ॥ ७१-७२ ॥

प्रतिदिन चौराहे पर गणेश, क्षेत्रपाल, योगिनी, भैरवी एवं तारा देवी को बलिप्रदान करना चाहिए । मांस से तथा उड़द से बनी हुई वस्तु और शाक, घी, खीर एवं मालपूआ आदि पदार्थ बलि द्रव्य होते हैं । इस प्रकार के बलि द्रव्यों के प्रदान से वह देवी साधक को अभीष्ट सिद्धि प्रदान करती हैं ॥ ७२-७४ ॥

विमर्श - चौथे तरङ्ग के ५०-५१ श्लोक में निर्दिष्ट मन्त्र से विधिपूर्वक बलिदान करना चाहिए ॥ ७२-७४ ॥

महाविद्या के तीन ध्यानों का वर्णन -

सत्त्वादि गुणों के भेद से अव हम महाविद्या का तीन प्रकार का ध्यान

सत्त्विकध्यानवर्णनम्

श्वेताम्बराढ्यां हंसस्थां मुक्ताभरणभूषिताम्।
चतुर्वक्त्रामष्टभुजैर्दधानां कुण्डिकाम्बुजे ॥ ७५ ॥
वराभये पाशशक्ती अक्षस्रक्पुष्पमालिके।
शब्दपाथोनिधौ ध्यायेत् सृष्टिध्यानमुदीरितम् ॥ ७६ ॥

राजसध्यानवर्णनम्

रक्ताम्बरां रक्तसिंहासनस्थां हेमभूषिताम्।
एकवक्त्रां वेदसंख्यैर्भुजैः संबिभ्रतीं क्रमात् ॥ ७७ ॥
अक्षमालां पानपात्रमभयं वरमुत्तमम्।
श्वेतद्वीपस्थितां ध्यायेत् स्थितिध्यानमिदं स्मृतम् ॥ ७८ ॥

तामसध्यानकथनम्

कृष्णाम्बराढ्यां नौसंस्थामस्थ्याभरणभूषिताम्।
नववक्त्रां भुजैरष्टादशभिर्दधतीं वरम् ॥ ७९ ॥
अभयं परशुं दर्वीं खड्गं पाशुपतं हलम्।
भिण्डिं शूलं च मुसलं कर्त्रीं शक्तिं त्रिशीर्षकम् ॥ ८० ॥

राजसध्यानमाह – **रक्तेति** । अक्षमालावरौ दक्षयोः अन्ययोरन्ये ॥ ७७–७८ ॥ तामसध्यानमाह – **कृष्णेति** । परशुदर्वीखड्गमुसलकर्त्रीशूल–

कहते हैं । सर्वप्रथम **'सात्त्विक ध्यान'** कहते हैं - श्वेत वस्त्र धारण किये हुए हंस पर आसीन, मोती के आभूषणों से विभूषित, चार मुखों वाली एवं अपनी आठ भुजाओं में क्रमशः १. कमण्डल, २. कमल, ३. वर, ४. अभय मुद्रा, ५. पाश, ६. शक्ति, ७. अक्षमाला एवं ८. पुष्पमाला धारण किये हुये शब्द समुद्र में स्थित महाविद्या का ध्यान करना चाहिए । इस प्रकार इसे **'सृष्टि ध्यान'** कहते हैं ॥ ७४-७६ ॥

अब **रजोगुणात्मिका भगवती का ध्यान** कहते हैं - रक्त वस्त्र धारण किये हुये, रक्त वर्ण के सिंहासन पर आसीन, सुवर्ण निर्मित आभूषणों से सुशोभित, एक मुख वाली, अपने चार भुजाओं में १. अक्षमाला, २. पानपात्र, ३. अभय एवं ४. वरमुद्रा धारण किये हुये श्वेतद्वीप निवासिनी भगवती का ध्यान करना चाहिए । इस प्रकार इसे **'स्थिति' ध्यान** कहते हैं ॥ ७७-७८ ॥

अब **तामस ध्यान** कहते हैं - कृष्ण वर्ण का वस्त्र धारण किये हुये, नौका पर विराजमान, हड्डी के आभूषणों से विभूषित, नौ मुखों वाली, अपने अट्ठारह भुजाओं में १. वर. २. अभय, ३. परशु, ४. दर्वी, ५. खड्ग, ६.

संहारास्त्रं वज्रपाशौ खट्वाङ्गं गदया सह।
रक्ताम्भोधौ स्थितां ध्यायेत्संहारध्यानमीदृशम् ॥ ८१॥
कर्मसु क्रूरसौम्येषु ध्यायेन्मन्त्री यथातथा।
एवंसिद्धे मनोमन्त्रीगिरावाचस्पतिर्भवेत् ॥ ८२ ॥
दूर्वोत्थया तु लेखन्या रोचनारसयुक्तया।
बालस्याच्छिन्ननालस्य जिह्वायां विलिखेन्मनुम् ॥ ८३ ॥
संप्राप्ते चाष्टमे वर्षे सर्वशास्त्रज्ञतामियात्।
मन्त्रेणायुतसंजप्तां वचां बालस्य कण्ठतः ॥ ८४ ॥
बध्नीयात् पूर्वसम्प्रोक्तं बलिं दत्त्वा विधानतः।
द्वादशे वत्सरे प्राप्ते भक्षिता सा कवित्वकृत् ॥ ८५ ॥
ज्योतिष्मती भवं तैलं कर्षमात्रं सुमन्त्रितम्।
उपरागे जलस्थो योऽश्नीयाद्वाचस्पतिर्भवेत् ॥ ८६ ॥

वज्रपाशगदादक्षेषु । शेषाणि वामेषु ॥ ७६–८१ ॥ क्रूरेषु मारणे तामसध्यानम् । उच्चाटनवश्यादौ रक्तम् । शान्तौ पुष्टौ श्वेतम् ॥ ८२ ॥ * ॥ ८३–८६ ॥

पाशुपत, ७. हल, ८. भिण्डि, ९. शूल, १०. मुशल, ११. कर्तृका (कैंची), १२. शक्ति, १३. त्रिशूल, १४. संहार अस्त्र, १५. पाश, १६. वज्र, १७. खट्वाङ्ग एवं १८. गदा धारण करने वाली रक्त-सागर में स्थित देवी का ध्यान करना चाहिए । इस प्रकार इसे **'संहार ध्यान'** कहते हैं ॥ ७६-८१ ॥

मन्त्रवेत्ता को मारणादि क्रूर कर्मो में संहार ध्यान, उच्चाटन एवं वशीकरण में स्थिति ध्यान तथा शान्तिक-पौष्टिक आदि कार्यों में सृष्टि ध्यान करना चाहिए । इस प्रकार प्रयोग तथा पुरश्चरण द्वारा मन्त्र के सिद्ध हो जाने पर साधक वाणी में वाचस्पति के समान हो जाता है ॥ ८२ ॥

अब **काम्य प्रयोग** कहते हैं -

बालक के नालच्छेदन होने से पहले उसकी जिव्हा पर दूर्वा की लेखनी तथा गोरोचन के रस से इस मन्त्र को लिखे तो वह ८ वर्ष का होते होते संपूर्ण शास्त्रों का पारंगत विद्वान् हो जाता है ॥ ८३-८४ ॥

पूर्वोक्त रीति से बलिदान कर उक्त मन्त्र से अभिमन्त्रित वचा नामक औषधि बालक के कण्ठ में बाँध देवें । फिर १२ वर्ष बीत जाने पर उसे वह भक्षण कर ले तो उत्तम कविता करने वाला हो जाता है, ॥ ८४-८५ ॥

एक कर्ष अर्थात् ४ तोला ज्योतिष्मती का तेल ग्रहण के समय जल में स्थित हो इस मन्त्र से अभिमन्त्रित कर जो साधक पीता है वह वाचस्पति हो जाता है ॥ ८६ ॥

चतुष्पथे श्मशाने वा हित्वा लज्जाभयं तथा।
जपेच्छवं समारुह्य विद्यातत्परमानसः॥ ८७॥
श्रृणोत्यसावमुं शब्दं निशीथे जपतत्परः।
प. .गो भव विद्यानां सर्वां सिद्धिमवाप्नुहि॥ ८८॥
विद्वत्कुलसमुद्भूतमष्टवर्षं शिशुद्वयम्।
उपवेश्य तयोर्मूर्ध्नि करौ दत्त्वा जपेन्मनुम्॥ ८९॥
वेदान्तन्यायसंयुक्त्या विवदेते उभावपि।
यः कौतुकी स आश्चर्यं विद्यायाः पश्यतु ध्रुवम्॥ ९०॥
विधाय वेदिकां रम्यां विजने कदलीवने।
तत्रासीनो जपेद्विद्यामर्कलक्षं विधानतः॥ ९१॥
दासीचालितदोलायामारूढां सुस्मिताननाम्।
पुन्नागचम्पकाशोकरम्भाविपिनसंस्थिताम् ॥ ९२॥
एवं ध्यायन्भगवतीं बलिं दद्याज्जपान्ततः।

उभावपि शिशू नैयायिकवेदान्तिनौ भूत्वा विवादं कुर्वाते ॥ ९० ॥
* ॥ ९१–९३ ॥

चौराहे पर अथवा श्मशान में लज्जा एवं भंय का त्याग कर शव के ऊपर बैठ कर एकाग्रचित्त से मध्यरात्रि में जप में तल्लीन हुये व्यक्ति को ऐसा सुनाई पडता है 'कि विद्याओं में पारङ्गत हो जाओ और समस्त सिद्धियाँ प्राप्त करो' ॥ ८७-८८ ॥

विद्वत्कुल में उत्पन्न आठ वर्ष के दो शिशुओं को बैठा कर उनके शिर पर हाथ रखकर इस मन्त्र का जप करें तो वे दोनों ही वेदान्त एवं न्यायशास्त्र में प्रतिपादित तर्कों से शास्त्रार्थ करने लगते हैं । जिसे इस विषय में कुतूहल हो वह अवश्य इस विद्या के आश्चर्य को देखें ॥ ८९-९० ॥

किसी निर्जन केले के वन में सुन्दर वेदिका बना कर उस पर बैठकर विधिवत् बारह लाख की संख्या में जप करें ॥ ९१ ॥

फिर दासियों द्वारा ढोई जाती हुई ढोला (डोली) में बैठी हुई मन्द-मन्द हास करती हुई पुन्नाग, चम्पक, अशोक एवं केले के वन में स्थित भगवती का ध्यान करते हुए जप के अन्त में बलि देनी चाहिए ॥ ९२-९३ ॥

फलस्तुति कथन -

इस प्रकार पूजा अर्चना करने से साधक शीघ्र ही अपना अभीष्ट प्राप्त कर लेता है ॥ ९३ ॥

अस्य मन्त्रस्य नानाफलकथनम्

एवं कुर्वन्नरः सर्वमभीष्टं लभते चिरात् ॥ ६३ ॥
निर्वासाविशिखः प्रेतभूमिस्थो यो जपेन्मनुम् ।
अयुतं कृष्णभूताहे स वाक्सिद्धिमवाप्नुयात् ॥ ६४ ॥
विद्यां सौख्यं धनं पुष्टिमायुः कीर्तिं बलं स्त्रियः ।
रूपं कामयमानेन तारासेव्या निरन्तरम् ॥ ६५ ॥

॥ इति श्रीमन्महीधरविरचिते मन्त्रमहोदधौ कालीमन्त्रकथनं नाम पञ्चमस्तरङ्गः ॥ ५ ॥

निर्वासा नग्नः । विशिखो मुक्तकेशः कृष्णभूताहे कृष्णपक्षचतुर्दश्याम् ॥ ६४ ॥ * ॥ ६५ ॥

॥ इति श्रीमन्महीधरविरचितायां मन्त्रमहोदधिव्याख्यायां नौकायां कालीमन्त्रकथनं नाम पञ्चमस्तरङ्गः ॥ ५ ॥

कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी को नङ्गा हो कर, केशों को खोल कर प्रेतभूमि (श्मशान) में बैठकर दश हजार जप करें तो साधक को वाक् सिद्धि प्राप्त हो जाती है ॥ ६४ ॥

विद्या, सौख्य, धन, पुष्टि, आयु, कान्ति, बल, स्त्री एवं रूप की कामना रखने वाले साधकों को निरन्तर भगवती तारा की आराधना करनी चाहिए ॥ ६५ ॥

॥ इस प्रकार श्रीमन्महीधर विरचित मन्त्रमहोदधि के पञ्चम तरङ्ग की महाकवि पं० रामकुबेर मालवीय के द्वितीय आत्मज डाँ सुधाकर मालवीय कृत 'अरित्र' हिन्दी व्याख्या पूर्ण हुई ॥ ५ ॥

अथ षष्ठः तरङ्गः

छिन्नमस्तामनुं वक्ष्ये शीघ्रसिद्धिविधायिनम् ।

छिन्नमस्तामन्त्रः

पद्मासनाशिवायुग्मं भौतिकः शशिशेखरः ॥ १ ॥
वज्रवैरोचनीपद्मनाभयुतः सदागतिः ।
मायायुगास्त्रदहनप्रियान्तः प्रणवादिकः ॥ २ ॥
मन्त्रः सप्तदशार्णोऽयं भैरवोऽस्य मुनिर्मतः[1] ।
सम्राट्छन्दश्छिन्नमस्ता देवताभुवनेश्वरी ॥ ३ ॥

* नौका *

छिन्नमस्तामन्त्रमाह – **पद्मेति** । पद्मासना श्रीं । शिवा ह्रीं । भौतिकः सबिन्दुः ऐं ॥ १ ॥ पद्मनाभयुतः सदागतिः एयुतो यः ये । यथा – ॐ श्रीं ह्रीं ह्रीं ऐं वज्रवैरोचनीये ह्रीं ह्रीं फट् स्वाहेति ॥ २ ॥ *॥ ३–५ ॥

* अरित्र *

अब शीघ्र सिद्धि प्रदान करने वाले छिन्नमस्ता के मन्त्रों को मैं कहता हूँ -

छिन्नमस्तामन्त्रोद्धार - पद्मासना (श्रीं), शिवायुग्म (ह्रीं ह्रीं), शशिशेखर (सविन्दु), भौतिक (ऐं) फिर 'वज्रवैरोचनी' पद, तदनन्तर 'पद्मनाभ' युक्त सदागति (ये), फिर मायायुग्म (ह्रीं ह्रीं), फिर अस्त्र (फट्), उसके अन्त में दहनप्रिया (स्वाहा) तथा प्रारम्भ में प्रणव (ॐ) लगाने से १७ अक्षरों वाला छिन्नमस्ता मन्त्र निष्पन्न होता है ॥ १-२ ॥

विमर्श - इस मन्त्र का स्वरूप इस प्रकार है - 'ॐ श्रीं ह्रीं ह्रीं वज्रवैरोचनीये ह्रीं ह्रीं फट् स्वाहा' ॥ १-२ ॥

सप्तदशाक्षर वाले इस मन्त्र के भैरव ऋषि हैं, सम्राट् छन्द हैं, तथा छिन्नमस्ताभुवनेश्वरी देवता हैं ॥ ३ ॥

---

१. अस्य श्रीछिन्नमस्तामन्त्रस्य भैरवऋषिः सम्राट्छन्दः छिन्नमस्ताभुवनेश्वरीदेवता ममाभीष्टसिद्ध्यर्थे जपे विनियोगः ।

आं खड्गाय हृदाख्यातमीं खड्गाय शिरः स्मृतम् ।
ॐ वज्राय शिखा प्रोक्ता ऐं पाशाय तनुच्छदम् ॥ ४ ॥
ओमंकुशाय नेत्रं स्याद् विसर्गो वसुरक्षयुक् ।
मायायुग्मं चास्त्रमङ्गमनवः प्रणवादिकाः ।
स्वाहान्ताः प्रोदिता एवमङ्गे विन्यस्य तां स्मरेत् ॥ ५ ॥

ध्यानवर्णनम्

भास्वन्मण्डलमध्यगां निजशिरश्छिन्नं विकीर्णालकं
स्फारास्यं प्रपिबद् गलात् स्वरुधिरं वामे करे बिभ्रतीम् ।
याभासक्तरतिस्मरोपरिगतां सख्यौ निजे डाकिनी
वर्णिन्यौ परिदृश्यमोदकलितां श्रीछिन्नमस्तां भजे ॥ ६ ॥

अस्त्रमन्त्रमाह – **विसर्ग इति** । ॐ अः वसुरक्ष ह्रीं ह्रीं अस्त्रं फडिति । सर्वे स्वाहान्ताः । ध्यानमाह – **भास्वदिति** । याभौ मैथुनं तदासक्त रतिकामोपरि स्थिताम् ॥ ६ ॥ *॥ ७–६ ॥

आदि में प्रणव (ॐ) तथा अन्त में दो माया बीज (ह्रीं ह्रीं), अस्त्रबीज, 'आं खड्गाय' से हृदय में, इसी प्रकार 'ईं खड्गाय' से शिर में, 'ॐ वज्राय' से शिखा में, 'ऐं पाशाय' से कवच में, 'ॐ अंकुशाय' से नेत्र में, तथा 'अः वसुरक्ष' से अस्त्राय फट् करे । इस प्रकार से अङ्गन्यास करे तथा प्रत्येक अङ्ग में न्यास के समय 'स्वाहा' शब्द का उच्चारण करे । इस प्रकार अङ्गन्यास करके भगवती छिन्नमस्ता का ध्यान करना चाहिए ॥ ४-५ ॥

विमर्श - विनियोग - ॐ अस्य श्रीछिन्नमस्तामन्त्रस्य भैरवऋषिः सम्राट्छन्दः छिन्नमस्तादेवता हूं हूं बीजं स्वाहाशक्तिरात्मनोऽभीष्टसिद्ध्यर्थं जपे विनियोगः ।

ऋष्यादिन्यास - ॐ भैरवाय ऋषये नमः, शिरसि,
ॐ सम्राट्छन्दसे नमः, मुखे छिन्नमस्तादेवतायै नमः, हृदि,
हूं हूं बीजाय नमः, गुह्ये, शक्तये नमः, पादयोः

अङ्गन्यास -
ॐ आं खड्गाय ह्रीं ह्रीं फट् हृदयाय स्वाहा,
ॐ ईं सुखड्गाय ह्रीं ह्रीं फट् शिरसे स्वाहा,
ॐ ऊं वज्राय ह्रीं ह्रीं फट् शिखायै स्वाहा,
ॐ ऐं पाशाय ह्रीं ह्रीं फट् कवचाय स्वाहा,
ॐ औं अंकुशाय ह्रीं ह्रीं फट् नेत्रत्रयाय स्वाहा,
ॐ अः वसुरक्षाय ह्रीं ह्रीं फट् अस्त्राय फट् स्वाहा,
इसी प्रकार कराङ्गन्यास भी करना चाहिए ॥ ४-५ ॥

अस्य मन्त्रस्य प्रयोगकथनम्

ध्यात्वैवं प्रजपेल्लक्षचतुष्कं तद्दशांशतः ।
पालाशैर्बिल्वजैर्वापि जुहुयात् कुसुमैः फलैः ॥ ७ ॥

पीठस्थनवदेवताकथनं पूजाविधिश्च

आधारशक्तिमारभ्य परतत्त्वान्तपूजिते ।
पीठे जयाख्याविजयाऽजिता चाप्यपराजिता ॥ ८ ॥
नित्याविलासिनी षष्ठी दोग्ध्र्यघोरा च मङ्गला ।
दिक्षु मध्ये च सम्पूज्या नवपीठस्य शक्तयः ॥ ६ ॥

पीठमन्त्रः शिवापूजनविधिरावरणदेवताश्च

सर्वबुद्धिप्रदे वर्णनीये सर्वभृगुःसदृक् ।
द्धिप्रदे डाकिनीये च तारो वज्रसभौतिकः ॥ १० ॥
खड्गीशो रोचनीये च भगं ह्येहि नमोऽन्तिकः ।
तारादिः पीठमन्त्रोऽयं वेदरामाक्षरो मतः ॥ ११ ॥

पीठमन्त्रमाह – **सर्वेति** । सदृक् भृगुः सिः । सभौतिकः खड्गीशः ऐयुतो वः वै । भगम् ए, यथा – ॐ सर्वबुद्धिप्रदे वर्णनीये सर्वसिद्धिप्रदे डाकिनीये ॐ वज्रवैरोचनीये एह्येहि नमः । वेदरामाक्षरश्चतुस्त्रिंशदर्णः ॥ १०–११ ॥ *॥ १२–१३ ॥

अब **छिन्नमस्ता देवी का ध्यान** कहते हैं -

सूर्यमण्डल के मध्य में विराजमान, बायें हाथ में अपने कटे मस्तक को धारण करने वाली, बिखरे केशों वाली, अपने कण्ठ से निकलती हुई रक्त धारा का पान करने वाली, मैथुन में आसक्त, रति तथा काम के ऊपर निवास करने वाली, डाकिनी एवं वर्णिनी नामक अपनी दोनों सखियों को देखकर प्रसन्न रहने वाली छिन्नमस्ता देवी का मैं ध्यान करता हूँ ॥ ६ ॥

इस प्रकार छिन्नमस्ता का ध्यान कर मूल मन्त्र का ४ लाख जप करना चाहिए और पलाश या बेल के पुष्पों एवं फलों से दशांश होम करना चाहिए ॥ ७॥

आधारशक्ति से लेकर परतत्त्वपर्यन्त पूजित पीठ पर ८ दिशाओं में पूर्वादिक्रम से १. जया, २. विजया, ३. अजिता, ४. अपराजिता, ५. नित्या, ६. विलासिनी, ७. दोग्ध्री, ८. अधोरा का तथा मध्य में ६. मङ्गला का, इस प्रकार पीठ की ६ शक्तियों का पूजन करना चाहिए (द्र० ३. ११-१२) ॥ ८-६ ॥

'सर्वबुद्धिप्रदे वर्णनीये सर्व' के बाद सदृक् भृगु (सि), फिर 'द्धिप्रदे डाकिनीये', फिर तार (ॐ), फिर 'वज्र' पद, फिर सभौतिक ऐ से युक्त खड्गीश (व

समर्प्यासनमेतेन तत्र सम्पूजयेच्छिवाम् ।

अर्थात् वै), फिर 'रोचनीये' पद, फिर भग 'ए', इसके बाद 'ह्येहि', तदनन्तर 'नमः' तथा मन्त्र के प्रारम्भ में प्रणव लगाने से चौंतिस अक्षरों का पीठ मन्त्र निष्पन्न होता है ॥ १०-११ ॥

विमर्श - मन्त्र का स्वरूप इस प्रकार है - 'ॐ सर्वबुद्धिप्रदे वर्णनीये सर्वसिद्धिप्रदे डाकिनीये ॐ वज्रवैरोचनीये एह्येहि नमः' ॥ १०-११ ॥

इस मन्त्र से आसन समर्पित कर देवी की पूजा करनी चाहिए ॥ १२ ॥

विमर्श - छिन्नमस्ता पूजाविधि - ६. ६ के अनुसार छिन्नमस्ता का ध्यान कर मानसोपचार से देवी का पूजन कर, तारा पूजन पद्धति के क्रम से अर्घ्यस्थापनादि क्रिया करे (द्र० ४. ६८-८२) । फिर पीठ निर्माण कर उसकी भी पूजा करे । यथा -

छिन्नमस्तापूजनयन्त्रम्

ॐ आधारशक्तये नमः ॐ प्रकृतये नमः,
ॐ कूर्माय नमः, ॐ अनन्ताय नमः,
ॐ पृथिव्यै नमः, ॐ क्षीरसमुद्राय नमः,
ॐ रत्नद्वीपाय नमः, ॐ कल्पवृक्षाय नमः,
ॐ स्वर्णसिंहासनाय नमः,
ॐ आनन्दकन्दाय नमः,
ॐ संविन्नालाय नमः,
ॐ सर्वतत्त्वात्मकपद्माय नमः,
ॐ सत्त्वाय नमः,
ॐ रं रजसे नमः, ॐ तमसे नमः,
ॐ आं आत्मने नमः, ॐ अं अन्तरात्मने नमः, ॐ पं परमात्मने नमः,
ॐ ह्रीं ज्ञानात्मने नमः, मध्ये ॐ रतिकामाभ्यां नमः ।

इन मन्त्रों से पीठ पूजा कर पूर्वादि ८ दिशाओं के क्रम से तदनन्तर मध्य में नवशक्तियों के नाममन्त्रों से इस प्रकार पूजा करनी चाहिए । यथा -

ॐ जयायै नमः, पूर्वे, ॐ विजयायै नमः, आग्नेये,
ॐ अजितायै नमः, दक्षिणे, ॐ अपराजितायै नमः नैर्ऋत्ये,
ॐ नित्यायै नमः पश्चिमे, ॐ विलासिन्यै नमः वायव्ये,
ॐ दोग्ध्यै नमः उत्तरे, ॐ अघोरायै नमः ऐशान्ये ।

ॐ मङ्गलायै नमः, मध्ये, इस प्रकार ९ शक्तियों का पूजन करना चाहिए ।

इसके बाद 'सर्वबुद्धिप्रदे वर्णनीये सर्वसिद्धिप्रदे डाकिनीये ॐ वज्रवैरोचनीये एह्येहि नमः', इस पीठ मन्त्र से वर्णनी एवं डाकिनी सहित छिन्नमस्ता देवी को आसन देकर उनका पूजन करना चाहिए ॥ १०-१२ ॥

त्रिकोणमध्यषट्कोणपद्मभूपुरमध्यतः ॥ १२ ॥
बाह्यावरणमारभ्य पूजयेत् प्रतिलोमतः ।
भूपुराद् बाह्यभागेषु वज्रादीनि प्रपूजयेत् ॥ १३ ॥
तदन्तः सुरराजादीन् पूजयेद्धरितां पतीन् ।
भूपुरस्य चतुर्द्वार्षु द्वारपालान् यजेदथ ॥ १४ ॥
करालविकरालाख्यावतिकालस्तृतीयकः ।
महाकालश्चतुर्थः स्यादथ पद्मेष्टशक्तयः ॥ १५ ॥
एकलिङ्गा योगिनी च डाकिनी भैरवी तथा ।
महाभैरविकेन्द्राक्षी त्वसिताङ्गी तु सप्तमी ॥ १६ ॥
संहारिण्यष्टमी चेति षट्कोणेष्वङ्गमूर्तयः ।
त्रिकोणगच्छिन्नमस्ता पार्श्वयोस्तु सखीद्वयम् ॥ १७ ॥
डाकिनीवर्णिनीसंज्ञे तारवाग्भ्यां प्रपूजयेत् ।
एवं पूजादिभिः सिद्धे मन्त्रे मन्त्री मनोरथान् ॥ १८ ॥

सुरराजादीन् इन्द्रादीन् हरितान् दिशां पतीन् ॥ १४ ॥ * ॥ १५–१७ ॥ तारवाग्भ्याम् ॐ ऐं डाकिन्यै नमः ॥ १८ ॥ *॥ १६–२० ॥

त्रिकोण, षट्कोण, अष्टदल एवं भूपुर से युक्त यन्त्र पर प्रतिलोम क्रम से वाह्य आवरण से प्रारम्भ कर इनकी पूजा करनी चाहिए ॥ १२-१३ ॥

आवरणपूजा विधि इस प्रकार है -

भूपुर से बाह्यभाग में वज्रादि आयुधों का, उसके भीतर इन्द्रादि दश दिक्पालों का, फिर भूपुर के चारों द्वारों पर १. कराल, २. विकराल, ३. अतिकाल एवं ४. महाकाल - इस प्रकार चार द्वारपालों का पूजन करना चाहिए ॥ १३-१५ ॥

इसके बाद अष्टदल में १. एकलिङ्गा, २. योगिनी, ३. डाकिनी, ४. भैरवी, ५. महाभैरवी, ६. केन्द्राक्षी, ७. असिताङ्गी एवं ८. संहारिणी इन आठ शक्तियों का पूजन करना चाहिए । तदनन्तर षट्कोण में ६ खड्गादि अङ्गमूर्त्तियों की, (द्र० ६. ४-५), फिर त्रिकोण के मध्य में वाग्बीज के साथ छिन्नमस्ता की, तथा वाग्बीज (ऐं) के साथ तार से दोनों पार्श्वभाग में डाकिनी और वर्णिनी इन दो सखियों का पूजन करना चाहिए । इस प्रकार पूजनादि द्वारा मन्त्र सिद्ध हो जाने पर साधक के समस्त मनोरथ पूर्ण हो जाते हैं ॥ १६-१८ ॥

विमर्श - इस प्रकार पूजादि कर्म से छिन्नमस्ता की पूजा के लिए त्रिकोण ,उसके बाद षट्कोण, फिर अष्टदल कमल, फिर भूपुर युक्त यन्त्र बनाना चाहिए ।

पीठ पूजन एवं देवी पूजन करने के पश्चात् देवी से 'आज्ञापय आवरणं ते पूजयामि' - कहकर आज्ञा माँगे फिर विलोम क्रम से बाह्य आवरण से पूजा प्रारम्भ करे ।

भूपुर के बाहर पूर्वादि आठ दिशाओं में -

ॐ वज्राय नमः, पूर्वे, ॐ शक्तये नमः, आग्नेये,
ॐ दण्डाय नमः, दक्षिणे, ॐ खड्गाय नमः, नैर्ऋत्ये,
ॐ पाशाय नमः, पश्चिमे, ॐ अंकुशाय नमः, वायव्ये,
ॐ गदायै नमः, उत्तरे, ॐ शूलाय नमः, ऐशान्याम्,
ॐ पद्माय नमः, ऊर्ध्वम्, ॐ चक्राय नमः, अधः ।

इस प्रकार वज्रादि आयुधों के पूजन के पश्चात् **भूपुर के भीतर पूर्वादि दिशाओं में** इन्द्रादि दश दिक्पालों की पूजा करे । यथा -

ॐ इन्द्राय नमः, पूर्वे, ॐ अग्नये नमः, आग्नेये, ॐ यमाय नमः, दक्षिणे
ॐ निर्ऋतये नमः, नैर्ऋत्ये, ॐ वरुणाय नमः, पश्चिमे, ॐ वायवे नमः, वायव्ये,
ॐ सोमाय नमः, उतरे, ॐ ईशानाय नमः, ऐशान्ये, ॐ ब्रम्हणे नमः, ऊर्ध्वम्,
ॐ अनन्ताय नमः, अधः,

दिक्पालों की पूजा के पश्चात् **भूपुर के चारों द्वारों पर** पूर्वादि क्रम से कराल आदि द्वारपालों की पूजा करनी चाहिए । यथा -

ॐ करालाय नमः, पूर्वे, ॐ विकरालाय नमः, दक्षिणे,
ॐ अलिकालाय नमः, पश्चिमे, ॐ महाकालाय नमः, उत्तरे ।

द्वारपालों के पूजन के पश्चात् **अष्टदल कमल में** एकलिङ्गा आदि आठ शक्तियों की पूजा करनी चाहिए । यथा -

ॐ एकलिङ्गायै नमः, पूर्वादिदलपत्रे, ॐ योगिन्यै नमः, आग्नेयकोणदलपत्रे
ॐ डाकिन्यै नमः, दक्षिणदिग्दलपत्रे, ॐ भैरव्यै नमः, नैर्ऋत्यकोणदलपत्रे,
ॐ महाभैरव्यै नमः, पश्चिमदिग्दलपत्रे, ॐ केन्द्राक्ष्यै नमः, वायव्यकोणदिग्दलपत्रे,
ॐ असितांग्यै नमः, उत्तर दिग्दलपत्रे, ॐ संहारिण्यै नमः, ईशानकोणदिग्दलपत्रे,

तत्पश्चात् **षट्कोण में** षडङ्गों की पूजा करनी चाहिए । यथा -

ॐ आं खड्गाय ह्रीं ह्रीं हृदयाय स्वाहा,
ॐ ई सुखड्गाय ह्रीं ह्रीं फट् शिरसे स्वाहा,
ॐ ऊं वज्राय ह्रीं ह्रीं फट् शिखायै वषट्,
ॐ ऐं पाशाय ह्रीं ह्रीं फट् कवचाय स्वाहा,
ॐ औं अंकुशाय ह्रीं ह्रीं फट् नेत्रत्रयाय वौषट् स्वाहा,
ॐ अः वसुरक्ष ह्रीं ह्रीं फट् अस्त्राय फट् स्वाहा ।

तदनन्तर **त्रिकोण में** छिन्नमस्ता देवी का पूजन डाकिनी एवं वर्णिनी सहित करना चाहिए । यथा -

ॐ ऐं छिन्नमस्तायै नमः, ॐ ऐं डाकिन्यै नमः, ॐ ऐं वर्णिन्यै नमः

इन मन्त्रों से मध्य में छिन्नमस्ता का तथा दक्षिण पार्श्व के क्रम से उक्त दोनों सखियों का दोनों पार्श्व में पूजन करना चाहिये । पूजा समाप्त कर छ पुष्पाञ्जलियाँ भगवती छिन्नमस्ता को समर्पित करनी चाहिये ॥ १६-१८ ॥

अस्य विधानस्य नानासिद्धिकथनम्

प्राप्नुयान् निखिलान् सद्यो दुर्लभांस्तत्प्रसादतः ।
श्रीपुष्पैर्लभते लक्ष्मीं तत्फलं स्वसमीहितम् ॥ १९ ॥
वाक्सिद्धिं मालतीपुष्पैश्चम्पकैर्हवनात् सुखम् ।
घृताक्तं छागमांसं यो जुहुयात् प्रत्यहं शतम् ॥ २० ॥
मासमेकं तु वशगास्तस्य स्युः सर्वपार्थिवाः ।
करवीरस्य कुसुमैः श्वेतैर्लक्षं जुहोति यः ॥ २१ ॥
रोगजालं पराभूय सुखीजीवेच्छतं समाः ।
रक्तैस्तत्संख्यया हुत्वा वशयेन्मन्त्रिणो नृपान् ॥ २२ ॥
फलैर्हुत्वाप्नुयाल्लक्ष्मीमुदुम्बरपलाशजैः ।
गोमायुमांसैस्तामेव कविता पायसान्धसा ॥ २३ ॥
बन्धूककुसुमैर्भाग्यं कर्णिकारैः समीहितम् ।
तिलतण्डुलहोमेन वशयेन्निखिलाञ्जनान् ॥ २४ ॥

करवीरस्य कुसुमैः पुष्पैः । प्रसूनं कुसुमं सुममित्यमरोक्तेः ॥ २१ ॥ रक्तैः करवीरैरिति पूर्वेण सम्बन्धः । तत्संख्यया लक्षेण ॥ २२ ॥ गोमायुः शृगालः । तामेव लक्ष्मीमेव । पायसान्धसा पायसान्नेन ॥ २३–२४ ॥ नार्या

इस प्रकार पूजन पुरश्चरणादि के पश्चात् मन्त्र सिद्ध हो जाने पर साधक शीघ्र ही उनकी प्रसन्नता से अपने दुर्लभ मनोरथों को प्राप्त करने में समर्थ हो जाता हैं । श्री पुष्पों के होम से लक्ष्मी तथा लक्ष्मी के प्राप्त होने से सारा मनोरथ पूर्ण करता है ॥ १९ ॥

मालती पुष्पों के होम से वाक्सिद्धि, चम्पा पुष्पों के हवन से सुख मिलता है । इस प्रकार जो व्यक्ति १ मास पर्यन्त घी मिश्रित छाग मांस की १०० आहुतियाँ देता है सभी राजा उसके वश में हो जाते हैं ॥ २०-२१ ॥

सफेद कनेर के पुष्पों से जो व्यक्ति १ लाख आहुतियाँ देता है वह रोग जाल से मुक्त होकर १०० वर्ष पर्यन्त जीवित रहता है ॥ २१-२२ ॥

लाल वर्ण के कनेर के फूलों से एक लाख आहुति देने से साधक व्यक्ति राजाओं और उसके मन्त्रियों को वश में कर लेता है ॥ २२ ॥

उदुम्बर एवं पलाश के फलों द्वारा होम करने वाला व्यक्ति लक्ष्मीवान् हो जाता है । गोमायु (सियार) के मांस से भी होम करने से लक्ष्मी प्राप्त हो जाती है । पायास एवं अन्न के होम से कवित्व शक्ति प्राप्त होती है ॥ २३ ॥

बन्धूक पुष्पों के होम से भाग्याभ्युदय होता है । तिल एवं चावलों के होम से सभी लोग वश में हो जाते हैं । स्त्री के रज से होम करने पर आकर्षण,

नारीरजोभिराकृष्टिमृगमांसैः समीहितम् ।
स्तम्भनं माहिषैर्मासैः पङ्कजैः सघृतैरपि ॥ २५ ॥
चिताग्नौ परभृत्पक्षैर्जुहुयादरिमृत्यवे ।
उन्मत्तकाष्ठदीप्तेऽग्नौ तत्फलं वायसच्छदैः ॥ २६ ॥
द्यूते वने नृपद्वारे समरे वैरिसंकटे ।
विजयं लभते मन्त्री ध्यायन्देवीं जपेन्मनुम् ॥ २७ ॥
भुक्तौ मुक्तौ सितां ध्यायेदुच्चाटे नीलरोचिषम् ।
रक्तां वश्ये मृतो धूम्रांस्तम्भने कनकप्रभाम् ॥ २८ ॥
निशि दद्याद् बलिं तस्यै सिद्धये मदिरादिना ।
गोपनीयः प्रयोगोऽथ प्रोच्यते सर्वसिद्धिदः ॥ २९ ॥
भूताहे कृष्णपक्षस्य मध्यरात्रे तमो घने ।
स्नात्वा रक्ताम्बरधरो रक्तमाल्यानुलेपनः ॥ ३० ॥
आनीय पूजयेन्नारीं छिन्नमस्तास्वरूपिणीम् ।
सुन्दरीं यौवनाक्रान्तां नरपञ्चकगामिनीम् ॥ ३१ ॥

रजोभिर्ऋतुकालनिर्गतरुधिरैराकर्षणम् । सघृतैः पङ्कजैरपि स्तम्भनमेव परभृत् कोकिलः । उन्मत्तो धत्तूरः तत्काष्ठज्वलितेऽग्नौ काकपक्षैर्होमात् फलमरिमृत्युरेव स्यात् ॥ २५–२६ ॥ *॥ २७–३६ ॥

मृगमांस के होम से मोहन, महिष मांस के होम से स्तम्भन और इसी प्रकार घी मिश्रित कमल के होम से भी स्तम्भन होता है ॥ २४-२५ ॥

चिताग्नि में कोयल के पखों का होम करने से शत्रु की मृत्यु तथा धतूरे की लकड़ी से प्रज्वलित अग्नि में कौवों के पखों के होम से भी शत्रु मर जाता है ॥ २६ ॥

जुआ, जंगल, राजद्वार, संग्राम एवं शत्रुसंकट में छिन्नमस्ता देवी का ध्यान कर मन्त्र का जप करने से विजय प्राप्ति होती है ॥ २७ ॥

भुक्ति एवं मुक्ति के लिए श्वेत वर्ण वाली देवी का, उच्चाटन के लिए नीलवर्ण वाली देवी का, वशीकरण के लिए रक्तवर्ण वाली देवी का, मारण के लिए धूम्रवर्ण वाली देवी का तथा स्तम्भन के लिए सुवर्णवर्णा देवी का ध्यान करना चाहिए ॥ २८ ॥

देवी को सिद्ध करने के लिए रात्रि में मद्यादि की बलि देनी चाहिए ॥ २९ ॥

अब **सर्वसिद्धिदायक एवं अत्यन्त गोपनीय प्रयोग** कहता हूँ -

कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी तिथि को मध्यरात्रि में जब घनघोर अन्धकार हो उस समय स्नान कर लाल वस्त्र, लाल माला एवं लाल चन्दन लगाकर नवयुवती सुन्दरी,

सस्मितां मुक्तकबरीं भूषादानप्रतोषिताम् ।
विवस्त्रां पूजयित्वैनामयुतं प्रजपेन्मनुम् ॥ ३२ ॥
बलिं दत्त्वा निशां नीत्वा सम्प्रेष्य धनतोषिताम् ।
भोजयेद् विविधैरन्नैर्ब्राह्मणान् देवताधिया ॥ ३३ ॥
अनेन विधिना लक्ष्मीं पुत्रान् पौत्रान् यशः सुखम् ।
नारीमायुश्चिरं धर्ममिष्टमन्यदवाप्नुयात् ॥ ३४ ॥
तस्यां रात्रौ व्रतं कार्य विद्याकामेन मन्त्रिणा ।
मनोरथेषु चान्येषु गच्छेत्तां प्रजपन्मनुम् ॥ ३५ ॥
किंबहूक्तेन विद्याया अस्याविज्ञानमात्रतः ।
शास्त्रज्ञानं पापनाशः सर्वसौख्यं भवेद् ध्रुवम् ॥ ३६ ॥

प्रयोगान्तरफलकथनम्

उषस्युत्थाय शय्यायामुपविष्टो जपेच्छतम् ।
षण्मासाभ्यन्तरे मन्त्री कवित्वेन जयेत्कविम् ॥ ३७ ॥

प्रयोगान्तरमाह – **उषसीति** । कविं शुक्राचार्यम् ॥ ३७ ॥

पञ्चपुरुषोपभुक्ता, स्मेरमुखी (हास्यवदना), और खुले केशों वाली किसी स्त्री को लाकर उसमें छिन्नमस्ता की भावनाकर आभूषणादि प्रदान कर प्रसन्न करें । तदनन्तर उसे नंगी कर उसका पूजन कर दश हजार मन्त्रों का जप करे ॥ २९-३२ ॥

फिर बलि देकर रात्रि बिताकर धन से उसे संतुष्ट कर उसे उसके घर भेज दे । फिर दूसरे दिन देवता की भावना से ब्राह्मणों को विविध प्रकार का भोजन करावें ॥ ३३ ॥

इस प्रकार का प्रयोग करने वाला व्यक्ति लक्ष्मी पुत्र, पौत्र, यश, सुख, स्त्री, दीर्घायु एवं धर्म से पूर्ण हो मनोभिलषित फल प्राप्त करता है ॥ ३४ ॥

विद्या की कामना वाले साधक को उस रात्रि में व्रत करना चाहिए तथा अन्य प्रकार के फल चाहने वाले मन्त्रवेत्ता को मन्त्र का जप करते हुये उसके साथ संभोग करना चाहिए ॥ ३५ ॥

विमर्श - इन प्रयोगों को जनसाधारण को नहीं करना चाहिए । बिना गुरु के इन्हें करने से निश्चित नुकसान होता है ॥ ३५ ॥

विशेष क्या कहें, इस विद्या के ज्ञान मात्र से निश्चित रूप से शास्त्रों का ज्ञान तथा पापों का सर्वनाश होकर सभी प्रकार के सुखों की प्राप्ति होती है ॥ ३६ ॥

उषः काल में उठकर शय्या पर बैठकर १०० बार प्रतिदिन इस मन्त्र का जप करने वाला व्यक्ति ६ महीने के भीतर अपनी कवित्व शक्ति से शुक्राचार्य को जीत लेता है ॥ ३७ ॥

छिन्नमस्ताया उत्कीलनम्

शिवेन कीलिताविद्या तदुत्कीलनमुच्यते ।
मायां तारपुटां मन्त्री जप्यादष्टोत्तरं शतम् ॥ ३८ ॥
मन्त्रस्यादौ तथैवान्ते भवेत्सिद्धिप्रदा तु सा ।
एष नूनं विधिर्गोप्यः सिद्धिकामेन मन्त्रिणा ॥ ३६ ॥
उदिता छिन्नमस्तेयं कलौ शीघ्रमभीष्टदा ।

रेणुकाशबरीविद्यामन्त्रः

रेणुकाशबरीविद्या तादृश्येवोच्यतेऽधुना ॥ ४० ॥
प्रणवः कमलामायासृणिरिन्दुयुतोऽधरः ।
पञ्चाक्षरीमहाविद्या भैरवोऽस्य मुनिर्मतः ॥ ४१ ॥
पंक्तिश्छन्दो रेणुकाख्या शबरीदेवतोदिता ।
पञ्चवर्णै समस्तेन कुर्वीत मनुनाङ्कम् ॥ ४२ ॥

तारपुटां मायां ॐ ह्रीं ॐ इति ॥ ३८–३६ ॥ रेणुका शबरीमाह – **प्रणव** इति । कमला श्रीं । माया ह्रीं । सृणिः क्रों। इन्दुयुतोऽधरः ऐं । मन्त्रो यथा – ॐ श्रीं ह्रीं क्रों ऐं । षडङ्गमाह – **पञ्चेति** । समस्तेनास्त्रम् ॥ ४० ॥ *॥ ४१–४२ ॥

अब **मन्त्र के उत्कीलन का विधान** करते हैं -

इस विद्या को भगवान् शिव ने कीलित कर दिया है । अतः अब उसका उत्कीलन कहता हूँ । मन्त्रवेत्ता मन्त्र जप के पहले तथा अन्त में इसका १०८ बार जप करे तो उत्कीलन हो जाता है और यह विद्या सिद्धिदायक हो जाती है ।

उत्कीलन का मन्त्र इस प्रकार है - प्रणव (ॐ), उससे संपुटित माया बीज (ॐ ह्रीं ॐ) । सिद्धि की कामना रखने वाले व्यक्ति को यह विधि निश्चित रूप से गुप्त रखनी चाहिए । इस प्रकार कलि में शीघ्र ही मनोऽभीष्टफल देने वाली छिन्नमस्ता विद्या के विषय में हमने कहा है ॥ ३८-४० ॥

रेणुका शबरी विद्या भी छिन्नमस्ता के समान ही होती है । अब मैं उस विद्या को कह रहा हूँ -

प्रणव (ॐ), कमला (श्रीं), माया (ह्रीं), सृणि (क्रों), एवं इन्दुयुत् अधर (ऐं) - यह पाँच अक्षरों वाली **शबरी महाविद्या** हैं । इस मन्त्र के भैरव ऋषि, पंक्ति छन्द, एवं रेणुकाशबरी देवता हैं । इन्हीं पाँच बीजाक्षरों से तथा समस्त मन्त्र से इसका षडङ्गन्यास करना चाहिए ॥ ४०-४२ ॥

विमर्श - मन्त्र का स्वरूप - ॐ श्रीं ह्रीं क्रों ऐं ।

विनियोग - ॐ अस्य श्रीरेणुकाशबरीमन्त्रस्य भैरवऋषिः पंक्तिश्छन्दः

ध्यानवर्णनं जपादिपूजाविधानं च

हेमाद्रिसानावुद्याने नानाद्रुममनोहरे ।
रत्नमण्डपमध्यस्थवेदिकायां स्थितां स्मरेत् ॥ ४३ ॥
गुञ्जाफलाकल्पितहाररम्यां
श्रुत्योःशिखण्डं शिखिनो वहन्तीम् ।
कोदण्डबाणो दधतीं कराभ्यां
कटिस्थवल्कां शबरीं स्मरेयम् ॥ ४४ ॥
ध्यात्वैवं प्रजपेल्लक्षपञ्चकं तद्दशांशतः ।
फलैर्बिल्वैः प्रजुहुयात्तत्काष्ठैरेधितेऽनले ॥ ४५ ॥
पूर्वोदितेऽर्चयेत्पीठे षडङ्गावृत्तिरादिमा ।
द्वितीयावरणे पूज्याः शबर्या अष्टशक्तयः ॥ ४६ ॥

ध्यानमाह – **हेमाद्रीति** । मेरुशिखरे ॥ ४३ ॥ शिखिनो मयूरस्य पिच्छं कर्णयोर्दधतीम् । कोदण्डं धनुर्वामे ॥ बाणो दक्षे ॥ ४४ ॥ * ॥ ४५ ॥ पूर्वोदिते जयादिके ॥ ४६ ॥ *॥ ४७–५१ ॥

रेणुकाशबरीदेवता आत्मनोऽभीष्टसिद्ध्यर्थे जपे विनियोगः ।

षडङ्गन्यास - ॐ हृदयाय नमः, ॐ श्रीं शिरसे स्वाहा,
ॐ ह्रीं शिखायै वषट्, ॐ क्रों कवचाय हुम्,
ॐ ऐं नेत्रत्रयाय वौषट्, ॐ श्री ह्रीं क्रों ऐं अस्त्राय फट् ।

इसी प्रकार करन्यास भी करना चाहिए ॥ ४०-४२ ॥

अब **रेणुकाशबरी का ध्यान** कहते हैं -

मेरु शिखर पर अनेक वृक्षों से मण्डित उद्यान में रत्नमण्डप के मध्य स्थित वेदिका पर विराजमान देवी का ध्यान इस प्रकार करना चाहिए ॥ ४३ ॥

जो देवी गुञ्जाफलों से निर्मित हार धारण करने से मनोहर हैं, कानों में मोरपखं का कुण्डल धारण किये हुये हैं जिनके दोनों हाथों में धनुष और वाण हैं - ऐसी शबरी देवी का मैं ध्यान करता हूँ ॥ ४४ ॥

इस प्रकार रेणुका शबरी देवी का ध्यान कर उक्त मन्त्र का ५ लाख जप करना चाहिए तथा विल्व वृक्ष की लकडी से प्रज्वलित अग्नि में बिल्वफलों से उसका दशांश होम करना चाहिए ॥ ४५ ॥

अब **पीठपूजा और आवरणपूजा** का विधान कहते हैं -

पूर्वोक्त पीठ पर देवी की पूजा करनी चाहिए । **प्रथमावरण** में षडङ्गपूजा और **द्वितीयावरण** में शबरी की आठ शक्तियों की पूजा करनी चाहिए । १. हुंकरी, २. खेचरी, ३. चण्डास्या, ४. छेदिनी, ५. क्षेपणा, ६. अस्त्री, ७. हुंकारीं तथा ८.

हुङ्कारीखेचरी चाथ चण्डास्याच्छेदनी तथा।
क्षेपणास्त्री च हुङ्कारीक्षेमकारी तथाष्टमी॥ ४७॥
तृतीये दशदिक्पाला वज्राद्यानि चतुर्थके।
एवं सिद्धं मनुं सम्यक्कार्यकर्मणि योजयेत्॥ ४८॥

क्षेमकरी - ये शबरी की ८ महाशक्तियाँ कही गई हैं । **तृतीयावरण** में दश दिक्पालों की तथा **चतुर्थावरण** में उनके वज्रादि आयुधों की पूजा करनी चाहिए । इस प्रकार मन्त्र सिद्ध हो जाने पर काम्य प्रयोग करना चाहिए ॥ ४६-४८ ॥

विमर्श - प्रयोग विधि - षट्कोण, अष्टदल एवं भूपुर से युक्त यन्त्र पर देवी की पूजा करनी चाहिए । पुनः ६.६-११ के विमर्श में कही गई रीति से 'ॐ आधारशक्तये नमः' से लेकर 'ॐ रतिकामाभ्यां नमः' पर्यन्त मन्त्र से पीठ पूजन कर उस पर जयादि नौ शक्तियों का पूजन करे । तदनन्तर उसी पीठ पर मूल मन्त्र से विधिवत् रेणुकाशबरी का पूजन कर 'आज्ञापय आवरणं ते पूजयामि' से इस मन्त्र से भगवती की आज्ञा ले आवरण पूजा प्रारम्भ करनी चाहिए ।

प्रथमावरण में षडङ्ग पूजन करे उसकी विधि इस प्रकार है -

ॐ हृदयाय नमः, श्रीं शिरसे स्वाहा, ह्रीं शिखायै वषट्, क्रों कवचाय हुम्, ऐं नेत्रत्रयाय वौषट्, ॐ श्रीं ह्रीं क्रों ऐं अस्त्राय फट् ।

द्वितीयावरण में अष्टदलों के पूर्वादि दिशाओं के क्रम से हुंकारी आदि शक्तियों का पूजन इस प्रकार करना चाहिए -

ॐ हुंकर्यै नमः, अष्टदलस्य पूर्वदिक्पत्रे, ॐ खेचर्यै नमः, आग्नेयकोणस्थपत्रे,
ॐ चण्डालास्यायै नमः, दक्षिणदिक्पत्रे, ॐ छेदिन्यै नमः, नैर्ऋत्यकोणस्थपत्रे,
ॐ क्षेपणायै नमः, पश्चिमदिक्पत्रे, ॐ अस्त्र्यै नमः, वायव्यकोणस्थपत्रे,
ॐ हुंकार्यै नमः, उत्तरस्थ दिक्पत्रे, ॐ क्षेमकर्यै नमः, ईशानकोणस्थपत्रे ।

द्वितीयावरण की पूजा के पश्चात् भूपुर के भीतर दशों दिशाओं में पूर्वादि क्रम से **तृतीयावरण** में इस प्रकार पूजा करे ।

ॐ इन्द्राय नमः, पूर्वे, ॐ अग्नये नमः, आग्नेयकोण,
ॐ यमाय नमः, दक्षिणे, ॐ निर्ऋतये नपः, नैर्ऋत्ये,
ॐ वरुणाय नमः, पश्चिमे ॐ वायवे नमः, वायव्ये,
ॐ सोमाय नमः, उत्तरे, ॐ ईशानाय नमः, ऐशान्ये,
ॐ ब्रह्मणे नमः, पूर्वेशानयोर्मध्ये, ॐ अनन्तराय नमः, नैर्ऋत्यपश्चिमयोर्मध्ये ।

इस प्रकार तृतीयावरण की पूजा समाप्त कर भूपुर के बाहर वज्रादि आयुधों की **चतुर्थावरण** पूजा करे, यथा -

ॐ वज्राय नमः, पूर्वे, ॐ शक्तये नमः, आग्नेये,
ॐ दण्डाय नमः, दक्षिणे, ॐ पाशाय नमः, नैर्ऋत्ये,
ॐ गदायै नमः, पश्चिमे, ॐ पद्माय नमः, वायव्ये,

मल्लीपुष्पैर्जनावश्या इक्षुखण्डैर्धनाप्तयः।
पञ्चगव्यैर्धेनवः स्युरशोककुसुमैस्सुताः ॥ ४६ ॥
इन्दीवरैः कृते होमे नृपपत्नीवशंवदा।
अन्नाप्तिरन्नैः सकलं मधूकैर्वाञ्छितं भवेत् ॥ ५० ॥
प्रोदिता शबरीविद्या कलौ त्वरिता सिद्धिदा।

विवाहसिद्धिदः स्वयंवरकलामन्त्रः

अथोच्यते विवाहाप्त्ये स्वयम्वरकलाशिवा ॥ ५१ ॥
तारो माया योगिनीतिद्वयं योगेश्वरिद्वयम्।
योगनिद्रायङ्करि स्यात् सकलस्थावरेति च ॥ ५२ ॥
जङ्गमस्य मुखं प्रोच्य हृदयं मम संपठेत्।
वशमाकर्षयाकर्ष पवनो वह्निसुन्दरी ॥ ५३ ॥

स्वयंवरकलामाह – तार इति । निद्रा भकारः । पवनो यः । वह्निसुन्दरी स्वाहा । स्वरूपमन्यत् यथा – ॐ ह्रीं योगिनि योगिनि योगेश्वरि योगेश्वरि योगभयङ्करि सकलस्थावरजङ्गमस्य मुखं हृदयं मम वशमाकर्षयाकर्षय स्वाहेति ॥ ५२–५४ ॥

ॐ खड्गाय नमः, उत्तरे, ॐ अङ्कुशाय नमः, ऐशान्ये

ॐ त्रिशूलाय नमः, पूर्वेशानयोर्मध्ये, ॐ चक्राय नमः, नैर्ऋत्यपश्चिमयोर्मध्ये ।

इस प्रकार **चतुर्थावरण** की पूजा कर पुनः देवी का पूजन कर पुष्पाञ्जलियाँ समर्पित करे ॥ ४६-४८ ॥

अब **काम्य प्रयोग** कहते हैं - मल्लिका पुष्पों द्वारा हवन करने से लोग वश में हो जाते हैं । ऊख के टुकडों के होम से धन लाभ होता है । पञ्चगव्य के होम से साधक के गोधन की वृद्धि होती है और अशोक के फूलों के हवन से पुत्र प्राप्ति होती है । कमल पुष्पों के होम से रानी वश में होती है । अन्न के होम से अन्न की प्राप्ति होती है । मधूक के होम से सभी मनोभिलषित कार्य संपन्न होते हैं, कलियुग में सिद्धि देने वाली शबरी विद्या यहाँ तक कही गई ॥ ४६-५० ॥

अब इसके बाद विवाह के लिए **स्वयंवर कला विद्या का मन्त्र** कहते हैं -

तार (ॐ), माया (ह्रीं), तदनन्तर दो बार 'योगिनि' पद (योगिनि योगिनि), उसके बाद २ बार 'योगेश्वरि' (योगेश्वरि योगेश्वरि), फिर योग तदनन्तर निद्रा (भ), फिर 'यङ्करि सकलस्थावरजङ्गमस्य मुखं', फिर 'हृदयं मम', फिर 'वशमाकर्षयाकर्ष', फिर पवन (य), तदनन्तर वह्निसुन्दरी (स्वाहा) लगाने से ५० अक्षरों का स्वयंवर कला मन्त्र बनता है ॥ ५१-५३ ॥

पञ्चाशद्वर्णविद्याया मुनिरस्याः पितामहः।
छन्दोतिजगती देवीगिरिपुत्रीस्वयम्वरा॥ ५४॥

अस्य मन्त्रस्य षडङ्गन्यासप्रकारः

जगत्त्रयेति हृदयं त्रैलोक्येति शिरो मतम्।
उरगेति शिखा सर्वराजेति कवचं तथा॥ ५५॥
सर्वस्त्रीपुरुषेत्यक्षि सर्वेत्यस्त्रं समीरितम्।
तारामायादिकावश्यमोहिन्यैपदपश्चिमाः ॥ ५६॥
षडङ्गमन्त्रा उद्दिष्टा[1] मूलेन व्यापकं चरेत्।
ध्यायेद्देवीं महादेवं वरीतुं समुपागताम्॥ ५७॥

षडङ्गमाह – **जगत्त्रयेतीति** ॥ ५५॥ तारमायादिकाः । वश्यमोहिन्यै पदं पश्चिममन्तर्वर्ति येषामीदृशाः । षडङ्गमन्त्रा इत्युक्तत्वात् ॥ ॐ ह्रीं जगत्त्रयवश्यमोहिन्यै हृदयाय नमः; ॐ ह्रीं त्रैलोक्यवश्यमोहिन्यै शिरसेत्यादि – ॐ ह्रीं उरगवश्यमोहिन्यै शिखेत्यादि बोध्यम् । माया त्र दीर्घषट्कयुता कार्या ॥ ५६॥ *॥ ५७–६३॥

विमर्श - इस **मन्त्र का स्वरूप** इस प्रकार है - 'ॐ ह्रीं योगिनि योगिनि योगेश्वरि योगेश्वरि योगभयंकरि सकलस्थावरजङ्गमस्य मुखं हृदयं मम वशमाकर्षयाकर्षय स्वाहा' ॥ ५१-५३ ॥

पचास अक्षरों वाली इस विद्या के पितामह ब्रह्मा ऋषि हैं, अतिजगती छन्द है तथा गिरिपुत्री स्वयंवरा इसकी देवता कही गयीं हैं ॥ ५४ ॥

अब **मन्त्र का षडङ्गन्यास** कहते हैं -

आदि में तार (ॐ), माया (ह्रीं) को प्रारम्भ में तथा अन्त में 'वश्य मोहिन्यै' पद लगाकर, मध्य में क्रमशः 'जगत्त्रय' से हृदय, 'त्रैलोक्य' से शिर, 'उरग' से शिखा, 'सर्वराज' से कवच, 'सर्वस्त्रीपुरुष' से अक्षि (नेत्र), तथा 'सर्व' से अस्त्रन्यास करना चाहिए । यहाँ तक तो षडङ्गन्यास कहा गया । इसके बाद मूल मन्त्र पढ़कर व्यापक न्यास करना चाहिए । फिर महादेव का वरण करने के लिए आयी हुई गिरिराज़पुत्री गिरिजा का ध्यान करना चाहिए ॥ ५५-५७ ॥

विमर्श - **विनियोग** - 'ॐ अस्य श्रीस्वयंवरकलामन्त्रस्य ब्रह्माऋषिः अतिजगतीछन्दः देवीगिरिपुत्रीस्वयंवरादेवतात्मनोऽभीष्टसिद्धये मन्त्रजपे विनियोगः' ।

---

१. ॐ ह्रीं जगत्त्रयवश्यमोहिन्यै हृदयाय नमः, ॐ ह्रीं त्रैलोक्यवशमोहिन्यै शिरसे स्वाहा, ॐ ह्रीं सर्वराजवश्यमोहिन्यै कवचाय हुम्, ॐ ह्रीं सर्वस्त्रीपुरूष वश्यमोहिन्यै नेत्रत्रयाय वौषट्, ॐ ह्रीं सर्ववश्यमोहिन्यै अस्त्राय फट् ।

ध्यानवर्णनं पूजाविधानं च

शम्भु जगन्मोहनरूपपूर्णं
विलोक्य लज्जाकुलितां स्मिताढ्याम् ।
मधूकमालां स्वसखीकराभ्यां
संबिभ्रतीमद्रिसुतां भजेयम् ॥ ५८ ॥
एवं ध्यात्वा जपेल्लक्षचतुष्कं तद्दशांशतः ।
पायसान्नेन जुहुयात् पीठे पूर्वोदिते यजेत् ॥ ५६ ॥
त्रिकोणचतुरस्राङ्ककोणादलदिग्दलम् ।
दिक्कलादन्तपत्राणि चतुष्षष्टिदलं पुनः ॥ ६० ॥
वृत्तत्रयं चतुर्द्वारयुक्तं धरणिकेतनम् ।
पूजायन्त्रं प्रकुर्वीत तत्र सम्पूजयेदिमाम् ॥ ६१ ॥
त्रिकोणे पार्वतीमिष्ट्वा चतुरस्रेऽर्चयेदिमाः ।
मेधां विद्यां पुनर्लक्ष्मीं महालक्ष्मीं चतुर्थिकाम् ॥ ६२ ॥

षडङ्गन्यास - ॐ ह्रीं जगत्त्रयवश्यमोहिन्यै हृदयाय नमः,
ॐ ह्रीं त्रैलोक्यवश्यमोहिन्यै शिरसे स्वाहा,
ॐ ह्रीं सर्वराजवश्यमोहिन्यै कवचाय हुम्,
ॐ ह्रीं सर्वस्त्रीपुरुषवश्यमोहिन्यै नेत्रत्रयाय वौषट्,
ॐ ह्रीं सर्ववश्यमोहिन्यै अस्त्राय फट् ।

ॐ ह्रीं योगिनि योगिनि योगेश्वरि योगेश्वरि योगभयङ्करि सकलस्थावरजङ्गमस्य मुखं हृदयं मम वशमाकर्षयाकर्षय स्वाहा इति सर्वाङ्गे ॥ ५५-५७ ॥

गिरिराजपुत्री का ध्यान -

भगवान् सदाशिव के जगन्मोहन परिपूर्णरूप को देखकर संकोच से लजाती हुई मन्द मन्द मुस्कान से युक्त, अपने सखियों के साथ वर वरणार्थ मधूक पुष्प की माला लिए हुये गिरिराजपुत्री का मैं ध्यान करता हूँ ॥ ५८ ॥

इस प्रकार ध्यान कर चार लाख उक्त मन्त्र का जप करना चाहिए, फिर उसका दशांश पायस से हवन करना चाहिए । तदनन्तर पूर्वोक्त पीठ पर देवी का पूजन करना चाहिए ॥ ५६ ॥

प्रथम त्रिकोण, उसके बाद चतुष्कोण, उसके बाद षट्कोण, तदनन्तर अष्टदल, फिर दशदल, पुनः दशदल, फिर षोडशदल, फिर बत्तीस दल, फिर चौंसठ दल, इसके बाद तीन वृत्त, उसके बाद चार द्वार वाला भूपुर - इस प्रकार का यन्त्र बनाकर उस पर देवी का पूजन करना चाहिए ॥ ६०-६१ ॥

(१) त्रिकोण में पार्वती का पूजन कर चतुरस्र (२) में मेधा, विद्या, लक्ष्मी एवं महालक्ष्मी इन चारों का पूजन करना चाहिए ॥ ६२ ॥

षट्कोणेषु षडङ्गानि स्वरानष्टदलेऽर्चयेत् ।
दिग्दलद्वितीये देवानिन्द्रादीनायुधानि च ॥ ६३ ॥
ताराद्येन नमोन्तेन श्रीबीजेन रमां यजेत् ।
कलापत्रे द्विरामारे पाशमायांकुशैः शिवा ॥ ६४ ॥

कलापत्रे षोडशदले । ताराद्येन रमान्तेन बीजेन ॐ श्रीं श्रीमिति मनुना श्रियं यजेत् । द्विरामारे द्वात्रिंशद्दले । पाशमायाङ्कुशैः । आं ह्रीं क्रों शिवायै नम इति ? (द्वारं) तां यजेत् ॥ ६४ ॥

स्वयंवरकलापूजनयन्त्रम्

षट्कोण (३) में षडङ्गपूजा (द्र० ६. ५५-५७) तथा अष्टदलों (४) में २ के क्रम से १६ स्वरों की, दोनों (५-६) दश दलों में क्रमशः इन्द्रादि दश दिक्पालों का तथा उनके वज्रादि आयुधों का पूजन करना चाहिए ॥ ६३ ॥

षोडशदलों (७) में 'श्रीरमायै नमः' इस मन्त्र से रमा का, बत्तीस (८) दलों वाले कमल में 'आं ह्रीं क्रों शिवायै नमः' मन्त्र से शिवा का पूजन करना चाहिए ॥ ६४॥

वेदाङ्गपत्रे त्रिपुटां श्रीमायामदनैर्यजेत् ।
वृत्तत्रये महालक्ष्मीं भवानीं पुष्पसायकाम् ॥ ६५ ॥
चतुरस्रं चतुर्द्वार्षु विघ्नेट्क्षेत्रेशभैरवान् ।
योगिनीः पूजयेदित्थं नवावरणमर्चनम् ॥ ६६ ॥
एवं यो भजते देवीं वश्यास्तस्याखिला जनाः ।
लाजैस्त्रिमधुरोपेतैर्जुहुयादयुतं तु यः ॥ ६७ ॥
लभते वाञ्छितां कन्यां धनमानसमन्विताम् ।
एवं स्वयंवरा प्रोक्ता प्रोच्यते मधुमत्यथ ॥ ६८ ॥

वेदाङ्गपत्रे चतुष्षष्टिदले । श्रीमायामदनैः श्री ह्रीं क्लीं त्रिपुरायै नम इति तां यजेत् ॥ ६५ ॥ * ॥ ६६–६८ ॥

---

६४ दल वाले कमल में 'श्रीं ह्रीं क्लीं त्रिपुरायै नमः' से त्रिपुरा का, तदनन्तर तीनों वृत्तों में क्रमशः महालक्ष्मी, भवानी और कामेश्वरी का, तथा भूपुर मे पूर्वादि चारों द्वारों पर क्रमशः गणेश, क्षेत्रपाल, भैरव एवं योगिनियों का पूजन कर ९ आवरणों की पूजा समाप्ति करनी चाहिए ॥ ६५-६६ ॥

इस रीति से जो व्यक्ति देवी की आराधना करता है उसके वश में सभी लोग हो जाते हैं । जो व्यक्ति त्रिमधु (घी, मधु, दुग्ध) मिश्रित लाजा के साथ इस मन्त्र से होम करता है, वह धन एवं मान सहित अभिलषित कन्या प्राप्त करता है । यहाँ तक स्वयंवरा विद्या कही गई अब आगे मधुमती विद्या कही जायेगी ॥ ६७-६८ ॥

विमर्श - प्रयोग विधि - श्लोक (६. ५८) के अनुसार देवी का ध्यान कर मानसोपचार से पूजा सम्पादन कर विधिवत अर्घ्य स्थापन पीठ पूजा करे (द्र० ६. ८) । पीठ पर मूलमन्त्र (द्र० ५१-५३) से देवी की पूजा कर 'आज्ञापय आवरणं ते पूजयामि' इस मन्त्र से देवी की आज्ञा ले आवरण पूजा प्रारम्भ करे ।

प्रथमवावरण में ६. ६०-६१ के अनुसार बनाये गये यन्त्र पर भीतर त्रिकोण में 'ह्रीं पार्वत्यै नमः' इस मन्त्र से पार्वती का पूजन करे । फिर **द्वितीयावरण** में चतुरस्र पर -

ॐ मेधायै नमः, ॐ विद्यायै नमः,
ॐ लक्ष्म्यै नमः, ॐ महालक्ष्म्यै नमः,

आदि मन्त्रों से पूजा करे । फिर षट्कोण पर **तृतीयावरण** में क्रमशः

ॐ ह्रीं जगत्त्रयवश्यमोहिन्यै हृदयाय नमः,
ॐ ह्रीं त्रैलोक्यवश्यमोहिन्यै शिरसे स्वाहा,
ॐ ह्रीं उरगवश्यमोहिन्यै शिखायै वषट्,

ॐ ह्रीं सर्वराजवश्यमोहिन्यै कवचाय हुम,
ॐ ह्रीं सर्वस्त्रीपुरुषवश्यमोहिन्यै नेत्रत्रयाय वौषट्,
ॐ ह्रीं सर्ववश्यमोहिन्यै अस्त्राय फट्,

तथा मूलमन्त्र से यन्त्र के ऊपर पूजा करे । फिर **चतुर्थावरण** में अष्टदल कमलों का क्रमशः दो दो स्वरों के साथ 'ॐ प्रं प्रां नमः', 'ॐ इ ई नमः' इत्यादि क्रम से चतुर्थावरण की पूजा करे ।

दश दल वाले कमल पर **पञ्चमावरण** में इन्द्र आदि दश दिक्पालों की पूजा करनी चाहिए । यथा -

ॐ इन्द्राय नमः, पूर्वे, ॐ अग्नये नमः, आग्नेये,
ॐ यमाय नमः, दक्षिणे, ॐ निर्ऋतये नमः, नैर्ऋत्ये,
ॐ वरुणाय नमः, पश्चिमे, ॐ वायवे नमः, वायव्ये,
ॐ सोमाय नमः, उत्तरे, ॐ ईशानाय नमः, ऐशान्ये,
ॐ ब्रह्मणे नमः, पूर्वेशानयोर्मध्ये, ॐ अनन्ताय नमः, निर्ऋति पश्चिमयोर्मध्ये,

फिर **षष्ठावरण** में दूसरे दश कमल पत्रों पर दश दिक्पालों के आयुधों की पूजा करे । यथा -

ॐ वज्राय नमः, पूर्वे, ॐ शक्तये नमः, आग्नेये,
ॐ दण्डाय नमः, दक्षिणे, ॐ पाशाय नमः, नैर्ऋत्ये,
ॐ गदायै नमः, पश्चिमे, ॐ पद्माय नमः, वायव्ये,
ॐ खड्गाय नमः, उत्तरे, ॐ अङ्कुशाय नमः, ऐशान्ये
ॐ त्रिशूलाय नमः, पूर्वेशानयोर्मध्ये, ॐ चक्राय नमः, नैर्ऋत्यपश्चिमयोर्मध्ये ।

सप्तमावरण में षोडशदलों पर 'ॐ श्री रमायै नमः' से, तदनन्तर **अष्टमावरण** में बत्तीस दलों पर 'ॐ आं ह्रीं क्रों शिवायै नमः' मन्त्र से, फिर **नवमावरण** में ६४ दलों पर 'ॐ श्रीं ह्रीं क्लीं त्रिपुरायै नमः' मन्त्र से त्रिपुरा का पूजन करे ।

इस प्रकार नवमावरणों की पूजा कर तीन वृत्तों में क्रमशः महालक्ष्मी, भवानी एवं कामेश्वरी का निम्नलिखित मन्त्रों से पूजन करना चाहिए -

ॐ श्रीं महालक्ष्म्यै नमः, ॐ ह्रीं भवान्यै नमः, ॐ क्लीं कामेश्वर्यै नमः,

अन्त में भूपुर में पूर्वादि चारों दिशाओं में गणेश, क्षेत्रपाल, भैरव एवं योगिनियों का पूजन करना चाहिए । यथा -

ॐ ह्रीं गं गणेशाय नमः, पूर्वद्वारे,
ॐ ह्रीं वं वटुकाय नमः, दक्षिणद्वारे,
ॐ ह्रीं क्षं क्षेत्रपालाय नमः, पश्चिमद्वारे,
ॐ ह्रीं यं योगिनीभ्यो नमः, उत्तरद्वारे ।

इस प्रकार आवरण पूजा कर देवी को ६ पुष्पाञ्जलि समर्पित कर, विधिवत् जप करना चाहिए ॥ ६२-६८ ॥

मधुमतीमन्त्रः

नारायणो विन्दुयुतो हृल्लेखांकुशमन्मथा।
दीर्घवर्मध्रुवो वह्निप्रेयसी वसुवर्णवान्॥ ६९॥
मुनिरस्य मधुश्छन्दस्त्रिष्टुब्मधुमतीति च।
मुन्याद्याः पञ्चभिर्बीजैः पञ्चाङ्गानि प्रकल्पयेत्॥ ७०॥
अस्त्रं स्वाहान्ततारेण कृत्वा देवीं स्मरेद् बुधः।

ध्यानं पूजनादिविधिश्च

नानाद्रुमलताकीर्णकैलासगतकानने ॥ ७१॥
अहिलतादलनीलसरोजयुक्–
करयुगां मणिकाञ्चनपीठगाम्।
अमरनागवधूगणसेविता
मधुमतीमखिलार्थकारीं भजे ॥ ७२॥

मधुमतीमाह – **नारायण** इति । बिन्दुयुतो नारायणः आं । हृल्लेखा ह्रीं । अकुशः क्रों । मन्मथः क्लीं । दीर्घवर्म हूं । ध्रुवः ॐ वह्निप्रयेसी स्वाहा । मन्त्रो यथा – आं ह्रीं क्रों क्लीं हूं ॐ स्वाहा॥ ६६॥ *॥ ७०॥ स्वाहान्तप्रणवेनास्त्रम्॥ ७१॥ ध्यानमाह – **अहीति** । नागवल्लीदलं दक्षे नीलपद्मं वामे॥ ७२॥ *॥ ७३–७६॥

अब पूर्व प्रतिज्ञात (द्र० ६• ६८) **मधुमती मन्त्र का उद्धार** कहते हैं -

बिन्दु सहित नारायण (आं), हृल्लेखा (ह्रीं), अंकुश (क्रों), मन्मथ (क्लीं), दीर्घवर्म (हूं), फिर ध्रुव (ॐ), तथा अन्त में वह्निप्रेयसी (स्वाहा) लगाने से ८ अक्षरों का मधुमती मन्त्र निष्पन्न होता है ॥ ६९ ॥

विमर्श - मन्त्र का स्वरूप इस प्रकार है - 'आं ह्रीं क्रों क्लीं हूं ॐ स्वाहा' ॥ ६९ ॥

इस मन्त्र के मधु ऋषि हैं, त्रिष्टुप् छन्द है तथा मधुमती देवता हैं । पाँच बीजों से पाँच अगों का तथा स्वाहान्त प्रणव से अस्त्र न्यास कर विद्वान् साधक को देवी का ध्यान करना चाहिए ॥ ७०-७१ ॥

विमर्श - विनियोग - ॐ अस्य श्रीमधुमतीमन्त्रस्य मधुर्ऋषिः त्रिष्टुप्छन्दः मधुमतीदेवता आत्मनोऽभीष्टसिद्ध्यर्थे मधुमतीमन्त्रजपे विनियोगः ।

षडङ्गन्यास - ॐ आं हृदयाय नमः, ॐ ह्रीं शिरसे स्वाहा,
ॐ क्रों शिखायै वषट्, ॐ क्लीं कवचाय हुं,
ॐ हूं नेत्रत्रयाय वौषट्, ॐ स्वाहा अस्त्राय फट् ॥ ७०-७१ ॥

अब **मधुमती देवी का ध्यान** कहते हैं -

अनेक वृक्ष एवं लताओं से घिरे कैलाश पर्वत के गहन वन में मणि जटित काञ्चन पीठ पर विराजमान, अपने दोनों हाथों में क्रमशः दाहिने हाथ में नागलता

प्रजप्य वसुलक्षं तद्दशांशं जुहुयाद्दलैः ।
बिल्वोत्थैः पूजयेत् पीठे जयादिसर्वशक्तिके ॥ ७३ ॥
कर्णिकायां षडङ्गानि शक्तयो वसुपत्रके ।
निद्राच्छायाक्षमातृष्णाकान्तिरार्याश्रुतिः स्मृतिः ॥ ७४ ॥
शक्रादयस्तदस्त्राणि पूज्यान्यन्ते सुखाप्तये ।
य इत्थं सेवते देवीं स समृद्धेः पदं लभेत् ॥ ७५ ॥

एवं बायें हाथ में नीलकमल धारण किये हुये देवाङ्गना एवं नागपत्नियों से सेवित सर्वार्थसिद्धिदायक मधुमती का ध्यान करता हूँ ॥ ७२ ॥

उक्त मन्त्र का आठ लाख जप करना चाहिए । जप पूर्ण होने पर विल्ब पत्रों से उसका दशांश होम करना चाहिए और पीठ पर जयादि शक्तियों का पूजन करना चाहिए ॥ ७३ ॥

कर्णिका में षडङ्गपूजा, एवं अष्टदलों में शक्तियों का पूजन करना चाहिए । १. निद्रा, २. छाया, ३. क्षमा, ४. तृष्णा, ५. कान्ति, ६. आर्या, ७. श्रुति एवं ८. स्मृति ये आठ मधुमती की शक्तियाँ हैं । इसके बाद इन्द्रादि दश दिक्पालों का, तदनन्तर उनके वज्रादि आयुधों का सुख प्राप्ति के लिए पूजन करना चाहिए । जो इस प्रकार मधुमती देवी की उपासना करता है वह समृद्धि प्राप्त करता है ॥ ७४-७५ ॥

मधुमतीपूजनयन्त्रम्

विमर्श - प्रयोग विधि - वृत्ताकार कर्णिका के ऊपर क्रमशः अष्टदल एवं भूपुर बना कर उस यन्त्र में मधुमती का मूल मन्त्र से आवाहन कर पूजन करना चाहिए ।

फिर **'आज्ञापय आवरणं ते पूजयामि'** इस मन्त्र से आज्ञा लेकर आवरण पूजा प्रारम्भ करना चाहिए ।

प्रथमावरण में वृत्ताकार कर्णिका में निम्न मन्त्रों से षडङ्गपूजा करनी चाहिए -

ॐ आं हृदयाय नमः, ॐ ह्रीं शिरसे स्वाहा, ॐ क्रों शिखायै वषट्,
ॐ क्लीं कवचाय हुम्, ॐ हूं नेत्रत्रयाय वौषट्, ॐ स्वाहा अस्त्राय फट्,

इसके अनुसार अष्टदल कमल में पूर्वादि दिशाओं के क्रम से -

ॐ निद्रायै नमः, ॐ छायायै नमः, ॐ क्षमायै नमः,
ॐ तृष्णायै नमः, ॐ कान्त्यै नमः, ॐ आर्यायै नमः,
ॐ श्रुत्यै नमः, ॐ स्मृत्यै नमः,

रक्ताम्भोजैर्हुतैर्मन्त्री भूपतीन् वश्यतां नयेत्।
नानाभोगान् पायसेन ताम्बूलैर्वामलोचनाम्॥ ७६॥

नानाभोगप्रदोऽपरो मधुमतीमन्त्रः

दामोदरो बिन्दुयुक्तो मधुमत्याःऽपरो मनुः।
पूर्ववद्यजनं चास्य ध्यायेद्देवीं कुमारिकाम्॥ ७७॥
कोटिरर्द्धजपं कुर्वन्विद्यापारङ्गमो भवेत्।
मधुमत्या समानान्या नानाभोगसुखप्रदा॥ ७८॥

मन्त्रान्तरमाह – **दामोदर** इति । दामोदर एकारः॥ ७७॥ *॥ ७८॥

पर्यन्त मन्त्रों से **द्वितीयावरण** की पूजा करनी चाहिए ।

इसके बाद भूपुर के दशों दिशाओं में -

ॐ इन्द्राय नमः, पूर्वे, ॐ अग्नये नमः आग्नेये,
ॐ यमाय नमः, दक्षिणे, ॐ निर्ऋतये नमः नैर्ऋत्ये,
ॐ वरुणाय नमः, पश्चिमे, ॐ वायवे नमः, वायव्ये,
ॐ सोमाय नमः उत्तरे, ॐ ईशानाय नमः ऐशान्ये,
ॐ ब्रह्मणे नमः पूर्वेशानयोर्मध्ये, ॐ अनन्ताय नमः पश्चिमनैर्ऋत्यमध्ये,

इस प्रकार **तृतीयावरण** की पूजा करनी चाहिए । तदनन्तर भूपुर के बाहर पूर्वादि क्रम से उनके वज्रादि आयुधों की पूजा करनी चाहिए यथा -

ॐ वज्राय नमः पूर्वे, ॐ शक्तये नमः, आग्नेये, ॐ दण्डाय नमः दक्षिणे,
ॐ खड्गाय नमः वायव्ये, ॐ गदायै नमः, उत्तरे, ॐ पाशाय नमः पश्चिमे,
ॐ अङ्कुशाय नमः वायव्ये, ॐ त्रिशूलाय नमः, ऐशान्ये,
ॐ पद्माय नमः पूर्वेशानयोर्मध्ये, ॐ चक्राय नमः पश्चिमनैर्ऋत्ययोर्मध्ये,

इस प्रकार **चतुर्थावरण** की पूजाकर गन्धादि उपचारों से देवी का पूजन कर चार पुष्पाञ्जलियाँ समर्पित करना चाहिए । तदनन्तर विधिवत् जप कार्य करना चाहिए ॥ ७४-७५ ॥

अब **काम्य प्रयोग** कहते हैं - लाल कमलों के होम से साधक राजा एवं राजमन्त्री को अपने वश में कर लेता है । पायस के होम से अनेक भोगों की प्राप्ति होती है तथा ताम्बूल के होम से स्त्रियाँ वश में हो जाती हैं ॥ ७६ ॥

अब **मधुमती का अन्य मन्त्र** कहते हैं - बिन्दु सहित दामोदर (ऐं) यह मधुमती का अन्य मन्त्र हैं । पूर्वोक्त रीति से इसका अनुष्ठान करना चाहिए । इस मन्त्र के अनुष्ठान में कुमारिका देवी का ध्यान तथा पूजन करना चाहिए । आधा करोड़ (अर्थात् ५० लाख) जप करने से साधक सभी विद्याओं में पारंगत हो जाता है । इस प्रकार नाना प्रकार के सुखों एवं भोगों को प्रदान करने वाला मधुमती के समान अन्य कोई मन्त्र नहीं है ॥ ७७-७८ ॥

इष्टप्राप्तिदः प्रमदामन्त्रः -

माया वह्न्यासनः शूरो मदेपावकसुन्दरी ।
षडर्णो मनुराख्यातो मुनिः शक्तिः समीरितः ॥ ७६ ॥
गायत्रीछन्द आख्यातं देवताप्रमदाभिधा ।
षडङ्गानि प्रकुर्वीत दीर्घषट्काढ्यमायया ॥ ८० ॥

ध्यान–जप–पूजादिविधानं च

केयूरमुख्याभरणाभिरामां
वराभये सन्दधतीं कराभ्याम् ।
संक्रन्दनाद्यामरसेव्यपादां
सत्काञ्चनाभां प्रमदां भजामि ॥ ८१ ॥

प्रमदामन्त्रमाह – **मायेति** । वह्न्यासनः शूरः । रेफयुतः पः प्र । मदे स्वरूपम् । पावकसुन्दरी स्वाहा । मन्त्रो यथा – ह्रीं प्रमदे स्वाहेति षडर्णः ॥ ७६–८० ॥ ध्यानमाह – **केयूरेति** । केयूरमंगदो वरो दक्षे । संक्रन्दनः इन्द्रः तदाद्यैर्देवैः सेव्यौ पादौ यस्याः ॥ आशाधवा दिक्पालाः ॥ ८१–८२ ॥ *॥ ८३–८४ ॥

विमर्श - इस मन्त्र का स्वरूप - (ऐं), एक अक्षर मात्र है ॥ ७७-७८ ॥

अब **प्रमदा देवी का मन्त्र** कहते हैं - माया (ह्रीं), वह्न्यासन शूर (प्र), फिर 'मदे' पद, तदनन्तर पावकसुन्दरी (स्वाहा), लगाने से ६ अक्षरों का प्रमदामन्त्र बनता है ॥ ७६ ॥

विमर्श - इस मन्त्र का स्वरूप इस प्रकार है - 'ह्रीं प्रमदे स्वाहा' ॥ ७६ ॥

इस मन्त्र के शक्ति ऋषि हैं, गायत्री छन्द तथा प्रमदा देवता हैं । षड्दीर्घ सहित माया मन्त्र से इसका षडङ्गन्यास करना चाहिए ॥ ८० ॥

विमर्श - विनियोग विधि - ॐ अस्य श्रीप्रमदामन्त्रस्य शक्तिर्ऋषिः गायत्री छन्दः प्रमदा देवतात्मनोऽभीष्टसिद्ध्यर्थे मन्त्र जपे विनियोगः ।

षडङ्गन्यास - ॐ ह्रां हृदयाय नमः, ॐ ह्रीं शिरसे स्वाहा,
ॐ ह्रूं शिखायै वषट्, ॐ ह्रैं कवचाय हुं,
ॐ ह्रौं नेत्रत्रयाय वौषट्, ॐ ह्रः अस्त्राय फट् ॥ ८० ॥

अब **प्रमदा देवी का ध्यान** कहते हैं -

केयूर आदि समस्त प्रधान आभूषणों से अलंकृत, अपने दोनों हाथों में वर और अभय मुद्रा धारण करने वाली, इन्द्रादि देवताओं से सेव्यमान पादों वाली, उत्तम सुवर्ण के समान देदीप्यमान कान्ति वाली प्रमदा देवी का मैं ध्यान करता हूँ ॥ ८१ ॥

रसलक्षं जपेन्मन्त्रं दशांशं जुहुयाद् घृतैः ।
पूर्वोक्ते पूजयेत् पीठे षडङ्गाशाधवायुधैः ॥ ८२ ॥
निर्जने कानने रात्रावयुतं नियुतं जपेत् ।
सहस्रं पायसान्नेन हुत्वा शयनमाचरेत् ॥ ८३ ॥
त्रिसप्तदिवसं यावदेवमाचरतो निशी ।
देवीदृग्गोचरीभूय दद्यादिष्टानि मन्त्रिणे ॥ ८४ ॥

प्रमोदादर्शनदः प्रमोदामन्त्रः

मायाप्रमोदे ठद्वन्द्वं षडर्णो मनुरुत्तमः ।
ऋष्याद्यर्चनपर्यन्त प्रमदावदुदीरितम् ॥ ८५ ॥
सरितो निर्जने तीरे मण्डले चन्दनैः कृते ।
जपहोमौ विधायोक्तौ प्रमोदां पश्यति ध्रुवम् ॥ ८६ ॥

प्रमोदामाह – **मायेति** । ठद्वयं स्वाहा । मन्त्रो यथा – ह्रीं प्रमोदे स्वाहेति षडर्णः ॥ ८५ ॥ *॥ ८६ ॥

अब **अनुष्ठान का प्रकार** कहते हैं -

उक्त मन्त्र का ६ लाख जप करे, उसका दशांश घी से होम करे, जप से पूर्व पूर्वोक्त पीठ पर देवी का पूजन करे तथा कर्णिका में षडङ्गपूजा, दिक्पालों की पूजा एवं आयुधों की पूजा करे । किसी निर्जन वन में रात्रि के समय नियमपूर्वक दश हजार जप करना चाहिए तथा पायस से एक हजार आहुतियाँ देने के बाद शयन करना चाहिए । २१ दिन तक लगातार रात्रि में ऐसा करने पर देवी साक्षात् दृष्टिगोचर होकर साधक की समस्त मनोकामनायें पूर्ण कर देती हैं ॥ ८२-८४ ॥

अब **प्रमोदा का मन्त्र एवं प्रयोग** कहते हैं -

माया (ह्रीं), फिर 'प्रमोदे' यह पद, इसके अन्त में ठद्वय (स्वाहा) लगाने से ६ अक्षरों का प्रमोदा का श्रेष्ठ मन्त्र निष्पन्न होता है । इस मन्त्र के ऋषि, छन्द, देवता तथा पूजा विधि प्रमदा के समान ही कहे गए हैं ॥ ८५ ॥

अनुष्ठान विधि - नदी के निर्जन तट पर चन्दन से मण्डल निर्माण करे । पूर्वोक्त रीति से पूजा, जप और होम करने से साधक निश्चित रूप से प्रमोदा देवी का दर्शन पा जाता है ॥ ८६ ॥

विमर्श - मन्त्र का स्वरूप इस प्रकार है - 'ह्रीं प्रमोदे स्वाहा' ।

विनियोग एवं षडङ्गन्यास आदि के प्रयोग प्रमदा के मन्त्रों में देखिये । (द्र० ६. ७९-८४) ॥ ८५-८६ ॥

कारागृहमोक्षणक्षमो बन्दीमन्त्रः

तारो हिलियुगं बन्दीदेवी ङेन्ता नमोन्तकः ।
एकादशाक्षरो मन्त्रो भैरवत्रिष्टुभौ पुनः ॥ ८७ ॥
बन्दीमुन्यादयः प्रोक्ता एकेन द्वन्द्वशोऽङ्गकम् ।
विधाय संस्मरेद् बन्दीं रत्नसिंहासनस्थिताम् ॥ ८८ ॥

ध्यानजपपूजाप्रकारादिकथनम्

सतोयपाथोदसमानकान्तिम्
अम्भोजपीयूषकरीरहस्ताम् ।
सुराङ्गनासेवितपादपद्मां
भजामि बन्दीं भवबन्धमुक्तये ॥ ८६ ॥
लक्षयुग्मं जपेन्मन्त्री पायसान्नैर्दशांशतः ।
हुत्वा पूर्वोदिते पीठे पूजयेद् बन्धमुक्तये ॥ ६० ॥

बन्दीमन्त्रमाह – **तार** इति । ॐ हिलि हिलि बन्दीदेव्यै नम इत्येकादशाक्षरः ॥ ८७–८८ ॥ ध्यानमाह – **सतोयेति** । सजलमेघश्यामां पीयूषकरीरोऽमृतकुम्भः सदक्षे ॥ ८६ ॥ *॥ ६०–६२ ॥

अब **बन्दी मन्त्र का उद्धार** करते हैं –

तार (ॐ), फिर हिलियुग्म (हिलि हिलि), फिर 'बन्दी देवी' पद का चतुर्थ्यन्त (बन्दी देव्यै), तदनन्तर नमः लगाने से ग्यारह अक्षरों का बन्दी मन्त्र बनता है ॥ ८७ ॥

विमर्श – मन्त्र का स्वरूप – 'ॐ हिलि हिलि बन्दीदेव्यै नमः' ॥ ८७ ॥

इस मन्त्र के भैरव ऋषि हैं, त्रिष्टुप् छन्द है तथा बन्दी देवता हैं । मन्त्र के एक तदनन्तर २, २, २, २, २, अक्षरों से षडङ्गन्यास करना चाहिए । फिर रत्न सिंहासन पर विराजमान बन्दी देवी का ध्यान करना चाहिए ॥ ८७-८८ ॥

विनियोग – ॐ अस्य श्रीबन्दीमन्त्रस्य भैरवऋषिः त्रिष्टुप्छन्दः बन्दीदेवता भवबन्धमुक्तये बन्दीमन्त्र जपे विनियोगः ।

षडङ्गन्यास – ॐ हृदयाय नमः, ॐ हिलि शिरसे स्वाहा,
ॐ हिलि शिखायै वषट्, ॐ बन्दी कवचाय हुम्,
ॐ देव्यै नेत्रत्रयाय वौषट्, ॐ नमः अस्त्राय फट् ॥ ८७-८८ ॥

अब **बन्दी देवी का ध्यान** कहते हैं –

जलधर मेघ के समान कान्ति वाली, हाथों में कमल एवं अमृत कलश लिए हुये एवं देवाङ्गनाओं से सेव्यमान चरणों वाली बन्दी देवी का मैं बन्धन से मुक्ति पाने हेतु ध्यान करता हूँ ॥ ८६ ॥

अङ्गपूजाकेसरेषु शक्तयः पत्रमध्यगाः ।
कालीताराभगवतीकुब्जाह्वा शीतलापि च ॥ ६१ ॥
त्रिपुरामातृकालक्ष्मीर्दिगीशा आयुधान्यपि ।
एवमाराधिता बन्दी प्रयच्छेदीप्सितं नृणाम् ॥ ६२ ॥
एकविंशति घस्रान्तमयुतं प्रत्यहं जपेत् ।
ब्रह्मचर्यरतो मन्त्रीगणेशार्चनपूर्वकम् ॥ ६३ ॥
कारागृहनिबद्धस्य मोक्ष एवं कृते भवेत् ।

प्रयोगान्तरकथनम्

चतुरस्रे ठकारान्तरपूपोपरि संलिखेत् ॥ ६४ ॥

घस्रो दिनम् ॥ ६३ ॥ प्रयोगान्तरमाह – **चतुरस्र** इति । अपूपोपरि घृतेन

अब **पुरश्चरण विधि** कहते हैं –

उपर्युक्त बन्दी मन्त्र का दो लाख जप तथा तद्दशांश पायस से होम करना चाहिए । सभी प्रकार के बन्धनों से मुक्ति पाने के लिए पूर्वोक्त पीठ पर देवी का पूजन करना चाहिए ॥ ६० ॥

१. काली, २. तारा, ३. भगवती, ४. कुब्जा, ५. शीतला, ६. त्रिपुरा, ७. मातृका एवं ८. लक्ष्मी ये आठ बन्दी देवी की शक्तियाँ हैं । कमल के केशरों में अंगपूजा तथा कमलदलों के मध्य शक्तियों का पूजना करना चाहिए । आठ शक्तियों की पूजा के पश्चात् दिक्पालों एवं उनके आयुधों का पूजन करना चाहिए । इस प्रकार की आराधना से प्रसन्न होकर बन्दी देवी मनुष्यों को अभीष्ट फल देती हैं ॥ ६०-६१ ॥

साधक को ब्रह्मचर्य व्रत का पालन करते हुये २१ दिन पर्यन्त गणेश पूजन पूर्वक प्रति दिन दश हजार मन्त्रों का जप करना चाहिए । ऐसा करने से कारागार में बन्दी व्यक्ति कारागार से मुक्त हो जाता है ॥ ६३-६४ ॥

विमर्श – प्रयोग विधि – (अनुष्ठान के लिए ६. १६-३७ श्लोक द्रष्टव्य है ।) अनुष्ठान के प्रारम्भ में गणपति का सविधि पूजन करे । फिर ६. ८६ श्लोकानुसार देवी का ध्यान कर मानसोपचारों से उनकी पूजा करे । पुनः सुसम्पन्न मण्डल रचना कर अर्घ स्थापित करे । तीर्थाभिमिश्रित अर्घ्य के जल को प्रोक्षणी में डाल देवे । फिर उस जल से पूजन सामग्री का प्रोक्षण करे । तदनन्तर पीठ पूजा कर उस पर षट्कोण, अष्टदल एवं भूपुर युक्त यन्त्र का निर्माण कर, उसमें देवी का ध्यान कर, पुनः उनका पूजन करे । तदनन्तर षडङ्गपूजा सहित देवी के आवरणों की पूजा करे ।

प्रथमावरण में षट्कोण में –

ॐ हृदयाय नमः, ॐ हिलि शिरसे स्वाहा, ॐ हिलि शिखायै वषट्,
ॐ बन्दी कवचाय हुम्, ॐ देव्यै नेत्रत्रयाय वौषट्, ॐ नमः अस्त्राय फट् ।

साध्यनाम घृतेनैव मायाबीजं च दिक्ष्वपि।
मनुनाष्टादशार्णेन चतुरस्रं प्रवेष्टयेत् ॥ ६५॥

अष्टादशवर्णात्मकः स एव मन्त्रः

वाग्बीजं भुवनेशानी रमाबन्दि च केशवः।
मुष्यबन्धं ततो मोक्षं कुरु युग्मं च ठद्वयम् ॥ ६६॥

चतुरस्रान्तर्वर्तिठकारं विलिख्य तत्रामुकं मोच्येति लिखेत् । दिक्षु मायाबीजं च अष्टादशार्णमन्त्रेण तं वेष्टयित्वा तत्र देवीमावाह्याभ्यर्च्य कारागृहस्थायाऽपूपं दद्यात् । स च तज्जग्ध्वा बन्धनान् मुच्यते ॥ ६४–६५ ॥ अष्टादशार्णमाह – **वागिति** । केशवः अकारः । ठद्वये स्वाहा । स्वरूपमन्यत् । स्पष्टं च । यथा –

यहाँ तक प्रथमावरण की पूजा कही गई । इसके बाद **द्वितीयावरण** की पूजा हेतु दलों के मध्य में पूर्वादि दिशाओं के क्रम से काली आदि शक्तियों का पूजन करना चाहिए । यथा - ॐ काल्यै नमः, ॐ तारायै नमः,
ॐ भगवत्यै नमः, ॐ कुब्जायै नमः, ॐ शीतलायै नमः,
ॐ त्रिपुरायै नमः, ॐ मातृकायै नमः, ॐ लक्ष्म्यै नमः ।

फिर भूपुर के भीतर पूर्वोक्त रीति से पूर्वादि दिशाओं के क्रम से पूर्वोक्त इन्द्रादि दश दिक्पालों की पूजा कर **तृतीयावरण** की पूजा सम्पन्न करे । फिर बाहर पूर्वादि दिशाओं के क्रम से पूर्वोक्त इन्द्रादि दश दिक्पालों के वज्रादि आयुधों की पूजा कर **चतुर्थावरण** की पूजा सम्पन्न कर जप करना चाहिए । जप की समाप्ति हो जाने पर पायस से दशांश होम करना चाहिए ॥ ६०-६४ ॥

बन्धनमोक्षकरं यन्त्रम्

ब न्ध मो क्षं

ष्य मु अ न्दि ब | ह्रीं ठ ह्रीं अमुकं मोचय ह्रीं ह्रीं | कु रु कु रु

श्रीं ह्रीं ऐं हा स्वा

अब **कारागार से बन्दियों को छुड़ाने का एक अन्य प्रयोग** कहते हैं -

अपूप (माल पूआ) पर घी से चतुरस्र के भीतर ठकार लिखकर जिसे छुड़ाना हो उस साध्य का नाम लिखकर (अमुकं) मोचय लिखना चाहिए। फिर चतुरस्त्र के चारों दिशाओं में माया बीज (ह्रीं) लिखकर उसे अष्टादशाक्षर मन्त्र से (प्रतिलोम क्रम से) परिवेष्टित करे ॥ ६५ ॥

वसुचन्द्रार्णमन्त्रोऽयं क्षिप्रं बन्धविमोक्षदम्।
तस्मिन्नपूपे सम्पूज्य बन्दीमावरणान्विताम्॥ ६७॥
कारानिकेतनस्थाय मित्राय प्रददीत तम्।
सशुद्धो वाग्यतो भूत्वा भक्षयेत्तमपूपकम्॥ ६८॥
तस्मिन्सम्भक्षिते बद्धो मुच्यते बन्धनाद्द्रुतम्।
एवं सम्प्रोदिता बन्दीस्मरणाद् बन्धमुक्तिदा॥ ६९॥

॥ इति श्रीमन्महीधरविरचिते मन्त्रमहोदधौ छिन्नमस्तादिमन्त्रकथनं नाम षष्ठस्तरङ्गः॥ ६॥

ऐं ह्रीं श्रीं बन्दि अमुष्य बन्धमोक्षं कुरु कुरु स्वाहेति । वसुचन्द्रार्णोऽष्टादशार्णः ॥ ६६-६७॥ *॥ ६८-६९॥

इति श्रीमन्महीधरविरचितायां मन्त्रमहोदधिव्याख्यायां नौकायां छिन्नमस्तादिकथनं नाम षष्ठस्तरङ्गः॥ ६॥

वाग्बीज (ऐं), भुवनेशानी (ह्रीं), रमा (श्रीं), फिर 'बन्दी' पद, उसके बाद केशव (अ), फिर 'मुष्य बन्ध', तदनन्तर 'मोक्षं' फिर दो बार कुरु (कुरु कुरु), फिर ठद्वय (स्वाहा) लगाने से अष्टादशाक्षर मन्त्र निष्पन्न होता है, जो बन्दियों को शीघ्र मोक्ष देने वाला है ॥ ६६-६७ ॥

विमर्श - अष्टादशाक्षर मन्त्र का उद्धार - 'ऐं ह्रीं श्रीं बन्दि अमुष्य बन्ध मोक्षं कुरु कुरु स्वाहा' (१८) । इसका प्रयोग चित्र में स्पष्ट है ॥ ६७ ॥

इस प्रकार १८ अक्षरों से परिवेष्टित साध्यनाम वाले अपूप पर देवी की पूजा कर जिस अपने मित्र को कारागार से मुक्त करना हो उसे खिला दे । बन्दी रहने वाला साध्य शुद्ध होकर मौन हो उस अपूप को खा जावे तो उसके भक्षण करने से वह शीघ्र ही कारागार से मुक्त हो जाता है । यह बन्दी देवी ऐसी हैं कि स्मरण मात्र से बन्धन से मुक्त कर देती हैं ॥ ६७-६९ ॥

॥ इस प्रकार श्रीमन्महीधर विरचित मन्त्रमहोदधि के षष्ठ तरङ्ग की महाकवि पं० रामकुबेर मालवीय के द्वितीय आत्मज डॉ० सुधाकर मालवीय कृत 'अरित्र' नामक हिन्दी व्याख्या पूर्ण हुई ॥ ६ ॥

अथ सप्तमः तरङ्गः

अथ सर्वेष्टसंसिद्धये प्रवक्ष्ये वटयक्षिणीम् ।

सर्वेष्टसिद्धिदोवटयक्षिणीमन्त्रः

पद्मनाभो वियद्वायूझिण्टीशस्थौ सदृग्वियत् ॥ १ ॥
यक्षि यक्षि महायक्षि वटतोयं सनासिकम् ।
क्षनिवासिनि शीघ्रं मे सर्वसौख्यं कुरुद्वयम् ॥ २ ॥
स्वाहा द्वात्रिंशदर्णोऽयं मन्त्रोऽखिलसमृद्धिदः ।
ऋषिः [1]स्याद्विश्रवाश्छन्दोऽनुष्टुब्देवीं तु यक्षिणी ॥ ३ ॥

* नौका *

अथ वटयक्षिणीमाह – **पद्मनाभ** इति । पद्मनाभ ए । झिंटीशस्थौ वियद्वायू एस्थितौ हकारयकारौ ह्ये । सदृक् वियत् हि ॥ १ ॥ यक्षीत्यादि स्वरूपम् । सनासिकं तोयम् ऋयुतो वः । वृक्षेत्यादि स्वरूपं स्पष्टम् । यथा – एह्येहि यक्षियक्षिमहायक्षिवटवृक्षनिवासिनि शीघ्रं मे सर्वसौख्यं कुरु कुरु

* अरित्र *

अब **सभी मनोरथों की सिद्धि के लिए वटयक्षिणी मन्त्र** कहता हूँ –

पद्मनाभ (ए) झिण्टीशस्थ (ए) वियद् और वायु ह्य (ह्ये) सदृक् (इकारसहित) वियत् (ह) अर्थात् हि तदनन्तर 'यक्षि यक्षि महायक्षि वट' पद फिर सनासिक ऋकार सहित तोय व् (अर्थात् वृ) तदनन्तर 'क्षनिवासिनी शीघ्रं मे सर्वसौख्यं' इतना पद फिर दो बार कुरु (कुरु कुरु) इसके अन्त में 'स्वाहा' लगाने से सर्वसमृद्धिदायक बत्तीस अक्षरों का मन्त्र निष्पन्न होता है ॥ १-३ ॥

विमर्श - वटयक्षिणी मन्त्र का स्वरूप इस प्रकार है - 'एह्येहि यक्षि यक्षि महायक्षि वटवृक्षनिवासिनी शीघ्रं मे सर्वसौख्यं कुरु कुरु स्वाहा' (३२) ॥ १-३ ॥

इस मन्त्र के विश्रवा ऋषि हैं, अनुष्टुप छन्द है, तथा यक्षिणी देवता हैं ॥ ३॥

विमर्श - विनियोग विधि - 'ॐ अस्य श्रीवटयक्षिणीमन्त्रस्य विश्रवा-ऋषिरनुष्टुप्छन्दः यक्षिणीदेवतात्मनोऽभीष्टसिद्ध्यर्थं जपे विनियोगः' ॥ १-३ ॥

मन्त्र के क्रमशः ३, ४, ४, ८, ७, एवं ६ अक्षरों से अङ्गन्यास करना

---

१. अस्य श्रीवटयक्षिणीमन्त्रस्य विश्रवाऋषिरनुष्टुप्छन्द् यक्षिणीदेवताममाभीष्टसिद्ध्यर्थे जपे विनियोगः ।

षडङ्गन्यासोऽङ्गन्यासश्च

वह्निभिः श्रुतिभिर्वेदैर्वसुभिः सप्तभी रसैः ।
प्रकुर्वीत षडङ्गानि मन्त्रवर्णान्न्यसेत्तनौ ॥ ४ ॥
मस्तके नेत्रयोर्वक्त्रे नासाकर्णांसयुग्मतः ।
स्तनयोः पार्श्वयोर्द्वन्द्वे हृदि नाभौ शिवोदरे ॥ ५ ॥
कट्यूरूनाभिर्जङ्घासु जानुनोर्मणिबन्धयोः ।
हस्तयोर्मूर्ध्नि विन्यस्य ध्यायेद् देवीं वटस्थिताम् ॥ ६ ॥

ध्यानजपहोमावरणदेवतादिकथनम्

अरुणचन्दनवस्त्रविभूषितां
सजलतोयतुल्यतनूरुचम् ।

स्वाहा । द्वात्रिंशदर्णः ॥ २–४ ॥ वर्णन्यासमाह – **मस्तक** इति । नेत्रयोर्द्वौ । नासाकर्णांसस्तनपार्श्वकट्यूरूजङ्घाजानुमणिबन्धहस्तेषु द्वौ द्वौ । अन्यत्रैकः । शिवं लिङ्गम् ॥ ५–६ ॥ ध्यानमाह – **अरुणेति** । क्रमुकं पूगीफलं दक्षे ॥ ७ ॥

चाहिए । फिर मस्तक, दोनों नेत्र, मुख, नासिकाद्वय, दोनों कान, दोनों कन्धे, दोनों स्तन, दोनों पार्श्वभाग, हृदय-नाभि, लिङ्ग, उदर, कटि, ऊरु, नाभि, दोनों जंघा, दोनों जानु, दोनों मणिबन्ध, दोनों हाथ तथा शिर में मन्त्र के प्रत्येक वर्णों से न्यास कर वटवृक्ष में स्थित देवी का ध्यान करना चाहिए ॥ ४-६ ॥

विमर्श – प्रयोग विधि - 'एह्येहि हृदयाय नमः, यक्षि यक्षि शिरसे स्वाहा, महायक्षि शिखायै वषट्, वटवृक्षनिवासिनि कवचाय हुं, शीघ्रं में सर्वसौख्यं नेत्रत्रयाय वौषट्, कुरु कुरु स्वाहा अस्त्राय फट् ।

सर्वाङ्गन्यास - ॐ ऐं नमः मस्तके, ह्वीं नमः दक्षनेत्रे, हिं नमः वामनेत्रे,
यं नमः मुखे, क्षिं नमः दक्षनासायाम्, यं नमः वामनासायाम्,
क्षिं नमः दक्षकर्णे, में नमः वामकर्णे, हां नमः दक्षांसे,
यं नमः वामांसे, क्षि नमः दक्षिणस्तने वं नमः वामस्तने,
टं नमः दक्षिणपार्श्वे, वृं नमः वामपार्श्वे, क्षं नमः हृदि,
निं नमः नाभौ, वां नमः लिङ्गे, सिं नमः उदरे,
निं नमः दक्षिणकट्याम्, शीं नमः वामकट्याम्, घ्रं नमः दक्षिणउरौ,
में नमः वामउरौ, सं नमः नाभौ, र्वं नमः दक्षिणजंघायाम्,
सौं नमः वामजंघायाम्, ख्यं नमः दक्षिणजानौ, कुं नमः वामजानौ,
रुं नमः दक्षिणमणिबन्धे, कुं नमः वाममणिबन्धे, रुं नमः दक्षिणहस्ते
स्वां नमः वामहस्ते हां नमः शिरसि ॥ ४-६ ॥

अब **देवी का ध्यान** कहते हैं - लाल चन्दन एवं लाल वस्त्रों से विभूषित

स्मरकुरङ्गदृशं वटयक्षिणीं
क्रमुकनागलतादलयुक्कराम् ॥ ७ ॥
लक्षद्वयं जपेन्मन्त्रं बन्धूकैस्तद्दशांशतः ।
हुत्वा पीठे यजेद्देवीमुच्यन्ते पीठशक्तयः ॥ ८ ॥
कामदामानदानक्तामधुरा मधुरानना ।
नर्मदाभोगदानन्दाप्राणदा पीठशक्तयः ॥ ९ ॥
मनोहराय यक्षिण्या योगपीठाय[1] हृन्मनुः ।
पीठस्योक्तस्तत्र देवीं पूजयेद्वटयक्षिणीम् ॥ १० ॥

शरीर वाली, विशाल जलधर बादल के समान कान्ति वाली, मदमत्त हरिणी के समान चञ्चल नेत्रों वाली, अपने दो हाथों में पूगींफल एवं नागवल्ली दल लिए हुये वटयक्षिणी का मैं ध्यान करता हूँ ॥ ७ ॥

इस मन्त्र का २ लाख जप करना चाहिए तथा बन्धूक पुष्पों से उसका दशांश होम करना चाहिए । अब पीठशक्तियों का वर्णन करता हूँ ॥ ८ ॥

१. कामदा, २. मानदा, ३. नक्ता, ४. मधुरा, ५. मधुरानना, ६. नर्मदा, ७. भोगदा, ८. नन्दा और ९. प्राणदा ये पीठ की नव शक्तियाँ कहीं गई हैं । 'मनोहराय यक्षिणी योगपीठाय नमः' यह पीठ मन्त्र है, इसी पूजित पीठ पर वटयक्षिणी का पूजन करना चाहिए ॥ ९-१० ॥

विमर्श - प्रयोग विधि - पूर्वोक्त श्लोक (७) के अनुसार देवी का ध्यान कर मानसोपचार से पूजन करने के अनन्तर अर्घ्यपत्र इस प्रकार स्थापित करना चाहिए । यथा - 'फट्' से अर्घ्यपात्र प्रक्षालित कर ॐ से, जल, गन्ध, पुष्पादि डाल कर 'गंगे च यमुने चैव' इस मन्त्र से उस जल में तीर्थ का आवाहन करना चाहिए । तदनन्तर धेनुमुद्रा प्रदर्शित कर अर्घ्यपात्र पर हाथ रखकर मूल मन्त्र का दश बार जप करना चाहिए फिर अर्घ्यपात्र से कुछ जल प्रोक्षणी पात्र में डालकर मूलमन्त्र पढकर ३ बार अपने शरीर का तथा पूजन सामग्री का प्रोक्षण करना चाहिए । तदनन्तर वृत्ताकार कर्णिका, उसके बाद अष्टदल कमल, तदनन्तर भूपुर इस प्रकार का यन्त्र बनाकर यक्षिणी देवी का पूजन करना चाहिए ।

इसके बाद **पीठ पूजा** इस प्रकार करनी चाहिए - ॐ आधार शक्तये नमः,
ॐ प्रकृतये नमः, ॐ कूर्माय नमः, ॐ अनन्ताय नमः,
ॐ पृथिव्यै नमः, ॐ क्षीरसमुद्राय नमः, ॐ रत्नद्वीपाय नमः,
ॐ कल्पवृक्षाय नमः, ॐ स्वर्णसिंहासनाय नमः, ॐ आनन्दकन्दाय नमः,
ॐ संविन्नालाय नमः, ॐ सर्वतत्त्वात्मकपद्माय नमः, ॐ सं सत्त्वाय नमः,
ॐ रं रजसे नमः, ॐ तं तमसे नमः, ॐ आं आत्मने नमः,
ॐ अं अन्तरात्मने नमः, ॐ पं परमात्मने नमः, ॐ ह्रीं ज्ञानात्मने नमः ।

१. मनोहराय यक्षिणीयोगपीठाय नमः ।

कर्णिकायां षडङ्गानि पत्रेष्वेता यजेत्पुनः ।
सुनन्दाचन्द्रिकाहासा सुलापामदविह्वला ॥ ११ ॥
आमोदा च प्रमोदापि वसुदेत्यष्टशक्तयः ।
इन्द्रादीनथ वज्रादीन् सम्पूज्य लभते सुखम् ॥ १२ ॥

इसके बाद पूर्वादिदिशाओं के क्रम से नव शक्तियों की पूजा करनी चाहिए । यथा - ॐ कामदायै नमः, ॐ मानदायै नमः, ॐ नक्तायै नमः,
ॐ मधुरायै नमः, ॐ मधुराननायै नमः, ॐ नर्मदायै नमः,
ॐ भोगदायै नमः, ॐ नन्दायै नमः, ॐ प्राणदायै नमः ।

तदनन्तर 'ॐ मनोहराय यक्षिणी योगपीठाय नमः', इस मन्त्र से पीठ पूजा कर, देवी के यन्त्र में देवी की कल्पना कर श्लोक ७ में वर्णित देवी के स्वरूप का ध्यान कर, पूजोपचार से उनका पूजन कर, 'आज्ञापय आवरणं ते पूजयामि' इस मन्त्र से आज्ञा ले आवरण पूजन करनी चाहिए ॥ ६-१० ॥

वटयक्षिणीपूजन यन्त्रम्

अब **आवरण पूजा का विधान** करते हैं -

कर्णिका में षडङ्गपूजा तथा पत्रों में १. सुनन्दा, २. चन्द्रिका, ३. हासा, ४. सुलापा, ५. मदविह्वला, ६. आमोदा, ७. प्रमोदा एवं ८. वसुदा इन आठ शक्तियों का पूजन करना चाहिए । इसके बाद भूपुर में इन्द्रादि दश दिक्पालों का तथा भूपुर से बाहर उनके वज्रादि आयुधों का पूजन करने से साधक सुख प्राप्त करता है ॥ ११-१२ ॥

विमर्श - आवरण पूजा प्रयोग - **प्रथमावरण** में वृत्ताकार कर्णिका में
एह्येहि हृदयाय नमः, यक्षियक्षि शिरसे स्वाहा,
महायक्षि शिखायै वषट् वटवृक्षनिवासिनि कवचाय हुम्
शीघ्रं मे सर्वसौख्यं नेत्रत्रयाय वौषट् कुरु कुरु स्वाहा अस्त्राय फट् ।

द्वितीयावरण में अष्टदलों में - ॐ सुनन्दायै नमः, ॐ चन्द्रिकायै नमः,
ॐ हासायै नमः, ॐ सुलापायै नमः, ॐ मदविह्वलायै नमः,
ॐ आमोदायै नमः, ॐ प्रमोदायै नमः, ॐ वसुदायै नमः,

इसके बाद **तृतीयावरण** में भूपुर के भीतर पूर्वादि दिशाओं के क्रम से
ॐ इन्द्राय नमः, पूर्वे, ॐ अग्नये नमः, आग्नेये,
ॐ यमाय नमः, दक्षिणे, ॐ निर्ऋतये नमः, नैर्ऋत्ये,

एवमाराधितो मन्त्रः प्रयोगेषु क्षमो भवेत्।

देव्याः प्रत्यक्षदर्शनादिफलकथनम्

निर्मनुष्ये वने गत्वा न्यग्रोधाधस्तले जपेत् ॥ १३ ॥
प्रतिघस्रं तमस्विन्यां सहस्रं नियतेन्द्रियः।
सप्तमे दिवसे प्राप्ते कृत्वा चन्दनमण्डलम् ॥ १४ ॥
तत्राज्यदीपं कृत्वास्मिन्पूजयेद्वटयक्षिणीम्।
तदग्रे प्रजपेन्मन्त्रमानिशीथं समाहितः ॥ १५ ॥
शृणोति नूपुरारावं मन्त्रीगीतध्वनिं ततः।
श्रुत्वैव प्रजपेन्मन्त्रं वीतत्रासश्च तां स्मरेत् ॥ १६ ॥
ततः प्रत्यक्षतो देवीमीक्षते सुरतार्थिनीम्।
तत्कामपूरणात् सा तु ददातीष्टानि मन्त्रिणे ॥ १७ ॥

ॐ वरुणाय नमः, पश्चिमे, ॐ वायवे नमः, वायव्ये,
ॐ सोमाय नमः, उत्तरे ॐ ईशानाय नमः, ऐशान्ये,
ॐ ब्रह्मणे नमः, पूर्वेशानयोर्मध्ये, ॐ अनन्ताय नमः, पश्चिमनैर्ऋत्ययोर्मध्ये,

इसके बाद **चतुर्थावरण** में भूपुर के बाहर वज्रादि आयुधों का पूजन करना चाहिए -

ॐ वज्राय नमः, पूर्वे, ॐ शक्तये नमः, आग्नेये,
ॐ दण्डाय नमः, दक्षिणे, ॐ खड्गाय नमः नैर्ऋत्ये,
ॐ पाशाय नमः पश्चिमे, ॐ अकुंशाय नमः वायव्ये,
ॐ गदायै नमः उत्तरे, ॐ त्रिशूलाय नमः ऐशान्ये,
ॐ पद्माय नमः पूर्वेशानयोर्मध्ये,
ॐ चक्राय नमः निर्ऋतिपश्चिमयोर्मध्ये।

इस प्रकार आवरण पूजा कर पञ्चोपचारों से देवी का पूजन कर चार पुष्पाञ्जलि समर्पित कर विधिवत् जप प्रारम्भ करना चाहिए ॥ ११-१२ ॥

इस प्रकार आराधना करने से साधक काम्य प्रयोग का अधिकारी हो जाता है । किसी निर्जन वन में जाकर वट वृक्ष के नीचे प्रतिदिन रात्रि में संयम पूर्वक जप करना चाहिए । तदनन्तर सातवें दिन चन्दन से मण्डल बनाकर उसमें घी का दीपक प्रज्वलित कर मण्डल में वटयक्षिणी का पूजन करना चाहिए । अत्यन्त सावधानी से मध्य रात्रिपर्यन्त उसके सामने जप करते रहने से साधक को नूपुर की ध्वनि सुनाई पड़ने लगती है । शब्द को सुनते हुये साधक को देवी का स्मरण करते हुये जप में निर्भय होकर लगे रहना चाहिए । ऐसा करते रहने से कुछ क्षणों के बाद मदविह्वला यक्षिणी देवी रति की इच्छा करती हुई साधक के सामने प्रत्यक्ष दिखलाई पड़ने लगती है । साधक द्वारा उसकी

किं बहूक्तेन सर्वेष्टपूरणीवटयक्षिणी ।

सर्वसौख्यप्रदोऽपरो यक्षिणीमन्त्रः

पद्माद्वयं यक्षिणीति सचन्द्रं गगनत्रयम् ॥ १८ ॥
वैश्वानरप्रियान्तोऽयं दशवर्णो[1] मनुर्मतः ।
ऋषिः पूर्वोदितश्छन्दः पंक्तिर्देवो[2] तु यक्षिणी ॥ १९ ॥
चन्द्रैकत्रित्रियुग्मेन सर्वेणाङ्गक्रिया मता ।
स्मरेच्चम्पककान्तारे रत्नसिंहासनस्थिताम् ॥ २० ॥
सुवर्णप्रभां रत्नभूषाभिरामां
जपापुष्पसच्छायवासो युगाढ्याम् ।
चतुर्दिक्षु दासीगणैः सेवितांघ्रिं
भजे सर्वसौख्यप्रदां यक्षिणीं ताम् ॥ २१ ॥

पद्मेति । पद्माद्वयं श्रीं श्रीं । यक्षिणी स्वरूपम् । सचन्द्रं गगनत्रयं हं हं हं ॥ १८ ॥ वैश्वानरप्रिया स्वाहा ॥ १९ ॥ चम्पकानां कान्तारे वने ॥ २० ॥

कामना पूर्ति किये जाने पर वह उसे वर प्रदान करती है इस विषय में बहुत क्या कहें, वह साधकों के सारे मनोरथों को पूर्ण कर देती हैं ॥ १३-१७ ॥

अब **वटयक्षिणी का अन्य मन्त्र** कहते हैं -

पद्माद्वय (श्रीं श्रीं) फिर 'यक्षिणी' पद फिर सचन्द्र गगनत्रय (हं हं हं) इसके बाद वैश्वानर प्रिया (स्वाहा) लगाने से वटयक्षिणी का दूसरा दशाक्षर मन्त्र निष्पन्न हो जाता है ॥ १८-१९ ॥

विमर्श - वटयक्षिणी देवी के इस **दशाक्षर मन्त्र का स्वरूप** इस प्रकार है - 'श्रीं श्रीं यक्षिणी हं हं हं स्वाहा' ।

इस मन्त्र के पूर्वोक्त विश्रवा ऋषि हैं, पंक्ति छन्द है तथा यक्षिणी देवता हैं ॥ १९ ॥ मन्त्र के १, १, ३, ३ और २ अक्षरों से न्यास करे तथा समस्त मन्त्राक्षरों से षडङ्गन्यास करना चाहिए ॥ २० ॥

अब **यक्षिणी देवी का ध्यान** कहते हैं -

चम्पक वन में रत्नसिंहासन पर विराजमान सुवर्ण के समान कान्तिवाली, रत्ननिर्मित आभूषणों से सुशोभित जपा, कुसुम के समान लाल वर्ण के युगल वस्त्र धारण करने वाली दासियों द्वारा चारों दिशाओं में सेव्यमान चरणयुगलों वाली एवं अपने साधकों को समस्त सुख प्रदान करने वाली यक्षिणी देवी का ध्यान करता हूँ ॥ २०-२१ ॥

---

१. श्रीं श्रीं यक्षिणी हं हं हं स्वाहेति दशार्णः ।

२. अस्य वटयक्षिणीमन्त्रस्य विश्रवाऋषिः पंक्तिश्छन्दः यक्षिणीदेवता ममाभीष्टसद्धियर्थे जपे विनियोगः ।

एवं ध्यात्वा जपेल्लक्षं जपापुष्पैर्दशांशतः ।
जुहुयात् पूर्ववत् पीठे पूर्वोक्ते प्रयजेदिमाम् ॥ २२ ॥

भूमिगतनिधिदर्शनदो मेखलायक्षिणीमन्त्रः

क्रोधीशवह्नीमन्विन्दुयुक्तौ मदनमेखले[1] ।
हृदयाग्निप्रियान्तोऽयं ताराद्यो द्वादशाक्षरः ॥ २३ ॥
अस्येज्यापूर्ववत्सर्वा मेखलायक्षिणी त्वियम् ।
चतुर्दशाहपर्यन्तं मधूकावनिरुट्तले ॥ २४ ॥
प्रजपेदयुतं नित्यं सहस्रं हवनं चरेत् ।
मधूकपुष्पैर्मध्वक्तैस्तत्काष्ठैश्च हुताशने ॥ २५ ॥

मन्त्रान्तरमाह – क्रोधीशेति । मन्बिन्दुयुक्तौ । औ बिन्दुयुक्तौ क्रोधीशवह्नीकर तेन क्रौं । मदनमेखले स्वरूपम् । हृदयं नमः । अग्निप्रिया स्वाहा ॥ २३ ॥ मधूकावनिरुट्तले । मधूकवृक्षाधस्तात् ॥ २४–२६ ॥

इस प्रकार ध्यान कर उक्त दशाक्षर मन्त्र का एक लाख जप करना चाहिए । फिर जपा कुसुम से दशांश होम करना चाहिए । पुनः पूर्वोक्त पीठ पर देवी का पूजन करना चाहिए ॥ २२ ॥

विमर्श - प्रयोग विधि - 'ॐ अस्य श्रीवटयक्षिणीमन्त्रस्य विश्रवाऋषिः, पक्तिंश्छन्दः वटयक्षिणीदेवता आत्मनोऽभीष्टसिद्धये मन्त्रजपे विनियोगः ।

षडङ्गन्यास - श्रीं हृदयाय नमः, श्रीं शिरसे स्वाहा, यक्षिणी शिखायै वषट् हं हं हं कवचाय हुम्, स्वाहा नेत्रत्रयाय वौषट् श्रीं श्रीं श्रीं यक्षिणी हं हं हं स्वाहा अस्त्राय फट् । आगे की पूजा विधि ७-८-१२ के अनुसार करनी चाहिए ॥ २१-२२ ॥

अब **मेखला यक्षिणी मन्त्र** कहते हैं -

औ एवं बिन्दु युक्त क्रोधीश एवं वह्नि (क्रौं) तदनन्तर 'मदनमेखले' यह पद फिर हृद् (नमः) अन्त में अग्निप्रिया (स्वाहा) तथा आदि में तार (ॐ) लगाने से १२ अक्षरों का मन्त्र निष्पन्न होता है ॥ २३ ॥

विमर्श - मेखलायक्षिणी मन्त्र का स्वरूप इस प्रकार है - 'ॐ क्रौं मदन मेखले नमः स्वाहा' ॥ २३ ॥

यह **मेखलायक्षिणी मन्त्र** है । इसके भी पूजन का विधान पूर्ववत् है ।

महुआ के वृक्ष के नीचे निरन्तर १४ दिन पर्यन्त १० हजार की संख्या में प्रतिदिन के क्रम से जप करना चाहिए तथा महुए की लकडी से प्रज्वलित अग्नि में मधुमिश्रित महुये के फूलों की एक हजार आहुतियाँ देनी चाहिए । इस प्रकार

---

१. ॐ क्रौं मदनमेखले नमः स्वाहेति द्वादशार्णः ।

सन्तुष्टैवं कृते देवी प्रयच्छेदञ्जनं शुभम् ।
येनाक्तनयनो मन्त्री निधिं पश्येद्धरागतम् ॥ २६ ॥

रोगनाशको विशालायक्षिणीमन्त्रः

प्रणवो वाग्विशाले च माया पद्मा मनोभवः ।
ठद्वयान्तो दशार्णोऽयं[1] विशालायक्षिणी मनुः ॥ २७ ॥
मुन्यादि पूजापर्यन्तं पूर्ववत्समुदीरितम् ।
चिन्तातरोरधःस्थित्वा शुचिर्लक्षं जपेन्मनुः ॥ २८ ॥
शतपत्रैर्दशांशेन जुहुयात्तोषिता ततः ।
रसं ददाति येनासौ नीरोगायुरवाप्नुयात् ॥ २६ ॥

वाराहीमन्त्र शत्रुनिग्रहकरः

वाक्चन्द्रशेखरौ शार्ङ्गी पिनाकीशौ मनुस्थितौ ।

मन्त्रान्तरमाह – **प्रणव** इति । वाक् ऐं । विशाले स्वरूपं । माया ह्रीं । पद्मा श्रीं । मनोभवः क्लीं । ठद्वयं स्वाहा ॥ २७–२६ ॥ वाराहीमाह – **वागिति** ।

जब साधक यक्षिणी को संतुष्ट करता है तब देवी एक दिव्य अञ्जन साधक को प्रदान करती हैं, जिसे आँखों में लगाने से जमीन में गड़े हुये सारे खजाने निश्चित रूप से दिखाई पडने लगते हैं ॥ २४-२६ ॥

अब **विशालायक्षिणी मन्त्र** कहते है -

प्रणव (ॐ), वाग (ऐं), फिर 'विंशाले' पद, फिर माया (ह्र), पद्मा (श्रीं), मनोरथ (क्लीं), तदनन्तर ठद्वय (स्वाहा) लगाने से १० अक्षरों का विशालायक्षिणी मन्त्र निष्पन्न होता है ॥ २७ ॥

विमर्श - **दशाक्षर विशालायक्षिणी मन्त्र का स्वरूप** इस प्रकार है - 'ॐ ऐं विशाले ह्रीं श्रीं क्लीं स्वाहा' ॥ २७ ॥

अब **प्रयोग विधि** कहते हैं - इस मन्त्र के विनियोग से लेकर पूजा पर्यन्त समस्त विधान पूर्वोक्त समझना चाहिए ॥ २८ ॥

चिञ्चा नामक वृक्ष के नीचे बैठकर पवित्रता पूर्वक नियमतः एक लाख जप करना चाहिए । तदनन्तर शतपत्र से दशांश होम करना चाहिए । ऐसा करने से संतुष्ट हुई देवी रस प्रदान करती हैं जिसके पीने से साधक निरोग रह कर आयुष्मान् होता है ॥ २८-२६ ॥

अब **वार्त्ताली (वाराही अथवा शत्रुघाती) मन्त्र** कहते हैं -

वाक् (ऐं) मनुस्थितौ चन्द्रशेखरौ (ओ बिन्दुयुतौ) शार्ङ्गी पिनाकीश (ग्ल)

---

१. ॐ ऐं विशाले ह्रीं श्रीं क्लीं स्वाहेति दशार्णः ।

लाङ्गलित्रितयं[1] सेन्दुवर्मदीर्घं शुचिप्रिया ॥ ३० ॥
वस्वक्षरमनोः शत्रुघातिनः कपिलो मुनिः[2] ।
छन्दोऽनुष्टुप् च वाराहीवार्तालीदेवतोदिता ॥ ३१ ॥
द्विचन्द्रभूमिचन्द्रैकयुग्मार्णैरङ्गकल्पना ।
वाराहीं चेतसि ध्यायेच्छत्रुनिग्रहकारिणीम् ॥ ३२ ॥

वाराहीध्यानम्

विद्युद्रोचिर्हस्तपद्मैर्दधाना
पाशं शक्तिं मुद्गरं चाङ्कुशं च ।
नेत्रोद्भूतैर्वीतिहोत्रैस्त्रिनेत्रा
वाराही नः शत्रुवर्गं क्षिणोतु ॥ ३३ ॥

मनुस्थितौ चन्द्रशेखरौ शार्ङ्गीपिनाकीशौ । औ बिन्दुयुतौ ग्लौं । ग्लौं । सेन्दुलाङ्गलित्रयं ठत्रयं ठं ठं ठं । दीर्घवर्म हूं । शुचिप्रिया स्वाहा ॥ ३०–३२ ॥ ध्यानमाह – **विद्युदिति** । पाशमुद्गरा दक्षयोः । अंकुशशक्ती वामयोरूर्ध्वाधःस्थयोः । नेत्रजैर्वीतिहोत्रैरग्निभिरस्माकमरिसमूहं नाशयतु ॥ ३३ ॥

अर्थात् ग्लौं, सेन्दुलाङ्गलित्रयं (ठं ठं ठं) दीर्घ वर्म (हूँ) तथा अन्त में शुचिप्रिया (स्वाहा) इस प्रकार आठ अक्षरों का यह मन्त्र निष्पन्न होता है ॥ ३०-३१ ॥

इस शत्रुघाती मन्त्र के कपिल ऋषि हैं, अनुष्टुप् छन्द है, तथा वाराही वार्ताली देवता हैं ॥ ३१ ॥

विमर्श - **मन्त्र का स्वरूप** इस प्रकार है - 'ऐं ग्लौं ठं ठं ठं हूँ स्वाहा' ।

विनियोग विधि - 'ॐ अस्य श्रीशत्रुघातिनः मन्त्रस्य कपिलऋषिरनुष्टुप्छन्दः वाराहीवार्त्तालीदेवताऽत्मनोऽभीष्टसिद्ध्यर्थे मन्त्र जपे विनियोगः' ॥ ३०-३१ ॥

इस मन्त्र के २, १, १, १, १, एवं २ वर्णों से षडङ्गन्यास करना चाहिए । तदनन्तर शत्रुनिग्रहकारिणी वार्त्ताली देवता का ध्यान करना चाहिए ।

विमर्श - षडङ्गन्यास विधि - ॐ एं ग्लौं हृदयाय नमः, ठं शिरसे स्वाहा, ठं शिखायै वषट्, ठं कवचाय हुम्, हूं नेत्रत्रयाय वौषट्, स्वाहा अस्त्राय फट् ॥ ३२॥

अब **वार्त्ताली का ध्यान** कहते हैं -

विद्युत के समान कान्तिवाली अपने चारों करकमलों में क्रमशः पाश, शक्ति मुद्गर एवं अंकुश धारण किये हुये त्रिनेत्रा वाराही देवी हमारे शत्रुओं को अपने नेत्रों से निकलने वाली अग्नि से भस्म कर दें ॥ ३३ ॥

---

१. ऐं ग्लौं ठं ठं ठं हं स्वाहा ।

१. अस्य शत्रुघातिनः मन्त्रस्य कपिलऋषिरनुष्टुपछन्दः वाराहीवार्तालीदेवता ममाभीष्टसिद्ध्यर्थे जपे विनियोगः ।

वसुलक्षं जपित्वान्ते बिल्वपत्रैर्हयारिजैः ।
धात्रीफलैर्भृङ्गराजैः कुशैर्हूयाद् दशांशतः ॥ ३४ ॥
पूर्वोदिते यजेत्पीठे षडङ्गैर्दिगिनायुधैः ।
एवं सिद्धं मनुं मन्त्री यो जपेच्छत्रुनिग्रहे ॥ ३५ ॥
सृणिना शत्रुमानीय बद्ध्वा पाशेन तं दृढम् ।
मुद्गरेण घ्नतीं मूर्ध्नि तां स्मरन्नयुतं जपेत् ॥ ३६ ॥
जुहुयादयुतं शुद्धैर्वनशुष्कैस्तु गोमयैः ।
प्रक्षिपेद्धोमजं भस्मवापीकूपादिपाथसि ॥ ३७ ॥
तत्पानीयस्य पातारो म्रियन्ते रिपवो ध्रुवम् ।
निर्यान्ति हित्वा स्थानं वा विद्विषन्तः परस्परम् ॥ ३८ ॥
शत्रुनिग्रहणे दक्षा स्मरणादपि मन्त्रिणाम् ।
प्रकीर्तितेयं वाराही धूमावत्यधुनोच्यते ॥ ३९ ॥

धूमावतीविधाने धूमावत्यष्टार्णमन्त्रः

सात्वतत्रितयं सार्घि तत्राद्यौ चन्द्रशेखरौ ।

वसुलक्षमष्टलक्षं हयारिजैः करवीरैः । हूयादित्याशीर्लिङ् ॥ ३४ ॥ दिगिना दिक्पालाः ॥ ३५ ॥ सृणिनांकुशेन ॥ ३६ ॥ पाथसि जले ॥ ३७ ॥ * ॥ ३८–३९ ॥ ज्येष्ठामन्त्रमाह – **सात्वतेति** । सार्घिं उयुतं । सात्वतत्रितयं धत्रयं । तेषु द्वौ

उक्त मन्त्र का ८ लाख जप करना चाहिए । तदनन्तर विल्वपत्र, कनेर, आँवला, भृङ्गराज एवं कुशाओं से दशांश होम करना चाहिए ॥ ३४ ॥

अब **प्रयोग विधि** कहते हैं - पूर्वोक्त पीठ पर षडङ्ग, दिक्पाल एवं उनके आयुधों का पूजन करना चाहिए । इस प्रकार मन्त्र सिद्ध हो जाने पर, साधक इस मन्त्र का शत्रुनिग्रह के लिए जप करें । अंकुश से शत्रु को पकड़ कर उसे पाश से दृढ़तापूर्वक बाँधकर, गदा से शत्रु के शिर पर बार बार प्रहार करती हुई वार्त्ताली का ध्यान कर १० दश हजार जप करना चाहिए । इस प्रकार जप करने के पश्चात् वन में सूखे गोबर के कण्डों से १० हजार की संख्या में हवन करना चाहिए । फिर हवन के भस्म को वापी कूँओं आदि के जल में फेंक देना चाहिए । इस प्रकार के पानी को पीने वाले शत्रु निश्चित रूप से मर जाते हैं । अथवा वे आपस में लड़ झगड़ कर उस स्थान को छोड़कर अन्यत्र भाग जाते हैं ॥ ३५-३८ ॥

यह देवी साधक द्वारा स्मरण करने मात्र से शत्रु विनाश के लिए उद्यत हो जाती हैं । यहाँ तक हमने शत्रुघातिनी वाराही के विषय में बतलाया अब धूमावती के विषय में बतलाता हूँ ॥ ३९ ॥

बैकुण्ठोनन्तसंयुक्तो जलं नेत्रयुतो हरिः ॥ ४० ॥
अष्टार्णो[1] वह्निजायान्तो मन्त्रः शत्रुविनाशनः ।

धूमावतीमन्त्रस्यर्षिदेवतादिकथनम्

पिप्पलादो निचृज्ज्येष्ठा मुनिश्छन्दोऽस्य देवता[2] ॥ ४१ ॥
आद्यबीजद्वयान्तस्थैः षड्वर्णैरङ्गमीरितम् ।
श्मशाने संस्थितां ध्यायेज्ज्येष्ठां वायससंस्थिताम् ॥ ४२ ॥
अत्युच्चामलिनाम्बराखिलजनोद्वेगावहादुर्मना
रूक्षाक्षित्रितया विशालदशना सूर्योदरी चञ्चला ।
प्रस्वेदाम्बुचिताक्षुधाकुलतनुः कृष्णातिरूक्षप्रभा
ध्येया मुक्तकचा सदाप्रियकलिर्धूमावती मन्त्रिणा ॥ ४३ ॥

सबिन्दू । धूं धूं धूं । अनन्तसंयुतो बैकुण्ठः आयुतो मः मा । जलं वः । नेत्रयुतो हरिः । इयुतस्तः ॥ ४० ॥ वह्निजाया स्वाहा ॥ ४१ ॥ *॥ ४२–४५ ॥

अब **धूमावती (ज्येष्ठा) मन्त्र का स्वरूप** कहते हैं -

सर्धि (ऊकार से युक्त) सात्वतत्रितयधकार (धू धू धू), इसके आदि में रहने वाले दो धू पर दो चन्द्रशेखर (धूं धूं धू), फिर अनन्तर संयुक्त वैकुण्ठ (मा), फिर जल (व), फिर नेत्रयुत हरि (ति), तदनन्तर वह्निजाया (स्वाहा) लगाने से आठ अक्षरों का शत्रुविनाशक धूमावती मन्त्र निष्पन्न होता है ॥ ४० ॥

विमर्श - धूमावती (ज्येष्ठा) मन्त्र का स्वरूप इस प्रकार है - 'धूँ धूँ धूमावति स्वाहा' ॥ ४० ॥

इस मन्त्र के पिप्लाद ऋषि हैं, निचृद् छन्द है तथा ज्येष्ठा देवता हैं ॥ ४१॥

जप के प्रारम्भ में मन्त्र के आदि में रहने वाले मात्र दो वर्णो से षडङ्गन्यास करना चाहिए । फिर श्मशान में वायस (कौआ) पर विराजमान ज्येष्ठा देवी का ध्यान करना चाहिए ॥ ४२ ॥

विमर्श - विनियोग विधि - 'ॐ अस्य श्रीधूमावतीमन्त्रस्य पिप्पलाद ऋषिर्निचृच्छन्दः ज्येष्ठादेवता शत्रुविनाशार्थे जपे विनियोगः' ॥ ४१-४२ ॥

षडङ्गन्यास विधि - धूं धूं हृदयाय नमः, धूं धूं शिरसे स्वाहा, धूं धूं शिखायै वषट् धूं धूं कवचाय हुं, धूं धूं नेत्रत्रयाय वौषट्, धूं धूं अस्त्राय फट् ॥ ४१-४२ ॥

अब **ध्यान विधि** कहते हैं - जो कद में बहुत ऊँची (लम्बी) हैं मैला कुचैला वस्त्र धारण करने वाली जिस देवी के दर्शन मात्र से मनुष्य उद्विग्न हो

---

१. धूं धूं धूमावति स्वाहेत्यष्टार्णः ।

२. अस्य धूमावतीमन्त्रस्य पिप्पलादऋषिः निचृच्छन्दः ज्येष्ठादेवता ममाभीष्टसिद्धयर्थे जपे विनियोगः ।

धूमावतीमन्त्रफलम्

एवं ध्यात्वा जपेल्लक्षं श्मशाने विगताम्बरः ।
निशाभोजी दशांशेन तिलैर्हवनमाचरेत् ॥ ४४ ॥
पूर्वोक्ते पूजयेत्पीठे ज्येष्ठां शत्रुविनष्टये ।
केसरेषु षडङ्गानि पत्रस्था अष्टशक्तयः ॥ ४५ ॥
क्षुधातृष्णारतिर्निद्रानिर्ऋतिर्दुर्गतीरुषा ।
अक्षमेति ततो देवा इन्द्राद्या आयुधानि च ॥ ४६ ॥
एवं ज्येष्ठां समाराध्य सिद्धमन्त्रः प्रजायते ।
उपोष्य कृष्णभूताहे नग्नो मुक्तशिरोरुहः ॥ ४७ ॥
शून्यागारे श्मशाने वा कान्तारे भूधरेऽथवा ।
प्रत्यहं प्रजपेन्निर्भीर्ध्यायन्देवीं क्षपाशनः ॥ ४८ ॥

रुषा । अक्षमा ॥ ४६–४७ ॥ क्षपाशनो रात्रिभोजी ॥ ४८–४६ ॥

जाता है । खिन्न मन वाली जिस देवी के तीन रुखे (क्रोध युक्त) नेत्र हैं, दाँत बहुत बड़े बड़े हैं सूर्य के समान जिनका पेट बहुत गोल एवं बड़ा है, जो स्वभावतः चञ्चल हैं, पसीने से लथपथ कृष्णवर्णा जिन देवी के शरीर की कान्ति अत्यन्त रुक्ष है । भूख से तड़पती हुई सर्वदा कलहकारिणी, विशीर्ण केशो वाली ऐसी धूमावती देवी का ध्यान साधक को करना चाहिए ॥ ४३ ॥

इस प्रकार देवी का ध्यान करते हुये श्मशान स्थल में विवस्त्र (नंगा) होकर रात्रि में भोजन करते हुये एक लाख जप करना चाहिए । तदनन्तर उसका दशांश तिलों से होम करना चाहिए ॥ ४४ ॥

शत्रुनाश के लिए पूर्वोक्त पीठ पर ज्येष्ठा देवी का पूजन करना चाहिए। केशरों में षडङ्गों की पूजा करनी चाहिए, तथा पत्रों में आठ शक्तियों की पूजा करनी चाहिए ॥ ४५ ॥

१. क्षुधा, २. तृष्णा, ३. रति, ४. निर्ऋति, ५. निद्रा, ६. दुर्गति, ७. रूषा और ८. अक्षमा ये अष्ट शक्तियाँ हैं, तदनन्तर इन्द्रादि दश दिक्पालों की, फिर उनके वज्रादि आयुधों की पूजा करे । इस प्रकार ज्येष्ठा (धूमावती) की आराधना कर साधक शीघ्र ही सिद्धि प्राप्त कर लेता है ॥ ४६-४७ ॥

अब **ज्येष्ठा की आराधना विधि** कहते हैं -

ज्येष्ठा मास के कृष्ण पक्ष में चतुर्दशी तिथि को उपवास करते हुए नग्नावस्था में शिर के बालों को विकीर्ण विखरा हुआ कर किसी शून्य घर में, श्मशान में, किसी गहन वन में अथवा किसी गुफा में देवी (धूमावती) का ध्यान कर रात्रि में भोजन करते हुए प्रतिदिन नियतसंख्या में जप करें । साधक इस

एवं लक्षं जपन्मन्त्री नाशयेदचिरादरिम् ।
जुह्वता लवणोपेतां राजिकां निशि तत्फलम् ॥ ४६ ॥

कर्णपिशाचिनीमन्त्रस्तद्विधानवर्णनम्

तारो मायाकर्णपिशा सदृशौ कूर्मधान्तिमौ[1] ।
कर्णे मे विधिदण्डीरो ठद्वयं षोडशार्णकम्[2] ॥ ५० ॥
मनुर्ऋष्यादिपूर्वोक्तं देवता तु पिशाचिनी ।
एकैकाङ्गाग्निरामाक्षिवर्णैरङ्गं मनो मतम् ॥ ५१ ॥

कर्णपिशाचिनीमाह – **तार** इति । तार ॐ । माया ह्रीं । कर्णपिशा स्वरूपम् । कूर्मधान्तिमौ चनौ । सद्दृशौ इयुतौ । 'चिनि' कर्णे मे स्वरूपम् । विधिः कः । दण्डी थः । इरो यः । ठद्वयं स्वाहा ॥ ५० ॥ षडङ्गमाह – **एकेति** । अङ्गानि षट् । अग्नयस्त्रयो रामाश्च ॥ ५१ ॥ *॥ ५२–५५ ॥

प्रकार एक लाख जप कर लेने पर शीघ्र ही अपने शत्रुओं का विनाश कर देता है । किन्तु उसे वह फल तब होता है जब वह रात्रि के समय नमक युक्त राई का प्रतिदिन हवन करे ॥ ४७-४६ ॥

अब **कर्णपिशाचिनी मन्त्र का उद्धार** कहते हैं -

तार (ॐ), माया (ह्रीं), फिर 'कर्णपिशा', फिर सदृक् कूर्मघान्तिम (चिनि), फिर 'कर्णे' 'मे', फिर विधि (क), दण्डी (थ), फिर इ (य) और अन्त में ठद्वय (स्वाहा) लगाने से सोलह अक्षरों का मन्त्र निष्पन्न होता है ॥ ५० ॥

विमर्श - मन्त्र का स्वरूप इस प्रकार है - 'ॐ ह्रीं कर्णपिशाचिनि कर्णे मे कथय स्वाहा' ॥ ५० ॥

इस मन्त्र के ऋषि छन्द पूर्वोक्त (द्र० ७-४१) हैं तथा कर्णपिशाचिनी देवता हैं । इस मन्त्र के १, १, ६, ३, ३ और दो इन मन्त्राक्षरों से षडङ्गन्यास करना चाहिए ॥ ५१ ॥

विमर्श - विनियोग - अस्य श्रीकर्णपिशाचिनीमन्त्रस्य पिप्लादऋषिः निचृद-छन्दः कर्णपिशाचिनीदेवता अभीष्टसिद्ध्यर्थ मन्त्र जपे विनियोगः ।

षडङ्गन्यास - ॐ हृदयाय नमः, ॐ ह्रीं शिरसे स्वाहा,
ॐ कर्णपिशाचिनि शिखायै वषट्, ॐ कर्णे में कवचाय हुम्
ॐ कथय नेत्रत्रयाय वौषट् ॐ स्वाहा अस्त्राय फट् ॥ ५१ ॥

---

१. ॐ ह्रीं कर्णविशाचिनि कर्णे मे कथय स्वाहेति षोडशार्णः ।

२. अस्य कर्णपिशाचिनीमन्त्रस्य पिप्पलादऋषिः निचृच्छन्दः कर्णपिशाचिनीदेवता ममाभीष्टसिद्धयर्थे जपे विनियोगः ।

चितासनस्थां नरमुण्डमालां
विभूषितामस्थिमणीन्कराब्जैः।
प्रेतां नरान्त्रैर्दधतीं कुवस्त्रां
भजामहे कर्णपिशाचिनीं ताम्॥ ५२॥

श्मशानस्थः शवस्थो वा जपेल्लक्षं समाहितः।
दशांशं जुहुयाद्वह्नौ बिभीतकसमिद्वरैः॥ ५३॥
यजेत् पूर्वोदिते पीठे षडङ्गामरहेतिभिः।
सिद्धमन्त्रे जपं कुर्यादधस्ताद् बदरोतरोः॥ ५४॥
अशुचिर्लक्षसंख्यातं तेन तुष्टा पिशाचिनी।
परचित्तस्थितां वार्तां भाविनीं च वदेच्छ्रुतौ॥ ५५॥

शीतलामन्त्रस्तद्विधानवर्णनम्

ध्रुवः शिवारमाशीतलायै हार्द नवाक्षरः[1]।
उपमन्युश्च बृहतीं शीतला मुनिपूर्विका[2]।
षड्दीर्घयुक्छिवालक्ष्मीबीजाभ्यां स्यात्षडङ्गकम्॥ ५६॥

शीतलामाह – **ध्रुव** इति । ध्रुव ॐ । शिवा ह्रीं । रमा श्रीं । शीतलायै स्वरूपम् । हार्दं नमः । षडङ्गमाह – **षडिति** । ह्रीं श्रीं ह्रत् । ह्रीं श्रीं शिर इति ॥ ५६॥

अब **कर्णपिशाचिनि देवी का ध्यान** कहते हैं -

चिता पर आसन लगाकर कर बैठी हुई नर मुण्ड माला से विभूषित अपने कर कमलों में अस्थि की मणियों को धारण की हुई मनुष्य की आँतों से प्रसन्न रहने वाली मैला, कुचैला, फटा कुवस्त्र धारण करने वाली कर्णपिशाचिनी का मैं ध्यान करता हूँ ॥ ५२ ॥

श्मशान में अथवा शव पर बैठकर एकाग्र मन से पिशाचिनी मन्त्र का एक लाख जप करें । तदनन्तर बिभीतक (बहेडा) की समिधाओं से दशांश हवन करें ॥ ५३ ॥

पूर्वोक्त पीठ पर षडङ्ग पूजा, दिक्पाल एवं उनके वज्रादि आयुधों सहित देवी का पूजन करना चाहिए । इस प्रकार मन्त्र सिद्ध हो जाने पर बेर के पेड़ के नीचे अपवित्रतापूर्वक लक्ष संख्या में जप करना चाहिए । इस क्रिया से संतुष्ट पिशाचिनी दूसरों की मन की बातें तथा भावी घटनाओं को कान में बतला देती हैं ॥ ५४-५५ ॥

अब **शीतला देवी के मन्त्र का उद्धार** कहते हैं -

---

१. ह्रीं श्रीं शीतलायै नम इति नवार्णं ।

२. अस्य शीतलामन्त्रस्य उपमन्युऋषिः बृहतीछन्दः शीतलादेवता ममाभीष्टसिद्ध्यर्थे जपे विनियोगः ।

दिग्वाससं मार्जनिका च शूर्पं
करद्वये सन्दधतीं घनाभाम्।
श्रीशीतलां सर्वरुजार्तिनष्टौ
रक्ताङ्गरागस्रजमर्चयामि ॥ ५७ ॥
अयुतं प्रजपेन्मन्त्रं पायसेन सहस्रकम्।
जुहुयात्पूर्ववत्पीठे स्फोटानां नाशिनी त्वियम् ॥ ५८ ॥
नाभिमात्रे जले स्थित्वा यः सहस्रं जपेन्मनुम्।
तेन सम्मार्जितास्तीव्राः स्फोटा नश्यन्ति तत्क्षणात् ॥ ५९ ॥

स्वप्नेश्वरीमन्त्रस्तद्विधानवर्णनम्

प्रणवः कमला स्वप्नेश्वरिकार्यं च मे वद।
स्वाहा त्रयोदशार्णोऽयं[1] मन्त्रो मुन्यादिपूर्ववत् ॥ ६० ॥

ध्यानमाह – **दिगिति** । मार्जनी दक्षे । शूर्पं वामे ॥ ५७ ॥ * ॥ ५८–५९ ॥ स्वप्नेश्वरीमाह – **प्रणव** इति । प्रणव ॐ । कमला श्रीं । स्वरूपमन्यत् ॥ ६० ॥

ध्रुव (ॐ) शिवा (ह्रीं) रमा (श्रीं) फिर शीतलायै इसके अन्त में हृदय (नमः) लगाने से नवाक्षर शीतला मन्त्र निष्पन्न होता है ॥ ५६ ॥

विमर्श - इस **मन्त्र का स्वरूप** इस प्रकार है - ॐ ह्रीं श्रीं शीतलायै नमः ।

इस मन्त्र के उपमन्यु ऋषि हैं वृहती छन्द है तथा शीतला देवता हैं । ६ व दीघ्रवर्ण से युक्त शिवा माया बीज और लक्ष्मीबीज (श्रीं) से षडङ्गन्यास करना चाहिए ॥ ५६ ॥ **विमर्श** - ॐ ह्रां श्रीं हृदयाय नमः ॐ ह्रीं श्रीं शिरसे स्वाहा,
ॐ ह्रूं श्रीं शिखायै वषट्, ॐ ह्री श्रीं कवचाय हुं,
ॐ ह्रौं श्री नेत्रत्रयाय वौषट्, ॐ ह्रः श्रीं अस्त्राय फट् ॥ ५६ ॥

अब **शीतला देवी का ध्यान** कहते हैं -

दिगम्बरा (नग्ना) अपने दोनों हाथों में क्रमशः झाड़ू और सूप लिए हुये बादलों के समान काले आभा वाली, रक्तवर्ण का अङ्गराग तथा रक्तवर्ण की मालाधारण की हुई श्री शीतला देवी का समस्त रोगों के विनाश के लिए मैं ध्यान करता हूँ ॥ ५७ ॥

शीतला मन्त्र का दश हजार की संख्या में जप करना चाहिए । तदनन्तर खीर की एक हजार आहुतियाँ देनी चाहिए । यह देवी स्फोट (फोटका) की जाति के समस्त घावों को अच्छा कर देने वाली मानी गई है ॥ ५८ ॥

जो व्यक्ति नाभि मात्र जल में स्थित होकर इस मन्त्र का एक हजार जप करता है उस व्यक्ति के द्वारा संस्मार्जित कुशा से सभी प्रकार के भयानक स्फोट (फोटका) आदि तत्काल नष्ट हो जाते हैं ॥ ५९ ॥

---

१. ॐ श्रीं स्वप्नेश्वरिकार्यं मे वद स्वाहेति त्रयोदशार्णः ।

अक्षिवेदाक्षिभूयुग्मनेत्रार्णैरङ्गकं मनोः ।
विन्यस्य देवतां ध्यायेत्स्वप्नेशीमिष्टसिद्धये ॥ ६१ ॥
वराभयेपद्मयुगं दधानां
करैश्चतुर्भिः कनकासनस्थाम् ।
सिताम्बरां शारदचन्द्रकान्तिं
स्वप्नेश्वरीं नौमि विभूषणाढ्याम् ॥ ६२ ॥
लक्षं जपेद्बिल्वपत्रैर्जुहुयात्तद्दशांशतः ।
पूर्वोदिते यजेत्पीठे षडङ्गत्रिदशायुधैः ॥ ६३ ॥
रात्रौ सम्पूज्य देवेशीमयुतं पुरतो जपेत् ।
शयीतब्रह्मचर्येण भूमौ दर्भास्थिताजिनैः ॥ ६४ ॥

॥ ६१ ॥ ध्यानमाह – **वरेति** । वरो दक्षे ॥ ६२ ॥ त्रिदशा इन्द्रादयः ॥ ६३ ॥

अब **स्वप्नेश्वरी का मन्त्रोद्धार** कहते हैं -

प्रणव (ॐ), कमला (श्रीं), फिर 'स्वप्नेश्वरि कार्यं मे वद', इसके बाद स्वाहा लगाने से तेरह अक्षरों का स्वप्नेश्वरी मन्त्र निष्पन्न होता है - इसके मुनि आदि पूर्ववत् हैं ॥ ६० ॥

विमर्श - मन्त्र का स्वरूप इस प्रकार है - 'ॐ श्रीं स्वप्नेश्वरि कार्यं में वद स्वाहा' ।

विनियोग - 'अस्य श्रीस्वप्नेश्वरीमन्त्रस्य उपमन्युऋषिः बृहतीछन्दः स्वप्नेश्वरीदेवता ममाभीष्टसिद्ध्यर्थं जपे विनियोगः ॥ ६० ॥

इस मन्त्र के २, ४, २, १, २ और २ अक्षरों से षडङ्गन्यास करना चाहिए । न्यास करने के पश्चात् स्वप्नेश्वरी का ध्यान करना चाहिए ॥ ६१ ॥

विमर्श - षडङ्गन्यास - ॐ श्रीं हृदयाय नमः, ॐ स्वप्नेश्वरि शिरसे स्वाहा,
ॐ कार्यं शिखायै वषट् मे कवचाय हुं, वद नेत्रत्रयाय वौषट्,
ॐ स्वाहा अस्त्राय फट् ॥ ६१ ॥

अब **स्वप्नेश्वरी देवी का ध्यान** कहते हैं -

अपने चारों हाथों में वर, अभय एवं दो कमलों को धारण की हुई स्वर्णरचित आसन पर विराजमान, श्वेत वस्त्र धारण करने वाली तथा शरत्कालीन चन्द्रमा के समान कान्तिमती, विविध आभूषणों से अलंकृत भगवती स्वप्नेश्वरी का मैं ध्यान करता हूँ ॥ ६२ ॥

इस मन्त्र का एक लाख जप करें तथा विल्वपत्रों से तद्दशांश हवन करना चाहिए। पूर्वोक्त पीठ पर षडङ्ग, दिक्पाल एवं उनके आयुधों का पूजन करें ॥ ६३॥

इस प्रकार पुरश्चरण द्वारा मन्त्र सिद्ध हो जाने पर रात्रि में देवी की पूजाकर उनके आगे दश हजार जप करना चाहिए । जप काल में ब्रह्मचर्य व्रत का

देव्यै निवेद्य स्वहार्दं सा स्वप्ने वदति ध्रुवम्।
यक्षिण्याद्या इति प्रोच्य मातङ्गी गद्यतेऽधुना ॥ ६५॥

मातङ्गीमन्त्रविधानवर्णनम्

तारो मायाच वाग्लक्ष्मीहृन्निद्रास्मृतिलान्तिमाः।
सनेत्रो हरिरुच्छिष्टचाण्डानेत्रयुता क्रिया ॥ ६६ ॥
श्रीमातङ्गेश्वरिपदं सर्वशूलीनलान्तशम्[1]।
करिवह्निप्रियामन्त्रो द्वात्रिंशद्वर्णवानयम्[2] ॥ ६७॥
मतङ्गो मुनिरस्योक्तोऽनुष्टुप्छन्दस्तु देवता ।
मातङ्गीसर्वजनता वशीकरणतत्परा ॥ ६८ ॥
चतुर्भिः षड्भिरङ्गैश्च षडष्टनयनैरपि।
मन्त्रोऽस्य वर्णैरङ्गानि न्यस्य देवीं विचिन्तयेत् ॥ ६६ ॥

॥ *॥ ६४–६५॥ मातंगीमाह – **तार** इति । तार ॐ । माया ह्रीं । वाक् ऐं । लक्ष्मीः श्रीं । हृत् नमः । निद्रा भः । स्मृतिर्गः । लान्तिमो वः । सनेत्रो हरिः ति । 'उच्छिष्टचाण्डा' स्वरूपम् । नेत्रयुता क्रिया लि ॥ ६६ ॥ श्रीं मातंगेश्वरि सर्वेति स्वरूपम् । शूली जः । न स्वरूपम् । लान्तो वः । 'शं' स्वरूपम् । 'करि' स्वरूपम् । वह्निप्रिया स्वाहा ॥ ६७ ॥ *॥ ६८–७२ ॥

पालन करते हुये कुशाओं पर मृगचर्म बिछा कर सोना चाहिए । सोते समय देवी को अपने हृदय की बात निवेदन करना चाहिये । ऐसा करने से वह स्वप्न में उसका उत्तर अवश्य दे देती हैं । यहाँ तक यक्षिणी के विषय में कहा अब मातङ्गी के विषय में कहता हूँ ॥ ६४-६५ ॥

अब **मातङ्गी मन्त्र का उद्धार** कहते हैं -

तार (ॐ), माया (ह्रीं), वाग् (ऐं), लक्ष्मी (श्रीं), हृद् (नमः), निद्रा (भ), स्मृति (ग), लान्तिम (व), नेत्रो हरि (ति), फिर 'उच्छिष्ट चाण्डा' फिर नेत्रायुत क्रिया (लि), फिर 'श्रीमातंगेश्वरि सर्व' पद, इसके बाद शूली (ज), फिर न, फिर लान्त (व), फिर 'शङ्करि', इसके बाद वह्निप्रिया (स्वाहा) लगाने से बत्तीस अक्षरों का मन्त्र निष्पन्न होता है ॥ ६६-६७ ॥

विमर्श - इस **मन्त्र का स्वरूप** इस प्रकार है - 'ॐ ह्रीं ऐं श्रीं नमो भगवति उच्छिष्टचाण्डालि श्रीमातंगेश्वरि सर्वजनवशंकरि स्वाहा ॥ ६६-६७ ॥

इस मन्त्र के मतङ्ग ऋषि हैं, अनुष्टुप् छन्द है तथा सब लोगों को वश में करने में तत्पर मातङ्गी देवता है । मन्त्र के ४, ६, ६, ६, ८ एवं २ वर्णों से

---

१. ॐ ह्रीं ऐं श्रीं नमो भगवति उच्छिष्टचाण्डालिश्रीमातङ्गेश्वरि सर्वजनवशङ्करि स्वाहा ।
२. अस्य मन्त्रस्य मतङ्गऋषिरनुष्टुप्छन्दो मातङ्गीदेवता ममाभीष्टसिद्ध्यर्थे जपे विनियोगः ।

घनश्यामलाङ्गीं स्थितां रत्नपीठे
शुकस्योदितं शृण्वतीं रक्तवस्त्राम् ।
सुरापानमत्तां सरोजस्थितां श्री
भजे वल्लकीं वादयन्तीं मतङ्गीम् ॥ ७० ॥
जपोयुतं सहस्रं तु होमः पुष्पैर्मधूकजैः ।
मध्वक्तैः पूजयेत्पीठे वक्ष्यमाण विधानतः ॥ ७१ ॥
त्रिकोणाष्टदलद्वन्द्वं कलास्रचतुरस्रकम् ।
पीठं कृत्वा यजेत्तस्मिन्पीठशक्तीर्नवेष्टदाः ॥ ७२ ॥
विभूतिरुन्नतिः कान्तिः सृष्टिः कीर्तिश्च सन्नतिः ।
व्युष्टिरुत्कृष्टिऋद्धी च मातंग्यन्ताः समीरिताः ॥ ७३ ॥

मातङ्ग्यन्ता इमाः । विभूत्यै नम-इत्यादिकाः ॥ ७३ ॥

षडङ्गन्यास कर देवी का ध्यान करना चाहिए ॥ ६८-६९ ॥

विमर्श - **विनियोग** - 'अस्य श्रीमातङ्गीमन्त्रस्य मतङ्गऋषिरनुष्टुप्छन्दः श्रीमातङ्गीदेवता ममाऽभीष्टसिद्धिर्थं जपे **विनियोगः** ।

षडङ्गन्यास - ॐ ह्रीं ऐं श्रीं हृदयाय नमः, ॐ नमो भगवति शिरसे स्वाहा,
ॐ उच्छिष्टचाण्डालि शिखायै वषट् ॐ श्री मातङ्गेश्वरि कवचाय हुम्,
ॐ सर्वजनवशङ्करि नेत्रत्रयाय वौषट् ॐ स्वाहा अस्त्राय फट् ॥ ६८-६९ ॥

अब **मातङ्गी देवी का ध्यान** कहते हैं -

मेघ के समान श्याम वर्णो वाली रत्नपीठ पर विराजमान, शुक की बोली सुनने में तत्पर, रक्त वस्त्र धारण करने वाली सुरापान से उन्मत्त सरोज पर स्थित वल्लकी वीणा बजाती हुई श्री मातङ्गी का मैं ध्यान करता हूँ ॥ ७० ॥

मातङ्गीपूजनयन्त्रम्

उपर्युक्त मन्त्र का १० हजार जप करना चाहिए, तथा मधु सहित मधूक (महुआ) के पुष्पों से एक हजार आहुतियाँ देनी चाहिए । तदनन्तर पूर्वोक्त पीठ पर वक्ष्यमाण रीति से देवी का पूजन करना चाहिए ॥ ७१ ॥

अब **मातङ्गी यन्त्र का प्रकार** कहते हैं - त्रिकोण के बाद दो अष्ट दल कमल फिर १६ दल का कमल उसके ऊपर चतुरस्त्र और भूपुर युक्त पीठ रचना कर उस पर अभीष्टदायिनी नौ शक्तियों की पूजा करनी चाहिए ॥ ७२ ॥

पीठमन्त्रपीठपूजाविधिवर्णनम्

सर्वशक्तिकमस्यान्ते लासनायहृदयन्तिकः ।
तारमायावाग्रमाद्यः पीठमन्त्रः कलार्णकः ॥ ७४ ॥
विश्राण्यासनमेतेन पाद्यादीनि प्रकल्पयेत् ।
मूलेन पुष्पपूजान्ते कुर्यादावरणार्चनम् ॥ ७५ ॥
त्रिकोणेष्वर्चयेत् तिस्रो रतिप्रीतिमनोभवाः ।
केसरेषु षडङ्गानि मातृश्च दलमध्यगाः ॥ ७६ ॥
द्वितीयेऽष्टदले पूज्या असिताङ्गादिभैरवाः ।
षोडशाख्ये तु वामाख्या ज्येष्ठारौद्रीप्रशान्तिका ॥ ७७ ॥
श्रद्धामाहेश्वरी चापि क्रियाशक्तिश्च सप्तमी ।
सुलक्ष्मीः सृष्टिमोहिन्यौ प्रमथाश्वासिनी तथा ॥ ७८ ॥

पीठमन्त्रमाह – सर्वेति । ॐ ह्रीं ऐं श्रीं सर्वशक्तिकमलासनाय नम इति ॥ ७४ ॥ विश्राण्य दत्त्वा ॥ ७५ ॥ *॥ ७६–७९ ॥

---

१. विभूति, २. उन्नति, ३. कान्ति, ४. सृष्टि, ५. कीर्ति, ६. सन्नति, ७. व्युष्टि, ८. उत्कृष्टिऋद्धि और ९. मातङ्गी ये नौ शक्तियाँ कही गई हैं ॥ ७३ ॥

'सर्वशक्तिकम' इस पद के बाद 'लासनाय नमः' तथा प्रारम्भ में तार (ॐ), माया (ह्रीं), वाग (ऐं), तथा रमा (श्रीं), लगाने से सोलह अक्षर का 'ॐ ह्रीं ऐं श्रीं सर्वशक्तिकमलासनायै नमः' यह मन्त्र बनता है । इस मन्त्र से देवी को आसन देकर मूल मन्त्र से मूर्ति की कल्पना कर पाद्य आदि सपर्या के बाद पुष्पाञ्जलि समर्पित करनी चाहिए । फिर अनुज्ञा लेकर आवरण पूजा प्रारम्भ करना चाहिए ॥ ७४-७५ ॥

विमर्श – पीठ पूजा विधि - (द्र० ७. ८-१०) । इसके बाद निम्नलिखित विधि से पूर्व आदि दिशाओं में आठ शक्तियों की तथा मध्य में मातङ्गी की इस प्रकार की पूजा करनी चाहिए - ॐ विभूत्यै नमः, पूर्वे,

ॐ उन्नत्यै नमः, आग्नेये, ॐ कान्त्यै नमः, दक्षिणे, ॐ सृष्ट्यै नमः, नैर्ऋत्ये,
ॐ कीर्त्यै नमः, पश्चिमे, ॐ सन्नत्यै नमः, वायव्ये, ॐ व्युष्ट्यै नमः, उत्तरे
ॐ उत्कृष्टिऋद्धिभ्यां नमः, ईशाने, ॐ मातङ्ग्यै नमः, मध्ये ॥ ७४-७५ ॥

अब **आवरण पूजा का विधान** कहते हैं -

त्रिकोण में रति, प्रीति एवं मनोभवा इन तीन देवियों का अर्चन करें, केशरों में षडङ्ग, तदनन्तर प्रथम अष्टदल मे मातृकाओं की और दूसरे अष्टदल में असिताङ्गादि अष्ट भैरवों की पूजा करनी चाहिए । फिर षोडश दल में - १. वामा, २. ज्येष्ठा, ३. रौद्री, ४. प्रशान्तिका, ५. श्रद्धा, ६. माहेश्वरी, ७.

विद्युल्लता च चिच्छक्तिः सुन्दरीनन्दया सह ।
नन्दबुद्धिः षोडशी तु पूजनीयाः प्रयत्नतः ॥ ७६ ॥
चतुरस्रे चतुर्दिक्षु मातङ्गी सामहादिका ।
महालक्ष्मीस्तथासिद्धं पुनर्वह्न्यादिकोणतः ॥ ८० ॥
विघ्नेश दुर्गाबटुकक्षेत्रेशादिग्धवास्ततः ।
वज्राद्याः पूजनीयाः स्युरित्थं सिद्धिर्मनोर्भवेत् ॥ ८१ ॥
ध्रुवं भवानी वाग्बीजं रमामादौ प्रयोजयेत् ।
सर्वावरणदेवानां मातङ्गीपदमन्ततः ॥ ८२ ॥

सा महादिका महामातंगी ॥ ८०–८१ ॥ ध्रुवमिति । आवरणदेवता-नामादौ ध्रुवादीन अन्ते मातंगीपदञ्च योजयेत् । ॐ ह्रीं ऐं श्रीं रत्यै मातंग्यै नम इत्यादि ॥ ८२ ॥ *॥ ८३ ॥

क्रियाशक्ति, ८. सुलक्ष्मी, ९. सृष्टि, १०. मोहिनी, ११. प्रमथा, १२. श्वासिनी, १३. विद्युल्लता, १४. चिच्छक्ति, १५. नन्दसुन्दरी, एवं १६. नन्दबुद्धि - इन सोलह शक्तियों का प्रयत्न पूर्वक पूजन करना चाहिए ॥ ७६-७९ ॥

चतुरस्त्र में चारों दिशाओं में १. महामातङ्गी, २. महालक्ष्मी, ३. महासिद्धि एवं ४. महादेवी का, तथा आग्नेयादि चार कोणों में १. विघ्नेश, २. दुर्गा, ३. बटुक एवं ४. क्षेत्रपाल का पूजन करना चाहिए । उसके बाद दिक्पाल, उनके वज्रादि आयुधों का पूजन करना चाहिए । इस प्रकार पूजन करने से मन्त्र सिद्ध हो जाता है ॥ ८१ ॥

समस्त आवरण देवताओं के आदि में ध्रुव (ॐ), भवानी (ह्रीं), वाग् (ऐं), रमा (श्रीं) तथा अन्त में चतुर्थ्यन्त मातङ्गी पद लगाकर पूजनमन्त्रों की कल्पना करनी चाहिए ॥ ८२ ॥

विमर्श - आवरण पूजाविधि - प्रथमावरण त्रिकोण में - ॐ ह्रीं ऐं श्रीं रत्यै मातङ्ग्यै नमः, ॐ ह्रीं ऐं श्रीं प्रीत्यै मातङ्गी नमः, ॐ ह्रीं ऐं श्रीं मनोभवायै मातङ्ग्यै नमः ।

इसके बाद **प्रथम अष्टदल** में पूर्वादिक्रम से अष्टमातृकाओं का इस प्रकार पूजन करना चाहिए -

१ - ॐ ह्रीं ऐं श्रीं ब्राह्म्यै मातङ्ग्यै नमः, पूर्वे
२ - ॐ ह्रीं ऐं श्रीं माहेश्वर्यै मातङ्ग्यै नमः, आग्नेये
३ - ॐ ह्रीं ऐं श्रीं कौमार्यै मातङ्ग्यै नमः, दक्षिणे
४ - ॐ ह्रीं ऐं श्रीं वैष्णव्यै मातङ्ग्यै नमः, नैर्ऋत्ये
५ - ॐ ह्रीं ऐं श्रीं वाराह्यै मातङ्ग्यै नमः, पश्चिमे
६ - ॐ ह्रीं ऐं श्रीं इन्द्राण्यै मातङ्ग्यै नमः, वायव्ये

७ - ॐ ह्रीं ऐं श्रीं चामुण्डायै मातङ्ग्यै नमः, उत्तरे

८ - ॐ ह्रीं ऐं श्रीं महालक्ष्म्यै मातङ्ग्यै नमः, ऐशान्यै

इसके बाद **द्वितीय अष्टदल** में पूर्वादि दिशाओं के क्रम से असिताङ्गादि भैरवों का इस प्रकार पूजन करना चाहिए -

१ - ॐ ह्रीं ऐं श्रीं असिताङ्गभैरवाय मातङ्गीरूपाय नमः पूर्वे

२ - ॐ ह्रीं ऐं श्रीं रुरुभैरवाय मातङ्गीरूपाय नमः आग्नेये

३ - ॐ ह्रीं ऐं श्रीं चण्डभैरवाय मातङ्गीरूपाय नमः दक्षिणे

४ - ॐ ह्रीं ऐं श्रीं क्रोधभैरवाय मातङ्गीरूपाय नमः, नैर्ऋत्ये

५ - ॐ ह्रीं ऐं श्रीं उन्मत्तभैरवाय मातङ्गीरूपाय नमः, पश्चिमे

६ - ॐ ह्रीं ऐं श्रीं कपालीभैरवाय मातङ्गीरूपाय नमः, वायव्ये

७ - ॐ ह्रीं ऐं श्रीं भीषणभैरवाय मातङ्गीरूपाय नमः, उत्तरे

८ - ॐ ह्रीं ऐं श्रीं संहारभैरवाय मातङ्गीरूपाय नमः, ऐशान्यै

इसके अनन्तर **सोलह दलों में** प्रदक्षिण क्रम से वामा आदि सोलह शक्तियों की इस प्रकार पूजा करें -

१ - ॐ ह्रीं ऐं श्रीं वामायै मातङ्गीस्वरूपिण्यै नमः,

२ - ॐ ह्रीं ऐं श्रीं ज्येष्ठायै मातङ्गीस्वरूपिण्यै नमः,

३ - ॐ ह्रीं ऐं श्रीं रोद्रायै मातङ्गीस्वरूपिण्यै नमः,

४ - ॐ ह्रीं ऐं श्रीं प्रशान्तिकायै मातङ्गीस्वरूपिण्यै नमः,

५ - ॐ ह्रीं ऐं श्रीं श्रद्धायै मातङ्गीस्वरूपिण्यै नमः,

६ - ॐ ह्रीं ऐं श्रीं माहेश्वर्यै मातङ्गीस्वरूपिण्यै नमः,

७ - ॐ ह्रीं ऐं श्रीं क्रियाशक्त्यै मातङ्गीस्वरूपिण्यै नमः,

८ - ॐ ह्रीं ऐं श्रीं सुलक्ष्म्यै मातङ्गीस्वरूपिण्यै नमः,

९ - ॐ ह्रीं ऐं श्रीं सृष्टयै मातङ्गीस्वरूपिण्यै नमः,

१० - ॐ ह्रीं ऐं श्रीं मोहिन्यै मातङ्गीस्वरूपिण्यै नमः,

११ - ॐ ह्रीं ऐं श्रीं प्रमथायै मातङ्गीस्वरूपिण्यै नमः,

१२ - ॐ ह्रीं ऐं श्रीं श्वासिन्यै मातङ्गीस्वरूपिण्यै नमः,

१३ - ॐ ह्रीं ऐं श्रीं विद्युल्लतायै मातङ्गीस्वरूपिण्यै नमः,

१४ - ॐ ह्रीं ऐं श्रीं चिच्छक्त्यै मातङ्गीस्वरूपिण्यै नमः,

१५ - ॐ ह्रीं ऐं श्रीं नन्दसुन्दर्यै मातङ्गीस्वरुपिण्यै नमः,

१६ - ॐ ह्रीं ऐं श्रीं नन्दबुद्ध्यै मातङ्गीस्वरुपिण्यै नमः,

इसके बाद **चतुरस्त्र भूपुर** से पूर्वादि दिशाओं के क्रम से महामातङ्गी आदि का पूजन करना चाहिए -

१ - ॐ ह्रीं ऐं श्रीं महामातङ्ग्यै मातङ्ग्यै नमः, पूर्वे

२ - ॐ ह्रीं ऐं श्रीं महालक्ष्म्यै मातङ्ग्यै नमः, दक्षिणे

३ - ॐ ह्रीं ऐं श्रीं महासिद्ध्यै मातङ्ग्यै नमः, पश्चिमे

४ - ॐ ह्रीं ऐं श्रीं महादेव्यै मातङ्ग्यै नमः, उत्तरे

इसके बाद पुनः **चतुरस्र** में आग्नेयादि त्रिकोणों में क्रम से विघ्नेशादि का पूजन करना चाहिए -

१ - ॐ ह्रीं ऐं श्रीं विघ्नेशाय मातङ्गीस्वरूपायै नमः, आग्नेये
२ - ॐ ह्रीं ऐं श्रीं दुर्गायै मातङ्गीस्वरूपायै नमः, नैर्ऋत्ये
३ - ॐ ह्रीं ऐं श्रीं बटुकाय मातङ्गीस्वरूपायै नमः, वायव्ये
४ - ॐ ह्रीं ऐं श्रीं क्षेत्रपालाय मातङ्गीस्वरूपायै नमः, ऐशान्ये ।

इसके बाद पुनः **भूपुर में** पूर्वादि दिशाओं क्रम में, इन्द्र आदि दश दिक्पालों की पूजा करनी चाहिए -

१ - ॐ ह्रीं ऐं श्रीं इन्द्राय मातङ्गीरूपाय नमः, पूर्वे
२ - ॐ ह्रीं ऐं श्रीं अग्नये मातङ्गीरूपाय नमः, अग्नेये
३ - ॐ ह्रीं ऐं श्रीं यमाय मातङ्गीरूपाय नमः, दक्षिणे
४ - ॐ ह्रीं ऐं श्रीं निर्ऋतये मातङ्गीरूपाय नमः, नैर्ऋत्ये
५ - ॐ ह्रीं ऐं श्रीं वरुणाय मातङ्गीरूपाय नमः, पश्चिमे
६ - ॐ ह्रीं ऐं श्रीं वायवे मातङ्गीरूपाय नमः, वायव्ये
७ - ॐ ह्रीं ऐं श्रीं सोमाये मातङ्गीरूपाय नमः, उत्तरे
८ - ॐ ह्रीं ऐं श्रीं ईशानाय मातङ्गीरूपाय नमः, ईशाने
९ - ॐ ह्रीं ऐं श्रीं ब्रह्मणे मातङ्गीरूपाय नमः, पूर्वेशानयोर्मध्ये
१० - ॐ ह्रीं ऐं श्रीं अनन्ताय मातङ्गीरूपाय नमः, नैर्ऋत्य पश्चिमयोर्मध्ये

पुनः अन्त में भूपुर के बाहर पूर्वादि दिशाओं के क्रम से वज्रादि आयुधों की पूजा करनी चाहिए -

१ - ॐ ह्रीं ऐं श्रीं वज्राय मातङ्गीस्वरूपाय नमः, पूर्वे
२ - ॐ ह्रीं ऐं श्रीं शक्तये मातङ्गीस्वरूपाय नमः, आग्नेये
३ - ॐ ह्रीं ऐं श्रीं दण्डाय मातङ्गीस्वरूपाय नमः, दक्षिणे
४ - ॐ ह्रीं ऐं श्रीं खड्गाय मातङ्गीस्वरूपाय नमः, नैर्ऋत्ये
५ - ॐ ह्रीं ऐं श्रीं पाशाय मातङ्गीस्वरूपाय नमः, पश्चिमे
६ - ॐ ह्रीं ऐं श्रीं अंकुशाय मातङ्गीस्वरूपाय नमः, वायव्ये
७ - ॐ ह्रीं ऐं श्रीं गदायै मातङ्गीस्वरूपाय नमः, उत्तरे
८ - ॐ ह्रीं ऐं श्रीं शूलायै मातङ्गीस्वरूपाय नमः, वायव्ये
९ - ॐ ह्रीं ऐं श्रीं पद्माय मातङ्गीस्वरूपाय नमः, पूर्वेशानयोर्मध्ये
१० - ॐ ह्रीं ऐं श्रीं चक्राय मातङ्गीरुस्वरूपाय नमः, पश्चिमनैर्ऋत्ययोर्मध्ये

इस प्रकार प्रत्येक आवरण पूजा के अनन्तर एक एक पुष्पाञ्जलि समर्पित कर यन्त्र में देवी की विधिवदुपचारों से पूजा कर उक्त मन्त्र का जप करना चाहिए ॥ ८१-८२ ॥

मल्लिकाकुसुमैर्होमाद् भोगो राज्यं च बिल्वजैः ।
पत्रैः फलैर्वा वश्यास्याज्जनताब्रह्मवृक्षजैः ॥ ८३ ॥
रोगनाशोमृताखण्डैर्निम्बैः श्रीस्तण्डुलैरपि ।
आकृष्टिर्लवणैर्विद्यात्तगरैर्वेतसैर्जलम् ॥ ८४ ॥
लवणैर्निम्बतैलाक्तैः शत्रुनाशोऽन्धसाशनम् ।
निशाचूर्णयुतैर्लोणैर्होमात्स्यात्स्तम्भनं नृणाम् ॥ ८५ ॥
रक्तचन्दनकर्चूरमांसीकुंकुमरोचनाः ।
चन्दनागुरुकर्पूरैर्गन्धाष्टकमुदीरितम् ॥ ८६ ॥
एतद्धोमाज्जगद्वश्यं जायते मन्त्रिणो ध्रुवम् ।
एतत्पिष्ट्वा शतं जप्त्वा तिलकेन जगत्प्रियः ॥ ८७ ॥
कदलीफलहोमेन सर्वेष्टं समवाप्नुयात् ।
किंबहूक्तेन मातङ्गी पूजिता कामदा नृणाम् ॥ ८८ ॥
मध्वक्तलोणरचितां पुत्तलीं दक्षिणांघ्रितः ।
हूयादष्टोत्तरशतं खादिराग्नौ वशं निशि ॥ ८९ ॥
शालिपिष्टमयीं तां तु भक्षयेत्स्त्रीवशीकृतो ।
कृष्णभूतनिशि ध्वाङ्क्षोदरे क्षिप्त्वा समुद्रजम् ॥ ९० ॥

अमृताखण्डैर्गुडूची शकलैः ॥ ८४ ॥ अन्धसाऽन्नेन हुतेनाशनमन्नं प्राप्यते ॥ ८५ ॥ *॥ ८६–९१ ॥

अब **काम्य प्रयोग में होम की विधि** कहते हैं -

मल्लिका पुष्पों के होम से भोग, विल्वपत्रों के होम से राज्य, ब्रह्मवृक्ष के पत्र या फल के होम से सभी लोग वश में हो जाते हैं । अमृता (गुरुचा) के टुकडो के होम से रोगों का विनाश, नीम या चावल के होम से लक्ष्मी, लोण के होम से आकर्षण, तगर तथा बेतस के होम से जल, निम्ब के तेल में डुबोये गये लोण के होम से शत्रु का नाश, भात के होम से उत्तम भोजन, हरदी के चूर्णयुत लोण के होम से मनुष्यों का स्तम्भन हो जाता है ॥ ८३-८५ ॥

लाल चन्दन, कर्चूर, जटामाँसी, कुंकुम, गोरोचन, चन्दन, अगरु, कर्पूर - ये गन्धाष्टक कहे गये हैं । इनके होम से सारा जगत् उस साधक के वश में हो जाता है । इस गन्धाष्टक को पीसकर उक्त मन्त्र का जप कर तिलक लगावे तो व्यक्ति सर्वलोक प्रिय हो जाता है । कदलीफल के होम से व्यक्ति अपना समस्त अभीष्ट प्राप्त कर लेता है । इस विषय में विशेष क्या कहें - मातङ्गी देवी की उपासना से सारी कामनायें पूर्ण हो जाती हैं ॥ ८६-८८ ॥

मध्वक्तलोण से बनी पुतली को प्रदक्षिण क्रम से खैर की प्रज्वलित अग्नि में रात्रि के समय मूल मन्त्र से १०८ बार होम करें तो वशीकरण प्राप्त होता है ।

नीलसूत्रेण संवेष्ट्य चिताग्नौ प्रदहेदमुम्।
सहस्रजप्तं तद्भस्मं यस्मै दद्यात् स दासवत्॥ ६१॥

बाणेशीमन्त्रस्तद्विधानवर्णनम्

सत्योऽग्नियुक्तोऽनन्तेन्दुसंयुक्तं बीजमादिमम्।
एतस्यानन्तसंस्थाने शान्तियुक्तो द्वितीयकम्॥ ६२॥
ब्रह्मेन्द्रशान्तिबिन्द्वाढ्यस्तृतीयं बीजमीरितम्।
भूधरो वसुधोर्घीशचन्द्राढ्यस्तत्तुरीयकम्॥ ६३॥
सर्गी हंसः पञ्चमः स्यात् पञ्चबीजात्मको मनुः[1]।
ऋषिः[2] सम्मोहनश्छन्दो गायत्रीदेवता पुनः॥ ६४॥

बाणेशीमाह – **सत्य** इति । सत्यो दः अग्नियुक्तो रेफयुतः । अनन्तेन्दुसंयुतः आबिन्दुयुतश्च तेन द्रामित्यादि बीजम् । स एव रेफयुतो दः । आस्थाने शान्तिरी तेन युतो द्रीं ॥ ६२ ॥ इन्द्रशान्ति बिन्द्वाढ्यो ब्रह्मा लईबिन्दुयुतः कः क्लीं । वसुधार्घीश चन्द्राढ्यो लऊ । बिन्दुयुतो भूधरो वः । ब्लूं ॥ ६३ ॥ सर्गी हंसः सः ॥ ६४ ॥ व्यस्तवर्णेन पञ्चबीजैः पञ्चाङ्गानि सर्वेणास्त्रम् । पञ्चबीजाद्या द्राविण्याद्या

चावल के आँटे की बनी पुतली को, स्त्री को वश में करने के इस मन्त्र का जप कर जिस स्त्री को खिलावे तो वह वश में हो जाती है ॥ ८९-९० ॥

कृष्णपक्ष की चतुर्दशी की रात्रि में समुद्री नमक कौवे के पेट में खिलाकर काले धागे से लपेटकर चिता की अग्नि में उसे जला दे । फिर उस भस्म को इस मन्त्र से एक सहस्त्र बार अभिमन्त्रित करें, तो जिसे वह भस्म दिया जाता है वह दास के समान हो जाता है ॥ ९०-९१ ॥

अब **बाणेशी मन्त्र का उद्धार** कहते हैं -

अनन्त (आकार) इन्द्र अनुस्वार सहित सत्य (दकार) एवं अग्निरकार (अर्थात् द्रां) यह बाणेशी का **प्रथम बीज** है इस बीज मन्त्र में अनन्त के स्थान में शान्ति (ईकार) लगाने से **द्वितीय बीज** पुनः इन्द्र शान्ति एवं बिन्दु सहित ब्रह्मा (क्लीं) यह **तृतीय बीज**, वसुधा अर्घीश, चन्द्रसहिता भूधर अर्थात् ब्लूं यह **चतुर्थ बीज** है । सर्गी हंसः विसर्ग सहित सकार (सः) यह **पाँचवाँ बीज** है । इस प्रकार पञ्च बीजात्मक मन्त्र बनता है ॥ ६२-६३ ॥

विमर्श - मन्त्र का स्वरूप इस प्रकार है - 'द्रां द्रीं क्लीं ब्लूँ सः' ॥ ६२-६३॥

इस मन्त्र के सम्मोहन ऋषि हैं, गायत्री छन्द है तथा बाणेशी देवता हैं ।

---

१. द्रां द्रीं क्लीं ब्लूं सः ।

२. अस्य बाणेशीमन्त्रस्य संमोहनऋषिः गायत्रीछन्दः बाणेशीदेवता ममाभीष्टसिद्ध्यर्थे जपे विनियोगः ।

बाणेशी व्यस्तवर्णेन मन्त्रेणोक्तं षडङ्गकम् ।
मूर्ध्नि पादे मुखे गुह्ये हृदये पञ्चदेवताः ॥ ६५ ॥
न्यस्तव्याः पञ्चबीजाद्या द्राविणीक्षोभिणी पुनः ।
वशीकरण्याकर्षण्यौ सम्मोहिन्यपि पञ्चमी ॥ ६६ ॥

बाणेशीध्यानम्

उद्यद्भास्वत्सन्निभा रक्तवस्त्रा
नानारत्नालंकृताङ्गी वहन्ती ।
हस्तैः पाशं चांकुशं चापबाणौ
बाणेशी नः कामपूर्तिं विधत्ताम् ॥ ६७ ॥
एवं ध्यात्वा जपेल्लक्षपञ्चकं तद्दशांशतः ।
हुत्वा बाणेश्वरीं देवीं पूजयेद्विधिपूर्वकम् ॥ ६८ ॥

देवतामूर्द्धादौ न्यस्याः । द्रां द्राविण्यै नमो मूर्ध्नीत्यादि ॥ ६५–६६ ॥ ध्यानमाह – उद्यदिति । बाणांकुशौ दक्षयोः ॥ ६७ ॥ *॥ ६८–१०१ ॥

मन्त्र के बीजों के विलोमक्रम से तदनन्तर समस्त मन्त्र से षडङ्गन्यास करना चाहिए। फिर षडङ्गन्यास के अनन्तर उक्त पाँच बीजों के साथ द्राविणी, क्षोभिणी, वशीकरणी, आकर्षणी एवं सम्मोहिनी इन पाँच देवताओं को क्रमशः सिर पैर मुख गुप्ता एवं हृदय में इस प्रकार न्यास करना चाहिए ॥ ६४-६६ ॥

विमर्श - विनियोग - 'ॐ अस्य श्रीबाणेशीमन्त्रस्य सम्मोहनऋषिर्गायत्रीछन्दः बाणेशीदेवता ममाऽभीष्टसिद्ध्यर्थे जपे विनियोगः ।

षडङ्गन्यास - सः हृदयाय नमः, ब्लूँ शिरसे स्वाहा, ब्लीं शिखायै वषट्, द्रीं कवचाय हुम्, द्रां नेत्रत्रयाय वौषट् द्रां द्रीं ब्लीं ब्लूँ सः अस्त्राय फट् ।

सर्वाङ्गन्यास - द्रां द्राविण्यै नमः, मूर्ध्नि, द्रीं क्षोभिण्यै नमः, पादयोः,
ब्लीं वशीकरिण्यै नमः, मुखे, ब्लूँ आकर्षिण्यै नमः, गुह्ये,
सः सम्मोहिन्यै नमः, हृदि ॥ ६४-६६ ॥

अब बाणेशी देवी का ध्यान कहते हैं -

बाणेशी का ध्यान उदीयमान सूर्य के समान आभावाली रक्त वस्त्र धारण की हुई, अनेक प्रकार के रत्नजटित आभूषणों से जगमगाती हाथों में क्रमशः पाश, अंकुश, धनुष, एवं बाण धारण की हुई बाणेशी हमारी मनोकामना पूर्ण करें ॥ ६७ ॥

इस प्रकार ध्यान कर प्रतिदिन नियमतः उक्तमन्त्र का ५ लाख जप करना चाहिए । फिर तद्दशांश हवन करना चाहिए । तदनन्तर वाणेशी का विधि पूर्वक पूजन करना चाहिए ॥ ६८ ॥

मोहिनीक्षोभिणीत्रासीस्तम्भिन्याकर्षिणी तथा ।
द्राविण्याह्लादिनी क्लिन्नाक्लेदिनीपीठशक्तयः ॥ ९९ ॥
बाणेशी योगपीठाय नमो मूलादिको मनुः ।
दत्त्वा तेनासनं मन्त्री तस्मिन्देवीं प्रपूजयेत् ॥ १०० ॥
आदौ षडङ्गान्याराध्य दिक्ष्वग्रे द्राविणीमुखाः ।
दलेष्वनङ्गरूपा स्यादनङ्गमदना तथा ॥ १०१ ॥

अनङ्गाद्या कुसुमापरा अनङ्गकुसुमेत्यर्थः ॥ १०२ ॥ *॥ १०३–१०५ ॥

---

१. मोहिनी, २. क्षोभिणी, ३. त्रासी, ४. स्तम्भिनी, ५. आकर्षिणी, ६. द्राविणी, ७. आह्लादिनी, ८. क्लिन्ना तथा ९. क्लेदिनी - ये पीठ की ९ शक्तियाँ कहीं गई हैं ॥ ९९ ॥

'बाणेशीयोगपीठाय नमः' इस मन्त्र के प्रारम्भ में मूलमन्त्र लगाने से पीठ मन्त्र निष्पन्न हो जाता है । प्रारम्भ में पीठ पूजा कर इस मन्त्र से आसन देकर साधक पीठ पूजा करे ॥ १०० ॥

यन्त्र निर्माण - वृत्ताकार कर्णिका अष्टदल एवं भूपुर सहित यन्त्र का निर्माण करें फिर (७.८-१०) के अनुसार पीठ पूजा करें । इसके बाद यन्त्र पर मोहिनी आदि पीठ शक्तियों की तथा मध्य में क्लेदिनी शक्ति की इस प्रकार पूजा करें -

बाणेशीपूजनयन्त्रम्

१ - ॐ मोहिन्यै नमः, पूर्वे
२ - ॐ क्षोभिण्यै नमः, आग्नेये
३ - ॐ त्रास्यै नमः, दक्षिणे
४ - ॐ स्तम्भिन्यै नमः, नैर्ऋत्ये
५ - ॐ आकर्षिण्यै नमः, पश्चिमे
६ - ॐ द्राविण्यै नमः, वायव्ये
७ - ॐ आह्लादिन्यै नमः, उत्तरे
८ - ॐ क्लिन्नायै नमः, ऐशान्ये
९ - ॐ क्लेदिन्यै नमः, मध्ये

तदनन्तर 'द्रां द्रीं क्लीं ब्लूँ सः बाणेशीयोगपीठाय नमः' मन्त्र से बाणेशी देवी को आसन देकर श्लोक ९७ में वर्णित देवी के स्वरूप का ध्यान कर मूलमन्त्र से पुष्पाञ्जलि दे । तदनन्तर निम्न मन्त्र पढ़कर प्रार्थना करनी चाहिए -

'देवेशि भक्तिसुलभे परिवारसमन्विते ।
यावत्त्वां पूजयिष्यामि तावत्त्वं सुस्थिरा भव' ॥ ९९-१०० ॥

यन्त्र में सर्वप्रथम षडङ्गपूजा कर, तदनन्तर पूर्वादि दिशाओं में १. द्राविणी आदि का एवं २. क्षोभिणी, ३. वशीकरणी, ४. आकर्षणी का तथा मध्य में ५.

अनङ्गमन्मथानङ्गकुसुमामदनापरा ।
अनङ्गाद्या तथानङ्गशिशिरानङ्गमेखला ॥ १०२ ॥
अनङ्गदीपिकेत्यष्टौ शक्राद्या आयुधान्यपि ।
एवं सिद्धं मनुं मन्त्री काम्येषु विनियोजयेत् ॥ १०३ ॥
दधियुक्तैरशोकस्य पुष्पैर्यो दिवसत्रयम् ।
सहस्रं जुहुयात्तस्य वश्याः स्युः प्राणिनोऽखिलाः ॥ १०४ ॥
लाजैर्दधियुतैर्होमान् मन्त्री कन्यामवाप्नुयात् ।
कन्यापि वरमाप्नोति मासद्वितयमध्यतः ॥ १०५ ॥

सम्मोहिनी का बीज मन्त्र के एक एक अक्षर को आदि में लगाकर पूजन करना चाहिए । तदनन्तर अष्टदल में १. अनङ्गरूपा, २. अनङ्गमदना, ३. अनङ्गमन्मथा, ४. अनङ्गकुसुमा, ५. अनङ्गवदना, ६. अनङ्गशिशिरा, ७. अनङ्गमेखला, ८. अनङ्गदीपिका आदि आठ देवियों का, फिर इन्द्रादि दश दिक्पालों का, फिर उनके वज्रादि आयुधों का पूजन करना चाहिए । इस प्रकार मन्त्र सिद्ध हो जाने पर साधक को अन्य काम्य प्रयोगों में उसका विनियोग करना चाहिए ॥ १०१-१०३ ॥

विमर्श - आवरण पूजा - सर्वप्रथम वृत्ताकार कर्णिका में विलोम रीति से

सः हृदयाय नमः, ब्लूँ शिरसे स्वाहा, ब्लीं शिखायै वषट्,
द्रां कवचाय हुम्, द्रां नेत्रत्रयाय वौषट् द्रां द्रीं ब्लीं ब्लूँ सः अस्त्राय फट्

तदनन्तर पूर्वादि दिशाओं में - द्रां द्राविण्यै नमः पूर्वे,
द्रीं क्षोभिण्यै नमः दक्षिणे, ब्लीं वशीकरण्यै नमः पश्चिमे,
ब्लूँ, आकर्षण्यै नमः उत्तर, सः सम्मोहिन्यै नमः अग्रे ।

तदनन्तर अष्टदल में पूर्वादि दिशओं के क्रम से इस प्रकार पूजा करें -

ॐ अनङ्गरूपायै नमः, पूर्वे, ॐ अनङ्गमदनायै नमः आग्नेये,
ॐ अनङ्गमन्मथायै नमः दक्षिणे, ॐ अनङ्गकुसुमायै नमः नैर्ऋत्ये,
ॐ अनङ्गमदनायै नमः पश्चिमे, ॐ अनङ्गशिशिरायै नमः वायव्ये,
ॐ अनङ्गमेखालायै नमः वायव्ये, ॐ अनङ्गदीपिकायै नमः ऐशान्ये ।

तत्पश्चात् भूपुर के भीतर पूर्व आदि दिशाओं में पूववर्त् इन्द्रादि दश दिक्पालों की, तथा भूपुर के बाहर उनके वज्रादि आयुधों की पूर्वावत् पूजा करें । उपर्युक्त रीति से देवी के आवरणों की पूजा कर मूलमन्त्र से यथोपलव्ध उपचारों द्वारा देवी की पूजा कर जप प्रारम्भ करें, पुरश्चरण करने से मन्त्र सिद्ध हो जाने पर साधक काम्य प्रयोगों के लिए उसका उपयोग करे ॥ १०१-१०३ ॥

अव **काम्य प्रयोग** कहते हैं - जो व्यक्ति ३ दिन तक दधिमिश्रित अशोक पुष्पों से प्रतिदिन १००० आहुतियाँ देता है, उसके वश में समस्त प्राणी हो जाते हैं ॥ १०४॥

दही सहित लाजा के होम से उतनी ही संख्या में होम करने से साधक को पत्नी प्राप्त होती है, तथा कन्या भी इसके प्रयोग से दो मास के भीतर उत्तम

गव्याज्येन ससम्पातं हुत्वा साऽष्टशतं नरः ।
आज्यं सम्पातितं दद्यात्स्त्रियै विश्राणितश्रियै ॥ १०६ ॥
सा तदाज्यं निजं कान्तं भोजयित्वा वशं नयेत् ।
सुगन्धकुमुमैर्हुत्वा धनमाप्नोति वाञ्छितम् ॥ १०७ ॥

कामेशीमन्त्रस्तद्विधानवर्णनम्

मायामन्मथावाग्बीजे ब्लूं स्त्रीं पञ्चाक्षरो मनुः[1] ।
ऋषिश्छन्दश्च पूर्वोक्ते कामेशीदेवतास्मृता[2] ॥ १०८ ॥

ससम्पातम् आहुतिशेषस्य पात्रान्तरे प्रक्षेपः सम्पातः, तद्युतं हुत्वा सम्पाताज्यं स्त्रियै दद्यात् । किम्भूतायै । विश्राणितश्रियै दत्तदक्षिणायै । दक्षिणामादावादाय पश्चाद् आज्यं दद्यादित्यर्थः । अन्यथा फलाभावात् ॥ १०६–१०७ ॥ कामेशीमाह – **मायेति** । माया ह्रीं । मन्मथः क्लीं । वाग्बीजं ऐं । ब्लूं स्त्रींस्वरूपम् ॥ १०८ ॥

वर प्राप्त करती है ॥ १०५ ॥

गोघृत से संपात हुत शेष सुवस्थित धी का प्रोक्षणी पात्र में गिराना पूर्वक १०८ आहुतियाँ देकर शेष संस्रव वाले घृत को दक्षिणा लेकर स्त्री को दे देवें, वह स्त्री उस संस्रव को अपने पति को खिलावे तो पति वश में हो जाता है । सुगन्धित पुष्पों के होम से साधक मनोवाञ्छित फल प्राप्त कर लेता है ॥ १०६-१०७ ॥

अब **कामेशी मन्त्र का उद्धार** कहते हैं -

माया (ह्रीं), मन्मथ (क्लीं), वाग्वीज (ऐं), फिर ब्लूँ, तदनन्तर स्त्रीं लगाने से ५ अक्षरों का कामेशी मन्त्र बनता है । इस मन्त्र के ऋषि और छन्द पूर्वोक्त (द्र० ७.४६) कामेशी देवता हैं ॥ १०८ ॥

विमर्श - मन्त्र का स्वरूप इस प्रकार है - 'ह्रीं क्लीं ऐं ब्लूँ स्त्रीं' ।

विनियोग विधि - अस्य श्रीकामेशीमन्त्रस्य सम्मोहनऋषिर्गायत्रीछन्दः कामेशीदेवता ममाऽभीष्टसिद्ध्यर्थे जपे विनियोगः ।

मन्त्र के विलोम क्रम से षडङ्गन्यास करना चाहिए ।

षडङ्गन्यास - ॐ स्त्रीं हृदयाय नमः, ॐ ब्लूँ शिरसे स्वाहा,
ॐ ऐं शिखायै वषट्, ॐ क्लीं कवचाय हुम्,
ॐ ह्रीं नेत्रत्रयाय वौषट्, ॐ ह्रीं क्लीं ऐं ब्लूं अस्त्राय फट् ॥ १०८ ॥

---

१. ह्रीं क्लीं ऐं ब्लूँ स्त्रीं । इति पञ्चार्णः । अस्य कामेशीमन्त्रस्य सम्मोहनऋषिः गायत्रीछन्दः कामेशीदेवता ममाभीष्टसिद्ध्यर्थे जपे विनियोगः ।

२. ऐं क्लीं सौः इति त्रिवर्णः । अस्य बालामन्त्रस्य दक्षिणमूर्तिर्ऋषिः पंक्तिश्छन्दः त्रिपुराबालादेवता मध्यं क्लीं शक्तिः अन्ते सौः बीजं ममाभीष्टसिद्ध्यर्थे जपे विनियोगः ।

कामेशीध्यानम्

पाशांकुशाविक्षुशरासबाणौ
करैर्वहन्तीमरुणांशुकाढ्यम् ।
उद्यत्पतङ्गाभिरुचिं मनोज्ञां
कामेश्वरीं रत्नचितां प्रणौमि ॥ १०६ ॥

भूतलक्षं जपित्वैनामर्धलक्षं पलाशजैः ।
कुसुमैर्जुहुयात्पीठे पूर्वोक्ते पूजयेदिमाम् ॥ ११० ॥
आदावङ्गानि सम्पूज्य दिक्षु मध्ये मनोभवम् ।
मकरध्वजकन्दर्पो मन्मथं कामदेवकम् ॥ १११ ॥
ततो ह्यनङ्गरूपाद्यां इन्द्राद्यस्त्राणि तद्बहिः ।
एवं सिद्धमनुर्मन्त्री पूर्वोक्तं योगमाचरेत् ॥ ११२ ॥

॥ इति श्रीमन्महीधरविरचिते मन्त्रमहोदधौ यक्षिण्यादिमन्त्रकथनं नाम सप्तमस्तरङ्गः ॥ ७ ॥

ध्यानमाह – **पाशांकुशेति** । पाशेक्षुचापो वामयोः । उद्यन्यः सहस्रांशुरादित्यस्तत्समकान्तिरत्नैश्चितां व्याप्तां प्रणौमि प्रकर्षेण स्तौमि ॥ १०६ ॥ भूतलक्षं पञ्चलक्षम् ॥ ११० ॥ कामदेवं मध्ये ॥ १११ ॥ योगं प्रयोगम् ॥ ११२ ॥

इति श्रीमन्महीधरविरचितायां मन्त्रमहोदधिव्याख्यायां नौकायां यक्षिण्यादिकथनं नाम सप्तमस्तरङ्गः ॥ ७ ॥

अब **कामेशी देवी का ध्यान** कहते हैं -

अपने चारों हाथो में क्रमशः पाश, अंकुश, इक्षुचाप एवं बाण धारण की हुई, लाल वर्ण का वस्त्र पहने हुये, उदीयमान सूर्य के समान कान्ति वाली, रत्नों से विभूषित महासुन्दरी कामेश्वरी को मैं प्रणाम करता हूँ ॥ १०६ ॥

इस मन्त्र का पाँच लाख जप करे । पलाश के फूलों से ५० हजार की संख्या में आहुति देवे तथा पूर्वोक्त पीठ पर इनकी पूजा करे ॥ ११० ॥

फिर पूर्वादि दिशाओं में १. मनोभव, २. मकरध्वज, ३. कन्दर्प, ४. मन्मथ एवं मध्य में ५. कामदेव का पूजन करें ॥ १११ ॥

फिर अनङ्गरूपा आदि शक्तियों का, तदनन्तर इन्द्रादि दश दिक्पालों का, तथा भूपुर के बाहर उनके वज्रादि आयुधों का पूजन करना चाहिए । इस प्रकार मन्त्र के सिद्ध हो जाने पर साधक पूर्वोक्त काम्य प्रयोगों को करे ॥ ११२ ॥

विमर्श - आवरण पूजा विधि - वृत्ताकार कर्णिका उसके ऊपर चतुर्दल कमल फिर अष्टदल कमल एवं भूपुर से बने यन्त्र पर कामेशी का पूजन करें ।

कामेशीपूजनयन्त्रम्

१०६ श्लोक में वर्णित कामेशी का ध्यान करें तथा मानसोपचार से पूजन करें । फिर उपर्युक्त पीठ पर श्लोक ७-९९-१०० में बतलायी गई रीति से पीठ पूजन तथा देवी का पूजन कर उनकी अनुज्ञा प्राप्त कर इस प्रकार आवरण पूजा करें । सर्वप्रथम वृत्ताकार कर्णिका में षडङ्गपूजन निम्न रीति से करें । यथा -

ॐ स्त्रीं हृदयाय नमः, ॐ ब्लूँ शिरसे स्वाहा, ॐ ऐं शिखायै वषट्,
ॐ क्लीं कवचाय हुम्, ॐ ह्रीं नेत्रत्रयाय वौषट्,
ॐ ह्रीं क्लीं ऐं ब्लूं स्त्रीं अस्त्राय फट् ।

तदनन्तर चतुर्दल में पूर्व आदि दिशाओं के क्रम से मनोभाव आदि का पूजन इस प्रकार करना चाहिए । यथा -

ॐ मनोभवाय नमः, पूर्वदले, ॐ मकरध्वजाय नमः दक्षिणदिग्दले,
ॐ कन्दर्पाय नमः पश्चिमदिग्दले, ॐ मन्मथाय नमः उत्तरदले,
ॐ कामदेवाय नमः मध्ये,

पुनः ७. २०१-२०३ में बतलायी गई विधि से अनङ्गरूपा आदि ८ शक्तियों का पूजन कर भूपुर के भीतर इन्द्रादि दश दिक्पालों का तथा बाहर उनके वज्रादि आयुधों का पूर्ववत् पूजन कर पुष्पाञ्जलि समर्पित करें । फिर कामेशी देवी का यथोपलब्ध उपचारों से पूजन कर जप प्रारम्भ करें ॥ १११-११२ ॥

॥ इस प्रकार श्रीमन्महीधर विरचित मन्त्रमहोदधि के सप्तम तरङ्ग की महाकवि पं० रामकुबेर मालवीय के द्वितीय आत्मज डाँ० सुधाकर मालवीय कृत 'अरित्र' नामक हिन्दी व्याख्या पूर्ण हुई ॥ ७ ॥

अथ अष्टमः तरङ्गः

अथ बालां प्रवक्ष्यामि मन्त्री संसेव्य यां द्रुतम् ।
बृहस्पतिः कुबेरश्च जायते विद्यया धनैः ॥ १ ॥

बालात्रिपुरामन्त्रकथनम्

दामोदरश्चन्द्रयुत आद्यं वाग्बीजमीरितम् ।
विधिर्वासवशान्तीन्दुयुक्तं कामाभिधं परम् ॥ २ ॥
संकर्षणविसर्गाढ्योभृगुस्तार्तीयमीरितम् ।
त्रिबीजीगदिता बाला[1] जगत्त्रितयमोहिनी ॥ ३ ॥

* नौका *

॥ १ ॥ बालामन्त्रमाह – **दामोदर** इति । दामोदर ऐ । चन्द्रयुतो बिन्दुयुतः ऐं । वागिति संज्ञास्य । विधिः कः । वासवः शान्तीन्दुयुतः लईबिन्दुयुतः क्लीं । भृगुः सः । संकर्षण औ । तेन विसर्गेण च युतः सौः ॥ २–३ ॥

* अरित्र *

अब बाला के विषय में बतलाता हूँ जिनकी उपासना कर साधक शीघ्र ही विद्या में बृहस्पति के समान तथा धन में कुबेर के समान हो जाता है ॥ १ ॥

अब बाला मन्त्र का उद्धार कहते हैं -

चन्द्र (अनुस्वार) के सहित दामोदर (ऐ) अर्थात् ऐं यह प्रथम वाग्बीज, वासव (ल), शान्ति (ई) तथा इन्द्र (अनुस्वार) से युक्त विधि (क्) अर्थात् क्लीं यह दूसरा कामबीज सङ्कर्षण (औ) तथा विसर्ग युक्त भृगु (सः) अर्थात् सौः यह तृतीय बीज इस प्रकार **'ऐं क्लीं सौः'** इन तीनों बीजों से युक्त बाला का मन्त्र है जो तीनों लोकों का मोहन करने वाली है ॥ २-३ ॥

---

१. 'ऐं क्लीं सौः' – इति त्रिवर्णः ।

दक्षिणामूर्तिपंक्ती च [1] मुनिश्छन्दः क्रमात्स्मृतम् ।
देवता त्रिपुराबाला मध्यान्ते शक्तिबीजके ॥ ४ ॥

न्यासविधिवर्णनम्

नाभेरापादमाद्यं तु नाभ्यन्तं हृदयात् परम् ।
मूर्ध्निहृदन्तं तार्तीयं क्रमाद् देहे प्रविन्यसेत् ॥ ५ ॥
आद्यं वामकरे दक्षकरेऽन्यदुभयोः परम् ।
पुनर्बीजत्रयं न्यस्येन्मूर्ध्नि गुह्ये च वक्षसि ॥ ६ ॥
नवयोन्यभिधे न्यासे नवकृत्वो मनुं न्यसेत् ।
कर्णयोश्चिबुके न्यस्येच्छंखयोर्मुखपंकजे ॥ ७ ॥

मध्यान्ते मध्यं शक्तिः अन्ते बीजम् ॥ ४ ॥ नाभेः पादान्तमाद्यं बीजं न्यस्येत् । एवमग्रेपि ॥ ५ ॥ दक्षकरेऽन्यदद्वितीयम् । परं तृतीयं तूभयोः करयोर्न्यस्येत् ॥ ६ ॥ कर्णौ चिबुकमित्याद्यवयवानां त्रिकोणाकारत्वाद्योनिन्यासोऽयम् ॥ ७–६ ॥

इस मन्त्र के दक्षिणामूर्ति ऋषि, पंक्ति छन्द एवं त्रिपुरा बाला देवता हैं । मन्त्र का मध्य वर्ण (क्लीं) शक्ति तथा अन्तिम (सौः) 'बीज' कहा गया है ॥ ४ ॥

विमर्श – विनियोग - 'अस्य श्रीत्रिपुराबालामन्त्रस्य दक्षिणामूर्त्तिर्ऋषिः पंक्तिश्छन्दः त्रिपुराबालादेवता क्लीं शक्तिः सौः बीजं ममाऽभीष्टसिद्ध्यर्थे जपे विनियोगः ॥ ४ ॥

शरीर के नाभि से लेकर पाद पर्यन्त प्रथम बीज का, हृदय से लेकर नाभिपर्यन्त द्वितीय बीज का, तथा शिर से आरम्भ कर हृदय पर्यन्त तृतीय बीज का न्यास करना चाहिए ॥ ५ ॥

इसके बाद बायें हाथ में प्रथम बीज का, द्वितीय हाथ में द्वितीय बीज का, तदनन्तर दोनों हाथों में तृतीय बीज का न्यास करना चाहिए । फिर मस्तक, गुह्यस्थान एवं वक्षःस्थल में क्रमशः एक एक के क्रम से तीनों बीजों का न्यास करना चाहिए ॥ ६ ॥

विमर्श – प्रथम न्यास विधि - ॐ ऐं नमः, नाभेः पादान्तम्,
ॐ क्लीं नमः, हृदयान्नाभिपर्यन्तम्, ॐ सौः नमः, मूर्ध्नि हृदयान्तम् ।

द्वितीय न्यास विधि - ॐ ऐं नमः, वामकरे,
ॐ क्लीं नमः, दक्षिण करे, ॐ सौः नमः, उभयोः करयोः ।

तृतीय न्यास विधि - ॐ ऐं नमः, मूर्ध्नि,
ॐ क्लीं नमः, गुह्ये, ॐ सौः नमः, वक्षसि ।

अब **नवयोनि संज्ञक न्यास** कहते हैं - इस न्यास में एक एक मन्त्र को नौ बार न्यस्त करना चाहिए । १. दोनों कान

---

१. अस्य श्रीबालमन्त्रस्य दक्षिणामूर्तिर्ऋषिः पंक्तिश्छन्दः त्रिपुराबालादेवता मध्यं क्लीं शक्तिः अन्ते सौः बीजं ममाभीष्टसिद्ध्यर्थे जपे विनियोगः ।

नेत्रयोर्नासिकायां च स्कन्धयोरुदरे तथा ।
न्यसेत्कूर्परयोर्नाभौ जानुनोर्लिङ्गमस्तके ॥ ८ ॥
पादयोरपि गुह्ये च पार्श्वयोर्हृदये पुनः ।
स्तनयोः कण्ठदेशे च वामाङ्गादि प्रविन्यसेत् ॥ ६ ॥
वाग्भवाद्या रतिं गुह्ये प्रीतिमन्त्यादिका हृदि ।
कामबीजादिकां न्यस्येद् भ्रूमध्ये तु मनोभवा ॥ १० ॥
पुनर्वाङ्गत्यकामाद्यास्तिस्र एष्वेव विन्यसेत् ।
अमृतेशीं च योगेशीं विश्वयोनिं तृतीयकाम् ॥ ११ ॥

वागिति । ऐं रत्यै नमो गुह्ये । अन्त्यादिकाम् । सौः प्रीत्यै नमो हृदि । क्लीं मनोभवायै नमो भ्रूमध्ये ॥ १० ॥ पुनर्वाक् । अन्त्यकामाद्या अमृतेशीयोगेशी–विश्वयोनी एष्वेवगुह्यहृद्भ्रूमध्येषु न्यसेत् । ऐं अमृतेश्यै नम इत्यादि ॥ ११ ॥

एवं दोनों चिबुक, २. दोनों गण्ड एवं मुख, ३. दोनों नेत्र एवं नासिका, ४. दोनों कन्धे एवं उदर, ५. दोनों कूर्पर एवं नाभि, ६. दोनों जानु एवं लिङ्ग, ७. दोनों पैर एवं गुप्ताङ्ग, ८. दोनों पार्श्व एवं हृदय, तदनन्तर ६. दोनों स्तन एवं कण्ठ में न्यास करें । इसमें वामाङ्गक्रम से न्यास करना चाहिए ॥ ७-६ ॥

विमर्श - नव योनि न्यास विधि इस प्रकार है -

ॐ ऐं नमः, वामकर्णे ॐ क्लीं नमः, दक्षिण कर्णे ॐ सौः नमः, चिबुके
ॐ ऐं नमः, वाम चिबुके ॐ क्लीं नमः, दक्षिण चिबुके ॐ सौः नमः, मुखे
ॐ ऐं नमः, वाम नेत्रे ॐ क्लीं नमः, दक्षिण नेत्रे ॐ सौः नमः, नासिकायाम्
ॐ ऐं नमः, वाम स्कन्धे ॐ क्लीं नमः, दक्षिण स्कन्धे ॐ सौः नमः, उदरे
ॐ ऐं नमः, वाम कूर्परे ॐ क्लीं नमः, दक्षिण कूर्परे ॐ सौः नमः, नाभौ
ॐ ऐं नमः, वाम जानौ ॐ क्लीं नमः, दक्षिण जानौ ॐ सौः नमः, लिङ्गोपरि
ॐ ऐं नमः, वाम पादे ॐ क्लीं नमः, दक्षिण पादे ॐ सौः नमः, गुह्ये
ॐ ऐं नमः, वाम पार्श्वे ॐ क्लीं नमः, दक्षिण पार्श्वे ॐ सौः नमः, हृदि
ॐ ऐं नमः, वाम स्तने ॐ क्लीं नमः, दक्षिण स्तने ॐ सौः नमः, कण्ठे

अब **रतिन्यास** कहते हैं -

वाग्भव बीज सहित रति को मूलाधार में, अन्तिम बीज सहित प्रीति को हृदय में, कामबीज सहित मनोभवा को भ्रूमध्य में न्यस्त करना चाहिए । इसी प्रकार वाग काम को आदि में कर अन्त्य बीज कर अमेतंशी योगिनी तथा विश्वयोनि को न्यास करना चाहिए ॥ १०-११ ॥

विमर्श - रतिन्यास विधि इस प्रकार है -

ऐं रत्यै नमः, गुह्ये, ॐ सौः प्रीत्यै नमः, हृदि,
ॐ क्लीं मनोभवायै नमः, भ्रूमध्ये, ॐ ऐं अमृतेश्यै नमः, गुह्ये,

मूर्ध्नि[1] वक्त्रे हृदि न्यस्येद् गुह्ये चरणयोरपि।
कामेशीपञ्चबीजाद्यान्स्मरान् मनोभवादिकान् ॥ १२ ॥
शिरः पन्मुखगुह्येषु हृदये पञ्चदेवताः।
द्राविण्याद्याः क्रमान् न्यस्येद् बाणेशीबीजपूर्विकाः ॥ १३ ॥
तार्तीयवाग्मध्यगेन कामेन स्यात् षडङ्गकम्।
षड्दीर्घस्वरयुक्तेन ततो देवीं विचिन्तयेत् ॥ १४ ॥

मूर्ध्नीति । कामेशी पञ्चबीजानि ह्रीं क्लीं ऐं ब्लूं स्त्रीमित्युक्तानि । तदाद्यान्मनोभवादिकान् । मनोभव मकरध्वजकन्दर्पमन्मथकामदेवाख्यान् स्मरान् शिरोमुखहृद्गुह्यपत्सु न्यसेत् । ह्रीं मनोभवाय नम इत्यादि ॥ १२ ॥ **शिर इति** । बाणेशीबीजानि । द्रां द्रीं क्लीं ब्लूं स इति । तत्पूर्वा द्राविण्याद्या द्राविणी क्षोभणी वशीकरण्याकर्षणी सम्मोहनी संज्ञाः बाणदेवताः शिरः पादमुखगुह्यहृत्सु न्यसेत् । द्रां द्राविण्यै नमः शिरसीत्यादि ॥ १३ ॥ षडङ्गमाह – **तार्तीयेति** ॥ तार्तीयं सौः । वाक् ऐं । तन्मध्यगतेन दीर्घाढ्येन कामेन षडङ्गम् । सौः क्लीं ऐं हृत् । सौः क्लीं ऐं शिरः । सौः क्लूं ऐं शिखेत्यादि ॥ १४ ॥

ॐ क्लीं योगेश्यै नमः, हृदि, ॐ सौः विश्वयोन्यै नमः, भ्रूमध्ये ॥ १०-११ ॥

अब **मूर्तिन्यास** कहते हैं -

रत्यादिन्यास के बाद कामेशी के पाँचों बीजों (द्र० - ७. १०८) के साथ मनोभव आदि पाँच कामदेवों का न्यास क्रमशः शिर, मुख, हृदय, गुप्ताङ्ग और पैरों पर करना चाहिए ॥ १२ ॥

विमर्श – मूर्तिन्यास की विधि इस प्रकार है - ॐ ह्रीं मनोभवाय नमः, शिरसि,
ॐ क्लीं मकरध्वजाय नमः, गुह्ये, ॐ ऐं कन्दर्पाय नमः, हृदि,
ॐ ब्लूं मन्मथाय नमः, गुह्ये, ॐ स्त्रीं कामदेवाय नमः, चरणयोः ॥ १२ ॥

अब **कामेशी का न्यास** कहकर बाणेशी के न्यास का प्रकार कहते हैं -

बाणेशी के बीजों को प्रारम्भ में लगाकर द्राविणी आदि का क्रमशः शिर, पैर, मुख, गुप्ताङ्ग एवं हृदय में न्यास करे ॥ १३ ॥

विमर्श – बाणन्यास विधि इस प्रकार है -
द्रां द्राविण्यै नमः, शिरसि, द्रीं क्षोभिण्यै नमः, पादयोः,
क्लीं वशीकरण्यै नमः, मुखे, ब्लूं आकर्षण्यै नमः, गुह्ये,
सः सम्मोहन्यै नमः, हृदि ॥ १३ ॥

अब **षडङ्गन्यास** कहते हैं - तार्तीय (सौः) वाग्भव (ऐं) इन दोनों के मध्य में ६ दीर्घ संयुक्त काम बीज (क्लीं) से षडङ्गन्यास करना चाहिए ॥ १४ ॥

---

१. ह्रीं मनोभवाय नमः शिरसि । ह्रीं मकरध्वजाय नमः मुखे । ऐं कन्दर्पाय नमः हृदि । ब्लूं मन्मथाय नमः गुह्ये । स्त्रीं कामदेवाय नमः चरणयोः ।

ध्यानकथनम्

रक्ताम्बरां चन्द्रकलावतंसां
समुद्यदादित्यनिभां त्रिनेत्राम् ।
विद्याक्षमालाभयदानहस्तां
ध्यायामि बालामरुणाम्बुजस्थाम् ॥ १५ ॥
लक्षत्रयं जपेन्मन्त्रं दशांशं किंशुकोद्भवैः ।
पुष्पैर्हयारिजैर्वापि जुहुयान्मधुरान्वितः ॥ १६ ॥

पूजायन्त्रवर्णनम्

नवयोन्यात्मकं यन्त्रं बहिरष्टदलावृतम् ।
भूगृहेण पुनर्वीतं पूजनाय लिखेत् सुधीः ॥ १७ ॥

ध्यानमाह – **रक्तेति** । विद्याभये वामयोः । अन्ययोरन्ये ॥ १५ ॥ *॥ १६ ॥ पूजायन्त्रमाह – **नवेति** । स्पष्टम् ॥ १७–२० ॥

विमर्श – **षडङ्गन्यास विधि** इस प्रकार है –

सौः क्लां ऐं हृदयाय नमः, सौः क्लीं ऐं शिरसे स्वाहा,
सौः क्लूं ऐं शिखायै वषट्, सौः क्लैं ऐं कवचाय हुम्,
सौः क्लौं ऐं नेत्रत्रयाय वौषट्, सौः क्लः ऐं अस्त्राय फट् ॥ १४ ॥

अब **बाला देवी का ध्यान** कहते हैं –

लाल वस्त्र वाली मस्तक पर चन्द्रकला से सुशोभित, उदीयमान सूर्य के समान आभा से युक्त चारों हाथों में क्रमशः पुस्तक, अक्षमाला, अभय एवं वरद मुद्रा धारण की हुई रक्त कमल पर विराजमान बाला देवी का मैं ध्यान करता हूँ ॥ १५ ॥

बालापूजनयन्त्रम्

इस मन्त्र का तीन लाख जप करना चाहिए तथा मधु सहित पलाश या कनेर के पुष्पों से दशांश होम करना चाहिए ॥ १६ ॥

अब **बाला यन्त्र निर्माण विधि** कहते हैं – विद्वान् साधक नव योनि वाले यन्त्र के बाहर अष्टदल को भूपुर से वेष्टित कर पूजा के लिए यन्त्र लिखे ।

मध्य योनि में तृतीय (सौः) बीज तथा शेष आठ योनियों में काम बीज (क्लीं) केशरों में स्वर एवं आठ दलों में आठ वर्ग लिखना चाहिए । दलों के अग्रभाग में त्रिशूलादि पद्म आदि लिखकर अष्टदल के

मध्ययोनौ तु तार्तीयमष्टयोनिषु मन्मथम् ।
केसरेषु स्वरान्न्यस्येद्वर्गानष्टौ दलेष्वपि ॥ १८ ॥
दलाग्रेषु त्रिशूलानि पद्मं मातृकयावृतम् ।
एवं विलिखिते यन्त्रे पीठशक्तीः प्रपूजयेत् ॥ १९ ॥
इच्छाज्ञानक्रिया चैव कामिनी कामदायिनी ।
रतीरतिप्रियानन्दामनोन्मन्यपि चान्तिमा ॥ २० ॥
पीठशक्तीरिमा इष्ट्वा पीठं तं मनुना दिशेत् ।

पीठमन्त्रकथनम्

व्योमपूर्वं तु तार्तीयं सदाशिवमहापदम् ॥ २१ ॥
प्रेतपद्मासनं ङेन्तं नमोन्तः पीठमन्त्रकः ।
षोडशार्णस्ततो मूर्त्तौ क्लृप्तायां मूलमन्त्रतः ॥ २२ ॥
आवाह्य पूजयेद् देवीमुपचारैः पृथग्विधैः ।
देवीमिष्ट्वा मध्ययोनौ त्रिकोणे रतिपूर्विकाः ॥ २३ ॥
वामकोणे रतिं दक्षे प्रीतिमग्रे मनोभवाम् ।

अङ्गपूजाकथनम्

योन्यन्तर्वह्निकोणादावङ्गानि परिपूजयेत् ॥ २४ ॥

पीठमन्त्रमाह – **व्योम** हः तत्पूर्वं तृतीयम् । ह्सौः सदाशिवमहाप्रेतपद्मासनाय नम इति ॥ २१–२३ ॥ अङ्गपूजामाह – **योनीति** । मध्ये योनिमध्ये एवाग्निनिर्ऋति–वाय्वीशानेषु हृच्छिरः शिखावर्माणि सम्पूज्याग्नेयादि त्रिदिक्ष्वस्त्रं यजेत् ॥ २४ ॥

चारों ओर मातृका (वर्णमाला) से घेर देना चाहिए । इस प्रकार से बने यन्त्र पर पीठ शक्तियों का पूजन करना चाहिए ॥ १७-१९ ॥

अब **पीठशक्तियाँ** कहते हैं -

१. इच्छा, २. ज्ञान, ३. क्रिया, ४. कामिनी, ५. कामदायिनी, ६. रति, ७. रतिप्रिया, ८. नन्दा एवं ९. मनोन्मनी इन नौ पीठ शक्तियों की केशरों पर पूर्वादि क्रम से चतुर्थ्यन्त नमः लगाकर आठ दिशाओं में पूजा करें तथा मध्य में 'ॐ मनोन्मन्यै नमः' से पूजा करें - पूजा कर पीठ मन्त्र से देवी को आसन देना चाहिए ॥ २०-२१ ॥

व्योम (ह्) पूर्वक तृतीय बीज 'सौ' अर्थात् (ह्सौः), फिर 'सदाशिव महा', तदनन्तर चतुर्थ्यन्त प्रेतपद्मासन (सदाशिव महाप्रेतपद्मासनाय) उसमें 'नमः' लगाने से सोलह अक्षरों का पीठ मन्त्र बनता है । फिर मूल मन्त्र से मूर्त्ति की कल्पना कर देवी की आवाहनादि द्वारा पृथक् विधान से पूजा करनी चाहिए ॥ २१-२३ ॥

देवी की पूजा के अनन्तर मध्य योनि के त्रिकोण में रति आदि का पूजन इस प्रकार करना चाहिए । वामकोण मे रति दक्षिण में प्रीति तथा अग्रभाग में मनोभवा का

मध्ययोनेर्बहिः पूर्वा दिक्षु चाग्रे स्मरानपि।
बाणदेवीस्तद्वदेवं शक्तीरष्टसु योनिषु ॥ २५ ॥
सुभगाख्या भगापश्चात् तृतीयाभगसर्पिणी।
भगमाली तथानङ्गानङ्गाद्याकुसुमापरा ॥ २६ ॥
अनङ्गमेखलानङ्गमदनेत्यष्टशक्तयः ।
पद्मकेसरगाब्राह्मीमुखाः पत्रेषु भैरवाः ॥ २७ ॥
दीर्घाद्यामातरः पूज्या ह्रस्वाद्याश्चाष्टभैरवाः।
दलाग्रेष्वष्टपीठानि कामरूपाख्यमादिमम् ॥ २८ ॥
मलयं कोल्लगिर्य्याख्यं चौहाराख्यं कुलान्तकम्।
जालन्धरं तथोड्यानं कोढ्ढपीठमथाष्टमम् ॥ २६ ॥
भूगृहे दशदिक्ष्वर्चेद्धेतुकं त्रिपुरान्तकम्।
वेतालमग्निजिह्वं च कालान्तककपालिनौ ॥ ३० ॥

मध्ययोनेर्बहिर्भागे दिक्षुचतुरः– पञ्चममग्रे एवं कामान् यजेत् । बाणदेवी द्राविण्याद्यास्तद्वत् कामवत् । दिक्ष्वग्रे च शक्तीः सुभगाद्या दीर्घाद्या मातरः । आं ब्राह्म्यै नम इत्यादि । ह्रस्वाद्या भैरवाः अं असिताङ्गाय नम इत्यादि ॥ २५ ॥ *॥ २८–२६ ॥ दशदिक्षु हेतुकादयो गणाः ॥ ३० ॥

पूजन करना चाहिए ॥ २३-२४ ॥

अब **अङ्गपूजा** कहते हैं - मध्य योनि के मध्य में एवं अग्निनिर्ऋति वायव्य ईशान कोण में क्रमशः हृदय, शिर, शिखा तथा कवच का पूजन कर पुनः आग्नेय, वायव्य और ईशान में अस्त्र का पूजन करना चाहिए । मध्य योनि के बाहर पूर्वादि दिशाओं में एवं अग्रभाग में कामदेवों का पूजन करे और इसी प्रकार बाणदेवियों (द्राविणी आदि) का भी पूजन करना चाहिए ॥ २४-२५ ॥

फिर आठ योनियों में आठ शक्तियों १. सुभगा, २. भगा, ३. भगसर्पिणी, ४. भगमाली, ५. अनङ्गा, ६. अनङ्गकुसुमा, ७. अनङ्गमेखला एवं ८. अनङ्गमदना आदि का पूजन करना चाहिए ॥ २५-२७ ॥

पद्म केसर पर ब्राह्मी आदि देवियों का, तथा पत्रों पर असिताङ्गादि भैरवों का, पूजन करना चाहिए । आदि में अनुस्वार तथा दीर्घ स्वर लगाकर मातृकाओं का, तथा आदि सानुस्वार ह्रस्व स्वर लगा कर आठ भैरवों का पूजन करना चाहिए ॥ २७-२८ ॥

दल के अग्रभाग पर आठ पीठ १. कामरूप, २. मलय, ३. कोल्लगिरि, ४. चोहार, ५. कुलान्तक, ६. जालन्धर, ७. उड्डयान, एवं ८. कोट्ट का पूजन करना चाहिए ॥ २८-२६ ॥

भूपुर के दश दिशाओं में १. हेतुक, २. त्रिपुरान्तक, ३. वेताल, ४. अग्निजिह्वा, ५. कालान्तक, ६. कपाली, ७. एकपाद, ८. भीमरूप, ६. मलय एवं १०. हाटकेश्वर का

एकपादं भीमरूपं मलयं हाटकेश्वरम्।
शक्राद्यानायुधैः सार्द्धं स्वस्वदिक्षु समर्चयेत्॥ ३१॥
तद्बहिर्दिक्षु बटुकं योगिनीक्षेत्रपालकम्।
गणेशं विदिशास्वर्चेद् वसून् सूर्याञ्छिवांस्ततः॥ ३२॥
भूतांश्चेत्थं भजेद् बालानीशः स्याद् धनविद्ययोः।

शक्राद्यान् स्वस्वदिक्ष्वित्युक्तेः पूर्वावरणानि कल्पितदिक्ष्वेव । एवं सर्वत्र॥ ३१॥ विदिशासु । अग्न्यादिषु वस्वादयः । वसुभ्यो नम इत्यादि॥ ३३॥

पूजन करना चाहिए॥ ३०-३१॥

इसी प्रकार वज्रादि आयुधों के साथ इन्द्रादि दश दिक्पालों का अपनी अपनी दिशाओं में पूजन करना चाहिए । इसके बाद दिशाओं में वटुक, योगिनी, क्षेत्रपाल एवं गणेश का तथा चारों कोणों में वसु, सूर्य, शिवा एवं भूतों का पूजन करना चाहिए । इस प्रकार धन और विद्या की स्वामिनी बाला की पूजा करनी चाहिए॥ ३१-३३॥

विमर्श - आवरण पूजा विधि - पीठ की पूजा कर मूल मन्त्र से देवी की मूर्ति की कल्पना कर ध्यान करें । तदनन्तर आवाहनादि उपचार से आरम्भ कर पुष्पाञ्जलि दान पूर्वक उनकी पूजा करें । तदनन्तर सर्वप्रथम मध्ययोनि में त्रिकोण में रति आदि की पूजा करें । यथा - ऐं रत्यै नमः, वामकोणे, क्लीं प्रीत्यै नमः, दक्षिण कोणे,
सौः मनोभवायै नमः, अग्रे ।

पुनः मध्य योनि के आग्नेय कोण से प्रारम्भ कर ईशान कोण तक मध्य में एवं दिशाओं में षडङ्ग पूजा इस प्रकार करें -

सौंः क्लां ऐं हृदयाय नमः, सौः क्लीं ऐं शिरसे स्वाहा,
सौः क्लूं ऐं शिखायै वषट्, सौः क्लैं ऐं कवचाय हुम्,
सौः क्लौं ऐं नेत्रत्रयाय वौषट् पुनः सौः क्लः ऐं अस्त्राय फट् (चतुःकोणेषु)

तत्पश्चात् मध्य योनि के बाहर पूर्वादि चारों दिशाओं में तथा अग्रभाग में इस प्रकार पूजा करें - ह्रीं कामाया नमः, क्लीं मन्मथाय नमः,
ऐं कन्दर्पाय नमः, ब्लूं मकरध्वजाय नमः, स्त्रीं मीनकेतने नमः,

पुनः उन्हीं स्थानो में द्राविणी आदि देवियों की पूजा करे -
द्रां द्राविण्यै नमः, द्रीं क्षोभिण्यै नमः, क्लीं वशीकरण्यै नमः,
ब्लूं आकर्षण्यै नमः, सः सम्मोहन्यै नमः, ।

तदनन्तर अष्टयोनियों में सुभगा आदि आठ शक्तियों की पूजा करे -

१ - ॐ ऐं क्लीं ब्लूं स्त्रीं सः सुभगायै नमः,
२ - ॐ ऐं क्लीं ब्लूं स्त्रीं सः भगायै नमः,
३ - ॐ ऐं क्लीं ब्लूं स्त्रीं सः भगसर्पिण्यै नमः,
४ - ॐ ऐं क्लीं ब्लूं स्त्रीं सः भगमालिन्यै नमः,

५ - ॐ ऐं क्लीं ब्लूं स्त्रीं सः अनङ्गायै नमः,
६ - ॐ ऐं क्लीं ब्लूं स्त्रीं सः अनङ्गकुसुमायै नमः,
७ - ॐ ऐं क्लीं ब्लूं स्त्रीं सः अनङ्गमेखलायै नमः,
८ - ॐ ऐं क्लीं ब्लूं स्त्रीं सः अनङ्गमदनायै नमः,

तदनन्तर पद्मकेशरों में पूर्वादि दिशाओं के क्रम से ब्राह्मी आदि मातृकाओं की -
ॐ आं ब्राह्मयै नमः, ॐ ईं माहेश्वर्यै नमः ॐ ऊं कौमार्यै नमः
ॐ ॠं वैष्णव्यै नमः ॐ लॄं वाराह्यै नमः ॐ ऐं इन्द्राण्यै नमः,
ॐ औं चामुण्डायै नमः, ॐ अः महालक्ष्म्यै नमः,

तत्पश्चात् दलों में उसी प्रकार पूर्वादि क्रम से असिताङ्गादि अष्ट भैरवों का -
१. ॐ अं असिताङ्गभैरवाय नमः, २. ॐ इं रुरुभैरवाय नमः,
३. ॐ उं चण्डभैरवाय नमः, ४. ॐ ॠं क्रोधभैरवाय नमः,
५. ॐ लॄँ उन्मत्तभैरवाय नमः, ६. ॐ एं कपालीभैरवाय नमः,
७. ॐ ओं भीषणभैरवाय नमः, ८. ॐ अः संहारभैरवाय नमः ।

इसके बाद दलों के अग्रभाग में पूर्वादि क्रम से आठ पीठों का -
१ - ॐ कामरूपपीठाय नमः, २ - ॐ मलयगिरिपीठाय नमः,
३ - ॐ कोल्लागिरिपीठाय नमः, ४ - ॐ चौहारपीठाय नमः,
५ - ॐ कुलान्तकपीठाय नमः ६ - ॐ जालन्धरपीठाय नमः,
७ - ॐ उड्डयानपीठाय नमः, ८ - ॐ कोट्टपीठाय नमः,

इसके पश्चात् भूपुर में पूर्व आदि दिशाओं के क्रम से दश दिशाओं मे हेतुक आदि दश गणों का यथा - ॐ हेतुकाय नमः, ॐ त्रिपुरान्तकाय नमः,
ॐ वेतालाय नमः, ॐ अग्निजिह्वाय नमः, ॐ कालान्तकाय नमः,
ॐ कपालिने नमः, ॐ एकपादाय नमः, ॐ भीमरूपाय नमः,
ॐ मलयाय नमः, ॐ हाटकेश्वराय नमः, ।

पुनः भूपुर के पूर्वादि दिशाओं में वज्रादि आयुधों के सहित इन्द्रादि दश दिक्पालों का यथा - ॐ वज्रसहिताय इन्द्राय नमः, पूर्वे, ॐ शक्तिसहिताय अग्नये नमः, आग्नेये,
प्रोक्ताविंशतिवर्णेयं विद्या स्याद् द्रुहिणो मुनिः ॥ ३ ॥
कृतिश्छन्दोऽन्नपूर्णेशी देवता परिकीर्तिता ।
षड्दीर्घाढ्येन हृल्लेखाबीजेन स्यात्षडङ्गकम् ॥ ४ ॥

---

* नौका *

अन्नपूर्णेश्वरी मन्त्रवक्तुं प्रतिजानीते । फलं कथयन् मन्त्रमुद्धरति – **वेदादिरिति** । वेदादिः प्रणवः । गिरिजा ह्रीं । पद्मा श्रीं । मन्मथः क्लीं । हृदयं नमः। भगवति माहेश्वरि अन्नपूर्णे स्वरूपम् । दहनाङ्गना स्वाहा । द्रुहिणो ब्रह्मा ॥ १–५ ॥

---

* अरित्र *

अब अभीष्ट फल देने वाले अन्नपूर्णेश्वरी के मन्त्रों को कहता हूँ, जिनकी उपासना से कुबेर ने निधिपतित्व, सदाशिव से मित्रता, दिगीशत्व एवं कैलाशाधिपतित्व प्राप्त किया ॥ १-२ ॥

अब **भगवती अन्नपूर्णेश्वरी का मन्त्रोद्धार** कहते हैं -

वेदादि (ॐ), गिरिजा (ह्रीं), पद्मा (श्रीं), मन्मथ (क्लीं), हृदय (नमः), तदनन्तर 'भगवति माहेश्वरि अन्नपूर्णे' पद, फिर अन्त में दहनाङ्गना (स्वाहा), लगाने से बीस अक्षरों का अन्नपूर्णा मन्त्र बनता है ॥ २-३ ॥

इस मन्त्र के द्रुहिण (ब्रह्मा) ऋषि हैं, कृति छन्द हैं तथा अन्नपूर्णेशी देवता कही गई हैं । षड्दीर्घ सहित हृल्लेखा बीज से षडङ्गन्यास करना चाहिए ॥ ३-४ ॥

मुखनासाक्षिकर्णान्धुगुदेषु नवसु न्यसेत् ।
पदानि नवतद्वर्णसंख्येदानीमुदीर्यते ॥ ५ ॥
भूमिचन्द्रधरैकाक्षिवेदाब्धियुगबाहुभिः ।
पदसंख्यामितैर्वर्णैस्ततो ध्यायेत् सुरेश्वरीम् ॥ ६ ॥

ध्यानवर्णनम्

तप्तस्वर्णनिभा शशाङ्कमुकुटा रत्नप्रभाभासुरा
नानावस्त्रविराजिता त्रिनयना भूमीरमाभ्यां युता ।
दर्वीहाटकभाजनं च दधती रम्याच्च पीनस्तनी
नृत्यन्तं शिवमाकलय्य मुदिता ध्येयान्नपूर्णेश्वरी ॥ ७ ॥

भूमीत्यादितद्वर्णसंख्या ॥ ६ ॥ ध्यानमाह – दर्वीदक्षे स्वर्णपात्रं वामे ॥ ७–१० ॥

विमर्श – मन्त्र का स्वरूप इस प्रकार है – 'ॐ ह्रीं श्रीं क्लीं भगवति माहेश्वरि अन्नपूर्णे स्वाहा' ।

विनियोग – 'अस्य श्रीअन्नपूर्णामन्त्रस्य द्रुहिणऋषिः कृतिश्छन्दः अन्नपूर्णेशी देवता ममाभीष्टसिद्ध्यर्थे जपे विनियोगः' ।

षडङ्गन्यास – ह्रां हृदयाय नमः, ह्रीं शिरसे स्वाहा, हूँ शिखायै वषट्,
ह्रैं कवचाय हुं, ह्रौं नेत्रत्रयाय वौषट्, ह्रः अस्त्राय फट् ॥ ३-४ ॥

मुख, दोनों नासिका, दोनों नेत्र, दोनों कान, अन्धु (लिङ्ग) और गुदा में मन्त्र के १, १, १, १, २, ४, ४, ४, एवं २ वर्णों से नवपदन्यास कर सुरेश्वरी का ध्यान करना चाहिए ॥ ५-६ ॥

विमर्श – नव पदन्यास विधि – ॐ नमः मुखे, ह्रीं नमः दक्षनासायाम्,
श्रीं नमः वामनासायाम्, क्लीं नमः दक्षिणनेत्रे, नमः, नमः वामनेत्रे,
भगवति नमः दक्षकर्णे, माहेश्वरि नमः वामकर्णे, अन्नपूर्णे नमः अन्धौ (लिङ्गे),
स्वाहा नमः मूलाधारे ॥ ५-६ ॥

अब **अन्नपूर्णा भगवती का ध्यान** कहते हैं – तपाये गये सोने के समान कान्तिवाली, शिर पर चन्द्रकला युक्त मुकुट धारण किये हुये, रत्नों की प्रभा से देदीप्यमान, नाना वस्त्रों से अलंकृत, तीन नेत्रों वाली, भूमि और रमा से युक्त, दोनों हाथ में दर्वी एवं स्वर्णपात्र लिए हुये, रमणीय एवं समुन्नत स्तनमण्डल से विराजित तथा नृत्य करते हुये सदाशिव को देख कर प्रसंन्न रहने वाली अन्नपूर्णेश्वरी का ध्यान करना चाहिए ॥ ७ ॥

विमर्श – मेरुतन्त्र के अनुसार भगवती अन्नपूर्णा का ध्यान इस प्रकार है –

तप्तकाञ्चनसंकाशां बालेन्दुकृतशेखराम् ।
नवरत्नप्रभादीप्त मुकुटां कुङ्कुमारुणाम् ॥

जपहोमपूजादिकथनम्

लक्षं जपोऽयुतं होमश्चरुणा घृतसंयुतः ।
जयादिनवशक्त्याढ्ये पीठे पूजा समीरिता ॥ ८ ॥
त्रिकोण–वेदपत्राष्टपत्र–षोडशपत्रके ।
भूपुरेण युते यन्त्रे प्रदद्यान्माययासनम् ॥ ६ ॥

चित्रवस्त्रपरीधानां मीनाक्षीं कलशस्तनीम् ।
नृत्यन्तमीशमनिशं दृष्ट्वाऽऽनन्दमयीं पराम् ॥
सानन्दमुखलोलाक्षीं मेखलाढ्यनितम्बिनीम् ।
अन्नदानरतां नित्यां भूमिश्रीभ्यां नमस्कृताम् ॥
दुग्धान्नभरितं पात्रं सरत्नं वामहस्तके ।
दक्षिणे तु करं देव्या दर्वी ध्यायेत् सुवर्णजाम् ॥

'तपाए हुए सुवर्ण के समान कान्ति वाली, मुकुट में बालचन्द्र धारण किए हुए, नवीन रत्न की प्रभा से प्रदीप्त मुकुट धारण किए हुए, कुङ्कुम सी लाली युक्त, चित्र-विचित्र वस्त्र पहने हुए, मीनाक्षी एवं कलश के समान स्तनों वाली, नृत्य करते हुए ईश को देखकर आनन्दित परा भगवती अन्नपूर्णा का ध्यान करना चाहिए ।

आनन्द युक्त मुख वाली एवं चञ्चल नेत्रों वाली, नितम्ब पर मेखला बाँधे हुए, अन्न दान में तल्लीन भूमि एवं लक्ष्मी दोनों से नित्य नमस्कृत देवी अन्नपूर्णा का ध्यान करना चाहिए ।

दुग्ध एवं अन्न से परिपूर्ण पात्र और रत्न से युक्त पात्रों को वाम हाथों में धारण करने वाली और दाहिने हाथ में सूप लिए हुए सुवर्ण के समान प्रभा वाली देवी का ध्यान करना चाहिए ॥ ७ ॥

पुरश्चरण - अन्नपूर्णा मन्त्र का एक लाख जप करना चाहिए तथा घृत मिश्रित चरु से दश हजार आहुतियाँ देनी चाहिए । जयादि नव शक्तियों से युक्त पीठ पर इनकी पूजा करनी चाहिए ॥ ८ ॥

पूजा यन्त्र - त्रिकोण - चतुर्दल, अष्टदल, षोडशदल एवं भूपुर सहित निर्मित यन्त्र पर मायाबीज से आसन देवी को देना चाहिए ॥ ६ ॥

विमर्श - पीठ पूजा - प्रथमतः ६. ७ में वर्णित देवी के स्वरूप का ध्यान करे और फिर मानसोपचारों से उनका पूजन करे तथा शंख का अर्घ्यपात्र स्थापित करे । फिर

अग्न्यादिकोणत्रितये शिववाराहमाधवान् ।
अर्चयेत् स्वस्वमन्त्रैस्तु प्रोच्यन्ते मनवस्तु ते ॥ १० ॥

शिववाराहमाधवमन्त्रकथनम्

प्रणवो मनुचन्द्राढ्यं गगनं हृदयं शिवा ।
मारुतः शिवमन्त्रोऽयं सप्तार्णः[1] शिवपूजने ॥ ११ ॥
तारं नमो भगवते वराहार्घीशयुग्वसुः ।
पायभूर्भुवरन्तेस्वोथ शूरः कामिका च ये ॥ १२ ॥
भूपतित्वं च मे देहि ददापय शुचिप्रिया ।
त्रयस्त्रिंशद्वर्णमन्त्रः[2] प्रोक्तो वाराहपूजने ॥ १३ ॥

शिवमन्त्रमाह – **प्रणव** इति । गगनं हकारः । मनुचन्द्राढ्यम् औ बिन्दुयुतं हौं हृदयं नमः । शिवा स्वरूपम्। मारुतो यः ॥ ११ ॥ वराहमन्त्रमाह – **तार** इति । तार ॐ। नमो भगवते वराह स्वरूपम् । अर्घीशयुग्वसुः । ऊयुतो रः । रूपाय भूर्भुवः स्वः स्वरूपम् । शूरः पः । कामिका । 'तये भूपतित्वं मे देहि ददापय'

'आधारशक्तये नमः' से 'ह्रीं ज्ञानात्मने नमः' पर्यन्त मन्त्रों से पीठ देवताओं का पूजन कर पीठ के पूर्वादि दिशाओं एवं मध्य में जयादि ९ शक्तियों का इस प्रकार पूजन करे -

ॐ जयायै नमः, ॐ विजयायै नमः, ॐ अजित्यै नमः,
ॐ अपराजितायै नमः, ॐ विलासिन्यै नमः, ॐ दोर्मध्यै नमः,
ॐ अघोरायै नमः, ॐ मङ्गलायै नमः ॐ नित्यायै नमः, मध्ये,

इसके पश्चात् मूल मन्त्र से मूर्ति कल्पित कर 'ह्रीं सर्वशक्तिकमलासनाय नमः' से देवी को आसन देकर विधिवत् आवाहन एवं पूजन कर पुष्पाञ्जलि प्रदान करे, फिर अनुज्ञा ले आवरण पूजा करे ॥ ९ ॥

सर्वप्रथम त्रिकोण में आग्नेयकोण से प्रारम्भ कर तीनों कोणों में शिव, वाराह और माधव की अपने अपने मन्त्रों से पूजा करे । अब उन मन्त्रों को कहता हूँ ॥ १० ॥

अब **शिव के मन्त्र** कहता हूँ -

प्रणव (ॐ), मनुचन्द्राढ्य गगन (हौं), हृद् (नमः), फिर 'शिवा', इसके बाद मारुत (य), लगाने से सात अक्षरों का शिव मन्त्र निष्पन्न होता है ॥ १०-११ ॥

विमर्श - मन्त्र का स्वरूप इस प्रकार है -'ॐ हौं नमः शिवाय' ॥ १०-११ ॥

अब **वराह मन्त्र** कहते हैं - तार (ॐ), फिर 'नमो भगवते वराह' पद, फिर अर्घीशयुग्वसु (रू), फिर 'पाय भूर्भुवः स्वः' पद, फिर शूर (प), कामिका (त), फिर

---

१. ॐ हौं नमः शिवायेति सप्तार्णः ।
२. ॐ नमो भगवते वराहरूपाय भूर्भुवःस्वःपतये भूपतित्वं मे देहि ददापय स्वाहेति त्रयस्त्रिंशदर्णः ।

प्रणवो हृदयं नारायणाय वसुवर्णकः ।
नारायणार्चने मन्त्रः षडङ्गानि ततोऽर्चयेत् ॥ १४ ॥
धरां वामे स्वमनुना दक्षभागे श्रियं तथा ।
अन्नं मह्यन्नमित्युक्त्वा मेदेह्यन्नाधिपार्णका ॥ १५ ॥
तये ममान्नं प्रार्णान्ते दापयानलसुन्दरी ।
द्वाविंशत्यक्षरो मन्त्रो[1] भूमिष्टौ भूमिसम्पुटः ॥ १६ ॥

श्रीबीजभूबीजादिकथनं मन्त्रफलकथनं च

लक्ष्मीपुटस्तत्पूजायां स्मृतिर्लमनुचन्द्रयुक् ।
भुवोबीजंवह्निशान्तिबिन्दुयुक्तो बकः श्रियः ॥ १७ ॥

स्वरूपम् । शुचिप्रिया स्वाहा ॥ १२–१३ ॥ नारायणमन्त्रमाह – **प्रणव** इति । हृदयं नमः । नारायणायस्वरूपम् । वसुवर्णोऽष्टार्णः ॥ १४ ॥ धरा श्रियोर्मन्त्रमाह – **अन्नमिति** । अन्नं मह्यन्नं मे देह्यन्नाधिपतये ममान्नं प्रदापय स्वरूपम् । अनल–सुन्दरी स्वाहा । अयं मन्त्रो भूमीष्टौ भूमिपूजने भूमिबीजेन सम्पुटः ॥ १५–१६ ॥ श्रीपूजायां श्रीबीजेन सम्पुटितः । भूबीजमाह – **स्मृतिरिति** । स्मृतिर्गः । लमनुचन्द्रयुक् । लऔ । बिन्दुयुतः । ग्लौं एतद्भुवो बीजम् । श्रीबीजमाह – **वह्नीति** । रेफ ई । बिन्दुयुतो बकः शः । श्रीं इति श्रियो बीजम् ॥ १७ ॥

'ये मे भूपतित्वं देहि ददापय' पद, इसके अन्त में शुचिप्रिया (स्वाहा) लगाने से तैंतीस अक्षरों का वराह मन्त्र निष्पन्न होता है ॥ १२-१३ ॥

विमर्श – मन्त्र का स्वरूप इस प्रकार है - 'ॐ नमो भगवते वराहरूपाय भूर्भुवः स्वःपतये भूपतित्वं मे देहि ददापय स्वाहा' (३३) ॥ १२-१३ ॥

अब **नारायणार्चन मन्त्र** कहते हैं - प्रणव (ॐ), हृदय (नमः), फिर 'नारायणाय' पद, लगाने से आठ अक्षरों का नारायण मन्त्र निष्पन्न होता है । तीनों देवों के पूजन के बाद षडङ्गपूजा करनी चाहिए ॥ १४ ॥

विमर्श – मन्त्र का स्वरूप इस प्रकार है - 'ॐ नमो नारायणाय' (८) ॥ १४ ॥

इसके बाद वाम भाग में धरा (भूमि) तथा दाहिने भाग में महालक्ष्मी का अपने अपने मन्त्रों से पूजन करना चाहिए । 'अन्नं मह्यन्नं' के बाद, 'मे देहि अन्नाधिप', इसके बाद 'तये ममान्नं प्र', फिर 'दापय', इसके बाद अनलसुन्दरी (स्वाहा) लगाकर बाईस अक्षरों के इस भूमि मन्त्र को भूमि पूजा में भूमि बीज से सम्पुटित करे । स्मृति (ग), फिर लू को मनुच्चन्द्र (औं) से युक्त करने पर ग्लौं यह भूमि का बीज है ॥ १५-१७ ॥

विमर्श – भूमि पूजन हेतु मन्त्र का स्वरूप - 'ग्लौं अन्नं मह्यन्नं मे देह्यन्नाधिपतये

---

१. ग्लौं अन्नं मह्यन्नं मे देह्यन्नाधिपतये ममान्नं प्रदापय स्वाहा ग्लौमिति द्वाविंशत्यर्णः ।

मन्त्रादिस्थचतुर्बीजपूर्विकाः परिपूजयेत् ।
शक्तीश्चतस्रो वेदास्रेपरा च भुवनेश्वरी ॥ १८ ॥
कमलासुभगाचेति ब्राह्म्याद्या अष्टपत्रगाः ।
षोडशारेऽमृता चैव मानदातुष्टिपुष्टयः ॥ १६ ॥
प्रीतीरतिर्ह्रीः श्रीश्चापि स्वधास्वाहादशम्यथ ।
ज्योत्स्नाहैमवतीछाया पूर्णिमाः सहनित्यया ॥ २० ॥
अमावास्येति सम्पूज्या मन्त्रशेषार्णपूर्विकाः ।
भूपूरे लोकपालाः स्युस्तदस्त्राणि तदग्रतः ॥ २१ ॥

वेदास्रे चतुरस्रे मन्त्राद्यचतुर्बीजाद्याश्चतस्रः शक्तीः पूजयेत् । ता एवाह – **परेति** । ॐ परायै नमः । ह्रीं भुवनेश्वर्यै ॥ १८ ॥ श्रीं कमलायै । क्लीं सुभगायै । मन्त्रस्य शेषा ये वर्णाः चतुर्बीजव्यतिरिक्ताः । तत्पूर्विका अमृताद्याः षोडशदले पूज्याः । अं अमृतायै नमः । मां मानदायै इत्यादि ॥ १६ ॥ * ॥ २०–२१ ॥

ममान्नं प्रदापय स्वाहा ग्लौं' (२२)।

लक्ष्मी पूजन में उक्त मन्त्र को लक्ष्मी बीज से संपुटित करना चाहिए ॥ १७ ॥

'वह्नि (र), शान्ति (ई), बिन्दु सहित वक (श) इस प्रकार श्रीं यह श्री बीज बनता है ॥ १७ ॥

श्रीबीज संपुटित श्रीपूजन मन्त्र का स्वरूप इस प्रकार है – 'श्रीं अन्नं मह्यन्नं मे देह्यन्नाधिपतये ममान्नं प्रदापय स्वाहा श्रीं' ॥ १७ ॥

आद्य वेदास्र (चतुरस्र) चतुर्दल में आदि के चार बीज लगाकर कर चार शक्तियों का पूजन करना चाहिए । १. परा, २. भुवनेश्वरी, ३. कमला एवं ४. सुभगा ये चार शक्तियाँ हैं । अष्टदल में ब्राह्मी आदि अष्टमातृकाओं का पूजन करना चाहिए । तदनन्तर षोडशदल में मूल मन्त्र के शेष वर्णो को आदि में लगाकर १. अमृता, २. मानदा, ३. तुष्टि, ४. पुष्टि, ५. प्रीति, ६. रति, ७. ह्री (लज्जा), ८. श्री, ६. स्वधा, १०. स्वाहा, ११. ज्योत्स्ना, १२. हैमवती, १३. छाया, १४. पूर्णिमा, १५. नित्या एवं १६. अमावस्या का 'अन्नपूर्णायै नमः' लगा कर पूजन करना चाहिए । तदनन्तर भूपुर के भीतर लोकपालों की तथा उसके बाहर उनके अस्त्रों की पूजा करनी चाहिए ॥ १८-२१ ॥

विमर्श – आवरण पूजा विधि –

प्रथमावरण में त्रिकोणाकार कर्णिका में आग्नेय कोण से ईशान कोण तक शिव, वाराह एवं नारायण की पूजा यथा – ॐ नमः शिवाय, आग्नेये, ॐ नमो भगवते वराहरूपाय भूर्भुवःस्वःपतये भूपतित्वं मे देहि ददापय स्वाहा (अग्रे) पुनः ॐ नमो नारायणाय, ईशाने ।

द्वितीयावरण में केसरों में षडङ्गपूजा इस प्रकार करनी चाहिए –

ॐ ह्रां हृदयाय नमः, ॐ ह्रीं शिरसे स्वाहा, ॐ ह्रूँ शिखायै वषट्,
ॐ ह्रैं कवचाय हुम्, ॐ ह्रौं नेत्रत्रयाय वौषट्, ॐ ह्रः अस्त्राय फट्

फिर ऊपर कहे गये भूमिबीज संपुटित मन्त्र से देवी के वाम भाग में भूमि का, मध्य में शुद्ध अन्नपूर्णा मन्त्र से अन्नपूर्णा का तथा उपर्युक्त श्रीबीजसंपुटित मन्त्र से महाश्री का दक्षिण भाग में पूजन करना चाहिए । यथा - ग्लौं अन्नं मह्यन्नं देह्यन्नाधिपतये ममान्नं प्रदापय स्वाहा ग्लौं भूम्यै नमः । वामभागे - यथा - 'श्रीं अन्नं मह्यन्नं मे देह्यन्नाधिपतये ममान्न प्रदापय स्वाहा श्रीं श्रियै नमः' से श्री का । फिर मध्य में अन्नपूर्णा का यथा - 'अन्नं मह्यन्नं मे देह्यन्नाधिपतये ममान्नं प्रदापय स्वाहा अन्नपूर्णायै नमः ।

तृतीयावरण में चतुर्दल में पूर्व से आरम्भ कर उत्तर पर्यन्त चारों दिशाओं में परा आदि चार शक्तियों का पूजन करना चाहिए । यथा -

ॐ ऐं परायै नमः पूर्वे, ॐ ह्रीं भुवनेश्वर्यै नमः दक्षिणे,
ॐ श्रीं कमलायै नमः पश्चिमे, ॐ क्लीं सुभगायै नमः उत्तरे ।

चतुर्थावरण में अष्टदल पर पूर्वादि अष्ट दिशाओं में ब्राह्मी आदि अष्टमातृकाओं का पूजन करनी चाहिए । यथा -

ॐ ब्राह्मयै नमः, ॐ माहेश्वर्यै नमः, ॐ कौमार्यै नमः,
ॐ वैष्णव्यै नमः, ॐ वाराह्यै नमः, ॐ इन्द्राण्यै नमः,
ॐ चामुण्डायै नमः, ॐ महालक्ष्म्यै नमः

पञ्चमावरण में षोडशदलों में प्रदक्षिण क्रम से अमृता आदि सोलह शक्तियों का पूजन करना चाहिए । यथा -

ॐ नं अमृतायै अन्नपूर्णायै नमः ॐ श्वं स्वधायै अन्नपूर्णायै नमः
ॐ मों मानदायै अन्नपूर्णायै नमः ॐ रिं स्वाहायै अन्नपूर्णायै नमः
ॐ भं तुष्ट्यै अन्नपूर्णायै नमः ॐ अं ज्योत्स्नायै अन्नपूर्णायै नमः
ॐ गं पुष्ट्यै अन्नपूर्णायै नमः ॐ न्नं हैमवत्यै अन्नपूर्णायै नमः
ॐ वं प्रीत्यै अन्नपूर्णायै नमः ॐ पूं छायायै अन्नपूर्णायै नमः
ॐ तिं रत्यै अन्नपूर्णायै नमः ॐ र्णें पूर्णिमायै अन्नपूर्णायै नमः
ॐ मां ह्रियै अन्नपूर्णायै नमः ॐ स्वां नित्यायै अन्नपूर्णायै नमः
ॐ हें श्रियै अन्नपूर्णायै नमः ॐ हां अमावस्यायै अन्नपूर्णायै नमः

षष्ठावरण में भूपुर के भीतर अपने अपने दिशाओं में इन्द्रादि दश दिक्पालों का पूजन करना चाहिए - ॐ इन्द्राय नमः पूर्वे, ॐ अग्नये नमः आग्नेये, ॐ यमाय नमः दक्षिणे, ॐ निर्ऋतये नमः, नैर्ऋत्ये, ॐ वरुणाय नमः पश्चिमे, ॐ वायवे नमः वायव्ये, ॐ सोमाय नमः उत्तरे, ॐ ईशानाय नमः ऐशान्ये, ॐ ब्रह्मणे नमः पूर्वेशानयोर्मध्ये, ॐ अनन्ताय नमः पश्चिमनैर्ऋत्ययोर्मध्ये ।

सप्तमावरण में भूपुर के बाहर पूर्वादि दिशाओं में वज्रादि आयुधों की पूजा करे

ॐ वज्राय नमः पूर्वे, ॐ शक्तये नमः आग्नेये, ॐ दण्डाय नमः दक्षिणे,
ॐ खडगाय नमः नैर्ऋत्ये, ॐ पाशाय नमः पश्चिमे, ॐ अंकुशाय नमः वायव्ये,
ॐ गदायै नमः उत्तरे, ॐ त्रिशूलाय नमः ऐशान्ये,
ॐ पद्माय नमः पूर्वेशानयोर्मध्ये, ॐ चक्राय नमः पश्चिमनैर्ऋत्ययोर्मध्ये ।

इत्थं जपादिभिः सिद्धे मन्त्रेऽस्मिन् धनसञ्चयैः ।
कुबेरसदृशो मन्त्री जायते जनवन्दितः ॥ २२ ॥

माहेश्वर्यन्नपूर्णामन्त्रः

अयं रमाकामबीजरहितोऽष्टादशाक्षरः ।
द्विनेत्रवेदवेदाब्धिनेत्रार्णैरङ्गमीरितम् ॥ २३ ॥

मन्त्रान्तरमाह – **अयमिति** । अयं विंशत्यर्णः । श्रीकामहीनः । षडङ्गमाह – **द्वीति** ॥ २२–२३ ॥

इस प्रकार यथोपलब्ध उपचारों से आवरण पूजा करने के पश्चात् जप प्रारम्भ करना चाहिए ॥ १८–२१ ॥

इस प्रकार जपादि से मन्त्र सिद्ध हो जाने पर साधक धन संचय में कुबेर के समान धनी होकर लोकवन्दित हो जाता है ॥ २२ ॥

अब **अन्नपूर्णा का अन्य मन्त्र** कहते हैं - रमा (श्रीं) और कामबीज (क्लीं) से रहित पूर्वोक्त मन्त्र अष्टादश अक्षरों का होकर अन्य मन्त्र बन जाता है । इस मन्त्र के दो, दो, चार, चार, चार एवं दो अक्षरों से षडङ्गन्यास की विधि कही गई है ॥ २३ ॥

विमर्श - मन्त्र का स्वरूप इस प्रकार है - 'ॐ ह्रीं नमः भगवति माहेश्वरि अन्नपूर्णे स्वाहा' (१८)। इसका विनियोग एवं ध्यान पूर्वमन्त्र के समान है ।

षडङ्गन्यास इस प्रकार है - ॐ ह्रीं हृदयाय नमः, ॐ नमः शिरसे स्वाहा, ॐ भगवति शिखायै वषट्, ॐ माहेश्वरि कवचाय हुम, ॐ अन्नपूर्णे नेत्रत्रयाय वौषट्, ॐ स्वाहा अस्त्राय फट् ।

शारदातिलक १०. १०६-११० में मन्त्र और ध्यान इस प्रकार हैं -

माया हृद्भगवत्यन्ते माहेश्वरिपदं ततः । अन्नपूर्णे ठयुगलं मनुः सप्तदशाक्षरः ॥
अङ्गानि मायया कुर्यात् ततो देवीं विचिन्तयेत् ।

रक्तां विचित्रवसनां नवचन्द्रचूडा-
मन्नप्रदाननिरतां स्तनभारनम्राम् ।
नृत्यन्तमिन्दुशकलाभरणं विलोक्य
हृष्टां भजे भगवतीं भवदुःखहर्त्रीम् ॥

मन्त्र - माया (ह्रीम्), हृत् (नमः), तदनन्तर 'भगवति माहेश्वरि अन्नपूर्णे' तीन पद, तदनन्तर दो ठकार (स्वाहा) लिखे । इस प्रकार १७ अक्षरों का अन्नपूर्णा मन्त्र का उद्धार कहा गया । इसका स्वरूप - 'ह्रीं नमः भगवति माहेश्वरि अन्नपूर्णे स्वाहा' हुआ ।

ध्यान – जिनका शरीर रक्तवर्ण है, जिन्होने नाना प्रकार के चित्र विचित्र वस्त्र धारण किए हैं, जिनके शिखा में नवीन चन्द्रमा विराजमान है, जो निरन्तर त्रैलोक्यवासियों को अन्न

अपरो मन्त्रः

पूर्वोक्तमन्त्रे मन्वर्णान्ममाभिमतमुच्चरेत् ।
अन्नं देहि युगं चापि भवेदेकगुणार्णवान् ॥ २४ ॥
युगाङ्गवेदसप्ताब्धिषडर्णैरङ्गकल्पनम् ।

प्रसन्नपारिजातेश्वर्यन्नपूर्णामन्त्रः

प्रणवः कमलाशक्तिर्नमो भगवतीति च ॥ २५ ॥
प्रसन्नपारिजातेश्वर्यन्नपूर्णेऽनलाङ्गना ।
चतुर्विंशतिवर्णात्मा मन्त्रः सर्वेष्टसाधकः ॥ २६ ॥
रामाक्षिवेदनिधिभिर्वेदद्व्यर्णैः षडङ्गकम् ।

मन्त्रान्तरमाह – **पूर्वोक्तेति** । विंशत्यर्णे मन्वर्णाच्चतुर्दशाक्षरात् । माहेश्वरी–त्यन्ते । ममाभिमतमन्नं देहि देहीति वर्णानुच्चारयेत् । अन्नपूर्णे स्वाहेत्यन्तेऽस्त्येव । तत एकगुणार्णवानेकत्रिंशदर्णः ॥ २४ ॥ षडङ्गमाह – **युगेति** । मन्त्रान्तरमाह – **प्रणव** इति । कमला श्रीं । शक्तिः ह्रीं । अनलाङ्गना स्वाहा ॥ २५–२६ ॥

प्रदान करने में निरत हैं - स्तनभार से विनम्र भगवान् सदाशिव को अपने सामने नाचते देख कर प्रसन्न रहने वाली संसार के समस्त पाप तापों को दूर करने वाली भगवती अन्नपूर्णा का इस प्रकार ध्यान करना चाहिए ॥ २३ ॥

अन्नपूर्णा देवी का अन्य मन्त्र - पूर्वोक्त विंशत्यक्षर मन्त्र में चौदह अक्षर के बाद - 'ममाभिमतमन्नं देहि देहि अन्नपूर्णे स्वाहा' यह सत्रह अक्षर मिला देने से कुल इकत्तीस अक्षरों का एक अन्य अन्नपूर्णा मन्त्र बन जाता है । इस मन्त्र के ४, ६, ४, ७, ४ एवं ६ अक्षरों से षडङ्गन्यास करना चाहिए ॥ २४-२५ ॥

विमर्श - मन्त्र का स्वरूप इस प्रकार है - 'ॐ ह्रीं श्रीं क्लीं नमः भगवति माहेश्वरि ममाभिमतमन्नं देहि देहि अन्नपूर्णे स्वाहा' (३१)।

इसका विनियोग एवं ध्यान पूर्ववत् समझना चाहिए ।

षडङ्गन्यास - ॐ ॐ ह्रीं श्री क्लीं हृदयाय नमः, ॐ नमो भगवति शिरसे स्वाहा, ॐ माहेश्वरि शिखायै वषट्, ॐ ममाभिमतमन्नं कवचाय हुं, ॐ देहि देहि नेत्रत्रयाय वौषट्, ॐ अन्नपूर्णे स्वाहा अस्त्राय फट् ॥ २४-२५ ॥

अन्नपूर्णा देवी का अन्य मन्त्र - प्रणव (ॐ), कमला (श्रीं), शक्ति (ह्रीं), फिर 'नमो भगवति प्रसन्नपरिजातेश्वरि अन्नपूर्णे, फिर अनलाङ्गना (स्वाहा) लगाने से अभीष्ट साधक चौबीस अक्षरों का अन्नपूर्णा मन्त्र बनता है - इस मन्त्र के ३, २, ४, ६, ४ एवं २ अक्षरों से षडङ्गन्यास करना चाहिए ॥ २५-२७ ॥

विमर्श - मन्त्र का स्वरूप इस प्रकार है - 'ॐ श्रीं ह्रीं नमो भगवति

प्रसन्नवरदान्नपूर्णामन्त्रः

तारश्रीशक्तिहृदयं भगाम्भः कामिकासदृक् ॥ २७ ॥
माहेश्वरीप्रसन्नेति वरदेपदमुच्चरेत् ।
अन्नपूर्णेऽग्निपत्नीति पञ्चविंशतिवर्णवान्[1] ॥ २८ ॥
रामषड्युगषड्वेदनेत्रार्णैः स्यात् षडङ्गकम् ।
एषां चतुर्णां मन्त्राणामन्यत्सर्वं तु पूर्ववत् ॥ २९ ॥

त्रैलोक्यमोहनगौरीमन्त्रः

त्रैलोक्यमोहनो गौरीमन्त्रः संकीर्त्यतेऽधुना ।
मायानमोऽन्ते ब्रह्मश्रीराजिते राजपूजिते ॥ ३० ॥

षडङ्गमाह – **रामेति** । निधयो नव । मन्त्रान्तरमाह – **तारेति** । तार ॐ। श्रीः श्रीं । शक्तिः ह्रीं । हृदयं नमः । भगस्वरूपम् । अम्भो वः । सद्दृक्कामिका ति ॥ २७ ॥ अग्निपत्नी स्वाहा। स्वरूपमन्यत् ॥ २८ ॥ षडङ्गमाह – **रामेति** । अन्यत्तु ध्यानपूजाप्रयोगाः पूर्ववत् ॥ २९ ॥ गौरीमन्त्रमाह – **मायेति**। माया ह्रीं ॥ ३० ॥

प्रसन्नपारिजातेश्वरि अन्नपूर्णे स्वाहा' ।

षडङ्गन्यास - ॐ ॐ श्रीं ह्रीं हृदयाय नमः, ॐ नमः शिरसे स्वाहा,
ॐ भगवति शिखायै वषट्, ॐ प्रसन्नपारिजातेश्वरि कवचाय हुम्,
ॐ अन्नपूर्णे नेत्रत्रयाय वौषट्, ॐ स्वाहा अस्त्राय फट्

इसका विनियोग एवं ध्यान पूर्ववत् है ॥ २५-२७ ॥

अन्य मन्त्र - तार (ॐ), श्री (श्रीं), शक्ति (ह्रीं), हृदय (नमः), फिर 'भग', फिर अम्भ (व), फिर सदृक् कामिका (ति), फिर 'महेश्वरि प्रसन्नवरदे', तदनन्तर 'अन्नपूर्णे', इसके अन्त में अग्निपत्नी (स्वाहा) लगाने से पच्चिस अक्षरों का अन्नपूर्णा मन्त्र निष्पन्न होता है ॥ २७-२८ ॥

मन्त्र के राग षट्युग षड् वेद, नेत्र ३, ६, ४, ६, ४, एवं २ अक्षरों से षडङ्गन्यास करना चाहिए । उपर्युक्त चार मन्त्रों का विनियोग और ध्यान आदि समस्त कृत्य पूर्ववत् हैं ॥ २९ ॥

विमर्श - मन्त्र का स्वरूप इस प्रकार है - 'ॐ श्रीं ह्रीं नमो भगवति माहेश्वरि प्रसन्नवरदे अन्नपूर्णे स्वाहा' ।

षडङ्गन्यास - ॐ ॐ श्रीं ह्रीं हृदयाय नमः, ॐ नमो भगवति शिरसे स्वाहा
ॐ महेश्वरि शिखायै वषट्, ॐ प्रसन्न वरदे कवचाय हुम्
ॐ अन्नपूर्णे नेत्रत्रयाय वौषट्, ॐ स्वाहा अस्त्राय षट् ॥ २७-२९ ॥

---

१. ॐ श्रीं ह्रीं नमः भगवति माहेश्वरि प्रसन्नवरदे अन्नपूर्णे स्वाहेति पञ्चविंशत्यर्णः ।

जयेति विजये गौरीगान्धारीति वदेत्पदम्।
त्रिभुतोयं मेषवशङ्करिसर्वससद्यलः ॥ ३१ ॥
कवशङ्करिसर्वस्त्रीपुरुषान्ते वशङ्करि।
सुद्वयं दुद्वयं घेयुग्वायुग्मं हरवल्लभा ॥ ३२ ॥
स्वाहान्त एकषष्ट्यर्णो मन्त्रराजः[1] समीरितः।
अजो मुनिर्निचृच्छन्दो गौरीत्रैलोक्यमोहिनी[2] ॥ ३३ ॥
देवताबीजशक्ती तु मायास्वाहापदे क्रमात्।

षडङ्गकथनप्रकारोऽपरः

चतुर्दशदशाष्टाष्टदशैकादशवर्णकैः ॥ ३४ ॥
दीर्घाढ्यमाययायुक्तैः षडङ्गानि समाचरेत्।
मूलेन व्यापकं कृत्वा ध्यायेत् त्रैलोक्यमोहिनीम् ॥ ३५ ॥

तोयं वः । मेषो नः । ससद्य लः लो ॥ ३१ ॥ सुदुघेवा एषां युग्मं सुसु दुदु घेघे वावा हरवल्लभा ह्रीं स्वरूपं शेषम् ॥ ३२ ॥ अजो ब्रह्मा ॥ ३३ ॥ षडङ्गमाह – **चतुर्दशेति** । दीर्घषट्कयुक्तैश्चतुर्दशाद्यक्षरैः षडङ्गम् ॥ ३४–३५ ॥

अब **त्रैलोक्यमोहन गौरी मन्त्र** कहते हैं - माया (ह्रीं), उसके अन्त में 'नमः' पद, फिर 'ब्रह्म श्री राजिते राजपूजिते जय', फिर 'विजये गौरि गान्धारि', फिर 'त्रिभु', इसके बाद तोय (व), मेष (न), फिर 'वशङ्करि', फिर 'सर्व' पद, फिर ससद्यल (लो), फिर 'क वशङ्करि', फिर 'सर्वस्त्रीं पुरुष' के बाद 'वशङ्करि', फिर 'सु द्वय' (सु सु), दु द्वय (दु दु), घे युग् (घे घे), वायुग्म (वा वा), फिर हरवल्लभा (ह्रीं), तथा अन्त में 'स्वाहा' लगाने से ६१ अक्षरों का यह मन्त्रराज कहा गया है ॥ ३०-३३॥

विमर्श - मन्त्र का स्वरूप इस प्रकार है - 'ह्रीं नमः ब्रह्मश्रीराजिते राजपूजिते जयविजये गौरि गान्धारि त्रिभुवनवशङ्करि, सर्वलोकवशङ्करि सर्वस्त्रीपुरुषवशङ्करि सु सु दु दु घे घे वा वा ह्रीं स्वाहा' ॥ ३०-३३ ॥

अब इसका **विनियोग** कहते हैं - इस मन्त्र के अज ऋषि हैं, निचृद गायत्री छन्द है, त्रैलोक्यमोहिनी गौरी देवता है, माया बीज है एवं स्वाहा शक्ति है । षड् दीर्घयुक्त मायाबीज से युक्त इस मन्त्र के १४, १०, ८, ८, १० एवं ११ अक्षरों से षडङ्गन्यास करना चाहिए । फिर मूलमन्त्र से व्यापक कर त्रैलोक्यमोहिनी का ध्यान करना चाहिए ॥ ३३-३५ ॥

---

१. ह्रीं नमो ब्रह्मश्रीराजिते राजपूजिते जयविजयेगौरिगान्धारि त्रिभुवनवशंकरि सर्वलोकवशंकरि सर्वस्त्रीपुरुषवशंकरि सुसु दुदु घेघे वा वा ह्रीं स्वाहेत्येकषष्ट्यर्णः ।

२. ॐ अस्य मन्त्रस्य अजऋषिः निचृद्गायत्रीच्छन्दः गौरीत्रैलोक्यमोहिनीदेवता ह्रीं बीजं स्वाहा शक्तिः ममाऽखिलकामसिद्ध्यर्थे जपे विनियोगः ।

ध्यानजपहोमाद्यनुष्ठानं फलकथनं च

गीर्वाणसङ्घार्चितपादपङ्कजा-
रुणप्रभाबालशशाङ्कशेखरा ।
रक्ताम्बरालेपनपुष्पऽङ् मुदे
सृणिं सपाशं दधती शिवास्तु नः ॥ ३६ ॥
अयुतं प्रजपेन्मन्त्रं सहस्रं घृतसंयुतैः ।
पायसैर्जुहुयात्पीठे प्रागुक्ते गिरिजां यजेत् ॥ ३७ ॥
केसरेष्वङ्गमाराध्य ब्रह्मयाद्याः पत्रमध्यगाः ।
लोकेश्वरास्तदस्त्राणि तद्बहिः परिपूजयेत् ॥ ३८ ॥

ध्यानमाह – **गीर्वाणेति** । गीर्वाणा देवास्तत्समूहैः पूजितं पादपद्मं यस्याः । अंकुशं दक्षे ॥ ३६–४१ ॥

विमर्श - विनियोग - 'अस्य श्रीत्रैलोक्यमोहनगौरीमन्त्रस्य अजऋषिर्निचृद्गायत्री छन्दः त्रैलोक्यमोहिनीगौरीदेवता ह्रीं बीजं स्वाहा शक्ति ममाऽभीष्टसिद्ध्यर्थ जपे विनियोगः ।

षडङ्गन्यास - ह्रां ह्रीं नमो ब्रह्मश्रीराजिते राजपूजिते हृदयाय नमः, ह्रीं जयविजये गौरिगान्धारि शिरसे स्वाहा, ह्रूँ त्रिभुवनवशङ्करि शिखायै वषट्, ह्रैं सर्वलोक वशङ्करि कवचाय हुं, ह्रौं सर्वस्त्रीपुरुष नेत्रत्रयाय वशङ्करि वौषट् ह्रः सुसु दुदु घेघे वावा ह्रीं स्वाहा, ह्रीं नमोः ब्रह्मश्रीराजिते राजपूजिते जयविजये गौरिगान्धारि त्रिभुवनवशङ्करि सर्वलोकवशङ्करि सर्वस्त्री-पुरुष वशङ्करि सुसु दुदु घेघे वावा ह्रीं स्वाहा, सर्वाङ्गे ॥ ३३-३५ ॥

त्रैलोक्यमोहिनीपूजनयन्त्रम्

अब **उक्त मन्त्र का ध्यान** कहते हैं

देव समूहों से अर्चित पाद कमलों वाली, अरुण वर्णा, मस्तक पर चन्द्र कला धारण किये हुये, लाल चन्दन, लाल वस्त्र एवं लाल पुष्पों से अलंकृत अपने दोनों हाथों में अंकुश एवं पाश लिए हुये शिवा (गौरी) हमारा कल्याण करें ॥ ३६ ॥

उक्त मन्त्र का दश हजार जप करे, तदनन्तर घृत मिश्रित पायस (खीर) से उसका दशांश होम करे, अन्त में पूर्वोक्त पीठ पर श्रीगिरिजा का पूजन करे ॥ ३७ ॥

अब **आवरण पूजा** कहते हैं - केशरों पर षडङ्गपूजा कर अष्टदलों में ब्राह्मी आदि

इत्थमाराधिता देवी प्रयच्छेत्सुखसम्पदः।
तन्दुलैस्तिलसम्मिश्रैर्लवणैर्मधुरान्वितैः ॥ ३६ ॥
फलै रम्यै रक्तपद्मैर्जुहुयाद्यो दिनत्रयम्।
तस्य विप्रादयो वर्णा वश्याः स्युर्मासमध्यतः ॥ ४० ॥

मातृकाओं की, भूपुर में लोकपालों की तथा बाहर उनके आयुधों की पूजा करनी चाहिए॥ ३८॥

विमर्श - पीठ देवताओं एवं पीठशक्तियों का पूजन कर पीठ पर मूलमन्त्र से देवी की मूर्त्ति की कल्पना कर आवाहनादि उपचारों से पुष्पाञ्जलि समर्पित कर उनकी आज्ञा से इस प्रकार आवरण पूजा करे ।

सर्वप्रथम केशरों में षडङ्गमन्त्रों से षडङ्गपूजा करनी चाहिए । यथा -

ह्रीं ह्रीं नमो ब्रह्मश्रीराजिते राजपूजिते हृदयाय नमः,
ह्रीं जयविजये गौरि गान्धारि शिरसे स्वाहा,
हूँ त्रिभुवनवशङ्करि शिखायै वषट्,
ह्रैं सर्वलोकवशङ्करि कवचाय हुम्,
ह्रौं सर्वस्त्रीपुरुषवशङ्करि नेत्रत्रयाय वौषट्,
ह्रः सुसु दुदु घेघे वावा ह्रीं स्वाहा अस्त्राय फट्,

फिर अष्टदल में पूर्वादि दिशाओं के क्रम से ब्राह्मी आदि का पूजन करनी चाहिए ।

१. ॐ ब्राह्म्यै नमः, पूर्वदले	२. ॐ माहेश्वर्यै नमः, आग्नेये
३. ॐ कौमार्यै नमः, दक्षिणे	४. ॐ वैष्णव्यै नमः, नैर्ऋत्ये
५. ॐ वाराह्यै नमः, पश्चिमे	६. ॐ इन्द्राण्यै नमः, वायव्ये
७. ॐ चामुण्डायै नमः, उत्तरे	८. ॐ महालक्ष्म्यै नमः, ऐशान्ये

तत्पश्चात् भूपुर के भीतर अपनी अपनी दिशाओं में इन्द्रादि दश दिक्पालों की पूजा करनी चाहिए । इन्द्राय नमः, पूर्वे, अग्नये नमः, आग्नेये, यमाय नमः, दक्षिणे नैर्ऋत्याय नमः, नैर्ऋत्ये, वरुणाय नमः, पश्चिमे, वायवे नमः, वायव्ये, सोमाय नमः, उत्तरे, ईशानाय नमः, पश्चिमनैर्ऋत्ययोर्मध्ये ।

पुनः भूपुर के बाहर वज्रादि आयुधों की पूजा करनी चाहिए ।

वज्राय नमः, पूर्वे, शक्तये नमः, आग्नेये, दण्डाय नमः, दक्षिणे,
खडगाय नमः, नैर्ऋत्ये, पाशाय नमः, पश्चिमे, अंकुशाय नमः, वायव्ये,
गदायै नमः, उत्तरे, त्रिशूलाय नमः, ऐशान्ये, पद्माय नमः, पूर्वेशानयोर्मध्ये,
चक्राय नमः, पश्चिमनैर्ऋत्ययोर्मध्ये ॥ ३८ ॥

अब **काम्य प्रयोग** कहते हैं -

इस प्रकार आराधना करने से देवी सुख एवं संपत्ति प्रदान करती हैं तिल मिश्रित तण्डुल (चावल), सुन्दर फल, त्रिमधु (घी, मधु, दूध) से मिश्रित लवण और मनोहर लालवर्ण के कमलों से जो व्यक्ति तीन दिन तक हवन करता है, उस व्यक्ति के ब्राह्मणादि सभी वर्ण एक महीने के भीतर वश में हो जाते हैं ॥ ३६-४० ॥

रविमण्डलमध्यस्थां देवीं ध्यायञ्जपेन्मनुम्।
अष्टोत्तरशतं तावद्धुत्वाग्नौ वशयेज्जगत्॥ ४१॥

रविमण्डलमध्यस्थदेव्यनुष्ठानं फलं च

नभोहंसानलयुतमैकारस्थं शशाङ्कयुक्।
तोयं वाय्वग्निकर्णेन्दुयुतं राजमुखीति च॥ ४२॥
राजाधिमुखिवश्यान्ते मुखिमायारमात्मभूः।
देवि देवि महादेवि देवाधिदेवि सर्व च॥ ४३॥
जनस्य च मुखं पश्चान्मम वशं कुरुद्वयम्।
वह्निप्रियान्तो मन्त्रोऽष्टचत्वारिंशल्लिपिर्मतः[1]॥ ४४॥
ऋषिच्छन्दो देवतास्तु पूर्ववत्परिकीर्तिताः।
हृदेकादशभिः प्रोक्तं शिरः स्यात्सप्तवर्णकैः॥ ४५॥

गौर्या मन्त्रान्तरमाह – **नभ** इति । नभो हकारः । कीदृक् नभः हसानलयुतम् । हसः सः । अनलो रः । ताभ्यां युतम् । ऐस्थं बिन्दुयुतम् । तेन ह्स्रैं । तोयं वः । कीदृक् वायुर्यः । अग्नी रः । कर्णः ऊः । इन्दुर्बिन्दुः । तैर्युतम् । व्यरूं । स्वरूपमन्यत् । माया ह्रीं । रमा श्रीं । आत्मभूः क्लीं । अन्यत्स्वरूपम् । वह्निप्रिया स्वाहा॥ ४२–४६॥

सूर्यमण्डल में विराजमान देवी के उक्त स्वरूप का ध्यान करते हुये जो व्यक्ति जप करता है अथवा १०८ आहुतियाँ प्रदान करता है वह व्यक्ति सारे जगत् को अपने वश में कर लेता है ॥ ४१ ॥

अव **गौरी का अन्य मन्त्र** कहते हैं - हंस (स्), अनल (र), ऐकारस्थ शशांकयुत् (ऐं) उससे युक्त नभ (ह्) इस प्रकार ह्स्रैं, फिर वायु (य्), अग्नि (र), एवं कर्णेन्दु (ऊ) सहित तोय (व्), अर्थात् 'व्यूरुँ', फिर 'राजमुखि', 'राजाधिमुखिवश्य' के बाद 'मुखि', फिर माया (ह्रीं), रमा (श्रीं), आत्मभूत (क्लीं), फिर 'देवि देवि महादेवि देवाधिदेवि सर्वजनस्य मुखं' के बाद 'मम वशं' फिर दो बार 'कुरु कुरु' और इसके अन्त में वह्निप्रिया (स्वाहा) लगाने से अड़तालिस अक्षरों का मन्त्र निष्पन्न होता है॥ ४२-४३॥

विमर्श – मन्त्र का स्वरूप इस प्रकार है - 'ह्स्रैं व्यूरूँ राजमुखि राजाधि मुखि वश्यमुखि ह्रीं श्रीं क्ली देवि देवि महादेवि देवाधिदेवि सर्वजनस्य मुखं मम वशं कुरु कुरु स्वाहा' ॥ ४२-४३ ॥

इस मन्त्र के ऋषि छन्द देवता आदि पूर्व में कह आये हैं मन्त्र के ग्यारह वर्णो से हृदय सात वर्णो से शिर चार वर्णो से शिखा चार वर्णो से कवच पाँच वर्णो से नेत्र

---

१. ह्स्रैं व्यूरूँ राजमुखि राजाधिमुखि वश्यमुखि ह्रीं श्रीं क्लीं देवि देवि महादेवि देवाधिदेवि सर्वजनस्य मुखं मम वशं कुरु कुरु स्वाहेत्यष्टचत्वारिंशदर्णः ।

शिखावर्मापि वेदार्णैः पञ्चभिर्नेत्रमीरितम् ।
अस्त्रं सप्तदशार्णैः स्याद्ध्यानजप्यादिपूर्ववत् ॥ ४६ ॥

वश्यकरमन्त्रषट्ककथनम्

अङ्गमन्त्रास्तु दीर्घाढ्य भुवनेशीपरा मताः ।
एवं सिद्धमनुर्मन्त्री प्रयोगान् कर्तुमर्हति ॥ ४७ ॥
कुर्यात् सर्वजनस्थाने मनोः साध्याभिधानकम् ।
जपे होमे तर्पणे च वशीकरणकर्मणि ॥ ४८ ॥
ससम्पातं घृतं हुत्वा सहस्रं सप्तवासरम् ।
सम्पाताज्यं तु साध्यस्य प्राशितं वश्यकारकम् ॥ ४९ ॥

अङ्गमन्त्राः – षट् । दीर्घयुक्मायाबीजं परं येषामीदृशाः ॥ ४७॥ मनोर्मन्त्रस्य सर्वजनस्थाने सर्वजनस्येति पदस्थाने साध्याऽभिधानकं साध्यनामोच्चरेत् देवदत्तस्य मुखमित्यादि ॥ ४८ ॥ *॥ ४९ ॥

तथा सत्रह वर्णो से अस्त्र न्यास करना चाहिए । पूवर्वत् जप ध्यान एवं पूजा भी करनी चाहिए । षड्दीर्घयुत् माया बीज प्रारम्भ में लगाकर षडङ्गन्यास के मन्त्रों की कल्पना कर लेनी चाहिए । इस प्रकार मन्त्र सिद्ध हो जाने पर साधक काम्य प्रयोग का अधिकारी होता है ॥ ४४-४७ ॥

विमर्श – विनियोग - 'अस्य श्रीगौरीमन्त्रस्य अजऋषिर्निचृद्गायत्रीछन्दः गौरीदेवता, ह्रीं बीजं स्वाहा शक्तिः ममाखिलकामनासिद्ध्यर्थे जपे विनियोगः' ।

षडङ्गन्यास - ह्रां स्त्रैं व्यूँ राजमुखि राजाधिमुखि हृदयाय नमः,
ह्रीं वश्यमुखि ह्रीं श्रीं क्लीं शिरसे स्वाहा,
हूँ देवि देवि शिखायै वषट्, ह्रैं महादेवि कवचाय हुम,
ह्रौं देवाधिदेवि नेत्रत्रयाय वौषट्,
ह्रः सर्वजनस्य मुखं मम वशं कुरु कुरु स्वाहा अस्त्राय फट् ।

पूजाविधि - पहले श्लोक ९ - ३९ में वर्णित देवी के स्वरूप का ध्यान करे । अर्घ्य स्थापन, पीठशक्तिपूजन, देवी पूजन तथा आवरण देवताओं के पूजन का प्रकार पूर्वोक्त है ॥ ४५-४७ ॥

अब **वशीकरण के कुछ मन्त्र** कहते हैं -

वशीकरण मन्त्र के पूजन जप होम एवं तर्पण में मूल मन्त्र के 'सर्वजनस्य' पद के स्थान पर जिसे अपने वश में करना हो उस साध्य के षष्ठ्यन्त रूप को लगाना चाहिए । सात दिन तक सहस्र-सहस्र की संख्या में संपातपूर्वक (हुतावशेष स्रुवावस्थित घी का प्रोक्षणी में स्थापन) घी से होमकर उस संपात (संस्रव) घृत को साध्य व्यक्ति को पिलाने से वह वश में हो जाता है ॥ ४८-४९ ॥

साध्यनक्षत्रवृक्षे साध्याकृतिप्रयोग

साध्यनक्षत्रवृक्षेण कुर्यात्साध्याकृतिं शुभाम् ।
तस्यामसून् प्रतिष्ठाप्य प्राङ्गणे निखनेच्च ताम् ॥ ५० ॥
तत्रानलं समाधाय रक्तचन्दनसंयुतैः ।
जपापुष्पैर्निशीथिन्यां जुहुयात्सप्तवासरम् ॥ ५१ ॥
सहस्रं प्रत्यहं पश्चात्तां निष्कास्य सरित्तटे ।
निखनेत्साधकस्तस्य साध्यो दासो भवेद् ध्रुवम् ॥ ५२ ॥

प्रयोगान्तरमाह – **साध्यनक्षत्रेति** । साध्यस्य यन्नक्षत्रम् । जन्मनक्षत्रं तत्सम्बन्धी यो वृक्षस्तेन साध्याकृतिं साध्यप्रतिमां कुर्यात् । तत्र प्राणान् प्रतिष्ठाप्य । तामङ्गणे खात्वा तदुपर्यग्निं निधाय रक्तचन्दनाक्तैर्जपापुष्पैः सहस्रं हुत्वा तां निष्कास्य नदीतटे निखनेत् । स दासः स्यात् । 'नक्षत्रवृक्षा यथाः –

कारस्कारोथ धात्री स्यादुदुम्बरतरुः पुनः ।
जम्बूः खादिर कृष्णाख्यौ वंशपिप्पलसंज्ञकौ ।
नागरोहिणनामानौ पलाशप्लक्षसंज्ञकौ ।
अम्बष्ठबिल्वार्जुनाख्य यविकंकतमहीरुहाः ।
बकुलः सरलः सर्जोवंजुलः पनसार्ककौ ।
शमीकदम्बनिम्बाम्रामधूका वृक्षशाखिनः । इति शारदोक्ताः ॥ ५०–५२ ॥

साध्य व्यक्ति के जन्म नक्षत्र सम्बन्धी लकड़ी लेकर उसी से साध्य की प्रतिमा निर्माण करावे, फिर उसमें प्राणप्रतिष्ठा कर उस प्रतिमा को आँगन में गाड़ देवे ॥ ५० ॥

पुनः उसके ऊपर अग्निस्थापन कर मध्य रात्रि में सात दिन तक रक्तचन्दन मिश्रित जपा कुसुम के फूलों से प्रतिदिन इस मन्त्र से एक हजार आहुतियाँ प्रदान करे । इसके बाद उस प्रतिमा को उखाड़ कर किसी नदी के किनारे गाड़ देनी चाहिए, ऐसा करने से साध्य निश्चित रूप से वश में हो कर दासवत् हो जाता है ॥ ५०-५२ ॥

विमर्श – जन्म नक्षत्रों के वृक्षों की तालिका –

नक्षत्र	वृक्ष	नक्षत्र	वृक्ष
१ – अश्विनी	कारस्कर	९ – आश्लेषा	नाग
२ – भरणी	धात्री	१० – मघा	रोहिणी
३ – कृत्तिका	उदुम्बर	११ – पू.फा.	पलाश
४ – रोहिणी	जम्बू	१२ – उ.फा.	प्लक्ष
५ – मृगशिरा	खदिर	१३ – हस्त	अम्बष्ठ
६ – आर्द्रा	कृष्ण	१४ – चित्रा	विल्व
७ – पुनर्वसु	वंश	१५ – स्वाती	अर्जुन
८ – पुष्य	पिप्पल	१६ – विशाखा	विकंकत

ज्येष्ठालक्ष्मीमन्त्रः

ज्येष्ठालक्ष्मी महामन्त्रः प्रोच्यते धनवृद्धिदः।
वाग्बीजं भुवनेशानी श्रीरनन्तोद्यलक्ष्मि च ॥ ५३ ॥
स्वयम्भुवे शम्भुजाया ज्येष्ठायै हृदयान्तिकः।
मनुः[1] सप्तदशार्णोऽयं मुनिर्ब्रह्मास्य[2] कीर्तितः ॥ ५४ ॥
छन्दोऽष्टिर्ज्येष्ठलक्ष्मीस्तु देवता शक्तिबीजके।
श्रीमाये मूलतो हस्तौ प्रमृज्याङ्गं समाचरेत् ॥ ५५ ॥

ज्येष्ठालक्ष्मीमन्त्रमाह – **वागिति** । वाग्बीजं ऐं । भुवनेशानी ह्रीं । श्रीः श्रीं । अनन्त आ । द्यलक्ष्मिस्वरूपम् ॥ ५३ ॥

स्वयम्भुवे स्वरूपम् । शम्भुजाया ह्रीं । ज्येष्ठायै स्वरूपम् । हृदयं नमः ॥ ५४ ॥ श्रीं शक्तिः ॥ ह्रीं बीजं ॥ ५५ ॥

---

१७ - अनुराधा	वकुल	२३ - धनिष्ठा	शमी
१८ - ज्येष्ठा	सरल	२४ - शतभिषा	कदम्ब
१९ - मूल	सर्ज	२५ - पू.भा.	निम्ब
२० - पू.षा.	वञ्जुल	२६ - उ.भा.	आम्र
२१ - उ.षा.	पनस	२७ - रेवती	मधूक
२२ - श्रवण	अर्क		

अब **ज्येष्ठा लक्ष्मी का मन्त्रोद्धार** कहते हैं -

वाग्बीज (ऐं), भुवनेशी (ह्रीं), श्री (श्रीं), अनन्त (आ), फिर 'द्यलक्ष्मि', फिर 'स्वयंभुवे', फिर शम्भुजाया (ह्रीं), तदनन्तर 'ज्येष्ठायै' अन्त में हृदय (नमः) लगाने से सत्रह अक्षरों का धन की वृद्धि करने वाला मन्त्र बनता है ॥ ५३-५४ ॥

विमर्श - मन्त्र का स्वरूप इस प्रकार है - 'ऐं ह्रीं श्रीं आद्यलक्ष्मि स्वयंभुवे ह्रीं ज्येष्ठायै नमः' ॥ ५३-५४ ॥

अब **विनियोग** कहते हैं - इस मन्त्र के ब्रह्मा ऋषि हैं, अष्टि छन्द है, ज्येष्ठा लक्ष्मी देवता हैं, श्री बीज है तथा माया शक्ति है । मूल मन्त्र से हस्त प्रक्षालन कर बाद में अङ्गन्यास करना चाहिए ॥ ५४-५५ ॥

विमर्श - विनियोग का स्वरूप इस प्रकार है -

'अस्य श्रीज्येष्ठालक्ष्मीमन्त्रस्य ब्रह्माऋषिरष्टिच्छन्दः ज्येष्ठालक्ष्मीदेवता ममाभीष्ट-सिद्ध्यर्थे जपे विनियोगः' ॥ ५४-५५ ॥

---

१. ऐं ह्रीं श्रीं ज्येष्ठालक्ष्मीस्वयंभुवे ह्रीं ज्येष्ठायै नम इतिसप्तदशर्णा ।

२. अस्य श्रीज्येष्ठालक्ष्मीमन्त्रस्य ब्रह्माऋषिरष्टिच्छन्दः ज्येष्ठालक्ष्मीदेवता ममाभीष्टसिद्ध्यर्थे जपे विनियोगः।

मन्त्राक्षरन्यासकथनम्

रामवेदयुगैकत्रिनेत्रार्णैर्मनुसम्भवैः ।
पदानामष्टकं न्यस्येच्छिरो भ्रूमध्यवक्त्रके ॥ ५६ ॥
हृन्नाभ्याधारके जानुपादयोस्तत्पदोन्मितिः ।
भूचन्द्रैकचतुर्वेदभूमिरामाक्षिवर्णकैः ॥ ५७ ॥

ध्यानं पीठदेवतागायत्र्यादिकथनम्

उद्यद्भास्करसन्निभा स्मितमुखी रक्ताम्बरालेपना,
सत्कुम्भं धनभाजनं सृणिमथो पाशङ्करैर्बिभ्रती ।
पद्मस्था कमलेक्षणा दृढकुचा सौन्दर्यवारांनिधि–
र्ध्यातव्या सकलाभिलाषफलदा श्रीज्येष्ठलक्ष्मीरियम् ॥ ५८ ॥
लक्षं जपेत् पायसेन जुहुयात् तद्दशांशतः ।
आज्याक्तेन यजेत्पीठे वक्ष्यमाणे महाश्रियम् ॥ ५९ ॥

पदोन्मितिः पदवर्णसंख्याभूरित्यादिवर्णैर्ज्ञेया ॥ ५६–५७ ॥ ध्यानमाह – उद्यदिति । धनपात्रांकुशौ दक्षिणयोः कुम्भपाशौ वामयोः ॥ ५८–५९ ॥

मन्त्र के ३, ४, ४, १, ३ एवं २ वर्णो से षडङ्गन्यास करना चाहिए तथा १, १, १, ४, ४, १, ३, एवं दो वर्णो से शिर भ्रूमध्य, मुख, हृदय, नाभि मूलाधार जानु एवं पैरों का न्यास करना चाहिए ॥ ५६-५७ ॥

विमर्श – षडङ्गन्यास – ऐं ह्रीं श्रीं हृदयाय नमः, आद्यलक्ष्मी शिरसे स्वाहा, स्वयंभुवे शिखायै वषट् ह्रीं कवचाय हुम् ज्येष्ठायै नेत्रत्रयाय वौषट् नमः अस्त्राय फट् ।

सर्वाङ्गन्यास यथा – ऐं नमः शिरसि, ह्रीं नमः भ्रूमध्ये,
श्रीं नमः मुखे, आद्यलक्ष्मि नमः हृदि स्वयंभुवे नमः नाभौ
ह्रीं नमः मूलाधारे, ज्येष्ठायै नमः जान्वोः नमोः नमः पादयोः ॥ ५६-५७ ॥

अब **ज्येष्ठा लक्ष्मी का ध्यान** कहते हैं – उदीयमान सूर्य के समान लाल आभावाली, प्रहसितमुखी, रक्त वस्त्र एवं रक्त वर्ण के अङ्गरागों से विभूषित, हाथों में कुम्भ धनपात्र, अंकुश एवं पाश को धारण किये हुये, कमल पर विराजमान, कमलनेत्रा, पीन स्तनों वाली, सौन्दर्य के सागर के समान, अवर्णनीय सुन्दरता से युक्त, अपने उपासकों के समस्त अभिलाषाओं को पूर्ण करने वाली श्री ज्येष्ठा लक्ष्मी का ध्यान करना चाहिए ॥ ५८ ॥

उक्त मन्त्र का एक लाख जप करे तथा घी मिश्रित खीर से उसका दशांश होम करे फिर वक्ष्यमाण पीठ पर महागौरी का पूजन करना चाहिए ॥ ५९ ॥

लोहिताक्षीविरूपा च करालीनीललोहिता ।
समदावारुणीपुष्टिरमोघाविश्वमोहिनी ॥ ६० ॥
तत्पीठशक्तयः प्रोक्ता दिक्षु मध्ये च ता यजेत् ।
प्रयच्छेदासनं तस्यै गायत्र्या वक्ष्यमाणया ॥ ६१ ॥
प्रणवो रक्तज्येष्ठायै विद्महे पदमन्ततः ।
नीलज्येष्ठापदं पश्चाद्यै धीमहि ततः पदम् ॥ ६२ ॥
तन्नो लक्ष्मीः पदं प्रोच्य चोदयादिति चोच्चरेत् ।
गायत्र्येषा[1] समाख्याता केसरेष्वङ्गपूजनम् ॥ ६३ ॥
मातरः पत्रमध्येषु बाह्ये लोकेशहेतयः ।
इत्थं जपादिभिः सिद्धो मनुर्दद्यादभीप्सितम् ॥ ६४ ॥

पीठशक्तीराह – **लोहिताक्षीति** ॥ ६०–६१ ॥ गायत्रीमाह – **प्रणव** इति । स्पष्टम् ॥ ६२–६३ ॥ लोकेशा इन्द्रादयः । हेतयो वज्राद्याः ॥ ६४ ॥

---

१. लोहिताक्षी, २. विरूपा, ३. कराली, ४. नीललोहिता, ५. समदा, ६. वारुणी, ७. पुष्टि, ८. अमोघा, एवं ९. विश्वमोहिनी - ये ज्येष्ठापीठ की नवशक्तियाँ कही गयी हैं । इनका पूजन आठ दिशाओं में तथा मध्य में करना चाहिए । तदनन्तर वक्ष्यमाण गायत्री मन्त्र से ज्येष्ठा को आसन देना चाहिए ॥ ६०-६१ ॥

प्रणव (ॐ) फिर 'रक्तज्येष्ठायै विद्महे' तदनन्तर 'नीलज्येष्ठा' पद के पश्चात् 'यै धीमहि', उसके बाद 'तन्नो लक्ष्मी' पद, फिर 'प्रचोदयात्' - यह ज्येष्ठा का गायत्री मन्त्र कहा गया है ॥ ६२-६३ ॥

विमर्श - मन्त्र का स्वरूप इस प्रकार है - 'ॐ रक्तज्येष्ठायै विद्महे नीलज्येष्ठायै धीमहि । तन्नो लक्ष्मी प्रचोदयात्' ॥ ६२-६३ ॥

केशरों में अङ्गपूजा, अष्टपत्रों पर मातृकाओं की, फिर उसके बाहर लोकपालों एवं उनके अस्त्रों की पूजा करनी चाहिए । इस प्रकार जप आदि से सिद्ध मन्त्र मनोवाञ्छित फल देता है (द्र० ९. ३८) ॥ ६३-६४ ॥

विमर्श - पीठ पूजा विधि - साधक ९. ५८ में वर्णित ज्येष्ठा लक्ष्मी के स्वरूप का ध्यान करे, फिर मानसोपचार से पूजन कर प्रदक्षिण क्रम से पीठ की शक्तियों का पूर्वादि आठ दिशाओं में एवं मध्य में इस प्रकार पूजन करे ।

ॐ लोहिताक्ष्यै नमः पूर्वे, ॐ दिव्यायै नमः आग्नेये,
ॐ करात्यै नमः दक्षिणे, ॐ नीललोहितायै नमः नैर्ऋत्ये,
ॐ समदायै नमः पश्चिमे, ॐ वारुण्यै नमः वायव्ये,
ॐ पुष्टयै नमः उत्तरे, ॐ अमोघायै नमः ऐशान्ये,

---

१. ॐ रक्तज्येष्ठायै विद्महे नीलज्येष्ठायै धीमहि । तन्नो लक्ष्मीः प्रचोदयात् ।

अन्नदमन्त्रकथनम्

अथान्नदमनोर्वक्ष्ये साधनं यः पुरोदितः ।
अन्नपूर्णावृतौ भूमिश्रीयागे द्वियमाक्षरः ॥ ६५ ॥
तारभूश्रीपुटो[1] जप्यो मुनिरस्य[2] चतुर्मुखः ।
छन्दो निचृतिराख्यातं देवते वसुधाश्रियौ ॥ ६६ ॥
भूबीजं बीजमस्योक्तं श्रीबीजं शक्तिरीरिता ।
अन्नं महीति हृदयमन्नं मे देहि मस्तकम् ॥ ६७ ॥

अन्नदमन्त्रमाह – **अथेति** । यो मन्त्रः अन्नपूर्णावरणपूजने भूमिश्रियोः पूजने द्वियमाक्षरो द्वाविंशत्यर्णः पुरा कथितः सोन्नदो मनुः । अन्नं मह्यन्नं मे देह्यन्नाधिपतये ममान्नं प्रदापय स्वाहेति सप्रणव भूबीजश्रीबीजसम्पुटौऽ–ष्टाविंशतिवर्णः ॥ ६५–६६ ॥

ॐ विश्वमोहिन्यै नमः मध्ये

तदनन्तर 'ॐ रक्तज्येष्ठायै विद्महे नीलज्येष्ठायै धीमहि । तन्नो लक्ष्मी प्रचोदयात्' इस गायत्री मन्त्र से उक्त पूजित पीठ पर देवी को आसन देवे । फिर यथोपचार देवी का पूजन कर पुष्पाञ्जलि प्रदान कर उनकी अनुज्ञा ले आवरण पूजा करे । सर्वप्रथम केशरों में षडङ्गपूजा -

ॐ ऐं ह्रीं श्रीं हृदयाय नमः, आद्यलक्ष्मि शिरसे स्वाहा, स्वयंभुवे शिखायै वषट्, ह्रीं कवचाय हुम् ज्येष्ठायै नेत्रत्रयाय वौषट्, स्वाहा अस्त्राय फट् । तदनन्तर अष्टदल में ब्राह्मी आदि देवताओं की, भूपुर के भीतर इन्द्रादि दश दिक्पालों की तथा बाहर उनके वज्रादि आयुधों की पूर्ववत् पूजा करनी चाहिए (द्र. ९. ३८) । आवरण पूजा के पश्चात् देवी का धूप दीपादि से उपचारों से पूजन कर जप प्रारम्भ करे ।

इस प्रकार पूजन सहित पुरश्चरण करने से मन्त्र सिद्ध होता है और साधक को अभिमत फल प्रदान करता है ॥ ६३-६४ ॥

अब **अन्नपूर्णा के अन्य मन्त्र** को कहता हूँ - अन्नपूर्णा के आवरण पूजा में भूमि एवं श्री के पूजनार्थ बाइस अक्षरों का मन्त्र हम पहले कह चुके हैं (द्र. ९. १६-१७) ॥ ६५ ॥

उसी को तार (ॐ), भू (ग्लौं), एवं श्री (श्रीं) से संपुटित कर जप करना चाहिए । इस अन्नदायक मन्त्र की साधना का प्रकार कहते हैं । इस मन्त्र के ब्रह्मा ऋषि हैं, निचृद् गायत्री छन्द है, श्री एवं वसुधा इसके देवता हैं, ग्लौं इसका बीज है तथा श्रीं

---

१. ॐ ग्लौं श्रीं अन्नं मह्यन्नं मे देह्यन्नाधिपतये ममान्नं प्रदापय स्वाहा श्रीं ग्लौं श्रीमित्यष्टाविंशत्यर्णः ।

२. अस्य श्रीज्येष्ठालक्ष्मीमन्त्रस्य ब्रह्माऋषिः निचृद्गायत्रीछन्दः वसुधाश्रियौदेवतेग्लौबींजह्रीं शक्तिः ममाभीष्ट प्राप्तौ जपे विनियोगः ।

शिखात्वन्नाधिपतये ममान्नं च प्रदापय।
वर्मोक्तं स्वाहया चास्त्रमङ्गमन्त्राध्रुवादिकाः ॥ ६८ ॥
षड्दीर्घारूढभूमिश्रीबीजान्ताः परिकीर्तिताः।
विनेत्रा अपदुग्धाब्धौ स्वर्णदीपे तु ते स्मरेत् ॥ ६६ ॥
कल्पद्रुमाधोमणिवेदिकायां
समास्थिते वस्त्रविभूषणाढ्ये ।
भूमिश्रियौ वाञ्छितवामदक्षे
संचिन्तयेद् देवमुनीन्द्रवन्द्ये ॥ ७० ॥

षडङ्गमाह – **अन्नं महीति** । षडङ्गमन्त्राः । ध्रुवादिकाः प्रणवाद्याः । दीर्घयुक्ते भूश्रीबीजे अन्ते येषां ते । विनेत्रा नेत्रहीनाः पञ्चैव । पञ्चाङ्गानि मनोर्यत्र तत्र नेत्रमनुं त्यजेदित्युक्तेः । ॐ अन्नं महि ग्लां श्रीं हृत् । ॐ अन्नं देहि ग्लीं श्रीं शिर इत्यादि ॥ ६७–७१ ॥

शक्ति है ॥ ६६-६७ ॥

विमर्श – मन्त्र का स्वरूप इस प्रकार है – 'ॐ ग्लौं श्रीं अन्नं मह्यन्नं मे देह्यन्नाधिपतये ममान्नं प्रदापय स्वाहा श्रीं ग्लौं ॐ ।'

विनियोग – 'ॐ अस्य श्रीज्येष्ठालक्ष्मीमन्त्रस्य ब्रह्माऋषिर्निचृद्गायत्रीछन्दः वसुधाश्रियौ देवते ग्लौं बीजं श्रीं शक्तिः मनोकामनासिद्ध्यर्थे जपे विनियोगः' ॥ ६६-६७ ॥

अब **न्यास विधि** कहते हैं – 'अन्नं महि' से हृदय, 'अन्नं मे देहि' से शिर, 'अन्नाधिपतये' से शिखा, 'ममान्नं प्रदापय' से कवच तथा 'स्वाहा' से अस्त्र का न्यास करना चाहिए । इन मन्त्रों के प्रारम्भ में ध्रुव (ॐ) तथा अन्त में षड्दीर्घ सहित भूमिबीज एवं श्री बीज लगाना चाहिए । यह न्यास नेत्र को छोड़कर मात्र पाँच अङ्गों में किया जाता है । न्यास के बाद क्षीरसागर में स्वर्णद्वीप में वसुधा एवं श्री का ध्यान वक्ष्यमाण (६. ७०) श्लोक के अनुसार करे ॥ ६८-६६ ॥

विमर्श – पञ्चाङ्गन्यास विधि – 'पञ्चाङ्गानि मनोर्यत्र तत्र नेत्रमनुं त्यजेत्' जहाँ पञ्चाङ्गन्यास कहा गया हो वहाँ नेत्रन्यास न करे । इस नियम के अनुसार नेत्र को छोड़कर इस प्रकार पञ्चाङ्गन्यास करना चाहिए ।

ॐ अन्नं महि ग्लां श्रीं हृदयाय नमः, ॐ अन्नं मे देहि ग्लीं श्रीं शिरसे स्वाहा,
ॐ अन्नाधिपतये ग्लूं श्रीं शिखायै वषट्, ॐ ममान्नं प्रदापय ग्लैं श्रीं कवचाय हुं,
ॐ स्वाहा ग्लौं ग्लः श्रीं अस्त्राय फट् ॥ ६८-६६ ॥

अब **भूमि एवं श्री का ध्यान** कहते हैं –

कल्पद्रुम के नीचे मणिवेदिकापर ज्येष्ठा लक्ष्मी के बायें एवं दाहिने भाग में विराजमान वस्त्र एवं आभूषणों से अलंकृत तथा देवता एवं मुनिगणों से वन्दित भूमि का एवं श्री का ध्यान करना चाहिए ॥ ७० ॥

लक्षमेकं जपेन्मन्त्रं तद्दशांशं घृतप्लुतैः ।
अन्नैर्हुत्वा यजेत् पीठे वैष्णवे वसुधाश्रियौ ॥ ७१ ॥

वैष्णवीया अष्टपीठशक्तयः

विमलोत्कर्षिणी ज्ञानक्रियायोगाभिधा तथा ।
प्रह्वी सत्या तथेशानानुग्रहापीठशक्तयः ॥ ७२ ॥
तारं नमो भगवते विष्णवे सर्ववर्णकाः ।
भूतात्मसयोगपदं योगपद्मपदं ततः ॥ ७३ ॥
पीठात्मने नमोऽन्तोऽयं पीठस्य मनुरीरितः ।
दद्यादासनमन्तेन मूलेनावाहनादिकम् ॥ ७४ ॥

वैष्णवीपीठशक्तीराह – **विमलेति** ॥ ७२ ॥ पीठमन्त्रमाह – **तारमिति** । ॐ नमो भगवते विष्णवे सर्वभूतात्मसंयोगयोगपद्मपीठात्मने नमः ॥ ७३ ॥ * ॥ ७४–७६ ॥

उक्त मन्त्र का एक लाख जप करना चाहिए तथा घी मिश्रित अन्न से उसका दशांश होम करना चाहिए । तदनन्तर वैष्णव पीठ पर वसुधा एवं श्री का पूजन करना चाहिए ॥ ७१ ॥

१. विमला, २. उत्कर्षिणी, ३. ज्ञाना, ४. क्रिया, ५. योगा, ६. प्रह्वी, ७. सत्या, ८. ईशाना एवं ९. अनुग्रहा ये नव पीठशक्तियाँ हैं ॥ ७२ ॥

तार (ॐ), फिर 'नमो भगवते विष्णवे सर्व' के बाद 'भूतात्मसंयोग' पद, फिर 'योगपद्म' पद, तदनन्तर 'पीठात्मने नमः' यह पीठ पूजा का मन्त्र कहा गया है । इस मन्त्र से आसन देकर मूल मन्त्र से आवाहनादि पूजन करना चाहिए ॥ ७३-७४ ॥

विमर्श - पीठ पर आसन देने के **मन्त्र का स्वरूप** इस प्रकार है - 'ॐ नमो भगवते विष्णवे सर्वभूतात्मसंयोगयोगपद्मपीठात्मने नमः' ।

पीठ पूजा करने के बाद उसके केशरों में पूर्वादि आठ दिशाओं के प्रदक्षिण क्रम से आठ पीठ शक्तियों की तथा मध्य में नवम अनुग्रह शक्ति की इस प्रकार पूजा करे ।

१ - ॐ विमलायै नमः पूर्वे	६ - ॐ प्रह्व्यै नमः वायव्ये
२ - ॐ उत्कर्षिण्यै नमः आग्नेये	७ - ॐ सत्यायै नमः उत्तरे
३ - ॐ ज्ञानायै नमः दक्षिणे	८ - ॐ ईशानायै नमः ऐशान्ये
४ - ॐ क्रियायै नमः नैर्ऋत्ये	९ - ॐ अनुग्रहायै नमः मध्ये
५ - ॐ योगायै नमः पश्चिमे	

इस प्रकार पीठ के आठों दिशाओं में तथा मध्य में पूजन करने के बाद ॐ नमो भगवते विष्णवे सर्वभूतात्मसंयोगयोगपद्मपीठात्मने नमः इस मन्त्र से भूमि और श्री इन दोनों देवियों को उक्त पूजित पीठ पर आसन देवे । फिर (९. ७०) में वर्णित उनके स्वरूप का ध्यान कर, मूलमन्त्र से आवाहन कर, मूर्त्ति की कलपना कर, पाद्य आदि

अङ्गानीष्ट्वार्चयेद्दिक्षु भूवह्निजलमारुतान्।
विवृतिं च प्रतिष्ठां च विद्यां शान्तिविदिक्षु च॥ ७५॥

बलाकादयोऽन्या अष्टशक्तयः

अष्टशक्तीर्बलाका च विमलाकमला तथा।
वनमालाबिभीषा च मालिका शाङ्करी पुनः॥ ७६॥
पूर्वादिदिक्षु प्रयजेदष्टमी वसुमालिका।
शक्राद्यानायुधैर्युक्तान् स्वस्वदिक्षु समर्चयेत्॥ ७७॥

उपचार संपादन कर, पुष्पाञ्जलि प्रदान कर उनकी अनुज्ञा ले आवरण पूजा प्रारम्भ कर, प्रदक्षिणा क्रम से प्रथम केशरों में अङ्गपूजा करे॥ ७३-७४॥

प्रथम केशरों में अङ्गपूजा करने के पश्चात् पूर्वादि दिशाओं में प्रदक्षिण क्रम से भूमि, अग्नि, जल और वायु की पूजा करे। तदनन्तर चारों कोणों में निवृत्ति, प्रतिष्ठा, विद्या और शान्ति की पूजा करे॥ ७५॥

फिर १. बलाका, २. विमला, ३. कमला, ४. वनमाला, ५. विभीषा, ६. मालिका, ७. शाकंरी और ८. वसुमालिका की पूर्वादि दिशाओं में स्थित अष्टदल में पूजा करे। तदनन्तर भूपुर के भीतर आठों दिशाओं में इन्द्रादि दश दिक्पालों की और भूपुर के बाहर आठों दिशाओं में उनके वज्रादि आयुधों की पूजा करनी चाहिए॥ ७६-७७॥

विमर्श - आवरण पूजा विधि - सर्वप्रथम केशरों में अङ्गपूजा यथा -

१ - ॐ अन्नं महि ग्लां श्रीं हृदयाय नमः
२- ॐ अन्नं देहि ग्लूं श्रीं शिखायै वषट्
३- ॐ अन्नं देहि ग्लीं श्रीं शिरसे स्वाहा
४- ॐ ममान्नं प्रदापय ग्लै श्रीं कवचाय हुम
५- ॐ स्वाहा ग्लौं ग्लः श्रीं अस्त्राय फट्।

फिर यन्त्र के पूर्वादि दिशाओं में भूमि आदि की पूजा यथा -

ॐ लं भूम्यै नमः पूर्वे ॐ रं अग्नेये नमः दक्षिणे
ॐ वं अद्भ्यो नमः पश्चिमे ॐ यं वायवे नमः उत्तरे

तत्पश्चात् आग्नेयादि कोणों में निवृत्ति आदि की यथा -

ॐ निवृत्यै नमः आग्नेये, ॐ प्रतिष्ठायै नमः नैर्ऋत्यै,
ॐ विद्यायै नमः वायव्ये, ॐ शान्त्यै नमः ऐशान्ये।

इसके बाद अष्टदलों में पूर्वादि दिशाओं के क्रम से बलाका आदि की पूजा करनी चाहिए। यथा -

१ - ॐ बलाकायै नमः पूर्वे ५ - ॐ विभीषायै नमः पश्चिमे
२ - ॐ विमलायै नमः आग्नेये ६ - ॐ मालिकायै नमः वायव्ये
३ - ॐ कमलायै नमः दक्षिणे ७ - ॐ शाङ्कर्यै नमः उत्तरे
४ - ॐ वनमालायै नमः नैर्ऋत्ये ८ - वसुमालिकायै नमः ऐशान्ये

इत्थं सपरिवारे योऽधरालक्ष्म्यौ जपादिभिः ।
आराधयेत् स लभते महतीमन्नसम्पदम् ॥ ७८ ॥
आज्याक्तैश्च तिलैर्बिल्वसमिद्भिर्जुहुयाच्छ्रिये ।
साज्येन पायसेनापि फलैः पत्रैश्च बिल्वजैः ॥ ७९ ॥
जपतामुं महामन्त्रं होमकार्यो दिने दिने ।
दशसंख्यः कुबेरस्य मनुनेध्मैर्वटोद्भवैः ॥ ८० ॥

कुबेरमन्त्रोद्धारः ध्यानादि च

तारो वैश्रवणायाग्निप्रियान्तोऽष्टाक्षरो मनुः[1] ॥ ८१ ॥
होमकाले कुबेरं तु चिन्तयेदग्निमध्यगम् ।
धनपूर्णं स्वर्णकुम्भं तथा रत्नकरण्डकम् ॥ ८२ ॥
हस्ताभ्यां विप्लुतं खर्वकरपादं च तुन्दिलम् ।
वटाधस्ताद्रत्नपीठोपविष्टं सुस्मिताननम् ॥ ८३ ॥

इध्मैस्समिद्भिः ॥ ८० ॥ कुबेरमन्त्रमाह – तार इति । तार ॐ । अग्निप्रिया स्वाहा ॥ ८१ ॥ कुबेरध्यानमाह – धनेति । रत्नकरण्डो दक्षे ॥ ८२–८४ ॥

इसके बाद भूपुर के भीतर पूर्वादि दिशाओं के प्रदक्षिण क्रम से इन्द्रादि दश दिक्पालों को तथा बाहर उनके वज्रादि आयुधों की पूजा कर गन्ध धूपादि द्वारा वसुधा और महाश्री की पूजा करे (फिर जप करे) ॥ ७६-७७ ॥

इस प्रकार जो व्यक्ति अपने परिवार के साथ वसुधा एवं महालक्ष्मी का जप पूजनादि के द्वारा आराधना करता है वह पर्याप्त धनधान्य प्राप्त करता है ॥ ७८ ॥

श्री की प्राप्ति के लिए साधक घृत मिश्रित तिलों से बिल्व वृक्ष की समिधाओं से घी मिश्रित खीर से तथा बिल्वपत्र एवं बेल के गुद्‌दा से हवन करे ॥ ७९ ॥

अब **कुबेर के विषय में** कहते हैं - कुबेर का मन्त्र जपते हुये प्रतिदिन कुबेर मन्त्र से वटवृक्ष की समिधाओं में दश आहुतियाँ प्रदान करे ॥ ८० ॥

तार (ॐ), फिर 'वैश्रवणाय', फिर अन्त में अग्निप्रिया (स्वाहा) लगा देने पर आठ अक्षरों का कुबेर मन्त्र बनता है । यथा - 'ॐ वैश्रवणाय स्वाहा' ॥ ८१ ॥

होम करते समय अग्नि के मध्य में कुबेर का इस प्रकार ध्यान करे -

अपने दोनों हाथों से धनपूर्ण स्वर्णकुम्भ तथा रत्न करण्डक (पात्र) लिए हुये उसे उड़ेल रहे हैं । जिनके हाथ एवं पैर छोटे छोटे हैं, पेट तुन्दिल (मोटा) है जो वटवृक्ष के नीचे रत्नसिंहासन पर विराजमान हैं और प्रसन्नमुख हैं । इस प्रकार ध्यान पूर्वक होम करने से साधक कुबेर से भी अधिक संपत्तिशाली हो जाता है ॥ ८२-८४ ॥

---

१. ॐ वैश्रवणाय स्वाहेत्यष्टार्णः ।

एवं कृत हुतो मन्त्री लक्ष्म्या जयति वित्तपम् ।

प्रत्यङ्गिरामन्त्रः

अथ प्रत्यङ्गिरां वक्ष्ये परकृत्या विमर्दिनीम् ॥ ८४ ॥
दीर्घेन्दुयुग्मरुद्ब्रह्मामांसलोहितसंस्थिताम् ।
यन्तिनोरय उच्चार्य क्रूरां कृत्यां समुच्चरेत् ॥ ८५ ॥
वधूमिव पदं पश्चात्तान् ब्रह्मान्तेसदीर्घणः ।
अपनिर्णुद्म इत्यन्ते प्रत्यक्कर्तारमृच्छतु ॥ ८६ ॥
तारमायापुटो मन्त्रः स्यात्सप्तत्रिंशदक्षरः[1] ।
ब्रह्मानुष्टुप्मुनिश्छन्दो[2] देवी प्रत्यङ्गिरेरिता ॥ ८७ ॥
बीजशक्तितारमाये कृत्या नाशे नियोजनम् ।
अष्टभिस्तोयनिधिभिर्युगैर्वेदैश्च पञ्चभि ॥ ८८ ॥

प्रत्यङ्गिरामाह – **दीर्घेति** । मरुत् यकारः । दीर्घेन्दुयुक् । आबिन्दुयुतः यां । ब्रह्मा कः । लोहितः पः । तत्संस्थं मांसं लः । ल्प । यन्तिनोऽरयः । क्रूरां कृत्यां वधूमिव तां ब्रह्मस्वरूपम् । सदीर्घो णः णा । अपनिर्णुद्म इति स्वरूपम् । प्रत्यक्कर्तारमृच्छतु स्वरूपम् । प्रणवमायाबीजसम्पुटः ॥ ८५–८७ ॥ षडङ्गमाह – **अष्टभिरिति** । तोयनिधिभिश्चतुर्भिः । दीर्घयुक् पार्वती माया बीजं परं येषाम् ।

अब शत्रुओं के द्वारा प्रयुक्त कृत्या (मारण के लिए किये गये प्रयोग विशेष) को नष्ट करने वाली प्रत्यङ्गिरा के विषय में कहता हूँ ॥ ८४ ॥

दीर्घेन्दुयुक् मरुत् (दीर्घ आ, इन्द्र अनुस्वार उससे युक्त मरुत् य्) 'यां', फिर ब्रह्मा (क) लोहित संस्थित मांस (ल्प), फिर 'यन्ति नोऽरयः' यह पद, इसके बाद 'क्रूरां कृत्यां' उच्चारण करना चाहिए । फिर 'वधूमिव' यह पद, फिर 'तां ब्रह्म', उसके बाद सदीर्घ ण (णा), फिर 'अपनिर्णुद्मः' के पश्चात् 'प्रत्यक्कर्त्तारमृच्छतु' इस मन्त्र को तार (ॐ) माया (ह्रीं) से संपुटित करने पर सैंतीस अक्षरों का प्रत्यङ्गिरा मन्त्र निष्पन्न होता है ॥ ८५-८७ ॥

विमर्श - मन्त्र का स्वरूप इस प्रकार है -

'ॐ ह्रीं यां कल्पयन्ति नोरयः क्रूरां कृत्यां वधूमिव तां ब्रह्मणा अपनिर्णुद्मः प्रत्यक्कर्त्तारमृच्छतु ह्रीं ॐ' ॥ ८५-८७ ॥

इस मन्त्र के ब्रह्मा ऋषि हैं, अनुष्टुप् छन्द है, देवी प्रत्यङ्गिरा इसके देवता हैं,

---

१. ॐ ह्रीं यां कल्पयन्ति नोरयः क्रूरां कृत्यां वधूमिव तां ब्रह्मणा अपनिर्णुद्मः प्रत्यक्कर्त्तारमृच्छतु ह्रीं ॐमिति सप्तत्रिंशदक्षरः ।

२. अस्य प्रत्यंगिरामन्त्रस्य ब्रह्माऋषिः अनुष्टुपछन्दः देवीप्रत्यंगिरादेवता ॐ बीजं ह्रीं शक्तिः ममाखिलावाप्तये जपे विनियोगः ।

वसुर्भिमन्त्रजैर्वर्णैर्दीर्घयुक्पार्वतीपरैः ।
प्रणवाद्यैः षडङ्गानि कल्पयेज्जातिसंयुतैः ॥ ८६ ॥
शिरोभ्रूमध्यवक्त्रेषु कण्ठे बाहुद्वये हृदि ।
नाभावूर्वोर्जानुनोश्च पदानि पदयोर्न्यसेत् ॥ ६० ॥
चतुर्दशक्रमान्मन्त्री तारमायापुटान्यपि ॥

प्रणव आद्यो येषाम् । जात यो हृदयाय नम इत्यादयस्तत्संयुतैरष्टादिवर्णैः षडङ्गम् ॥ ८८ ॥ पदन्यासमाह – **शिर** इति । प्रणव मायासम्पुटानि चतुर्दश पदानि शिर आदिषु न्यसेत् । तेषां वर्णसंख्या क्रमात् । एकचतुरेक त्रि द्वि द्वि द्वि द्वि एक त्रि पञ्च द्वि त्रि त्रिः वर्णैर्बोध्या । ॐ ह्रीं यां ह्रीं शिरसीत्यादि ॥ ८६–६० ॥

प्रणव बीज है, माया (ह्रीं) शक्ति है, पर कृत्या (शत्रु द्वारा प्रयुक्त मारण रूप विशेष अभिचार) के विनाश के लिए इसका विनियोग है ॥ ८७-८८ ॥

विमर्श – विनियोग - 'अस्य श्रीप्रत्यङ्गिरामन्त्रस्य ब्रह्माऋषिरनुष्टुप्छन्दः देवी प्रत्यङ्गिरा देवता ॐ बीजं ह्रीं शक्तिः परकृत्या निवारणे विनियोगः' ॥ ८७-८८ ॥

अब उक्त **मन्त्र का न्यास** कहते हैं -

मन्त्र के ८, तोयनिधि ४, युग ४, वेद ४ फिर ५ फिर वसु (८) अक्षरों से प्रारम्भ में प्रणव एवं अन्त में ६ दीर्घयुक्त पार्वती (माया ह्रीं) लगाकर जाति (हृदयाय नमः) आदि षडङ्गन्यास करना चाहिए ॥ ८८-८६ ॥

अब **मन्त्र का पदन्यास** कहते हैं -

साधक तार (ॐ) तथा माया से संपुटित मन्त्र के चौदह पदों का शिर, भ्रूमध्य, मुख, कण्ठ, दोनों बाहु, हृदय, नाभि, दोनो ऊरू, दोनों जानु तथा दोनों पैरों में इस प्रकार कुल चौदह स्थानों में क्रमपूर्वक उक्त न्यास करे ॥ ८६-६० ॥

विमर्श - षडङ्गन्यास इस प्रकार करे । यथा -

ॐ यां कल्पयन्ति नोरयः ह्रां हृदयाय नमः, ॐ क्रूरां कृत्यां ह्रीं शिरसे स्वाहा,
ॐ वधूमिव ह्रूं शिखायै वषट्, ॐ तां ब्रह्मणा ह्रैं कवचाय हुम,
ॐ अपनिर्णुद्मः ह्रौं नेत्रत्रयाय वौषट्, ॐ प्रत्यक्कर्त्तारमृच्छतु ह्रः अस्त्राय फट् ।

मन्त्र का **पदन्यास** इस प्रकार करे -

ॐ ह्रीं यां ह्रीं शिरसि, ॐ ह्रीं कल्पयन्ति ह्रीं भ्रूमध्ये,
ॐ ह्रीं नो ह्रीं मुखे, ॐ ह्रीं अरयः ह्रीं कण्ठे,
ॐ ह्रीं क्रूरां ह्रीं दक्षिण वाहौ, ॐ ह्रीं कृत्यां ह्रीं वामबाहौ,
ॐ ह्रीं वधूम् ह्रीं हृदि, ॐ ह्रीं इव ह्रीं नाभौ,
ॐ ह्रीं तां ह्रीं दक्षिण उरौ, ॐ ह्रीं ब्रह्मणा ह्रीं वाम उरौ,
ॐ ह्रीं अपनिर्णुद्मः ह्रीं दक्षिणजानौ, ॐ ह्रीं प्रत्यक् ह्रीं वामजानौ,
ॐ ह्रीं कर्त्तारम् ह्रीं दक्षिणपादे ॐ ह्रीं ऋच्छतु ह्रीं वामपादे॥ ८८-६० ॥

ध्यानप्रयोगादिकथनम्

आशाम्बरा मुक्तकचा घनच्छवि
र्ध्येया सचर्मासिकराहिभूषणा ।
दंष्ट्रोग्रवक्त्राग्रसिताहितान्वया
प्रत्यङ्गिरा शङ्करतेजसेरिता ॥ ६१ ॥
ध्यायन्नेवं जपेन्मन्त्रमयुतं तद्दशांशतः ।
अपामार्गेध्मराज्याज्यहविर्भिर्जुहुयात्ततः ॥ ६२ ॥
अन्नपूर्णासने चार्चेदङ्गलोकेश्वरायुधः ।
एवं सिद्धमनुर्मन्त्री प्रयोगेषु शतं जपेत् ॥ ६३ ॥
जुहुयाच्च शतं दिक्षु दशमन्त्रैर्हरेद् बलिम् ।

बलिमन्त्रपूर्वकं बलिदानम्

यो मे पूर्वगतः पाप्मा पापकेनेह कर्मणा ॥ ६४ ॥

ध्यानमाह – **आशेति** । आशाम्बरा नग्ना । घनच्छविर्मेघश्यामा । ग्रसितोऽहितानां रिपूणामन्वयो वंशो यया । असिर्दक्षिणे ॥ ६१–६३ ॥ बलिमन्त्रमाह – **योम इति** । ॐ यो मे पूर्वगतः पाप्मा पापकेनेह कर्मणा । इन्द्रस्तं देवराजो भञ्जयतु अञ्जयतु मोहयतु नाशयतु मारयतु कलिं तस्मै प्रयच्छतु कृतं मम शिवं मम शान्तिः स्वस्त्ययनं चास्तु । इति बलिमन्त्रः । अनेन प्राच्यां बलिं दद्यात् ॥ ६४–६७ ॥

अब **महेश्वरी का ध्यान** कहते हैं - जिस दिगम्बरा देवी के केश छितराये हैं, ऐसी मेघ के समान श्याम वर्ण वाली, हाथों में खड्ग और चर्म धारण किये, गले में सर्पो की माला धारण किये, भयानक दाँतों से अत्यन्त उग्रमुख वाली, शत्रु समूहों को कवलित करने वाली, शंकर के तेज से प्रदीप्त, प्रत्यङ्गिरा का ध्यान करना चाहिए ॥ ६१ ॥

इस प्रकार मन्त्र का ध्यान करते हुये दश हजार मन्त्रों का जप करे तथा अपामार्ग (चिचिहड़ी) की लकड़ी, घृत मिश्रित राजी (राई) से उनका दशांश होम करे ॥ ६२ ॥

अन्नपूर्णा पीठ पर अङ्गपूजा लोकपाल एवं उनके आयुधों की पूजा करनी चाहिए । इस प्रकार सिद्ध मन्त्र का काम्य प्रयोगों में १०० बार जप करे । फिर उतनी ही संख्या में होम भी करे । तदनन्तर वक्ष्यमाण दश मन्त्रों से दशो दिशाओं में बलि देवे ॥ ६३-६४ ॥

विमर्श - प्रयोगविधि - (६. ६) श्लोक में बतलाई गई विधि से पीठ देवता एवं पीठशक्तियों की पूजा कर पीठ पर देवी की पूजा करे । फिर उनकी अनुज्ञा लेकर इस प्रकार आवरण पूजा करे । कर्णिका में षडङ्गपूजा (द्र० ६. ६०) फिर अन्नपूर्णा के षष्ठ एवं सप्तम आवरण में बतलाई गई विधि से इन्द्रादि लोकपालों एवं उनके आयुधों की पूजा करे । (द्र० ६. २१) ॥ ६३-६४ ॥

इन्द्रस्तंदेव उच्चार्य राजान्ते भञ्जयत्विति ।
अञ्जयत्वितिचोच्चार्य मोहयत्विति चोच्चरेत् ॥ ६५॥
नाशयतुपदं पश्चान्मारयत्वित्यतो बलिम् ।
तस्मै प्रयच्छतु कृतंममान्ते च शिवं मम ॥ ६६॥
शान्तिः स्वस्त्ययनं चास्तु बलिमन्त्र उदाहृतः ।
प्रणवाद्योऽष्टषष्ट्यर्णस्तेनैव वितरेद् बलिम् ॥ ६७॥

दिक्षुबलिदानप्रकारकथनम्

अस्मिन्मन्त्रे पूर्वपदस्थानेग्न्यादिपदं वदेत् ।
॥ १३–१४ ॥ सएईलह्रीं हकहकहलह्रीं सकलह्री । सहसकल ह्रींसहसकलकहलह्रीं । आद्यमेवतृतीयम् । **नन्दिविद्याद्वयमेतत्** । हसकहलह्रीं । सकहसकलह्रीं– सहकहलह्रीं ॥ १५ ॥ हसएकल ह्रींद्वयमेतदेव**स्कान्दी**द्वयमेतत् ॥ १६ ॥ कहएईलह्रीं हकएईलह्रीं सकएइलह्रीं ॥ १७ ॥ **मानवी** । कएकलह्रीं हकहलह्रीं सकलह्रीं ॥ १८ ॥ **धर्मराजी** । आद्यं कामराजीयं । द्वितीये तृतीये धर्मराजीये ॥ १९ ॥ एषा **वारुणी** । कसकलह्रीं हसकलह्रीं सकलरह्रीं ॥ २० ॥ **आग्नेयी** । हसकलह्रीं हसकलह्रीं हकहलह्रीं तृतीयमाग्नेयम् ॥ २१ ॥ एषा **शैषी**। कएरलारह्रीं हकलरहलह्रीं सरकलरह्रीं ॥ २२ ॥ **वायवीयम्** । एकईरलह्रीं हकहलह्रीं सहकलरह्रीं ॥ २३ ॥ **सौमीयम्** । कहलह्रीं हकहललरह्रीं सकलह्रीं ॥ २४ ॥ **ऐशीयम्** । कएकलह्रीं । अन्ते कामराजीयम् ॥ २५ ॥ **शाक्तीयम्** । आद्य कामराजद्वयम् । अन्त्यं सकलह्रीमिति ॥ २६ ॥ **रतिपूजिता** । हसकलह्रीं कहसरह्रीं आद्यमेव तृतीयम् ॥ २७ ॥ **जैवीयम्** । आद्यं कामराजीयं । हकहसरह्रीं हसकलह्रीं ॥ २८ ॥ **ब्राह्मीयं** । सहलह्रीं सहकलहलह्रीं ॥ २९ ॥ **वैष्णवीयम्** । अद्यं कामराजीयं । हकहलरह्रीं हलकलह्रीं ॥ ३० ॥ **उन्मानीयं** । हसकलह्रीं सहकलह्रीं कलह्रीं सकलहलह्रीं ॥ ३१ ॥ **सौरी** । एते भेदाः । एषां श्रीबीजादिभिः संपुटिताः । कामराजवदेव उपासनमपि ॥ १५३–१५४ ॥

विमर्श – षोडशी मन्त्र के मध्य के तीनों कूटो में वर्णविपर्यय द्वारा कुबेरोपासिता आदि बत्तीस भेद बनते हैं, जिनका आचार्य ने 'नौका' में वर्णन किया है ।

इसके अलावा आगम शास्त्र में षोडशी विद्या के कुछ और भी भेद कहे गये हैं जो निम्नलिखित हैं -

कामराजविद्या - कएलईह्रीं, हसकहलह्रीं, सकलह्रीं ।
प्रथमलोपामुद्रा - हसकलह्रीं, हसकहलह्रीं, सकलह्रीं ।
मनुपूजिता - कहएईलह्रीं, हकएईलह्रीं, सकएईलह्रीं ।
चन्द्रपूजिता - सहकएलईलह्रीं, सहकहईलह्रीं, सहकएईलह्रीं ।
कुबेरपूजिता - हसकएईलह्रीं हसकएईलह्रीं हसकएईलह्रीं ।
द्वितीयलोपामुद्रा - कएईलह्रीं, हसकहलह्रीं, सहसकलह्रीं ।
नन्दिपूजिता - सएईलह्रीं, सहकहलह्रीं, सकलह्रीं ।
सूर्यपूजितः - कएईलह्रीं, हसकहलह्रीं, सकलह्रीं ।
शकंरपूजिता - कएईलह्रीं, हसकलह्रीं, सहसकलह्रीं, कएईलहसकहलसकसकलह्रीं,
विष्णुपूजिता - कएईलह्रीं, हसकलह्रीं, सहसकलह्रीं, सएईलह्रीं, सहकहलह्रीं, सकलह्रीं ।
दुवार्सापूजिता - कएईलह्रीं, हसकहलह्रीं, सकलह्रीं ॥ १५३ ॥

अपरीक्षितशिष्याय न देयेऽयं कदाचन।
पुत्राय वा सुशिष्याय दत्त्वाऽभीष्टप्रदायिनी ॥ १५४ ॥

गोपालसुन्दरीमन्त्रः

गोपालसुन्दरीं वक्ष्ये भोगमोक्षप्रदायिकाम्।
मायारमाचित्तजन्मा कृष्णायेति पदं ततः ॥ १५५ ॥
आद्यं वाक्कूटमुच्चार्य गोविन्दाय पदं वदेत्।
द्वितीयं तु ततः कूटं गोपीजन पदं ततः ॥ १५६ ॥
वल्लभायपदान्तं तु तृतीयं कूटमुच्चरेत्।
स्वहान्ता वह्नियुग्मार्णा स्मृतां गोपालसुन्दरी ॥ १५७ ॥
विद्यायादौ मुनी उक्तौ विधात्रानन्दभैरवौ।
छन्दस्तु दैवीगायत्री देवतासुन्दरीयुता ॥ १५८ ॥
गोपालो मन्मथो बीजं शक्तिः पावकवल्लभा।
मायाश्रीर्मन्मथैर्हृत् स्यात् कृष्णाय शिर ईरितम् ॥ १५९ ॥

गोपालसुन्दरीमिति । मायेति । माया ह्रीं । रमा श्रीं । चित्तजन्मा–क्लीं । कृष्णाय ॥ १५५ ॥ प्रथमं कूटम् । गोविन्दाय द्वितीयं कूटम् । गोपीजन–वल्लभायं तृतीयम् । स्वाहान्ता । वह्नियुग्मार्णा त्रयोविंशतिवर्णा ॥ १५६–१५८ ॥ षडङ्गमाह – **मायेति** ॥ १५९–१६० ॥

यह श्रीविद्या अपरीक्षित शिष्य को कभी नहीं देनी चाहिए । अभीष्ट फल दायिनी यह विद्या अपने पुत्र एवं सुपरीक्षित शिष्य को ही देनी चाहिए ॥ १५४॥

अब **भोग तथा मोक्षदायिनी गोपालसुन्दरी मन्त्र का उद्धार** कहता हूँ -

माया (ह्रीं), रमा (श्रीं), चित्तजन्मा (क्लीं), फिर 'कृष्णाय' इस प्रथम वाक्कूट का उच्चारण कर 'गोविन्दाय' यह द्वितीय कूट, फिर गोपीजनवल्लभाय तृतीय कूट बोलना चाहिए । इसके अन्त में स्वाहा लगाने से २० अक्षरों का गोपालसुन्दरी मन्त्र निष्पन्न होता है ॥ १५५-१५७ ॥

विमर्श - मन्त्र का स्वरूप इस प्रकार है - 'ह्रीं श्रीं क्लीं कृष्णाय गोविन्दाय गोपीजनवल्लभाय स्वाहा' ॥ १५५-१५७ ॥

विनियोग तथा षडङ्गन्यास - इस गोपालसुन्दरी विद्या के विधात्रा तथा आनन्दभैरव दो ऋषि हैं, देवी गायत्री छन्द है, गोपालसुन्दरी देवता हैं, कामबीज क्लीं तथा स्वाहा शक्ति है । माया (ह्रीं), श्री (श्रीं), कामबीज (क्लीं) से हृदय में, 'कृष्णाय' से शिर में, 'गोविन्दाय' से शिखा, 'गोपीजन' से कवच, 'वल्लभाय' से नेत्र तथा 'स्वाहा' से अस्त्रन्यास करना चाहिए ॥ १५८-१५९ ॥

गोविन्दाय शिखागोपीजनेति कवचं मतम्।
वल्लभाय स्मृतं नेत्रमस्त्रं पावकभार्यया॥ १६०॥

अस्य मन्त्रस्य न्यासत्रयकथनम्

मूर्ध्नि भाले भ्रुवोरक्ष्णोः कर्णयोर्नासयोर्मुखे।
चिबुके च गले बाह्वोर्हृदये जठरे न्यसेत्॥ १६१॥
नाभौ लिङ्गे गुदे सक्थ्नोर्जानुनोर्जङ्घयोरपि।
गुल्फयोः पादयोर्वर्णान् कूटत्रयविवर्जितान्॥ १६२॥
सृष्टिन्यासोऽयमुदितो हृदाद्यं सान्तिकास्थितिः।
संहारोंघ्र्यादिमूर्द्धान्तः पुनः सृष्टिं स्थितिं चरेत्॥ १६३॥

वर्णन्यासमाह – **मूर्ध्नीति** । हृदादिबाह्वन्तः – स्थितिन्यासः । पादादिमूर्द्धान्तः संहारन्यासः । एवं न्यासत्रयं कृत्वा पुनः सृष्टिस्थितिन्यासौ कुर्यात् ॥ १६१–१६३ ॥

विमर्श – विनियोग – अस्य श्रीगोपालसुन्दरीमन्त्रस्य विधात्रानन्दभैरवौ ऋषि देवी गायत्रीच्छन्दः गोपालसुन्दरी देवता क्लींबीजं स्वाहाशक्तिः ममाभीष्टसिद्ध्यर्थे जपे विनियोगः ।

षडङ्गन्यास – ह्रीं श्रीं क्लीं हृदयाय नमः, कृष्णाय शिरसे स्वाहा,
गोविन्दाय शिखायै वषट्, गोपीजन कवचाय हुम्,
वल्लभाय नेत्रत्रयाय वौषट्, स्वाहा अस्त्राय फट् ॥ १५८-१५९ ॥

सृष्टि स्थिति तथा संहारन्यास - शिर, ललाट, भौंह, नेत्र, कान, नासिका, मुख, चिबुक, कण्ठ, कन्धा, हृदय, उदर, नाभि, लिङ्ग, गुदा, कमर, जानु, जंघा, गुल्फ एवं पैरो में कूटत्रय को छोड़कर वर्णों का न्यास करना चाहिए । यह सृष्टि न्यास कहा जाता है । हृदय से कन्धों तक का न्यास **स्थितिन्यास**, तथा पैरों से शिर तक का न्यास **संहारन्यास** होता है । इसके बाद पुनः सृष्टिन्यास करना चाहिए ॥ १६०-१६३ ॥

विमर्श – सृष्टिन्यास –

ह्रीं नमः मूर्ध्नि, श्रीं नमः ललाटे, क्लीं नमः भ्रुवोः,
कृं नमः नेत्रयोः, ष्णां नमः कर्णयोः, यं नमः नासिकयोः,
गों नमः मुखे, विं नमः चिबुके, न्दां नमः कण्ठे,
यं नमः बाहुमूले, गों नमः हृदि, पीं नमः उदरे,
जं नमः नाभौ, नं नमः लिङ्गे, वं नमः गुदे,
ल्लं नमः कट्यां, भां नमः जान्वोः, यं नमः जंघयोः,
स्वां नमः गुल्फयोः, हां नमः पादयोः,

करशुद्ध्यासनन्यासौ न्यासं वाग्देवताभिधम्।
कृत्वा पूर्वोदितान् कूटत्रयं कास्यहृदि न्यसेत्॥ १६४॥
कूटत्रयद्विरावृत्त्या षडङ्गं पुनराचरेत्।
कमलावसुधायुक्तं ध्यायेच्छ्रीचक्रगं हरिम्॥ १६५॥

करशुद्धिन्यासासनन्यासवाग्देवतान्यासान् सुन्दर्युक्तान् कृत्वा मूर्धमुखहृत्सु कूटत्रयं न्यसेत्॥ १६४–१६५॥

स्थितिन्यास -	ह्रीं नमः हृदि,	श्रीं नमः उदरे,
क्लीं नमः नाभौ	कृं नमः लिङ्गे	ष्णां नमः मूलाधारे
यं नमः कटयां	गों नमः जान्वोः	विं नमः जंघयोः
न्दां नमः गुल्फयोः	यं नमः पादयोः	गों नमः मूर्ध्नि
पीं नमः ललाटे	जं नमः भ्रुवोः	नं नमः नेत्रयोः
वं नमः कर्णयोः	ल्लं नमः नसोः	भां नमः मुखे
यं नमः चिबुके	स्वां नमः कण्ठे	हां नमः बाहुमूले
संहारन्यास -	ह्रीं नमः पदयोः	श्रीं नमः गुल्फयोः,
क्लीं नमः जंघयोः	कृं नमः जान्वोः	ष्णां नमः कटयां
यं नमः गुदे	गों नमः लिङ्गे	विं नमः नाभौ
न्दां नमः उदरे	यं नमः हृदि	गों नमः बाहुमूले
पी नमः कण्ठे	जं नमः चिबुके	नं नमः मुखे
वं नमः नसोः	ल्लं नमः कर्णयोः	भां नमः नेत्रयोः
यं नमः भ्रुवोः	स्वां नमः ललाटे	हां नमः मूर्ध्नि ।

गोपालसुन्दरी मन्त्र द्वारा इस रीति से सृष्टि, स्थिति तथा संहारन्यास कर पुनः सृष्टिन्यास और स्थितिन्यास करना चाहिए ॥ १६०-१६३ ॥

फिर पूर्वोक्त रीति से करशुद्धिन्यास (द्र० ११. ८-१४) तथा वाग्देवतान्यास आसनन्यास (द्र० ११. २७-३६) कर तीनों कूटों से शिर, मुख एवं हृदय में न्यास करना चाहिए । पुनः तीनों कूटों की दो आवृति से षडङ्गन्यास करना चाहिए । इसके बाद श्रीचक्र में स्थित कमला और वसुधा के साथ श्री हरि का ध्यान करना चाहिए ॥ १६४-१६५ ॥

विमर्श - **त्रिकूटन्यास** - ११ तरङ्ग में वर्णित विधि से करशुद्धिन्यास, आसनन्यास, वाग्देवतान्यास कर, त्रिकूट द्वारा इस प्रकार न्यास करना चाहिए -

कृष्णाय नमः मूर्ध्नि, गोविन्दाय नमः मुखे, गोपीजनवल्लभाय नमः हृदि,

षडङ्गन्यास - कृष्णाय हृदयाय नमः, गोविन्दाय शिरसे स्वाहा,
गोपीजनवल्लभाय शिखायै वषट्, कृष्णाय कवचाय हुम्
गोविन्दाय नेत्रत्रयाय वौषट् गोपीजनवल्लभाय अस्त्राय फट् ॥ १६४-१६५ ॥

ध्यानजपादिपीठपूजाविधानम्

क्षीराम्भोधिस्थकल्पद्रुमवनविलसद्रत्नयुङ्मण्डपान्तः
प्रोद्यच्छ्रीपीठसंस्थं करधृतजलजारीक्षुचापांकुशेषुम्।
पाशं वीणां सुवेणुं दधतमवनिमाशोभितं रक्तकान्तिं
ध्यायेद् गोपालमीशं विधिमुखविबुधैरीड्यमानं समन्तात्॥ १६६॥

एवं ध्यात्वा जपेल्लक्षं दशांशं पायसान्धसा।
जुहुयाद्वैष्णवे पीठे पूजयेत् सुन्दरीहरिम्॥ १६७॥
आदावङ्गानि सम्पूज्य प्रागाद्याशासु पूजयेत्।
वासुदेवं संकर्षणं प्रद्युम्नमनिरुद्धकम्॥ १६८॥
पूज्यावह्न्यादिकोणेषु शान्तिः श्रीश्च सरस्वती।
रतिः पुनर्दिक्षु पूज्या रुक्मिणी सत्यभामिका॥ १६६॥
कालिन्दी जाम्बवत्याख्या मित्रविन्दासुनन्दया।
सुलक्षणानाग्निजिती ततोऽर्च्या निधयोऽपि च॥ १७०॥

ध्यानमाह – **क्षीरेति** । क्षीरसमुद्रस्य कल्पद्रुमवने विलसन् रत्नयुक् यो मण्डपस्तदन्तः प्रोद्यत् यत् श्रीपीठं तत्र स्थितमष्टकरं पद्मचक्रबाणवेणुदक्षकरं चापपाशांकुशवीणावामकरमवनिमाभ्यां धरालक्ष्मीभ्यां शोभितं ब्रह्मादिसुरैः स्तूयमानं गोलं ध्यायेत्॥ १६६–१७०॥

अब **गोपालसुन्दरी मन्त्र का ध्यान** कहते हैं - क्षीरसागर के मध्य में स्थित कल्पवृक्ष के वन में, शोभायमान रत्नमण्डप के भीतर, श्रीपीठ पर आसीन, अपनी आठों भुजाओं में क्रमशः पद्म, चक्र, इक्षुचाप, बाण, अंकुश, पाश, वीणा, एवं वेणु धारण किए हुये, रक्तिम प्रभा वाले धरा एवं लक्ष्मी से सुशोभित तथा ब्रह्मा आदि देवताओं से स्तूयमान गोपालनन्दन का ध्यान करना चाहिए॥ १६६॥

इस प्रकार गोपाल का ध्यान कर उक्त गोपालसुन्दरी मन्त्र का एक लाख जप करना चाहिए । तदनन्तर खीर से उसका दशांश होम करना चाहिए । फिर वैष्णव पीठ पर गोपालसुन्दरी का पूजन करना चाहिए॥ १६७॥

सर्वप्रथम अङ्गपूजा कर पूर्वादि दिशाओं में वासुदेव, संकर्षण, प्रद्युम्न एवं अनिरुद्ध का पूजन करे । फिर आग्नेय आदि कोणों में शान्ति, श्री, सरस्वती एवं रति का पूजन करना चाहिए । पुनः पूर्वादि दिशाओं में रुक्मिणी, सत्यभामा, कालिन्दी, जाम्बवती, मित्रविन्दा, सुनन्दा, सुलक्षणा, एवं नाग्निजिती - इन आठ पट्टरानियों का पूजन करना चाहिए । इसके बाद नव निधियों का भी पूजन करना चाहिए । महापद्म, पद्म, शंख, मकर, कच्छप, मुकुन्द, कुन्द, नील और खर्व ये नव निधियाँ हैं । (द्र० १२. ७८-१३५) । इसके बाद त्रिपुरसुन्दरी के प्रयोग

महापद्मश्च पद्मश्च शंखो मकरकच्छपौ।
मुकुन्दकुन्दनीलाश्च खर्वश्च निधयो नव॥ १७१॥
ततश्च सुन्दरी प्रोक्तावृतिपूजां समाचरेत्।
प्रयोगानपि तत्रोक्तान् कुर्यादिष्टप्रसिद्धये॥ १७२॥

विधीनाह – **महापद्मश्चेति**॥ १७१॥ ततः सुन्दरीमन्त्रोक्तानि नवावरणानि यजेत्॥ १७२॥

में कहे गये ९ आवरणों की पूजा करनी चाहिए, और अपनी अभीष्ट सिद्धि के लिए वहीं बतलाये गये प्रयोगों के अनुसार अनुष्ठान भी करना चाहिए - (द्र० १२. १४०-१५२) ॥ १६८-१७२ ॥

गोपालसुन्दरीपूजनयन्त्रम्

विधि - गोपालसुन्दरी के आवरण पूजा के लिए वृत्ताकार कर्णिका अष्टदल एवं भूपुर सहित यन्त्र का निर्माण करना चाहिए । उस यन्त्र पर सामान्य पूजा पद्धति के अनुसार पीठ देवताओं एवं विमला आदि वैष्णवी पीठशक्तियों का पूजन कर, (१२. १६६) श्लोक के अनुसार ध्यान कर आवाहनादि उपचारों से पुष्पाञ्जलि पर्यन्त पूजन कर, इस प्रकार आवरण पूजा करे। सर्वप्रथम आग्नेयादि कोणों में षडङ्गन्यास पूजा करे । यथा -

ह्रीं श्रीं क्लीं हृदयाय नमः, आग्नेये, कृष्णाय शिरसे स्वाहा, नैर्ऋत्ये,
गोविन्दाय शिखायै वषट्, वायव्ये, गोपीजन कवचाय हुम्,
वल्लभाय नेत्रत्रयाय वौषट्, अग्रे, स्वाहा अस्त्राय फट्, चतुर्दिक्षु,

फिर पूर्व आदि चारों दिशाओं में -

ॐ वासुदेवाय नमः, पूर्वे, ॐ संकर्षणाय नमः, दक्षिणे,
ॐ प्रद्युम्नाय नमः, पश्चिमे, ॐ अनिरुद्धाय नमः, उत्तरे।

इसके बाद आग्नेयादि चारो कोणों में - शान्त्यै नमः आग्नेये,
श्रियै नमः नैर्ऋत्ये, सरस्वत्यै नमः वायव्ये, रत्यै नमः ऐशान्ये ।

तत्पश्चात् अष्टदलों में पूर्वादि दिशाओं के क्रम से रुक्मिणी आदि का -

ॐ रुक्मिण्यै नमः, पूर्वे, ॐ सत्यभामायै नमः, आग्नेये
ॐ कालिन्द्यै नमः, दक्षिणे ॐ जाम्बवत्यै नमः, नैर्ऋत्ये

एवं यो भजते नित्यं श्रीमद्गोपालसुन्दरीम् ।
सर्वान् कामानवाप्यान्ते सायुज्यं ब्रह्मणो व्रजेत् ॥ १७३ ॥

॥ इति श्रीमन्महीधरविरचिते मन्त्रमहोदधौ चक्रस्थ–त्रिपुरसुन्दरी–गोपालसुन्दर्योः पूजनं नाम द्वादशस्तरङ्गः ॥ १२ ॥

ब्रह्मणः सायुज्यं ब्रह्मरूपं प्राप्नोति ॥ १७३ ॥

इति श्रीमन्ममहीधरविरचितायां मन्त्रमहोदधिव्याख्यायां नौकायां सुन्दरीपूजनं नाम द्वादशस्तरङ्गः ॥ १२ ॥

मित्रबिन्दायै नमः, पश्चिमे सुनन्दायै नमः, वायव्ये
सुलक्षणायै नमः, उत्तरे नाग्निजित्यै नमः, ऐशान्ये

इसके बाहर पूर्वादि दिशाओं तथा मध्य में नव निधियों की इस प्रकार पूजा करे - महापद्माय नमः पूर्वे, पद्माय नमः आग्नेये, शंखाय नमः दक्षिणे,
मकराय नमः नैर्ॠत्ये, कच्छपाय नमः, पश्चिमे, मुकुन्दाय नमः वायव्ये,
कुन्दाय नमः उत्तरे, नीलाय नमः ऐशान्ये, खर्वाय नमः मध्ये,

इसके बाद त्रिपुरसुन्दरी के पूजा के प्रसङ्ग में कही गयी विधि के अनुसार नव आवरणों की पूजा करनी चाहिए । आवरण पूजा के बाद धूप दीपादि उपचारों से गोपालसुन्दरी का पूजन करना चाहिए ॥ १६८-१७२ ॥

इस प्रकार जो साधक प्रतिदिन गोपालसुन्दरी की उपासना करता है उसकी समस्त कामनायें पूरी होती हैं और अन्त में वह ब्रह्म स्वरूप प्राप्त करता है ॥ १७३ ॥

॥ इस प्रकार श्रीमन्महीधर विरचित मन्त्रमहोदधि के द्वादश तरङ्ग की महाकवि पं० रामकुबेर मालवीय के द्वितीय आत्मज डॉ० सुधाकर मालवीय कृत 'अरित्र' नामक हिन्दी व्याख्या पूर्ण हुई ॥ १२ ॥

अथ त्रयोदशः तरङ्गः

अथोच्यन्ते हनुमतो मन्त्राः सर्वेष्टसिद्धये।

हनूमन्मन्त्रकथनम्

इन्द्रस्वरेन्दुसंयुक्तो वराहो हसफाग्न्यः ॥ १ ॥
झिण्टीशबिन्दुसंयुक्ता द्वितीयं बीजमीरितम्।
गदीपान्ताग्निरुद्रेन्दुसंयुतः स्यात्तृतीयकम् ॥ २ ॥
हसरामनुं चन्द्राढ्याश्चतुर्थं हसखाः फराः।
शिवेन्द्वाढ्याः पञ्चमः स्याद्धसौ मबिन्दुगौ परम् ॥ ३ ॥

---

* नौका *

श्रीहनुमतो मन्त्रान् वक्तुं प्रतिजानीते – **अथेति** । मन्त्रमुद्धरति – **इन्द्रेति** । वराहो हः इन्द्रस्वर औं बिन्दुस्ताभ्यां युतः हौं । हसफस्वरूपम् । अग्नी रः एते ॥ १ ॥ झिण्टीश बिन्दुयुताः एबिन्दुयुताः । तेन ह्स्फ्रें । गदी खः । पान्ताग्निरुद्रेन्दुयुतः । पान्तः फः अग्नी र, रुद्र ए । इन्दुर्बिन्दुः तैर्युतः । ख्फ्रें ॥ २॥ हसरा मनुचन्द्राढ्याः और्बिन्दुयुता ह्स्रौं । हसखफराः शिवेन्द्वाढ्याः एबिन्दुयुताः।

---

* अरित्र *

अब सर्वेष्टसिद्धि के लिए **श्रीहनुमान् जी के मन्त्रों** को कहता हूँ –

इन्द्र स्वर (औ) और इन्दु (अनुस्वार) इन दोनों के साथ वराह (ह्) अर्थात् (हौं), यह **प्रथम बीज** है । फिर झिण्टीश (ए), बिन्दु (अनुस्वार) सहित ह् स् फ् और अग्नि (र्) अर्थात् (ह्स्फ्रें), यह **द्वितीय बीज** कहा गया है । रुद्र (ए) एवं बिन्दु अनुस्वार सहित गदी (ख्) पान्त (फ्) तथा अग्नि (र्) अर्थात् (ख्फ्रें), यह **तृतीय बीज** है । मनु (औ), चन्द्र (अनुस्वार) सहित ह् स् र् अर्थात् (ह्स्रौं), यह **चतुर्थ बीज** है । शिव (ए) एवं बिन्दु (अनुस्वार) सहित ह् स् ख् फ् तथा र अर्थात् (ह्स्ख्फ्रें), यह **पञ्चम बीज** है । मनु (औ) इन्दु अनुस्वार सहित ह् तथा स् अर्थात् (ह्सौं), यह **षष्ठ बीज** है । इसके बाद चतुर्थ्यन्त हनुमान् (हनुमते) फिर अन्त में हार्द (नमः) लगाने से १२ अक्षरों का मन्त्र बनता है ॥ १-२ ॥

हनूमद्द्वादशाक्षरमन्त्रकथनम्

ङेयुतो हनुमान्हार्दं मन्त्रोऽयं द्वादशाक्षरः ।
रामचन्द्रो मुनिश्चास्य जगतीछन्द ईरितम् ॥ ४ ॥
हनुमान् देवता बीजं षष्ठं शक्तिर्द्वितीयकम् ।
षड्बीजैरङ्गषट्कं स्यान्मूर्ध्नि भाले दृशोर्मुखे ॥ ५ ॥
कण्ठे च बाहुद्वितये हृदि कुक्षौ च नाभितः ।
लिङ्गे जानुद्वये पादद्वये वर्णान् क्रमान् न्यसेत् ॥ ६ ॥
षड्बीजानि पदद्वन्द्वे मूर्ध्नि भाले मुखे हृदि ।
नाभावूर्वोर्जंघयोश्च पादयोर्विन्यसेत् क्रमात् ॥ ७ ॥

तेन ह्स्ख्फ्रें । ह्सौ मन्विन्दुगौ औ बिन्दुयुतौ ह्सौं । परं ततः ॥ ३ ॥ ङे युतो हनुमान्हनुमते । हार्दं नमः । यथा – हौं ह्स्फ्रें ख्फ्रें ह्स्रौं ह्स्ख्फ्रें ह्सौ हनुमते नमः ॥ ४ ॥ षष्ठं ह्सौमिति बीजं । द्वितीये ह्स्फ्रेमिति शक्तिः । हौं हृत् । ह्स्फ्रें शिरः । ख्फ्रें शिखेत्यादि० । वर्णन्यासमाह – **मूर्ध्नीति** । एकैकं सर्वत्र० ॥ ५–६ ॥ पदन्यासमाह – **षडिति** । पदद्वद्वं हनुमते नम इति ॥ ७ ॥

द्वादशाक्षर हनुमत् मन्त्र का स्वरूप इस प्रकार है - १. हौं, २. ह्स्फ्रें, ३. ख्फ्रें, ४. ह्स्रौं ५. ह्स्ख्फ्रें ६. ह्सौं हनुमते नमः (१२) ॥ ३ ॥

इस मन्त्र के रामचन्द्र ऋषि हैं, जगती छन्द है, हनुमान् देवता है तथा षष्ठ ह्सौं बीज है, द्वितीय हस्फ्रें शक्ति माना गया है ॥ ४-५ ॥

विमर्श – विनियोग का स्वरूप इस प्रकार है - 'ॐ अस्य श्रीहनुमन्मन्त्रस्य रामचन्द्र ऋषिः जगतीच्छन्दः हनुमान् देवता ह्सौं बीजं ह्स्फ्रें शक्तिः आत्मनोऽभीष्ट-सिद्ध्यर्थे जपे विनियोगः' ॥ ४-५ ॥

अब **षडङ्ग एवं वर्णन्यास** कहते हैं – ऊपर कहे गये मन्त्र के छः बीजाक्षरों से षडङ्गन्यास करना चाहिए । फिर मन्त्र के एक एक वर्ण का क्रमशः १. शिर, २. ललाट, ३. नेत्र, ४. मुख, ५. कण्ठ, ६. दोनो हाथ, ७. हृदय, ८. दोनों कुक्षि, ९. नाभि, १०. लिङ्ग, ११. दोनों जानु, एवं १२. पैरों में, इस प्रकार १२ स्थानों में १२ वर्णों का न्यास करना चाहिए ॥ ५-६ ॥

विमर्श – षडङ्गन्यास का प्रकार -

हौं हृदयाय नमः, ह्स्फ्रें शिरसे स्वाहा, ख्फ्रें शिखायै वषट्,
ह्स्रौं कवचाय हुम्, ह्स्ख्फ्रें नेत्रत्रयाय वौषट् ह्सौं अस्त्राय फट् ।

वर्णन्यास – हौं नमः मूर्ध्नि, ह्स्फ्रें नमः ललाटे, ख्फ्रें नमः नेत्रयोः,
ह्स्रौं नमः मुखे, ह्स्ख्फ्रें नमः कण्ठे, ह्सौं नमः बाहोः,
हं नमः हृदि, नुं नमः कुक्ष्योः, मं नमः नाभौ,
ते नमः लिङ्गे, नं नमः जान्वोः, मं नमः पादयोः ॥ ५-६ ॥

ध्यानकथनम्

बालार्कायुततेजसं त्रिभुवनप्रक्षोभकं सुन्दरं
सुग्रीवादिसमस्तवानरगणैः संसेव्यपादाम्बुजम् ।
नादेनैव समस्तराक्षसगणान् संत्रासयन्तं प्रभुं
श्रीमद्रामपदाम्बुजस्मृतिरतं ध्यायामि वातात्मजम् ॥ ८ ॥

तस्यार्घ्यादिजपान्तसाधनकथनम्

एवं ध्यात्वा जपेदर्कसहस्रं जितमानसः ।
दशांशं जुहुयाद् व्रीहीन् पयोदध्याज्यसंयुतान् ॥ ६ ॥
विमलादियुते पीठे पूजा कार्या हनूमतः ।

ध्यानमाह – **बालेति** । वातात्मजं हनुमन्तम् ॥ ८–६ ॥ दलेषु तदाह्वयान् हनुमन्नामानि ॥ १० ॥

अब **पदन्यास** कहते हैं – ६ बीजों एवं दोनों पदों का क्रमशः शिर, ललाट, मुख, हृदय, नाभि, ऊरू जंघा, एवं पैरों में न्यास करना चाहिए ॥ ७ ॥

विमर्श – ह्रौं नमः मूर्ध्नि, हस्फ्रें नमः ललाटे, ख्फ्रें नमः मुखे,
ह्स्त्रौ नमः हृदि, ह्स्ख्फ्रें नमः नाभौ, ह्सौं नमः ऊर्वोः,
हनुमते नमः जंघयोः, नमः नमः पादयोः ॥ ७ ॥

अब **ध्यान** कहते है – उदीयमान सूर्य के समान कान्ति से युक्त, तीनों लोको को क्षोभित करने वाले, सुन्दर, सुग्रीव आदि समस्त वानर समुदायों से सेव्यमान चरणों वाले, अपने भयंकर सिंहनाद से राक्षस समुदायों को भयभीत करने वाले, श्री राम के चरणारविन्दों का स्मरण करने वाले हनुमान् जी का मैं ध्यान करता हूँ ॥ ८ ॥

इस प्रकार ध्यान कर अपने मन तथा इन्द्रियों को वश में कर साधक बारह हजार की संख्या में जप करे तथा दूध, दही, एवं घी मिश्रित व्रीहि (धान) से उसका दशांश होम करे ॥ ६ ॥

विमला आदि शक्तियों से युक्त पीठ पर श्री हनुमान् जी का पूजन करना चाहिए ॥ १० ॥

विमर्श – प्रथम वृत्ताकारकर्णिका, फिर अष्टदल एवं भूपुर सहित यन्त्र का निर्माण करे । फिर १३. ८ श्लोक में वर्णित हनुमान् जी के स्वरूप का ध्यान कर मानसोपचार से पूजन कर अर्घ्य स्थापित करे । फिर ६. ७२-७८ में वर्णित विधि से वैष्णव पीठ पर उनका पूजन करे । यथा – पीठमध्ये –

ॐ आधारशक्तये नमः, ॐ प्रकृत्यै नमः, ॐ कूर्माय नमः,

केसरेष्वङ्गपूजा स्याद् दलेष्वन्यांस्तदाह्वयान् ॥ १० ॥
रामभक्तो महातेजा कपिराजो महाबलः ।
द्रोणाद्रिहारको मेरुपीठकार्चनकारकः ॥ ११ ॥

ॐ अनन्ताय नमः, ॐ पृथिव्यै नमः, ॐ क्षीरसमुद्राय नमः,
ॐ श्वेतद्वीपाय नमः, ॐ मणिमण्डपाय नमः, ॐ कल्पवृक्षाय नमः,
ॐ मणिवेदिकायै नमः, ॐ रत्नसिंहासनाय नमः,

तदनन्तर आग्नेयादि कोणों में धर्म आदि का तथा दिशाओं में अधर्म आदि का इस प्रकार पूजन करना चाहिए । यथा -

ॐ धर्माय नमः, आग्नेये, ॐ ज्ञानाय नमः, नैर्ऋत्ये,
ॐ वैराग्याय नमः वायव्ये, ॐ ऐश्वर्याय नमः, ऐशान्ये,
ॐ अधर्माय नमः पूर्वे, ॐ अज्ञानाय नमः, दक्षिणे,
ॐ अवैराग्याय नमः पश्चिमे, ॐ अनैश्वर्याय नमः, उत्तरे,

हनुमत्पूजनयन्त्रम्

पुनः पीठ के मध्य में अनन्त आदि का -
ॐ अनन्ताय नमः, ॐ पद्माय नमः,
ॐ अं सूर्यमण्डलाय द्वादशकलात्मने नमः
ॐ उं सोममण्डलाय षोडशकलात्मने नमः,
ॐ रं वह्निमण्डलाय दशकलात्मने नमः
ॐ सं सत्त्वाय नमः, ॐ रं रजसे नमः,
ॐ तं तमसे नमः, ॐ आं आत्मने नमः,
ॐ अं अन्तरात्मने नमः,
ॐ पं परमात्मने नमः,
ॐ ह्रीं ज्ञानात्मने नमः, पूर्वे,

केशरों के ८ दिशाओं में तथा मध्य में विमला आदि शक्तियों का इस प्रकार पूजन करना चाहिए -
ॐ विमलायै नमः,
ॐ उत्कर्षिण्यै नमः, ॐ ज्ञानायै नमः,
ॐ क्रियायै नमः, ॐ योगायै नमः, ॐ प्रह्व्यै नमः,
ॐ सत्यायै नमः, ॐ ईशानायै नमः मध्ये ॐ अनुग्रहायै नमः ।

तदनन्तर 'ॐ नमो भगवते विष्णवे सर्वभूतात्मसंयोगयोगपद्मपीठात्मने नमः' (द्र० ६. ७३-७४) इस पीठ मन्त्र से पीठ को पूजित कर पीठ पर आसन ध्यान आवाहनादि उपचारों से हनुमान् जी का पूजन कर मूलमन्त्र से पुष्पाञ्जलि समर्पित करनी चाहिए। तदनन्तर उनकी अनुज्ञा ले आवरण पूजा प्रारम्भ करनी चाहिए ॥ १०॥

अब **आवरण पूजा का विधान** कहते हैं - सर्वप्रथम केसरों में अङ्गपूजा

दक्षिणाशाभास्करश्च सर्वविघ्ननिवारकः ।
एवं नामानि सम्पूज्य दलाग्रेषु च वानरान् ॥ १२ ॥
सुग्रीवमंगदं नीलं जाम्बवन्तं नलं तथा ।
सुषेणं द्विविदं मैन्दं पूजयेद्दिक्पतीनपि ॥ १३ ॥
एवं सिद्धे मनौ मन्त्री स्वपरेष्टं प्रसाधयेत् ।
कदलीबीजपूराम्रफलैर्हुत्वा सहस्रकम् ॥ १४ ॥

तानाह – **रामभक्त** इत्यादि ॥ ११ ॥ * ॥ १२–२० ॥

तथा दलों पर तत्तन्नामों द्वारा हनुमान् जी का पूजन करना चाहिए । रामभक्त महातेजा, कपि राज, महाबल, द्रोणाद्रिहारक, मेरुपीठकार्चनकारक, दक्षिणाशाभास्कर तथा सर्वविघ्ननिवारक ये ८ उनके नाम हैं । नामों से पूजन करने के बाद दलों के अग्रभाग में सुग्रीव, अंगद, नील, जाम्बवन्त, नल, सुषेण, द्विविद और मयन्द ये ८ वानर है । तदनन्तर दिक्पालों का भी पूजन करना चाहिए ॥ १०-१३ ॥

विमर्श – आवरण पूजा विधि - प्रथम केसरों में आग्नेयादि क्रम से अङ्गपूजा यथा - हौं हृदयाय नमः, ह्स्फें शिरसे स्वाहा, ख्फें शिखायै वषट्, ह्स्रौं कवचाय हुम्, ह्स्ख्फ्रें नेत्रत्रयाय वौषट्, ह्सौं अस्त्राय फट्,

फिर दलों में पूर्वादि दिशाओं के क्रम से नाम मन्त्रों से -
ॐ रामभक्ताय नमः, ॐ महातेजसे नमः, ॐ कपिराजाय नमः,
ॐ महाबलाय नमः, ॐ द्रोणाद्रिहारकाय नमः, ॐ मेरुपीठकार्चनकारकाय नमः,
ॐ दक्षिणाशाभास्कराय नमः, ॐ सर्वविघ्ननिवारकाय नमः ।

तदनन्तर दलों के अग्रभाग पर सुग्रीवादि की पूर्वादि क्रम से यथा -
ॐ सुग्रीवाय नमः, ॐ अंगदाय नमः, ॐ नीलाय नमः,
ॐ जाम्बवन्ताय नमः, ॐ नलाय नमः, ॐ सुषेणाय नमः,
ॐ द्विविदाय नमः, ॐ मैन्दाय नमः,

फिर भूपुर में पूर्वादि क्रम से इन्द्रादि दिक्पालों की यथा -
ॐ लं इन्द्राय नमः, पूर्वे, ॐ रं अग्नये नमः आग्नेये,
ॐ यं यमाय नमः दक्षिणे ॐ क्षं निर्ऋत्ये नमः, नैर्ऋत्ये,
ॐ वं वरुणाय नमः, पश्चिमे, ॐ यं वायवे नमः वायव्ये,
ॐ सं सोमाय नमः उत्तरे ॐ हं ईशानाय नमः ऐशान्ये,
ॐ आं ब्रह्मणे नमः पूर्वैशानयोर्मध्ये,
ॐ ह्रीं अनन्ताय नमः पश्चिमनैर्ऋत्ययोर्मध्ये

इस प्रकार आवरण पूजा कर मूलमन्त्र से पुनः हनुमान् जी का धूप, दीपादि उपचारों से पूजन करना चाहिए ॥ १०-१३ ॥

अब **काम्य प्रयोग** कहते है - इस प्रकार मन्त्र सिद्ध हो जाने पर साधक

द्वाविंशान्तेब्रह्मचारिविप्रान् सम्भोजयेदथ।
एवं कृते महाभूत विषचौराद्युपद्रवाः ॥ १५॥
नश्यन्ति क्षणमात्रेण विद्वेषिग्रहदानवाः।

फलपरत्वेन प्रयोगविधिवर्णनम्

अष्टोत्तरशतं वारिमन्त्रितं विषनाशनम्॥ १६॥
रात्रौ नवशतं मन्त्रं जपेद्दशदिनावधि।
यो नरस्तस्य नश्यन्ति राजशत्रूत्थभीतयः॥ १७॥
अभिचारोत्थभूतोत्थ ज्वरे तन्मन्त्रितैर्जलैः।
भस्मभिः सलिलैर्वापि ताडयेज्ज्वरिणः क्रुधा॥ १८॥
दिनत्रयाज्ज्वरान्मुक्तः ससुखं लभते नरः।
तन्मन्त्रितौषधं जग्ध्वा नीरोगो जायते ध्रुवम्॥ १६॥
तन्मन्त्रितं पयः पीत्वा योद्धुं गच्छेन्मनुं जपन्।
तज्जप्तभस्मलिप्ताङ्गः शस्त्रसंघैर्न बाध्यते॥ २०॥
शस्त्रक्षतं व्रणः शोफो लूतास्फोटोऽपि भस्मना।
त्रिमन्त्रितेन संस्पृष्टाः शुष्यन्त्यचिरतो नृणाम्॥ २१॥

शस्त्रक्षतादयो वारत्रयमन्त्रितेन भस्मना मार्जिता अचिराच्छुष्यन्ति नश्यन्ति ॥ २१ ॥ * ॥ २२–२३ ॥

अपना या दूसरों का अभीष्ट कार्य करे ॥ १४ ॥

केला, बिजौरा, आम्रफलों से एक हजार आहुतियाँ दे और २२ ब्रह्मचारी ब्राह्मणों को भोजन करावे । ऐसा करने से महाभूत, विष, तथा चोरों आदि के उपद्रव नष्ट हो जाते हैं । इतना ही नहीं विद्वेष करने वाले, ग्रह और दानव भी ऐसा करने से नष्ट हो जाते है ॥ १४-१६ ॥

१०८ बार मन्त्र से अभिमन्त्रित जल विष को नष्ट कर देता है । जो व्यक्ति रात्रि में १० दिन पर्यन्त ६०० की संख्या में इस मन्त्र का जप करता है उसका राजभय तथा शत्रुभय से छुटकारा हो जाता है । अभिचार जन्य तथा भूतजन्य ज्वर में इस मन्त्र से अभिमन्त्रित जल या भस्म द्वारा क्रोधपूर्वक ज्वरग्रस्त रोगी को प्रताड़ित करना चाहिए । ऐसा करने से वह तीन दिन के भीतर ज्वरमुक्त हो कर सुखी हो जाता है । इस मन्त्र से अभिमन्त्रित औषधि खाने से निश्चित रूप से आरोग्य की प्राप्ति हो जाती है ॥ १६-१६ ॥

इस मन्त्र से अभिमन्त्रित जल पीकर तथा इस मन्त्र को जपते हुये अपने शरीर में भस्म लगाकर जो व्यक्ति इस मन्त्र का जप करते हुये रणभूमि में जाता है,

सूर्यास्तमयमारभ्य जपेत् सूर्योदयावधि ।
कीलकं भस्म चादाय सप्ताहावधि संयतः ॥ २२ ॥
निखनेद् भस्मकीलौ तौ विद्विषां द्वार्यलक्षितम् ।
विद्वेषं मिथ आपन्नाः पलायन्तेऽरयो चिरात् ॥ २३ ॥
अभिमन्त्रितभस्माम्बुदेहचन्दनसंयुतम् ।
खाद्यादियोजितं यस्मै दीयते स च दासवत् ॥ २४ ॥
क्रूराश्च जन्तवोऽनेन भवन्ति विधिना वशाः ।
ईशानदिक्स्थमूलेन भूतांकुशतरोः शुभाम् ॥ २५ ॥
अंगुष्ठमात्रां प्रतिमां प्रविधाय हनूमतः ।
प्राणसंस्थापनं कृत्वा सिन्दूरैः परिपूज्य च ॥ २६ ॥
गृहस्याभिमुखे द्वारे निखनेन्मन्त्रमुच्चरन् ।
भूताभिचारचौराग्निविषरोगनृपोद्भवाः ॥ २७ ॥
संजायन्ते गृहे तस्मिन्न कदाचिदुपद्रवाः ।
प्रत्यहं धनपुत्राद्यैरेधते तद्गृहं चिरम् ॥ २८ ॥

देहचन्दनं देहे धृतं यच्चन्दनं तेन युतं भस्माम्बु च मन्त्रितं यस्मै दीयते स वश्यः स्यात् ॥ २४ ॥ ईशानेत्यादि तद्गृहं चिरमित्यन्त एकः प्रयोगः । भूतांकुशतरोः करञ्जस्य अरिष्टस्य ईशानदिशि स्थितेन मूलेनाङ्गुष्ठमितां हनुमत्प्रतिमां कृत्वा प्राणान् संस्थाप्य सिन्दूरैरभ्यर्च्य यद्गृहद्वारि निखन्यते तत्र सर्वोपद्रवनाशस्तद्वृद्धिश्च ॥ २५ ॥ * ॥ २६–३१ ॥

युद्ध में नाना प्रकार के शस्त्र समुदाय उस को कोई बाधा नहीं पहुँचा सकते ॥ २० ॥

चाहे शस्त्र का घाव हो अथवा अन्य प्रकार का घाव हो, शोध अथवा लूता आदि चर्मरोग एवं फोड़े फुन्सियाँ, इस मन्त्र से ३ बार अभिमन्त्रित भस्म के लगाने से शीघ्र ही सूख जाती हैं ॥ २१ ॥

अपनी इन्द्रियों को वश में कर साधक को सूर्यास्त से ले कर सूर्योदय पर्यन्त ७ दिन कील एवं भस्म ले कर इस मन्त्र का जप करना चाहिए । फिर शत्रुओं को बिना जनाये उस भस्म को एवं कीलों को शत्रु के दरवाजे पर गाड़ दे तो ऐसा करने से शत्रु परस्पर झगड़ कर शीघ्र ही स्वयं भाग जाते हैं ॥ २२-२३ ॥

अपने शरीर पर लगाये गये चन्दन के साथ इस मन्त्र से अभिमन्त्रित जल एवं भस्म को खाद्यान्न के साथ मिलाकर खिलाने से खाने वाला व्यक्ति दास हो जाता है। इतना ही नहीं ऐसा करने से क्रूर जानवर भी वश में हो जाते हैं ॥ २४-२५ ॥

करञ्ज वृक्ष के ईशानकोण की जड़ ले कर उससे हनुमान् जी की प्रतिमा निर्माण कराकर उसमें प्राणप्रतिष्ठा कर सिन्दूर से लेपकर इस मन्त्र का जप करते हुये

निशि श्मशानभूमिस्थौ भस्मना मृत्स्नयापि वा।
शत्रोः प्रतिकृतिं कृत्वा हृदि नाम समालिखेत् ॥ २६ ॥
कृतप्राणप्रतिष्ठां तां भिन्द्याच्छस्त्रैर्मनुं जपन्।
मन्त्रान्ते प्रोच्चरेच्छत्रोर्नामछिन्धि च भिन्धि च ॥ ३० ॥
मारयेति च तस्यान्तेदन्तैरोष्ठं निपीड्य च।
पाण्योस्तले प्रपीड्याथ त्यक्त्वा तां सदनं व्रजेत् ॥ ३१ ॥
एवं सप्तदिनं कुर्वन् हन्याच्छत्रुं शिवावितम्।
अर्द्धचन्द्राकृतौ कुण्डे स्थण्डिले वा हुतं चरेत् ॥ ३२ ॥
मुक्तकेशः श्मशानस्थे लवणै राजिकायुतैः।
उन्मत्तफलपुष्पैश्च नखरोमविषैरपि ॥ ३३ ॥
काककौशिकगृध्राणां पक्षैः श्लेष्मातकाक्षजैः।
समिद्वरैश्च त्रिशतं दक्षिणाशामुखो निशि ॥ ३४ ॥
सप्त घस्रानिदं कुर्वन्मारयेद् रिपुमुद्धतम्।
शतषट्कं जपेद्रात्रौ श्मशाने दिवसत्रयम् ॥ ३५ ॥

शिवावितं शिवेनापि रक्षितं शत्रुमेवं कुर्वन् हन्यात् । अर्द्धचन्द्रेत्यादि रिपुमुद्धतमित्यन्त एको मारणप्रयोगः । उन्मत्तो धत्तूरश्लेष्मातकश्चिक्कणफलो वृक्षः । अक्षो बिभीतकस्तदुत्थसमिद्भिश्च हुतं चरेज्जुहुयात् सप्तघस्रान् दिवसान् ॥ ३२ ॥ * ॥ ३३–३८ ॥

उसे घर के दरवाजे पर गाड़ देनी चाहिए । ऐसा करने से उस घर में भूत, अभिचार, चोर, अग्नि, विष, रोग तथा नृप जन्य उपद्रव कभी भी नहीं होते और घर में प्रतिदिन धन, पुत्रादि की अभिवृद्धि होती रहती हैं ॥ २५-२८ ॥

मारण प्रयोग - रात्रि में श्मशान भूमि की मिट्टी या भस्म से शत्रु की प्रतिमा बनाकर हृदय स्थान में उसक नाम लिखना चाहिए । फिर उसमें प्राण प्रतिष्ठा कर, मन्त्र के बाद शत्रु का नाम, फिर छिन्धि भिन्धि एवं मारय लगाकर उसका जप करते हुये शस्त्र द्वारा उसे टुकड़े - टुकड़े कर देना चाहिए । फिर होठों को दाँतों के नीचे दबा कर हथेलियों से उसे मसल देना चाहिए । तदनन्तर उसे वहीं छोड़कर अपने घर आ जाना चाहिए । ७ दिन तक ऐसा लगातार करते रहने से भगवान् शिव द्वारा रक्षित भी शत्रु मर जाता है ॥ २६-३२ ॥

श्मशान स्थान में अपने केशों को खोलकर अर्धचन्द्राकृति वाले कुण्ड में अथवा स्थाण्डिल (वेदी) पर राई नमक मिश्रित धतूर के फल, उसके पुष्प, कौवा उल्लू एवं गीध के नाखून, रोम और पंखों से तथा विष से लिसोड़ा एवं बहेड़ा की समिधा में दक्षिणाभिमुख हो रात में एक सप्ताह पर्यन्त निरन्तर होम

ततो वेताल उत्थाय वदेद् भावि शुभाशुभम् ।
उदितं कुरुते सर्वं किंकरीभूय मन्त्रिणः ॥ ३६ ॥
हनुमत्प्रतिमां भूमौ विलिखेत्तत्पुरो मनून् ।
साध्यनाम द्वितीयान्तं विमोचय विमोचय ॥ ३७ ॥
तत्सर्वं मार्जयेद्वामहस्तेनाथ पुनर्लिखेत् ।
एवमष्टोत्तरशतं लिखित्वा मार्जयेत्पुनः ॥ ३८ ॥
एवं कृते पराधीनो मुच्यते निगडात्क्षणात् ।

विद्वेषणवश्यादिषु मन्त्रयोजना

एवं विद्वेषणादीनि कुर्यात्तत्पल्लवं लिखन् ॥ ३६ ॥
वश्यार्थे सर्षपैर्होमो विद्वेषे करवीरजैः ।
कुसुमैरिध्मकाष्ठैर्वा जीरकैर्मरिचैरपि ॥ ४० ॥

पराधीनो बद्धो निगडाच्छृंखलातो मुच्यते । विद्वेषणादीनि विद्वेषमारणोच्चाटान्तत्कृत पल्लवं लिखन्नेवं कुर्यात् । अमुकं द्वेषय द्वेषय इति द्वेष्ये, मारय मारय इति मारणे इत्यादिपल्लवलेखनम् ॥ ३६–४० ॥

करने से उद्धत शत्रु भी मर जाता है ॥ ३२-३५ ॥

इसके बाद **बेताल सिद्धि का प्रयोग** कहते है - श्मशान में रात्रि के समय लगातार तीन दिन तक प्रतिदिन ६०० की संख्या में इस मूल मन्त्र का जप करते रहने से बेताल खड़ा हो कर साधक का दास बन जाता है और भविष्य में होने वाले शुभ अथवा अशुभ घटनाओं को तथा अन्य प्रकार की शंकाओं को भी साफ साफ कह देता है ॥ ३५-३६ ॥

साधक हनुमान् जी की प्रतिमा के सामने साध्य का द्वितीयान्त नाम, फिर 'विमोचय विमोचय' पद, तदनन्तर मूल मन्त्र लिखे । फिर उसे बायें हाथ से मिटा देवे, यह लिखने और मिटाने की प्रक्रिया पुनः पुनः करते रहना चाहिए । इस प्रकार एक सौ आठ बार लिखते और मिटाते रहने से बन्दी शीघ्र ही हथकड़ी और बेड़ी से मुक्त हो जाता है । हनुमान् जी के पैरों के नीचे 'अमुकं विद्वेषय विद्वेषय' लगाकर विद्वेषण करे, 'अमुकं उच्चाटय उच्चाटय' लगाकर उच्चाटन करे तथा 'मारय मारय' लगाकर मारण का भी प्रयोग किया जा सकता है ॥ ३७-३६ ॥

विमर्श - बिना गुरु के मारण एवं विद्वेषण आदि प्रयोगों को करने से स्वयं पर ही आघात हो जाता है ॥ ३७-३६ ॥

अब **विविध कामनाओं में होम का विधान** कहते हैं - वश्य कर्म में सरसों से, विद्वेष में कनेर के पुष्प, लकड़ियों से, अथवा जीरा एवं काली मिर्च से भी होम करना चाहिए ॥ ४० ॥

ज्वरे दूर्वागुडूचीभिर्दध्ना क्षीरेण वा घृतैः ।
शूले होमः कुबेराक्षैरेरण्डसमिधा तथा ॥ ४१ ॥
तैलाक्ताभिश्च निर्गुण्डीसमिद्भिर्वा प्रयत्नतः ।
सौभाग्ये चन्दनैश्चन्द्रै रोचनैलालवङ्गकैः ॥ ४२ ॥
सुगन्धिपुष्पैर्वस्त्राप्त्यै तत्तद्धान्यैस्तदाप्तये ।
तत्पादरजसा राजीलवणाक्तेन मृत्यवे ॥ ४३ ॥
किंबहूक्तैर्विषे व्याधौ शान्तौ मोहे च मारणे ।
विवादे स्तम्भने द्यूतभूतभीतौ च संकटे ॥ ४४ ॥
वश्ये युद्धे नृपद्वारे समरे चौरसकंटे ।
मन्त्रोऽयं साधितो दद्यादिष्टसिद्धिं ध्रुवं नृणाम् ॥ ४५ ॥

हनूमद्यन्त्रकथनम्

वक्ष्ये हनुमतो यन्त्रं सर्वसिद्धिप्रदायकम् ।
वलयत्रितयं लेख्यं पुच्छाकारसमन्वितम् ॥ ४६ ॥
साध्यनाम लिखेन्मध्ये पाशबीजप्रवेष्टितम् ।
उपर्यष्टदलं कृत्वा वर्मपत्रेषु संलिखेत् ॥ ४७ ॥

कुबेराक्षः सूक्ष्मकणस्तिक्तक्षुपाविशेषः ॥ ४१–४२ ॥ यद्धान्यैर्होमस्तदाप्तिः । राजीलवणयुतेन यत्पादरजसा हूयते स म्रियते ॥ ४३ ॥ * ॥ ४४–४५ ॥ मन्त्रमाह – **वलयेति** । पुच्छाकारं वलयत्रयं विलिख्य मध्ये आमिति बीजेन वेष्टितं साध्य नाम लिखेत् । तदुपर्यष्टदलेषु हुमिति ॥ ४६–४७ ॥

ज्वर में दूर्वा, गुडूची, दही, घृत, दूध से तथा शूल में कुवेराक्ष (षांढर) एवं रेड़ी की समिधाओं से अथवा तेल में डुबोई गई निर्गुण्डी की समिधाओं से प्रयत्नपूर्वक होम करना चाहिए । सौभाग्य प्राप्ति के लिए चन्दन, कपूर, गोरोचन, इलायची, और लौंग से वस्त्र प्राप्ति के लिए सुगन्धित पुष्पों से तथा धान्य वृद्धि के लिए धान्य से ही होम करना चाहिए । शत्रु की मृत्यु के लिए उसके पैर की मिट्टी राई और नमक मिलाकर होम करने से उसकी मृत्यु हो जाती है ॥ ४१-४३ ॥

अब इस विषय में हम बहुत क्या कहें - सिद्ध किया हुआ यह मन्त्र मनुष्यों को विष, व्याधि, शान्ति, मोहन, मारण, विवाद, स्तम्भन, द्यूत, भूतभय संकट, वशीकरण, युद्ध, राजद्वार, संग्राम एवं चौरादि द्वारा संकट उपस्थित होने पर निश्चित रूप से इष्टसिद्धि प्रदान करता है ॥ ४४-४५ ॥

अब धारण के लिए **हनुमान् जी के सर्वसिद्धिदायक यन्त्र** को कहता हूँ - पुच्छ के आकार के समान तीन वलय (घेरा) बनाना चाहिए। उसके बीच में

वलयं वहिरालिख्य तद्बहिश्चतुरस्रकम् ।
चतुरस्रस्य रेखाग्रे त्रिशूलानि समालिखेत् ॥ ४८ ॥
भूपुरस्याष्टवज्रेषु ह्सौबीजं लिखेत्ततः ।
कोणेष्वंकुशमालिख्य मालामन्त्रेण वेष्टयेत् ॥ ४६ ॥
तत्सर्वं वेष्टयेद्यन्त्रं वलयत्रितयेन च ।
वस्त्रे शिलायां फलके ताम्रपात्रेऽथ कुड्यके ॥ ५० ॥
भूर्जे वा ताडपत्रे वा रोचनानाभिकुंकुमैः ।
यन्त्रमेतत् समालिख्य त्यक्ताशो ब्रह्मचर्यवान् ॥ ५१ ॥
कपेः प्राणान्प्रतिष्ठाप्य पूजयेत्तं यथाविधि ।
सर्वदुःखनिवृत्यै तद्यन्त्रमात्मनि धारयेत् ॥ ५२ ॥
ज्वरमार्यभिचारघ्नं सर्वोपद्रवशान्तिकृत् ।
योषितामपि बालानां धृतं जनमनोहरम् ॥ ५३ ॥

बहिरेकं वलयं कृत्वोपरि चतुरस्रं कृत्वा तदग्राणि संवर्ध्य तत्र त्रिशूलानि कृत्वा त्रिशूलेषु क्रोमिति वज्रेषु ह्सौमिति विलिख्य तन्माला मन्त्रेण वक्ष्यमाणेन संवेष्ट्य तत्पुनर्वलयत्रयेण वेष्टयेत् ॥ ४८–५० ॥ नाभिः कस्तूरी । त्यक्ताशउपवासी ॥ ५१–५३ ॥

धारण करने वाले साध्य का नाम लिखकर दूसरे घेरे में पाश बीज (आं) लिखकर उसे वेष्टित कर देना चाहिए। फिर वलय के ऊपर अष्टदल बनाकर पत्रों में वर्म बीज (हुम्) लिखना चाहिए। फिर उसके बाहर वृत्त बनाकर उसके ऊपर चौकोर चतुरस्र लिखना चाहिए। फिर चतुरस्र के चारो भुजाओं के अग्रभाग में दोनों ओर त्रिशूल का चिन्ह बनाना चाहिए। तत्पश्चात् भूपुर के अष्ट वज्रों (चारों दिशाओं, चारों कोणों) में ह्सौं यह बीज लिखना चाहिए। फिर कोणों पर अंकुश बीज (क्रों) लिखकर उस चतुरस्र को वक्ष्यमाण मालामन्त्र से वेष्टित कर देना चाहिए। तत्पश्चात् सारे मन्त्रों को तीन वलयों (गोलाकार घेरों) से वेष्टित कर देना चाहिए ॥ ४६-५०॥

यह यन्त्र, वस्त्र, शिला, काष्ठफलक, ताम्रपत्र, दीवार, भोजपत्र, या ताड़पत्र पर गोरोचन, कस्तूरी एवं कुंकुम (केशर) से लिखना चाहिए । साधक उपवास तथा ब्रह्मचर्य का पालन करते हुये मन्त्र में हनुमान् जी की प्राणप्रतिष्ठा कर विधिवत् उसका पूजन करे । सभी प्रकार के दुःखों से छुटकारा पाने के लिए यह यन्त्र स्वयं भी धारण करना चाहिए ॥ ५०-५२ ॥

उक्त लिखित यन्त्र ज्वर, शत्रु, एवं अभिचार जन्य बाधाओं को नष्ट करता है तथा सभी प्रकार के उपद्रवों को शान्त करता है । किं बहुना स्त्रियों तथा बच्चों द्वारा धारण करने पर यह उनका भी कल्याण करता है ॥ ५३ ॥

विमर्श - इस धारण यन्त्र को चित्र के अनुसार बनाना चाहिए । तदनन्तर

हनूमन्मालामन्त्रकथनम्

मालामन्त्रमथो वक्ष्ये प्रणवो वाग्घरिप्रिया।
दीर्घत्रयान्विता माया पूर्वोक्तं कूटपञ्चकम्॥ ५४॥
तारो नमो हनुमते प्रकटान्ते पराक्रम।
आक्रान्तदिङ्मण्डलतो यशोवीति च तान च॥ ५५॥
धवलीकृतवर्णान्ते जगत्त्रितयवज्र च।
देहज्वलदग्निसूर्यकोट्यन्ते तु समप्रभ॥ ५६॥
तनूरुहपदं रुद्रावतारपदमीरयेत्।
लंकापुरीदहान्तेनोदधिलंघनवर्णकाः॥ ५७॥
दशग्रीवशिरः पश्चात्कृतान्तकपदं ततः।
सीताश्वासनवाय्वन्ते सुतशब्दमुदीरयेत्॥ ५८॥
अञ्जनागर्भसम्भूतश्रीरामान्ते तु लक्ष्मणा।
नन्दकान्ते रकपि च सैन्यप्राकारवर्णकाः॥ ५९॥
सुग्रीवसख्यकावर्णारणबालिनिबर्हण।
कारणद्रोणपर्वान्ते तोत्पाटनपदं वदेत्॥ ६०॥
अशोकवनवीत्यन्ते दारणाक्षकुमारक।
च्छेदनान्ते वनपदंरक्षाकरसमूह च॥ ६१॥
विभञ्जनान्ते ब्रह्मास्त्रब्रह्मशक्तिग्रसेति न।
लक्ष्मणान्ते शक्तिभेदनिवारणपदं पुनः॥ ६२॥

मालामन्त्रमाह – **प्रणव इति** । वाक् ऐं । हरिप्रिया श्रीं । माया दीर्घत्रयान्विता ह्रां ह्रीं ह्रूं । पूर्वोक्तं मूलमन्त्रस्थम्॥ ५४॥ * ॥ ५५–६७॥

उसमें हनुमान् जी की प्राणप्रतिष्ठा कर विधिवत् पूजन कर पहनना चाहिए ॥ ५३ ॥

अब ऊपर प्रतिज्ञात **माला मन्त्र का उद्धार** कहते हैं - प्रथम प्रणव (ॐ), वाग् (ऐं), हरिप्रिया (श्रीं), फिर दीर्घत्रय सहित माया (ह्रां ह्रीं ह्रूं), फिर पूर्वोक्त पाँच कूट (ह्स्फ्रें ख्फ्रें ह्स्त्रौं ह्स्ख्फ्रें ह्सौं) तथा तार (ॐ), फिर 'नमो हनुमते प्रकट' के बाद 'पराक्रम आक्रान्तदिङ्मण्डलयशो वि' फिर 'तान' कहना चाहिए, फिर 'धवलीकृत' पद के बाद 'जगत्त्रितय' और 'वज्र' कहना चाहिए । फिर 'देहज्वलदग्निसूर्यकोटि' के बाद 'समप्रभतनूरुहरुद्रावतार', इतना पद कहना चाहिए । फिर 'लंकापुरी दह' के बाद 'नोदधिलंघन', फिर 'दशग्रीवशिरः कृतान्तक सीताश्वासनवायु', के बाद 'सुतं' शब्द कहना चाहिए ॥ ५४-५८ ॥

फिर 'अञ्जनागर्भसंभूत श्री रामलक्ष्मणानन्दक', फिर 'रकपि', 'सैन्यप्राकार',

विशल्यौषधिवर्णान्ते समानयनवर्णकाः ।
बालोदितान्ते भान्वन्ते मण्डलग्रसनेति च ॥ ६३ ॥
मेघनादेति होमान्ते विध्वंसनपदं वदेत् ।
इन्द्रजिद्वधकारान्ते णसीतारक्षकेति च ॥ ६४ ॥
राक्षसीसंघवर्णान्ते विदारण च कुम्भ च ।
कर्णादिवधशब्दान्ते परायणपदं वदेत् ॥ ६५ ॥
श्रीरामभक्तिशब्दान्ते तत्परेति समुद्र च ।
व्योमद्रुमलंघनेति महासामर्थ्यमेति च ॥ ६६ ॥
महातेजःपुञ्जवीत्यन्ते राजमानपदं पुनः ।
स्वामिवचनसम्पादितार्जुनान्ते च संयुग ॥ ६७ ॥
सहायान्ते कुमारेति ब्रह्मचारिन् पदं वदेत् ।
गम्भीरशब्दोऽत्रिर्वायुर्दक्षिणाशापदं पुनः ॥ ६८ ॥
मार्तण्डमेरुशब्दान्ते पर्वतेति पदं वदेत् ।
पीठिकार्चनशब्दान्ते सकलेतिपदं पुनः ॥ ६९ ॥

फिर 'सुग्रीवसख्यका' के बाद 'रणबालिनिबर्हण कारण द्रोणपर्व' के बाद 'तोत्पाटन' इतना कहना चाहिए । फिर 'अशोक वन वि' के बाद, 'दारणाक्षकुमारकच्छेदन' के बाद फिर 'वन' शब्द, फिर 'रक्षाकरसमूहविभञ्जन', फिर 'ब्रह्मास्त्र ब्रह्मशक्ति ग्रस' और 'न लक्ष्मण' के बाद 'शक्तिभेदनिवारण' तथा 'विशल्यौषधि' वर्ण के बाद 'समानयन बालोदितभानु', फिर 'मण्डलग्रसन' के बाद 'मेघनाद होम', फिर 'विध्वंसन' यह पद बोलना चाहिए । फिर 'इन्द्रजिद्वधकार' के बाद, 'णसीतारक्षक राक्षसीसंघ', 'विदारण', फिर 'कुम्भकर्णादिवध' शब्दों के बाद, 'परायण', यह पद बोलना चाहिए । फिर 'श्री रामभक्ति' के बाद 'तत्पर-समुद्र-व्योम द्रुमलंघन महासामर्थ्यमहातेजःपुञ्जविराजमान' शब्द, तथा 'स्वामिवचनसंपादितार्जुन' के बाद 'संयुगसहाय' एवं 'कुमार ब्रह्मचारिन्' पद कहना चाहिए । फिर 'गम्भीरशब्दो' के बाद अत्रि (द), वायु (य), फिर 'दक्षिणाशा' पद, तथा 'मार्तण्डमेरु' शब्द के बाद 'पर्वत' शब्द कहना चाहिए । फिर 'पीठिकार्चन' शब्द के बाद 'सकल मन्त्रागमाचार्य मम सर्वग्रहविनाशन सर्वज्वरोच्चाटन' और 'सर्वविषविनाशन सर्वापत्ति निवारण सर्वदुष्ट' इतना पढ़ना चाहिए । फिर 'निबर्हण' पद, तथा 'सर्वव्याघ्रादिभय', उसके बाद 'निवारण सर्वशत्रुच्छेदन मम परस्य च त्रिभुवन पुंस्त्रीनपुंसकात्मकं सर्वजीव' पद के बाद 'जातं', फिर 'वशय' यह पद दो बार, फिर 'ममाज्ञाकारक' के बाद दो बार 'संपादय', फिर 'नाना नाम' शब्द, फिर 'धेयान् सर्वान् राज्ञः स' इतना पद कहना चाहिए । फिर 'परिवारान्मम सेवकान्', फिर दो बार 'कुरु', फिर 'सर्वशस्त्रास्त्र वि' के बाद 'षाणि', तदनन्तर दो बार 'विध्वंसय' फिर दीर्घत्रयान्विता माया (ह्रां ह्रीं ह्रूं), फिर हात्रय (हा

मन्त्रागमाचार्य मम सर्वग्रहविनाशन।
सर्वज्वरोच्चाटनेति सर्वविषविनाशन ॥ ७० ॥
सर्वापत्तिनिवारणसर्वदुष्टेति संपठेत्।
निबर्हणपदं सर्वव्याघ्रादिभयतत्परम् ॥ ७१ ॥
निवारणसर्वशत्रुच्छेदनेति पदं मम।
परस्य च त्रिभुवनपुंस्त्रीनपुंसकात्मकम् ॥ ७२ ॥
सर्वजीवपदं पश्चाज्जातं वशययुग्मकम्।
ममाज्ञाकारकं पश्चात्संपादयपदद्वयम् ॥ ७३ ॥
नाना नामपदं धेयान् सर्वान् राज्ञः ससंपठेत्।
परिवारान्ममेत्यन्ते सेवकान्कुरुयुग्मकम् ॥ ७४ ॥
सर्वशस्त्रास्त्रवीत्यन्ते षाणिविध्वंसयद्वयम्।
मायादीर्घत्रयोपेता हात्रयं चैहियुग्मकम् ॥ ७५ ॥
विलोमपञ्चकूटानि सर्वशत्रून् हनद्वयम्।
परदान्ते लानि परसैन्यानि क्षोभयद्वयम् ॥ ७६ ॥
मम सर्वकार्यजातं साधयद्वितयं ततः।
सर्वदुष्टदुर्जनान्ते मुखानि कीलयद्वयम् ॥ ७७ ॥
घेत्रयं हात्रयं वर्मत्रितय फट्त्रयं ततः।
वह्निप्रियान्तो मन्त्रोऽयं मालासंज्ञोऽखिलेष्टदः ॥ ७८ ॥
अष्टाशीत्युत्तराः पञ्चशतवर्णा मनोः स्मृताः।
महोपद्रवसंपाते स्मृतोऽयं दुःखनाशनः ॥ ७९ ॥

अत्रिः दः । वायुः यः स्वस्वरूपमन्यत् ॥ ६८ ॥ * ॥ ६९–७९ ॥

हा हा), एहि युग्म (एह्येहि), विलोमक्रम से पञ्चकूट (ह्सौं ह्स्ख्फ्रें ह्स्रौं ख्फ्रें ह्स्फ्रें) और फिर 'सर्वशत्रून', तदनन्तर दो बार हन (हन हन), फिर 'परद' के बाद 'लानि परसैन्यानि', फिर क्षोभय यह पद दो बार (क्षोभय क्षोभय), फिर 'मम सर्वकार्यजातं' तथा २ बार साधय पद (साधय साधय), फिर 'सर्वदुष्टदुर्जन' के बाद 'मुखानि' तदनन्तर २ बार कीलय (कीलय कीलय), फिर घेत्रय (घे घे घे), फिर हात्रय (हा हा हा), वर्म त्रितय (हुं हुं हुं), फिर ३ बार फट्; और इसके अन्त में वह्निप्रिया (स्वाहा) लगाने से सर्वाभीष्टकारक ५८८ अक्षरों का हनुमन्माला मन्त्र बनता है । महान् से महान् उपद्रव होने पर इस मन्त्र के जप से सारे दुःख नष्ट हो जाते हैं ॥ ५४-७९ ॥

विमर्श - हनुमन्माला मन्त्र का स्वरूप इस प्रकार है - 'ॐ ऐं श्रीं ह्रां ह्रीं

हनूमन्मन्त्रान्तरकथनम्

द्वादशार्णान्तिमान् वर्णान् षट्त्यक्त्वैकं तथादिमम्।
पञ्चकूटात्मको मन्त्रो निखिलाऽभीष्टसाधकः ॥ ८० ॥

चतुर्विंशतिश्लोकैर्निष्पन्नो मालामन्त्रो यथा - ॐ ऐं श्रीं ह्रां ह्रीं ह्रूं ह्स्फ्रें ख्फ्रें ह्स्त्रौं ह्स्ख्फ्रें ह्सौं ॐ नमो हनुमते प्रकटपराक्रम आक्रान्त दिङ्मण्डलयशोवितान धवलीकृतजगत्त्रितय वज्रदेह ज्वलदग्नि सूर्यकोटि समप्रभतनूरुह रुद्रावतार लंकापुरीदहनोदधिलंघन दशग्रीवशिरःकृतान्तक सीताश्वासन वायुसुत अञ्जनागर्भसंभूत श्रीरामलक्ष्मणानन्दकर कपिसैन्यप्राकार सुग्रीवसख्यकारण बालिनिबर्हणकारण द्रोणपर्वतोत्पाटन अशोकवनविदारण अक्षकुमारकच्छेदन वनरक्षाकरसमूहविभञ्जन ब्रह्मास्त्रब्रह्मशक्तिग्रसन लक्ष्मण-शक्तिभेदनिवारण विशल्यौषधिसमानयन बालोदितभानुमण्डलग्रसन मेघनाद-होमविध्वंसन इन्द्रजिद्वधकारण सीतारक्षक राक्षसीसंघविदारण कुम्भकर्णादि-

---

हूं ह्स्फ्रें ख्फ्रें ह्स्त्रौं ह्स्ख्फ्रें ह्सौं ॐ नमो हनुमते प्रकटपराक्रम आक्रान्त दिङ्मण्डलयशोवितान धवलीकृतजगत्त्रितय वज्रदेह ज्वलदग्नि सूर्यकोटि समप्रभतनूरुह रुद्रावतार लंकापुरीदहनोदधिलंघन दशग्रीवशिरःकृतान्तक सीताश्वासन वायुसुत अञ्जनागर्भसंभूत श्रीरामलक्ष्मणानन्दकर कपिसैन्यप्राकार सुग्रीवसख्यकारण बालिनिबर्हण-कारण द्रोणपर्वतोत्पाटन अशोकवनविदारण अक्षकुमारकच्छेदन वनरक्षाकरसमूहविभञ्जन ब्रह्मास्त्रब्रह्मशक्तिग्रसन लक्ष्मणशक्तिभेदनिवारण विशल्यौषधिसमानयन बालोदितभानुमण्डल-ग्रसन मेघनादहोमविध्वंसन इन्द्रजिद्वधकारण सीतारक्षक राक्षसीसंघविदारण कुम्भकर्णादि-वधपरायण श्रीरामभक्तितत्पर समुद्रव्योमद्रुमलंघन महासामर्थ्य महातेजःपुञ्जविराजमान स्वामिवचनसंपादित अर्जुनसंयुगसहाय कुमारब्रह्मचारिन् गम्भीरशब्दोदय दक्षिणाशामार्तण्ड मेरुपर्वतपीठिकार्चन सकलमन्त्रागमाचार्य मम सर्वग्रहविनाशन सर्वज्वरोच्चाटन सर्वविषविनाशन सर्वापत्तिनिवारण सर्वदुष्टनिबर्हण सर्वव्याघ्रादिभयनिवारण सर्वशत्रुच्छेदन मम परस्य च त्रिभुवन पुंस्त्रीनपुंसकात्मकसर्वजीवजातं वशय वशय मम आज्ञाकारकं संपादय संपादय नानानामधेयान् सर्वान् राज्ञः सपरिवारान् मम सेवकान् कुरु कुरु सर्वशस्त्रास्त्रविषाणि विध्वंसय विध्वंसय ह्रां ह्रीं ह्रूं ह्रां ह्रां ह्रां एहि एहि ह्सौं ह्स्ख्फ्रें ह्स्त्रौं ख्फ्रें ह्स्फ्रें सर्वशत्रून् हन हन परदलानि परसैन्यानि क्षोभय क्षोभय मम सर्वकार्यजातं साधय साधय सर्वदुष्टदुर्जनमुखानि कीलय कीलय घे घे घे हा हा हा हुं हुं हुं फट् फट् फट् स्वाहा - मालामन्त्रोऽयमष्टाशीत्यधिक पञ्चशतवर्णः' ॥ ५४-७६ ॥

पूर्व में कहे गये द्वादशाक्षर मन्त्र (द्र० १३. १ - ३) के अन्तिम ६ वर्णों को (हनुमते नमः) तथा प्रारम्भ के एक वर्ण ह्रौ को छोड़कर जो पञ्च कूटात्मक मन्त्र बनता है वह साधक के सर्वाभीष्ट को पूर्ण कर देता है ॥ ८० ॥

मुनीरामोऽथ गायत्रीछन्दो देवः कपीश्वरः।
पञ्चबीजैः समस्तेन षडङ्गं मुनिभिः स्मृतम्॥ ८१॥
रामदूतो लक्ष्मणान्ते प्राणदाताऽञ्जनासुतः।
सीताशोकविनाशोऽथ लंकाप्रासादभञ्जनः॥ ८२॥
हनूमदाद्याः पञ्चैते बीजाद्या ङेसमन्विताः।
षडङ्गमन्त्राः संदिष्टा ध्यानपूजादिपूर्ववत्॥ ८३॥

वधपरायण श्रीरामभक्तितत्पर समुद्रव्योमद्रुमलंघन महासामर्थ्य महातेजःपुञ्ज-विराजमान स्वामिवचनसंपादित अर्जुनसंयुगसहाय कुमारब्रह्मचारिन् गम्भीरशब्दोदय दक्षिणाशामार्तण्ड मेरुपर्वतपीठिकार्चन सकलमन्त्रागमाचार्य मम सर्वग्रहविनाशन सर्वज्वरोच्चाटन सर्वविषविनाशन सर्वापत्तिनिवारण सर्वदुष्टनिबर्हण सर्वव्याघ्रादिभयनिवारण सर्वशत्रुच्छेदन मम परस्य च त्रिभुवन पुंस्त्रीनपुंसकात्मकसर्वजीवजातं वशय वशय मम आज्ञाकारकं संपादय संपादय नानानामधेयान् सर्वान् राज्ञः सपरिवारान् मम सेवकान् कुरु कुरु सर्वशस्त्रास्त्रविषाणि विध्वंसय विध्वंसय हां हीं हूं हां हां हां एहि एहि ह्सौं ह्स्ख्फ्रें ह्स्रौं ख्फ्रें ह्स्फ्रें सर्वशत्रून् हन हन परदलानि परसैन्यानि क्षोभय क्षोभय मम सर्वकार्यजातं साधय साधय सर्वदुष्टदुर्जनमुखानि कीलय कीलय घे घे घे हा हा हा हुं हुं हुं फट् फट् फट् स्वाहा - मालामन्त्रोऽयमष्टाशीत्यधिक पञ्चशतवर्णः (५८८)। मन्त्रान्तरमाह - **द्वादशेति**। द्वादशाक्षरस्यान्तिमान् षड्वर्णान् हनुमते नम इति। प्रथममेकं हौमिति त्यक्त्वा शेषः पञ्चार्णो मन्त्रः- ह्स्फ्रे ख्फ्रें ह्स्रौं ह्स्ख्फ्रें ह्सौमिति॥ ८०-८१॥ षडङ्गमाह - **रामदूत** इति। हनुमदाद्याश्चतुर्थ्यन्ताबीजपूर्वाः षडङ्गमन्त्राः। यथा - ह्स्फ्रें हनुमते हृत्। ख्फ्रें रामभक्ताय (दूताय) शिरः। ह्स्रौं लक्ष्मणप्राणदात्रेशिखेत्यादि० ॥ ८२॥ पूर्ववद्द्वादशवर्णवत्॥ ८३॥

विमर्श - पञ्चकूट का स्वरूप - ह्स्फ्रें ख्फ्रें ह्स्रौं ह्स्ख्फ्रें ह्सौं ॥ ८०॥

इस मन्त्र के राम ऋषि, गायत्री छन्द तथा कपीश्वर देवता हैं ॥ ८१॥

विमर्श - विनियोगः - अस्य श्रीहनुमत् पञ्चकूट मन्त्रस्य रामचन्द्रऋषिः गायत्रीच्छन्दः कपीश्वरो देवता आत्मनोऽभीष्टसिद्ध्यर्थे जपे विनियोगः ॥ ८१॥

पञ्चकूटात्मक बीज तथा समस्त मन्त्रों को क्रमशः - हनुमते रामदूताय लक्ष्मण प्राणदात्रे अञ्जनासुताय सीताशोकविनाशाय, लंकाप्रासादभञ्जनाय रूप चतुर्थ्यन्त शब्दों को प्रारम्भ में लगाने से इस मन्त्र का षडङ्गन्यास मन्त्र बन जाता है। इस मन्त्र का ध्यान (द्र० १३. ८) तथा पूजापद्धति (द्र० १३. १०-१३) पूर्ववत् है ॥ ८१-८३॥

विमर्श - षडङ्गन्यास - ह्स्फ्रें हनुमते हृदयाय नमः,
ख्फ्रें रामदूताय शिरसे स्वाहा, ह्स्रौं लक्ष्मणप्राणदात्रे शिखायै वषट्,

षडङ्गन्यासादिकथनम्

तारो वाक्कमलामाया दीर्घत्रयसमन्विताः ।
पञ्चकूटानि मन्त्रोऽयं[1] रुद्रार्णोऽभीष्टसिद्धिदः ॥ ८४ ॥
अर्चनात्पूर्ववच्चास्य परो मन्त्रोऽभिधीयते ।
हृदयं भगवान्ङेन्तं आञ्जनेयमहाबलौ ॥ ८५ ॥
तद्वद्वह्निप्रियान्तोऽयं मनुरष्टादशाक्षरः ।
मुनिरीश्वर एवास्यानुष्टुप्छन्दः समीरितम् ॥ ८६ ॥
हनूमान्देवता बीजं हुं शक्तिर्वह्निवल्लभा ।
आञ्जनेयो रुद्रमूर्तिर्वायुपुत्रस्तथैव च ॥ ८७ ॥

मन्त्रान्तरमाह – **तार** इति । तार ॐ । वाक् ऐं । कमला श्रीं । मायादीर्घत्रयाद्या ह्रां ह्रीं ह्रूं । पञ्चकूटानि च इदानीमुक्तानि । रुद्रार्ण एकादशाक्षरः ॥ ८४ ॥ मन्त्रान्तरमाह – **हृदयमिति** । तद्वत् । ङेन्तो नमो भगवत आञ्जनेयाय महाबलाय स्वाहेति । षडङ्गमाह – **आञ्जनेय** इति । आञ्जनेयाय हृत् । रुद्रमूर्तये शिर इत्यादि० ॥ ८५ ॥ * ॥ ८६–८८ ॥

ह्स्ख्फ्रें अञ्जनासुताय कवचाय हुम्, ह्सौं सीताशोक विनाशाय नेत्रत्रयाय वौषट्, ह्स्फ्रें ख्फ्रें ह्स्त्रौं ह्स्ख्फ्रें ह्सौं लंकाप्रासादभञ्जनाय अस्त्राय फट् ॥ ८१-८३ ॥

तार (ॐ), वाक् (ऐं), कमला (श्रीं), माया दीर्घत्रयाद्या (ह्रां ह्रीं ह्रूँ), तथा पञ्चकूट (ह्स्फ्रें ख्फ्रें ह्स्त्रौं ह्स्ख्फ्रें ह्सौं) लगाने से ११ अक्षरों का अभीष्ट सिद्धिदायक मन्त्र बनता है । इस मन्त्र का ध्यान तथा पूजा पद्धति (१३. ८, १३. १०-१३) पूर्ववत् हैं ॥ ८४-८५ ॥

विमर्श - मन्त्र का स्वरूप इस प्रकार है - ॐ ऐं श्रीं ह्रां ह्रीं ह्रूं ह्स्फ्रें ख्फ्रें ह्स्त्रौं ह्स्ख्फ्रें ह्सौं (११) ॥ ८४-८५ ॥

अब इस मन्त्र के अतिरिक्त **अन्य मन्त्र** कहते हैं - नमः, फिर भगवान् आञ्जनेय तथा महाबल का चतुर्थ्यन्त (भगवते, आञ्जनेयाय महाबलाय), इसके अन्त में वह्निप्रिया (स्वाहा) लगाने से अष्टादशाक्षर अन्य मन्त्र बन जाता है ॥ ८५-८६ ॥

अष्टादशाक्षर मन्त्र का स्वरूप इस प्रकार है - नमो भगवते आञ्जनेयाय महाबलाय स्वाहा ॥ ८५-८६ ॥

विनियोग एवं न्यास - उपर्युक्त अष्टादशाक्षर मन्त्र के ईश्वर ऋषि हैं, अनुष्टुप् छन्द है, और हनुमान् देवता हैं, हुं बीज है तथा अग्निप्रिया (स्वाहा) शक्ति हैं ॥ ८६-८७ ॥

---

१. ॐ ऐं श्रीं ह्रां ह्रीं ह्रूं हस्फ्रें ख्फ्रें हस्त्रौं हस्ख्फ्रें हसौं ।

अग्निगर्भो रामदूतो ब्रह्मास्त्रविनिवारणः ।
एतैर्ङेन्तैः षडङ्गानि कृत्वा ध्यायेत्कपीश्वरम् ॥ ८८ ॥

ध्यानकथनम्

दहनतप्तसुवर्णसमप्रभं
भयहरं हृदये विहिताञ्जलिम् ।
श्रवणकुण्डलशोभिमुखाम्बुजं
नमतवानरराजमिहाद्‌भुतम् ॥ ८६ ॥
अयुतं प्रजपेन्मन्त्रं दशांशं जुहुयात्तिलैः ।
वैष्णवे पूजयेत् पीठे पूर्ववत्कपिनायकम् ॥ ६० ॥

हनूमन्मन्त्रान्तर-तद्विधिविविधप्रयोगवर्णनम्

जितेन्द्रियो नक्तभोजी प्रत्यहं साष्टकं शतम् ।
जपित्वा क्षुद्ररोगेभ्यो मुच्यते दिवसत्रयात् ॥ ६१ ॥

ध्यानमाह – **दहनेति** ॥ ८६–६० ॥ प्रयोगानाह – **जितेन्द्रिय** इति ॥ ६१ ॥ * ॥ ६२–६७ ॥

आञ्जनेय, रुद्रमूर्ति, वायुपुत्र, अग्निगर्भ, रामदूत तथा ब्रह्मास्त्रविनिवारण इनमें चतुर्थ्यन्त लगाकर षडङ्गन्यास कर कपीश्वर का इस प्रकार ध्यान करना चाहिए ॥ ८७-८८ ॥

विमर्श - विनियोग - अस्य श्रीहनुमन्मन्त्रस्य ईश्वरऋषिरनुष्टुप् छन्दः हनुमान् देवता हुं बीजं स्वाहा शक्तिरात्मनोऽभीष्टसिद्ध्यर्थं जपे विनियोगः ।

षडङ्गन्यास विधि - ॐ आञ्जनेयाय हृदयाय नमः,
रुद्रमूर्तये शिरसे स्वाहा, वायुपुत्राय शिखायै वषट्, अग्निगर्भाय कवचाय हुम्, रामदूताय नेत्रत्रयाय वौषट्, ब्रह्मास्त्रविनिवारणाय अस्त्राय फट्॥ ८७-८८ ॥

अब **उक्त मन्त्र का ध्यान** कहते हैं - मैं तपाये गये सुवर्ण के समान, जगमगाते हुये, भय को दूर करने वाले, हृदय पर अञ्जलि बाँधे हुये, कानों में लटकते कुण्डलों से शोभायमान मुख कमल वाले, अद्‌भुत स्वरूप वाले वानरराज को प्रणाम करता हूँ ॥ ८६ ॥

पुरश्चरण - इस मन्त्र का १० हजार जप करना चाहिए । तदनन्तर तिलों से उसका दशांश होम करना चाहिए । वैष्णव पीठ पर कपीश्वर का पूजन करना चाहिए । पीठ पूजा तथा आवरण पूजा (१३. १०-१३) श्लोक में द्रष्टव्य है ॥ ६० ॥

अब **काम्य प्रयोग** कहते हैं - साधक इस मन्त्र के अनुष्ठान करते समय इन्द्रियों को वश में रखे । केवल रात्रि में भोजन करे । जो साधक व्यवधान

भूतप्रेतपिशाचादिनाशायैवं समाचरेत् ।
महारोगनिवृत्त्यै तु सहस्रं प्रत्यहं जपेत् ॥ ६२ ॥
यतोशनोऽयुतं नित्यं जपन्ध्यायन्कपीश्वरम् ।
राक्षसौघं विनिघ्नन्तमचिराज्जयति द्विषम् ॥ ६३ ॥
सुग्रीवेण समं रामं संदधानं स्मरन्कपिम् ।
प्रजप्यायुतमेतस्य सन्धिं कुर्य्याद्विरुद्धयोः ॥ ६४ ॥
लंकां दहन्तं तं ध्यायन्नयुतं प्रजपेन्मनुम् ।
शत्रूणां प्रदहेद् ग्रामानचिरादेव साधकः ॥ ६५ ॥
प्रयाणसमये ध्यायन्हनूमन्तं मनुं जपन् ।
योयातिसोऽचिरात् स्वेष्टं साधयित्वागृहं व्रजेत् ॥ ६६ ॥
यः कपीशं सदा गेहे पूजयेज्जपतत्परः ।
आयुर्लक्ष्म्यौ प्रवर्द्धेते तस्य नश्यन्त्युपद्रवाः ॥ ६७ ॥

रहित म.त्र तीन दिन तक उस १०८ की संख्या में इस मन्त्र का जप करता है वह तीन दिन मे ही क्षुद्र रोगों से छुटकारा पा जाता है । भूत, प्रेत एवं पिशाच आदि को दूर करने के लिए भी उक्त मन्त्र का प्रयोग करना चाहिए । किन्तु असाध्य एवं दीर्घकालीन रोगों से मुक्ति पाने के लिए प्रतिदिन एक हजार की संख्या में जप आवश्यक है ॥ ६१-६२ ॥

नियमित एक समय हविष्यान्न भोजन करते हुये जो साधक राक्षस समूह को नष्ट करते हुये कपीश्वर का ध्यान कर प्रतिदिन १० हजार की संख्या में जप करता है वह शीघ्र ही शत्रु पर विजय प्राप्त कर लेता है ॥ ६३ ॥

सुग्रीव के साथ राम की मित्रता कराते हुये कपीश्वर का ध्यान करते हुये इस मन्त्र का १० हजार की संख्या में जप करने से शत्रुओं के साथ सन्धि करायी जा सकती है ॥ ६४ ॥

लंकादहन करते हुये कपीश्वर का ध्यान करते हुये जो साधक इस मन्त्र का दश हजार जप करता है, उसके शत्रुओं के घर अनायास जल जाते हैं ॥ ६५ ॥

जो साधक यात्रा के समय हनुमान् जी का ध्यान कर इस मन्त्र का जप करता हुआ यात्रा करता है वह अपना अभीष्ट कार्य पूर्ण कर शीघ्र ही घर लौट आता है ॥ ६६ ॥

जो व्यक्ति अपने घर में सदैव हनुमान् जी की पूजा करता है और इस मन्त्र का जप करता है उसकी आयु और संपत्ति नित्य बढ़ती रहती है तथा समस्त उपद्रव अपने आप नष्ट हो जाते है ॥ ६७ ॥

इस मन्त्र के जप से साधक की व्याघ्रादि हिंसक जन्तुओं से तथा तस्करादि उपद्रवी तत्वों से रक्षा होती है । इतना ही नहीं सोते समय इस मन्त्र के जप

शार्दूलतस्करादिभ्यो रक्षेन्मनुरयं स्मृतः।
प्रस्वापकाले चौरेभ्यो दुष्टस्वप्नादपि ध्रुवम् ॥ ९८ ॥

उदररोगनाशकमन्त्रकथनम्

पवनद्वितयं सद्यो जातयुक्तं हनूपदम्।
महाकालः शशांकाढ्यः कामिकाफलफः क्रिया ॥ ९९ ॥
सनेत्राणान्तमीनो गसात्वतोगित आयुरा।
षलोहितं रुडाहेति वेदनेत्राक्षरो मनुः ॥ १०० ॥

प्लीहारोगनाशकप्रयोगकथनम्

प्लीहारोगहरश्चास्य मुन्याद्यं पूर्ववन्मतम्।
प्लीहयुक्तोदरे स्थाप्यं नागवल्लीदलं शुभम् ॥ १०१ ॥
तदुपर्यष्टगुणितं वस्त्रमाच्छादयेत्ततः।
वंशजं शकलं तस्योपरि मुञ्चेत्कपिं स्मरन् ॥ १०२ ॥

ध्रुवं ओंकारः ॥ ९८ ॥ उदररोगनाशकमन्त्रमाह – **पवनेति** । सद्योजात ओंकारस्तद्युतपवनद्वयं यो यो । हनुस्वरूपं । शशांकाढ्यो महाकालः सबिन्दुर्मः मं । कामिका नः । फलफस्वरूपान्ते सनेत्रा क्रिया इयुतो लः लि । णान्तस्तः । मीनो धः । ग स्वरूपं । सात्वतो धः । गितायुराषस्वरूपं । लोहितं पः । रुडाहस्वरूपं वेदनेत्राक्षरः चतुर्विंशत्यर्णः । यथा – ॐ यो यो हनुमन्तं फलफलित धगधगितायुराषपरुडाहेति ॥ ९९–१०० ॥ प्लीहरोगः उदररोगः । तन्नाशकप्रयोगमाह – **प्लीहेति** ॥ १०१–१०२ ॥

से चोरों से रक्षा तो होती रहती ही है दुःस्वप्न भी दिखाई नहीं देते ॥ ९८ ॥

अब **प्लीहादिउदररोगनाशक मन्त्र का उद्धार** कहते हैं - ध्रुव (ॐ), फिर सद्योजात (ओ) सहित पवनद्वय (य) अर्थात् 'यो यो', फिर 'हनू' पद, फिर 'शशांक' (अनुस्वार) सहित महाकाल (मं), कामिका (त) तथा 'फलफ' पद, फिर सनेत्रा क्रिया (लि), णान्त (त), मीन (ध) एवं 'ग' वर्ण, फिर 'सात्वत' (ध) तथा 'गित आयु राष', फिर लोहित (प) तथा रुडाह लगाने से २४ अक्षरों का मन्त्र बनता है ॥ ९९-१०० ॥

विमर्श - मन्त्र का स्वरूप इस प्रकार है - 'ॐ यो यो हनूमन्तं फलफलित धग धगितायुराषपरुडाह' (२४) ॥ ९९-१०० ॥

प्रयोग विधि - इस मन्त्र के ऋषि आदि पूर्वोक्त मन्त्र के समान है । प्लीहा वाले रोगी के पेट पर पान रखे । उसको उसका आठ गुना कपड़ा फैलाकर आच्छादित करे, फिर उसके ऊपर हनुमान् जी का ध्यान करते हुये

आरण्यप्रस्तरोत्पन्ने वह्नौ यष्टिं प्रतापयेत्।
बदरीतरुसम्भूतां मन्त्रेणानेन सप्तशः॥ १०३ ॥
तया संताडयेद्वंशं शकलं जठरस्थितम्।
सप्तकृत्वः प्लीहरोगो नश्यत्येव नृणां क्षणात्॥ १०४ ॥

शत्रुविजयकरप्रयोगकथनम्

पुच्छाकारे सुवसने लेखिन्या कोकिलोत्थया।
अष्टगन्धैर्लिखेद्रूपं कपिराजस्य सुन्दरम्॥ १०५ ॥
तन्मध्येष्टादशार्णं तु शत्रुनामयुतं लिखेत्।
तेन मन्त्राभिजप्तेन शिरो बद्धेन भूमिपः॥ १०६ ॥
जयत्यरिगणं सर्वं दर्शनादेव निश्चितम्।
युद्धे जिगीषुर्नृपतिः पूर्वोक्तं लेखयेद् ध्वजे॥ १०७ ॥

आरण्यप्रस्तरोत्पन्ने वनपाषाणान्निष्कासितेऽग्नौ बदर्युत्थायष्टिं सप्तधा मूलमन्त्रेण तापयेत् ॥ १०३ ॥ तयोदरस्थिते वंशखण्डे ताडिते रोगो नश्यति ॥ १०४ ॥ प्रयोगान्तरमाह – **पुच्छेति** । पुच्छाकारे वस्त्रे कोकिलापिच्छ–लेखिन्याष्टगन्धैर्हनुमज्जपं कृत्वा तदुदरेऽष्टादशार्णं विलिख्याधिमन्त्रितेन शिरो

बाँस का टुकड़ा रखे, फिर जंगल के पत्थर पर उत्पन्न बेर की लकड़ियों से जलायी गई अग्नि में मूलमन्त्र का जप करते हुये ७ बार यष्टि को तपाना चाहिए । उसी यष्टि से पेट पर रखे बाँस के टुकड़े को सात बार संताडित करना चाहिए । ऐसा करने से प्लीहा रोग शीघ्र दूर हो जाता है ॥ १०१-१०४ ॥

हनुमतः स्वरूपम्

अब **विजयप्रद प्रयोग** कहते हैं - पूँछ जैसी आकृति वाले वस्त्र पर कोयल के पंखे से अष्टगन्ध द्वारा हनुमान् जी की मनोहर मूर्ति निर्माण करना चाहिए । उसके मध्य में शत्रु के नाम से युक्त अष्टादशाक्षर मन्त्र लिखना चाहिए । फिर उस वस्त्र को इसी मन्त्र से अभिमन्त्रित कर राजा शिर पर उसे

ध्वजमादायोपरागे संस्पर्शान्मोक्षणावधि।
मातृकां जापयेत्पश्चाद्दशांशेन च हावयेत्॥ १०८॥
सर्षपैस्तिलसंमिश्रैः संस्पर्शान्मोक्षणावधि।
गजस्थं तं ध्वजं दृष्ट्वा पलायन्तेऽरयो चिरात्॥ १०६॥

हनूमद्यन्त्रकथनम्

अथो हनुमतो यन्त्रं वक्ष्ये रक्षाविधायकम्।
लिखेदष्टदलं पद्मं साध्याख्यायुतकर्णिकम्॥ ११०॥
दलेष्वष्टार्णमालिख्य मालामन्त्रेण वेष्टयेत्।
तद् बहिर्मायया वेष्ट्य प्राणास्थापनमाचरेत्॥ १११॥
लिखितं स्वर्णलेखिन्या दले भूर्जतरोः शुभे।
रोचनाकुंकुमाभ्यां तु वेष्टितं कनकादिभिः॥ ११२॥

बद्धेन तेन अरीं जयति ॥ १०५ ॥ * ॥ १०६–१०६ ॥ यन्त्रमाह – **लिखेदिति** ॥ ११० ॥ अष्टार्णमालामन्त्रौ वक्ष्यमाणौ ॥ १११–११२ ॥

बाँधकर युद्धभूमि में जावे, तो वह अपने शत्रुओं को देखते देखते निश्चित ही जीत लेता है (अष्टादशाक्षर मन्त्र द्र० १३. १८) ॥ १०५-१०७ ॥

अब विजयप्रदध्वज कहते हैं - युद्ध में अपने शत्रुओं पर विजय चाहने वाला राजा शत्रु के नाम एवं अष्टादशाक्षर मन्त्र के साथ पूर्ववत् हनुमान् जी का चित्र ध्वज पर लिखे । उस ध्वज को लेकर ग्रहण के समय स्पर्शकाल से मोक्षकाल पर्यन्त मातृकाओं का जप करे, तथा तिलमिश्रित सरसों से स्पर्शकाल से मोक्षकालपर्यन्त दशांश होम करे, फिर उस ध्वज को हाथी के ऊपर लगा देवे तो हाथी के ऊपर लगे उस ध्वज को देखते ही शत्रुदल शीघ्र भाग जाता है ॥ १०७-१०६ ॥

अब **रक्षक यन्त्र** कहते हैं - अष्टदल कमल बनाकर उसकी कर्णिका में साध्य नाम (जिसकी रक्षा की इच्छा हो) लिखना चाहिए । तदनन्तर दलों में अष्टाक्षर मन्त्र लिखना चाहिए । तदनन्तर वक्ष्यमाण माला मन्त्र से उसे परिवेष्टित करना चाहिए । उसको भी महाबीज (ह्रीं) से परिवेष्टित कर उसमें प्राण प्रतिष्ठा करनी चाहिए ॥ ११०-१११ ॥

शुभ कमलदल को भोजपत्र पर सुर्वण की लेखनी से गोरोचन और कुंकुम मिलाकर उक्त यन्त्र लिखना चाहिए । संपात साधित होम द्वारा सिद्ध इस यन्त्र को स्वर्ण आदि से परिवेष्टित (सोने या चाँदी का बना हुआ गुटका में डालकर) भुजा या मस्तक पर उसे धारण करना चाहिए ॥ ११२-११३ ॥

सम्पातसाधितं यन्त्रं भुजे वा मूर्ध्नि धारयेत्।
रणे जयमवाप्नोति व्यवहारे दुरोदरे ॥ ११३ ॥
ग्रहैर्विघ्नैर्विषैः शस्त्रैश्चौरैर्नैवाभिभूयते।
रोगान्सर्वानपाकृत्य चिरञ्जीवति भाग्यवान् ॥ ११४ ॥

हनूमदष्टाक्षरमन्त्रः

वियदग्नियुतं दीर्घषट्काद्यं तारसम्पुटम्।
अष्टार्णो मन्त्र आख्यातो मालामन्त्रोऽयं कथ्यते ॥ ११५ ॥

दुरोदरे द्यूते ॥ ११३–११४॥ अष्टार्णमाह – **वियदिति** । वियत् हः । अग्नी रः । यथा – ॐ ह्रां ह्रीं ह्रूँ ह्रैं ह्रौं हः ॐ इत्यष्टार्णः ॥ ११४ ॥

इसके धारण करने से मनुष्य युद्ध व्यवहार एवं जूए में सदैव विजयी रहता है ग्रह, विघ्न, विष, शस्त्र, तथा चौरादि उसका कुछ बिगाड़ नहीं सकते । वह भाग्यशाली तथा नीरोग रहकर दीर्घकालपर्यन्त जीवित रहता है ॥ ११३-११४ ॥

हनुमतो रक्षाविधायकयन्त्रं

हनूमन्मालामन्त्रः

वज्रकायवज्रतुण्डकपिलेत्यथ पिङ्गला ।
ऊर्ध्वकेशमहावर्णबलरक्तमुखेति च ॥ ११६ ॥
तडिज्जिह्वमहारौद्रदंष्ट्रोत्कटकहद्वयम् ।
करालिने महादृढप्रहारिन्निति वर्णकाः ॥ ११७ ॥
लंकेश्वरवधायान्ते महासेतुपदं ततः ।
बन्धान्ते च महाशैलप्रवाहगगने चर ॥ ११८ ॥
एह्येहि भगवन्नन्ते महाबलपराक्रम ।
भैरवाज्ञापयैह्येहि महारौद्रपदं पुनः ॥ ११९ ॥
दीर्घपुच्छेन वर्णान्ते वेष्ट्यान्ते तु वैरिणम् ।
भञ्जयद्वितयं हुं फट् प्रणवादिसमीरितः ॥ १२० ॥

मालामन्त्रमाह – **वज्रेति** यथा – ॐ वज्रकाय वज्रतुण्ड कपिल पिङ्गल ऊर्ध्वकेशमहावर्णबलरक्तमुखतडिज्जिह्वमहारौद्रद्रंष्टोत्कटकहहकरालिने महादृढ प्रहारिन् लंकेश्वर वधाय महासेतुबन्ध महाशैलप्रवाहगगनेचर ऐह्येहि भगवन्महाबलपराक्रम भैरवाज्ञापय एह्येहि महारौद्र दीर्घपुच्छेन वेष्ट्य वैरिणं भञ्जय भञ्जय हुं फट् ॥ ११६–१२० ॥

अब अष्टाक्षर **मन्त्र का उद्धार** कहते हैं - अग्नि (र्) सहित वियत् (ह्), इनमें दीर्घ षट्क (आं ईं ऊं ऐं औं अः) लगाकर उसे तार से संपुटित कर देने पर अष्टाक्षर मन्त्र निष्पन्न हो जाता है ॥ ११५ ॥

विमर्श - मन्त्र का स्वरूप - 'ॐ ह्रां ह्रीं ह्रूं ह्रैं ह्रौं ह्रः ॐ' ॥ ११५ ॥

अब **मालामन्त्र का उद्धार** कहते हैं - वज्रकाय वज्रतुण्ड कपिल, फिर पिङ्गल ऊर्ध्वकेश महावर्णबल रक्तमुख तडिज्जिस्व महारौद्रदंष्ट्रोत्कटक, फिर दो बार ह (ह ह), फिर 'करालिने महादृढप्रहारिन्' ये पद, फिर 'लंकेश्वरवधाय' के बाद 'महासेतु' एवं 'बन्ध', फिर 'महाशैल प्रवाह गगने चर एह्येहि भगवान्' के बाद 'महाबलपराक्रम भैरवाज्ञापय एह्येहि महारौद्रदीर्घपुच्छेन वेष्ट्य वैरिणं भञ्जय भञ्जय हुं फट्', इसके प्रारम्भ में प्रणव लगाने से १२५ अक्षरों का सर्वार्थदायक माला मन्त्र निष्पन्न होता है ॥ ११६-१२१ ॥

विमर्श - इस मन्त्र का स्वरूप इस प्रकार है - ॐ वज्रकाय बज्रतुण्डकपिल पिङ्गल ऊर्ध्वकेश् महावर्णबल रक्तमुख तडिज्जिह्व महारौद्र दंष्ट्रोत्कटक ह ह करालिने महादृढ़ प्रहारिन् लंकेश्वरवधाय महासेतुबन्ध महाशैलप्रवाह गगनेचर एह्येहिं भगवन् महाबल पराक्रम भैरवाज्ञापय

बाणनेत्रेन्दुवर्णोऽयं मालामन्त्रोऽखिलेष्टदः।
युद्धे जप्तो जयं दद्याद् व्याधौ व्याधिविनाशनः ॥ १२१ ॥

अष्टार्णमालामन्त्रयोः स्वतन्त्रत्वकथनम्

अष्टार्णमालामन्त्वोस्तु मुन्याद्यर्च्चा तु पूर्ववत्।
भूरिणा किमिहोक्तेन सर्वं दद्यात्कपीश्वरः ॥ १२२ ॥

॥ इति श्रीमन्महीधरविरचिते मन्त्रमहोदधौ हनुमन्मन्त्रकथनं नाम त्रयोदशस्तरङ्गः॥ १३ ॥

बाणनेत्रेन्दुवर्णः पञ्चविंशत्युत्तरशतार्णः ॥ १२१ ॥ अष्टार्णमाला मन्त्रौ स्वतन्त्राविति सूचयन्नाह अष्टार्णेति ॥ १२२ ॥

॥ इति श्रीमन्महीधरविरचितायां मन्त्रमहोदधिव्याख्यायां नौकायां हनुमन्मन्त्रकथनं नाम त्रयोदशस्तरङ्गः ॥ १३ ॥

एह्येहि महारौद्र दीर्घपुच्छेन वेष्ट्य वैरिणं भञ्जय भञ्जय हुं फट् । रक्षायन्त्र के लिए विधि स्पष्ट है ॥ ८१६-१२१ ॥

युद्ध काल में मालामन्त्र का जप विजय प्रदान करता है तथा रोग में जप करने से रागों को दूर करता है ॥ १२१ ॥

अष्टाक्षर एवं मालामन्त्र के ऋषि छन्द तथा देवता पूर्ववत् हैं पूजा तथा प्रयोग की विधि पूर्ववत् है । इनके विषय में बहुत कहने की आवश्यकता नहीं है । कपीश्वर हनुमान् जी सब कुछ अपने भक्तों को देते हैं ॥ १२२ ॥

॥ इस प्रकार श्रीमन्महीधर विरचित मन्त्रमहोदधि के त्रयोदश तरङ्ग की महाकवि पं० रामकुबेर मालवीय के द्वितीय आत्मज डॉ० सुधाकर मालवीय कृत 'अरित्र' नामक हिन्दी व्याख्या पूर्ण हुई ॥ १३ ॥

अथ चतुर्दशः तरङ्गः

अथ वक्ष्ये महाविष्णोर्मन्त्रान् सर्वार्थसाधकान् ।
ब्रह्माद्या यानुपास्याथ ससृजुर्विविधाः प्रजाः ॥ १ ॥

विष्णुमन्त्रकथनम्

मेरुः कृशानुसंयुक्तोऽनुग्रहेन्दुसमन्वितः ।

नरसिंहैकाक्षरमन्त्रकथनम्

एकाक्षरो नरहरेर्मन्त्रः कल्पद्रुमो नृणाम् ॥ २ ॥
त्र्यक्षरः सम्पुटः प्रोक्तो मायया प्रणवेन च ।
ऋषिरत्रिश्च गायत्रीछन्दो देवो नृकेसरी ॥ ३ ॥

---

* नौका *

विष्णुमन्त्रान् वक्तुं प्रतिजानीते – **अथेति** ॥ १ ॥ मन्त्रानाह – **मेरुरिति**। मेरुः क्षः । कृशानू रः । अनुग्रह औ । इन्दुर्बिन्दुः । तेन क्ष्रौं ॥ २ ॥ माया ह्रीं। तत्संपुटः प्रणवसंपुटश्चेति द्वौ त्र्यर्णौ ॥ ३–४ ॥

---

* अरित्र *

अब सर्वार्थसाधक महाविष्णु के मन्त्रों को कहता हूँ । जिनकी उपासना कर ब्रह्मादि देवताओं ने विविध प्रजाओं की सृष्टि की ॥ १ ॥

सर्वप्रथम **नृसिंह मन्त्र का उद्धार** कहते हैं - मेरु (क्ष) एवं कृशानु (र्) इन दोनों को अनुग्रह (औ) तथा इन्दु (अनुस्वार) से समन्वित करने पर नृसिंह का एकाक्षर (क्ष्रौं) मन्त्र निष्पन्न होता हैं जो साधकों को कल्पपृक्ष के समान फलदायी है । वही माया बीज (ह्रीं) अथवा प्रणव से संपुटित करने पर तीन तीन अक्षर के मन्त्र बन जाते हैं ॥ २-३ ॥

विमर्श - एकाक्षर मन्त्र - क्ष्रौं । **प्रथम तीन अक्षर का मन्त्र** - ह्रीं क्ष्रौं ह्रीं । **द्वितीय तीन अक्षर का मन्त्र** - ॐ क्ष्रौं ॐ ॥ २ ॥

---

१. ह्रीं क्ष्रौं ह्रीं इति त्र्यक्षरः । २. ॐ क्ष्रौं ॐ इति त्र्यक्षरः ।

षड्दीर्घयुक्तबीजेन षडङ्गानि समाचरेत् ।

त्र्यर्णमन्त्रद्वयकथनं तदृषिच्छन्दआदिकथनञ्च

त्र्यर्णे मायापुटेनैव तारसम्पुटितेन वा ॥ ४ ॥

तपनसोमहुताशनलोचनं
घनविरामहिमांशुसमप्रभम् ।
अभयचक्रपिनाकवरान्करै –
र्दधतमिन्दुधरं नृहरिं भजे ॥ ५ ॥

ध्यानमाह – तपनेति । सूर्येन्द्वग्निनेत्रं । घनविरामः शरत्त्रपो हिमांशुश्चन्द्रस्तत्तुल्यकान्तिः घनसमानलमिति पाठे नीलकण्ठं । शशि सप्रभमिति पाठान्तरे शशिना समाना प्रभा यस्य तम् । ऊर्ध्वयोर्दक्षवामयोश्चक्रपिनाकौ । अधस्थयोर्वराभये । इन्दुधरं शशिशेखरम् ॥ ५ ॥

अब **विनियोग तथा न्यास** कहते हैं - उक्त तीनों मन्त्रों के अत्रि ऋषि हैं । गायत्री छन्द है तथा नृसिंह देवता है । एकाक्षर मन्त्र में षड् दीर्घ सहित बीज से षडङ्गन्यास करना चाहिए । तीन अक्षर वाले नृसिंह मन्त्र में माया बीज या प्रणव से संपुटित षड् दीर्घ सहित एकाक्षर नृसिंह बीज मन्त्र से षडङ्गन्यास करना चाहिए ॥ ३-४ ॥

विमर्श - विनियोग - अस्य श्रीनृसिंहमन्त्रस्य अत्रिर्ऋषि गायत्रीछन्दः श्रीनृसिंहो देवता आत्मनोऽभीष्टसिद्ध्यर्थे जपे विनियोगः ।

एकाक्षर मन्त्र के प्रयोग में षडङ्गन्यास -

क्ष्राँ हृदयाय नमः, क्ष्रीं शिरसे स्वाहा, क्ष्रूँ शिखायै वषट्,
क्ष्रैं कवचाय हुम्, क्ष्रौं नेत्रत्रयाय वौषट्, क्ष्रः अस्त्राय फट् ।

प्रथम त्र्यक्षर मन्त्र के प्रयोग में षडङ्गन्यास -

ह्रीं क्ष्रां ह्रीं हृदयाय नमः, ह्रीं क्ष्रीं ह्रीं शिरसे स्वाहा,
ह्रीं क्ष्रूं ह्रीं शिखायै वषट्, ह्रीं क्ष्रैं ह्रीं कवचाय हुम्,
ह्रीं क्ष्रौं ह्रीं नेत्रत्रयाय वौषट्, ह्रीं क्ष्रः ह्रीं अस्त्राय फट्

द्वितीय त्र्यक्षर मन्त्र के प्रयोग में षडङ्गन्यास -

ॐ क्ष्रां ॐ हृदयाय नमः, ॐ क्ष्रीं ॐ शिरसे स्वाहा,
ॐ क्ष्रूं ॐ शिखायै वषट्, ॐ क्ष्रैं ॐ कवचाय हुम्,
ॐ क्ष्रौं ॐ नेत्रत्रयाय वौषट्, ॐ क्ष्रः ॐ अस्त्राय फट् ॥ ३-४ ॥

अब श्री **नृसिंह मन्त्र का ध्यान** कहते हैं - तपन (सूर्य) सोम (चन्द्रमा) और अग्निरूपी नेत्रों वाले, शरत्कालीन चन्द्रमा के समान कान्तिमान् अपनी चार भुजाओं में क्रमशः अभय, चक्र, धनुष एवं वर मुद्रा धारण करने वाले तथा मस्तक

लक्षमेकं जपेन्मन्त्रं दशांशं घृतपायसैः ।
जुहुयात्पूजयेत्पीठे विमलादिसमन्विते ॥ ६ ॥
केसरेष्वङ्गपूजास्याद्दिग्दलेषु खगेश्वरम् ।
शंकरं शेषनागं च शतानन्दं प्रपूजयेत् ॥ ७ ॥
श्रियं ह्रियं धृतिं पुष्टिं कोणपत्रेषु साधकः ।
द्वात्रिंशत्पत्रमध्येषु नृसिहांस्तावतोऽर्चयेत् ॥ ८ ॥

विमलादय उक्ताः ॥ ६ ॥ शतानन्दं ब्रह्माणम् ॥ ७ ॥ तावतो द्वात्रिंशत्

पर चन्द्रकला से विराजमान श्री नृसिंह का मैं भजन करता हूँ ॥ ५ ॥

उक्त मन्त्र का एक लाख जप करना चाहिए । तदनन्तर घृत एवं खीर से उसका दशांश होम करना चाहिए तथा विमला आदि शक्तियों से युक्त पीठ पर इनका पूजन करना चाहिए ॥ ६ ॥

विमर्श - पीठ पूजा का प्रकार - प्रथम वृत्ताकार कर्णिका, उसके बाद अष्टदल, फिर बत्तीस दल तथा भूपुर युक्त बने मन्त्र पर भगवान् नृसिंह का पूजन करना चाहिए । सामान्य विधि के अनुसार १४, ५ श्लोक में वर्णित श्री नृसिंह के स्वरूप का ध्यान कर, मानसोपचार से विधिवत् पूजन कर, अर्घ्य के लिए शंख स्थापित करे । फिर १३. १० की भाषा टीका में वर्णित 'पीठ मध्ये' से ले कर 'पूर्वादि दिक्षु' पर्यन्त 'ॐ विमलायै नमः' से ले कर 'पीठ मध्ये अनुग्रहायै नमः' पर्यन्त पीठ शक्तियों का पूजन करे ।

नृसिंहपूजनयन्त्रम्

इस प्रकार पूजित पीठ पर आसन देकर, ध्यान, आवाहन आदि उपचारों से श्रीनृसिंह की पूजा कर, पञ्चपुष्पाञ्जलि समर्पित कर, आवरण पूजा की आज्ञा लेकर, आवरण पूजा प्रारम्भ करनी चाहिए ॥ ६ ॥

अब नृसिंह के **आवरण पूजा की विधि** कहते हैं - केशरों में षडङ्गन्यास, तदनन्तर चारों दिशाओं के पत्रों में खगेश्वर (गरुड़), शंकर, शेषनाग एवं शतानन्द (ब्रह्मा), का पूजन करना चाहिए ॥ ७ ॥

फिर चारों कोनों के पत्रों में श्री, ह्रीं, घृति एवं पुष्टि का पूजन करना चाहिए । इसके बाद ३२ दलों में ३२ नामों से श्रीनृसिंह भगवान् की पूजा करनी चाहिए ॥ ८ ॥

कृष्णो रुद्रो महाघोरो भीमो भीषण उज्ज्वलः।
करालो विकरालश्च दैत्यान्तो मधुसूदनः॥ ९॥
रक्ताक्षः पिङ्गलाक्षश्चाञ्जनसंज्ञस्त्रयोदशः।
दीप्ततेजाः सुघोणश्च हनुर्वै षोडशः स्मृतः॥ १०॥
विश्वाक्षो राक्षसान्तश्च विशालो धूम्रकेशवः।
हयग्रीवो घनस्वरो मेघनादस्तथापरः॥ ११॥
मेघवर्णः कुम्भकर्णः कृतान्तक इतीरितः।
तीव्रतेजा अग्निवर्णो महोग्रो विश्वभूषणः॥ १२॥
विघ्नक्षमो महासेनः सिंहो द्वात्रिंशदीरितः।
इन्द्रादीन् वज्रमुख्यांश्च पूजयेच्चतुरस्रके॥ १३॥

संख्याकान्॥ ८॥ तानाह॥ ९–१३॥

कृष्ण, रुद्र, महाघोर, भीम, भीषण, उज्ज्वल, कराल, विकराल, दैत्यान्तक, मधुसूदन, रक्ताक्ष, पिङ्गलाक्ष, आञ्जन, दीप्ततेज, सुघोण, हनू, विश्वाक्ष, राक्षसान्त, विशाल, धूम्र, केशव, हयग्रीव, घनस्वर, मेघनाद, मेघवर्ण, कुम्भकर्ण, कृतान्तक, तीव्रतेजा, अग्नि वर्ण, महोग्र, विश्वभूषण, विघ्नक्षम एवं महासेन ये नृसिंह जी के ३२ नाम हैं॥ ९-१३॥

फिर इन्द्रादि दिक्पालों का तदनन्तर उनके वज्रादि आयुधों का चतुरस्र में पूजन करना चाहिए॥ १३॥

विमर्श - नृसिंह यन्त्र में आवरण पूजा - सर्वप्रथम **आग्नेयादि चारों कोणों**, मध्य तथा चारों दिशाओं में षडङ्गपूजा इस प्रकार करे -

क्ष्रां हृदयाय नमः, आग्नेये, क्ष्रीं शिरसे स्वाहा, नैर्ऋत्ये,
क्ष्रूं शिखायै वषट्, वायव्ये, क्ष्रैं, कवचाय हुम्, ईशान्ये,
क्ष्रौं नेत्रत्रयाय वौषट्, मध्ये, क्ष्रः अस्त्राय फट्, चतुर्दिक्षु ।

फिर **अष्टदल में पूर्वादि चारों दिशाओं** के दलों में गरुड़ आदि की यथा -

ॐ गरुडाय नमः, पूर्वे, ॐ शंकराय नमः, दक्षिणे,
ॐ शेषनागाय नमः, पश्चिमे, ॐ ब्रह्मणे नमः, उत्तरे,

फिर **अष्टदल के चारों कोणों में** आग्नेयादि क्रम से श्री आदि की यथा -

ॐ श्रियै नमः आग्नेये, ॐ ह्रियै नमः नैर्ऋत्ये,
ॐ धृत्यै नमः वायव्ये ॐ पुष्टयै नमः ऐशान्ये

इसके बाद **३२ दलों** में नृसिंह के ३२ नामों से - यथा

ॐ कृष्णाय नमः ॐ रुद्राय नमः, ॐ महाघोराय नमः,
ॐ भीमाय नमः ॐ भीषणाय नमः ॐ उज्ज्वलाय नमः,

एवं संसाधितो मन्त्रः प्रयोगेषु क्षमो भवेत् ।

उक्तमन्त्रप्रयोगविधिवर्णनम्

सहस्राष्टकसंख्यातैः शतपर्वात्रिकैस्तु यः ॥ १४ ॥
जुहुयादुदके तस्य सर्वे नश्यन्त्युपद्रवाः ।
महोत्पातहरोप्येष होमः सर्वेष्टदो नृणाम् ॥ १५ ॥
संस्थाप्य विधिवत्कुम्भं जपेदष्टसहस्रकम् ।
अभिषिञ्चेद्विषाक्रान्तं विषजार्तिनिवृत्तये ॥ १६ ॥

प्रयोगानाह – **सहस्रेति** । शतपर्वा दूर्वा ॥ १४–१७ ॥

ॐ करालाय नमः, ॐ विकरालाय नमः ॐ दैत्यान्तकाय नमः,
ॐ मधुसूदनाय नमः, ॐ रक्ताक्षाय नमः, ॐ पिङ्गलाक्षाय नमः,
ॐ अञ्जनाय नमः ॐ दीप्ततेजसे नमः ॐ सुघोणाय नमः
ॐ हनवे नमः ॐ विश्वाक्षाय नमः ॐ राक्षसान्ताय नमः,
ॐ विशालाय नमः, ॐ धूम्रकेशवाय नमः ॐ हयग्रीवाय नमः
ॐ घनस्वराय नमः ॐ मेघनादाय नमः ॐ मेघवर्णाय नमः
ॐ कुम्भकर्णाय नमः, ॐ कृतान्तकाय नमः ॐ तीव्रतेजसे नमः,
ॐ अग्निवर्णाय नमः, ॐ महोग्राय नमः, ॐ विश्वभूषणाय नमः
ॐ विघ्नक्षमाय नमः, ॐ महासेनाय नमः ।

इसके पश्चात् भूपुर में पूर्वादि दिशाओं के क्रम से इन्द्रादि दश दिक्पालों का –
ॐ लं इन्द्राय नमः, पूर्वे, ॐ रं अग्नये, ॐ यं यमाय नमः दक्षिणे,
ॐ क्षं निर्ऋतये नमः, नैर्ऋत्ये, ॐ वं वरुणाय नमः पश्चिमे,
ॐ यं वायवे नमः, वायव्ये, ॐ सं सोमाय नमः उत्तरे, ॐ हं ईशानाय नमः ऐशान्ये

फिर भूपुर के बाहर वज्रादि आयुधों का यथा पूर्वादिक्रम से –
ॐ वज्राय नमः ॐ शक्तये नमः, ॐ दण्डाय नमः,
ॐ खड्गाय नमः, ॐ पाशाय नमः, ॐ अंकुशाय नमः,
ॐ गदायै नमः, ॐ शूलाय नमः, ॐ पद्माय नमः, ॐ चक्राय नमः,

आवरण पूजा करने के बाद धूप दीपादि उपचारों से नृसिंह भगवान् का पूजन करना चाहिए ॥ ६–१३ ॥

इस प्रकार के पुरश्चरण करने से सिद्ध किया गया मन्त्र काम्य प्रयोग करने के योग्य होता है ॥ १४ ॥

तीन गाँठ वाली (तीन पत्तों वाली) दूर्वा से जो साधक १००८ आहुतियाँ देता है वह सभी उपद्रवों से मुक्त हो जाता है । इस प्रकार से किया गया होम महान् उत्पातों को शान्त करता है तथा मनुष्यों को अभीष्टसिद्धि देता है ॥ १५ ॥

विचरन्विपिने चौरव्याघ्रसर्पाकुले नरः।
जपन्नमुं मन्त्रवरं न भयं प्रतिपद्यते॥ १७॥
ईक्षिते निशि दुःस्वप्ने जपन्मन्त्रं निशां नयेत्।
अवशिष्टं स्वप्नफलं सम्यगादिशति ध्रुवम्॥ १८॥
कर्णनेत्रशिरःकण्ठरोगान् मन्त्रो विनाशयेत्।
अभिचारकृतां पीडां मनुमन्त्रितभस्म च॥ १६॥
आत्मानं नृहरिं ध्यात्वा वैरिणं मृगबालकम्।
आदाय प्रक्षिपेद्यस्यां दिशि तस्यां स गच्छति॥ २०॥
स्वकुटुम्बं परित्यज्य न चैवावर्त्तते पुनः।
नृसिंहं संस्मरन्वादे रिपोः स्वस्य विनष्टये॥ २१॥

मन्त्रप्रभावाद्वैरिमरणे प्रायश्चित्तकथनम्

प्रजपेदयुतं मन्त्रं मारणोत्थाघनष्टये।
प्रसूनैर्बिल्ववृक्षोत्थैः फलैस्तत्काष्ठसम्भवैः॥ २२॥

निशि दुःस्वप्ने दृष्टे मन्त्रं जपेन्नवशिष्टां निशां नयेत् । स दुःस्वप्नः सुस्वप्नस्यैव फलं ददाति ॥ १८–२१ ॥ प्रसङ्गान् मारणप्रायश्चित्तमाह – **प्रजपेदिति** । अभिचारजातपापनिवृत्त्यै अयुतं जपेत् ॥ २२ ॥

विधिपूर्वक कलश स्थापित कर १००८ बार उक्त नृसिंह मन्त्र का जप करे फिर उस कलश के जल से विष पीडित व्यक्ति का अभिषेक करे तो रोगी की विषजन्य पीड़ा दूर हो जाती है ॥ १६ ॥

इस मन्त्र का जप करते हुये मनुष्य व्याघ्र, सर्पादि से संकुल घोर अरण्य में विचरण करते हुये भी भयभीत नहीं होता ॥ १७ ॥

यदि रात्रि में दुःस्वप्न दिखाई पड़ जाय तो इस मन्त्र का जप करते हुये जागरण पूर्वक रात्रि व्यतीत कर देने से दुःस्वप्न निश्चित ही सुस्वप्न का फल देता है ॥ १८॥

यह नृसिंह मन्त्र कर्णरोग, नेत्ररोग, शिरोरोग तथा कण्ठगत रोगों को विनष्ट कर देता है । इस मन्त्र से अभिमन्त्रित भस्म का उद्धूलन अभिचार जनित पीड़ा को दूर कर देता है ॥ १९ ॥

स्वयं को नृसिंह तथा शत्रु को मृगशावक मानते हुये उसे पकड़कर जिस दिशा में फेंक दिया जाय वह अपने परिवार को छोड़कर उसी दिशा में चला जाता है और फिर कभी नहीं लौटता ॥ २०-२१ ॥

विवाद में शत्रु को मारने के लिए नृसिंह मन्त्र का जप करना चाहिए । किन्तु उसके मर जाने पर उस पाप को दूर करने के लिए पुनः इस मन्त्र का १० हजार जप करना चाहिए ॥ २१-२२ ॥

सहस्रं जुहुयाद् वह्नौ वाञ्छितश्रीसमृद्धये।
पुत्रजीवेद्धवह्नौ तु तत्फलैः पुत्रसम्पदे ॥ २३ ॥
ब्राह्मीं वचां वा मन्त्रेण मन्त्रितां शतसंख्यया।
संवत्सरमदन्प्रातर्विद्यापारङ्गतो भवेत् ॥ २४ ॥
किंबहूक्तेन नृहरिः सर्वेष्टफलदो नृणाम्।
अथोच्यते नरहरिर्भीतिहारीष्टसाधकः ॥ २५ ॥

नृसिंहाष्टाक्षरमन्त्रतद्विधिकथनम्

जयद्वयं श्रीनृसिंहेत्यष्टार्णो मनुरीरितः।
ऋषिर्ब्रह्मास्य गायत्रीछन्दो देवो नृकेसरी ॥ २६ ॥
शक्तिर्नेत्रं वियद्बीजमुभे चन्द्रसमन्विते।
वियतादीर्घयुक्तेन चन्द्राढ्येन षडङ्गकम् ॥ २७ ॥

पुत्रजीवेद्धवह्नौ पुत्रस्त्री वतरुकाष्ठैः दीप्तेग्नौ तत्फलः पुत्रजीवफलैः पुत्राप्त्यै जुहुयात् ॥ २३–२५ ॥ मन्त्रान्तरमाह – **जयेति** । यथा – जय श्रीनृसिंहेति ॥ २६ ॥ नेत्रं इः शक्तिः । वियत् हः बीजम् । उभे शक्तिबीजे बिन्दुयुते । दीर्घयुतेन सबिन्दुना वियताहेन षडङ्गम् । हां हृत् हीं शिर इत्यादि० ॥ २७ ॥

अपनी इच्छानुसार श्री समृद्धि के लिए बेल के फूल एवं उसकी लकड़ी से इस मन्त्र द्वारा एक हजार आहुतियाँ देनी चाहिए ॥ २२-२३ ॥

पुत्र के दीर्घायुष्य के लिए तथा पुत्र रूप संपत्ति प्राप्त करने के लिए विल्व की लकड़ी में बिल्व फल से होम करना चाहिए ॥ २३ ॥

ब्राह्मी अथवा वचा को इस मन्त्र से १०० बार अभिमन्त्रित कर एक वर्ष तक प्रातःकाल लगातार खाने वाला व्यक्ति विद्या में पारङ्गत हो जाता है ॥ २४ ॥

इस विषय में विशेष क्या कहें भगवान् नृसिंह का मन्त्र साधकों के समस्त मनोरथों को पूर्ण करता है ॥ २५ ॥

अब **भयनाशक श्री नृसिंह मन्त्र का उद्धार** कहते हैं - दो बार जय (जय जय) फिर श्री नृसिंह लगाने से ८ अक्षरों का मन्त्र निष्पन्न होता है ॥ २५-२६ ॥

विमर्श - मन्त्र का स्वरूप इस प्रकार है - जय जय श्रीनृसिंह (८)॥ २६ ॥

इस मन्त्र के ब्रह्मा ऋषि है, गायत्री छन्द है तथा नृसिंह देवता है । अनुस्वार सहित नेत्र (इं) तथा अनुस्वार सहित वियत् (हं) क्रमशः शक्ति एवं बीज है । अनुस्वार एवं षड् दीर्घसहित वियत् (ह) वर्णों से षडङ्गन्यास करना चाहिए ॥ २६-२७ ॥

---

१. जय जय श्री नृसिंहेत्यष्टार्णः ।

श्रीमन्नृकेसरितनो जगदेकबन्धो
श्रीनीलकण्ठकरुणार्णवसामराज ।
वह्नीन्दुतीव्रकरनेत्रपिनाकपाणे
शीतांशुशेखर रमेश्वर पाहि विष्णो ॥ २८ ॥
एवं ध्यात्वा जपेल्लक्षाष्टकं तस्य दशांशतः।
जुहुयात्पायसेनाग्नौ पूजाद्यस्य तु पूर्ववत् ॥ २६ ॥

नृसिंहस्य एकाधिकत्रिंशदर्णमन्त्रः तद्विधिकथनम्

तारः पद्मा च ह्रल्लेखा जयलक्ष्मीप्रियाय च।
नित्यप्रमुदितान्ते तु चेतसेपदमीरयेत् ॥ ३० ॥
लक्ष्मीश्रितार्द्धदेहाय रमामाये नमः पदम्।
एकाधिकस्त्रिंशदर्णो मनुः पद्मभवो मुनिः ॥ ३१ ॥

ध्यानमाह – **श्रीमदिति** । साम्नां राजा ईशः । यद्वा सामसु राजते प्रकाशते स सामराजः । सामगाने कृते प्रत्यक्षो भवतीत्यर्थः । तीव्रकरो रविः । पिनाकपाणे इत्युपलक्षणं वराभयचक्राणाम् वामोर्ध्वादिदक्षोर्ध्वान्तं पिनाकाभय–वरचक्रधर इत्यर्थः ॥ २८ ॥ अस्य पूजादिप्रयोगादिकमेकार्णवत् ॥ २६ ॥ मन्त्रान्तरमाह – **तार** इति । तार ॐ । पद्मा श्रीं । ह्रेल्लखा ह्रीं ॥ ३०॥ रमा माये श्रीं ह्रीं स्वरूपमन्यत् । यथा – ॐ श्रीं ह्रीं जयलक्ष्मीप्रियाय नित्यप्रमुदितचेतसे लक्ष्मीश्रितार्धदेहाय श्रीं ह्रीं नमः । पद्मभवो ब्रह्मा ॥ ३१ ॥

विमर्श - विनियोग - अस्य जयनृसिंहमन्त्रस्य ब्रह्माऋषिः गायत्रीच्छन्दः श्री नृसिंहो देवता आत्मनोऽभीष्टसिद्ध्यर्थे जपे विनियोगः ।

षडङ्गन्यास - हां हृदयाय नमः, हीं शिरसे स्वाहा, हूँ शिखायै वषट्, हैं कवचाय हुम् हौं नेत्रत्रयाय वौषट्, हः अस्त्राय फट् ॥ २६-२७ ॥

अब इस **जयनृसिंह मन्त्र का ध्यान** कहते हैं - हे नर और सिंह रूप उभयात्मक शरीर वाले, हे जगत् के एक मात्र बन्धो, हे नीलकण्ठ, हे करुणासागर, हे सामगान से प्रसन्न होने वाले, हे चन्द्र, सूर्य तथा अग्नि स्वरूप तीन नेत्रों वाले, हे धनुर्धर, हे चन्द्रकला को मस्तक पर धारण करने वाले, हे रमा के स्वामी श्री विष्णो मेरी रक्षा कीजिये ॥ २८ ॥

इस प्रकार ध्यान कर उक्त मन्त्र का ८ लाख की संख्या में जप करना चाहिए । तदनन्तर विधिवत् स्थापित अग्नि में खीर का होम करना चाहिए । इनके पूजा आदि की विधि पूर्ववत् हैं ॥ २६ ॥

अब **लक्ष्मी नृसिंह मन्त्र का उद्धार** कहते हैं - तार (ॐ), पद्म (श्रीं), हृल्लेखा (ह्रीं), फिर 'जयलक्ष्मी प्रियाय नित्यप्रमुदित' इतने पद के बाद 'चेतसे' कहना

छन्दोतिजगती प्रोक्तं देवः श्रीनरकेसरी ।
बीजं रमाद्रिजाशक्तिः श्रीबीजेन षडङ्गकम् ॥ ३२ ॥
क्षीराब्धौ वसुमुख्यदेवनिकरैरग्रादिसंवेष्टितः
शंखं चक्रगदाम्बुजं निजकरैर्बिभ्रंस्त्रिनेत्रः सितः ।
सर्पाधीशफणातपत्रलसितः पीताम्बरालंकृतो
लक्ष्म्याश्लिष्टकलेवरो नरहरिः स्तान्नीलकण्ठो मुदे ॥ ३३ ॥

अद्रिजा ह्रीं श्रीं बीजेन षड्दीर्घयुक्तेन श्रां श्रीं श्रूमित्यादिना ॥ ३२ ॥ ध्यानमाह – **क्षीराब्धाविति** । क्षीरसमुद्रगतश्वेतद्वीपे वस्वादिदेवौघैरग्रादियथावेष्टितः । अग्रे वसुभिः दक्षे रुद्रैः पश्चिम आदित्यैः वामे विश्वदेवैरित्यर्थः । अधो वामदक्षयोः शंखचक्रे । ऊर्ध्वयोर्गदापद्मे । सितश्चन्द्रवर्ण । शेषफणा एवातपत्रं तेन लसितो दीप्तः । ईदृङ् नृसिंहो मम मुदे हर्षाय स्तात् भूयात् ॥ ३३ ॥ * ॥ ३४–३७ ॥

चाहिए । फिर 'लक्ष्मीश्रितार्द्धदेहाय' कहकर रमा बीज (श्रीं), माया बीज (ह्रीं), इसके अन्त में 'नमः' पद लगाने से ३१ अक्षर का मन्त्र बनता है ॥ ३०-३१ ॥

विमर्श - मन्त्र का स्वरूप इस प्रकार है - ॐ श्रीं ह्रीं जयलक्ष्मीप्रियाय नित्यप्रमुदितचेतसे लक्ष्मीश्रितार्द्धदेहाय श्रीं ह्रीं नमः (३१) ॥ ३०-३१ ॥

इस मन्त्र के पद्मभव ऋषि हैं, अतिजगति छन्द है, श्रीनरकेसरी देवता हैं, रमा बीज है तथा अद्रिजा (ह्रीं) शक्ति है । षट् दीर्घ युक्त श्री बीज से षडङ्गन्यास करना चाहिए ॥ ३२ ॥

विमर्श - विनियोग - ॐ अस्य श्रीलक्ष्मीनृसिंहमन्त्रस्य पद्मोभवऋषिः अतिजगतीछन्दः श्रीनृकेसरीदेवता श्रीं बीजं ह्रीं शक्तिः आत्मनोऽभीष्टसिद्ध्यर्थे जपे विनियोगः ।

षडङ्गन्यास - श्रां हृदयाय नमः, श्रीं शिरसे स्वाहा, श्रूं शिखायै वषट्, श्रैं कवचाय हुम्, श्रौं नेत्रत्रयाय वौषट्, श्रः अस्त्राय फट् ॥ ३२ ॥

अब **लक्ष्मीनृसिंह मन्त्र का ध्यान** कहते हैं - क्षीरसागर में स्थित श्वेत द्वीप में वसु, रुद्र, आदित्य एवं विश्वेदेवों से क्रमशः अग्रभाग में, दाहिनी ओर, पीछे पश्चिम में तथा बाईं ओर से उनसे घिरे हुये, अपने चारों हाथों में क्रमशः शंख, चक्र, गदा एवं पद्म धारण करने वाले, तीन नेत्रों से युक्त, शेषनाग के फण रूप छत्रों से सुशोभित पीताम्बरालंकृत, लक्ष्मी से आलिङ्गित शरीर वाले श्रीनीलकण्ठ नृसिंह भगवान् हमें हर्ष प्रदान करे ॥ ३३ ॥

ऐसा ध्यान कर उक्त मन्त्र का तीन लाख साठ हजार जप करे तदनन्तर घी, शर्करा एवं मधुमिश्रित मालती के फूलों से अग्नि में तीन

एवं ध्यात्वा जपेल्लक्षत्रयं षष्टिसहस्रकम्।
मध्वक्तैर्मल्लिकापुष्पैर्जुहुयाज्जातवेदसि ॥ ३४ ॥
षट्शतं त्रिसहस्राणि पीठे पूर्वोदिते यजेत्।
प्रथमावरणेऽङ्गानि परशक्तिरिमाः पुनः ॥ ३५ ॥
भास्वतीभास्करीचिन्ताद्युतिरुन्मीलिनी तथा।
रमाकान्तीरुचिश्चेति शक्राद्याहेतिसंयुताः ॥ ३६ ॥
इत्थं सिद्धे मनौ मन्त्री निग्रहानुग्रहक्षमः।
मल्लिकाकुसुमैर्होमादिष्टसिद्धिमवाप्नुयात् ॥ ३७ ॥

हजार छः सौ आहुतियाँ प्रदान करे । पूर्वोक्त (द्र० १३. १० श्लोक) वैष्णव पीठ पर इनका भजन करे ॥ ३४-३५ ॥

प्रथमावरण में अङ्गपूजा, द्वितीयावरण में इन शक्तियों का पूजन करना चाहिए । १. भास्वती, २. भास्करी, ३. चिन्ता, ४. द्युति, ५. उन्मीलिनी, ६. रमा, ७. कान्ति और ८. रुचि - ये ८ शक्तियाँ है । तदनन्तर अपने अपने आयुधों के साथ इन्द्रादि दिक्पालों का पूजन करना चाहिए ॥ ३५-३६ ॥

विमर्श - आवरण पूजा - वृत्ताकार कर्णिका, अष्टदल एवं भूपुर युक्त बने यन्त्र पर श्री सहित नृसिंह का पूजन करना चाहिए । सर्वप्रथम केसरों के आग्नेयादि कोणों के मध्य में तथा चारों दिशाओं में षडङ्गपूजा यथा -

श्रां हृदयाय नमः, आग्नेये, श्रीं शिरसे स्वाहा, नैर्ऋत्ये,
श्रृं शिखायै वषट्, वायव्ये, श्रैं कवचाय हुम्, ऐशान्ये,
श्रौं नेत्रत्रयाय वौषट्, मध्ये, श्रः अस्त्राय फट्, चतुर्दिक्षु,

फिर अष्टदल में पूर्वादि दिशाओं के क्रम से भास्वती आदि शक्तियों की पूजा करनी चाहिए । यथा -

ॐ भास्वत्यै नमः, पूर्वदले, ॐ भास्कर्यै नमः आग्नेयदले,
ॐ चिन्तायै नमः दक्षिणदले, ॐ द्युत्यै नमः, नैर्ऋत्यदले,
ॐ उन्मीलिन्यै नमः, पश्चिमदले, ॐ रमायै नमः वायव्यदले,
ॐ कान्त्यै नमः उत्तरदले, ॐ रुच्यै नमः ईशानदले ।

इसके बाद भूपुर में १४, ७ की भाषा टीका में लिखी गई रीति से दिक्पालों एवं उनके आयुधों का पूजन करना चाहिए । इस प्रकार आवरण पूजा समाप्त कर मन्त्र पर धूप दीपादि उपचारों से श्रीलक्ष्मीनृसिंह का पूजन कर जप प्रारम्भ करना चाहिए ॥ ३५-३६ ॥

इस प्रकार पुरश्चरण से मन्त्र सिद्ध हो जाने पर साधक निग्रह और अनुग्रह में सक्षम हो जाता है । मालती के पुष्पों से इस मन्त्र द्वारा आहुति देने से साधक अपना अभीष्ट प्राप्त कर लेता है ॥ ३७ ॥

नृसिंहनवनवत्यक्षरमन्त्र तद्विधिकथनम्

प्रणवो नृहरेर्बीजं नमो भगवतेपदम् ।
नरसिंहायतारश्च बीज मत्स्येति कीर्तयेत् ॥ ३८ ॥
रूपायतारो बीजं च कूर्मरूपायवर्णकाः ।
तारबीजे वराहार्णा रूपाय तारबीजके ॥ ३९ ॥
नृसिंहरूपायान्ते तु तारो बीजं च वामनम् ।
रूपाय त्रिस्तारबीजे रामायेतिपदं वदेत् ॥ ४० ॥
तारो बीजं च कृष्णाय तारो बीजं च कल्किने ।
जयद्वयं ततः शालग्रामदीर्घा सनेत्रका ॥ ४१ ॥
वासिने दिव्यसिंहाय स्वयम्भू ङेन्तिमः स्मृतः ।
पुरुषाय नमस्तारो बीजमित्युदितो मनुः ॥ ४२ ॥
हरेर्नवनवत्यर्णो मुनिरत्रिः किलास्य तु ।
छन्दोतिजगती देवो नृकेसर्यवतारवान् ॥ ४३ ॥

मन्त्रान्तरमाह – प्रणव इति । नृहरेर्बीज क्ष्रौं ॥ ३८–३९ ॥ त्रिः त्रि वारं तारबीजे ॥ ४० ॥ सनेत्रादीर्घा इयुतो नः नि ॥ ४१॥ ङेन्तिमश्चतुर्थ्यन्तः ॥ ४२ ॥ नवनवत्यर्ण एकोनशताक्षरः । मन्त्रो यथा – ॐ क्ष्रौं नमो भगवते नरसिंहाय ॐ

अब **दशावतार श्रीनृसिंह मन्त्र का उद्धार** कहते हैं - प्रणव (ॐ), फिर नृसिंह बीज (क्ष्रौं), फिर 'नमो भगवते नरसिंहाय', फिर प्रणव एवं नृसिंह बीज, उसके बाद १. मत्स्यरूपाय, फिर प्रणव एवं उक्त बीज के बाद २. कूर्मरूपाय, फिर प्रणव एवं उक्त बीज के बाद ३. वराहरूपाय, फिर प्रणव एवं बीज उसके बाद ४. नृसिंहरूपाय, फिर प्रणव एवं बीज के बाद ५. वामन रूपाय, फिर तीन बार प्रणव के साथ तीन बार बीज मन्त्र, उसके बाद ६. रामाय, फिर प्रणव एवं बीज के बाद ७. कृष्णाय, फिर प्रणव एवं बीज के बाद ८. 'कल्किने', फिर दो बार 'जय' पद (जय जय) शालग्राम, सनेत्र दीर्घा (नि), फिर 'वासिने', फिर 'दिव्य सिंहाय' के बाद चतुर्थ्यन्त स्वयम्भू (स्वयंभुवे), फिर 'पुरुषाय नमः', तथा अन्त में पुनः तार (ॐ) और बीज (क्ष्रौं) लगाने से ९९ अक्षरों का दशावतार मन्त्र निष्पन्न होता है ॥ ३८-४२ ॥

विमर्श - दशावतार मन्त्र का स्वरूप - ॐ क्ष्रौं नमो भगवते नरसिंहाय, ॐ क्ष्रौं मत्स्यरूपाय, ॐ क्ष्रौं कूर्मरूपाय, ॐ क्ष्रौ वराहरूपाय, ॐ क्ष्रौ नृसिंहरूपाय, ॐ क्ष्रौ वामनरूपाय, ॐ क्ष्रौ ॐ क्ष्रौं ॐ क्ष्रौं रामाय, ॐ क्ष्रौं कृष्णाय, ॐ क्ष्रौं कल्किने, जय जय शालग्रामनिवासिने दिव्यसिंहाय स्वयंभुवे पुरुषाय नमः ॐ क्ष्रौं ॥ ३८-४२ ॥

९९ अक्षर वाले इस मन्त्र के अत्रि ऋषि हैं, अतिजगति छन्द है तथा अवतारवान् नृसिंह देवता हैं । पूर्वोक्त क्ष्रौं बीज तथा आद्या (ॐ) शक्ति है ॥ ४३-४४ ॥

बीजं पूर्वोदितं शक्तिराद्या बीजेन चागंकम् ।
कृत्वा षड्दीर्घयुक्तेन ध्यायेत्क्षीरोदधिस्थितम् ॥ ४४ ॥
सहस्रचन्द्रप्रतिमोदयालु-
र्लक्ष्मीमुखालोकनलोलनेत्रः ।
दशावतारैः परितः परीतो
नृकेसरी मङ्गलमातनोतु ॥ ४५ ॥
जपोयुतं दशांशेन हवनं पायसेन तु ।
पीठे पूर्वोदिते पूर्वमंगानि परिपूजयेत् ॥ ४६ ॥
दशावतारान्मत्स्यादीन्दिक्पालानायुधान्यपि ।
प्रयोगः पूर्ववत्प्रोक्ताः सर्वसिद्धिप्रदे मनौ ॥ ४७ ॥

क्ष्रौं मत्स्यरूपाय ॐ क्ष्रौं कूर्मरूपाय ॐ क्ष्रौं वराहरूपाय ॐ क्ष्रौं नृसिंहरूपाय ॐ क्ष्रौं वामनरूपाय ॐ क्ष्रौं ॐ क्ष्रौं ॐ क्ष्रौं रामाय ॐ क्ष्रौं कृष्णाय ॐ क्ष्रौं कल्किने जयजय शालग्रामनिवासिने दिव्यसिंहाय स्वयंभुवे पुरुषाय नमः ॐ क्ष्रौं । अवतारवान् दशावतारयुतो नृसिंहो देवता ॥ ४३ ॥ ॐ क्ष्रौं बीजम् ।
आद्येति । ॐ शक्तिः । क्ष्रां क्ष्रीमित्याद्यङ्गम् ॥ ४४ ॥ * ॥ ४५-४७ ॥

षड्दीर्घसहित पूर्वोक्त बीज से षडङ्गन्यास कर क्षीरसागर में स्थित श्रीनृसिंह भगवान् का ध्यान करना चाहिए ॥ ४४ ॥

विमर्श - विनियोग - अस्य दशावतारश्रीनृसिंहमन्त्रस्य अत्रिऋषिः अतिजगतीछन्दः अवतारवान्श्रीनृसिंहो देवता क्ष्रौंबीजं ॐशक्तिः आत्मनोऽभीष्टसिद्ध्यर्थे जपे विनियोगः ।

षडङ्गन्यास - ॐ क्ष्रां हृदयाय नमः, ॐ क्ष्रीं शिरसे स्वाहा,
ॐ क्ष्रूं शिखायै वषट्, ॐ क्ष्रैं कवचाय हुम्,
ॐ क्ष्रौं नेत्रत्रयाय वौषट् ॐ क्ष्रः अस्त्राय फट् ॥ ४४ ॥

अब **दशावतार श्रीनृसिंह मन्त्र का ध्यान** कहते है - अगणित चन्द्र समूहों के समान कान्तिपुञ्ज से युक्त, दयालु स्वभाव वाले, लक्ष्मी का मुख देखने के लिए पुनः पुनः आकुल नेत्रों वाले, चारों ओर से दशावतारों से घिरे हुये भगवान् नृसिंह हमारा मङ्गल करें ॥ ४५ ॥

उक्त मन्त्र का १० हजार की संख्या में जप करना चाहिए । खीर से उसका दशांश होम करना चाहिए । पूर्वोक्त पीठ पर प्रथम अङ्गपूजा, फिर मत्स्यादि दश अवतारों की पूजा, तदनन्तर दिक्पालों एवं उनके आयुधों का पूजन करना चाहिए । सर्वसिद्धिदायक इस मन्त्र के काम्यप्रयोग पूर्वोक्त मन्त्र के समान हैं ॥ ४६-४७ ॥

अब **अभयप्रद श्रीनृसिंह मन्त्र** कहते हैं - तार (ॐ), फिर 'नमो भगवते नरसिंहाय' के बाद हृद (नमः), फिर 'तेजस्तेजसे आविराविर्भव वज्रनख', के बाद

अभयनृसिंहमन्त्रकथनम्

तारो नमो भगवते नरसिंहाय हृच्चते ।
जस्तेजसेआविराविर्भववज्रनखां ततः ॥ ४८ ॥
वज्रदंष्ट्र च कर्मान्ते त्वाशयान् रन्धयद्वयम् ।
तमो ग्रसद्वयं वह्नेः कलत्रमभयं पुनः ॥ ४६ ॥
आत्मन्यन्ते च भूयिष्ठास्तारो बीजं मनुः स्मृतः ।
द्विषष्ट्यवर्णैः शुकः प्रोक्तो मुनिश्छन्दस्तु पूर्ववत् ॥ ५० ॥
अभयो नारसिंहस्तु देवतान्यत्तु पूर्ववत् ।

गोपालदशाक्षरमन्त्रकथनम्

अथ गोपालमनवः प्रोच्यन्ते स्वेष्टसाधकाः ॥ ५१ ॥
गोपीजनपदस्यान्ते वल्लभायाग्निसुन्दरी ।
दशाक्षरो मनुः प्रोक्तो मनोरथफलप्रदः ॥ ५२ ॥

मन्त्रान्तरमाह – **तार** इति । हृन्नमः ॥ ४८ ॥ वह्नेः कलत्रं स्वाहा ॥ ४६ ॥ बीजं क्ष्रौं । यथा – ॐ नमो भगवते नरसिंहाय नमस्तेजस्तेजसे आविराविर्भव वज्रनखवज्रदंष्ट्र कर्माशयान् रन्धय रन्धय तमो ग्रस ग्रस स्वाहा अभयमात्मनि भूयिष्ठा ॐ क्ष्रौमिति ॥ ५० ॥ अन्यत्पूजादि ॥ ५१ ॥ गोपालमन्त्रमाह –**गोपीति** । अग्निसुन्दरी स्वाहा । यथा – गोपीजनवल्लभाय स्वाहा ॥ ५२ ॥

'वज्रदंष्ट्रकर्माशयान्', फिर दो बार 'रन्धय' पद (रन्धय रन्धय), फिर 'तमो' के बाद दो बार 'ग्रस' पद (ग्रस ग्रस), फिर वह्निपत्नी (स्वाहा) तथा 'अभयमात्मनि भूयिष्ठा' फिर तार (ॐ) तथा बीज (क्ष्रौं) लगाने से ६२ अक्षरों का अभयप्रद मन्त्र बनता है ॥ ४८-५० ॥

विमर्श - मन्त्र का स्वरूप इस प्रकार है - ॐ नमो भगवते नरसिंहाय, नमस्तेजस्तेजसे आविराविर्भव वज्रनख वज्रदंष्ट्रकर्माशयान् रन्धय रन्धय तमो ग्रस ग्रस स्वाहा अभयभात्मनिभूयिष्ठा ॐ क्ष्रौं (६२) ॥ ४८-५० ॥

इस मन्त्र के शुक ऋषि हैं, देवता अभयनरसिंह हैं, अतिजगती छन्द है तथा न्यास, ध्यान एवं पूजा आदि पूर्वोक्त मन्त्र के समान समझना चाहिए ॥ ५०-५१ ॥

विमर्श - विनियोग - अस्याभयनरसिंहमन्त्रस्य शुकऋषिरतिजगतीच्छन्दः अभयप्रद-नरसिंहो देवता आत्मनोऽभीष्टसिद्ध्यर्थेजपे विनियोगः। षडङ्गन्यासादि पूर्ववत् है ॥ ५०-५१॥

अब अपना समस्त अभीष्ट सिद्ध करने वाले **श्रीगोपालकृष्ण के मन्त्रों** को कहता हूँ - 'गोपीजन' इस पद के कहने के बाद 'वल्लभाय', फिर अग्निसुन्दरी (स्वाहा) लगाने से मनोवाञ्छित फल देने वाला दश अक्षरों का मन्त्र बनाता हैं ॥ ५१-५३ ॥

विमर्श - मन्त्र का स्वरूप - गोपीजनवल्लभाय स्वाहा (१०) ॥ ५१-५२ ॥

नारदोऽस्य विराट्कृष्णो मुनिपूर्वाः समीरिताः ।
बीजशक्ती तु विज्ञेये क्रमात्कामानलप्रिये ॥ ५३ ॥

पञ्चाङ्गन्यासवर्णन्यासध्यानकथनम्

आचक्रायहृदाख्यातं विचक्राय शिरोऽपि च ।
सुचक्राय शिखापश्चात्त्रैलोक्यरक्षणं ततः ॥ ५४ ॥
चक्राय कवचं प्रोक्तमसुरान्तकशब्दतः ।
चक्रायास्त्रमिदं कुर्यादङ्गानां पञ्चकं मनोः ॥ ५५ ॥
सर्वाङ्गे त्रिमनुं न्यस्य वर्णन्यासं समाचरेत् ।
मस्तके नेत्रयोः श्रुत्योर्नसोर्वक्त्रे हृदम्बुजे ॥ ५६ ॥
जठरे लिङ्गदेशे च जान्वोः पादयोरपि ।
वर्णांस्तारपुटान्न्यस्येद्बिन्द्वाढ्यान्नमसायुतान् ॥ ५७ ॥

विराट् छन्दः । क्लीं बीजं । स्वाहा शक्तिः ॥ ५३ ॥ पञ्चाङ्गमाह – आ चक्राय हृत् । विचक्राय शिरः । सुचक्राय शिखा । त्रैलोक्यरक्षणचक्राय कवचम् । असुरान्तकचक्राय अस्त्रम् ॥ ५४–५५ ॥ वर्णन्यासमाह – **मस्तक** इति ॥ ५६ ॥ **तारपुटानिति** । ॐ गों ॐ नमः मस्तके, ॐ पीं ॐ नमः नेत्रयोरित्यादि० ॥ ५७ ॥

इस मन्त्र के नारद ऋषि हैं, विराट् छन्द है, श्रीकृष्ण देवता हैं, काम (क्लीं) बीज तथा अनलप्रिया (स्वाहा) शक्ति कही गई हैं ॥ ५३ ॥

विमर्श – विनियोग – अस्य श्रीगोपालमन्त्रस्य नारदऋषिर्विराट्छन्दः श्रीकृष्णो देवता क्लीं बीजं स्वाहा शक्तिरात्मनोऽभीष्टसिद्ध्यर्थे जपे विनियोगः ॥ ५३ ॥

अब **पञ्चाङ्गन्यास** कहते हैं – आचक्राय से हृदय, विचक्राय से शिर, सुचक्राय से शिखा, फिर त्रैलोक्यरक्षणचक्राय से कवच, तथा असुरान्तकचक्राय से अस्त्रन्यास करना चाहिए । (पञ्चाङ्गन्यास में नेत्रन्यास वर्जित है) ॥ ५४-५५ ॥

विमर्श – पञ्चाङ्गन्यास विधि – आचक्राय हृदयाय नमः,
विचक्राय शिरसे स्वाहा, सुचक्राय शिखायै वषट्,
त्रैलोक्यरक्षणचक्राय कवचाय हुम्, असुरान्तकचक्राय अस्त्राय फट् ॥ ५४-५५ ॥

मूलमन्त्र को तीन बार पढ़कर तीन बार सर्वाङ्गन्यास करना चाहिए । फिर मस्तक, नेत्र, कान, नासिका, मुख, हृदय, उदर, लिङ्ग, जानु एवं दोनों पैरों में प्रणव संपुटित नमः सहित सानुस्वार मन्त्र के एक एक वर्णो से उक्त दशों स्थानों पर न्यास करना चाहिए ॥ ५६-५७ ॥

विमर्श – वर्णन्यास – ॐ गों ॐ नमः मस्तके, ॐ पीं ॐ नमः नेत्रयोः,

वृन्दारण्यगकल्पपादपतले सद्रत्नपीठेम्बुजे
शोणाभे वसुपत्रके स्थितमजं पीताम्बरालंकृतम्।
जीमूताभमनेकभूषणयुतं गोगोपगोपीवृतं
गोविन्दं स्मरसुन्दरं मुनियुतं वेणुं रणन्तं स्मरेत्॥ ५८॥

पीठपूजाप्रकारकथनम्

एवं ध्यात्वा जपेल्लक्षं दशांशं सरसीरुहैः।
जुहुयात्पूजयेत्पीठे वैष्णवे नन्दनन्दनम्॥ ५६॥
अग्न्यादिकोणेष्वभ्यर्च्य हृदाद्यङ्गचतुष्टयम्।
दिशास्वस्त्रं दलेष्वष्टौ महिषीः परिपूजयेत्॥ ६०॥
रुक्मिणीसत्यभामा च नग्नजित्तनयार्कजा।
मित्रविन्दालक्ष्मणा च जाम्बवत्यासुशीलका॥ ६१॥
महिष्योऽष्टौ सुवर्णाभा विचित्राभरणस्रजः।
दलाग्रे वसुदेवं च देवकीं नन्दगोपतिम्॥ ६२॥

ध्यानमाह – वृन्दावनगत कल्पवृक्षतले मणिपीठे रक्ताष्टपत्रे स्थितं ध्यायेत् । जीमूताभं मेघश्यामं स्मरादपि सुन्दरम्॥ ५८॥ *॥ ५६–६०॥ अर्कजा कालिन्दी॥ ६१॥ * ॥ ६२॥ गोपश्च गोपिकाश्च ताः॥ ६३॥ * ॥ ६४–६७॥

ॐ जं ॐ नमः कर्णयोः ॐ नं ॐ नमः नसोः,
ॐ वं ॐ नमः मुखे, ॐ ल्लं ॐ नमः हृदि,
ॐ भां ॐ नमः जठरे, ॐ यं ॐ नमः लिङ्गे
ॐ स्वां ॐ नमः जान्वोः ॐ हां ॐ नमः पादयोः॥ ५६-५७॥

अब **गोपाल का ध्यान** कहते हैं - वृन्दावन में कल्पवृक्ष के नीचे निर्मित सुन्दर मणिपीठ पर, रक्तवर्ण के अष्टदल कमल पर विराजमान, पीताम्बरालंकृत, बादलों के समान कान्ति वाले, अनेक आभूषणों को धारण किए हुये, गो, गोप एवं गोपियों से घिरे हुये, कामदेव से भी अधिक सुन्दर, मुनिगणों से संयुक्त वंशी बजाते हुये श्रीगोविन्द का स्मरण करना चाहिए ॥ ५८ ॥

इस प्रकार गोपाल का ध्यान कर एक लाख जप करना चाहिए । फिर कमल पुष्पों से उसका दशांश होम करना चाहिए तथा पूर्वोक्त वैष्णव पीठ पर नन्दनन्दन श्रीगोपालकृष्ण का पूजन करना चाहिए ॥ ५६ ॥

आग्नेयादि चार कोणों में हृदय आदि चार अङ्गो की, फिर दिशाओं में अस्त्र का पूजन करना चाहिए । इस प्रकार पञ्चाङ्ग पूजा कर अष्टदल में गोपाल की ८ महिषियों का पूजन करना चाहिए । १. रुक्मिणी, २. सत्यभामा, ३. नाग्नजिती, ४. कालिन्दी, ५. मित्रविन्दा, ६. लक्ष्मणा, ७. जाम्ववती तथा ८.

यशोदां बलभद्रं च सुभद्रां गोपगोपिकाः ।
इन्द्रादीनपि वज्रादीन् पूजयेत्तदनन्तरम् ॥ ६३ ॥

सुशीला ये आठों श्री गोपाल जी की महिषी हैं, जो सुवर्ण जैसी आभावाली तथा विचित्र आभूषण एवं विचित्र मालाओं से अलंकृत रहती हैं । अष्टदल के अग्रभाग में वसुदेव, देवकी, गोपति श्रीनन्द, यशोदा, बलभद्र, सुभद्रा, गोप एवं गोपियों का पूजन करना चाहिए ॥ ६०-६३ ॥

गोपालपूजनयन्त्रम्

तदनन्तर इन्द्रादि दिक्पालों का तथा उनके वज्रादि आयुधों का पूजन करना चाहिए ॥ ६३ ॥

विमर्श - वृत्ताकार कर्णिका, अष्टदल एवं भूपुर सहित गोपाल यन्त्र का निर्माण करना चाहिए ।

पूजा की विधि - सर्वप्रथम १४. ५८ में वर्णित श्रीगोपाल के स्वरूप का ध्यान कर मानसोपचार से पूजा करे। फिर शंख का अर्घ्यपात्र स्थापित कर उक्त मन्त्र पर पूर्वोक्त रीति से पीठ देवताओं एवं पीठ शक्तियों का पूजन करे (द्र० १३. १०) । फिर आसन, ध्यान, आवाहनादि से लेकर पञ्च पुष्पाञ्जलि समर्पण पर्यन्त धूप, दीपादि उपचारों से गोपालनन्दन का पूजन कर, पुष्पाञ्जलि समर्पित कर, आवरण पूजा की आज्ञा माँगे । सर्वप्रथम केसरों के आग्नेयादि कोणों में पञ्चाङ्गपूजा इस प्रकार करे -

आचक्राय स्वाहा, आग्नेये, विचक्राय स्वाहा नैर्ऋत्ये,
सुचक्राय स्वाहा, वायव्ये, त्रैलोक्यरक्षणचक्राय स्वाहा, ऐशान्ये,
असुरान्तकाचक्राय स्वाहा, चतुर्दिक्षु ।

इसके बाद अष्टदल में पूर्वादि दलों के क्रम से अष्टमहिषियों की यथा -

ॐ रुक्मिण्यै नमः, पूर्वदले, ॐ सत्यभामायै नमः, आग्नेयदले,
ॐ नाग्नजित्यै नमः, दक्षिणदले, ॐ कालिन्द्यै नमः, नैर्ऋत्यदले,
ॐ मित्रविन्दायै नमः, पश्चिमदले, ॐ सुलक्षणायै नमः, वायव्यदले,
ॐ जाम्बवत्यै नमः, उत्तरदले, ॐ सुशीलायै नमः, ईशानदले

तत्पश्चात् पूर्वादि दलों के अग्रभाग में वसुदेव आदि की पूजा करे । यथा -

ॐ वसुदेवाय नमः ॐ देवक्यै नमः, ॐ नन्दाय नमः,
ॐ यशोदायै नमः ॐ बलभद्राय नमः, ॐ सुभद्रायै नमः,
ॐ गोपेभ्यो नमः, ॐ गोपीभ्यो नमः

इत्थं सिद्धे मनौ मन्त्री साधयेत्स्वमनीषितम्।

फलपरत्वेन प्रयोगान्तरकथनम्

गुडूचीशकलैरग्नौ जुहुयाज्ज्वरशान्तये ॥ ६४ ॥
कृष्णं द्वेषं प्रकुर्वन्तं बलदेवस्य रुक्मिणः।
द्यूतासक्तस्य संचिन्त्य गोमयोद्भवगोलकान् ॥ ६५ ॥
जुहुयाद्द्वेषसिद्ध्यर्थं नरयोः सुहृदोर्मिथः।
पिचुमन्दफलोत्पन्नतैलाभ्यक्तैः समिद्वरैः ॥ ६६ ॥
अक्षजैर्जुहुयाद्रात्रावयुतं शत्रुशान्तये।
अयुतं प्रजपेन्मन्त्रमात्मानं संस्मरन्हरिम् ॥ ६७ ॥
मञ्चस्रस्तगतप्राणाकृष्टकंसं रिपुं सुधीः।
शत्रुजन्मर्क्षवृक्षोत्थसमिदि्भरयुतं निशि ॥ ६८ ॥
जुहुयादित्थमुग्रोऽपि सपत्नो निधनं व्रजेत्।
पलाशकुसुमैर्लक्षं विद्यासिद्ध्यै जुहोतु ना ॥ ६९ ॥
तण्डुलैः सितपुष्पाद्यैराज्याक्तैः प्रत्यहं नरः।
हुत्वा सप्तदिनान्ते तद्भस्मभाले च मूर्द्धनि ॥ ७० ॥

मंचात् स्रस्तो गतप्राण आकृष्टश्चासौ कंसश्च तथाभूतं रिपुं स्मरन्। रिपुजन्मनक्षत्रवृक्षसमिद्भिर्जुहुयात्। नक्षत्रवृक्षा उक्ताः ॥ ६८ ॥ * ॥ ६९–७० ॥ तच्च यौवतं युवतिसमूहः पुरुषान् वशयेत् ॥ ७१ ॥ * ॥ ७२–७४ ॥

फिर पूर्ववत् इन्द्रादि दिक्पालों की तथा उनके वज्रादि आयुधों की पूजा करनी चाहिए ॥ ६०-६३ ॥

इस प्रकार के अनुष्ठान से मन्त्र सिद्ध हो जाने पर साधक अपने सारे मनोरथों को पूर्ण करे ॥ ६४ ॥

काम्य प्रयोग - ज्वर से मुक्त होने के लिए गुडूची (गिलोय) के टुकड़ों से होम करे ॥ ६४ ॥

दो मित्रों में द्वेष कराने के लिए कृष्णद्वेषी तथा महाजुआरी रुक्म तथा बलभद्र का ध्यान कर गोबर के गोल गोल कण्डो से होम करना चाहिए ॥ ६५-६६ ॥

शत्रु को शान्त करने के लिए नीम के तेल में डुबोई बहेड़े की लकड़ी से रात्रि में १० हजार की संख्या में होम करना चाहिए ॥ ६६-६७ ॥

विद्वान् साधक स्वयं में कृष्ण की भावना कर तथा शत्रु में मञ्च से गिराये गये, चोटी पकड़कर खींचे जाते हुये गतप्राण कंस की भावना करते हुये इस मन्त्र का १० हजार की संख्या में जप करे तथा रात्रि में शत्रु के जन्मनक्षत्र के वृक्ष की समिधाओं से होम करना चाहिए। ऐसा करने से उग्रतम शत्रु भी मर जाता है ॥ ६८-६९ ॥

धारयन्वशयेत्सद्यो यौवतं तच्चपूरुषान् ।
पुष्पं वासोऽञ्जनं वापि ताम्बूलमथ चन्दनम् ॥ ७१ ॥
सहस्रं मनुनाजप्तं दद्याद्यस्मै नराय सः ।
वशमेत्यचिरादेव सपुत्रपाशुबान्धवः ॥ ७२ ॥
वृन्दावनस्थं गायन्तं गोपीभिः संस्मरन्हरिम् ।
अपामार्गसमिद्भिर्यो जुहुयाद्वशयेज्जगत् ॥ ७३ ॥
रासक्रीडागतं कृष्णं ध्यायन्योऽयुतमाजपेत् ।
षण्मासाद्वाञ्छितां कन्यामुद्वहेद् भक्तितत्परः ॥ ७४ ॥
जपेत्सहस्रं ध्यायन्ती या कदम्बस्थितं हरिम् ।
कन्यका वाञ्छितं नाथं मण्डलान्तर्लभेत सा ॥ ७५ ॥
पत्रैः फलैः समिद्भिर्वा बिल्वोत्थैर्मधुसंयुतैः ।
कमलैः शर्करायुक्तैर्होमाल्लक्ष्मीपतिर्भवेत् ॥ ७६ ॥
बहुना किमिहोक्तेन कृष्णाः सर्वार्थदो नृणाम् ।
अथ मन्त्रान्तरं वच्मि गोविन्दस्येष्टदं नृणाम् ॥ ७७ ॥

मण्डलम् एकोनपञ्चाशद् दिनानि तन्मध्ये वाञ्छितं प्रियं प्राप्नोति ॥ ७५ ॥ * ॥ ७६–७७ ॥

विद्या प्राप्ति हेतु पलाश के फूलों से एक लाख आहुतियाँ देनी चाहिए । राई मिश्रित चावल एवं श्वेत पुष्पादि द्वारा लगातार ७ दिन तक हवन कर उसका भस्म मस्तक में लगावे तो वह मनुष्य युवतियों के समूहों को तथा पुरुषों को अपने वश में कर लेता हैं ॥ ७०-७१ ॥

इस मन्त्र से एक हजार बार अभिमन्त्रित कर फूल, वस्त्र, अञ्जन, ताम्बूल या चन्दन जिस व्यक्ति को दिया जाय वह सपुत्र पशु एवं बान्धव सहित शीघ्र ही वशवर्ती हो जाता है ॥ ७१-७२ ॥

जो व्यक्ति वृन्दावन में गोपियों द्वारा गुणगान किए जाने वाले श्रीकृष्ण का स्मरण कर अपामार्ग की समिधाओं से हवन करता है वह सारे जगत् को अपने वश में कर लेता है ॥ ७३ ॥

जो व्यक्ति भक्ति में तत्पर हो रास लीला के मध्य में भगवान् श्रीकृष्ण का ध्यान कर उक्त मन्त्र का १० हजार जप करता है वह ६ महीनों के भीतर अपनी मन चाही कन्या से विवाह करता है ॥ ७४ ॥

जो कन्या कदम्ब वृक्ष पर बैठे श्रीकृष्ण का ध्यान कर प्रतिदिन एक हजार की संख्या में जप करती है वह ४९ दिन के भीतर मनोनुकूल पति प्राप्त करती है॥ ७५॥

मधु सहित विल्व वृक्ष का पत्र, फल या समिधाओं से अथवा शर्करा युक्त

द्वितीयगोपालाष्टवर्णमन्त्र तद्विधिपीठपूजाप्रकारकथनम्

कामो वियद्रेचिकाढ्यः पीतावामाक्षिसंयुता।
चक्रीझिण्टीशमारूढो बकोनन्तान्वितो मरुत्॥ ७८॥
हृदयान्तो मनुश्रेष्ठो वसुवर्णोऽखिलेष्टदः।
मुनिः सम्मोहनाद्योऽस्य नारदः परिकीर्तितः॥ ७९॥
गायत्रीछन्द इत्युक्तं देवस्त्रैलोक्यमोहनः।
कामबीजेन षड्दीर्घयुक्तेनाङ्गं समाचरेत्॥ ८०॥
कल्पानोकहमूलसंस्थितवयो राजोन्नतां सस्थितं
पौष्पं बाणमथेक्षुचापकमले पाशांकुशे बिभ्रतम्।
चक्रंशंखगदे करैरुदधिजा संश्लिष्टदेहं हरिं
नानाभूषणरक्तलेपकुसुमं पीताम्बरं संस्मरेत्॥ ८१॥

मन्त्रान्तरमाह – **काम** इति । कामः क्लीं । वियत् हः रेचिकाढ्यः ऋयुतः हृ । पीता षः वामाक्षिसंयुता ईयुता षी । चक्री कः झिंटीश ए तदारूढः के । वकः शः अनन्तान्वितः । आयुताः शाः । मरुत् यः॥ ७८॥ हृदयं नमः । यथा – क्लीं हृषीकेशाय नमः॥ ७९॥ षडङ्गमाह – **कामेति** । क्लां हृत् क्लीं शिर इत्यादि०॥ ८०॥ ध्यानमाह – **कल्पेति** । कल्पवृक्षमूलस्थित गरुडासन वाणपद्मांकुशशंखा दक्षेषुं ।अन्यान्यन्येषु॥ ८१॥

कमल पुष्पों का होम करने से व्यक्ति धनवान् हो जाता है, इस विषय में विशेष क्या कहें भगवान् गोपालकृष्ण का यह मन्त्र मनुष्यों की सारी कामनायें पूर्ण करता हैं॥ ७६-७७॥

अब मनुष्यों को अभीष्टफलदायक गोविन्द का एक और मन्त्र कहता हूँ -

गोविन्द मन्त्र का उद्धार - काम (क्लीं), रेचिका सहित वियत् (हृ), वामाक्षि (इ), संवृत पीता (षी), झिण्टीश सहित चक्री (के), अनन्त सहित बक (शा), मरुत् (य) तथा अन्त में हृदय 'नमः' लगाने से ८ अक्षर का सर्वाभीष्टप्रद मन्त्र निष्पन्न होता है ॥ ७७-७९ ॥

विमर्श - मन्त्र का स्वरूप इस प्रकार है - क्लीं हृषीकेशाय नमः ॥ ७७-७९ ॥

इस मन्त्र के संमोहन नारद ऋषि हैं, गायत्री छन्द है तथा त्रैलोक्यमोहन देवता हैं । षड्दीर्घ सहित काम बीज से षडङ्गन्यास करना चाहिए ॥ ७९-८० ॥

विमर्श - विनियोग - अस्य श्रीगोविन्दमन्त्रस्य त्रैलोक्यमोहनाख्य ऋषिर्गायत्री-छन्दः त्रैलोक्यमोहनो देवताऽऽत्मानोऽभीष्टसिद्ध्यर्थे जपे विनियोगः ।

षडङ्गन्यास - ॐ क्लां हृदयाय नमः, ॐ क्लीं शिरसे स्वाहा,
ॐ क्लूँ शिखायै वषट्, ॐ क्लैं कवचाय हुम्,
ॐ क्लौं नेत्रत्रयाय वौषट्, ॐ क्लः अस्त्राय फट् ॥ ७९-८० ॥

एवं ध्यात्वा जपेत्सूर्यलक्षं त्रिमधुरप्लुतैः ।
पलाशपुष्पैर्जुहुयात्तत्सहस्रं हुताशने ॥ ८२ ॥
तर्पयेत्सलिलैस्तावत्पीठे पूर्वोदिते यजेत् ।
पक्षिराजाय ठद्वन्द्वमनेन गरुडार्चनम् ॥ ८३ ॥
मुकुटं शिरसीष्ट्वाथ कर्णयोः कुण्डले यजेत् ।
करेषु चक्राद्यास्त्राणि श्रीवत्सं कौस्तुभं हृदि ॥ ८४ ॥
वनमालां गले श्रोणीदेशे पीताम्बरं श्रियम् ।
वामांगेभ्यर्च्य वह्न्यादिदिग्विदिक्ष्वंगपूजनम् ॥ ८५ ॥
दिक्षु प्रपूज्य चतुरो बाणान्कोणेषु पञ्चमम् ।
लक्ष्म्याद्याः शक्तयः पूज्याः शक्राद्या आयुधान्यपि ॥ ८६ ॥
लक्ष्मीः सरस्वती चापि रतिः प्रीतिश्चतुर्थिका ।
कीर्तिः कान्तिस्तुष्टिपुष्टी इतिलक्ष्म्यादयो मताः ॥ ८७ ॥

सूर्यलक्षं द्वादशलक्षम् ॥ ८२ ॥ ठद्वयं स्वाहा ॥ ८३ ॥ * ॥ ८४–८६ ॥

अब **त्रैलोक्यमोहन का ध्यान** कहते हैं - कल्पवृक्ष के नीचे गरुड़ के ऊंचे कन्धे पर विराजमान, अपने आठों हाथों में क्रमशः पुष्पबाण, इक्षुचाप, कमल, पाश, अंकुश, चक्र, शंख, और गदा धारण किए हुये, लक्ष्मी से आलिङ्गत शरीर वाले, अनेकानेक आभूषणों से विभूषित, रक्त चन्दन, पुष्प एवं पीताम्बरालंकृत श्री गोविन्दगोपाल का ध्यान करना चाहिए ॥ ८१ ॥

इस प्रकार ध्यान कर उक्त मन्त्र का १२ लाख जप करना चाहिए । तदनन्तर, मधु, घी, शर्करा मिश्रित पलाश पुष्पों से १२ हजार की संख्या में अग्नि में आहुतियाँ देनी चाहिए ॥ ८२ ॥

फिर जल से १२ हजार तर्पण करना चाहिए । पूर्वोक्त पीठ पर पक्षिराजाय स्वाहा मन्त्र से गरुड़ का पूजन करना चाहिए ॥ ८३ ॥

विमर्श - पूर्वोक्त विमलादि पीठ पर शक्तियों का पूजन कर 'पक्षिराजाय स्वाहा' इस पीठ मन्त्र से गरुड़ को स्थापित कर पूजन करे । फिर गरुड़ पर श्रीगोविन्द का आवाहनादि उपचारों से लेकर पुष्पाञ्जलि समर्पण पर्यन्त विधिवत् पूजन कर पुनः पुष्पाञ्जलि प्रदान कर उनसे आवरण पूजा की आज्ञा ले आवरण पूजा प्रारम्भ करे ॥ ८२-८३ ॥

शिर पर मुकुट का पूजन कर कानों में कुण्डलों का पूजन करना चाहिए । इसी प्रकार हाथों में चक्रादि अस्त्रों का हृदय में श्रीवत्स और कौस्तुभमणि का, गले में वनमाला का तथा कटि में पीताम्बर की पूजा करनी चाहिए ॥ ८४-८५ ॥

वायीं ओर महालक्ष्मी का पूजन कर आग्नेयादि कोणों में, मध्य में तथा दिशाओं में अङ्गपूजा करनी चाहिए । दिशाओं में चार वाणों की तथा कोणों में

विजयापुष्पसंयुक्तैर्जलैः संतर्पयेच्छतम् ।
प्रातः प्रत्यहमेतस्य वाञ्छितं मासतो भवेत् ॥ ८८ ॥

पञ्चम बाण का पूजन करना चाहिए । फिर लक्ष्मी, आदि शक्तियों का, इन्द्रादि दश दिक्पालों का तथा उनके वज्रादि आयुधों का पूजन करना चाहिए । १. लक्ष्मी, २. सरस्वती, ३. रति, ४. प्रीति, ५. कीर्ति, ६. कान्ति, ७. तुष्टि और ८. पुष्टि - ये आठ उनकी शक्तियाँ कही गई हैं॥ ८५-८७ ॥

विमर्श - आवरण पूजा के लिए वृत्ताकार कर्णिका अष्टदल एवं भूपुर सहित यन्त्र लिखकर पूर्वोक्त विमलादि शक्तियों से युक्त पीठ पर भगवान् के आसनभूत गरुड़ को 'पक्षिराजाय नमः' इस मन्त्र से आवाहन तथा पूजन कर, गोविन्द के मूल मन्त्र से श्रीगोविन्द के विग्रह की भावना कर पूजा करनी चाहिए । फिर उनके शिर आदि अङ्गों में स्थित मुकुटादि का इस प्रकार पूजन करे । यथा - ॐ मुकुटाय नमः, शिरसि, ॐ कुण्डलाभ्यां नमः, कर्णयोः, ॐ शंखाय नमः, ॐ चक्राय नमः, ॐ गदायै नमः, ॐ पद्माय नमः, ॐ पाशाय नमः, ॐ अंकुशाय नमः, ॐ इक्षुधनुषे नमः, ॐ पुष्पशरेभ्यो नमः, अष्टभुजासु । श्रीवत्साय नमः, कौस्तुभाय नमः, हृदि, वनमालायै नमः, कण्ठे, पीताम्बराय नमः, कटिप्रदेशे, श्रियै नमः, वामाङ्गे,

इसके पश्चात् आग्नेयादि कोणों में मध्य में तथा चतुर्दिक् में षडङ्गपूजा करे ।

क्लां हृदयाय नमः आग्नेये, क्लीं शिरसे स्वाहा नैर्ऋत्ये,
क्लूं शिखायै वषट् वायव्ये, क्लैं कवचाय हुम् ऐशान्ये,
क्लौं नेत्रत्रयाय वौषट् मध्ये, क्लः अस्त्राय फट् चतुर्दिक्षु,

तदनन्तर पूर्वादि चारों दिशाओं तथा कोणों में पञ्चवाणों की यथा -

द्रां शोषणबाणाय नमः, पूर्वे, द्रीं मोहनबाणाय नमः, दक्षिणे,
क्लीं सन्दीपनबाणाय नमः, पश्चिमे, ब्लूं तापनबाणाय नमः उत्तरे,
सः मादनबाणाय नमः, कोणेषु ।

फिर अष्टदल में पूर्वादि अनुलोम क्रम से लक्ष्मी आदि शक्तियों की यथा -

ॐ लक्ष्म्यै नमः पूर्वदले, ॐ सरस्वत्यै नमः आग्नेयदले,
ॐ रत्यै नमः दक्षिणदले, ॐ प्रीत्यै नमः नैर्ऋत्यदले,
ॐ कीर्त्यै नमः पश्चिमदले, ॐ कान्त्यै नमः वायव्यदले,
ॐ तुष्ट्यै नमः उत्तरदले, ॐ पुष्ट्यै नमः ऐशान्यदले,

इसके बाद भूपुर में इन्द्रादि दश दिक्पालों की तथा उसके बाहर उनके वज्रादि आयुधों की पूर्ववत् पूजा करनी चाहिए । इस प्रकार आवरण पूजा करने के पश्चात् पुनः त्रैलोक्यमोहन श्रीगोविन्द का धूप दीपादि उपचारों से पूजन करना चाहिए ॥ ८५-८७ ॥

अब इस मन्त्र से **काम्य प्रयोग** कहते हैं - साधक प्रतिदिन प्रातः काल में

अयुतं तु घृतेनाग्नौ हुत्वा सम्पातजं घृतम् ।
तावज्जप्तं प्रियाकान्तं भोजयेद्वशमेति सः ॥ ८६ ॥

स्त्रीवशीकारिगोपालमन्त्रकथनम्

कामबीजेऽपि विज्ञेयो परिचर्योक्तमन्त्रवत् ।
विशेषात्कामिनीवर्गमोहको मनुनायकः ॥ ६० ॥

गोपालद्वादशाक्षरमन्त्रकथनं तद्विधिश्च

रमाभवानीकन्दर्पः कृष्णायस्मृतिरो युता ।
विन्दायवह्निजायान्तो द्वादशार्णो मनुः स्मृतः ॥ ६१ ॥
मुनिर्ब्रह्मास्य गायत्रीछन्दः कृष्णोऽस्य देवता ।
धरैकचन्द्ररामाब्धिनेत्रार्णैरङ्गमीरितम् ॥ ६२ ॥

मन्त्रान्तरमाह – **कामेति** । क्लीमिति गोपालमनुः । **परिचर्येति** । तत्पूजोक्ताष्टार्णवदित्यर्थः । अयं स्त्रीवशीकारी ॥ ६० ॥ मन्त्रान्तरमाह - **रमेति** । रमा श्रीं । भवानी ह्रीं । कंदर्पः क्लीं स्मृतिर्गः ओयुता गो । यथा – श्रीं ह्रीं क्लीं कृष्णाय गोविन्दाय स्वाहेति ॥ ६१ ॥ षडङ्गमाह – **धरैकेति** । धरा एकः ॥ ६२ ॥ * ॥ ६३ ॥

विजयापुष्प मिश्रित जल से १०८ बार एक महीना पर्यन्त तर्पण करता है, उसे वाञ्छित फल की प्राप्ति होती है ॥ ८८ ॥

विधिवत् स्थापित अग्नि में इस मन्त्र द्वारा १० हजार आहुतियाँ देवे तथा हुत शेष घृत को प्रोक्षणी पात्र में छोड़ता रहे, पुनः उस संस्रव घृत को १० हजार बार इस मन्त्र से अभिमन्त्रित कर, पत्नी उस घृत को अपने पति को खिला दे, तो ऐसा करने से उसका पति वश में हो जाता है॥ ८६ ॥

'क्लीं' इस एकाक्षर मन्त्र के पूजन आदि की विधि उक्त मन्त्रों के समान है । यह मन्त्र विशेष रूप से स्त्री समुदाय को मोहित करने वाला है॥ ६० ॥

अब **द्वादशाक्षर गोपाल मन्त्र** कहते हैं - रमा (श्रीं), भवानी (ह्रीं), कन्दर्प (क्लीं), फिर 'कृष्णाय', इसके बाद ओ से युक्त स्मृति (गो), फिर 'विन्दाय' और अन्त में वह्निजाया (स्वाहा) लगाने से १२ अक्षरों का गोपाल मन्त्र बनता है ॥ ६१ ॥

विमर्श - इस **मन्त्र का स्वरूप** इस प्रकार है - श्रीं ह्रीं क्लीं कृष्णाय गोविन्दाय स्वाहा (१२) ॥ ६१ ॥

इस द्वादशाक्षर मन्त्र के ब्रह्मा ऋषि, गायत्रीच्छन्द तथा भगवान् श्रीकृष्ण देवता हैं । १, १, १, ३, ४, एवं २ वर्णो से षडङ्गन्यास करना चाहिए । इस मन्त्र की पुरश्चरणादि विधि पूर्ववत् हैं ॥ ६२-६३ ॥

विमर्श - **विनियोग** - अस्य द्वादशार्ण श्रीगोपालमन्त्रस्य ब्रह्माऋषिः गायत्रीछन्दः

उपासनास्य मन्त्रस्य पूर्ववत्परिकीर्त्तिता।
अथ वक्ष्ये षोडशार्णं मनुं लोकविमोहनम् ॥ ६३ ॥

अथ रुक्मिणिवल्लभ मन्त्रः

तारो हृद्भगवतेन्ते रुक्मिणीङेन्तवल्लभः।
द्विठान्तः षोडशार्णोऽयं नारदो मुनिरस्य तु ॥ ६४ ॥
छन्दोनुष्टुब्देवता तु रुक्मिणीवल्लभो हरिः।
एकद्वियुगसप्ताक्षिवर्णैः पञ्चाङ्गमीरितम् ॥ ६५ ॥
चिन्ताश्मयुक्तनिजदोः पिररब्धकान्त-
मालिङ्गितं सजलजेन करेण पत्न्या ।
सौवर्णवेत्रयुतहस्तमनेकभूषं
पीताम्बरं भजत कृष्णमभीष्टसिद्ध्यै ॥ ६६ ॥

मन्त्रान्तरमाह – **तार** इति । ॐ नमो भगवते रुक्मिणीवल्लभाय स्वाहेति ॥ ६४ ॥ पञ्चाङ्गमाह – **एकेति** ॥ ६५ ॥ ध्यानमाह – **चिन्तेति** । चिन्तामणियुतनिजहस्तेनालिंगिता कान्ता येन तम् । सपद्महस्तया पत्न्यालिंगितं । स्वर्णयष्टियुतदक्षकरम् ॥ ६६ ॥

श्रीकृष्णो देवताऽऽत्मनोभीष्टसिद्ध्यर्थे जपे विनियोगः ।

षडङ्गन्यास - श्री हृदयाय नमः, ह्रीं शिरसे स्वाहा
क्लीं शिखायै वषट्, कृष्णाय कवचाय हुम्,
गोविन्दाय नेत्रत्रयाय वौषट्, स्वाहा अस्त्राय फट्॥ ६२-६३ ॥

अब समस्त लोको को सम्मोहित करने वाले १६ अक्षरों के **रुक्मिणीवल्लभ मन्त्र** को कहता हूँ -

तार (ॐ), हृद् (नमः), फिर 'रुक्मिणी', उसके बाद चतुर्थ्यन्त 'वल्लभ' (वल्लभाय) और अन्त में ठद्वय (स्वाहा) लगाने से १६ अक्षरों वाला मन्त्र निष्पन्न होता है । इस मन्त्र के नारद ऋषि, अनुष्टुप् छन्द तथा रुक्मिणीवल्लभ देवता हैं । मन्त्र के १, २, ४, ७, और दो अक्षरों से पञ्चाङ्गन्यास करना चाहिए ॥ ६३-६५ ॥

विमर्श - मन्त्र का स्वरूप इस प्रकार है - ॐ नमो भगवते रुक्मिणीवल्लभाय स्वाहा ।

विनियोग - अस्य श्रीरुक्मिणीवल्लभमन्त्रस्य नारदऋषिरनुष्टुप्छन्दः रुक्मिणीवल्लभहरिदेवतात्मनोऽभीष्टसिद्ध्यर्थे जपे विनियोगः ।

पञ्चाङ्गन्यास - ॐ हृदयाय नमः, नमः शिरसे स्वाहा, भगवते शिखायै वषट्,
रुक्मिणीवल्लभाय कवचाय हुम्, स्वाहा अस्त्राय फट् ॥ ६३-६५ ॥

अब उक्त **षोडशाक्षर मन्त्र का ध्यान** कहते हैं - चिन्तामणि धारण किए

लक्षं जपेद् दशांशेन पद्मैर्होमं समाचरेत् ।
अङ्गैर्नारदवृत्रारिवज्राद्यैः पूजयेद्धरिम् ॥ ६७ ॥
नारदं पर्वतं विष्णुं निशठोद्धवदारुकान् ।
विष्वक्सेनं च शैनेयं दिक्ष्वग्रे विनतासुतम् ॥ ६८ ॥

अङ्गैर्नारदादिभिः । इन्द्रादिभिः वज्रादिभिः ॥ ६७ ॥ * ॥ ६८ ॥

हुये अपने हाथों से अपनी पत्नी रुक्मिणी देवी का आलिङ्गन करते हुये तथा अपने हाथ में कमल धारण की हुई अपनी पत्नी रुक्मिणी देवी से आलिंगित, अपने हाथ में सुर्वण निर्मित यष्टिका (छड़ी) लिए हुये अनेकानेक आभूषणों एवं पीताम्वर से शोभायमान भगवान् श्रीकृष्ण का स्वकीयाभीष्ट सिद्धि हेतु ध्यान करना चाहिए ॥ ६६ ॥

उक्त मन्त्र का एक लाख जप करना चाहिए तथा उसके दशांश की संख्या में कमलों से होम करना चाहिए । अङ्गो एवं नारदादि, इन्द्रादि तथा वज्रादि के साथ भगवान् का पूजन करना चाहिए । १. नारद, २. पर्वत, ३. विष्णु, ४. निशठ, ५. उद्धव, ६. दारुक, ७. विष्वक्सेन तथा ८. शैनेय का दिशाओं में तथा गरुड़ का अग्रभाग में पूजन करना चाहिए ॥ ६७-६८ ॥

विमर्श - आवरण पूजा विधि - साधक सर्वप्रथम १४. ६६ में वर्णित रुक्मिणीवल्लभ के स्वरूप का ध्यान करे, फिर मानसोपचार से उनका पूजन कर विधिवत् शंखपात्र में अर्घ्य स्थापित करे । फिर पूर्वोक्त मन्त्रों पर १४. ६ के विमर्श में कही गई रीति से पीठपूजा कर आवाहनादि उपचारों से पुनः भगवान् की विधिवत् पूजा कर, आवरण पूजा की अनुज्ञा लेकर आवरण पूजा प्रारम्भ करे । सर्वप्रथम केशर के आग्नेयादि कोणो में पञ्चाङ्ग पूजा करे । यथा -

ॐ हृदयाय नमः,　　ॐ नमः शिरसे स्वाहा,
ॐ भगवते शिखायै वषट्,　　ॐ रुक्मिणीवल्लभाय कवचाय हुम्,
ॐ स्वाहा अस्त्राय फट् ।

फिर अष्टदलों के पूर्वादि दिशाओं में नारदादि की यथा -

ॐ नारदाय नमः,　　ॐ पर्वताय नमः,　　ॐ विष्णवे नमः,
ॐ निशठाय नमः,　　ॐ उद्धवाय नमः,　　ॐ दारुकाय नमः,
फिर कुमारी, ब्राह्मण एवं स्त्रियों को भोजन कराकर वशीकरण की सिद्धि के लिए लाल पुष्प, अन्न तथा मांस की बलि देनी चाहिए ॥ २३-२४ ॥

बीजं सम्पुटनामेदं यन्त्रमुक्तं मनीषिभिः ।
दक्षिणोत्तरगं कुर्याद्रेखाद्वितयमुत्तमम् ॥ २६ ॥
तन्मध्ये विलिखेत्साध्यं तार पद्मालयापुटम् ।
रेखाग्रयोः स्थिते कोष्ठद्वये सर्गिणमन्तिमम् ॥ २७ ॥
रेखाद्वयापर्यधश्च कोष्ठानां त्रितयं लिखेत् ।
मध्यकोष्ठे ससर्ग क्षं श्रीं बीजं पार्श्वकोष्ठयोः ॥ २८ ॥
एतद्रोचनया भूर्जे लिखित्वा वह्निना दहेत् ।
शरावसम्पुटस्थं तत्ततो भस्मसमुद्धरेत् ॥ २९ ॥

तृतीयमाह – **दक्षिणोत्तरेति** । दक्षिणोत्तराय तं रेखाद्वयं कृत्वा मध्ये नाम विलिखेत् ॥ २६॥ तारपद्मालयापुटं प्रणवश्रीपुटितम् । ॐ श्रीं देवदत्तं श्रीं ॐ इति ॥ २७ ॥ रेखाद्वयोपर्यधश्च कोष्ठत्रये श्रीं क्षः श्रीमिति रेखाग्रकोष्ठयो–रन्तिमक्षं सर्गिणं विसर्गयुतं क्षः ॥ २८॥ शरावयोर्मध्ये दहेत् । अत्र श्रीर्देवता ॥ २९॥

राजा द्वारा सर्वस्व अपहरण की स्थिति में, अथवा उसके कारागार में डाले जाने की स्थिति में इस यन्त्र को भुजा में धारण कर साधक यदि राजा के पास जावे तो अत्यन्त क्रुद्ध भी राजा शान्त हो कर उसका आदर करता है । मनीषियों ने इस यन्त्र को **बीजसम्पुटयन्त्र** कहा है ॥ २४-२६ ॥

(iii) अब **स्वामी वशीकरण यन्त्र** कहते हैं –

दक्षिणोत्तर क्रम से दो रेखाओं को लिखकर उसके बीच में तार (ॐ), पद्मालया (श्रीं) से संपुटित साध्य व्यक्ति का नाम लिखे । रेखाओं के अग्रभाग के मिलने से बने दो कोष्ठों में विसर्ग सहित अन्तिम वर्ण (क्षः) लिखना चाहिए । फिर दोनों रेखाओं के ऊपर तथा नीचे ३, ३, कोष्ठक बनाकर मध्य के कोष्ठ में विसर्ग सहित क्ष (क्षः) तथा उसके पार्श्ववर्ती दोनो कोष्ठकों में श्री बीज (श्रीं) लिखना चाहिए ॥ २६-२८ ॥

स्वामीवशीकरणयन्त्रम्

इस यन्त्र को भोजपत्र पर गोरोचन से चमेली की कलम द्वारा लिख कर, दो सकोरों के मध्य स्थापित कर, अग्नि में जला देना चाहिए । इस प्रकार जलाये गये यन्त्र का भस्म दूध में मिलाकर पीने से स्वामी को निश्चित रूप से वह दूध साधक के वश में कर देता है । इसके देवता श्री हैं ॥ २९-३० ॥

दुग्धेन सह पीतं तत्स्वामिवश्यकरं परम् ।

चतुर्थस्तम्भनयन्त्रम्

दिक्षु मायाचतुष्काढ्यं साध्यं षट्कोणमध्यतः ॥ ३० ॥
कोणेषु कोणमध्येषु मायाबीजं समालिखेत् ।
रोचनाकुंकुमाभ्यां तु भूर्जपत्रे मनोहरे ॥ ३१ ॥
तच्छरावस्थितं पूज्यं जपेन्मायां तदग्रतः ।
शरावात्तत्समादाय बद्ध्वा मूर्द्धनि मानवः ॥ ३२ ॥
अग्नितोयादि दिव्येषु शुचिर्दाहादिवर्जितः ।
जयमाप्नोति तद्रात्रौ कर्ता तस्य प्रभावतः ॥ ३३ ॥
दिव्यस्तम्भनसंज्ञं च यन्त्रमुत्तममीरितम् ।

चतुर्थं दिव्यं स्तम्भनमाह – **दिक्ष्विति** ॥ ३० ॥ * ॥ ३१–३२ ॥ पापकर्तापि दिव्ययन्त्रधारणाज्जयति । गौरी देवता ॥ ३३ ॥ राजमोहनं पञ्चममाह – **मायेति** । अष्टदलं कृत्वा मध्ये ह्रीं सः ह्रीं देवदत्त सः ह्रीं इति विलिख्य दलेषु ह्रीं सः ह्रीं इति लिखेत् । उपरिभूपुरम् । गौरीदेवता ।

(iv) अब **दिव्यस्तम्भन यन्त्र** कहते हैं - षट्कोण के मध्य में साध्य नाम और उसके चारों ओर ४ माया बीजों (ह्रीं) को लिखना चाहिए । फिर कोणों के ६ कोणों में तथा उसके बीच में ६, ६ माया बीजों को लिखना चाहिए ॥ ३०-३१ ॥

दिव्यस्तम्भनाख्यं यन्त्रम्

यह यन्त्र मनोहर भोजपत्र पर, गोरोचन एवं कुंकुम से चमेली की कलम द्वारा लिख कर, उसे सकोरे में स्थापित कर, उसका विधिवत् पूजन करना चाहिए । फिर उसके आगे बैठकर, माया बीज (ह्रीं) का जप करना चाहिए । फिर सकोरे से उसे निकालकर साधक अपने सिर में बाँधे तो वह अग्नि, जल आदि में न जल सकता है और न डूब सकता है, उस रात में वह उस दिव्य यन्त्र के प्रभाव से चाहे पापी भी क्यों न हो सर्वत्र विजय प्राप्त करता है । यह **दिव्य स्तम्भन यन्त्र** कहा गया है । (इसके गौरी देवता हैं) ॥ ३१-३४ ॥

पञ्चमं राजमोहनयन्त्रम्

माया विसर्गिसार्णाभ्यां पुटितं नाममध्यतः ॥ ३४ ॥
दलेष्वष्टसु सर्गाढ्यौ सौमायापुटितौ लिखेत् ।
चतुरस्रेण तत्पद्मं वेष्टयेद् भूर्जपत्रके ॥ ३५ ॥
रोचनाकुंकुमाभ्यां तु लिखित्वा तच्छरावयोः ।
प्रक्षिप्य पूजयेत्सप्तरात्रं मायां जपेन्नरः ॥ ३६ ॥
राममोहननामेदं यन्त्रं नृपरुषं हरेत् ।

षष्ठं मृत्युञ्जययन्त्रम्

क्रुद्धाज्जिघांसोर्नृपतेरात्मरक्षा विधित्सया ॥ ३७ ॥

मृत्युञ्जयं षष्ठमाह – **क्रुद्धादिति** । सप्तरेखात्मक चतुष्कोणोऽमुकस्य मृत्युं वशयेति विलिख्योपरि द्वादशदले ऋॠऌॡरहितान् स्वरान् लयुतान् कृत्वा त्रिशूलाकितकोणेन चतुरस्रेण वेष्टयेत् । यन्त्रद्वयमध्ये इदं यन्त्रं संयोज्य कौ पृथिव्यां निखनेत् । मातृकादेवता ॥ ३४ ॥ * ॥ ३५–४२ ॥

(v) अब **राजमोहन यन्त्र** कहते हैं –

राजमोहनयन्त्रम्

अष्टदल के मध्य में मायाबीज (ह्रीं) तथा विसर्ग सहित स अर्थात् (सः) इन दो बीजाक्षरों से पुटित साध्य नाम लिखकर आठों दलों में माया से पुटित विसर्ग सहित दो स अर्थात् (ह्रीं सः सः ह्रीं) लिखना चाहिए । फिर भूपुर से इसे वेष्टित कर देना चाहिए ॥ ३४-३५ ॥

भोजपत्र पर गोरोचन एवं कुंकुम से उक्त यन्त्र लिखकर, दो सकोरों में रखकर, सात रात तक मायाबीज (ह्रीं) का जप करते हुये उसका पूजन करते रहना चाहिए ॥ ३५-३६ ॥

राजमोहन नामक यह यन्त्र धारण करने से राजा या मनुष्य की कठोरता को दूरकर उनको साधक के वश में कर देता है । (इसके गौरी देवता हैं) ॥ ३७ ॥

(vi) अब क्रुद्ध एवं हत्यारे राजा से आत्मरक्षार्थ **मृत्युञ्जय यन्त्र** कहता हूँ – सर्वप्रथम द्वादशदल युक्त कमल का निर्माण करे । उसके भीतर सात चतुर्भुज

वक्ष्ये मृत्युञ्जयं यन्त्रं पद्ममर्कदलं लिखेत् ।
कर्णिकायां चतुष्कोणे लिखेन्नामक्रियान्वितम् ॥ ३८ ॥
सप्तरेखात्मकं कार्यं तच्चतुष्कोणमुत्तमम् ।
ईशादि द्वादशदलेष्वक्लीबस्वरसंयुतान् ॥ ३९ ॥
कर्णान्विलिख्य तत्पद्मं चतुरस्रेण वेष्टयेत् ।
चतुरस्रस्य कोणेषु त्रिशूलानि समालिखेत् ॥ ४० ॥
भूर्जपत्रद्वये चैतद्यन्त्रं कृत्वा पृथक्पुनः ।
यन्त्रद्वयपुटं कृत्वा स्थापयेत्कावुदङ्मुखः ॥ ४१ ॥
तस्योपरिशिला न्यस्य तत्स्थितो मातृकां जपेत् ।
एवं कृते साधकः स्याद्वीतत्रासो यमादपि ॥ ४२ ॥
सर्वरोगसमूहाच्च किंपुना राजमण्डलात् ।

विवादे जयावहं सप्तममाह – **लिखेदिति** । गौरीदेवता ॥ ४३–४४ ॥

रेखाओं से आहत चतुष्कोण में क्रिया सहित साध्य नाम अर्थात् उसके आगे 'मृत्युं वशय' यह लिखना चाहिए । फिर उससे ऊपर द्वादश दल में ईशान कोण से लेकर (ऋ ॠ लृ लॄ) इत्यादि क्लीव स्वरों को छोड़कर अन्य स्वरों के साथ कर्ण (लकार अर्थात् ल ला लि ली इत्यादि बारह स्वर) लिख कर उस दल को भी चतुस्त्र से वेष्टित कर देना चाहिए तथा उस चतुरस्त्र के कोणों पर भी त्रिशूल निर्माण करना चाहिए ॥ ३७-४० ॥

मृत्युञ्जयाख्यं मृत्युदूरकरयन्त्रं

इस यन्त्र को दो भोजपत्रों पर पृथक् पृथक् चमेली की कलम से अष्टगन्ध द्वारा लिखकर, पुनः उन्हे आमने सामने से मिला कर उत्तराभिमुख हो पृथ्वी में गाड़ देना चाहिए ॥ ४१ ॥

उसके ऊपर शिला रख कर उस पर बैठ कर मातृका मन्त्र का जप करना चाहिए । (इस यन्त्र की मातृका देवता हैं) ॥ ४२ ॥

ऐसा करने से साधक मृत्यु के भय से तथा सभी प्रकार के रोगों के भय से भी मुक्त हो जाता है, फिर राजा के भय की बात तो दूर रही ॥ ४२-४३॥

जयावहसप्तमयन्त्रकथनम्

लिखेच्चतुर्दलं पद्मं साध्याख्यायुक्तकर्णिकम् ॥ ४३ ॥
रोचनाकुंकुमाभ्यां तु भूर्जे मायायुतच्छदम् ।
तद्यन्त्रं पयसि न्यस्य विवादं वादिना चरेत् ॥ ४४ ॥
जयमाप्नोति गदितं विवादविजयाभिधम् ।

धनिवश्यकराष्टमयन्त्रकथनम्

धनिके याचति द्रव्यं दानाशक्तऽधमर्णके ॥ ४५ ॥
धनिकस्य वशीकृत्यै यन्त्रं भूर्जदले लिखेत् ।
रोचनाकुंकुमाभ्यां तु षट्कोणं साध्यकर्णिकम् ॥ ४६ ॥
कोणाग्रे कोणमध्येषु कामान्द्वादशसंलिखेत् ।
तद्वृत्तेन च सम्वेष्ट्य माययावेष्टयेद् बहिः ॥ ४७ ॥

धनिकवश्यकरमष्टममाह – **धनिक** इति । भूर्जदले भूर्जपत्रे । गौरीदेवता ॥ ४५ ॥ * ॥ ४६–४६ ॥

(vii) अब **विवाद में विजयप्रद यन्त्र** कहते हैं -

भोजपत्र पर गोरोचन एवं कुंकुम द्वारा चार दल वाला पद्म लिख कर उसकी कर्णिका में साध्य व्यक्ति का नाम (जिससे विवाद हो) लिखना चाहिए । पद्म के चारों दलों पर मायाबीज (ह्रीं) लिखकर निष्पन्न उस यन्त्र को दूध में डालकर मुकदमें में वादी के साथ विवाद करना चाहिए ॥ ४३-४४ ॥

विवादजयकरं यन्त्रम्

इस यन्त्र के प्रभाव से साधक विवाद में वादी पर विजय प्राप्त कर लेता है । इसे **विवाद-विजयप्रद यन्त्र** कहते हैं । (इसके भी गौरी देवता हैं) ॥ ४५ ॥

(viii) अब **धनिकवशीकरण यन्त्र** कहते हैं - जो प्रथम ऋण लेकर अधमर्ण हो चुका है, ऐसे उपकृत धनी से माँगने पर धन न देने पर उसे वश में करने के लिये वक्ष्यमाण यन्त्र भोजपत्र पर लिखना चाहिए ॥ ४५-४६ ॥

गोरोचन एवं कुंकुम से भोजपत्र पर चमेली की कलम से षट्कोण लिखकर उसकी कर्णिका में साध्य व्यक्ति का नाम लिखना चाहिए । फिर षट्कोणों में तथा कोणों के मध्य में एक एक के क्रम से १२ कामबीजों (क्लीं) को लिखना

पुनर्वृत्तेन सम्वेष्ट्य पूजयेत्सप्त वासरान् ।
पठेत्सप्तशतीं नित्यमन्ते होमं शताधिकम् ॥ ४८ ॥
कृत्वा सम्भोजयेत्कन्यां धरेद्यन्त्रं गले स्वके ।
एवं धनीवशमितो न याचति ददात्यपि ॥ ४६ ॥

दुष्टमोहने नवयन्त्रकथनम्

दुष्टाराजसमीपस्थाः पैशुन्यं कुर्वते यदा ।
तदा यन्त्रं प्रकुर्वीत दुष्टमोहनसंज्ञकम् ॥ ५० ॥
लिखेदष्टदलं पद्मं भूर्जे चक्रीवतोसृजा ।
कर्णिकागत साध्याख्यं मायायुक्तककुब्दलम् ॥ ५१ ॥

दुष्टमोहनं नवममाह – **दुष्टा** इति ॥ ५० ॥ भूर्जे खररक्तेन साध्य-गर्भमष्टदल विलिख्य दिग्दलेषु मायां विदिग्दलेषु सः इति विलिख्य वृत्तद्वयेन संवेष्ट्य प्राणान् संस्थाप्य संपूज्य दुग्धे क्षिप्तं वश्यकरम् । गौरीदेवता ।

चाहिए । तदनन्तर उसे वृत्त से वेष्टित कर उस वृत्त को भी माया बीज (ह्रीं) से वेष्टित कर देना चाहिए॥ ४६-४७॥

धनीवश्यकरं यन्त्रम्

क्लीं क्लीं क्लीं क्लीं क्लीं क्लीं क्लीं क्लीं क्लीं क्लीं क्लीं क्लीं
देवदत्त
ह्रीं ह्रीं ह्रीं ह्रीं ह्रीं ह्रीं ह्रीं ह्रीं ह्रीं ह्रीं ह्रीं ह्रीं

फिर उन माया बीजों को भी वृत्त से वेष्टित कर ७ दिन तक उसका पूजन करते रहना चाहिए । प्रतिदिन सप्तशती का पाठ भी करते रहना चाहिए । अन्तिम दिन नवार्ण मन्त्र से १०८ आहुतियाँ देकर कन्याओं को भोजन कराना चाहिए ॥ ४८-४६ ॥

इस प्रकार बने यन्त्र को अपने गले में धारण करने से धनिक साधक के वशीभूत होकर बिना माँगे ही धन देता है और उसके वश में हो जाता है । (इसके भी गौरी देवता है) ॥ ४६ ॥

(ix) अब **दुष्ट मोहन यन्त्र** कहते हैं -

राजा के समीप रहने वाले दुष्ट कर्मचारी यदि पिशुनता (चुगुलखोरी) करें तो इस दुष्ट मोहन यन्त्र को बनाना चाहिए ॥ ५० ॥

भोजपत्र पर गर्दभ के खून से चमेली के कलम द्वारा अष्टदल कमल बनाकर उसकी कर्णिका में साध्य का नाम, फिर पूर्वादि चारों दिशाओं के दलों

सर्गान्तभृगुयुक्कोणं वृत्तद्वितयवेष्टितम् ।
कृतासुस्थापनं यन्त्रं सम्पूज्य पयसि क्षिपेत् ॥ ५२ ॥
एकविंशतिरात्रेण दुष्टाः स्युर्वशवर्तिनः ।

जयदं दशमयन्त्रकथनम्

चतुरस्रे विषानन्तगतं मायापुटं भृगुम् ॥ ५३ ॥
लिखित्वा तस्य कोणेषु ककुप्स्वपि दलाष्टकम् ।
रोहरोधस्तम्भक्षोभदिग्दलेषु क्रमाल्लिखेत् ॥ ५४ ॥
कोणेषु सर्गिचरमं भूर्जे रोचनयोत्तमे ।
शरावद्वयमध्यस्थं मध्ये साध्याभिधान्वितम् ॥ ५५ ॥
पूजयेद् गन्धपुष्पाद्यैर्दिक्पतिभ्यो बलि हरेत् ।
व्यवहारे विवादे च वशकृद्राजवेश्मनि ॥ ५६ ॥

जयदं दशममाह – **चतुरस्त्र** इति । विषं मः । अनन्तः अः । भृगुः सः । चतुर्दले ह्रीं स ह्रीं इति विलिख्य तदुपर्यष्टदलं कृत्वा दिक्पत्रेषु रोह रोधस्तम्भक्षोभ इतिवर्ण द्वन्द्वं विदिक्पत्रेषु 'क्षः' इति चरमः । गौरीदेवता ॥ ५१ ॥ * ॥ ५२–५६ ॥

में मायाबीज (ह्रीं) तथा कोणों के चारों दलों में सर्गान्तभृगु (सः) लिख कर उसे दो वृत्तों से वेष्टित कर देना चाहिए । फिर इस यन्त्र में प्राण प्रतिष्ठा कर विधिवत् (त्रैलोक्य मोहन गौरी मन्त्र) से पूजन कर उसे (काले पात्र में स्थित) दूध में छोड़ देना चाहिए । ऐसा करते रहने से २१ दिन के भीतर पिशुनकारी दुष्ट वश में हो जाता है ॥ ५१-५३ ॥

दुष्टमोहनाख्यं मोहनयन्त्रम्

(X) अब **विजयप्रद यन्त्र** का विधान करते हैं - गोरोचन से भोजपत्र पर चतुर्भुज के मध्य में विष (म) अनन्त (अ) सहित भृगु स् अर्थात् (स्मः) इसे माया से संपुटित कर (ह्रीं स्मः ह्रीं) लिखे, फिर चारों कोणों में 'ह्रीं सः ह्रीं' लिखकर उसके ऊपर अष्टदल बनाना चाहिए । उसके दिशाओं के दलों में क्रमशः रोहः, रोधः, स्तम्भः एवं क्षोभः लिखना चाहिए । फिर कोणों के दलों में सर्गी विसर्ग सहित चरम (क्ष) अर्थात् 'क्षः' लिखकर

यन्त्रमेतत्समाख्यातं जयदं मानवर्द्धनम्।

एकादशं गणेशयन्त्रकथनम्

यावज्जीवं वशीकर्तुं नरं यन्त्रं तथोच्यते ॥ ५७ ॥
अनामा सृग्गजमदरोचनालक्तकैर्लिखेत्।
भूर्जं जातीयलेखन्या चतुरस्त्रं मनोहरम् ॥ ५८ ॥
तत्राद्यपंक्तौ संलेख्य मायाबीजस्य सप्तकम्।
द्वितीयायां सृणिर्मायाकामौ नामगसम्पुटम् ॥ ५९ ॥

गणेशयन्त्रमेकादशमाह – **यावदिति** ॥ ५७ ॥ चतुरस्त्रं कृत्वा मध्ये पंक्तिचतुष्टयं कार्यम् । आद्यायां मायासप्तकम् । द्वितीयायां क्रों ह्रीं क्लीं गं देवदत्तं वशय गमिति । तृतीयायां क्रों ह्रीं क्रों ह्रीं क्लीं ह्रीं इति । चतुर्थ्यां मायाचतुष्कम् । चतुरस्त्राद्बहिर्दक्षिणदिशं हित्वा तिसृषु दिक्षु गंबीजस्य दशकं दशकं तदुपर्यपि चतुष्कोणम् । एतद्यन्त्रं कृष्णमृत्कृतगणेशोदरे न्यस्य तं सम्पूज्य देवदेवेति संप्रार्थ्य हस्तमात्रे गर्ते निखाय पूरयेदिति । गणपतिर्देवता ॥ ५८–६३ ॥

सर्वत्रजयदं यन्त्रम्

उसी भोजपत्र पर गोरोचन से चतुर्भुज मध्य में साध्य नाम लिखे। इसे दो सकोरों के मध्य में स्थापित कर गन्ध पुष्पादि उपचारों से पूजन करे। फिर दिक्पालों को (उनके मन्त्रों से) बलि देवे ॥ ५३-५६ ॥

यह विजयप्रद यन्त्र व्यवहार एवं विवाद में विजय देता है और राजद्वार पर मान-सम्मान बढ़ाता है ॥ ५७ ॥

विमर्श - विजयप्रद यन्त्र को भोजपत्र पर अनार की कलम से लिखना चाहिए । त्रैलोक्यमोहन गौरी मन्त्र से इसके पूजन का विधान कहा गया है ॥ ५३-५७ ॥

(xi) अब **गणेश यन्त्र** कहते हैं, जो जीवन भर मनुष्य को वश में करने वाला है -

भोजपत्र पर अनामिका का खून, गजमद, गोरोचन एवं आलता से, चमेली

तृतीयायां सृणिपुटा मायया सम्पुटः स्मरः ।
लेख्यं पंक्तौ चतुर्थ्यां तु मायाबीजचतुष्टयम् ॥ ६० ॥
चतुरस्राद् बहिर्दिक्षु दशबीजं गणेशितुः ।
विलेख्य दक्षिणां हित्वा कुर्याद् भूयोऽपि भूपुरम् ॥ ६१ ॥
एतद्यन्त्रं गणपतेरुदरान्तः प्रविन्यसेत् ।
विर्निर्मितस्य सुक्षेत्रादात्तया कृष्णया मृदा ॥ ६२ ॥
पञ्चोपचारैर्गणपं सम्पूज्यामुं मनुं पठेत् ।
देवदेव गणाध्यक्ष सुरासुर नमस्कृत ॥ ६३ ॥
देवदत्तं ममायत्तं यावज्जीवं कुरु प्रभो ।
हस्तमात्रे धरागर्ते तं विन्यस्य गणाधिपम् ।
सम्पूरयेन्मृदागर्तमेवं वश्यो भवेन्नरः ॥ ६४ ॥

यावज्जीववश्यकरं यन्त्रम्

की कलम से, चतुर्भुज बनाकर मध्य में प्रथम पंक्ति में सात माया बीज (ह्रीं) तथा द्वितीय पंक्ति में क्रमशः सृणि (क्रों), माया (ह्रीं), काम (क्लीं), एवं गं से संपुटित साध्य नाम लिखना चाहिए । फिर तृतीय पंक्ति में क्रों से संपुटित मायाबीज तथा माया बीज (ह्रीं) से संपुटित काम (क्लीं) लिख कर चतुर्थ पंक्ति में ४ माया बीज (ह्रीं) लिखना चाहिए । फिर चतुरस्त्र के बाहर दक्षिण दिशा में छोड़कर अन्य दिशाओं में १०-१० की संख्या में गणेश बीज (गं) लिखकर उस पर पुनः भुपूर बनाना चाहिए ॥ ५७-६१ ॥

तदनन्तर किसी पवित्र स्थान से लायी गई काली मिट्टी निर्मित गणेश प्रतिमा के पेट में इस यन्त्र को रखकर पञ्चोपचार से श्रीगणेश की 'गं गणपतये नमः' इस मन्त्र से पूजन कर वक्ष्यमाण मन्त्र पढ़ना चाहिए ॥ ६२ ॥

'देवदेव गणाध्यक्ष सुरासुर नमस्कृत । देवदत्त ममायत्तं यावज्जीवं कुरु प्रभो'' उक्त श्लोक में कहे गये देवदत्त के स्थान पर साध्य नाम उच्चारण करना चाहिए । फिर पृथ्वी में एक हाथ लम्बा चौड़ा गड्ढ़ा खोदकर उसमें गणेश

द्वादशं नृपवश्यकरयन्त्रकथनम्

पद्मं चतुर्दलं कृत्वा साध्याख्यं नेत्रकर्णिकम् ।
तारो नम इमान् वर्णांल्लिखेद्दलचतुष्टये ॥ ६५ ॥
अजिते इत्यपि लिखेद्दक्षिणोत्तरपत्रयोः ।
भूर्जे गोरोचनाचन्द्रकेसराऽगुरुभिः पुनः ॥ ६६ ॥
त्रिदिनं नियतो यन्त्रं सम्पूज्याह्नि चतुर्थके ।
एकं सम्भोज्य विप्रेन्द्रं यन्त्रं बाहौ विधारयेत् ॥ ६७ ॥
हेमादिसंस्थितं भूपो वशकृद्दर्शनादपि ।

भृत्यवशंकर–दुष्टवशंकरयन्त्रश्च

चतुर्दलान्तर्विलिखेद् भृत्यनामक्रियान्वितम् ॥ ६८ ॥

नृप वश्यकरं द्वादशमाह – **पद्ममिति** । चतुर्दले इयुतं नाम । ॐ नम इति प्रतिदलम् । अजिते इति दक्षिणोत्तरदलयोरधिकं लिखेत् । अजिता देवता ॥ ६५–६७ ॥ भृत्यवश्यकरं त्रयोदशमाह – **चतुर्दलान्तरिति** । क्रिया वशयेति तद्युतम् । गौरीदेवता ॥ ६८–६९ ॥

प्रतिमा स्थापित कर मिट्टी से उस गढ्ढ़े को भर देना चाहिए । ऐसा करने से साध्य साधक के वश में हो जाता है ॥ ६३-६४ ॥

(xii) **राजा को वश में करने का यन्त्र** - चार दल वाले कमल को लिखकर कर्णिका में इ तथा साध्य नाम लिखना चाहिए । फिर चारों पद्मदलों में पूर्व पश्चिम के दलों में 'ॐ नमः' लिखना चाहिए । शेष उत्तर और दक्षिण दलों में 'ॐ नमः' के बाद 'अजिते' इतना और अधिक लिखना चाहिए ॥ ६५-६६ ॥

नृपवश्यकरं यन्त्रम्

भोजपत्र पर गोरोचन, कपूर, केशर एवं अगर से उक्त यन्त्र लिखकर ३ दिन पर्यन्त (अजिता मन्त्र से) विधिवत् पूजन कर, चौथे दिन किसी श्रेष्ठ ब्राह्मण को भोजन कराने के बाद, इस यन्त्र को सुवर्ण निर्मित ताबीज में भर कर, अपनी भुजा पर धारण करना चाहिए । इस यन्त्र का ऐसा प्रभाव है कि राजा भी उस व्यक्ति को देखते ही वश में हो जाता है । (इसके अजिता देवता हैं) ॥ ६५-६८ ॥

दलेषु मायाबीजानि भूर्जे रोचनया सुधीः ।
दध्नि क्षिप्ते तद्यन्त्रे भृत्यआज्ञाकरो भवेत् ॥ ६६ ॥
चतुरस्रे लिखेत् साध्यनामर्णान्गिरिजायुतान् ।
भूर्जे रोचनाया मन्त्री दुष्टप्रभुवशीकृतौ ॥ ७० ॥
शत्रुप्रतिकृते यन्त्रं हृदये तत्प्रविन्यसेत् ।
कृता याराजिका पिष्टैः शत्रुपादरजोयुतैः ॥ ७१ ॥
प्रतिमां पूजयित्वा तां चुल्लीपार्श्वे निखानयेत् ।
अजासृग्युक्तभक्तेन कृष्णभूते बलिं हरेत् ॥ ७२ ॥

दुष्टवश्यकरं चतुर्दशमाह – **चतुरस्त्र** इति । मायाबीजगतान्नामार्णां-श्चतुरस्त्रे विलिख्य दुष्टपादरजोयुक्त राजिकापिष्टकृततत्प्रतिमायां हृदि न्यस्य तां चुल्लीं निखाय कृष्णचतुर्दश्यां महाकालायारुणपुष्पाज्येन युक्तमजाया रक्तयुक्तभक्तेन बलिं दद्यात् । उक्त फलसिद्धिः । गौरीदेवता ॥ ७०–७३ ॥

(xiii) अब **सेवक को वश में करने का यन्त्र** कहते हैं - चतुर्दल कमल के भीतर (कर्णिका), भृत्य नाम एवं क्रिया (वशय) लिखना चाहिए । तदनन्तर चारों दलों में माया बीज (ह्रीं) लिखना चाहिए । साधक गोरोचन से भोज पत्र पर लिखकर इस यन्त्र को दही में डाल देवे तो सेवक आज्ञाकारी हो जाता है । (इसके गौरी देवता हैं) ॥ ६८-६९ ॥

भृत्यवश्यकरं यन्त्रम्

(xiv) अब **दुष्टों को वश में करने वाला यन्त्र** कहते हैं- चतुरस्र के मध्य में माया बीज (ह्रीं) के भीतर (ह के बाद किन्तु ई के पहले) साध्य का नाम लिखना चाहिए । दुष्ट राजा को वश में करने के लिये भोजपत्र पर गोरोचन से चमेली की कलम द्वारा इस यन्त्र को लिखना चाहिए । उस दुष्ट व्यक्ति के पैर की धूलि में, राई का चूर्ण मिलाकर, उसकी प्रतिमा बनाकर, उस प्रतिमा के हृदय स्थान में उक्त यन्त्र को रखना चाहिए ॥ ७०-७१ ॥

दुष्टनृपवश्यकरं यन्त्रम्

फिर उस प्रतिमा का (त्रैलोक्य मोहन गौरी मन्त्र से) पूजन कर उसे चूल्हे के पास गाड़ देना

महाकालायदिक्पेभ्योऽरुणपुष्पाज्यसंयुतम् ।
एवं कृते भवेद्वश्यो नृपो दुष्टोऽपि तत्क्षणात् ॥ ७३ ॥

ललितायन्त्रकथनम्

दौर्भाग्यशमनं भर्तृवशकृद्यन्त्रमुच्यते ।
नारीणामीप्सितप्राप्तिकरं सौभाग्यवर्द्धनम् ॥ ७४ ॥
कुर्यादष्टदलं पद्मं चतुष्कोणाढ्यकर्णिकम् ।
चतुष्कोणे लिखेन्मायाबीजानां त्रितयं शुभम् ॥ ७५ ॥
ततः स्वनाथनामार्णान्मायाबीजत्रयं पुनः ।
दिक्पत्रे त्रिर्गिरिसुतां विदिक्पत्रेष्वथैकशः ॥ ७६ ॥

ललितायन्त्र पञ्चदशमाह – **दौर्भाग्येति** । शुक्लत्रयोदश्यां भूर्जे रोचनाकस्तूरीकुंकुमैश्चतुष्कोणगर्भमष्टदलं कृत्वा मायात्रयपुटित भर्तृ नमोन्तं विलिख्य दिक्पत्रेषु मायात्रयं कोणदले एकां कृत्वोत्तरदिग्वक्त्रो रात्रावर्चेत् । ललिता देवता ॥ ७४–७६ ॥

चाहिए । इसके बाद कृष्णपक्ष की चतुर्दशी तिथि को बकरी के खून से मिश्रित चरु से लाल पुष्प तथा घी से महाकाल एवं दिक्पालों को बलि देनी चाहिए । ऐसा करने से दुष्ट राजा सद्यः वशीभूत हो जाता है । (इसके गौरी देवता हैं)॥ ७२-७३ ॥

(XV) **दुर्भाग्यनाशक तथा पति को वश में करने वाला ललिता यन्त्र** – अब दुर्भाग्यनाशक पति को वश में करने वाला, स्त्रियों को अभिमत फलदायक एवं सौभाग्यवर्धक यन्त्र कहता हूँ ।

ललिताख्यपतिवश्यकरं यन्त्रम्

चतुर्भुज कर्णिका सहित अष्टदल कमल को लिखकर चतुर्भुज के मध्य में ३ मायाबीज (ह्रीं) लिखकर अपने पति का नाम लिखें, फिर ३ मायाबीजों को लिखे । दिशाओं के चारो दलों पर तीन-तीन मायाबीज तथा कोणों के दलों पर १-१ माया बीज लिखें । यह यन्त्र शुक्ल पक्ष की त्रयोदशी तिथि को भोजपत्र पर गोरोचन, कस्तूरी एवं कुंकुम से अनार की कलम द्वारा लिखना चाहिए ।

फिर रात्रि में ७ दिन पर्यन्त उत्तराभिमुख होकर ललिता मन्त्र से उसका पूजन करना चाहिए । इसके

भूर्जे सितत्रयोदश्यां रोचनानाभिकुंकुमैः ।
विलिख्योत्तरदिग्वक्त्रो निश्यर्चेत्सप्तवासरान् ॥ ७७ ॥
तदन्ते भोजयेत्सप्त पतिपुत्रान्विताः स्त्रियः ।
ललिताप्रीतये पश्चाद्यन्त्रं धातुगतं धृतम् ॥ ७८ ॥
रूपसौभाग्यसम्पत्तिकरं प्रियवशंवदम् ।
सम्प्रोक्तं ललितायन्त्रं कामिनीनामभीष्टदम् ॥ ७९ ॥
गोरोचनाकुंकुमाभ्यां भूर्जेऽष्टदलमालिखेत् ।
साकारपुटितं नामकर्णिकायां दलेऽद्रिजा ॥ ८० ॥
दिनद्वयं निशास्विष्ट्वा भोजयित्वाङ्गना त्रयम् ।
कण्ठे धृतं भर्तृवश्यकारकं यन्त्रमुत्तमम् ॥ ८१ ॥

सुन्दरीयन्त्रमाकर्षणयन्त्रं च

भृग्वाकाशविधिक्ष्माखवह्नीञ्छान्तीन्दुभूषितान् ।
लिखेदष्टारपद्मस्य कर्णिकायां दलेष्वपि ॥ ८२ ॥

षोडशमाह – **गोरोचनेति** । सा देवदत्त सा इति मध्ये । पत्रेषु ह्रीं । गौरी देवता ॥ ८०–८१ ॥ बीजयन्त्रं सप्तदशमाह – **भृग्वेति** । भृगुः सः ।

बाद ललिता की प्रसन्नता हेतु पति एवं पुत्रवती सात स्त्रियों को भी भोजन कराना चाहिए । तदनन्तर उक्त यन्त्र को सोने, चाँदी या ताँबे की ताबीज में डाल कर कण्ठ या भुजा में धारण करना चाहिए । इस यन्त्र के धारण करने से स्त्रियों को रूप, सौभाग्य एवं संपत्ति प्राप्त होती है तथा पति वशवर्ती हो जाता है । इस प्रकार का ललिता यन्त्र स्त्रियों को अभिलषित फल देने वाला कहा गया है ॥ ७४-७९ ॥

पतिवश्यकरं द्वितीयं यन्त्रम्

सा देवदत्त सा

(xvi) **पति को वश में करने वाला यन्त्र** - गोरोचन एवं कुंकुम से भोजपत्र पर चमेली की कलम से अष्टदल लिखना चाहिए । फिर उसकी कर्णिका में 'सा' से संपुटित पति का नाम तथा दलों पर माया बीज लिखना चाहिए ॥ ८० ॥

दो दिन तक निरन्तर रात्रि में माया बीज से इसका पूजनकर ३ स्त्रियों को भोजन करावे । इस प्रकार बने श्रेष्ठ यन्त्र को धारण करने से स्त्री का पति उसके वश में हो जाता है । (इसके गौरी देवता हैं) ॥ ८१ ॥

गोरोचना चन्दनाभ्यां भूर्जेऽभ्यर्चेद्दिनत्रयम्।
धृतं हेमगतं कण्ठे नार्या बाह्वोर्नरेण वा ॥ ८३ ॥
सौभाग्यदं बीजयन्त्रं प्रोक्तं दौर्भाग्यनाशनम्।
चतुर्दलं लिखेद् भूर्जे स्वासृग्युग्रक्तचन्दनैः ॥ ८४ ॥
कर्णिकायां साध्यनाम क्रोधबीजदलेष्वपि।
तद्यन्त्रं पूजयित्वाज्ये क्षिप्तमावृष्टिकृद्भवेत् ॥ ८५ ॥

आकाशो हः । विधिः कः । क्षमा लः । खं हः । वह्नी रः । एतान् शान्तीन्दुविभूषितान् ई बिन्दुयुतान् । तेन षट् कूट सीं हीं कीं लीं हीं रीं इति । सुन्दरी देवता ॥ ८२–८३ ॥ आकर्षणयन्त्रमष्टादशमाह – **चतुर्दल–** मिति । स्वरुधिरयुक्तरक्तचन्दनै क्रोधबीजं हुं । रुद्रो देवता ॥ ८४–८५ ॥

(xvii) **सौभाग्यप्रद एवं दुर्भाग्यनाशक बीजयन्त्र** - भृगु (स्), आकाश (ह्), विधि (क), क्षमा (ल्), ख (ह्) वह्नि (र्) इन वर्णो को शान्ति (ई) इन्दु अनुस्वार से युक्त करे (इस प्रकार निष्पन्न कूट 'सीं हीं कीं लीं हीं रीं' इन ६ वर्णो को अष्टदल की कार्णिका में तथा उसके प्रत्येक दलों पर भी लिखना चाहिए ॥ ८२ ॥

दुर्भाग्यनाशकबीजयन्त्रं

भोजपत्र पर गोरोचन एवं चन्दन से चमेली की कलम द्वारा यह यन्त्र लिखना चाहिए । तदनन्तर (सुन्दरी मन्त्र से) इस यन्त्र की तीन दिन पर्यन्त विधिवत् पूजा करनी चाहिए । फिर सोने की ताबीज में इसे डालकर स्त्री अपने कण्ठ में तथा पुरुष अपनी भुजा में धारण करे तो यह बीज यन्त्र सौभाग्य देता है और दुर्भाग्य का नाश करता है । (इस यन्त्र के सुन्दरी देवता हैं) ॥ ८२-८४ ॥

आकर्षणयन्त्रम्

(xviii) अब **आकर्षण के लिये यन्त्र** कहता हूँ -

अपने रक्त से मिश्रित लाल चन्दन से भोजपत्र पर चतुर्दल कमल का निर्माण करे । उसकी कर्णिका में साध्य का नाम लिखे तथा चारों दलों में क्रोध बीज (हुं) लिखे ॥ ८४-८५ ॥

त्रिपुरायन्त्रं मुखमुद्रणयन्त्रं च

षट्कोणे विलिखेन्नामवाङ्मनोभवमध्यतः ।
कोणेषु भृगुरौसर्गी भूर्जे रोचनयार्पितम् ॥ ८६ ॥
पूजितं त्रिपुरायन्त्रं घृतान्तर्विनिवेशितम् ।
इष्टस्याकर्षणं तेन भवेत्सप्ताह मध्यतः ॥ ८७ ॥
हरिद्रया लिखेदष्टदलं वह्न्यस्त्रकर्णिकम् ।
शिलायां मध्यतो नाम भूबीजं दलमध्यतः ॥ ८८ ॥
तदभ्यर्च्य पिधायाथ शिलया निखनेत्क्षितौ ।
वादे विवादे जायेत प्रतिवाद्यास्य मुद्रणम् ॥ ८९ ॥

त्रिपुरायन्त्रमेकोनविंशमाह – **षट्कोण** इति । वाक् ऐं । मनोभवः क्लीं । भृगुः सः औ सर्गी सौः । त्रिपुरा देवता ॥ ८६–८७ ॥ मुखमुद्रण–विंशमाह – **हरिद्रयेति** । हरिद्रया शिलायां त्रिकोणमध्यमष्टदलं कृत्वा त्रिकोणे नामनिर्माय दलेषु ग्लौं विलिख्य सम्पूज्य शिलान्तरेण पिधाय निखनेत् । उक्त फलसिद्धिः । भूमिर्देवता ॥ ८८ ॥ * ॥ ८९ ॥

फिर (दशाक्षर रुद्र मन्त्र से) उसकी पूजा कर उसे घी में डाल देवे तो यह साध्य को अवश्य आकृष्ट करता है (इसके रुद्र देवता हैं) ॥ ८४-८५ ॥

(xix) अब **आकर्षणकारक त्रिपुरा यन्त्र** कहते है - षट्कोण के भीतर वाग् बीज (ऐं) एवं कामबीज (क्लीं) के बीच में साध्य का नाम तथा षट्कोणों में औ एवं विसर्ग सहित भृगु (सौः) लिखना चाहिए ।

त्रिपुराख्यमाकर्षणयन्त्रम्

उक्त यन्त्र भोज पत्र पर गोरोचन से लिखकर, त्रिपुरा बाला अथवा त्रिपुरा भैरवी मन्त्र (द्र० ८. २-३) से इसका पूजन करने के बाद इसे घी में डाल देना चाहिए । ऐसा करने से एक सप्ताह के भीतर अभीष्ट व्यक्ति आकर्षित हो जाता है ॥ ८६-८७ ॥

(xx) अब **मुखमुद्रण यन्त्र** का विधान करते हैं -

शिला पर हल्दी से त्रिकोणगर्भित अष्टदल बनाना चाहिए । त्रिकोण के भीतर साध्य नाम तथा आठो दलों में भूबीज (ग्लौं) लिखना चाहिए ॥ ८८ ॥

एकविंशतितममग्निभयहरयन्त्रं

वृत्ते नाम समालिख्य क्रियाकर्मसमन्वितम्।
दिक्षु वृत्ताद् बहिर्लेख्यं वकाराणां चतुष्टयम्॥ ६०॥
वेष्टितं चतुरस्रेण यन्त्रमेतत्सुसाधितम्।
गोरोचना चन्दनाभ्यां भूर्जे लिखितमुत्तमम्॥ ६१॥
एतद्यन्त्रं वृतं लोहत्रयेण भुजया धृतम्।
निवर्तयेदग्निभयं सदनेऽपि च संस्थितौ॥ ६२॥

अग्निभयहरमेकविंशमाह – **वृत्त** इति । क्रियेति 'अमुकस्याग्निभयहर' इति॥ ६०–६१॥ भुजया बाहुना । मातृका देवता॥ ६२॥

मुखमुद्रणं यन्त्रम्

अग्निभयहरं यन्त्रम्

फिर भूबीज से उसका पूजन कर किसी दूसरी शिला से उसे ढँक कर भूमि में गाड़ देना चाहिए । ऐसा करने से वाद-विवाद में प्रतिवादी का मुख बन्द हो जाता है। (भूमि देवता हैं)॥ ८६॥

(xxi) अब **अग्निभयहरण यन्त्र** लिखने का विधान करते हैं -

वृत्त के भीतर नाम कर्म क्रिया (यथा देवदत्तस्य अग्निभयं हर) लिख कर वृत्त के बाहर चारों ओर चार 'वकार' लिखना चाहिए । फिर इस यन्त्र को चतुरस्त्र से वेष्टित कर देना चाहिए॥ ६०-६१॥

भोजपत्र पर गोरोचन एवं चन्दन से उक्त यन्त्र को लिख कर (मातृका मन्त्र से) पूजा कर त्रिलौह (सोने, चाँदी एवं ताँबे) से बने ताबीज में रखकर भुजा पर धारण करने से न केवल घर की प्रत्युत् अन्य स्थान में भी लगी अग्नि का भय दूर हो जाता है। (मातृका देवता हैं)॥ ६१-६२॥

(xxii) अब दो व्यक्तियों में परस्पर **विद्वेषण के हेतु यन्त्र** कहते हैं -

भोजपत्र पर शत्रु के खून से, कौवे

विद्वेषणयन्त्रकथनम्

माया पुटितमंकारं नामकर्मयुतं लिखेत् ।
चतुर्दलेऽब्जे लेखन्या वायसच्छदजातया ॥ ६३ ॥
दलेष्वपि तथा लेख्यं विरोधिक्षतजेन तत् ।
निशि संपूज्य तद्यन्त्रमोदनं विनिवेदयेत् ॥ ६४ ॥
अजारुधिरसंयुक्तं नारीमेकां च भोजयेत् ।
ततः श्मशाने शर्वस्य गेहे वा शून्यमन्दिरे ॥ ६५ ॥
निखातं तद्द्विषोर्द्वेषं जनयेदचिराद् ध्रुवम् ।
विद्वेषणमिदं यन्त्रमथो मारणमुच्यते ॥ ६६ ॥

मारणोच्चाटने यन्त्रे

लिखेदष्टदले पद्मे नामवर्मास्त्रसम्पुटम् ।

विद्वेषणं द्वाविंशमाह – **मायेति** । भूर्जे रिपुरुधिरेण काकपक्षलेखिन्या चतुर्दले 'ह्रीं अं ह्रीं' अमुकौ द्वेषयेति मध्ये दलेष्वपि विलिख्य रात्रौ संपूज्य मेषीरुधिरयुक्तमोदनं निवेद्यैकनारीं संभोज्य यन्त्रशम्भोः सद्मनि श्मशानादौ वा निखाते द्वेषसिद्धिः । गौरी देवता ॥ ६३–६६ ॥

के पंख की लेखनी बनाकर चतुर्दल लिखे । फिर उसके भीतर तथा चतुर्दलों में मायाबीज से सम्पुटित अकार अर्थात् (ह्रीं अं ह्रीं) लिखकर साध्य नाम तथा कर्म (अमुकौ विद्वेषय) लिखना चाहिए ।

विद्वेषकरं यन्त्रम्

फिर रात्रि में (मायाबीज) से इसका विधिवत् पृजन कर, बकरी के खून से मिश्रित भात का भोग लगाकर, एक स्त्री को भोजन कराना चाहिए । फिर श्मशान, निर्जन स्थान अथवा शिवालय में इसे गाड़ देवे तो निःसन्देह उन दोनो मित्र व्यक्तियों में शीघ्र ही परस्पर विद्वेष हो जाता है ॥ ६३-६६ ॥

(xxiii) यहाँ तक विद्वेषण की विधि कही गई । अब **मारण (और उच्चाटन) यन्त्र** कहता हूँ -

अष्टदल के भीतर वर्म और अस्त्र अर्थात् (हुं फट्) से संपुटित साध्य नाम लिखना चाहिए । फिर चारों दिशाओं के चारों दलों में वर्म (हुं) तथा कोणों के चारों दलों में अस्त्र (फट्) लिखना चाहिए । फिर अष्टदल को वृत्त

दिग्दलेष्वथ वर्मैव विदिग्दलगमस्त्रकम् ॥ ९७ ॥
वृत्तेन पद्मं सम्वेष्ट्य वर्मणा वेष्टयेच्च तत् ।
श्मशानाङ्गारमेषासृग्विषैः काकच्छदोत्थया ॥ ९८ ॥
लेखन्या लिखितं यन्त्रं कपालनरसम्भवे ।
सञ्छाद्य भस्मना तस्योपरि प्रज्वालयेद्वसुम् ॥ ९९ ॥
प्रत्यहं प्रदहेत्स्तोकं स्तोकं विंशद्दिनावधि ।
विंशेहन्यखिलं दग्धं शत्रोर्लोकान्तरप्रदम् ॥ १०० ॥
चतुर्दले लिखेन्नामदलगं सर्गिमारुतम् ।
उलूककाकरक्तेन भूर्जे भूतदिने निशि ॥ १०१ ॥

मारणं त्रयोविंशमाह – **लिखेदिति** । चिताङ्गारमेषरक्तविषैः काकपक्षलेखिन्या नरकपालेऽष्टदलान्तः हुं फट् देवदत्त फट् हुं इति विलिख्य दिग्दलेषु हुं कोणदलेषु फट् ततः पद्मं वृत्तेन तच्च वर्मणा वेष्ट्य सम्पूज्य भस्मनि प्रक्षिप्योपरि स्वल्पं स्वल्पमग्निं प्रत्यहं प्रज्वालयेद्यथादिन विंशत्या सर्वकपालस्य दाहः । एवमुक्तफलसिद्धिः । अस्त्रं देवता ॥ ९७–१०० ॥ उच्चाटनं चतुर्विंशमाह – **चतुर्दल** इति । मारुतो यः ॥ १०१ ॥ * ॥ १०२ ॥

से वेष्टित कर उसे वर्म (हुं) लिख कर वेष्टित कर देना चाहिए ॥ ९६-९८ ॥

मारणयन्त्रम्

यह यन्त्र कौवे के पंख की लेखनी से तथा चिता के अङ्गार, भेंड़ के खून एवं विष मिश्रित स्याही से नर-कपाल पर लिखना चाहिए । फिर अस्त्र बीज (हुं) से इसका पूजन कर कपाल को भस्म में रखकर उसके ऊपर अग्नि प्रज्वलित कर देनी चाहिए ; इस प्रकार २० दिन तक थोड़े-थोड़े इन्धन से उसे थोड़ा-थोड़ा जलाते रहना चाहिए । २० वें दिन उसे संपूर्ण जला देना चाहिए । ऐसा करने से शत्रु भी बीस दिन के भीतर मर जाता है ॥ ९८-१०० ॥

(xxiv) अब **उच्चाटन यन्त्र** का प्रकार कहते हैं -

कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी के दिन रात्रि में, साधक लाल वस्त्र पहन कर, मस्तक में लाल चन्दन लगाकर तथा गले में लाल पुष्पों की माला धारण कर,

रक्तवस्त्रधरो रक्तपुष्पमाल्यानुलेपनः ।
लिखित्वा पूजयेद्यन्त्रं रक्तैः पुष्पैश्च चन्दनैः ॥ १०२ ॥
कुमारीं भोजयेन्नित्यं दद्यात्तस्यै च दक्षिणाम् ।
एवं विंशतिघस्त्रान्तं विधाय चरमे दिने ॥ १०३ ॥
यन्त्रं तत्खण्डशः कृत्वा क्षिपेदुच्छिष्टओदने ।
दत्तं तस्मिन्वायसेभ्य उच्चाटो जायते रिपोः ॥ १०४ ॥

शान्तिकरं पञ्चविंशतितमं यन्त्रकथनम्

रोचनामृगकर्पूरकुंकुमैः शोभने दिने ।
भूर्जे प्रविलिखेद्यन्त्रं लेखन्या जातिजातया ॥ १०५ ॥
प्राक्प्रत्यग्दक्षिणोदक्च कुर्याद्रेखाष्टकं समम् ।
एवमेकोनपञ्चाशज्जायन्ते कोष्ठकास्ततः ॥ १०६ ॥

चरमेऽन्त्ये ॥ १०३ ॥ तस्मिन् यन्त्रखण्डयुक्तोच्छिष्टोदने काकेभ्यो दत्ते फलम् । वायुर्देवता ॥ १०४ ॥ शान्तिकरं पञ्चविंशमाह – **रोचनेति** । भूर्जे रोचनादिभिः पूर्वापराय तं दक्षिणोत्तराय तं च रेखाष्टकं कृत्वा तत्र बहिः कोष्ठपंक्तिष्वीशानादिष्वकारादिजकारान्तांस्तदन्तः पंक्तिषु सकारादि–भकारान्तान् । तदन्तः पंक्तिषु मकारादिसकारान्तान् मध्ये हं विलिख्य

भोजपत्र पर उल्लू और कौवे के पंख के खून से चतुर्दल पद्म के भीतर साध्य नाम तथा चारों दलों में विसर्ग सहित मारुत (यः) लिखे ॥ १०१-१०२ ॥

उच्चाटनकरं यन्त्रम्

इस यन्त्र को बना कर लाल चन्दन और लाल फूलों से (वायुबीज यं से) प्रतिदिन उसका पूजन करे और प्रतिदिन एक-एक कुमारी को भोजन करा कर उसे दक्षिणा भी देता रहे । इस प्रकार निरन्तर २० दिन पर्यन्त पूजन तथा कुमारी को भोजन करा कर, अन्तिम दिन उस यन्त्र के टुकड़े-टुकड़े कर, जूठे भात में मिलाकर कौओं को खिला दे तो शत्रु का उच्चाटन हो जाता है ॥ १०२-१०४ ॥

(XXV) अब **शान्तिकारक यन्त्र** कहते हैं -

किसी शुभ मुहूर्त में गोरोचन, कस्तूरी, कपूर और कुंकुम से चमेली की कलम से भोजपत्र पर यह यन्त्र इस प्रकार लिखे - पूर्व से पश्चिम तथा दक्षिण से उत्तर ८, ८, रेखाएं बनानी चाहिए । ऐसा करने से ४६

दिग्गतान्तिम पंक्तिस्थांश्चतुर्विंशतिवर्णकान् ।
अकारादि जकारान्तांल्लिखेच्चन्द्रसमन्वितान् ॥ १०७ ॥
तदन्तर्गत पंक्तिस्थाञ्झादिभान्तांश्च षोडश ।
तदन्तःस्थान्मादि सान्तान् हकारं शिष्टकोष्ठके ॥ १०८ ॥
रेखाग्रेषु त्रिशूलानि कुर्वीत रदसंख्यया ।
उपर्यधस्त्रिशूलान्तर्ह्रल्लेखासप्तकं लिखेत् ॥ १०९ ॥
एवं विलिख्य तद्यन्त्रं पूजयेद्दिवसत्रयम् ।
चण्डीपाठकरो विप्रभोजको भूमिशायकः ॥ ११० ॥
ततो लोहत्रयाविष्टं धारयेद्दोष्णि वा गले ।
उपसर्गाः कलिः कृत्याः शमं यान्ति विधारणात् ॥ १११ ॥

रेखाग्राणि संवर्ध्य त्रिशूलकाराणि यन्त्रपूर्वभाग पश्चिमत्रिशूलमध्यभागेषु सप्तसु ह्रींसप्तकं कृत्वोक्तविधिना पूजितं दोष्णि बाहौ धृतमुक्तफलदम् । मातृका देवता ॥ १०५ ॥ * ॥ १०६–१११ ॥

कोष्ठक बनते हैं । फिर ईशान कोण से आरम्भ कर पुनः ईशान पर्यन्त कोष्ठकों में अकार से ले कर जकार पर्यन्त सानुस्वार चौबीस वर्णों को लिखना चाहिए ॥ १०५-१०७ ॥

शान्तिकरं यन्त्रम्

ह्रीं	ह्रीं	ह्रीं	ह्रीं	ह्रीं	ह्रीं	ह्रीं
अं	आं	इं	ईं	उं	ऊं	ऋं
जं	झं	ञं	टं	ठं	डं	ॠं
छं	भं	मं	यं	रं	ढं	ॡं
चं	बं	सं	हं	लं	णं	ऌं
ङं	फं	षं	शं	वं	तं	एं
घं	पं	नं	धं	दं	थं	ऐं
गं	खं	कं	अः	अं	औं	ओं
ह्रीं	ह्रीं	ह्रीं	ह्रीं	ह्रीं	ह्रीं	ह्रीं

फिर उसके नीचे वाली पंक्तियों के कोष्ठकों में अनुस्वार सहित झकार से भकार पर्यन्त १६ वर्णों को लिखे तथा उससे नीचे की पंक्तियो के कोष्ठकों में अनुस्वार सहित मकार से सकार पर्यन्त ८ वर्णों को लिखना चाहिए । तदनन्तर शेष मध्य कोष्टक में सानुस्वार हकार वर्ण लिखना चाहिए । पुनः रेखाओं के अग्रभाग में ३२ त्रिशूल बनाने चाहिए । फिर पूर्व और पश्चिम दिशा के त्रिशूलों में सात-सात मायाबीज (ह्रीं) लिखना चाहिए ॥ १०८-१०९ ॥

इस प्रकार यन्त्र का निर्माण कर साधक तीन दिन पर्यन्त चण्डीपाठ और ब्राह्मण भोजन कराते हुये भूमि पर शयन करे तथा प्रतिदिन उक्त यन्त्र का पूजन करता रहे । फिर लौहत्रय (सोना, चाँदी या ताँबे) से बने ताबीज में इस यन्त्र को रखकर भुजा या गले में धारण करे तो सभी प्रकार के उपद्रव, क्लेश एवं परकृत अभिचार, कृत्या आदि शान्त हो जाते हैं । (इसके मातृका देवता हैं) ॥ १०५-१११ ॥

शाकिनीनिवर्तकयन्त्रम्

पूर्वोक्तविधिना कुर्यात् पद्मष्टदलान्वितम् ।
मध्ये नाम्नायुतं सर्गी भृगुणाष्टदलेष्वपि ॥ ११२ ॥
पूर्ववत्पूजितं चैतत् बद्धं कण्ठे भुजे शिशोः ।
शाकिनीभूतवेताल ग्रहान् सद्यो निवर्तयेत् ॥ ११३ ॥

ज्वरहरं सप्तविंशं यन्त्रम्

धत्तूररसतो लेख्यं पितृकान्तारवाससि ।
कृष्णे वसुतिथौ भूते पुटितं भूपुरद्वयम् ॥ ११४ ॥

शाकिनीनिवर्तकं षडविंशमाह – **पूर्वोक्तेति** । पूर्वोक्तविधिना रोचनादिभिर्भूर्जे जातीलेखिन्या भृगुणा सकारेण ॥ ११२॥ **पूर्ववदिति** । दिनत्रयं चण्डीपाठादिना । मातृका देवता॥ ११३॥ ज्वरहरं सप्तविंशतिमाह – **धत्तूरेति** । कृष्णाष्टम्यां कृष्णचतुर्दश्यां वा श्मशानवस्त्रे धत्तूररसेन परस्परव्यतिभिन्नं चतुष्कोणद्वयं कृत्वाऽष्टसु कोणेषु तन्मध्येष्वपि रमिति विलिख्य मध्ये रंवेष्टितं नाम कृत्वा पूजितं श्मशाने निखातं ज्वरहरम् । अग्निर्देवता ॥ ११४ ॥

(xxvi) अब **शाकिनीनिवर्तक यन्त्र** के निर्माण का प्रकार कहते हैं -

अष्टदल पद्म के भीतर साध्य नाम जिस पर शाकिनी का उपद्रव हो तथा दलों पर विसर्ग युक्त सकार (सः) पूर्वोक्त विधि से भोजपत्र पर गोरोचन, कस्तूरी, कपूर, केशर और चन्दन से चमेली की कलम द्वारा लिखना चाहिए ॥ ११२ ॥

शाकिनीनिवर्तकं यन्त्रम्

फिर पूर्वोक्त विधि से चण्डीपाठ, ब्राह्मण भोजन तथा भूमि पर शयन करते हुये विधिवत् यन्त्र का पूजन करते रहना चाहिए । तीन दिन पर्यन्त इस विधि का संपादन करे । फिर शिशु के गले में अथवा उसकी भुजा में उक्त यन्त्र को बाँधना चाहिए । इस यन्त्र के प्रभाव से शाकिनी, भूत, वेताल और बालग्रहादि सारी बाधायें दूर हो जाती हैं ॥ ११३ ॥

(xxvii) अब **ज्वरनिवर्तक यन्त्र** कहते हैं -

कृष्णपक्ष की अष्टमी वा चतुर्दशी तिथि में श्मशान के वस्त्र पर धतूरे के

कोणान्तराले कोणेषु रेफषोडशकं लिखेत्।
दिक्षु रेफचतुष्कोणयुतं नामापि मध्यतः॥ ११५॥
पूजितं तत्पितृवने निखातं ज्वरशान्तिकृत्।

सर्पभयहरमष्टाविंशतितमं यन्त्रम्

भूर्जे सुगन्धैर्विलिखेत् पद्ममष्टदलान्वितम्॥ ११६॥
नामान्वितं कर्णिकायां दलेष्वजययायुतम्।
पूजितं विधृतं बाहौ सर्पभीतिनिवारकम्॥ ११७॥

सर्पभयहरमष्टाविंशमाह – **भूर्ज** इति । रोचनादिना भूर्जेष्टदलं कृत्वा मध्ये नामदलेषु हंस इति लिखेत् । हंसो देवता ॥ ११५–११७ ॥

ज्वरनिवर्तकयन्त्रम्

रस से परस्पर विरुद्ध दिशा में दो चतुर्भुज लिख कर उनके आठ कोणों में तथा चारों दिशा के कोणों एवं उसके दोनो ओर कुल सोलह 'रं' लिख कर, मध्य में रं वेष्टित साध्य नाम लिखे । तदनन्तर (अग्नि बीज से) उसका पूजन कर श्मशान में उसे गाड़ देवे तो ज्वर शान्त हो जाता है । (इसके अग्नि देवता हैं) ॥ ११४-११५ ॥

(xxviii) अब **सर्पभयनाशक यन्त्र** का विधान करते हैं -

सर्पभयहरं यन्त्रम्

भोजपत्र पर गोरोचन आदि सुगन्धित अष्टगन्ध से अष्टदल लिखना चाहिए । उसके मध्य में साध्य का नाम तथा दलों पर अजपा मन्त्र (हंसः) लिखना चाहिए ॥ ११६-११७ ॥

फिर (अजपा मन्त्र से) इसका विधिवत् पूजन कर भुजा पर धारण करे तों यह यन्त्र सर्प से होने वाली बाधा को दूर कर देता है। (इसके हंस देवता हैं) ॥ ११६-११७॥

(xxix) अब **बन्दीमोचन यन्त्र** कहते हैं - गोरोचन, चन्दन, कपूर एवं केशर से षोडशदल कमल लिखकर दलों में सोलह स्वरों को तथा कर्णिका में मायाबीज (ह्रीं) लिखे । फिर उसके ऊपर

बन्धमोक्षकृदेकोनत्रिंशं यन्त्रम्

रोचनाहिमकर्पूरकुंकुमैः पद्ममालिखेत् ।
षोडशारं स्वरैर्युक्तं दलं मायाद्यकर्णिकम् ॥ ११८ ॥
तस्योपरिष्टाद् द्वात्रिंशद्दलं व्यञ्जनयुग्दलम् ।
पद्मं दिग्विदिशाहक्षयुक्तं क्ष्मापुरवेष्टितम् ॥ ११९ ॥
एतद्यन्त्रं कांस्यपत्रे लिखितं सप्तवासरान् ।
पूजितं भूर्जलिखितं धृतं वा बद्धमोक्षकृत् ॥ १२० ॥

सिद्धयन्त्रेषु मातृकादीनां पूजाविधिः

पूर्वोक्ताखिलयन्त्राणां सिद्धिकामेन मन्त्रिणा ।
उपास्या मातृकादेवी यद्वा भूतलिपिः परा ॥ १२१ ॥

बन्धमोक्षकृतमेकोनत्रिंशमाह – **रोचनेति** । हिमचन्दनम् । कांस्यपात्रे रोचनादिना षोडशदले मायाम् । दलेषु स्वरान् विलिख्य तदुपरि ककारादि सकारान्तार्णयुक्तं द्वात्रिंशद्दलं तदुपरि कोणेषु ह क्षयुतं चतुष्कोणं कृत्वा सप्ताहपूजितं बन्धहरम् ॥ ११८–१२० ॥ उक्तं यन्त्राणां सिद्धये मातृका भूतलिपिभैरवाणामन्यतम उपास्यः । तत्र द्वे उक्ते ॥ १२१ ॥

बन्धमोक्षकरं यन्त्रम्

बत्तिस दलों का पद्म बनाकर ककार से सकार पर्यन्त ३२ व्यञ्जन वर्णों को लिखना चाहिए । फिर इस पद्म के चारों ओर बने भूपुर के भीतर चारों दिशाओं में क्रमशः ह और चारों कोणों में क्ष लिखना चाहिए ।

इस यन्त्र को काँसे की थाली पर लिखना चाहिए तथा (मातृका मन्त्र) से ७ दिन पर्यन्त पूजन करे अथवा भोजपत्र पर लिखकर भुजा पर धारण करे तो बन्दी कारागार आदि बन्धन से शीघ्र मुक्त हो जाता है ॥ ११८-१२० ॥

अब **यन्त्रसिद्धि की उपासना विधि** कहते है -

पूर्वोक्त समस्त यन्त्रों की सिद्धि चाहने वाले साधकों को मातृका देवी या भूत लिपि की उपासना करनी चाहिए । (द्र० २०. १५) अथवा यन्त्र लिखते

यद्वोपास्ये लेखकाले स्वर्णाकर्षणभैरवः ।

स्वर्णाकर्षणभैरवमन्त्रः

प्रणवो वाग्भवं कामशक्ती दीर्घत्रयान्विते ॥ १२२ ॥
सर्गी भृगुर्भया सेन्दुरापदुद्धारणाय च ।
अजामलान्ते बद्धाय ङेन्तो लोकेश्वरस्तथा ॥ १२३ ॥
स्वर्णाकर्षणभैरान्ते दीर्घो बालः प्रभञ्जनः ।
मम दारिद्र्य विद्वेषणायान्ते प्रणवो रमा ॥ १२४ ॥
ङेन्तो महाभैरवान्ते हृदयं कीर्तितो मनुः ।
अष्टपञ्चाशदर्णाद्यो मुनिरस्य चतुर्मुखः ॥ १२५ ॥
पंक्तिश्छन्दो देवतोक्ता स्वर्णाकर्षणभैरवः ।
नन्दाष्टार्कनवाशादिग्वर्णैरङ्गमनोः स्मृतम् ॥ १२६ ॥

भैरवमाह – **प्रणव** इति ॥ १२२ ॥ भृगुः सः भया वः ॥ १२३ ॥ दीर्घो बालः वा प्रभञ्जनो यः । रमा श्रीः ॥ १२४ ॥ हृदयं नमः । मन्त्रो यथा – ॐ ऐ क्लां क्लीं क्लूं ह्रां ह्रीं ह्रूं सः वं आपदुद्धारणाय अजामलबद्धाय लोकेश्वराय स्वर्णाकर्षणभैरवाय मम दारिद्र्य विद्वेषणाय ॐ श्रीं महाभैरवाय नम इति ॥ १२५ ॥ षडङ्गमाह – **नन्देति** । नन्दा नव । आशा दश ॥ १२६ ॥

समय स्वर्णाकर्षण भैरव की उपासना करनी चाहिए ॥ १२१-१२२ ॥

अब प्रकरण प्राप्त **स्वर्णाकर्षण भैरव मन्त्र का उद्धार** कहते हैं -

प्रणव (ॐ), वाग्भव (ऐ), फिर दीर्घत्रय सहित कामबीज (क्लां क्लीं क्लूं), तथा दीर्घत्रय सहित शक्तिबीज (ह्रां ह्रीं ह्रूं), फिर सर्गी विसर्ग सहित भृगु (सः), इन्दु सहित भया (वं), फिर 'आपदुद्धारणाय', 'अजामल', 'बद्धाय', फिर चतुर्थ्यन्त लोकेश्वर (लोकेश्वराय), 'स्वर्णाकर्षणभैर', फिर दीर्घबाल (वा), फिर प्रभञ्जन (य), फिर 'मम दारिद्र्य विद्वेषणाय' के बाद प्रणव (ॐ), रमा (श्रीं), फिर चतुर्थ्यन्त महाभैरव (महाभैरवाय) और अन्त में हृदय (नमः) जोड़ने से ५८ अक्षरों का स्वर्णाकर्षण भैरव मन्त्र निष्पन्न होता है ॥ १२२-१२५ ॥

विमर्श - मन्त्र का स्वरूप - ॐ ऐं क्लां क्लीं क्लूं ह्रां ह्रीं ह्रूं सः वं आपदुद्धारणाय अजामलबद्धाय लोकेश्वराय स्वर्णाकर्षणभैरवाय मम दारिद्र्यविद्वेषणाय ॐ श्रीं महाभैरवाय नमः (५८) ॥ १२२-१२५ ॥

विनियोग एवं न्यास - इस मन्त्र के ब्रह्मा ऋषि हैं, पंक्ति छन्द है तथा स्वर्णाकर्षण भैरव देवता हैं । मन्त्र के क्रमशः ६, ८, १२, ६, १०, और १० वर्णों से षडङ्गन्यास कहा गया है अथवा षड्दीर्घ सहित कामबीज (क्लीं) और

अथवा कामशक्तिभ्यां दीर्घाढ्याभ्यां षडङ्गकम् ।
पारिजातद्रुकान्तारे स्थिते माणिक्यमण्डपे ।
सिंहासनगतं ध्यायेद् भैरवं स्वर्णदायिनम् ॥ १२७ ॥
गाङ्गेयपात्रं डमरुं त्रिशूलं
वरं करैः संदधतं त्रिनेत्रम् ।
देव्यायुतं तप्तसुवर्णवर्णं
स्वर्णाकृषं भैरवमाश्रयामः ॥ १२८ ॥
लक्षं जपेद्दशांशेन पायसैर्जुहुयात्सुधीः ।
शैवे पीठे यजेद्देवमङ्गदिक्पालहेतिभिः ॥ १२६ ॥

अथवेति । क्लां ह्रां हृत् क्लीं ह्रीं शिर इत्यादि । ध्यानमाह – **पारिजातेति**। पारिजातवनमध्यगतमाणिक्यमण्डपे हेमासनगतं ध्यायेत् । गाङ्गेयपात्रं हेमभाजनं वरं च दक्षयोः । त्रिशूलडमरुवामयोः ॥ १२७–१२८ ॥ हेतयो वज्राद्याः ॥ १२६ ॥

शक्ति बीज (ह्रीं) से षडङ्गन्यास करना चाहिए ॥ १२५-१२७ ॥

विनियोग - अस्य श्रीस्वर्णाकर्षणभैरवमन्त्रस्य ब्रह्माऋषिः पंक्तिच्छन्दः स्वर्णाकर्षणभैरवो देवताऽभीष्टसिद्ध्यर्थे जपे विनियोगः ।

षडङ्गन्यास - ॐ ऐं क्लां क्लीं क्लूं ह्रां ह्रीं ह्रूं सः हृदयाय नमः, वं आपदुद्धारणाय शिरसे स्वाहा, अजामलवद्धाय लोकेश्वराय शिखायै वषट्, स्वर्णाकर्षण भैरवाय कवचाय हुम्, मम दारिद्र्यविद्वेषणाय नेत्रत्रयाय वौषट्, ॐ श्रीं महाभैरवाय नमः अस्त्राय फट्,

षडङ्गन्यास की दूसरी विधि - क्लां ह्रां हृदयाय नमः,
क्लीं ह्रीं शिरसे स्वाहा, क्लूं ह्रूं शिखायै वषट्,
क्लैं ह्रैं कवचाय हुम्, क्लौं ह्रौं नेत्रत्रयाय वौषट्,
क्लाः ह्रः अस्त्राय फट् ॥ १२५-१२७ ॥

अब **स्वर्णाकर्षण भैरव का ध्यान** कहते हैं -

पारिजात वृक्षों के वन में स्थित माणिक्य निर्मित मण्डप में रत्न सिंहासन पर विराजमान स्वर्ण प्रदान करने वाले स्वर्ण भैरव का ध्यान करना चाहिए ॥ १२७ ॥

अपने चारों हाथों में क्रमशः गाङ्गेय पात्र (स्वर्णपात्र), डमरु, त्रिशूल और वर धारण किये हुये, त्रिनेत्र, तप्तसुवर्ण जैसी आभा वाले, अपनी देवी के साथ विराजमान स्वर्णाकर्षण भैरव का मैं आश्रय लेता हूँ ॥ १२८ ॥

पुरश्चरण - विद्वान् साधक उक्त स्वर्णाकर्षण मन्त्र का एक लाख जप करे । फिर खीर से दशांश होम करे । शैव पीठ पर अङ्ग पूजा, दिक्पालों और उनके आयुधों के साथ आवरण पूजा करे ॥ १२६ ॥

विमर्श - यन्त्र निर्माण विधि - स्वर्णाकर्षण भैरव के पूजन के लिये षट्कोण कर्णिका तथा भूपुर सहित यन्त्र का निर्माण करना चाहिए ।

स्वर्णाकर्षणभैरवपूजनयन्त्रम्

पीठ-पूजाविधि - सर्वप्रथम २०. १२७-१२८ में वर्णित स्वर्णाकर्षण भैरव का ध्यान कर मानसोपचार से पूजन कर विधिवत् अर्घ्यस्थापन कर 'ॐ आधारशक्तये नमः' से 'ह्रीं ज्ञानात्मने नमः' पर्यन्त सामान्य विधि से पीठ देवताओं का पूजन कर 'वामा' आदि पीठ शक्तियों का पूजन करना चाहिए । (द्र० १६. २२-२६)

इसके बाद 'ॐ नमो भगवते सकलगुणात्मकशक्तियुक्तायानन्ताय योगपीठात्मने नमः' इस पीठ मन्त्र से आसन देकर मूलमन्त्र से मूर्ति स्थापित कर ध्यान आवाहनादि उपचारों से पूजन कर पुष्पाञ्जलि समर्पण पर्यन्त सारी विधि संपादन करनी चाहिए ।

अब **आवरण पूजा का विधान** कहते हैं - सर्वप्रथम कर्णिका के आग्नेयादि कोणों में मध्य में तथा चतुर्दिक्षु में षडङ्गपूजा करनी चाहिए । यथा -

क्लां ह्रां हृदयाय नमः क्लीं ह्रीं शिरसे स्वाहा,
क्लूं ह्रूं शिखायै वषट् क्लैं ह्रैं कवचाय हुम,
क्लौं ह्रौं नेत्रत्रयाय वौषट् क्लः ह्रः अस्त्राय फट्

पश्चात् भूपुर के पूर्वादि दिशाओं में इन्द्रादि लोकपालों की निम्न रीति से पूजा करनी चाहिए । यथा -

ॐ लं इन्द्राय नमः पूर्वे
ॐ रं अग्नये नमः आग्नेये, ॐ मं यमाय मनः दक्षिणे,
ॐ क्षं निर्ऋतये नमः नैर्ऋत्ये, ॐ वं वरुणाय नमः पश्चिमे
ॐ यं वायवे नमः वायव्ये, ॐ सं सोमाय नमः उत्तरे
ॐ हं ईशानाय नमः ऐशान्ये, ॐ आं ब्रह्मणे नमः ऊर्ध्वम्
ॐ ह्रीं अनन्ताय नमः अधः ।

फिर भूपुर के बाहर पूर्वादि दिशाओं में दिक्पालों के आयुधों की पूजा करनी चाहिए । यथा - ॐ वं वज्राय नमः, ॐ शं शक्तये नमः,
ॐ दं दण्डाय नमः, ॐ खं खड्गाय नमः, ॐ पां पाशाय नमः,
ॐ अं अंकुशाय नमः, ॐ गं गदायै नमः, ॐ शूं शूलाय नमः

सिद्ध मनुं जपेन्नित्यं त्रिशतीं मण्डलावधि।
दारिद्र्यं दूरमुत्क्षिप्य जायते धनदोपमम् ॥ १३० ॥
जपादिभिर्मनौ सिद्धे यन्त्रेभ्यः सिद्धिमाप्नुयात्।
सुवर्णमेधते गेहे नैवारेः स्यात् पराभवः ॥ १३१ ॥

॥ इति श्रीमन्महीधरविरचिते मन्त्रमहोदधौ यन्त्रमन्त्रादि निरूपणं नाम विंशस्तरङ्गः ॥ २० ॥

मण्डलमेकोनपञ्चाशद्दिनानि ॥ १३० ॥ एधते वर्द्धते । अरेः शत्रोः सकाशात् पराभवो न स्यात् ॥ १३१ ॥

॥ इति श्रीमन्महीधरविरचितायां मन्त्रमहोदधिव्याख्यायां नौकायां यन्त्रमन्त्रादिकथनं नाम विंशस्तरङ्गः ॥ २० ॥

ॐ चं चक्राय नमः ॐ पं पद्माय नमः

इस प्रकार आवरण पूजा कर पुनः धूप, दीपादि उपचारों से स्वर्णाकर्षण भैरव की विधिवत् पूजा कर पुष्पाञ्जलि समर्पित करनी चाहिए ॥ १२९ ॥

उक्त विधि से जो साधक ४९ दिन पर्यन्त ३०० की संख्या में जप करता है उसकी दरिद्रता दूर हो जाती है तथा वह कुबेर तुल्य वैभवशाली बन जाता है ॥ १३० ॥

जप आदि के द्वारा यन्त्रों के सिद्ध हो जाने पर यन्त्रों से भी सिद्धि प्राप्त हो जाती है । भैरवाकर्षण यन्त्र के जप के प्रभाव से घर में सुवर्ण की वृद्धि होती है तथा शत्रु से कभी पराभव नहीं प्राप्त होता ॥ १३१ ॥

॥ इस प्रकार श्रीमन्महीधर विरचित मन्त्रमहोदधि के बीसवें तरङ्ग की महाकवि पं० रामकुबेर मालवीय के द्वितीय आत्मज डॉ० सुधाकर मालवीय कृत 'अरित्र' नामक हिन्दी व्याख्या पूर्ण हुई ॥ २० ॥

अथ एकविंशः तरङ्गः

नित्यपूजाविधिं सर्वदेवसाधारणं ब्रुवे ।

नित्यपूजाविधिकथनम्

ब्राह्मे मुहूर्ते उत्थाय कृत्वा शौचादिकं सुधीः ॥ १ ॥
परिधायाम्बरं शुद्धं मन्त्रस्नानं विधाय च ।
प्रविश्य देवतागारं कुर्यात् सम्मार्जनादिकम् ॥ २ ॥
मङ्गलारार्तिकं कृत्वा निर्माल्यमपसारयेत् ।
दद्यात् पुष्पाञ्जलिं दन्तधावनाचमने अपि ॥ ३ ॥
नमस्कृत्यासने शुद्धे उपविश्य गुरुं स्मरेत् ।
शिरःस्थशुक्लपद्मस्थं प्रसन्नं द्विभुजाक्षिकम् ॥ ४ ॥

---

* नौका *

एवं मन्त्रजातं कथयित्वा देवतानां कामनाविशेषेण यन्त्राणि च निरूप्य सर्वदेवसाधारणं पूजाविशेषं वक्तुमुपक्रमते – **नित्येति** ॥ १–३ ॥ द्वौ भुजौ द्वे अक्षिणी च यस्य स द्विभुजाक्षिकः तम् ॥ ४–५ ॥ * ॥ ६–७ ॥

---

* अरित्र *

यहाँ तक मन्त्र समूहों का तथा कामना विशेष में प्रयुक्त किये जाने वाले मन्त्रों का निरूपण कर ग्रन्थकार **सर्वदेव साधारण पूजा विधान** कहने का उपक्रम करते हैं ।

अब मैं **देवताओं की सामान्य रूप से की जाने वाली पूजा विधि** को कहता हूँ -

बुद्धिमान् साधक ब्राह्म मुहूर्त में उठ कर शौचादि क्रिया से निवृत्त होकर शुद्ध वस्त्र धारण कर, मन्त्र स्नान करके देव पूजा गृह में प्रवेश करे और देवतागार का सम्मार्जन आदि कार्य करे । तदनन्तर मङ्गला आरती करके निर्माल्य को हटा कर दूर करे । फिर देवता को पुष्पाञ्जलि समर्पित कर उन्हें दन्तधावन तथा आचमनार्थ जल प्रदान करे ॥ १-३ ॥

फिर अपने इष्टदेव को नमस्कार कर शुद्ध आसन पर बैठकर अपने गुरु का स्मरण करे । प्रसन्नता की मुद्रा में शिरःस्थ श्वेत कमल पर आसीन दो

अहं ब्रह्मास्मि सद्रूपं नित्यमुक्तं न शोकभाक्।
गुरुदेवात्मनामित्थमैक्यं स्मृत्वार्चयेत तम् ॥ ५॥

श्लोकद्वयेनेष्टदेवताप्रार्थनम्

त्रैलोक्यचैतन्यमयादिदेव
श्रीनाथविष्णो भवदाज्ञयैव ।
प्रातः समुत्थाय तवप्रियार्थं
संसारयात्रा - मनुवर्तयिष्ये ॥ ६ ॥
जानामि धर्मं न च मे प्रवृत्ति-
र्जानाम्यधर्मं न च मे निवृत्तिः ।
केनापि देवेन हृदिस्थितेन
यथा नियुक्तोऽस्मि तथा करोमि ॥ ७ ॥
एतच्छ्लोकद्वयेनेष्टदेवतां प्रार्थयेद् बुधः ।
श्रीनाथविष्णो स्थाने तु कार्य ऊहोऽन्य दैवतः ॥ ८ ॥
देवतागुणनामादि स्मरन् स्नातुमथो व्रजेत् ।
स्नानमान्तरबाह्याख्यं द्विविधं कथितं बुधैः ॥ ९ ॥

श्रीनाथविष्णो इत्यस्य स्थले विश्वेश शम्भो भवदाज्ञयैवेति शिवोपासकेन भवानि दुर्गे इत्यम्बोपासकेनोहो विधेयः ॥ ८-९ ॥

भुजा और दो नेत्रों वाले 'अहं ब्रह्मास्मि' इस प्रकार की भावना में लीन, नित्यमुक्त सर्वथा शोकरहित गुरुदेव का स्मरण कर पुनः उनके स्वरूप में अपनी एकता की भावना कर उनका पूजन करे ॥ ४-५ ॥

तदनन्तर - त्रैलोक्यचैतन्यमयादिदेव श्रीनाथ विष्णो भवदाज्ञयैव ।
प्रातः समुत्थाय तवप्रियार्थ संसारयात्रामनुवर्तयिष्ये ॥
जानामि धर्म न च मे प्रवृत्तिर्जानाम्यधर्म न च मे निवृत्तिः।
केनापि देवेन हृदिस्थितेन यथानियुक्तोऽस्मि तथा करोमि ॥

इन दो श्लोकों से अपने इष्टदेव की प्रार्थना करे । प्रार्थना में जिसके इष्टदेव विष्णु हों उसे इसी प्रकार की प्रार्थना करनी चाहिये ॥ ६-८ ॥

किन्तु शिवोपासक को 'श्रीनाथविष्णो' की जगह 'विश्वेश शम्भो भवदाज्ञयैव' दुर्गोपासक को 'भवानि दुर्गे भवदाज्ञयैव' इसी प्रकार छन्दोनुकूल ऊह कर अपने इष्टदेव का संबुद्ध्यन्त तत्तत्पदों का उच्चारण कर प्रार्थना करनी चाहिये ॥ ८ ॥

इसके बाद अपने इष्टदेव के नाम और गुणों का स्मरण करते हुये स्नानार्थ नदी, कूप, अथवा तडागादि में जाना चाहिये । विद्वानों ने आभ्यन्तर

आन्तरबाह्यस्नानकथनम्

कोटिसूर्यप्रतीकाशं निजभूषायुधैर्युतम् ।
शिरःस्थं संस्मरेद्देवं तत्पादोदकधारया ॥ १० ॥
विशन्त्या ब्रह्मरन्ध्रेण निजं देहं विशुद्धया ।
प्रक्षाल्यान्तर्गतं पापं विरजो जायते नरः ॥ ११ ॥
एवं कृत्वाऽऽन्तरं स्नानं स्नायाद्वेदोक्तमार्गतः ।
अघमर्षणसूक्तं च स्मरेदन्तर्जले सुधीः ॥ १२ ॥

आन्तरं स्नानमाह – **कोटीति** ॥ १०–११ ॥ वेदोक्तमार्गतः स्वशाखोक्तविधिना तत्तच्छाखानां भिन्नत्वान्न लिखितः । अघमर्षणसूक्तम् – ऋतं च सत्यं चेत्यादिकानामृचां समूहविशेषः । अघमर्षणदृष्टमनुष्टुपच्छन्दस्कं भाववृत्तदेवताकम् ॥ १२ ॥ * ॥ १३ ॥

और बाह्य भेद से स्नान के दो भेद कहे हैं ॥ ९ ॥

प्रथम **आभ्यन्तर स्नान का विधान** कहते हैं - करोड़ो सूर्य के समान तेजस्वी अपने दिव्य आभूषणों एवं आयुधों को धारण किये शिरःस्थ सहस्त्रदल पर आसीन अपने इष्टदेव का स्मरण करते हुये ब्रह्मरन्ध्र से आती हुई उनके चरणोदक की धारा से अपने शरीर के समस्त पापों को धो कर बहा देना और पाप रहित हो जाना यह आन्तर स्नान कहा जाता है ॥ १०-११ ॥

इस प्रकार आभ्यन्तर स्नान कर वैदिक मार्ग से अपनी अपनी शाखा के अनुसार बाह्य स्नान करे । फिर जल में अघमर्षण सूक्त का जप करे ॥ १२ ॥

विमर्श - वैदिक शाखाओं के अनेक भेद होने से उस प्रकार के स्नान के अनेक भेद हैं । अतः ग्रन्थ विस्तार के भय से उसका निर्देश आवश्यक नहीं है ।

संकल्प - जल में तीर्थावाहन, मृत्तिका प्रार्थना, मृत्तिका द्वारा अङ्ग लेपन 'ॐ आपो हिष्ठा मयो भुवः', इत्यादि मन्त्रों से जल द्वारा शिरः प्रोक्षण, तदनन्तर सूर्याभिमुख नाभि मात्र जल में स्नान, पुनः 'ॐ चित्पतिर्मा पुनातु' इत्यादि मन्त्रों से शरीर का पवित्रीकरण करने के पश्चात् अघमर्षण सूक्त का जप करना चाहिये ।

अघमर्षण का विनियोग - ॐ अघमर्षणसूक्तस्य अघमर्षणऋषिरनुष्टुप्छन्दः भाववृतो देवता अघमर्षणे विनियोगः ।

अघमर्षण सूक्त - यथा - ॐ ऋतं च सत्यं चाभीद्धात्तपसोध्यजायत ततो रात्र्यजायत, ततः समुद्रो अर्णवः, समुद्रादर्णवादधि संवत्सरो अजायत, अहोरात्राणि विदधद्विश्वस्य मिषतो वशी सूर्याच्चन्द्रमसौ धाता यथापूर्वमकल्पयत् दिवञ्च पृथिवीञ्चान्तरिक्षमथो स्वः ॥ १२ ॥

मन्त्रस्नानकथनम्

मन्त्रस्नानं ततः कुर्यात् तत्प्रकारोऽधुनोच्यते ।
प्राणानायम्य मूलेन कृत्वा न्यासं षडङ्गकम् ॥ १३ ॥
आदित्यमण्डलात्तीर्थान्याह्वयेत् सृणिमुद्रया ।
मन्त्रत्रयेणाम्बुमध्ये विलिखेत् तन्मनुत्रयम् ॥ १४ ॥
ब्रह्माण्डोदरतीर्थानि करैः स्पृष्टानि ते रवे ।
तेन सत्येन मे देव तीर्थं देहि दिवाकर ॥ १५ ॥
गङ्गे च यमुने चैव गोदावरि सरस्वति ।
नर्मदे सिन्धुकावेरि जलेस्मिन्सन्निधिं कुरु ॥ १६ ॥
आवाहयामि त्वां देवि स्नानार्थमिहसुन्दरि ।
एहि गङ्गे नमस्तुभ्यं सर्वतीर्थसमन्विते ॥ १७ ॥
ततो वमिति बीजेन योजयेत् तानि तज्जले ।
अग्न्यर्केग्लौमण्डलानि तत्र सञ्चिन्तयेत्पुनः ॥ १८ ॥
मन्त्रयेत् तेन मन्त्रेण रविवारं ततो जलम् ।
कवचेनावगुण्ठ्याथ रक्षेदस्त्रेण तत् पुनः ॥ १९ ॥

सृणिमुद्रांकुशमुद्रा प्रोक्ता ॥ १४ ॥ ब्रह्माण्डेत्यादि श्लोकत्रयं पुराणोक्तं तीर्थावाहनमन्त्राः ॥ १५–१७ ॥ ग्लौः चन्द्रः ॥ १८ ॥ तेन मन्त्रेण वं इति बीजेन । कवचेन हुं इति बीजेन । अस्त्रेण फडिति मन्त्रेण ॥ १९ ॥

अघमर्षण सूक्त के बाद मन्त्र स्नान करना चाहिये वह इस प्रकार है - प्रथम प्राणायाम करे फिर मूल मन्त्र से षडङ्गन्यास करे ॥ १३ ॥

फिर अंकुश मुद्रा दिखा कर निम्न तीन मन्त्रों से जल में तीर्थों का आवाहन करना चाहिये -

ब्रह्माण्डोदरतीर्थानि करैः स्पृष्टानि ते रवे ।
तेन सत्येन मे देव तीर्थं देहि दिवाकर ॥
गङ्गे च यमुने चैव गोदावरि सरस्वति ।
नर्मदे सिन्धुकावेरि जलेस्मिन्सन्निधिं कुरु ॥
आवाहयामि त्वां देवि स्नानार्थमिहसुन्दरि ।
एहि गङ्गे नमस्तुभ्यं सर्वतीर्थसमन्विते ॥ १४-१७ ॥

अब तत्तद्देवताओं के **पूजन में वर्जित पुष्प** कहते हैं - बुद्धिमान् साधक विष्णु को अक्षत्, आक एवं धतूरा का पुष्प न चढ़ावे । बन्धूक (दुपहरिया), केतकी, कुन्द, मौलिसिरी, कुटज (कौरैया), जयपर्ण, मालती, एवं जूही के पुष्प शिव को न चढ़ावे। दूब, धतूरा, मन्दार, हरसिङ्गार, बेल दुर्गा पर नहीं चढ़ाना चाहिए । इसी प्रकार सूर्य को तगर और गणपति को तुलसी पत्र कभी भी न समर्पित करे । श्वेत तथा पीत

मलिनं तुच्छसंस्पृष्टमाघ्रातं स्वविकासितम्।
अशुद्धभाजनानीतं स्नात्वानीतं च याचितम् ॥ ६० ॥
शुष्कं पर्युषितं कृष्णं भूमिगं नार्पयेत्सुमम्।
चंपकं कमलं त्यक्त्वा कलिकामपि वर्ज्जयेत् ॥ ६१ ॥
कुरण्टकं काञ्चनारं वर्जयेद् बृहतीयुगम्।
पुष्पं पत्रं फलं देवे न प्रदद्यादधोमुखम् ॥ ६२ ॥
पुष्पाञ्जलौ न तद्दोषस्तथा पर्युषितस्य च।
तुलसीबकुलो वृक्षश्चम्पकश्च सरोजिनी ॥ ६३ ॥
बिल्वकल्हारदमनास्तथामरुबकः कुशः।
दूर्वाहिवल्यपामार्गविष्णुक्रान्तामुनिद्रुमाः ॥ ६४ ॥
धात्रीयुतानामेतेषां पत्रैः कुर्यात्सुरार्चनम्।
जम्बूदाडिमजम्बीरतिंतिणी बीजपूरकाः ॥ ६५ ॥

तुच्छ संस्पृष्टं शरीरलग्नम् । स्वविकासितं बलादात्मना विकासितम् ॥ ६० ॥ पर्युषितं दिनान्तरानीतम् । सुमं पुष्पम्, चंपककमलयोः कलिका अपि प्रशस्ताः ॥ ६१ ॥ पुष्पपत्र – फलान्यधोमुखानि नार्पयेद् यथोत्पन्नं तथैवार्पयेदित्यर्थः ॥ ६२ ॥ पुष्पाञ्जलौ अधोमुखपर्युषितयोर्न दोषः ॥ ६३ ॥ अहिवल्ली नागवल्ली । मुनिद्रुमोऽगस्त्यः ॥ ६४ ॥ धात्री आमलकी ।

वर्ण के पुष्प विष्णु को प्रिय है । रक्त वर्ण के पुष्प सूर्य एवं गणेश जी के लिए प्रशस्त माने गये हैं ॥ ८५-८६ ॥

अब **निषिद्ध पुष्प** कहते हैं - गन्धरहित, केश एवं कीट दूषित, उग्रगन्धि, मलिन, नीच व्यक्ति से संस्पृष्ट, आघ्रात, अपने प्रयत्न से विकास को प्राप्त, अशुद्धपात्र में रखे गये, स्नान कर आर्द्र वस्त्र से लाये गये, याचित, सूखे हुये, वासी, काले वर्ण के, पृथ्वी पर नीचे गिरे हुये फूलों को देवता पर नहीं चढ़ाना चाहिए ॥ ८६-६१ ॥

चम्पा और कमल की कलियों को छोड़कर अन्य पुष्पों की कलियाँ पूजा में वर्जित हैं । कुरण्टक, कचनार और दोनों प्रकार के बृहती पुष्प भी पूजा में वर्जित माने गये हैं । पुष्प, पत्र और फल अधोमुख कर देवता को नहीं चढ़ाना चाहिए । पुष्पाञ्जलि में पर्युषित तथा अधोमुख पुष्पों का दोष नही माना जाता ॥ ६१-६३ ॥

पूजा में ग्राह्य पत्र, तुलसी, मौलसिरी, चम्पा, कमलिनी, बेल, कल्हार (श्वेत कमल), दमनक, महुआ, कुशा, दूर्वा, नागवल्ली, अपामार्ग, विष्णुकान्ता, अगस्त्य तथा आँवला इनके पत्तों से देवताओं की पूजा प्रशस्त कही गई है ॥ ६३-६४ ॥

अब **प्रशस्त फलों** को कहते हैं - जामुन, अनार, नींबू, इमली, बिजौरा, केला, आँवला, वैर, आम तथा कटहल के फलों से देव पूजा करनी चाहिए ।

रम्भाधात्री च बदरीरसालः पनसोऽपि च ।
एषां फलैर्यजेद्देवं तुलसी तु हरेः प्रिया ॥ ९६ ॥
सुर्वणपुष्पं तुलसी नैवनिर्माल्यतां व्रजेत् ।
पुष्पपूजा विधायेत्थं कुर्यादावरणार्चनम् ॥ ९७ ॥
अङ्गादि दिक्पहेत्यन्तं ततो धूपादिकं चरेत् ।
अग्निनैर्ऋतिवाय्वीशकोणेषु हृदयं शिरः ॥ ९८ ॥
शिखां कवचमाराध्य नेत्रमग्रे प्रपूजयेत् ।
दिक्ष्वस्त्रमङ्गदेव्यस्ता ध्यातव्या वामलोचनाः ॥ ९९ ॥
सिताश्वेतासितास्तिस्रो रक्ताइष्टाभयान्विताः ।
स्वदिक्षु प्रयजेद् दिक्पाञ्जातिहेत्यादि संयुतान् ॥ १०० ॥

तुलस्यादीनां पत्रैरपि पूजा । जाम्बादीनां पत्रैरपि फलैश्च ॥ ९५ ॥ रसालः आम्रः ॥ ९६ ॥ * ॥ ९७ ॥ दिक्पहेत्यन्तमिति। दिक्पालायुधपर्यन्तमावरणपूजा इदं सांप्रदायिकम् । क्वचिदङ्गपूजातः प्रागपि वज्राद्यूर्ध्वमप्यावरणानि सति । अङ्गपूजा स्थानमाह – अग्नीति ॥ ८ ॥ अङ्गदेवता ध्यानमाह – वामलोचनाः स्त्रीरूपाः ॥ ९९ ॥ तिस्रः कवचनेत्रास्त्ररूपाः रक्ता इष्टाभयान्विता वराभययुताः । स्वदिक्षु प्रसिद्धास् दिक्पालानिन्द्रादीन् । जातिहेत्यादि संयुतान् । जातयः सुरादयः हेतयो वज्रादयः । आदिशब्दाद्वाहनशक्ती ॥ १०० ॥

तुलसी तो विष्णुप्रिया है, अतः अमलतास का पुष्प तथा तुलसी ये दोनों कभी निर्माल्य नहीं होते ॥ ९५-९७ ॥

अब **आवरणार्चन का विधान** कहते हैं - इस प्रकार पुष्प पूजा करने के बाद षडङ्गपूजा से प्रारम्भ कर दिक्पाल तथा उनके आयुधों की पूजापर्यन्त आवरण पूजा करनी चाहिए । इसके बाद धूप, दीप आदि उपचारों से अपने इष्टदेव का पूजन करना चाहिए । आग्नेय, नैर्ऋत्य, वायव्य तथा ईशान कोणों में हृदय, शिर, शिखा एवं कवच का पूजन कर अग्रभाग में नेत्र तथा दिशाओं में अस्त्र पूजा करनी चाहिए । अङ्गपूजा करते समय ३ श्वेत वर्ण वाली तथा ३ रक्तवर्ण वाली इस प्रकार कुल ६ अङ्ग देवियों का ध्यान करना चाहिए । ये अङ्ग देवियाँ अत्यन्त मनोहर स्त्री वेष में सुशोभित है और हाथों में वर तथा अभय धारण किये हुये हैं । इसके बाद अपनी अपनी दिशाओं में जाति (वाहन) और आयुधों के साथ दिक्पालों का पूजन करना चाहिए । इनके पूजा मन्त्रों के प्रारम्भ में तार (ॐ) तथा अपने अपने बीजाक्षरों (लं रं मं क्षं वं यं सं हं ह्रीं आं) को लगाना चाहिए ॥ ९७-१०१ ॥

आवरणपूजाप्रकारप्रयोगकथनम्

तारादि निजबीजाद्यांस्तत्प्रयोगोऽधुनोच्यते।
तारं बीजमथेन्द्रायामुकाधिपतये ततः॥ १०१॥
सायुधाय सवाहान्ते नायसान्ते परीति च।
वारायान्ते सशक्तीतिकायामुकपदं ततः॥ १०२॥
पार्षदाय नमोन्तोऽयं दिक्पालानां मनुः स्मृतिः।
इन्द्रायेति पदस्थाने वह्न्यादिपदमुच्चरेत्॥ १०३॥
आद्यामुकपदस्थाने क्रमाज्जातीर्वदेत्सुधीः।
सुरतेजः प्रेतरक्षः सलिलप्राणतारकाः॥ १०४॥
भूताहिलोका विज्ञेया आशापालकजातयः।
पार्षदात् पूर्वममुकस्थाने स्यात्स्वेष्टदेवता॥ १०५॥
बीजानि पूर्वमुक्तानि वाहनान्यायुधान्यपि।
या तु तोयपयोर्मध्येऽनन्तं पूर्वेशयोऽस्तु कम्॥ १०६॥
प्रत्यावृत्ति क्षिपेद् देवे पुष्पं मन्त्रमिमं जपन्।
अभीष्टसिद्धिं मे देहि शरणागतवत्सल॥ १०७॥
भक्त्या समर्पये तुभ्यमिदमावरणार्चनम्।
आह्वानाद्युपचारेषु प्रत्येकं पुष्पपाथसी॥ १०८॥

प्रणवादिनि यानि निजबीजानीन्द्रादिबीजानि पूर्वमुक्तानि लं रं मं क्षं बं यं सं हं ह्रीं आं इत्यादीनि । प्रयोगमाह – **तारमिति** ॥ १०१ ॥ * ॥ १०२--१०३ ॥ आद्येति अधिपतय इत्येतस्मात्पूर्वस्यामुकपदस्य स्थाने सुरादिजातीर्वदेत् ॥ १०४ ॥ * ॥ १०५ ॥ बीजादीति दिक्पालाश्च पूर्वमुक्ताः । या तु तोय पयोर्निर्ऋतिवरुणयोः । कं ब्राह्मणम् । यथा - ॐ लं इन्द्राय सुराधिपतये सायुधाय सवाहनाय सपरिवाराय सशक्तिकाय ममामुकेष्टदेवता पार्षदाय नमः । ॐ रं अग्नये तेजोधिपतये सायुधाय सवाहनाय सपरिवाराय सशक्तिकाय ममामुकेष्टदेवता पार्षदाय नमः । ॐ मं यमाय प्रेताधिपतये० । ॐ क्षं नैर्ऋतये रक्षोधिपतये० । ॐ वं

उसकी **प्रयोग विधि** इस प्रकार है - तार (ॐ), फिर अपना बीजाक्षर, फिर इन्द्राय इत्यादि, फिर 'अमुकाधिपतये सायुधाय सवाहनाय सपरिवाराय सशक्तिकाय' के बाद 'अमुक पदाय', फिर 'अमुकपार्षदाय', इसके अन्त में नमः लगाने से दिक्पालों के पूजा मन्त्र बन जाते है । इन्द्राय के बाद अन्य दिक्पालों की पूजा करते समय उसके स्थान में आग्नेय आदि पद का ऊहापोह कर लेना चाहिए । अमुक पद के स्थान में उनकी जाति बोलनी चाहिए । सुरतेज, प्रेत,

दत्वा प्रक्षाल्य च करमुपचारान्तरं चरेत् ।

धूपदीपविधिविशेषकथनम्

धूपपात्रस्थिताङ्गारे क्षिप्त्वागुरुपुरादिकम् ॥ १०९ ॥
पात्रमस्त्रेण सम्प्रोक्ष्य हृदा पुष्पं समर्पयेत् ।
संस्पृशन्वामतर्जन्या मूलश्लोकं च संपठेत् ॥ ११० ॥

वरुणाय जलाधिपतये० । ॐ यं वायवे प्राणाधिपतये० । ॐ सं सोमाय नक्षत्राधिपतये० । ॐ हं ईशानाय भूताधिपतये० । ॐ ह्रीं अनन्ताय नागाधिपतये० । ॐ आं ब्रह्मणे लोकाधिपतये सायुधाय सवाहनाय सपरिवाराय सशक्तिकाय ममामुकेष्टदेवता पार्षदाय नमः - इति प्रयोगः ॥ १०६ ॥ * ॥ १०७ ॥ पुष्पपाथसी पुष्पोदके दत्वा । धूपमाह - **धूपपात्रेति** । पुरो गुग्गुलुः । आदिशब्दात् घृतकर्पूरशर्कराः । अग्नावगुर्वादिप्रक्षिप्य फडिति प्रोक्ष्य नम इति पुष्पं समर्प्य वामतर्जन्या संस्पृश्य मूलश्लोकान्ते साङ्गाय सपरिवाराय रामाय धूपं समर्पयामीति शंखोदकं क्षिपेत् । तर्जनीमूलयोरङ्गुष्ठयोगो - धूपमुद्रा । स्वमन्त्रतः घण्टामन्त्रतः ॥ १०८-११४ ॥

रक्ष, जल, प्राण, नक्षत्र, भूत, नाग और लोक ये १० दिक्पालों की जातियाँ है । पार्षदाय के पहले आये अमुक के स्थान पर अपने इष्टदेव का नाम उच्चारण करना चाहिए । इनके बीज, वाहन और आयुध पहले कह आये हैं । निर्ऋति और वरुण के बीच में अनन्त का तथा पूर्व और ईशान के मध्य में ब्रह्मा के पूजन से दश दिक्पाल संख्या पूर्ण हो जाती है ॥ १०१-१०८ ॥

विमर्श - दिक्पालों की पूजा के मन्त्र - ॐ लं इन्द्राय सुराधिपतये सायुधाय सवाहनाय सपरिवाराय सशक्तिकाय ममामुकेष्टदेवता पार्षदाय नमः । ॐ रं अग्नये तेजोधिपतये सायु० सवाह० सपरि० सशक्ति० ममामुकेष्टदेवता पार्षदाय नमः । ॐ मं यमाय प्रेताधिपतये ... नमः । ॐ क्षं निर्ऋतये रक्षोधपितये ... नमः । ॐ वं वरुणाय जलाधिपतये ... नमः । ॐ यं वायवे प्राणाधिपतये ... नमः । ॐ सं सोमाय नक्षत्राधिपतये ... नमः । ॐ हं ईशानाय भूताधिपतये ... नमः । ॐ ह्रीं अनन्ताय नागाधिपतये ... नमः । ॐ आं ब्रह्मणे लोकाधिपतये ... नमः ॥ ९७-१०८ ॥

प्रत्येक देवता के आवाहनादि प्रत्येक उपचार में जल तथा पुष्प चढ़ाना चाहिए । फिर हाथ धो कर अन्य उपचारों से पूजा करनी चाहिए ॥ १०८ ॥

धूपदान विधि - धूप पात्र में स्थित अङ्गार पर अगर तथा गुग्गुल रख कर 'फट्' मन्त्र से पात्र का प्रक्षालन कर 'नमः' मन्त्र से पुष्प समर्पित करना चाहिए । फिर बायें हाथ की तर्जनी से धूप पात्र का स्पर्श करते हुये मूल मन्त्र

वनस्पतिरसोपेतो गन्धाढ्यः सुमनोहरः।
आघ्रेयः सर्वदेवानां धूपोऽयं प्रतिगृह्यताताम् ॥ १११ ॥
साङ्गाय सपरीत्यन्ते वाराय ङेन्तदेवता।
धूपं समर्पयामीति नमोन्तं मन्त्रमुच्चरन् ॥ ११२ ॥
शङ्खाम्बु प्रक्षिपेद् भूमौ धूपमुद्रां प्रदर्शयेत्।
तर्जन्यङ्गुष्ठयोगेन घण्टामर्चेत् स्वमन्त्रतः ॥ ११३ ॥
जयध्वनि मन्त्रमातः स्वाहान्तः सदशाक्षरः।
वादयन्वामहस्तेन कीर्तयन्देवतागुणान् ॥ ११४ ॥
धूपयेद् दक्षहस्तेन देवतानाभिदेशतः।
जलं पुष्पाञ्जलिं दद्याद्दीपदानमपीदृशम् ॥ ११५ ॥
वाममध्यया स्पर्शो मूलश्लोकस्य कीर्तनम्।
सुप्रकाशो महादीपः सर्वतस्तिमिरापहः ॥ ११६ ॥
सबाह्याभ्यन्तरं ज्योतिर्दीपोऽयं प्रतिगृह्यताम्।
धूपस्थाने दीपपदं मध्यमाङ्गुष्ठयोगतः ॥ ११७ ॥

विशेषमाह – **धूपयेदिति** । ईदृशं दीपदानमपि । प्रोक्षणप्रयोगश्च तद्वत् ॥ ११५ ॥ **वामेति** ॥ ११६–११७ ॥

के साथ 'वनस्पतिरसोपेतो गन्धाढ्यः सुमनोहरः' । आघ्रेयः सर्वदेवानां धूपोऽयं प्रतिगृह्यताम्' - इस मन्त्र को पढ़कर 'साङ्गाय', 'सपरिवाराय' 'अमुक देवतायै धूपं सर्मपयामि नमः' - इस मन्त्र को बोलते हुये शङ्ख के जल को भूमि पर छोड़ना चाहिए तथा दाहिने हाथ की तर्जनी और अंगूठे को मिलाकर धूप मुद्रा प्रदर्शित करनी चाहिए । फिर अपने मन्त्र से घण्टा का पूजन करना चाहिए । तदनन्तर धूप देना चाहिए ॥ १०६-११३ ॥

'जयध्वनिमन्त्रमातः स्वाहा' - इस दशाक्षर मन्त्र से घण्टा का पूजन करना चाहिए । फिर बायें हाथ से घण्टा बजाते हुये, इष्टदेव की स्तुति करते हुये दाहिने हाथ से देवता की नाभि के पास धूप देनी चाहिए । फिर शङ्ख का जल तथा पुष्पाञ्जलि देनी चाहिए । दीप दान में भी इसी प्रकार प्रोक्षणादि क्रिया करनी चाहिए ॥ ११४-११५ ॥

अब **दीपदान में विशेष** कहते हैं - बायें हाथ की मध्यमा अंगुलि से दीप स्पर्श करते हुये मूल मन्त्र के साथ 'सुप्रकाशो महादीपः ... प्रतिगृह्यताम्' पर्यन्त (द्र० २२. ११६-११७) मन्त्र पढ़कर, पूर्वोक्त धूप मन्त्र के धूप के स्थान पर 'दीप' पद लगाकर 'साङ्गाय सपरिवाराय 'अमुक देवतायै दीपं दर्शयामि नमः' से दीप प्रदर्शित

दीपमुद्रा दर्शनं च तद्दानं नेत्रदेशतः।
भूरिपक्षे तु वर्तीनां विषमावर्तिका मताः ॥ ११८ ॥
घृतदीपो दक्षिणे स्यात् तैलदीपस्तु वामतः।
सितवर्तियुतो दक्षे वामाङ्गे रक्तवर्तिकः ॥ ११६ ॥
अत्रान्यद्धूपवज्ज्ञेयं ततो नैवेद्यमर्पयेत्।

नैवेद्यसमर्पणविधिवर्णनम्

स्वर्णादिभाजने साज्यं पायसं शर्करादिकम् ॥ १२० ॥
परिवेष्य यथाशक्ति प्रोक्षेत् कैरस्त्रमन्त्रितैः।
चक्रमुद्रामथारच्य प्रोक्षेत्तन्मन्त्रितैर्जलैः ॥ १२१ ॥
वायुबीजेनार्कवारं ततस्तज्जातमारुतैः।
नैवेद्यदोषं संशोष्य चिन्तयेद् दक्षिणे करे ॥ १२२ ॥

मध्यमामूलयोरङ्गुष्ठयोगो – दीपमुद्रा । दीपदानं नेत्रप्रदेशे । वर्तीनां भूरिपक्षे बहुत्व पक्षेऽविषमास्त्याज्याः ॥ ११८ ॥ सितवर्तियुत तैलदीपो दक्षिणतः। रक्तवर्तियुतो घृतदीपो वामत इत्यर्थः ॥ ११६ ॥ अन्यज्जलप्रक्षेपादि ॥ १२० ॥ कैर्जलैः। चक्रमुद्रोक्ता। वायुबीजेन द्वादशवारं मन्त्रितैर्जलैस्तं नैवेद्यं प्रोक्षेत् ॥ १२१ ॥ वायुबीजोत्थमारुतैर्नैवेद्यदोषसंशोष्य दक्षिणकरे रं बीजं विचिन्त्य दक्षकरपृष्ठे वामकरं दत्वा नैवेद्यं प्रदर्श्याग्निबीजोत्थाग्निना दोषं दग्ध्वा वामकरे वं बीजं ध्यात्वा तत्पृष्ठे दक्षहस्तं दत्त्वा नैवेद्यं प्रदर्श्यामृतबीजोत्थामृतप्लुतं स्मृत्वा मूलेन

करना चाहिए । तदनन्तर मध्यमा और अंगूठे को मिलाकर दीप-मुद्रा दिखानी चाहिए । देवता के नेत्रों के पास तक दीप को उँचा उठाकर दीपक प्रदर्शित करने का विधान है । दीपक में अनेक बत्ती होने पर उनकी संख्या विषम होनी चाहिए । घृत का दीपक दाहिने भाग में तथा तेल का दीपक बायें भाग में स्थापित करना चाहिए । दक्षिण के दीप में सफेद बत्ती तथा बायें भाग के दीपक में रक्त वर्ण की बत्ती लगानी चाहिए । इसमें भी जल प्रक्षेपादि सारी क्रिया धूप की ही तरह करनी चाहिए । इसके बाद नैवेद्य समर्पित करना चाहिए ॥ ११६-१२० ॥

नैवेद्य समर्पण विधि - सुवर्ण आदि पात्र में यथाशक्ति घी के साथ पायस और शर्करादि पदार्थ परोस कर 'फट्' मन्त्र से जल द्वारा प्रोक्षण करना चाहिए ॥ १२०-१२१ ॥

फिर चक्रमुद्रा बना कर मूलमन्त्र से अभिमन्त्रित विशेषार्घ्य के जल से अभिमन्त्रित कर वायुबीज (यं) से द्वादश बार जल से पुनः उस नैवेद्य का प्रोक्षण करना चाहिए । इस प्रकार नैवेद्य के दोषों का शोषण कर दहिने हाथ के

अग्निबीजं तस्य पृष्ठे वामं करतलं न्यसेत्।
तं दर्शयित्वा नैवेद्येतदुत्थेनाग्निनाखिलम्॥ १२३॥
नैवेद्यदोषं सन्दह्या ध्यायेद्वामकरेऽमृतम्।
तत्पृष्ठे दक्षिणं हस्तं कृत्वा तत्र प्रदर्शयेत्॥ १२४॥
आप्लावितं स्मरेद् भोज्यं बीजोत्थामृतधारया।
प्रोक्ष्य मूलेन तत्स्पृष्ट्वाऽष्टशो मूलमनुं जपन्॥ १२५॥
दर्शयित्वा धेनुमुद्रां गन्धपुष्पैस्तदर्चयेत्।
देवे पुष्पाञ्जलिं दत्त्वा तेजो देवमुखोत्थितम्॥ १२६॥
विचिन्त्य वामाङ्गुष्ठेन स्पृशेन्नैवेद्यभाजनम्।
दक्षहस्ते जलं धृत्वा मूलश्लोकं शिरः पठेत्॥ १२७॥
सत्पात्रसिद्धं सुहविर्विविधानेकभक्षणम्।
निवेदयामि देवेश सानुगाय गृहाण तत्॥ १२८॥
साङ्गायेत्यादिकं प्रोच्य जलमुत्सृज्य भूतले।
नैवेद्यमुद्रामङ्गुष्ठनामिकाभ्यां प्रदर्शयेत्॥ १२९॥

प्रोक्ष्य तत्स्पृष्ट्वाऽष्टवारं मूलं प्रजप्य धेनुमुद्रां प्रदर्श्य संपूज्य देवे पुष्पं दत्त्वा देवस्योद्गतं तेजः स्मृत्वा वामाङ्गुष्ठस्पृष्टं नैवेद्यं सजलदक्षहस्तेन मूलश्लोक–सहित स्वाहान्ते साङ्गायेति पठन्नैवेद्यमुद्रां प्रदर्शयत्। अनामामूलयोरङ्गुष्ठयोगो नैवेद्यमुद्रा ॥ १२२–१२९॥ सपुष्पकराभ्यां पात्रमुद्धरन्निवेदयामीति पठेत् ॥ १३० ॥

तलवे पर अग्निबीज (रं) का ध्यान करना चाहिए ॥ १२१-१२२ ॥

फिर उस करतल पर अपना बायाँ हाथ रखना चाहिए । इस मुद्रा को दिखा कर उससे उत्पन्न अग्नि द्वारा नैवेद्य के सारे दोषों को जलाकर, फिर बायीं हथेली में अमृत बीज (वं) का ध्यान करना चाहिए, तथा उस हथेली के पीछे हाथ रखकर, नैवेद्य दिखाकर, उस अमृत बीज से उत्पन्न अमृतधारा से नैवेद्य को आप्लावित करना चहिये ॥ १२३-१२५ ॥

फिर ८ बार मूल मन्त्र का जप करते हुये, नैवेद्य का स्पर्श कर, धेनुमुद्रा प्रदर्शित कर, गन्ध और पुष्प चढ़ाना चाहिए । इस प्रकार इष्टदेव को पुष्पाञ्जलि समर्पित कर, उनके मुख से निकले हुये तेज का ध्यान कर, बायें अंगूठे से नैवेद्य पात्र का स्पर्श करना चाहिए । अब दाहिने हाथ में जल लेकर, मूल मन्त्र के साथ **'सत्पात्र सिद्धं ... गृहाण तत्'** पर्यन्त (द्र० २२. १२८) श्लोक पढ़कर 'साङ्गाय सपरिवाराय अमुकदेवतायै नैवेद्यं निवेदयामि नमः' - कहकर, भूमि पर जल छोड़कर, अंगूठा और अनामिका मिलाकर नैवेद्य मुद्रा प्रदर्शित करनी चाहिए ॥ १२५-१२९ ॥

सपुष्पाभ्यां कराभ्यां त्रिः प्रोद्धरन्भक्ष्यभाजनम् ।
निवेदयामि भवते जुषाणेदं हविर्हरे ॥ १३० ॥
षोडशार्णानिमान् प्रोच्य ग्रासमुद्रां प्रदर्शयेत् ।
वामहस्तेन पद्माभां प्राणाद्या दक्षिणेन तु ॥ १३१ ॥
कनिष्ठानामिकाङ्गुष्ठैर्मुद्रा प्राणस्य कीर्तिता ।
तर्जनी मध्यमाङ्गुष्ठैरपानस्य तु सा स्मृता ॥ १३२ ॥
अनामा मध्यमाङ्गुष्ठैरुदानस्य च मुद्रिका ।
तर्जन्यनामामध्याभिः साङ्गुष्ठाभिश्चतुर्थिका ॥ १३३ ॥
सर्वाभिः ससमानस्य प्राणाद्यान् ङेद्विठान्वितान् ।
तारपूर्वाञ्जपन्मुद्राः प्राणादीनां प्रदर्शयेत् ॥ १३४ ॥
ततो जवनिकां कृत्वा ब्रह्मेशाद्यैरिदं पठेत् ।
पद्यं शालेर्भक्तमिति मूलमन्त्रं च सप्तधा ॥ १३५ ॥

पद्माभो वामहस्तो – ग्रासमुद्रा ॥ १३१ ॥ प्राणादिमुद्रा आह – **कनिष्ठेति** ॥ १३२ ॥ चतुर्थिका व्यानमुद्रा ॥ १३३ ॥ सर्वांगुलीभिः समानमुद्रा । द्वि ठं स्वाहा । ॐ प्राणाय स्वाहेत्यादि० ॥ १३४ ॥ जवनिका तिरस्करिणी तां धृत्वा 'शालेर्भक्तं' 'ब्रह्मेशाद्यैरिति' पद्यद्वयं पठेत् ॥ यथा –

'ब्रह्मेशाद्यैः परित ऊरुभिः सूपविष्टैः समेतै–
लक्ष्म्याशिञ्जद्वलयकरया सादरं वीज्यमानः ।
लीलानर्मप्रहसनमुखैर्व्याप्नुवन्पंक्ति मध्यं
भुङ्क्ते पात्रेकनकघटिते षड्रसं श्रीरमेशः' ॥ १ ॥
'शालेर्भक्तं सुपक्वं शिशिररसितं पायसापूपसूपं

फिर हाथ में फूल ले कर नैवेद्य को ३ बार ऊपर उठाते हुये 'निवेदयामि भवते जुषाणेदं हविर्हरे' इस षोडशाक्षर मन्त्र का उच्चारण करते हुये बायें हाथ से कमल जैसी ग्रास मुद्रा और दाहिने हाथ से प्राण आदि मुद्रायें प्रदर्शित करनी चाहिए ॥ १३०-१३१ ॥

अब **प्राणादि मुद्राओं** को कहते हैं - कनिष्ठिका, अनामिका एवं अंगूठे को मिलाने से **प्राणमुद्रा**, तर्जनी मध्यमा एवं अंगूठा मिलाने से **अपान मुद्रा**, अनामिका, मध्यमा और अंगूठे को मिलाने से **उदान मुद्रा**, तर्जनी, अनामिका मध्यमा, और अंगूठा को मिलाने से **समान मुद्रा** बनती है, चतुर्थ्यन्त प्राण आदि (प्राणय, अपानाय, उदानाय, व्यानाय तथा समानाय) के अन्त में स्वाहा तथा प्रारम्भ में प्रणव लगाने से बने मन्त्रों का जप करते हुये प्राणादि मुद्रायें प्रदर्शित करनी चाहिए ॥ १३२-१३४ ॥

प्रतिसीरामपाकृत्य दद्याच्छ्लोकं पठञ्जलम् ।
समस्तदेव देवेश सर्वतृप्तिकरं परम् ॥ १३६ ॥
अखण्डानन्द सम्पूर्ण गृहाण जलमुत्तमम् ।
स्थण्डिलेग्निमुपाधाय वैश्वदेवक्रियां चरेत् ॥ १३७ ॥
मूलेन वीक्ष्य चास्त्रेण कृत्वा प्रोक्षणताडने ।
कुशैस्तद्वर्मणाभ्युक्ष्य पूर्ववत्स्थापयेच्छुचिम् ॥ १३८ ॥
तन्मन्त्रेण तमभ्यर्च्याहूय तत्रेष्टदेवताम् ।
पूजयेद् गन्धपुष्पैस्तां महाव्याहृतिभिस्ततः ॥ १३६ ॥
हुत्वा व्यस्त समस्ताभिराहुतीनां चतुष्टयम् ।
अन्नैर्मूलेन जुहुयात्पञ्चविंशति संख्यया ॥ १४० ॥

लेह्यं पेयं च चोष्यं सितममृतफलं पूरिकाद्यं सुखाद्यम् ।
आज्यं प्राज्यं सभोज्यं नयनरुचिकरं राजिकैलामरीच –
स्वादीयः शाकराजी परिकरममृताहार जोषञ्जुषस्व' ॥ २ ॥

इति पद्यद्वयम् ॥ रमेशपदे स्थाने देवताभेदेऽन्य देवतानामूहः कार्यः । लक्ष्म्येति पदस्थानेऽपि गौर्या पार्वत्येत्यादि पद सन्निवेश ऊह्यः ॥ १३५ ॥ प्रतिसीराञ्जवनिकाम् ॥ १३६–१३७ ॥ शुचिं वह्निं पूर्ववत् प्रथमतरङ्गोक्त–विधिना ॥ १३८ ॥ तन्मन्त्रेण वैश्वानरमन्त्रेण पूर्वोक्तेन ॥ १३६–१४२ ॥

फिर पर्दा खींचकर 'ब्रह्मेशाद्यैः परित ऊरुभिः सूपविष्टैः समेतैर्लक्ष्म्याशिञ्जद्वलयकरया सादरं वीज्यमानः लीलानर्मप्रहसनमुखैर्व्याप्नुवन्पंक्ति मध्यं भुङ्क्ते पात्रेकनकघटिते षड्रसं श्रीरमेशः । शालेर्भक्तं सुपक्वं शिशिररसितं पायसापूपसूपं लेह्यं पेयं च चोष्यं सितममृतफलं पूरिकाद्यं सुखाद्यम् आज्यं प्राज्यं सभोज्यं नयनरुचिकरं राजिकैलामरीच स्वादीयः शाकराजी परिकरममृताहार जोषञ्जुषस्व' । इसके बाद पर्दा ऊपर हटा कर **'समस्त देव देवेश सर्वतृप्तिकरं परम् । अखण्डानन्द संपूर्ण गृहाण जलमुत्तमम्'** - इस श्लोक से आचमनीय के लिए जल देना चाहिए ॥ १३५-१३७ ॥

स्थण्डिल (वेदी) पर अग्निस्थापन कर वैश्वदेव क्रिया करनी चाहिए । मूल मन्त्र से अग्नि को देखकर अस्त्र (फट्) मन्त्र से प्रेक्षण एवं कुशाओं से ताड़न करना चाहिए (द्र० १. १११-११२) 'हुम्' मन्त्र से सेचन कर पूर्ववत् वहाँ अग्नि की स्थापना करनी चाहिए (द्र० १. ११३. १२२-१२४) ॥ १३७-१३८ ॥

उस 'वैश्वानर' मन्त्र से उनका पूजन करना चाहिए (द्र० १. १२६) फिर इष्टदेव का आवाहन कर गन्ध एवं पुष्पों से उनका भी पूजन करना चाहिए । फिर महाव्याहृति से होम कर व्यस्त (अलग-अलग) और समस्त (एक साथ) व्याहृतियों से ४ आहुतियाँ देनी चाहिए । इसके बाद मूल मन्त्र से अन्न की २५

पुनर्व्याहृतिभिर्हुत्वा मूर्तौ देवं नियोजयेत्।
वह्निं विसृज्य देवाय दद्यादाचमनोदकम् ॥ १४१ ॥
तेजः संयोज्य देवस्य निर्गतं देववक्त्रतः।
नैवेद्यांशं तदुच्छिष्टभोजिने विनिवेदयेत् ॥ १४२ ॥

उच्छिष्टभोजिदेवताकथनम्

विष्वक्सेनो हरेरुक्तश्चण्डेश्वर उमापतेः।
विकर्तनस्य चण्डांशुर्वक्रतुण्डो गणेशितुः ॥ १४३ ॥
शक्तेरुच्छिष्टचाण्डाली स्मृता उच्छिष्टभोजिनः।

आर्तिकताम्बूलाद्युपचारकथनम्

ततो लवणमुत्तार्य कुर्यादारार्तिकं सुधीः ॥ १४४ ॥
अथो निवेद्य ताम्बूलं दर्शयेच्छत्रचामरे।
पठेद् देवमना भूत्वा सार्द्धश्लोकचतुष्टयम् ॥ १४५ ॥
बुद्धिः सवासनाक्लृप्ता दर्पणं मङ्गलानि च।
मनोवृत्तिर्विचित्रा ते नृत्यरूपेण कल्पिता ॥ १४६ ॥

उच्छिष्टभोजिन आह । विश्वक्सेन इत्यादिना विकर्तनस्य रवः ॥ १४३–१४४ ॥ सार्धश्लोकचतुष्टयं शिवोक्तम् ॥ १४५ ॥ तदेवाह – **बुद्धिरिति** ॥ १४६॥

आहुतियाँ देनी चाहिए ॥ १३९-१४० ॥

फिर व्याहृतियों से होमकर इष्टदेव की मूर्ति में इष्टदेव को नियोजित करना चाहिए फिर अग्नि का विसर्जन कर इष्टदेव को आचमन के लिए जल देना चाहिए ॥ १४१॥

इष्टदेव के मुख से निकले हुये तेज को नैवेद्य में संयोजित कर उसका कुछ भाग उच्छिष्ट भोजी को दे देना चाहिए ॥ १४२ ॥

अब तत्तद् देवताओं के **उच्छिष्ट भोजियों** का नाम कहते हैं -

विष्णु के विष्वक्सेन, शिव के चण्डेश्वर, रवि के चण्डांशु, गणेश के वक्रतुण्ड और शक्ति के उच्छिष्टचाण्डाली उच्छिष्टभोजी कहे गये हैं ॥ १४३-१४४ ॥

आरती एवं ताम्बूल - इसके बाद साधक को आरती करनी चाहिए । फिर ताम्बूल देकर छत्र एवं चामर दिखाना चाहिए तथा तन्मय होकर '**बुद्धि सवासना ... तवोपकरणात्मना**' पर्यन्त ४ श्लोक १४६-१४८ पढ़कर देवाधिदेव की स्तुति करनी चाहिए ॥ १४४-१४५ ॥

स्तुति श्लोकों का अर्थ - हे प्रभो मै बुद्धिरूप दर्पण तथा वासना रूप मङ्गल एवं अपने विचित्र विचित्र मनोवृत्तियों को नृत्यरूप में आप को समर्पित

ध्वनयो गीतरूपेण शब्दवाद्यप्रभेदतः।
छत्राणि नवपद्मानि कल्पितानि मया प्रभो ॥ १४७ ॥
सुषुम्णा ध्वजरूपेण प्राणाद्याश्चामरात्मना।
अहंकारो गजत्वेन वेगः क्लृप्तोरथात्मना ॥ १४८ ॥
इन्द्रियाण्यश्वरूपाणि शब्दादिरथवर्त्मना।
मनः प्रग्रहरूपेण बुद्धिः सारथिरूपतः ॥ १४९ ॥
सर्वमन्यत्तथा क्लृप्तं तवोपकरणात्मना।
श्लोकानेतान् पठित्वा तु मूलमन्त्रमनन्यधीः ॥ १५० ॥
यशाशक्ति जपित्वा तं मन्त्रेण विनिवेदयेत्।
क्षिपन्नर्घस्य पानीयं देवता दक्षिणे करे ॥ १५१ ॥
गुह्यातिगुह्यगोप्ता त्वं गृहाणास्मत्कृतं जपम्।
सिद्धिर्भवतु मे देव त्वत्प्रसादात्त्वयि स्थितिः ॥ १५२ ॥
कीर्तितः श्लोकरूपोऽयं मन्त्रो जपनिवेदने।
दत्त्वापराङ्मुखं चार्घ्यं पुष्पैः शङ्खं प्रपूजयेत् ॥ १५३ ॥
दण्डवत्प्रणिपत्येशं देवे कुर्यात्प्रदक्षिणाः।

देवपरत्वेन प्रदक्षिणासंख्याकथनम्

अजेश शक्ति गणपभास्कराणां क्रमादिमाः ॥ १५४ ॥

मन्त्रेण गुह्यातिगुह्येत्यादिना तं जपं देवदक्षकरेऽर्घजलेनार्पयेत् ॥ १५१–१५३ ॥ प्रदक्षिणासंख्यामाह – **अजेति** । अजे विष्णौ वेदाश्चतस्रः प्रदक्षिणाः ।

करता हूँ । शब्द रूपी बाजे के साथ विविध ध्वनि रूप गीत, नवीन विकसित पद्म रूप छत्र, सुषुम्ना रूप ध्वज आप को तथा अपने पञ्च प्राणों को देव रूप से आप को समर्पित करता हूँ ॥ १४६-१४८ ॥

अपने अहंकार रूप गज के मन के वेग रूपी रथ को जिसमें इन्द्रियों के घोड़े जुते हुये है जो शब्दादि रूप मार्ग में चलने वाले है जिनमें मन का लगाम, तथा बुद्धि रूप सारथी जुड़े हुये है उन्हे भी मैं आप को समर्पित करता हूँ । इसके अतिरिक्त और भी मेरा जो सर्वस्व है उन सभी को उपकरण रूप में आप को समर्पित करता हूँ ॥ १४८-१५० ॥

इन श्लोकों से स्तुति करने के पश्चात् साधक तन्मय हो कर मूलमन्त्र का यथाशक्ति जप कर देवता के दाहिने हाथ में विशेषार्घ्य का जल देकर 'गुह्याति .. त्वयि स्थितिः' पर्यन्त (द्र० २२. १५२) श्लोक पढ़कर जप निवेदन करे । फिर पीछे की ओर अर्घ्य देकर शङ्ख का पूजन करना चाहिए ॥ १५१-१५३ ॥

वेदार्द्धचन्द्रवह्न्यन्त्यद्रि संख्याः स्युः सर्वसिद्धये ।
स्तुत्वा ब्रह्मार्पणाख्येन मनुनाऽऽत्मानमर्पयेत् ॥ १५५ ॥

ब्रह्मार्पणमन्त्रकथनम्

इतः पूर्वं प्राणबुद्धि देहधर्माधिकारतः ।
जाग्रत्स्वप्नसुषुप्त्यन्तेऽवस्थासु मनसा वदेत् ॥ १५६ ॥
वाचा च हस्ताभ्यां पद्भ्यामुदरेण शिश्नतस्ततः ।
मेषोनन्तान्वितो यत्स्मृतं यदुक्तं च यत्कृतम् ॥ १५७ ॥
तत्सर्वं प्रोच्य ब्रह्मार्पणं भवत्वग्निवल्लभा ।
मां मदीयं च सकलं हरये ते समर्पये ॥ १५८ ॥
तारस्तत्सदिति प्रोक्तो ब्रह्मार्पणमनुर्बुधैः ।
प्रणवादिर्द्वयशीत्यर्णो देवतात्मसमर्पणे ॥ १५९ ॥

ईशेर्द्धम् । शक्तावेका । गणेशस्य तिस्रः । रवेः सप्त ॥ १५४–१५५ ॥
ब्रह्मार्पणमन्त्रमाह – **इत इति** । बकः शः मेषोऽनन्तान्वितः नः आयुतः श्न ।
यथा – ॐ इतः पूर्वं प्राणबुद्धिदेहधर्माधिकारतो जाग्रत्स्वप्नसुषुप्त्यवस्थासु मनसा वाचा हस्ताभ्यां पद्भ्यामुदरेण शिश्नेन यत्स्मृतं यदुक्तं यत्कृतं तत्सर्वं ब्रह्मार्पणं भवतु स्वाहा मां मदीयं च सकलं हरये ते समर्पये ॐ तत्सदिति ॥ १५६–१५९ ॥

प्रदक्षिणाविधि - अपने इष्टदेव को दण्डवत् प्रणाम कर उनकी प्रदक्षिणा करनी चाहिए । विष्णु की चार, शिव की आधी, शक्ति की एक, गणेश की तीन एवं सूर्यनारायण की सात परिक्रमायें सर्वसिद्धिलाभ के लिए करनी चाहिए ॥ १५४-१५५ ॥

इसके बाद स्तुति कर ब्रह्मर्पण मन्त्र से आत्म निवेदन करना चाहिए । 'इतः पूर्वं प्राणबुद्धिदेहधर्माधिकारतः जाग्रत्स्वप्नसुषुप्त्यवस्थासु मनसा वाचा हस्ताभ्यां पद्भ्यामुदरेण शिश्ने' के बाद अनन्तान्वित (ए) से युक्त मेष (न), फिर 'यं यत्स्मृतं यदुक्तं यत्कृतं तत्सर्वं ब्रह्मार्पणं भवतु स्वाहा', फिर 'मां मदीयं च सकलं हरये ते समर्पये' तथा अन्त में तार (ॐ) तथा तत्सत् एवं प्रारम्भ में प्रणव लगाने से ८२ अक्षरों का ब्रह्मार्पण मन्त्र देवता को आत्मसमर्पण करने के लिए कहा गया है ॥ १५५-१५९ ॥

विमर्श - ब्रह्मार्पण मन्त्र का स्वरूप - ॐ इतः पूर्वं प्राणबुद्धिदेह धर्माधिकारतो जाग्रत्स्वप्नसुषुप्त्यवस्थासु मनसा वाचा हस्ताभ्यां पद्भ्यामुदरेण शिश्नेन यत्स्मृतं यदुक्तं यत्कृतं तत्सर्वं ब्रह्मार्पणं भवतु स्वाहा मां मदीयं च सकलं हरये ते समर्पये ॐ तत्सत् (८२ अक्षर न होकर ८४ है) ॥ १५५-१५९ ॥

देवस्य संहारमुद्रया हृदये स्थापनम्

संहारमुद्रया देवं संहरेर्द्धृदये निजे ।
अन्यस्मिन्दैवते कार्यं ऊहो हरिपदे बुधैः ॥ १६० ॥

ब्रह्मायज्ञपूर्वकयोगक्षेमादिकथनम्

एवं सम्पूज्य देवेशं ब्रह्मायज्ञं समाचरेत् ।
योगक्षेमं ततः कृत्वा मध्याह्ने स्नानमाचरेत् ॥ १६१ ॥

पूजाया आवश्यकत्वादिकथनम्

स्मार्तं तान्त्रं च पूर्वोक्तं सन्ध्यातर्पणमप्यथ ।
सम्पूज्य पूर्ववद्देवं वैश्वदेवादिकं चरेत् ॥ १६२ ॥
देवप्रसादं भुञ्जीत सम्भोज्य ब्राह्मणोत्तमान् ।
आचम्य देवं संस्मृत्य पुराणं श्रृणुयात्सुधीः ॥ १६३ ॥
सन्ध्याहोमं निर्वृत्य देवं सम्पूज्य पूर्ववत् ।
शयीतशुद्धशय्यायां भुक्त्वाल्पं देवतां स्मरन् ॥ १६४ ॥

संहारमुद्रोक्ता । हरये इत्यत्र ईशानाय गौर्यै इत्याद्यूहः ॥ १६०॥ ब्रह्मा–यज्ञं वेदाध्ययनम् । अलब्धस्य लाभो योगः । लब्धस्य परिपालनं क्षेमः ॥ १६१ ॥ तान्त्रं स्नानम् । पूर्वोक्तं प्रथमतरङ्गोक्तम् ॥ १६२–१६५ ॥

इसके बाद संहारमुद्रा दिखाकर अपने इष्टदेव को हृदय में स्थापित करे । अन्य देवता के ब्रह्मार्पण में 'हरये' के स्थान पर उस देवता का चतुर्थ्यन्त ऊह कर लेना चाहिए ॥ १६० ॥

इष्टदेव का पूजन करने के बाद ब्रह्म यज्ञ (वेदाध्ययन) करना चाहिए। फिर योगक्षेम (व्यावसायिक एवं घर के कार्य) करने के बाद मध्यास्न में स्नान करना चाहिए ॥ १६१ ॥

फिर पूर्वोक्त रीति से स्मार्त्त एवं तान्त्रिक (स्नान द्र० १.३) सन्ध्या एवं तर्पण बलि-वैश्वदेव आदि सारा कार्य करना चाहिए । तदनन्तर ब्राह्मणों को भोजन करा कर देवतानिवेदित प्रसाद का स्वयं भोजन करना चाहिए । तत्पश्चात् आचमनादि एवं देव स्मरण कर पुराणों का पाठ एवं श्रवण करना चाहिए ॥ १६२-१६३ ॥

अब **सायं पूजन** का **विधान** करते है -

सन्ध्याकाल का हवन संपादन कर पुनः पूर्वोक्त विधि से इष्टदेव का पूजन कर, थोड़ा भोजन कर, देवता का स्मरण करे । फिर शुद्ध शय्या पर सो जाना चाहिए ॥ १६४ ॥

एवं यः पूजयेद् देवं त्रिकालं धर्ममाचरन्।
न जातुवैरिभिर्दुःखै पीड्यते हरिरक्षितः ॥ १६५ ॥
त्रिकालं पूजनाशक्तैः कार्यं द्विःसकृदप्यदः।
विशेषेण यजेद्देवं संक्रान्त्यादिषु पर्वसु ॥ १६६ ॥
दशभिः पञ्चभिर्वापि पूजयेदुपचारकैः।
अशक्तः कारयेत्पूजां दद्यादर्चनसाधनम् ॥ १६७ ॥
दानाशक्तः समर्चंस्तं पश्येत्तत्परमानसः।

साधनाभाविनीत्रासीदौर्बोधीसूतक्यातुरीभेदेन
पञ्चप्रकारपूजाकथनम्

साधनाऽभाविनी त्रासी दौर्बोधी सौतकी तथा ॥ १६८ ॥
आतुरी पञ्चधोक्तासौ पूजा सा कीर्त्यते क्रमात्।

अन्दः पूजनम् ॥ १६६ ॥ दशभिरुपचारैरावाहनासनस्नानाचमनवस्त्र-चन्दनपुष्पं धूपदीपनैवेद्यैः । पञ्चभिर्गन्धाद्यैः ॥ १६७ ॥ पञ्चप्रकारां पूजामाह – **साधनाऽभाविनीति** । साधनानां पूजोपकरणानामभावो यस्याः सा साधनाभाविनी । त्रासो यस्याः सा तत्कृता त्रासी । दुर्बोधानामियं दौर्बोधी । सूतके कृता सौतकी ॥ १६८ ॥

जो व्यक्ति इस प्रकार धर्माचरण करते हुये त्रिकाल देव पूजन करता है वह कभी भी शत्रुओं एवं दुःखों से पीड़ित नहीं होता उसके इष्टदेव स्वयं उसकी रक्षा करते है ॥ १६५ ॥

त्रिकाल पूजा में असमर्थ होने पर व्यक्ति को मात्र प्रातः एवं सायं द्विकाल ही देवता का पूजन करना चाहिए । संक्रान्ति आदि पर्वो पर विशेष रूप से त्रिकाल पूजन करना चाहिए । असमर्थ व्यक्ति को दशोपचार अथवा पञ्चोपचार से पूजन करना चाहिए । अथवा सर्वथा अशक्त होने पर उपचार सामग्री दूसरों को देकर उसी से पूजा करा लेनी चाहिए । यदि उपचार देने में भी असमर्थ हो तो एकाग्रचित्त हो दूसरे के द्वार पर होने वाली पूजा स्वयं देखना चाहिए ॥ १६६-१६८ ॥

विमर्श - दशोपचार - पाद्यार्घ्याचमनीयं च मधुपर्काचमनस्तथा ।
गन्धादयो नैवेद्यान्ता उपचारा दशात्मकाः ॥

पञ्चोपचार - गन्धपुष्पं च धूपं च दीपं नैवेद्यमेव च ।
प्रदद्यात्परमेशानि पूजा पञ्चोपचारिका ॥ १६६-१६८ ॥

साधानाभेद और लक्षण - अभाविनी, त्रासी, दौर्बोधी, सौतिकी तथा आतुरी इन भेदों से साधना के ५ भेद कहे गये है । अब **इनके लक्षण** कहते हैं -

पूजासाधनवस्तूनामभावान्मनसैव या ॥ १६६ ॥
पूजाम्भसा साधनं यत्साधनाभाविनी तु सा।
त्रस्तः सम्पूजयेद्देवं यथालब्धोपचारकैः ॥ १७० ॥
मानसैर्वापि सा त्रासी ज्ञेया सम्पूर्णसिद्धिदा।
बालावृद्धाः स्त्रियो मूर्खादुर्बोधास्तत्कृता तु या ॥ १७१ ॥
यथाज्ञानं परार्चासौ दौर्बोधी कीर्तिता बुधैः।
सूतकी तु नरः स्नात्वा सन्ध्यां स्वां मानसीं चरेत् ॥ १७२ ॥
मानसैर्वार्चयेत्कामी निष्कामः सर्वमाचरेत्।
सौतक्युक्ताऽऽतुरी रोगान्नस्नायान्न च पूजयेत् ॥ १७३ ॥
विलोक्य मूर्तिं देवस्य यदि वा सूर्यमण्डलम्।
सकृन्मूलमनु जप्त्वा तत्र पुष्पं विनिक्षिपेत् ॥ १७४ ॥
ततो रोगे गते स्नात्वा पूजयित्वा गुरून्द्विजान्।
पूजाविच्छेददोषो मे मास्त्विति प्रार्थयेत तान् ॥ १७५ ॥
तेभ्यश्चाशिषमादाय देवेशं पूर्ववद्यजेत्।
आतुरी कीर्तिता पूजाः पञ्चैवं नारदोदिताः ॥ १७६ ॥

आतुरस्येयमातुरी ॥ १६६ ॥ क्रमाल्लक्षणमाह – **पूजेति** । त्रासीमाह – **त्रस्त** इति ॥ १७० ॥ दौर्बोधीमाह – **बाला** इति ॥ १७१ ॥ सौतकीमाह – **सूतकीत्विति** ॥ १७२ ॥ आतुरीमाह – **आतुरेति** ॥ १७३–१७८ ॥

१-२. पूजा के उपकरणों के अभाव में मन से अथवा जल मात्र से जो पूजा की जाती है उसे **अभाविनी साधना** कहते है । त्रस्त व्यक्ति तत्कालोपलव्ध अथवा मानसोपचारों से जो पूजा करता है उसे **त्रासी साधना** कहते हैं । ऐसी साधना सब प्रकार की सिद्धि देती है ॥ १६८-१७१ ॥

३. बालक,वृद्ध, स्त्री, मूर्ख एवं अनजान व्यक्तियों के द्वारा उनकी जानकारी के अनुसार यथाशक्ति की जाने वाली पूजा **दौर्बोधी साधना** कही जाती है। सूतक में पड़ा हुआ व्यक्ति स्नान कर केवल मानसिक सन्ध्या करे ॥ १७१-१७२ ॥

४. सकाम होने पर मानसिक पूजन करे, निष्काम होने पर सव कार्य करे - यह **सौतिकी साधना** है । रोगी व्यक्ति को स्नान एवं पूजा दोनों वर्जित है । वह देवता की मूर्ति अथवा सूर्यमण्डल का दर्शन कर एक बार मूल मन्त्र का जप कर केवल पुष्प चढ़ा देवे ॥ १०३-१७४ ॥

५. फिर रोग की समाप्ति होने पर स्नान कर पश्चात् गुरु एवं ब्राह्मणों की पूजा कर 'पूजा विच्छेद का दोष मुझे न लगे' ऐसी प्रार्थना करनी चाहिए । उन

स्वयं सम्पाद्य सर्वाणि श्रद्धया साधनानि यः ।
पूजयेत्तत्परो देवं स लभेताखिलं फलम् ॥ १७७ ॥
पूजनेन फलार्द्धं स्यादन्यदत्तैस्तु साधनैः ।
तस्मात्स्वयं समानीय साधनान्यर्चनं चरेत् ॥ १७८ ॥
देवपूजाविहीनो यः स नरो नरके पचेत् ।
यथाकथञ्चिद्देवार्च्चा विधेया श्रद्धयान्वितैः ॥ १७६ ॥

॥ इति श्रीमन्महीधरविरचिते मन्त्रमहोदधौ देवार्चानिरूपणं नाम द्वाविंशस्तरङ्गः ॥ २२ ॥

सुरार्चाया नित्यतामाह – **देवेति** ॥ १७६ ॥

॥ इति श्रीमन्महीधरविरचितायां मन्त्रमहोदधिव्याख्यायां नौकायां देवार्चानिरूपणं नाम द्वाविंशस्तरङ्गः ॥ २२ ॥

गुरुजनों से आशीर्वाद ग्रहण कर पूर्वोक्त विधि से अपने इष्टदेव का यजन करना चाहिए । इस साधना को **आतुरी साधना** कहते हैं । ये पाँचों साधनायें ब्रह्मर्षि नारद के द्वारा कही गई है ॥ १७५-१७६ ॥

पूजा की सारी सामग्री स्वयं एकत्रित कर जो व्यक्ति तन्मय होकर अपने इष्टदेव की पूजा करता है उसे संपूर्ण फल प्राप्त होता है । अन्य व्यक्तियों द्वारा सङ्गृहित उपचारों से पूजा करने पर साधक को मात्र आधा फल प्राप्त होता है । इसलिए पूजा की सारी सामग्री का संभार स्वयं ला कर पूजा करनी चाहिए ॥ १७७-१७८ ॥

क्योंकि देवपूजा न करने पर नरक की प्राप्ति होती है अतः व्यक्ति को देवता के प्रति आस्था एवं श्रद्धा रख कर देव पूजन करनी ही चाहिए ॥ १७६ ॥

॥ इस प्रकार श्रीमन्महीधर विरचित मन्त्रमहोदधि के बाईसवें तरङ्ग की महाकवि पं० रामकुबेर मालवीय के द्वितीय आत्मज डॉ० सुधाकर मालवीय कृत 'अरित्र' नामक हिन्दी व्याख्या पूर्ण हुई ॥ २२ ॥

अथ त्रयोविंशः तरङ्गः

वक्ष्येऽथो सर्वदेवानां पवित्रदमनार्पणम्।

पवित्रदमनार्चनविधिवर्णनम्

पवित्रैः श्रावणे पूजा चैत्रे दमनकैरपि ॥ १ ॥
प्रत्यब्दं विधिवत्कुर्याद्वर्षार्च्चा फलसिद्धये।
चैत्रे शुक्लचतुर्दश्यां दमनैः पूजयेद्धरिम् ॥ २ ॥
नारायणं तु द्वादश्यामष्टम्यां गिरिनन्दिनीम्।
सप्तम्यां भास्करं देवं चतुर्थ्यां गणनायकम् ॥ ३ ॥
एवं तत्तिथौ तं तं पवित्रैः श्रावणेऽर्चयेत्।
पूर्वाह्णे दमनार्चायाः कृत्वा नित्यार्चनं विभोः ॥ ४ ॥
गत्वा दमनकारामं गृह्णीयात्तं क्रयार्पणात्।
उपविश्य शुचौ देशे मनुनानेन चार्पयेत् ॥ ५ ॥

---

* नौका *

पवित्रदमनार्चनं वक्तुमुपक्रमते – **वक्ष्येऽथो** इति ॥ १ ॥ * ॥ २–३ ॥ **पूर्वाह्णे** पूर्वदिने ॥ ४ ॥

---

* अरित्र *

अब सभी देवताओं के लिए **पवित्र एवं दमनक के अर्पण की विधि** कहता हूँ। वर्ष भर की पूजा की फल प्राप्ति के लिए पवित्री श्रावण में तथा दमनक चैत्र में समर्पित कर विधिवत् विष्णु देव का पूजन करना चाहिए ॥ १-२ ॥

पवित्र एवं दमनक के अर्पण की तिथि -

चैत्र शुक्ल चतुर्दशी को दमनक से श्रीविष्णु का, चैत्र शुक्ल द्वादशी को नारायण का, अष्टमी को पार्वती का, सप्तमी को सूर्य का तथा चतुर्थी को श्री गणेश का पूजन करना चाहिए। इसी प्रकार श्रावण की उक्त तिथियों में पवित्रक से तत्तदेवताओं का पूजन करना चाहिए ॥ २-४ ॥

दमनक पूजाविधि - दमनक पूजा से एक दिन पहले अपने इष्टदेव की पूजा कर दमनक (अशोक) के उपवन में जा कर मूल्य दे कर दमनक का क्रय

अशोकाय नमस्तुभ्यं कामस्त्रीशोकनाशन ।
शोकार्तिं हर मे नित्यमानन्दं जनयस्व मे ॥ ६ ॥
इति सम्प्रार्थ्य तत्रार्चेद्रतिकामौ स्वमन्त्रतः ।

तत्र कामरतिमन्त्रकथनम्

कामदेवाय कामादि हृदन्तोऽष्टाक्षरो मनुः ॥ ७ ॥
कामास्य मायारत्यै हृत्पञ्चार्णस्तु रतेर्मनुः ।
इष्टदेवस्य पूजार्थं नेष्यामि त्वामिति ब्रुवन् ॥ ८ ॥
उत्पाट्य पञ्चगव्येनाभिषिच्य क्षालयेज्जलैः ।
गन्धादिभिर्हृदाभ्यर्च्य च्छादयेत् पीतवाससा ॥ ६ ॥
निधाय वंशपात्रे तं गीतवादित्रनिःस्वनैः ।
गृहमानीय तद्देशे स्थापयेद् देवतां स्मरन् ॥ १० ॥
ततो देवस्य पुरतः कृत्वाष्टदलमम्बुजम् ।
सितकृष्णरक्तपीतवर्णैः सम्पूरयेत्तु तम् ॥ ११ ॥

क्रयार्पणान् मूल्यदानेन ॥ ५ ॥ * ॥ ६ ॥ क्लीं कामदेवाय नम इति कामस्य मनुः । ह्रीं रत्यै नम इति रतेः ॥ ७–८ ॥ * ॥ ६–१४ ॥

करना चाहिए । फिर शुद्ध स्थान पर बैठकर 'अशोकाय नमस्तुभ्यं' से 'जनयस्व मे' पर्यन्त (द्र० २३.६) श्लोक पढ़कर प्रार्थना कर उस पर रति एवं काम का उनके अपने अपने मन्त्रों से पूजन करना चाहिए ॥ ४-७ ॥

अब **कामदेव का मन्त्र** कहते हैं - प्रारम्भ में काम (क्लीं) फिर कामदेवाय उसके अन्त में हृदय (नमः) लगाने से ८ अक्षरों का कामदेव मन्त्र बनता है । माया (ह्रीं) फिर रत्यै और अन्त में हृदय (नमः) लगाने से ५ अक्षरों का रतिमन्त्र बनता है ॥ ७-८ ॥

विमर्श - मन्त्र का स्वरूप - कामदेव का मन्त्र - क्लीं कामदेवाय नमः, **रति का मन्त्र** - ह्रीं रत्यै नमः ॥ ७-८ ॥

इसके पश्चात् 'इष्टदेवस्य पूजार्थं त्वां नेष्यामि' ऐसा कह कर उखाड़कर पञ्चगव्य से अभिषेक कर जल से प्रक्षालित करना चाहिए । तदनन्तर गन्ध आदि से (गन्धं समर्पयामि नमः) पूजा कर उसे पीले कपड़े से ढ़क कर, बाँस की टोकरी में स्थापित कर, गाते-बजाते घर ले जाकर, इष्टदेव का स्मरण करते हुये पूजा स्थान में इस प्रकार स्थापित करना चाहिए ॥ ८-१० ॥

इसके बाद इष्टदेव के सामने अष्टदल कमल बनाकर श्वेत, काले, रक्त एवं पीत वर्णों से उसे रंग देना चाहिए । उसके बाद भूपुर बनाकर उसे पीले

भूपुरं तद्बहिः कृत्वा पीतवर्णेन पूरयेत्।
सितरक्तपीतवर्णं तद्बहिर्वर्तुलत्रयम् ॥ १२ ॥
रक्तवर्णेन तद्बाह्ये विदध्याच्चतुरस्रकम्।
एवं विरचिते रम्ये मण्डले सार्वकामिके ॥ १३ ॥
यदि वा सर्वतोभद्रे मुञ्चेद्दमनभाजनम्।
सायंकालीनपूजान्ते कुर्यात्तस्याधिवासनम् ॥ १४ ॥
ताराद्याभ्यां कामरतिमन्त्राभ्यां तत्र तौ यजेत्।
दलेष्वष्टसु रत्याद्यानष्टौ कामान्पृथग्विधैः ॥ १५ ॥

कामनामकथनम्

कामो भस्मशरीरश्च ततोऽनङ्गश्च मन्मथः।
वसन्तसखसंज्ञश्च स्मर इक्षुधनुर्धरः ॥ १६ ॥
पुष्पबाण इमे कामास्तान् यजेन्नामभिर्निजैः।
प्रणवानङ्गबीजाद्यैश्चतुर्थी हृदयान्वितैः ॥ १७ ॥

ताराद्याभ्य प्रणवादिकाभ्यां कामरतिमन्त्राभ्यामुक्ताभ्यां तत्र मण्डल मध्यस्थदमने तौ रतिकामौ ॥ १५ ॥ कामानाह – **काम** इति ॥ १६ ॥ **प्रणवेति** । ॐ क्लीं कामाय नम इत्यादिभिः ॥ १७ ॥

रङ्ग से रंग देना चाहिए। पुनः उसके ऊपर सफेद लाल एवं पीले रङ्ग के तीन वृत्तों का निर्माण करना चाहिए । फिर उसके बाहर चतुरस्र बनाकर लाल रङ्ग से भर देना चाहिए ॥ ११-१३ ॥

दमनपूजने यन्त्रम्

इस प्रकार से निर्मित रम्य सार्वकामिक मण्डल पर अथवा सर्वतोभद्र मण्डल पर दमनक की पिटारी को रख देना चाहिए ॥ ११-१३ ॥

अधिवास का विधान -

सांयकालीन पूजा के बाद दमनक का इस प्रकार अधिवासन करना चाहिए । प्रणव सहित काम मन्त्र (ॐ क्लीं कामदेवाय नमः) एवं रतिमन्त्र (ह्रीं रत्यै नमः) से उन दोनों का पूजन कर तदनन्तर रति सहित कामदेव के आठ नामों के मन्त्र से अष्टदलों में पृथक् रूप से पूजन करना चाहिए ॥ १४-१५ ॥

पूजाद्रव्यकथनम्

कर्पूररोचनान्यंकुनाभिजाऽगुरुकुंकुमैः ।
धात्रीफलैश्चन्दनेन पुष्पैः कामान् क्रमाद्यजेत् ॥ १८ ॥
दमनं गन्धपुष्पाद्यैरभिपूज्याभिमन्त्रयेत् ।
अष्टोत्तरशतं कामगायत्र्या मन्त्रवित्तमः ॥ १६ ॥

कामगायत्रीकथनम्

कामदेवाय वर्णान्ते विद्महेपदमुच्चरेत् ।
पुष्पबाणाय च पदं धीमहीति ततो वदेत् ॥ २० ॥
तन्नोऽनङ्गः प्रचोवर्णाद् दयादिति मनोभुवः ।
गायत्र्येषा बुधैरुक्ता जप्ता जनविमोहिनी ॥ २१ ॥

पूजाद्रव्याण्याह – **कर्पूरेति** । न्यंकुनाभिजा कस्तूरी । तत्र कर्पूरेण कामपूजा । रोचनया भस्मशरीरपूजा कस्तूर्याऽनंगपूजेत्यादिक्रमः ॥ १८ ॥ * ॥ १६ ॥ कामगायत्रीमाह – **कामदेवायेति** । जनविमोहिनीत्युक्तत्वात् स्वतन्त्राप्येषा ॥ २० ॥ * ॥ २१–२४ ॥

---

१. काम, २. भस्मशरीर, ३. अनङ्ग, ४. मन्मथ, ५. बसन्तसखा, ६. स्मर, ७. इक्षुधनुर्धर एवं ८. पुष्पबाण - ये कामदेव के आठ नाम कहे गये हैं ॥ १६-१७ ॥

इन नामों के चतुर्थ्यन्त रूपों के प्रारम्भ में प्रणव सहित कामबीज और अन्त में हृदय (नमः) लगाकर नाम मन्त्रों से कर्पूर, गोरोचन, कस्तूरी, अगर, कुंकुम, आँवला, चन्दन, एवं पुष्पों से उक्त आठ कामों का पूजन करना चाहिए ॥ १७-१८ ॥

फिर गन्ध , पुष्पादि द्वारा दमनक का पूजन कर मन्त्रवित् साधक काम गायत्री के मन्त्र से उसे १०८ बार अभिमन्त्रित करे ॥ १६ ॥

अब **कामदेव गायत्री** कहते हैं -

'कामदेवाय' पद के बाद 'विद्महे' कहना चाहिए । फिर 'पुष्पबाणाय' पद के अनन्तर 'धीमहि' पद का उच्चारण करना चाहिए । तत्पश्चात् 'तन्नोऽनङ्गः प्रचो' तथा 'दयात्' वर्णों को कहना चाहिए । यह कामगायत्री हैं, जो जप करने मात्र से लोगों को मोहित करती हैं, ऐसा विद्वानों का कथन है ॥ २०-२१ ॥

विमर्श - मन्त्र का स्वरूप इस प्रकार है - 'कामदेवाय विद्महे पुष्पबाणाय धीमहि । तन्नोऽनङ्गः प्रचोदयात्' ॥ २०-२१ ॥

हृदापुष्पाञ्जलिं दत्वा मनुनानेन तं नमेत्।
नमोऽस्तु पुष्पबाणाय जगदानन्दकारिणे ॥ २२ ॥
मन्मथाय जगन्नेत्ररतिप्रीतिप्रदायिने।
ततो निमन्त्रयेद् देवमनेन मनुना सुधीः ॥ २३ ॥
आमन्त्रितोऽसि देवेश प्रातःकाले मया प्रभो।
कर्तव्यं तु यथालाभं पूर्णं स्यात्तु तवाज्ञया ॥ २४ ॥
देवे पुष्पाञ्जलिं दत्वा दण्डवत्प्रणिपत्य च।
दमने वर्मणास्त्रेण विदध्यादवगुण्ठनम् ॥ २५ ॥
रक्षणं च क्रमादेतदधिवासनमीरितम्।
ततो जागरणं कुर्याद्देवं गायंस्तुवञ्जपन् ॥ २६ ॥
सर्वाधिवासनं चापि कुर्यान्नर्तनजागरौ।
प्रातः स्नानादिनिर्वर्त्य कृत्वा नित्यार्चनं विभोः ॥ २७ ॥
संकल्पं दमनार्चाया विदध्याद्देवताज्ञया।
गृहीत्वा दमनस्याथ हस्ताभ्यां मञ्जरीं शुभाम् ॥ २८ ॥

वर्मणाऽवगुण्ठनम् अस्त्रेण रक्षणं कुर्यात् ॥ २५–२७ ॥ देशकालावुच्चार्य वर्षपूजा सांगत्याय दमनार्चां करिष्य इति संकल्पः ॥ २८ ॥ * ॥ २६–३७ ॥

फिर नमः मन्त्र से पुष्पाञ्जलि देकर **'नमोऽस्तु पुष्पबाणय ... रतिप्रीतिप्रदायिने'** पर्यन्त मन्त्र (द्र० २३. २२-२३) पढ़कर उन्हे प्रणाम करे ॥ २२-२३ ॥

फिर **'आमन्त्रितोसि देवेश ... तवाज्ञया'** पर्यन्त मन्त्र (द्र० २३.२४) पढ़कर इष्ट देवता को निमन्त्रित करे ॥ २३-२४ ॥

तदनन्तर पुष्पाञ्जलि चढ़ाकर, दण्डवत् प्रणाम कर, वर्म (हुं) मन्त्र से दमन का अवगुण्ठन कर, अस्त्र (फट्) मन्त्र से उनका संरक्षण करे । उपर्युक्त समस्त विधियों को **दमनक का अधिवासन** कहा जाता है ॥ २५-२६ ॥

फिर इष्टदेव के गुणों का गान करते हुये तथा उनके मन्त्रों का जप करते हुये जागरण करे । सभी प्रकार के अधिवासन में नृत्य और जागरण करना चाहिए - ऐसा विधान है ॥ २६-२७ ॥

विमर्श - आठ कामों के नाममन्त्रों से पूजा विधि -

ॐ क्लीं कामाय नमः, ॐ क्लीं भस्मशरीराय नमः,
ॐ क्लीं अनङ्गाय नमः, ॐ क्लीं मन्मथाय नमः,
ॐ क्लीं वसन्तसखाय नमः, ॐ क्लीं स्मराय नमः,
ॐ क्लीं इक्षुधनुर्धराय नमः, ॐ क्लीं पुष्पबाणाय नमः ।

कामदेव की गायत्री स्पष्ट है ॥ १४-२७ ॥

हृदाभिमन्त्रयेन्मन्त्री ततः श्लोकमिमं पठेत् ।
सर्वरत्नमयीं दिव्यां सर्वगन्धमयीं शुभाम् ॥ २९ ॥
गृहाण मञ्जरीं देव नमस्तेऽस्तु कृपानिधे ।
मूलमन्त्रेण घण्टादिघोषैर्देवस्य मस्तके ॥ ३० ॥
समर्प्य तां ततः कुर्यान्मालां दमननिर्मिताम् ।
हृदाभिमन्त्र्य चानेन श्लोकेनाप्यभिमन्त्रयेत् ॥ ३१ ॥
सर्वरत्नमयीं नाथ दामनीं वनमालिकाम् ।
गृहाण देवपूजार्थं सर्वगन्धमयीं विभो ॥ ३२ ॥
मूलमन्त्रं जपन्देव मुकुटे तां समर्पयेत् ।

दमनेन देवपूजाविधिकथनम्

दमनेनेष्टदेवस्य परिवारान् समर्चयेत् ॥ ३३ ॥
ततो नैवेद्यताम्बूले दत्वा नत्वा च दण्डवत् ।
दमनार्चां कृतां तस्मै श्लोकेन विनिवेदयेत् ॥ ३४ ॥
देव देव जगन्नाथ वाञ्छितार्थप्रदायक ।
कृत्स्नान् पूरय मेत्वर्थं कामान् कामेश्वरीप्रिय ॥ ३५ ॥
जप्त्वा मूलमनुं वह्निं हुत्वा देवं विसृज्य च ।
गुरुं गत्वा दमनकैर्यजेत्तं तोषयेद्धनैः ॥ ३६ ॥

दमन पूजा - प्रातःकाल स्नानादि से निवृत्त हो कर इष्टदेव की नियमित पूजा समाप्त करने के बाद उनकी आज्ञा ले कर 'वर्षपूजा साङ्गत्याय दमनार्चा करिष्ये' ऐसा संकल्प करना चाहिए ॥ २७-२८ ॥

फिर दोनों हाथों में दमनक की शुभ मञ्जरी ले कर 'नमः' मन्त्र से अभिमन्त्रित कर - **'सर्वरत्नमयीं दिव्यां ... नमस्तेऽस्तु कृपानिधे** - पर्यन्त श्लोक (द्र० २३. २९-३०) पढ़कर मूल मन्त्र से घण्टा आदि जयघोष के साथ उन मञ्जरियों को देवता के शिर पर चढ़ाकर दमनक की बनी माला 'नमः' पद के साथ - **'सर्वरत्नमयीं नाम ... विभो'** पर्यन्त (द्र० २३. ३२) मन्त्र पढ़कर अभिमन्त्रित करनी चाहिए ॥ २८-३२ ॥

इसके पश्चात् इष्टदेव के परिवार की भी दमनक द्वारा पूजा करनी चाहिए । फिर नैवेद्य एवं ताम्बूल समर्पित कर दण्डवत् प्रणाम कर **'देव देव जगन्नाथ ... कामेश्वरीप्रिय** - पर्यन्त श्लोक (द्र० २३. ३५) पढ़ते हुये पूजित दमनक को देवाधिदेव के लिए निवेदित करनी चाहिए ॥ ३३-३५ ॥

फिर मूल मन्त्र का जप कर अग्नि में होम कर देवता का विसर्जन कर गुरु के पास जा कर दमनक से उनकी भी पूजा करनी चाहिए और धन दे कर

विप्रान् सम्भोज्य भुञ्जीत स्वदेवाय निवेदितम् ।
एवं कृते कृतार्थः स्याद्वर्षार्चा फलभाङ् नरः ॥ ३७ ॥
कथिता दमनार्चैषा पवित्रयजनं ब्रुवे ।

पवित्रविधिकथनम्

पवित्रयजनाहात्तु पूर्वस्मिन्वासरे सुधीः ॥ ३८ ॥
विदध्यान्नित्यपूजान्ते पवित्राणि यथाविधि ।
हेमदुर्वर्णताम्रोत्थतन्तुभिः पट्टसूत्रतः ॥ ३९ ॥
यद्वा कार्पाससूत्रैस्तु निर्मितैर्विप्रभार्यया ।
अन्यया वा सधवया सदाचारप्रसक्तया ॥ ४० ॥
कर्तितैस्तानि कुर्वीत न पुंश्चल्यादिर्निर्मितैः ।
त्रिगुणं त्रिगुणीकृत्य निर्मायान्नवसूत्रिकाम् ॥ ४१ ॥
तां प्रोक्ष्य पञ्चगव्येन क्षालयेदुष्णवारिणा ।
प्रणवेनाभिषिञ्चेत्तां मूलेनाऽष्टोत्तरं शतम् ॥ ४२ ॥
मन्त्रयेन्मूलगायत्र्याः तावदेव ततः सुधीः ।
रचयेन्नवसूत्रीभिरष्टोत्तरशतेन च ॥ ४३ ॥

पवित्रविधिमाह – **पवित्रेति** ॥ ३८ ॥ दुर्वर्णं रूप्यम् ॥ ३९ ॥ *॥ ४०–४२ ॥ अष्टोत्तरशतनवसूत्र्या ज्येष्ठं चतुःपञ्चाशता मध्यमं सप्तविंशत्या कनिष्ठं पवित्रं कुर्यात् ॥ ४३–४४ ॥

उन्हें संतुष्ट करना चाहिए ॥ ३६ ॥

पश्चात् ब्राह्मण भोजन करा कर स्वयं इष्टदेव का प्रसाद ग्रहण करना चाहिए । ऐसा करने से मनुष्य कृतार्थ हो जाता है और उसे पूरे वर्ष की पूजा का फल प्राप्त होता है ॥ ३७ ॥

इस प्रकार दमनक पूजा कही गई । अब **पवित्रपूजा का क्रम** कहता हूँ -

पवित्र पूजा करने के एक दिन पहले साधक नित्य पूजा संपादन कर विधिवत् पवित्राओं का निर्माण कर सोना, चाँदी, ताँबा, रेशम, अथवा ब्राह्मणों के द्वारा अथवा अन्य सदाचारिणी सधवा स्त्री के हाथ से काते हुये कपास के सूत का पवित्रक वनाना चाहिए । व्यभिचारिणी, वेश्यादि द्वारा काते गये सूत का पवित्रक कभी न बनावे । तीन धागों को तीन गुनाकर इस प्रकार नवसूत्रिका निर्माण कर पञ्चगव्य से उसका प्रोक्षण कर ऊष्ण जल से उसे प्रक्षालित करना चाहिए ॥ ३८-४२ ॥

फिर प्रणव से उनका अभिषेक करे तथा १०८ इष्टदेव के मूलमन्त्र एवं उनकी १०८ गायत्री से उसे अभिमन्त्रित करना चाहिए ॥ ४२-४३ ॥

तदर्द्धेन तदर्द्धेन जानूरुनाभिमानतः ।
देवेशस्य पवित्राणि शुचौ देशे प्रसन्नधीः ॥ ४४ ॥
ज्येष्ठ–मध्य–कनिष्ठानि तेषु ग्रन्थीन् दधीत च ।
षट्त्रिंशत्तत्त्वमार्तण्डमिताञ्ज्येष्ठादिषु क्रमात् ॥ ४५ ॥
अष्टोत्तरसहस्रेण नवसूत्र्या विनिर्मितम् ।
अष्टोत्तरशतग्रन्थीन् वनमालापवित्रकम् ॥ ४६ ॥
कृत्वातान् रञ्जयेद् ग्रन्थीन् रोचनाकुंकुमादिभिः ।
वैष्णवे पटले तानि सञ्छाद्य सितवाससा ॥ ४७ ॥
स्थापयित्वा विनिर्मायादन्यान्यावरणार्चने ।
सप्तविंशत्यष्टि रवि नवसूत्रीकृतानि तु ॥ ४८ ॥
अद्रिनेत्रमिताभिस्तु कुर्याद् गुरुपवित्रकम् ।
तावतीभिः कृशानोस्तत्षड्विंशत्या तदात्मनः ॥ ४६ ॥
तत्रग्रन्थीन् यथाशोभं दत्त्वा संरञ्जयेदपि ।
तानि पात्रान्तरे न्यस्य कुर्याद् गन्धपवित्रकम् ॥ ५० ॥

ज्येष्ठं षट्त्रिंशद् ग्रन्थियुतम् । मध्यमं चतुर्विंशति ग्रन्थियुतम् । कनिष्ठं द्वादशग्रन्थियुतम् ॥ ४५–४७ ॥ अष्टिः षोडश ॥ ४८ ॥ अद्रिनेत्रमिताभिः सप्तविंशतिसंख्याभिस्ताभिर्नवसूत्रीभिर्गुरुपवित्रं तावतीभिस्ताभिः सप्तविंशत्यैतच्छुचे-रग्नेस्तत्पवित्रं षड्विंशत्या स्वपवित्रं च कुर्यात् । तत्र ग्रन्थयः स्वेच्छया देयाः ॥ ४६–५० ॥

फिर किसी शुद्ध स्थान पर प्रसन्नता पूर्वक बैठकर १०८, या उसके आधे ५४, या उसके आधे २७ नवसूत्रिकाओं से जानुपर्यन्त, ऊरू पर्यन्त अथवा नाभि पर्यन्त प्रमाण वाली पवित्रा का निर्माण करना चाहिये ॥ ४३-४४ ॥

ये क्रमशः ज्येष्ठ, मध्यम एवं कनिष्ठ संज्ञक होती है। फिर इनमें क्रमशः ३६, २४, एवं १२ गाँठ लगाना चाहिए । एक हजार आठ से बनी नवसूत्रिका में १०८ गाँठों के द्वारा निर्मित पवित्रा को वनमाला कहते हैं ॥ ४५-४६ ॥

उक्त प्रकार से पवित्रा का निर्माण कर उनकी उनकी ग्रन्थियों को गोरोचन के शर आदि से रङ्गना चाहिए । फिर वैष्णव पटल पर उन्हें श्वेत वस्त्र से ढ़क कर स्थापित कर पुनः २७, १६, एवं १२ नवसूत्रिकाओं से आवरण पूजा के लिए अन्यान्य पवित्रियाँ बनानी चाहिए । गुरु के लिए २७ नवसूत्रिका की, अग्नि के लिए भी उतनी ही संख्या की तथा २६ नव सूत्रिकाओं को अपने लिए भी पवित्री निर्माण करनी चाहिए ॥ ४७-४६ ॥

द्वादश ग्रन्थि तिग्मांशु नवसूत्री विनिर्मितम्।
निर्मायैवं पवित्राणि कुर्यात् पूजार्थमण्डलम्॥ ५१॥
पंकजं षोडशदलं पूरयेदष्टवर्णकैः।
नीलहारिद्रशोणाह्वमाञ्जिष्ठश्वेतसंज्ञकैः ॥ ५२॥
सिन्दूरधूम्रकृष्णाख्यैस्तद् बहिर्मण्डलत्रयम्।
सूर्यसोमाग्निसंज्ञं तत्सितपीतारुणं क्रमात्॥ ५३॥
तद्बाह्याष्टदलं कुर्यादरुणं यदिवासितम्।
एवं मण्डलमालिख्य पूजयेत्कुसुमादिभिः॥ ५४॥
तस्योपरि निबध्नीयाद्वितानसमलंकृतम्।
मण्डले स्थापयेद्देवं प्रतिमां यदि वा घटम्॥ ५५॥
तत्रेष्टदेवं सम्पूज्य पायसं विनिवेदयेत्।
देवताग्रे पवित्राणां पात्रे न्यस्याधिवासयेत्॥ ५६॥

तिग्मांशुर्द्वादश ॥ ५१॥ *॥ ५२–५५॥ पात्रे देवपवित्रपात्रेणावरणपवित्रपात्रे

इन पवित्राओं में जितनी ग्रन्थि शोभा के लिए अपेक्षित हो उतनी ग्रन्थि लगानी चाहिए तथा उन्हें भी उक्त प्रकार से रङ्गना चाहिए । तदनन्तर उन्हे किसी पात्र में स्थापित कर १२ नव सूत्रिकाओं की जिसमें १२ ग्रन्थियाँ लगी हो उसकी एक अन्य गन्धपवित्रा बनानी चाहिए । इस रीति से पवित्रा निर्माण कर पूजन के लिए मण्डल बनाना चाहिए ॥ ५०-५१ ॥

अब पवित्र पूजा के लिए **मण्डल (यन्त्र) निर्माण का विधान** कहते हैं -

षोडशदल का कमल बना कर उसमें नीला, पीला, लाल, भूरा, सफेद, सिन्दूरी, धूम्रवर्ण, तथा काला रङ्ग भर देना चाहिए । उसके ऊपर क्रमशः श्वेत पीत, तथा लाल रङ्ग के सूर्य, सोम एवं अग्नि-संज्ञक तीन वृत्त निर्मित करना चाहिए । तदनन्तर उसके बाहर लाल अथवा श्वेत रङ्ग से रङ्गे हुये अष्टदल कमल का निर्माण करना चाहिए ॥ ५२-५४ ॥

पवित्र पूजन यन्त्रम्

यन्त्र पर इष्टदेव के पूजन का प्रकार कहते हैं -

उक्त प्रकार का यन्त्र निर्माण करने के पश्चात् पुष्पादि द्वारा उसका पूजन

उक्तसंख्यस्य सूत्रस्यालाभे तानि यथारुचि।
ज्येष्ठादीनि पवित्राणि विदध्यात्सर्वथा सुधीः॥ ५७॥

अधिवासनकथनम्

तत्र द्वाविंशतिर्देवानाहूय प्रतिपूजयेत्।
ब्रह्मविष्णुमहेशानास्त्रिसूत्र्या देवताः स्मृताः॥ ५८॥
ओंकारचन्द्रमो वह्निब्रह्मानागशिखिध्वजाः।
सूर्यः सदाशिवो विश्वे नवसूत्र्यधिदेवताः॥ ५६॥
क्रिया च पौरुषी वीरा चतुर्थी त्वपराजिता।
विजया जयया युक्ता मुक्तिदा च सदाशिवा॥ ६०॥
मनोन्मनी तु नवमी दशमी सर्वतोमुखी।
एताः पवित्रग्रन्थीनां देवताः परिकीर्तिताः॥ ६१॥

पवित्रकेण भगवदाराधनविधिवर्णनम्

आवाहन्यादि मुद्राभिर्नवभिः साधकोत्तमः।
तदाह्वानादिकं तत्र कृत्वार्च्चेच्चन्दनादिभिः॥ ६२॥

च ॥ ५६–५७ ॥ अधिवासनमाह – **तत्रेति** ॥ ५८॥ शिखिध्वजः कार्तिकेयः । विश्वे विश्वेदेवाः ॥ ५६ ॥ * ॥ ६०–६१ ॥ आवाहनीस्थापनीसन्निधापिनीसन्निरोधिनीसम्मुखीकरणीसकलीकरण्यवगुण्ठिन्यमृतीकरणीपरमीकरण्यो नवाऽऽवाहन्यादि मुद्राः । ता उक्ताः ताभिस्तदाह्वानादिकं पवित्रदेवतानां ब्रह्मादीनां

कर उसके ऊपर सुन्दर वितान बाँध देना चाहिए । तदनन्तर उस मण्डल पर निज इष्टदेव की प्रतिमा अथवा सचित्र पट स्थापितकर फिर उसका पूजन कर खीर का नैवेद्य समर्पित करना चाहिए ॥ ५४-५६ ॥

फिर देवता के आगे पवित्रियों के दोनो पात्र रखकर अधिवासित करना चाहिए । पूर्वोक्त संख्या के सूत्र न मिलने पर जितना प्राप्त हो उसी से ज्येष्ठ आदि पवित्राओं का निर्विकल्प निर्माण कर लेना चाहिए ॥ ५६-५७ ॥

अब **पवित्री के अधिवासन का प्रकार** कहते है -

दोनों पात्रों में स्थापित पवित्राओं पर वक्ष्यमाण २२ देवताओं का आवाहन कर उनका पूजन करना चाहिए । ब्रह्मा, विष्णु एवं महेश - ये तीन सूत्रीय देवता हैं । ॐकार, चन्द्रमा, अग्नि, ब्रह्मा, नाग, कार्तिकेय, सूर्य, सदाशिव एवं विश्वेश्वर - ये नव सूत्रिका के अधिदेवता है, क्रिया, पौरुषी, वीरा, अपराजिता, विजया, जया, मुक्तिदा, सदाशिवा और ९ वीं मनोन्मनी दशवीं सर्वतोमुखी - ये पवित्री के ग्रन्थियों की देवता कही गई हैं ॥ ५८-६१ ॥

एवं पवित्राण्यभ्यर्च्य दद्याद् गन्धपवित्रकम्।
तद्धूपयित्वा तारेण हृदयेनाभिमन्त्रयेत् ॥ ६३ ॥
प्रणम्य प्रार्थयेद्देवं श्लोकयुग्ममिदं पठन्।
आमन्त्रितोऽसि देवेश सार्द्धं देव्या गणेश्वरैः ॥ ६४ ॥
मन्त्रेशैर्लोकपालैश्च सहितः परिवारकैः।
आगच्छ भगवन्नीश विधि सम्पूर्तिकारक ॥ ६५ ॥
प्रातस्त्वां पूजयिष्यामि सान्निध्यं कुरु केशव।
ततो गन्धपवित्रं तत्पादयोर्विन्यसेत्प्रभोः ॥ ६६ ॥
केशवेतिपदस्थाने कार्य ऊहोऽन्यदैवतः।
भगवत्याः पदेष्वत्र लिङ्गोहो मन्त्रवित्तमैः ॥ ६७ ॥

पदार्थानुसमयेन काण्डानुसमयेन चाऽऽवाहनादि च हुत्वा गन्धादिनाऽर्चयेत् ॥ ६२ ॥ * ॥ ६३–६६ ॥ केशवपदस्थाने ऊहः शंकरः भास्करः विघ्नराडित्यादि रूप इति । भगवत्यां पवित्रारोपणे तु तत्पदेषु लिंगोहोऽपि कार्यः । यथा – आमन्त्रितासि देवेशि आगच्छ त्वं भवानीशोविधि संपूर्तिकारिके ... सान्निध्यं कुरुपार्वतीत्यादि रीत्या लिंगपदानाम् ऊहः ॥ ६७॥ *॥ ६८ ॥

उत्तम साधक आवाहनी आदि पूर्वोक्त ९ मुद्राओं (आवहनी स्थापनी, सन्निधापनी, सन्निरोधिनी, संमुखीकरण, सकलीकरण, अवगुण्ठनी, अमृतीकरण, परमीकरण और धेनुमुद्रा । द्र० २२. ४५-५६) से आवाहनादि कर चन्दन आदि से उनका पूजन करे । इसी प्रकार पवित्राओं का गन्धादि द्वारा भी पूजन करे और उसे प्रणव से धूप दिखाकर 'नमः' से अभिमन्त्रित करना चाहिए ॥ ६२-६३ ॥

फिर इष्टदेव को प्रणाम कर **'आमन्त्रितोऽसि देवेश०** से ले कर ... **सान्निध्यं कुरु केशव** - पर्यन्त (द्र० २३. ६४-६६) दो श्लोकों को पढ़कर निज इष्टदेव की प्रार्थना करनी चाहिए ॥ ६४-६६ ॥

इसके बाद गन्ध पवित्रा को निज इष्टदेव के चरणों में चढ़ा देना चाहिए। प्रार्थना के इस श्लोक में यदि यदि इष्ट देव शंकर, गणेश, शक्ति या भास्कर हों तो उनके नामों का ऊहापोह कर सन्निविष्ट कर लेना चाहिए ॥ ६६-६७ ॥

विमर्श - पूजाविधि - सर्वप्रथम सूत्र के प्रथम द्वितीय और तृतीय धागे में निम्न मन्त्रों से पूजा करनी चाहिए । यथा - ॐ ब्रह्मणे नमः प्रथमदोरके,
ॐ विष्णवे नमः द्वितीयदोरके, ॐ महेशाय नमः तृतीयदोरके ।

इसके बाद नवसूत्रिका के प्रत्येक धागे में इस रीति से पूजा करनी चाहिए । यथा - ॐकाराय नमः प्रथमसूत्रे,
ॐ चन्द्रमसे नमः द्वितीयसूत्रे, ॐ वह्नये नमः, तृतीयसूत्रे,

अधिवासं विधायेत्थं निशि जागरणं चरेत् ।
देवस्य स्तुतिनामानि वदन्गायंश्च तद्गुणान् ॥ ६८ ॥

पवित्रधारणविधिकथनम्

प्रातर्नित्यार्चनं कृत्वा मूलेनाष्टोत्तरं शतम् ।
कनिष्ठाख्यं पवित्रं तद्गृहीत्वा चाभिमन्त्रयेत् ॥ ६६ ॥
घण्टावादित्रवेदानां कारयन्घोषमुत्तमम् ।
जयशब्दांश्च देवस्य कण्ठे मूलेन चार्पयेत् ॥ ७० ॥
एवमेवार्पयेदन्यं पवित्रे मध्यमोत्तमे ।
श्वेतं रक्तं क्रमात्पीतं ध्यायेद् देवं तदर्पणे ॥ ७१ ॥

कनिष्ठपवित्रारोपणे देवे श्वेतं ध्यायेत् । मध्यमारोपणे रक्तं ज्येष्ठारोपणे पीतमिति ॥ ६६ ॥ * ॥ ७०–७१ ॥

ॐ ब्रह्मणे नम, चतुर्थसूत्रे, ॐ नागेभ्यो नमः पञ्चमसूत्रे,
ॐ कार्तिकेयाय नमः, षष्ठसूत्रे, ॐ सूर्याय नमः सप्तमसूत्रे,
ॐ सदाशिवाय नमः, अष्टमसूत्रे, ॐ विश्वेभ्यो देवभ्यो नमः, नवमसूत्रे,
इसके बाद ग्रन्थिस्थ देवताओं की निम्न मन्त्रों से पूजा करनी चाहिए । यथा - ॐ क्रियायै नमः प्रथमग्रन्थौ, ॐ पौरुष्यै नमः, द्वितीयग्रन्थौ,
ॐ वीरायै नमः, तृतीयग्रन्थौ, ॐ अपराजितायै नमः, चतुर्थग्रन्थौ,
ॐ विजयायै नमः पञ्चमग्रन्थौ, ॐ जयायै नमः षष्ठग्रन्थौ,
ॐ मुक्तिदायै नमः, सप्तमग्रन्थौ, ॐ सदाशिवायै नमः अष्टमग्रन्थौ,
ॐ मनोन्मन्यै नमः नवमग्रन्थौ, ॐ सर्वतोमुख्यै नमः दशमग्रन्थौ ॥ ५८-६७॥

उक्त प्रकार से पवित्रा का अधिवासन कर निज इष्ट देवता के नाम एवं गुणादि द्वारा स्तुति कर जागरण करना चाहिए ॥ ६८ ॥

अब **पवित्रक पूजा का विधान** कहते हैं -

प्रातःकालिक नित्य पूजा करने के बाद पवित्रा को हाथ में ले कर मूल मन्त्र से एक सौ आठ बार अभिमन्त्रित करना चाहिए । फिर घण्टा, वाद्य, वेद ध्वनि एवं जय-जयकार के घोषों के साथ मूल मन्त्र का उच्चारण करते हुये उस पूजित पवित्रा को निज इष्टदेव के कण्ठ में पहना देना चाहिए ॥ ६६-७० ॥

मध्यम एवं कनिष्ठ प्रकार की पवित्राओं के चढ़ाने की भी यही विधि है । किन्तु कुछ विशेषता इस प्रकार है - कनिष्ठ पवित्रा चढ़ाते समय श्वेत वर्ण वाले, मध्यम चढ़ाते समय रक्त वर्ण वाले तथा ज्येष्ठ पवित्रा चढ़ाते समय पीतवर्ण वाले निज इष्टदेवता का ध्यान करना चाहिए ॥ ७१ ॥

वनमालापवित्रं तु तावन्मूलेन मन्त्रितम् ।
अर्पयेदिष्टदेवस्य मुकुटे मूलमुच्चरन् ॥ ७२ ॥
ततः सुवर्णकुसुमैः पुष्पैः शतमितैः सह ।
मूलाभिमन्त्रितं देवमूर्ध्नि मूलेन चार्पयेत् ॥ ७३ ॥
हृदान्यपटलस्थानि पवित्राण्यभिमन्त्र्य च ।
तत्तन्नाम्ना नमोन्तेन परिवारान् सुरान् यजेत् ॥ ७४ ॥
एवं पवित्रैः सम्पूज्य धूपादीनि प्रकल्पयेत् ।
पावके देवमावाह्य नित्यहोमं विधाय च ॥ ७५ ॥
मूलेनाग्निपवित्रं तदर्पयेद्देवतां स्मरन् ।
मूर्तौ देवं समुद्वास्य वह्निं संयोज्य चात्मनि ॥ ७६ ॥
पुष्पाञ्जलिं विधायेशे कर्मान्ते विनिवेदयेत् ।
मन्त्रहीनं क्रियाहीनं भक्तिहीनं कृपानिधे ॥ ७७ ॥
पूजनं पूर्णतामेतु पवित्रेणार्पितेन ते ।
इति सम्प्रार्थ्य देवेशं योजयेद्धृदये निजे ॥ ७८ ॥
गुर्वन्तिकं ततो गत्वा दत्त्वा पुष्पाञ्जलिं गुरौ ।
स्वाङ्गे षडङ्गं विन्यस्य गुरुदेहेपि विन्यसेत् ॥ ७९ ॥

तावदष्टोत्तरशतम् ॥ ७२ ॥ * ॥ ७३–८१ ॥

वनमाला संज्ञक पवित्रा को मूल मन्त्र से एक सौ आठ बार अभिमन्त्रित कर मूलमन्त्र से इष्टदेव के मुकुट पर उसे समर्पित करना चाहिए । तदनन्तर मूलमन्त्र से अभिमन्त्रित अमलतास के १०० पुष्पों को मूलमन्त्र से देवता के मस्तक पर चढ़ाना चाहिए ॥ ७२-७३ ॥

पटल पर विद्यमान् पवित्राओं को 'नमः' मन्त्र से अभिमन्त्रित् करे, तथा उसे आवरण देवताओं के चतुर्थ्यन्त नामों के साथ 'नमः' लगाकर निष्पन्न मन्त्रों से आवरण देवताओं पर चढ़ाना चाहिए ॥ ७४ ॥

इस प्रकार पवित्राओं से देव पूजन कर धूप, दीप, नैवेद्य आदि से उनका पूजन करना चाहिए । तदनन्तर अग्नि में निज इष्टदेव का आवाहन कर नित्य होम संपादन कर देवस्मरण करते हुये मूलमन्त्र से उनको अग्निपवित्रा चढ़ानी चाहिए ॥ ७५-७६ ॥

उसकी **पूजा विधि** इस प्रकार है -

मूर्तिस्थ देवता में अपनी आत्मा को अग्नि से संयुक्त कर इष्टदेव को पुष्पाञ्जलि देकर कर्म की समाप्ति करे । **'मन्त्रहीनं ... पवित्रेणार्पितेन ते** (द्र० २३. ७७-७८) पर्यन्त श्लोक का उच्चारण कर इष्टदेव की प्रार्थना करनी चाहिए, और उन्हे अपने हृदय में स्थापित करना चाहिए ॥ ७६-७८ ॥

पवित्रार्पणकालनिर्णयः

पाद्यं दत्त्वा तथैवार्घ्यं वस्त्रालंकारचन्दनम् ।
पुष्पैः सम्पूज्य मूलेन पवित्रं तद्गलेऽर्पयेत् ॥ ८० ॥
स्वशक्त्या दक्षिणां दत्त्वा दण्डवत्प्रणमेद् गुरुम् ।
अन्येभ्यः शिष्टवृद्धेभ्यः पवित्राणि ददीत च ॥ ८१ ॥
सर्वथैव गुरोः पूजा कर्तव्या मन्त्रिणा सदा ।
अपूजिते गुरौ सर्वा पूजा भवति निष्फला ॥ ८२ ॥
गुरोरभावे तत्पुत्रं तदभावे तदात्मजम् ।
दौहित्रं तदभावेन्यं पूजयेद् गुरुगोत्रजम् ॥ ८३ ॥
ततो धृत्वा पवित्रं स्वं भोजयित्वा द्विजोत्तमान् ।
भुञ्जीत तदनुज्ञातो बन्धुभिस्तनयैः सह ॥ ८४ ॥
यथाकथञ्चित्कुर्वीत पवित्राणि सुरार्चने ।
विधेरुक्तस्य चाशक्त्या पूजासम्पूर्तिहेतवे ॥ ८५ ॥

सर्वथा गुरुवंशाभावे कञ्चिच्छिष्टं संपूज्य तस्य पवित्रं समर्प्य दक्षिणां च दत्त्वा पवित्रपूजा पूर्णास्त्विति तद्वचनं प्रार्थयेत् ॥ ८२–८५ ॥

इसके बाद निज गुरुदेव के पास जा कर उन्हें पुष्पाञ्जलि निवेदति कर अपने अङ्गों में षडङ्गन्यास कर पश्चात गुरुदेव के शरीर में षडङ्गन्यास करना चाहिए ॥ ८३॥

फिर. उन्हें पाद्य और अर्घ्य देकर मूल मन्त्र से वस्त्र, अलंकार, चन्दन एवं पुष्पों से उनका पूजन कर उनके कण्ठ में पवित्रा पहना देनी चाहिए । अपनी शक्ति के अनुसार गुरु को दक्षिणा देकर दण्डवत् प्रणाम करना चाहिए ॥ ८०-८१ ॥

इसी प्रकार अपने संप्रदाय के अन्य विशिष्ट एवं वयोवृद्ध लोगों के भी गले में पवित्रा पहना देनी चाहिए । साधक को सदैव अपने गुरु का पूजन करना चाहिए । ऐसा न करने पर सारी पूजा निष्फल हो जाती है ॥ ८१-८२ ॥

गुरु के अभाव में उनके पुत्र की, उनके भी न होने पर पौत्र की, उसके भी अभाव में उनके दौहित्र की तथा उसके भी न होने पर गुरु के कुटुम्ब एवं गोत्र के व्यक्तियों की पूजा करनी चाहिए ॥ ८३ ॥

इतना कर लेने के पश्चात् स्वयं पवित्रा धारण कर श्रेष्ठ ब्राह्मणों को भोजन करा कर उनकी आज्ञा से अपने बन्धुओं तथा पुत्रों के साथ स्वयं भोजन करे ॥ ८४ ॥

उक्त विधि से पवित्रार्पण करने में असमर्थ व्यक्ति वार्षिक पूजा की पूर्ति हेतु जिस किसी भी तरह पवित्राओं से इष्टदेव का अर्चन करे । यदि पूर्वोक्त

यस्यां कस्यां तिथौ कुर्यात् तिथावुक्ते कृतं न चेत् ।
सर्वथा श्रावणे चैव पवित्रं तु निवेदयेत् ॥ ८६ ॥
प्रत्यब्दं यः पवित्रेण पूजां कुर्वीत दैवते ।
ऐश्वर्यारोग्यसंयुक्तो नैकवर्षाणि जीवति ॥ ८७ ॥
सम्पूर्णहायनं पूजा देवतानां कृता तु या ।
सर्वा सम्पूर्णतामेति पवित्रदमनार्पणात् ॥ ८८ ॥

देवोत्सवविशेषमासकालकथनम्

अन्येष्वप्युपरागार्द्धोदयसौम्यायनादिषु ।
कुर्यादलभ्ययोगेषु विशेषाद् देवतार्च्चनम् ॥ ८६ ॥
यथायथेष्ट देवेषु नृणां भक्तिः समेधते ।
प्राप्यते तदयत्नेन मनोभीष्टं तथा तथा ॥ ६० ॥
शुचौ तत्तदहे कुर्याद् देव प्रस्थापनोत्सवम् ।
ऊर्जे तथैव देवानामुत्थापनविधिं सुधीः ॥ ६१ ॥

यस्यामिति । उक्ततिथौ करणासंभवे सर्वथा श्रावणे पवित्रपूजा चैत्रे दमनार्चा च नित्यत्वेनावश्यं कार्येत्यर्थः ॥ ८६ ॥ * ॥ ८७–८८ ॥ **अन्येष्वप्युपेति**। उपरागश्चन्द्रसूर्यग्रहणम् । अर्धोदयलक्षणं तु – 'अमार्कपात श्रमणयुक्ता वेत्पौषमाघयोः । अर्धोदयः सविज्ञेयः कोटिसूर्यग्रहैः समः' इति । सौम्यायनं मकरसंक्रान्तिः । आदिशब्दाद्युगादयो मन्वादयः श्रवणद्वादशीप्रमुखा ग्राह्याः । तत्रेष्टदेव महोत्सवो महापूजा च विधेया ॥ ८६॥ तत्र हेतुमाह – **यथेति** ॥ ६० ॥

निर्धारित तिथि में पवित्रा पूजा न की जा सके तो जिस किसी भी उत्तम तिथि में पवित्रार्पण कर देना चाहिए । किन्तु श्रावण मास में तो निश्चित रूप से ही पवित्र्रापण करना ही चाहिए ॥ ८५-८६ ॥

जो व्यक्ति इस प्रकार प्रति वर्ष पवित्राओं से देव-पूजन करता है, वह आरोग्य एवं ऐश्वर्य के साथ अनेक वर्षो तक जीवित रहता है । देवता की पूरे वर्ष की पूजा पवित्रा एवं दमनक के चढ़ाने से पूर्ण हो जाती है ॥ ८७-८८ ॥

अब **इष्टदेव के महोत्सव का काल** कहते हैं - सूर्य एवं चन्द्रमा का ग्रहण पूष और माघ के महीनों में जब रविवार को अमावस्या तिथि को हो उस अर्धादय काल में, मकर संक्रान्ति में तथा अन्य अलभ्य योगों, युगादि एवं मन्वादि तिथियों से विशेष रूप से अपने इष्टदेव का महोत्सव करना चाहिए ॥ ८६ ॥

जिस जिस क्रम से अपने इष्टदेव में मनुष्यों की भक्ति बढ़ती है उसी उसी क्रम से अनायास उनके मनोरथ भी सफल होते हैं ॥ ६० ॥

माघकृष्णचतुर्दश्यां विशेषाच्छिवपूजनम्।
आश्विनाद्य नवाहेषु दुर्गापूज्या यथाविधि ॥ ६२ ॥
गोपालं पूजयेद्विद्वान्नभः कृष्णाष्टमीदिने।
रामं चैत्रसिते पक्षे नवम्यामर्चयेत् सुधीः ॥ ६३ ॥
वैशाखाद्य चतुर्दश्यां नरसिंह प्रपूजयेत्।
यजेच्छुक्लचतुर्थ्यां तु गणेशं भाद्रमाघयोः ॥ ६४ ॥
महालक्ष्मीं यजेद्विद्वान् भाद्रकृष्णाष्टमीदिने।
माघस्य शुक्लसप्तम्यां विशेषाद्दिननायकम् ॥ ६५ ॥
या काचित्सप्तमी शुक्ला रविवारयुता यदि।
तस्यां दिनेशं सम्पूज्य दद्यादर्घ्यं पुरोदितम् ॥ ६६ ॥
तत्तत्कल्पोदितानन्यान् देवताप्रीतिवर्द्धनान्।
विशेषनियमाञ् ज्ञात्वा भजेद्देवमनन्यधीः ॥ ६७ ॥

शुचावाषाढे तत्तदहे चतुर्थ्यादौ गणेशादीनाम् । ऊर्जे कार्तिके ॥ ६१ ॥ माघकृष्णचतुर्दश्यां शिवरात्रौ शिवपूजाप्रकारः शिवागमाद् बोध्यः । नवरात्रे दुर्गार्चनविधिरपि तदागमादेव शुक्लपक्षादिमासाभिप्रायेण एवमग्रेऽपि । ग्रन्थगौरवभयात्तन्नोच्यते ॥ ६२ ॥ * ॥ ६३–६७ ॥

विद्वान् को आषाढ़ में तत्तद्देवताओं की शयन तिथियों में उन-उन देवताओं का शयनोत्सव तथा कार्तिक की उन-उन तिथियों में देवोत्थान का महोत्सव मनाना चाहिए ॥ ६१ ॥

माघ कृष्णा चतुर्दशी (अमान्त मास के गणनानुसार) शिव रात्रि को विशेषरूप से **भगवान् सदाशिव** का पूजन करना चाहिए । आश्विन मास के प्रारम्भिक ९ दिनों (नवरात्रों) में **भगवती दुर्गा** का विधिवत् पूजन करना चाहिए ॥ ६२ ॥

श्रावण कृष्णाष्टमी (जन्माष्टमी) के दिन विद्वान् को **श्रीगोपाल** का पूजन करना चाहिए । चैत्र शुक्ला नवमी को **श्रीराम** का पूजन करना चाहिए ॥ ६३ ॥

वैशाख कृष्णा चतुर्दशी (नृसिंह चतुर्दशी) को **श्रीनृसिंह का**, भाद्र शुक्ल चतुर्थी (गणेश चतुर्थी) तथा माघ शुक्ल चतुर्थी को **गणपति** का, भाद्र कृष्ण अष्टमी के दिन विद्वान् व्यक्ति को **महालक्ष्मी** का पूजन करना चाहिए । इसी प्रकार माघ शुक्ल सप्तमी को विशेष रूप से **सूर्य** का पूजन करना चाहिए । शुक्लपक्ष की जिस किसी महीने की सप्तमी को रविवार का दिन हो तो उस दिन भी **भगवान् भास्कर** को पूर्वोक्त रीति से अर्घ्य दान देना चाहिए ॥ ६४-६६ ॥

देवताओं में उपासना सम्बन्धी प्रीति बढ़ाने वाले अन्यान्य कल्प भी तत्तद् ग्रन्थों में प्रतिपादित है । अतः साधकों को उन-उन नियमों को जान कर अनन्य

आषाढीकार्तिकीमध्ये किञ्चिन्नियममाचरेत् ।
देवसम्प्रीतये विद्वान् जपपूजादितत्परः ॥ ९८ ॥
एवं यो भजते विष्णुं रुद्रं दुर्गां गणाधिपम् ।
भास्करं श्रद्धया नित्यं स कदाचिन्न सीदति ॥ ९९ ॥
स धर्ममाचरन्नित्यं देवपूजापरायणः ।
जितेन्द्रियोऽखिलान् भोगान् प्राप्येहानन्ततां व्रजेत् ॥ १०० ॥

॥ इति श्रीमन्महीधरविरचिते मन्त्रमहोदधौ दमन–पवित्रार्चन–
निरूपणं नाम त्रयोविंशस्तरंगः ॥ २३ ॥

आषाढीति । चातुर्मास्येऽवश्यं तत्तद्देशलभ्य स्वेष्टं किञ्चिद्वस्तु वर्जयेत् । 'यो विना नियमं मर्त्यो व्रतं वा जाप्यमेव वा ।
चातुर्मास्यं नयेन्मूढो जीवन्नपि मृतो हि सः' ॥
इत्यादि निन्दाश्रवणात् ॥ ९८–१०० ॥

॥ इति श्रीमन्महीधरविरचितायां मन्त्रमहोदधिव्याख्यायां नौकायां दमन
पवित्रार्चननि रूपणं नामत्रयोविंशस्तरंगः ॥ २३ ॥

भक्ति से उनकी उपासना करनी चाहिए ॥ ९७ ॥

आषाढ़ की पूर्णिमा से लेकर कार्तिक मास की पूर्णिमा पर्यन्त अर्थात् चातुर्मास्य में किसी विशेष नियम का पालन करना चाहिए । उस समय विद्वान् साधक जप और पूजा में तत्पर रह कर अपने इष्टदेव को प्रसन्न करे ॥ ९८ ॥

इस रीति से जो मनुष्य भगवान् विष्णु, रुद्र, दुर्गा, गणेश अथवा सूर्यदेव की श्रद्धापूर्वक सदैव उपासना करता है वह कभी भी दुःखी नहीं रहता ॥ ९९ ॥

धर्माचरण करने वाला और देवपूजा में परायण रहने वाला तथा जितेन्द्रिय व्यक्ति इस लोक में समस्त भोगों को प्राप्त कर अन्त में अनन्त में लीन हो जाता है ॥ १०० ॥

॥ इस प्रकार श्रीमन्महीधर विरचित मन्त्रमहोदधि के तेइसवें तरङ्ग की महाकवि
पं० रामकुबेर मालवीय के द्वितीय आत्मज डॉ० सुधाकर मालवीय
कृत 'अरित्र' नामक हिन्दी व्याख्या पूर्ण हुई ॥ २३ ॥

अथ चतुर्विंशः तरङ्गः

साधकानां शीघ्र सिद्ध्यै मन्त्रशुद्धिमथो ब्रुवे ।

मन्त्रशुद्धिप्रकरणम्

साधकस्य तु नामादिवर्णमारभ्य शोधयेत् ॥ १ ॥
मन्त्राद्यक्षरपर्यन्तं चक्रे सिद्धादिके क्रमात् ।
जन्मर्क्षोत्थं प्रसिद्धं वा नामग्राह्यं विशोधने ॥ २ ॥

सिद्धादिचक्रकथनम्

ऊर्ध्वगाः पञ्चरेखाः स्युः पञ्चतिर्यग्गताः पुनः ।
कोष्ठानि तत्र जायन्ते षोडशैवात्र संलिखेत् ॥ ३ ॥
भूरामशिवनन्दाक्षिवेदार्कदिग्रसाष्टभिः ।
कलामनुशरैरद्रितिथिविश्वैर्मितेषु च ॥ ४ ॥

* नौका *

मन्त्रशुद्धिं वक्तुमाह – **साधकानामिति** ॥ १–२ ॥ अकथहचक्रमाह – **ऊर्ध्वगा** इति । षोडशकोष्ठान् विधाय तत्रैकत्र्येकादश नवद्विचतुर्द्वादश दशषडष्टषोडशचतुर्दश–पञ्चसप्तपञ्चदशत्रयोदशेषु कोष्ठेषु क्रमादकारादिवर्णान् पुनः पुनर्विलिख्य कोष्ठचतुष्के सिद्धसाध्यादि विचिन्त्य पुनश्चतुष्के सिद्धादिगणनं

* अरित्र *

इसके बाद अब साधकों को शीघ्र सिद्धि की प्राप्ति के लिए **मन्त्र शोधन का प्रकार** कहता हूँ -

पूर्वोक्त सिद्धादि चक्रों में साधक को अपने नाम के प्रथमाक्षर से मन्त्र के प्रथमाक्षर पर्यन्त गणना कर साधन में प्रवृत्त होना चाहिए । मन्त्र शोधन की प्रक्रिया में जन्म नक्षत्र के अनुसार नाम अथवा प्रसिद्ध नाम ग्राह्य होता है ॥ १-२ ॥

अब उसके लिए **अकथह नामक चक्र** कहते हैं -

५ ऊर्ध्वाधर और फिर ५ तिर्यक् रेखा खींचने से १६ कोष्ठक बनते हैं । फिर इनमें १, ३, ११, ९, २, ४, १२, १०, ६, ८, १६, १४, ५, ७, १५, तथा १३,

कोष्ठेषु मातृकावर्णांस्तत्र नामादितः क्रमात् ।
सिद्धः साध्यः सुसिद्धोरिर्ज्ञेयो मन्वक्षरावधि ॥ ५ ॥
यस्मिंश्चतुष्के नामार्णस्तत्स्यात्सिद्धचतुष्टयम् ।
प्रादक्षिण्याद् द्वितीयं स्यात्साध्याख्यं तत्तृतीयकम् ॥ ६ ॥
सुसिद्धाख्यं चतुर्थं तु सपत्नाख्यं स्मृतं बुधैः ।
एककोष्ठे द्वयोर्वर्णः सिद्धसिद्धः प्रकीर्तितः ॥ ७ ॥
तद् द्वितीये मन्त्रवर्णे सिद्धसाध्य उदाहृतः ।
तृतीये सिद्धसुसिद्धः सिद्धारिः स्याच्चतुर्थके ॥ ८ ॥
नामादियुक्चतुः कोष्ठान् मन्वर्णश्चेद् द्वितीयके ।
चतुष्के तत्र पूर्वं तु यत्र नामाक्षरं स्थितम् ॥ ९ ॥
तत्र तत्कोष्ठमारभ्य गणयेत्पूर्ववत्क्रमात् ।
साध्यसिद्धः साध्यसाध्यस्तत्सुसिद्धश्च तद्रिपुः ॥ १० ॥

कार्यम् । तत्र प्रथमचतुष्के यस्यां विदिशि नामार्ण द्वितीयादिचतुष्केषु तद्विदिशमारभ्य सिद्धादि गणयेत् । एवंगणने (i) – १. सिद्धसिद्धः, २. सिद्धसाध्यः, ३. सिद्धसुसिद्धः, ४. सिद्धारिः ॥ ३–९ ॥ (ii) ५. साध्यसिद्धः, ६. साध्यसाध्यः, ७. साध्यसुसिद्धः, ८. साध्यारिः ॥ १० ॥

संख्या वाले कोष्ठक में क्रमशः समस्त मातृका वर्णों को भर देना चाहिए ॥ ३-५ ॥

इस चक्र में नाम के प्रथम अक्षर से मन्त्र के प्रथम अक्षर पर्यन्त क्रमशः सिद्ध, साध्य, सुसिद्ध और अरि नामक योग जानना चाहिए ॥ ५ ॥

जिन चार कोष्ठकों में साधक के नाम का प्रथम अक्षर हो उन्हें **सिद्धचतुष्टय**, फिर प्रदक्षिण क्रम से उस नाम के अगले वाले द्वितीय चार कोष्ठकों को **साध्यचतुष्टय**, उसके आगे वाले तृतीय चार कोष्ठकों को **सुसिद्धचतुष्टय**, तदनन्तर अन्तिम चार कोष्ठकों को विद्वान् **शत्रुचतुष्टय** नामक कोष्ठ कहते हैं ॥ ६-७ ॥

(i) साधक एवं मन्त्र इन दोनों के नाम का प्रथमाक्षर यदि एक ही कोष्ठक में हो तो **सिद्धसिद्ध योग** कहलाता है । साधक के नाम के प्रथमाक्षर वाले कोष्ठक से दूसरे कोष्ठक में मन्त्राक्षर पड़ने पर **सिद्ध साध्य**, उससे तीसरे कोष्ठक में होने पर **सिद्धसुसिद्ध** तथा उससे चौथे कोष्ठक में मन्त्राद्याक्षर होने पर **सिद्धारि** योग कहा जाता है ॥ ७-८ ॥

नाम के अक्षर वाले ४ कोष्ठकों से अग्रिम ४ कोष्ठक पर्यन्त मन्त्र का प्रथमाक्षर हो तो जिस कोष्ठक में नामाक्षर हो उसकी पंक्ति वाले कोष्ठक से प्रारम्भ कर पूर्ववत् गणना करनी चाहिए ॥ ९-१० ॥

(ii) प्रथम कोष्ठक में मन्त्राक्षर होने पर **साध्यसिद्ध**, द्वितीय कोष्ठक में

एवं ज्ञेयस्तृतीये चेच्चतुष्के मन्त्रवर्णकाः।
तदा पूर्वोक्तया रीत्या क्रमाज्ज्ञेया विचक्षणैः॥ ११॥
सुसिद्धसिद्धस्तत्साध्यस्तत्सुसिद्धश्च तद्रिपुः।
चतुर्थे तु चतुष्के स्यादरिसिद्धारिसाध्यकः॥ १२॥
तत्सुसिद्धोर्यरिः पश्चादेवं मन्त्रं विचारयेत्।

सिद्धादिकोष्ठफलकथनम्

सिद्धसिद्धो यथोक्तेन द्विगुणात्सिद्धसाध्यकः॥ १३॥
सिद्धसिद्धोर्द्धजपात्सिद्धारिर्हन्ति बान्धवान्।
साध्यसिद्धो द्विगुणितः साध्यसाध्यो निरर्थकः॥ १४॥
द्विगुणाज्जपात्सुसिद्धः साध्यारिर्हन्ति गोत्रजान्।
सुसिद्धसिद्धोर्द्धजपात्तत्साध्यो द्विगुणाज्जपात्॥ १५॥

(iii) ९. सुसिद्धसिद्धः, १०. सुसिद्धसाध्यः, ११. सुसिद्धसुसिद्धः, १२. सुसिद्धारिः, (iv) १३. अरिसिद्धः, १४. अरिसाध्यः, १५. अरिसुसिद्धः, १६. अर्यरिः, इति षोडशभेदा भवन्ति ॥ ११–१३ ॥ तेषां फलमाह – **सिद्धसिद्धो यथोक्तेनेत्यादि** । यथोक्तेन कल्पोक्तेन जपादिना सिद्धो भवतीत्यर्थः ॥ १३–१४ ॥ द्विगुणात्कल्पोक्त द्वैगुण्यात्तत्सुसिद्धः साध्यसुसिद्धः ॥ १५–१६ ॥

होने पर **साध्यसाध्य**, तृतीय में होने पर **साध्यसुसिद्ध** और चतुर्थ कोष्ठक में मन्त्राक्षर होने पर उस मन्त्र को **साध्यशत्रु** जानना चाहिए । इसी प्रकार यदि तीसरे और चौथे कोष्ठकों में मन्त्राद्याक्षर पड़े तो पूर्वोक्त विधि से ही विद्वानों को गणना कर विचार करना चाहिए ॥ १०-११ ॥

(iii) तीसरे चारों कोष्ठकों में मन्त्राद्याक्षर होने पर क्रमशः सुसिद्धसिद्ध, सुसिद्धसाध्य, सुसिद्धसुसिद्ध तथा सुसिद्ध शत्रु योग कहा जाता है । (iv) इसी प्रकार चौथे चारों कोष्ठों में मन्त्राद्याक्षर होने पर वही क्रमशः अरिसिद्ध, अरिसाध्य, अरिसुसिद्ध एवं अरि-अरि योग होता है ॥ १२ ॥

चारों प्रकार के योंगों के फल - (i) इसके पश्चात् मन्त्र सिद्धि के विषय में इस प्रकार विचार करना चाहिए । सिद्धसिद्ध मन्त्र यथोक्त काल में, सिद्धसाध्य मन्त्र उससे दूने काल में, सिद्धसुसिद्ध मन्त्र निर्धारित संख्या से आधे जप करने पर सिद्ध हो जाता है । किन्तु सिद्धारि योग साधक के समस्त बन्धु बान्धवों का विनाश कर देता है ॥ १३-१४ ॥

(ii) साध्यसिद्ध मन्त्र दूना जप करने पर सिद्ध हो जाता है । साध्यसाध्य निरर्थक होता है । साध्यसुसिद्ध भी दूने जप से सिद्ध होता है ।

तत्सुसिद्धग्रहादेव सुसिद्धारिः कुटुम्बहा ।
अरिसिद्धः सुतं हन्यादरिसाध्यस्तु कन्यकाम् ॥ १६ ॥
तत्सुसिद्धस्तु पत्नीघ्नस्तदरिः साधकापहः ।

प्रकारान्तरेण सिद्धादिशोधनकथनम्

नाम्नो मन्त्रस्य वर्णांश्च लिखित्वा प्रतिवर्णकम् ॥ १७ ॥
सिद्धादिगणनाकार्या यावन्मन्त्रसमापनम् ।
नाम्नो यदि समाप्तिः स्यात्पुनर्नाम लिखेत्सुधीः ॥ १८ ॥

प्रकारान्तरेण सिद्धादिशोधनमाह – **नाम्न** इति ॥ १७ ॥ * ॥ १८ ॥

किन्तु साध्यारि मन्त्र योग साधक के अपने समस्त गोत्रों का विनाश करने वाला होता है ॥ १४-१५ ॥

(iii) सुसिद्धसिद्ध आधे जप से, सुसिद्ध साध्य दूने जप से, सुसिद्ध एवं सुसिद्ध मन्त्र साधक के दीक्षाग्रहण मात्र से सिद्ध हो जाता है किन्तु सुसिद्धारि मन्त्र साधक के समस्त कुटुम्बियों का विनाशक होता है ॥ १५-१६ ॥

(iv) अरिसिद्ध मन्त्र पुत्र का, अरिसाध्य कन्या का, अरिसुसिद्ध पत्नी को तथा अरि-अरि मन्त्र का योग साधक का ही विनाश कर देता है ॥ १६-१७ ॥

विमर्श – उदाहरणतः यदि देवदत्त को 'ऐं' आद्याक्षर वाले किसी मन्त्र को ग्रहण करना है। उक्त कोष्ठ में देवदत्त नाम का प्रथम अक्षर द ३ संख्या के कोष्ठक में तथा मन्त्र का आद्य अक्षर ऐं १४ संख्या के कोष्ठक में पड़ता है जो गणना करने पर सुसिद्ध चतुष्टय के चतुर्थ कोष्ठक में पड़ने से सुसिद्धारि योग है, अतः त्याज्य है ॥ १७ ॥

अकथह चक्रम्

अ क १ थ ह	उ ङ प २	आ ख ३ द क्ष	ऊ च फ ४
ओ ड ब ५	लृ झ म ६	औ ढ श ७	लॄ ञ य ८
ई घ न ९ ज्ञ	ॠ ज भ १०	इ ग ध ११ त्र	ऋ छ व १२
अः त स १३	ऐ ठ ल १४	अं ण ष १५	ए ट र १६

अब **अकथह चक्र में ही सिद्धादिशोधन की दूसरी विधि** कहते हैं –

साधक का नाम तथा गृह्यमाण मन्त्र के एक-एक अक्षरों को लिख कर जब तक मन्त्र समाप्त न हो सिद्धादि गणना करनी चाहिए । यदि मन्त्राक्षरों के पहले नाम के वर्ण समाप्त हो जाँय तो पुनः मन्त्र पर्यन्त नाम लिख लेना चाहिए ॥ १७-१८ ॥

एवं संशोधितेषु स्युर्भूरि वै साध्यवैरिणः ।
अल्पाः सिद्धसुसिद्धाश्चेदशुभं व्युत्क्रमाच्छुभम् ॥ १९ ॥
मतमित्थं तु केषाञ्चित्तदपि प्राज्ञसम्मतम् ।
अथवान्यप्रकारेण सिद्धादीनां विशोधनम् ॥ २० ॥

अकडमचक्रकथनम्

द्वादशारे लिखेच्चक्रे वर्णान्पूर्वोदितान्क्रमात् ।
ईशानान्तमकाराद्यान्हान्तान् षण्ढविवर्जितान् ॥ २१ ॥

व्युत्क्रमात् सिद्धसुसिद्धानां बहुत्वे साध्यारीणामल्पत्वे शुभमित्यर्थः ॥ १९ ॥ इदं मतं प्राज्ञसम्मतं शिष्टसम्मतम् ॥ २० ॥ अकडमचक्रमाह – **द्वादशार** इति । षण्ढा ऋ ॠ लृ ॡ इति तान् ॥ २१–२२ ॥

इस प्रकार संशोधन करने पर साध्य एवं शत्रु अधिक हो तथा सिद्ध एवं सुसिद्ध कम हो तो साधक के लिए मन्त्र अशुभ होता है । इसके विपरीत यदि सिद्ध एवं सुसिद्ध अधिक हो तथा साध्य एवं अरि कम हो तो वह मन्त्र शुभावह होता है ऐसा कुछ तत्त्वविदों का मत है । प्राचीन तन्त्र के आचार्यों ने इसे स्वीकार भी किया है ॥ १९-२० ॥

विमर्श - उदाहरणतः यदि साधक देवदत्त गणेश के 'वक्रतुण्डाय हुम्' इस मन्त्र को ग्रहण करना चाहता है तो देवदत्त के नाम के अक्षर - द व द त त, तथा मन्त्र के अक्षर - व क र त ड य ह - हुए । यहाँ साधक नाम के प्रथम अक्षर 'द' ३ कोष्ठक में है उससे मन्त्र का प्रथम अक्षर 'व' १२वाँ होने के कारण अरि है।

इसी प्रकार साधक नाम के दूसरे अक्षर 'व' से मन्त्र का दूसरा अक्षर 'क' सिद्ध है । तीसरे अक्षर 'द' से मन्त्र का तीसरा अक्षर 'र' साध्य है । चौथे वर्ण 'त' से मन्त्र का चौथा अक्षर 'त' सिद्ध है, तथा पाँचवें वर्ण 'त' से 'ड' सुसिद्ध है । पुनः 'द' से 'य' सिद्ध तथा 'व' से 'ह' भी सिद्ध है ।

इस प्रकार नाम एवं मन्त्र के वर्णों से विचार करने पर साध्य एवं अरि की संख्या दो तथा सिद्ध एवं सुसिद्धों की संख्या ५ (अर्थात् ३ अधिक) होने से उक्त मन्त्र देवदत्त के लिए शुभदायक होगा ॥ १७-२० ॥

अब **अकडम चक्र** कहते हैं - अकडम अथवा अन्य प्रकार से भी सिद्धादिकों के शोधन का विधान है ।

द्वादश दल चक्र में ऋ ॠ लृ ॡ इन नपुंसक स्वरों को छोड़कर अकार से हकार पर्यन्त मातृका वर्णों को पूर्वोक्त विधि से प्रदक्षिण क्रम से (द्र० २४. ४-५) लिखना चाहिए ॥ २१ ॥

तत्र नामार्णमारभ्य मन्त्राद्यर्णावधि क्रमात् ।
गणयेत्सिद्धसाध्यादि फलं तेषां विनिर्दिशेत् ॥ २२ ॥
सिद्धः सिध्यति कालेन साध्यस्तु जपहोमतः ।
सुसिद्धः प्राप्तिमात्रेण साधकं भक्षयेदरिः ॥ २३ ॥
सिद्धो नवैकबाणेषु साध्यो रसदिशाक्षिषु ।
सुसिद्धस्त्रिमुनीशेषु रिपुर्वेदाष्टभानुषु ॥ २४ ॥
अन्योऽपीह प्रकारोऽस्ति सिद्धसाध्यादिशोधने ।
चतुःकोष्ठेषु विलिखेदादिवर्णान् पुनः पुनः ॥ २५ ॥
नामार्णात्सिद्धसाध्यादि ज्ञेयं मन्वक्षरावधि ।
चतुर्थोऽपि प्रकारोऽस्ति सिद्धादीनां विशोधने ॥ २६ ॥

जपहोमतः जपहोमाधिक्येन ॥ २३ ॥ स्पष्टार्थमाह – **सिद्धो नवैकादश–बाणेष्विति** ॥ २४–२६ ॥

अकडमचक्रम्

इस चक्र के नाम के प्रथम अक्षर से मन्त्र के प्रथम अक्षर तक सिद्ध, साध्य, सुसिद्ध और अरि इस क्रम से गणना करनी चाहिए तथा उसका फल इस प्रकार कहना चाहिए - सिद्ध मन्त्र निर्धारित काल में, साध्य मन्त्र अधिक जप एवं होम करने से तथा सुसिद्ध मन्त्र दीक्षा मात्र से सिद्ध हो जाता है । किन्तु अरि मन्त्र साधक को खा जाता है ।

नाम के प्रथमाक्षर वाले कोष्ठ से १, ५, ९, कोष्ठक में पड़ने वाला मन्त्राद्याक्षर सिद्ध है २, ६, १०वें कोष्ठक में पड़ने वाला साध्य है ३, ७, ११वें कोष्ठक में पड़ने वाला सुसिद्ध तथा ४, ८, १२वें कोष्ठक में पड़ने वाला मन्त्राद्याक्षर अरि होता है ॥ २२-२४ ॥

विमर्श - उदाहरणतः देवदत्त नामक साधक को यदि आदि में एकार वर्ण वाले किसी मन्त्र की दीक्षा लेनी है, तो उक्त चक्र में देवदत्त के नाम के प्रथम अक्षर 'द' से मन्त्राक्षर 'ऐं' तीसरे स्थान में पड़ता है इसलिए देवदत्त के लिए यह मन्त्र सुसिद्ध कोटि में आ गया, अतः ग्राह्य है ॥ २०-२४ ॥

अब **सिद्धादिशोधन की तीसरी विधि** कहते है -

सिद्धादिशोधन का एक और भी प्रकार है - चार कोष्ठकों में अकारादि वर्णों को बराबर लिख लेना चाहिए । फिर नाम के प्रथमाक्षर से मन्त्र के प्रथमाक्षर तक सिद्ध, साध्य, सुसिद्ध और अरि योगों की गणना करनी चाहिए ॥ २५-२६ ॥

प्रकारान्तरकथनम्

नाम्नो मन्त्रस्य वर्णौघं चतुर्भिर्विभजेत् सुधीः।
एकादिशेषे सिद्धादिक्रमाज्ज्ञेयं विचक्षणैः॥ २७॥
सिद्धादिशोधनं प्रोक्तमथ वच्मि भशोधनम्।

नक्षत्रेषु वर्णविभागकथनम्

नेत्रभूगुणवेदक्ष्माधरानयनभूभुजाः ॥ २८॥

प्रकारान्तरमाह – **नाम्न** इति । नाममन्त्रयोर्वर्णानेकीकृत्य चतुर्भक्ते एकशेषो सिद्धः द्विशेषे साध्यः त्रिशेषे सुसिद्धः शून्येऽरिरिति फलं पूर्वोक्तम् ॥ २७ ॥ भशोधनं नक्षत्रशोधनम् । तत्र नक्षत्रेषु वर्णविभागमाह – **नेत्रेति** ॥ २८ ॥ उडुषु नक्षत्रेषु ॥ २६ ॥ पौष्णभागे रेवत्यंशे ॥ ३०–३२ ॥

साध्यारिशोधने तृतीय चक्रम्

अ उ लृ ओ क ङ झ ड थ प म व ह	आ ऊ लॄ औ ख च ञ ढ द फ य श ळ
ई ॠ ऐ अः घ ज ठ त न भ ल स ज्ञः	इ ऋ ए अं ग छ ट ण ध ब र ष क्षः

विमर्श - पूर्वोक्त उदाहरण के अनुसार देवदत्त को एकारादि मन्त्र ग्रहण करना है । तो उक्त चक्र में देवदत्त के प्रथमाक्षर 'द' से मन्त्राक्षर 'ए' तीसरे स्थान में पड़ता है । नियमानुसार देवदत्त के लिए यह मन्त्र सुसिद्ध हुआ जो दीक्षा ग्रहण मात्र से सिद्ध हो जायगा ॥ २५-२६ ॥

अब **सिद्धादिशोधन** की **चौथी विधि** कहते हैं -

विद्वान् साधक को नाम एवं मन्त्र के वर्णों को जोड़कर, ४ का भाग देना चाहिए । १ शेष होने पर मन्त्र सिद्ध, २ शेष होने पर साध्य, ३ शेष होने पर सुसिद्ध तथा ४ शेष होने पर शत्रु समझना चाहिए ॥ २६-२७ ॥

विमर्श - उदाहरणतः यदि देवदत्त को १६ अक्षरों वाले वागीश्वरी मन्त्र - 'ऐं नमो भगवति वद वद वाग्देवि स्वाहा' को ग्रहण करना है । यहाँ देवदत्त के नाम के ४ अक्षर तथा मन्त्र के १६ अक्षरों को जोड़ने से २० संख्या हुई, जिसमें ४ का भाग दिया तो शेष ४ बचता है, अतः उक्त नियमानुसार यह मन्त्र देवदत्त के लिए शत्रुयोग कारक होने से अग्राह्य है ॥ २७ ॥

यहाँ तक सिद्धादिशोधन का प्रकार कहा गया । अब **नक्षत्र शोधन की विधि** कहते हैं ॥ २८ ॥

द्विचन्द्रभुजबाह्वक्षिभूनेत्रत्रिधरागुणाः ।
एकैकं भूभुजे द्व्यक्षिरामचन्द्रानुड्डुष्वथ ॥ २९ ॥
अश्विन्यादिषु विज्ञेया आदिवर्णाः क्रमाद् बुधैः ।
क्षान्ताबिन्दुविसर्गौ तु पौष्णभागे व्यवस्थितौ ॥ ३० ॥
जन्मसम्पद्विपत्क्षेमप्रत्यरिः साधको वधः ।
मैत्रं परममैत्रं च गणनीयं स्वनामभृत् ॥ ३१ ॥
विपद्वधः प्रत्यरिश्च त्याज्या अन्यदुड्डूत्तमम् ।

ऋणधनशोधनवर्णनम्

अथर्णधनसंशुद्धिः कथ्यते सिद्धिदायिनी ॥ ३२ ॥
सप्ततिर्यग्लिखेद् रेखा द्वादशैवोर्ध्वगाः पुनः ।
एवं कृते तु जायन्ते कोष्ठाः षट्षष्टिसम्मिताः ॥ ३३ ॥

अश्विनी अ से लेकर रेवती तक के नक्षत्रों के २७ कोष्ठकों में अकारादि, २, १, ३, ४, १, १, २, १, २, २, १, २, २, २, १, २, ३, १, ३, १, १, १, २, २, २, एवं ३ तथा रेवती में क्ष अं अः व्यवस्थित रूप से लिखने चाहिए ॥ २८-३० ॥

तदनन्तर अपने नाम नक्षत्र से प्रारम्भ कर अग्रिम नक्षत्र क्रमशः जन्म, सम्पत्, विपद्, क्षेम, प्रत्यरि, साधक, वध, मित्र एवं परममित्र संज्ञक समझना चाहिए । इनमें विपद्, प्रत्यरि एवं वध योग सर्वथा त्याज्य हैं । शेष नक्षत्र उत्तम कहे गए हैं ॥ ३१-३२ ॥

विमर्श – उदाहरण स्वरूप यदि देवदत्त को 'ऐं नमः' इत्यादि मन्त्र ग्रहण करना है तो नक्षत्रशोधन की रीति से देवदत्त का नक्षत्र अनुराधा तथा मन्त्र का नक्षत्र आर्द्रा हुआ । अनुराधा से उन नक्षत्रों की गणना करने पर जन्म संज्ञक नक्षत्र हुआ जो सर्वथा ग्रहण करने योग्य हैं ॥ २८-३२ ॥

नक्षत्रशोधन चक्रम्

अ अ आ	भ इ	कृ ई उ ऊ	रो ऋ ॠ ऌ ॡ	मृ ए	आ ऐ	पु ओ औ	पु क	अ ख ग
म घ ङ	पू च	उ छ ज	ह झ ञ	चि ट ठ	स्वा ड	वि ढ ण	अ त थ द	ज्ये ध
मू न प फ	पू ब	अ भ	श्र म	ध य र	श ल	पू व श	उ ष स ह	रे क्ष अं अः

आद्यपङ्क्तौ लिखेदङ्कांस्ते कथ्यन्ते यथाक्रमम्।
मनुनक्षत्रनेत्रार्क तिथिषड्वेदवह्नयः॥ ३४॥
सायकावसवो नन्दाः कोष्ठेषु क्रमतः स्थिताः।
द्वितीयपङ्क्तौ संलेख्याः पञ्चदीर्घोज्झिताः स्वराः॥ ३५॥
तृतीयपङ्क्तौ काद्यर्णाष्टकारान्ताः शिवैर्मिताः।
ठादिफान्ताश्चतुर्थ्यां तु पञ्चम्यां बादिहान्तिमाः॥ ३६॥
षष्ठ्यां पङ्क्तौ क्रमाल्लेख्या अङ्काः कथ्यन्त एव ते।
दिक्चन्द्रमुनिवेदाष्टगुणसप्तेषु सागराः॥ ३७॥
रसाश्च रामसंख्याता एवमङ्का उदीरिताः।
मन्त्रवर्णान् पृथक्कुर्यात् स्वरव्यञ्जनरूपतः॥ ३८॥

ऋणधनशोधनमाह – सप्तेति । तिर्यक्सप्तरेखा ऊर्ध्वं द्वादशकृत्वा ॥ ३३ ॥ आद्यपङ्क्तौ चतुर्दशाद्यङ्काः द्वितीयायाम् – आ ई ऊ ॠ ॡ हीनाः स्वरा एकादश । तृतीयायाङ्कादि टान्ताः । चतुर्थ्यां ठादि फान्ताः । पञ्चम्यां बादि हान्ताः । षष्ठ्यां दशाद्यंका लेख्याः ॥ ३४ ॥ * ॥ ३५–३८ ॥

अब **सिद्धिदायक ऋण धन शुद्धि का प्रकार** कहते हैं -

७ तिरछी एवं १२ खड़ी रेखा लिखनी चाहिए, जिससे ६६ कोष्ठक निष्पन्न होते है । इसकी प्रथम पंक्ति में १४, २७, २, १२, १५, ६, ४, ३, ५, ८, अंक तथा दूसरी पंक्ति में ५ दीर्घ स्वरों (आ ई ऊ ॠ एवं ॡ) स्वरों को छोड़कर शेष ११ स्वरों को तीसरी पंक्ति में ककार से टकार पर्यन्त ११ व्यञ्जन वर्ण चतुर्थ पंक्ति में ठकार से फकार तक ११ वर्ण पञ्चम पंक्ति में बकार से हकार तक ११ वर्ण तथा षष्ठ पंक्ति में १०, १, ७, ४, ८, ३, ७, ५, ४, ६, एवं पुनः ३ अंक के लेखन का प्रकार कहा गया है ॥ ३२-३८ ॥

ऋणधनशोधन चक्रम्

१४	२७	२	१२	१५	६	४	३	५	८	९
अ	इ	उ	ऋ	ऌ	ए	ऐ	ओ	औ	अं	अः
क	ख	ग	घ	ङ	च	छ	ज	झ	ञ	ट
ठ	ड	ढ	ण	त	थ	द	ध	न	प	फ
ब	भ	म	य	र	ल	व	श	ष	स	ह
१०	१	७	४	८	३	७	५	४	६	३

कोष्ठे यावतिवर्णः स्याद् गणयेत्तावदङ्ककम्।
कोष्ठोपरिस्थेनाङ्केन सर्ववर्णेष्वयं विधिः ॥ ३६ ॥
दीर्घाक्षराणामङ्कास्तु ज्ञेया लघ्वक्षरस्थिताः।
एकीकृत्याखिलानङ्कानष्टभिर्विभजेत् पुनः ॥ ४० ॥
शेषोङ्को मन्त्रराशिः स्यान्नामवर्णेष्वयं विधिः।
अधः पङ्क्तिस्थितैरङ्कैर्गुणनीयास्तु तेऽखिलाः ॥ ४१ ॥
अधमर्णोधिको राशिरूनो राशिर्धनी स्मृतः।
मन्त्रो यदाधमर्णः स्यात्तदा ग्राह्यो धनी न तु ॥ ४२ ॥

कोष्ठे यावतीति । यावतितमेकोष्ठे वर्णस्तंमंकमुपर्यङ्केन गुणयेत् । यथा – प्रथमकोष्ठस्थ अकारश्चतुर्दशगुणितश्चतुर्दशैव । द्वितीयकोष्ठस्थ इकारः सप्तविंशत्यागुणितश्चतुःपञ्चाशत् । एवं तृतीयकोष्ठस्थः उकारः सद्वाभ्यां गुणितः षट् । एवमग्रेपि । साधक नामवर्णास्तु दिगादिभिरेवं गुणनीयाः । साध्यस्याङ्कानेकीकृत्याऽष्टभिर्भक्ते शेषः साध्यराशिः । एवं साधकांकान् गुणितानेकीकृत्याष्टभक्ते शेषः साधकराशिः ॥ ३६–४१ ॥

इसके बाद मन्त्र के व्यञ्जनो और स्वरों को अलग-अलग कर लेना चाहिए। फिर जिन जिन कोष्ठकों में जो जो अक्षर आवें उनके ऊपर वाले कोष्ठकों का अंक ग्रहण करना चाहिए । मन्त्र में आये हुये ५ दीर्घ स्वरों के स्थान से ह्रस्व स्वरों के अंक ग्रहण करना चाहिए ॥ ३८-४० ॥

इस प्रकार सभी अक्षरों (स्वर व्यञ्जनों) के अंको को जोड़कर ८ का भाग देना चाहिए । जो शेष बचता है उसे **'मन्त्र की राशि'** कहते हैं । नाम के स्वर और व्यञ्जनो को इसी प्रकार पृथक् कर उसके नीचे वाली पंक्ति के अंक ग्रहण कर दोनों का योग करना चाहिए । इस योग में ८ का भाग देने से जो शेष बचे वह **'नाम राशि'** कही गई है ॥ ४०-४१ ॥

इसमें अधिक राशि वाला ऋणी तथा कम राशि वाला धनी कहा जाता है जब मन्त्र ऋणी हो तो उसे ग्रहण करना चाहिए, अन्यथा नहीं ॥ ४१-४२ ॥

विमर्श - उदाहरणतः देवदत्त को यदि 'क्लीं गो वल्लभाय स्वाहा' यह अष्टाक्षर मन्त्र ग्रहण करना है तो **नामाक्षर एवं अंक** - द ७, ए ३, व ७, अ १०, द ७, अ १० त् ८, त् ८, अ १० कुल संख्याओं का योग ७० हुआ । इसमें ८ का भाग देने पर शेष ६ नामराशि हुई । **मन्त्राक्षर एवं अंक** - क १४ ल ६, ई २७, म् २, ग् २, ओ ३, व् १४, अ १४, ल् ६, ल ६, भ् २७, आ १४, य् १२, अ १४, स् ८, व ४, आ १४ ह ६, आ १४, कुल योग २१० हुआ । इसमें ८ का भाग देने से २ शेष बचे जो नाम राशि की

एवं धनर्णं सम्प्रोक्तमन्यथा प्रोच्यते पुनः।

प्रकारान्तरेण ऋणशोधनम्

नामाद्यक्षरमारभ्य यावन्मन्त्रादिमाक्षरम्॥ ४३॥
गणयेन्मातृकाद्यर्णं क्रमेण गुणयेत्त्रिभिः।
विभक्ते सप्तभिः शिष्टो नामराशिरुदीरितः॥ ४४॥
एवं मन्त्रार्णमारभ्य यावन्नामादिमाक्षरम्।
गणयित्वा त्रिभिर्हत्वा विभजेत्सप्तभिः सुधीः॥ ४५॥
मन्त्रराशिः स्मृतः शिष्टः पूर्ववद्धनितर्णता।

पुनः प्रकारान्तरवर्णनम्

यद्वा मन्त्राक्षराणीह स्वरव्यञ्जनरूपतः॥ ४६॥

मन्त्रराशिरधिकश्चेद् ग्राह्यः ॥ ४२ ॥ प्रकारान्तरेण ऋणधनशोधनमाह – **नामादीति** । धनिता ऋणिता च पूर्ववत् । अधिकशेष ऋणी ऊनो धनीत्यर्थः ॥ ४३–४५ ॥ प्रकारान्तरमाह – **यद्वेति** । तादृशैः स्वरव्यञ्जनरूपेण पृथक्कृतैः साधकनामाक्षरैर्योजयेत् ॥ ४६–४८ ॥

अपेक्षा कम होने से धनी योग में आता है । फलतः अग्राह्य है ॥ ३२-४२ ॥

इस प्रकार ऋण धन शोधन की एक विधि बतलाई गई अब **दूसरी विधि** कहता हूँ -

नाम के प्रथम अक्षर से मन्त्र के प्रथम अक्षर तक वर्ण माला के क्रम से गणना करे । जो संख्या आवे, उसमें तीन का गुणा कर, सात का भाग देवे, जो शेष बचे वह **'नाम राशि'** कही जाती है ॥ ४३-४४ ॥

इसी प्रकार मन्त्र के प्रथम अक्षर से वर्णमाला के क्रम से गणना कर जितनी संख्या आवे, उसमें भी ३ का गुणा कर ७ का भाग देवे, जो शेष आवे वह **'मन्त्र राशि'** कही जाती है । पूर्वोक्त नियमानुसार अधिक राशि वाला **'ऋणी'** तथा अल्पराशि वाला **'धनी'** कहा जाता है ॥ ४३-४६ ॥

विमर्श - उदाहरणतः देवदत्त को यदि 'क्लीं गोवल्लभाय स्वाहा' यह अष्टाक्षर मन्त्र ग्रहण करना है । देवदत्त के आद्याक्षर 'द' से 'क' तक वर्ण माला के गणना करने पर ३७ संख्या हुई । उसमें ३ का गुणा किया, तो १११ हुआ । उसमें ७ का भाग दिया तो ६ शेष हुआ जो **'नाम राशि'** हुई । इसी प्रकार मन्त्राद्याक्षर 'क' से 'द' तक गणना करने पर १८ हुआ । उसमें ३ का गुणाकर ७ का भाग दिया, जो शेष ५ बचे वो **'मन्त्र राशि'** की संख्या हुई, जो नाम राशि की अपेक्षा स्वल्प

पृथक्कृत्य द्विगुणयेद्योजयेत्साधकाक्षरैः।
तादृशैरष्टभिर्भक्तैर्मन्त्रराशिरुदाहृतः ॥ ४७ ॥
एवं नामार्णसङ्घोऽपि द्विगुणीकृत्य योजितः।
मन्त्रवर्णैरष्टभक्तो नामराशिः स्मृतो बुधैः ॥ ४८ ॥
ऋणिता धनिता चात्र पूर्ववत्परिकीर्तिता।
उक्तान्यतममार्गेण शोधनीयमृणं धनैः ॥ ४६ ॥

मन्त्रस्य ऋणित्वे हेतुकथनम्

यो मन्त्रः पूर्वजनुषि सेवितो नाददात् फलम्।
पापात् पापक्षये जाते फलावाप्तिरनेहसि ॥ ५० ॥

ऋणिताधनिता च पूर्ववत् ऋणीत्यादि प्रागुक्तरीत्या ॥ ४६ ॥ मन्त्रस्य ऋणित्वे हेतुमाह – **यो मन्त्र** इति । पूर्वजन्मन्युपासनसमये पापसद्भावात्

होने से धनी योग में आता है । फलतः अग्राह्य है ॥ ४३-४५ ॥

अब **ऋण धन के प्रकार से संशोधन की तीसरी विधि** कहते हैं -

मन्त्र के स्वर एवं व्यञ्जनों को पृथक्-पृथक् कर उनका योग करे । फिर उसमें २ का गुणा कर, गुणनफल में साधक के नामाक्षरों के भी स्वर व्यञ्जन को पृथक् कर, उसमें जोड़ देना चाहिए । इस योगफल में ८ का भाग देने से जो शेष बचे वह **'मन्त्र राशि'** हुई ॥ ४६-४७ ॥

इसी प्रकार नाम के स्वर व्यञ्जनों को पृथक्-पृथक् कर, उनके योग में २ का गुणाकर गुणनफल में मन्त्र के स्वर व्यञ्जनों को पृथक्-पृथक् कर उसमें जोड़ देना चाहिए । फिर योगफल में ८ का भाग देने से जो शेष बचे वह **'नाम राशि'** हुई ॥ ४८ ॥

यहाँ पर भी ऋणिता तथा धनिता को पूर्वोक्त नियमानुसार ग्रहण करना चाहिए । उक्त तीनों प्रकारों में से किसी एक रीति से ऋण धन का शोधन करना चाहिए ॥ ४६ ॥

विमर्श - उदाहरणतः देवदत्त के नाम के स्वर और व्यञ्जनों का योग (द ए व द आ द अ त् त् अ) ६ है, तदनन्तर उसका दुगुना १८ है, इस में मन्त्राक्षर का योग (क् ल् ई अं ग् ओं व् अ ल् ल् अ भ् आ य् अ स् व आ ह् आ) २० जोड़ने पर कुल योग ३८ हुआ । इसमें ८ का भाग दिया । ६ शेष रहा । यह **'नाम राशि'** हुई ।

इसी प्रकार मन्त्र के स्वर व्यञ्जनों का योग २० है । उसका द्विगुणित ४० है । उसमें नामाक्षरों का योग ६ जोड़ देने पर ४६ हुआ । इसमें ८ का भाग देने से १ शेष रहा । यह **'मन्त्र राशि'** हुई, जो नाम राशि की अपेक्षा स्वल्प होने से धनिक योग में आता है अतः अग्राह्य है ॥ ४६-४६ ॥

आयुः क्षयाद्गतो नाशं साधकोऽस्य भवान्तरे ।
ऋणित्वात् प्राप्तिमात्रेण मन्त्रोऽभीष्टं प्रयच्छति ॥ ५१ ॥
समांकौ यद्युभौ राशी तदा संसेवनात्फलम् ।
धनीमन्त्रस्तु सम्प्राप्तः फलत्यधिकसेवया ॥ ५२ ॥

प्रकारान्तरेण मन्त्रशोधनवर्णनम्

मन्त्राणां शोधने चैतत्प्रकारन्तरमुच्यते ।
षट्कोणे विलिखेत्पूर्वकोणाद्येकैकवर्णकान् ॥ ५३ ॥
अकारादिहकारान्तान् नपुंसकविवर्जितान् ।
नामाद्यक्षरमारभ्य मन्त्रार्णावधि शोधयेत् ॥ ५४ ॥

पापक्षयं कुर्वन्नान्यत्फलं ददौ । ततः पापक्षये कृते फलदानकाले उपासितुरायुःक्षयो जातः समन्त्रः फलादानाज्जन्मान्तरे ऋणी जातः । सप्राप्तिमात्रेणेष्टफलदो भवतीत्यर्थः । अनेहसि काले ॥ ५० ॥ * ॥ ५१–५३ ॥ नपुंसकता ऋ ॠ लृ ॡवर्णाः ॥ ५४ ॥ * ॥ ५५–५६ ॥

मन्त्रों के ऋणी और धनी **होने** की **फलश्रुति** करते हैं -

यदि पूर्वजन्म में उपासना के समय पापाधिक्य होने के कारण साधक (उपासक) की आयु समाप्त हो गई और मन्त्र अपना फल न दे सका, तो वह उपासक का ऋणी ही रहा । अतः इस जन्म में वह मन्त्र ग्रहण करने पर साधक को अभीष्ट फल देने के लिए उन्मुख है ॥ ५०-५१ ॥

यदि नाम राशि और मन्त्र राशि के अंग समान हो तो भी उपासक को उसकी उपासना का फल मिलेगा । इतना अवश्य है कि धनी मन्त्र अत्यधिक साधना से फलोन्मुख होगा ॥ ५२ ॥

मन्त्रशोधन चक्रम्

अ
ए क छ
ड ध म प ष

ऊ अः च ठ
द भ श
ज्ञः

आ ऐ ख ज
ढ न य
स

उ
अं ङ ट
थ त ब व क्ष

इ
ओ ग झ
ण प र ह

ई औ घ ञ
त फ ल
ळ

अब **मन्त्र संशोधन की एक और विधि** का प्रतिपादन करते है -

षट्कोण चक्र में पूर्व से आरम्भ कर नपुंसक (ऋ ॠ लृ ॡ) स्वरों को छोड़कर अकार से हकार पर्यन्त एक एक वर्णों को क्रमशः लिखना चाहिए । तदनन्तर नाम के प्रथम अक्षर से मन्त्र के प्रथम अक्षर तक इस प्रकार संशोधन करना चाहिए ॥ ५३-५४ ॥

प्रथमे सम्पदां प्राप्तिर्द्वितीये धनसंक्षयः ।
तृतीये धनसम्प्राप्तिश्चतुर्थे बन्धुविग्रहः ॥ ५५ ॥
पञ्चमे तु भवेदाधिः षष्ठे सर्वस्य संक्षयः ।
एवं संशोधितं मन्त्रं दद्याच्छिष्याय मान्त्रिकः ॥ ५६ ॥

शोधनानपेक्षमन्त्रकथनम्

येषां मनूनां सिद्धादिशोधनं नास्ति तान् ब्रुवे ।
एकवर्णस्त्रिवर्णो वा पञ्चार्णो रसवर्णकः ॥ ५७ ॥
सप्तार्णो नववर्णश्च रुद्रार्णो रदनाक्षरः ।
अष्टार्णो हंसमन्त्रश्च कूटो वेदोदितो ध्रुवः ॥ ५८ ॥
स्वप्नलब्धः स्त्रियाप्राप्तो मालामन्त्रो नृकेसरी ।
प्रासादो रविमन्त्रश्च वाराहो मातृकापरा ॥ ५९ ॥
त्रिपुराकाममन्त्रश्चाज्ञासिद्धः पक्षिनायकः ।
बौद्धमन्त्रा जैनमन्त्रा नैवसिद्धादिशोधनम् ॥ ६० ॥
एतद्भिन्नेषु मन्त्रेषु शुद्धिरावश्यकी मता ।
विद्यां मन्त्रं स्तवं सूक्तमरिभूतं त्यजेद् ध्रुवम् ॥ ६१ ॥

रसवर्णः षडर्णः ॥ ५७ ॥ रदनाक्षरो द्वात्रिंशदर्णः । कूटो व्यञ्जनसमूहः । ध्रुवः प्रणवः ॥ ५८॥ परा ह्रीं ॥ ५९॥ पक्षिनायको गरुडमन्त्रः ॥ ६०॥ *॥ ६१–६२॥

नाम के प्रथमाक्षर से मन्त्राक्षर पहले कोष्ठ में हो तो संपत्ति का लाभ, दूसरे में हो तो धन हानि, तीसरे में हो तो धन लाभ, चौथे में हो तो बन्धुओं से कलह, पाँचवें में हो तो आधिव्याधि, छठें कोष्ठक में हो तो सर्वस्वनाश होता है ॥ ५५-५६ ॥

मन्त्रवेत्ता गुरु को चाहिए कि वह इस प्रकार से संशोधित करके ही अपने शिष्य को मन्त्र दे ॥ ५६ ॥

अब मन्त्र शोधन के अपवाद का प्रतिपादन करते हैं -

अब जिन जिन मन्त्रों के लिए सिद्धादिशोधन की आवश्यकता नहीं है उन्हे कहता हूँ - एकाक्षर, त्र्यक्षर, पञ्चाक्षर, षडक्षर, सप्ताक्षर, नवाक्षर, एकादशाक्षर, द्वात्रिंशदक्षर, अष्टाक्षर, हंस मन्त्र, कूट मन्त्र, वेदोक्त मन्त्र, प्रणव, स्वप्न-प्राप्त मन्त्र, स्त्रीद्वारा प्राप्त, माला मन्त्र, नरसिंह मन्त्र, प्रसाद (हौं) रवि मन्त्र, वाराह मन्त्र, मातृका मन्त्र, परा (ह्रीं), त्रिपुरा काम मन्त्र, आज्ञासिद्ध, गरुड़मन्त्र, बौद्ध एवं जैन मन्त्र इन सभी मन्त्रों में सिद्धादि शोधन नहीं किया जाता ॥ ५७-६० ॥

इनके अतिरिक्त अन्य सभी मन्त्रों में सिद्धादिशोधन करना चाहिए । विद्या मन्त्र, स्तव, सूक्त तथा अरि मन्त्र हों तो उन्हें निश्चित रूप में त्याग देना चाहिए ॥ ६१ ॥

अरिमन्त्रो गृहीतश्चेदज्ञानवशतस्तदा।
तस्य त्यागः प्रकर्तव्यस्तत्प्रकारोऽधुनोच्यते ॥ ६२ ॥

अरिमन्त्रत्यागप्रकारकथनम्

सुदिने स्थापयेत्कुम्भं सर्वतोभद्रमण्डले।
विलोमं सञ्जपन्मन्त्रं पूरयेत्तं सुपाथसा ॥ ६३ ॥
तत्र देवं समावाह्य यजेदावरणान्वितम्।
तदग्रे स्थण्डिलं कृत्वा प्रतिष्ठाप्यानलं ततः ॥ ६४ ॥
जुहुयान्मूलमन्त्रेण विलोमेन शतं घृतैः।
दिक्पतिभ्यो बलिं दद्यात् पायसान्नैर्घृतान्वितैः ॥ ६५ ॥
पुनः सम्पूज्य देवेशं प्रार्थयेन्मनुनामुना।
आनुकूल्यमनालोच्य मया तरलबुद्धिना ॥ ६६ ॥
यदुपात्तं पूजितं च प्रभो मन्त्रस्वरूपकम्।
तेन मे मनसः क्षोभमशेषं विनिवर्तय ॥ ६७ ॥
पापं प्रतिहतं चास्तु भूयाच्छ्रेयः सनातनम्।
तनोतु मम कल्याणं पावनी भक्तिरस्तु ते ॥ ६८ ॥
एवं सम्प्रार्थ्य देवेशं कर्पूरागरुचन्दनैः।
विलोमं विलिखेन्मन्त्रं ताडपत्रे तदर्चयेत् ॥ ६९ ॥

अरिमन्त्रत्यागप्रकारमाह – सुदिन इति । सुपाथसा शोभनोदकेन ॥ ६३ ॥ * ॥ ६४–६९ ॥

अब **अरिमन्त्र के त्याग का प्रकार** कहते हैं -

यदि अज्ञान वश अरि मन्त्र की दीक्षा ले ली गई हो तो उसके त्याग की विधि कहता हूँ -

शुभ मुहूर्त में सर्वतोभद्रमण्डल पर कलश स्थापित करना चाहिए तथा विलोम मन्त्र का जप करते हुये उसमें पवित्र जल भरना चाहिए । फिर मन्त्र देवता का आवाहन कर आवरण सहित उनका पूजन करना चाहिए ॥ ६२-६४ ॥

उसके सामने स्थण्डिल बनाकर विधिवत् अग्नि की प्रतिष्ठा कर विलोम मन्त्र से घी की १०० आहुतियाँ देनी चाहिए । फिर खीर एवं घी मिश्रित अन्न से दिक्पालों को बलि देकर पुनः पूजन कर - '**आनुकूल्य ... भक्तिरस्तुते**' (द्र० २४. ६६-६८) पर्यन्त मन्त्र पढ़कर प्रार्थना करनी चाहिए ॥ ६५-६८ ॥

इस प्रकार की प्रार्थना कर ताड़पत्र पर कपूर, अगर एवं चन्दन से विलोम मन्त्र लिख कर, उसका पूजन कर, अपने शिर पर बाँध कर, कुम्भ के जल से

प्रबध्य निजमूर्ध्न्येतत्स्नायात्कुम्भस्थितैर्जलैः ।
पुनः सम्पूर्य तं तोयैस्तस्यास्ये मन्त्रपत्रकम् ॥ ७० ॥
सम्पूज्य कुम्भे सरिति तडागे वा विनिक्षिपेत् ।
विप्रान् सम्भोज्य मुच्येत पीडयासौ मनूत्थया ॥ ७१ ॥
अनेकधा शोधने चेच्छुद्धो न प्राप्यते मनुः ।
मायां कामं श्रियं चादौ दद्यात्तद्दोषमुक्तये ॥ ७२ ॥
यद्वा दुष्टो मनुर्जप्तः सिध्येत्प्रणवसम्पुटः ।
यद्वा क्रमोत्क्रममया प्रजप्तो वर्णमालया ॥ ७३ ॥
मन्त्रे यस्य भवेद् भक्तिर्विशेषः समनूत्तमः ।
वैरिकोष्ठमनुप्राप्तः सिद्धिदस्तस्य जायते ॥ ७४ ॥

मन्त्रत्रैविध्यकथनम्

बीजमन्त्रास्तथा मन्त्रा मालामन्त्रास्तथापरे ।
त्रिधा मन्त्रगणाः प्रोक्ता बुधैरागमवेदिभिः ॥ ७५ ॥

तं कुम्भं जलैरापूर्य तत्र कुम्भे मन्त्रयुक्तं तालपत्रं क्षिपेत् । क्रमोत्क्रमगतया वर्णमालया रामाय नमः आं इत्यादि लान्तं प्रजप्य तत आरभ्य पुनरकारपर्यन्तं गणयेत् । एवं जप्तोऽरि मन्त्रोऽपि सिद्धिदः ॥ ७० ॥ * ॥ ७१–७४ ॥ त्रिविधान्मन्त्रानाह – **बीजेति** ॥ ७५ ॥ नखावधि । विंशत्यर्णावधि ॥ ७६ ॥

स्नान करना चाहिए । तत्पश्चात् कुम्भ में पुनः जल भर कर उसके भीतर मन्त्र लिखा हुआ ताड़पत्र डाल कर, कुम्भ का पूजन कर, उसे नदी या तालाब में डाल देना चाहिए । इसके बाद ब्राह्मणों को भोजन करा कर साधक अरिमन्त्र की बाधा से मुक्त हो जाता है ॥ ६९-७१ ॥

अनेक बार शोधन करने पर भी यदि शुद्ध मन्त्र न मिले तो मन्त्र के पहले माया (ह्रीं) काम (क्लीं) तथा श्री (श्रीं) बीज लगाकर ग्रहण करने से मन्त्र का दोष समाप्त हो जाता है । अथवा सदोष मन्त्र को प्रणव से संपुटित करने मात्र से वह शुद्ध हो जाता है । अथवा क्रमपूर्वक एवं व्युत्क्रमपूर्वक वर्णमाला से जप करने पर मन्त्र का संशोधन हो जाता है । जिस व्यक्ति की जिस मन्त्र में विशेष निष्ठा हो वह मन्त्र उसके लिए श्रेष्ठतम होता है । ऐसा मन्त्र अरिवर्ग में होने पर भी साधक को सिद्धिदायक होता है ॥ ७२-७४ ॥

अब **सभी मन्त्रों के तीन प्रकार के भेदों का निरूपण** करते है -

आगमवेत्ता विद्वानों ने १. बीजमन्त्र, २. मन्त्र-मन्त्र तथा ३. माला मन्त्र -

बीजमन्त्रादशार्णान्तास्ततो मन्त्रानखावधि ।
विंशत्यधिकवर्णा ये मालामन्त्रास्तु ते स्मृताः ॥ ७६ ॥

बाल्यतारुण्यवार्द्धक्येषु सिद्धिदामन्त्राः

बाल्ये वयसि सिद्ध्यन्ति बीजमन्त्रा उपासितुः ।
मन्त्रा सिद्धा यौवने तु मालामन्त्राश्च वार्द्धके ॥ ७७ ॥
उक्तान्यस्यामवस्थायामभीष्टप्राप्तये सुधीः ।
बीजमन्त्रादिमन्त्राणां द्विगुणं जपमाचरेत् ॥ ७८ ॥
स्वकुलान्यकुलाख्योऽथ मन्त्राणां भेद उच्यते ।
प्रकृतिः पञ्चभूतात्मा ततो जाता तु मातृका ॥ ७९ ॥
तस्माद्वर्णास्तु पञ्चाशत्पञ्चभूतमया यतः ।

वर्णानां जलाग्नेयादिसंज्ञाः

तृतीयावर्गगाः कर्णा वोलळाः पार्थिवा मताः ॥ ८० ॥
नासयौवर्गतुर्याश्च वसौवर्णाः स्मृता अपाम् ।
नेत्रे द्वितीयावर्गाणामैरक्षापावकात्मकाः ॥ ८१ ॥

---

*॥ ७७–७९ ॥ वर्गगाः तृतीयाः गजडदबाः । कर्णो उ ऊ । ओ ल ळ एते भूवर्णाः ॥ ८० ॥ नासयौ ऋ ॠ औ घ झ ढ ध भ व स एते जलवर्णाः । **नेत्रे** इति । इ ई ख छ ठ थ फ ऐ र क्ष – एते आग्नेयाः ॥ ८१ ॥

मन्त्रों के ये तीन भेद बतलाए हैं । दश अक्षर पर्यन्त मन्त्र **'बीज मन्त्र'**, ११ से २० अक्षरों के **'मन्त्र मन्त्र'** तथा बीस अक्षरों से अधिक मन्त्रों की **'माला मन्त्र'** की संज्ञा है ॥ ७५-७६ ॥

अब **विविध अवस्थाओं में सिद्धिदायक मन्त्र** कहते हैं - उपासक को बाल्यावस्था में **'बीज मन्त्र'** सिद्ध होते हैं । युवावस्था में **'मन्त्र मन्त्र'** सिद्ध होते हैं, तथा वृद्धावस्था में **'माला मन्त्र'** सिद्ध होते हैं । उक्त अवस्थाओं से भिन्न अवस्थाओं में अपनी अभीष्ट सिद्धि के लिए साधक को तत्तद् बीज मन्त्रादि मन्त्रों का द्विगुणित जप करना चाहिए ॥ ७७-७८ ॥

अब **कुलाकुल का विचार** कहते हैं - यतः सारी प्रकृति पञ्चभूतात्मक है उनसे मातृकायें उत्पन्न हुई फिर उससे ५० वर्णों की उत्पत्ति हुई । अतः वे भी पञ्चभूतमय है । वर्ग के तृतीयाक्षर (गजडदब) कर्ण (उ ऊ), ओ ल एवं ळ वर्ण भूसंज्ञक हैं । नासा (ऋ ॠ), औ वर्ग के चतुर्थ अक्षर (घ, झ, ढ़, ध, भ), व एवं स वर्ण जलसंज्ञक हैं । नेत्र (इ ई) वर्गों के द्वितीय अक्षर ख,